THE

CHATURWEDI

Sanskrit-Hindi Dictionary

चतुर्वेदी

संस्कृत-हिन्दी-कोष

संग्रहकर्त्ता

चतुर्वेदी द्वारकाप्रसाद शर्मा।

ALL RIGHTS RESERVED.

LUCKNOW:

PRINTED BY M. L. BHARGAVA, B. A.,

AT THE

NEWUL KISHORE PRESS.

1917.

मूल्य ३)

1st Edition.] [Price Rs. 3-0-0

THE

CHATURWEDI

SANSKRIT-HINDI DICTIONARY

चतुर्वेदी

संस्कृत-हिन्दी-कोष ॥



संग्रहकर्त्ता

चतुर्वेदी द्वारकाप्रसाद शर्मा ।

1st Edition.] [*Price Rs. 2-8-0*

सर्वाधिकार रक्षित हैं

अंशुमत्फला, (स्त्री.) एक पौधे का नाम। कदलीवृक्ष । केले का पेड़ ।

अंशुमती, (स्त्री.) सालपर्णीवृक्ष । यमुनानदी का एक नाम ।

अंशुमाला, (स्त्री.) किरणों की माला । किरण-समूह ।

अंशुमाली, (पुं.) सूर्य, चन्द्रमा । बारह की संख्या ।

अंशुहस्त, (पुं.) सूर्य । चन्द्रमा । सूर्य अपनी किरणों से पृथिवी से जल खींचते हैं, इस कारण उनकी १००० किरणें हाथ के समान समझी जाती हैं और वे " अंशु-हस्त " कहे जाते हैं ।

अंस्, (धा. उभ.) देखो अंस ।

अंस, (न.) कन्धा । हिस्सा । भाग । अंश ।

अंसकूट, (पुं.) बृहत्स्कन्ध । बड़े कन्धेवाला ।

अंसत्र, (न.) कन्धेकी रक्षा करनेवाली वस्तु । कवच ।

अंसफलक, (पुं.) विशाल स्कन्ध । पटरे के समान कन्धा । कन्धे का एक भाग ।

अंसभारः, (अमु. स.) कन्धे का भार। कन्धे का रखाहुआ भार ।

अंसभारिक, (पुं.) कन्धे पर भार रखने वाला । मजूर । कुली ।

अंसल, (त्रि.) बलवान् दृढ़काय । बली ।

अंह्, (धा. आत्म.) गमन । गति । जाना। चलना ।

अंहतिः-ती, (स्त्री.) पापनाशक । दुरितघ्न । पापों को दूर करनेवाली क्रिया । पाप-नाशक दान ।

अंहस्, (न.) पाप । दुरित । प्रायश्चित्त के द्वारा नष्ट होने वाला पाप । इसी को अंघस् भी कहते हैं ।

अक्, (धा.पर.) जाना । गमन । गति । चलना ।

अकम्, (न.) सुख का अभाव । दुःख ।

अकच, (त्रि.) (न.ब.) विना बालका । जिसके बाल न हों । खल्वाट ।

अकचः, (पुं.) केतु ग्रहका एक नाम । जो लोक को दुःख पहुँचाने के लिये बढ़े । केतु ग्रह का उदय लोकपीड़ा के लिये प्रसिद्ध है ।

अकडमचक्रम्, (न.) शुभाशुभ विचार का एक चक्र । तान्त्रिक दीक्षा का एक विधान-चक्र, जिससे मन्त्रों के शुभाशुभ का विचार किया जाता है ।

अकथित, (त्रि.) नहीं कहा हुआ । अनुक्त ।

अकथितकर्म, (न.) व्याकरणकी एक संज्ञा का नाम । गौणकर्म । अपादान आदि कारकों की अविवक्षा करके कर्मसंज्ञक विभक्तियां जहां होती हैं वह अकथित कर्म है ।

अकनिष्ठ, (न.) छोटा नहीं । बड़ा । (पुं.) वेदनिन्दक । वेदों की निन्दा में प्रसन्न होने वाला । बौद्ध ।

अकनिष्ठप, (पुं.) बौद्धों का पालन करनेवाला । बुद्ध भगवान् का एक नाम । बौद्धसम्प्रदाय का आचार्य ।

अकम्पन, (त्रि.) नहीं कम्पने वाला । निर्भय । निडर । (पुं.) एक राक्षस का नाम । यह रावण की सेना का सेनापति था ।

अकम्पित, (त्रि.) (न.त.) अचञ्चल । धीर । निर्भय । (पुं.) जैन और बौद्धसम्प्रदाय के एक महात्मा का नाम । जैन सम्प्रदाय के अन्तिम तीर्थङ्कर का नाम । यह उनका असली नाम नहीं था । किन्तु उनके धीर होने के कारण लोगों ने उन्हें " अकम्पित " की उपाधि दी थी ।

अकर, (त्रि.) विना हाथ का । हाथरहित । अपने कर्तव्य से उदासीन । अपना कर्तव्य न करनेवाला ।

अकरणम्, (न.) कार्य का अभाव । काम नहीं करना । कर्मरहित । इन्द्रियरहित । इन्द्रियशून्य ।

अकरणिः, (स्त्री.) कार्य शक्तिका नाश । इस शब्दका प्रयोग शाप देने के अर्थ में कियाजाता है ।

अकरा, (स्त्री.) विना हाथकी स्त्री। आमलकी वृक्ष। आँवले का पेड़। आँवले का सेवन करने से लोगों के दुःख दूर होते हैं इसी कारण इसका "अकरा" नाम पड़ा है।

अकरुण, (त्रि.) करुणारहित। निर्दय। दयाशून्य।

अकर्ण, (त्रि.) जिसके कान न हो। कर्णरहित। बहरा। बधिर। कर्ण नामक वीर का अभाव या उसका सादृश्य यहां "कर्ण" शब्द का अर्थ कान और सुनने की शक्ति दोनों है।

अकर्तन, (त्रि.) काटने के अयोग्य। जो काटा न जाय।

अकर्तृ, (पुं.) काम नहीं करनेवाला। निकम्मा, कियेहुए कर्मों का जो फल भोग न करे।

अकर्मक, (त्रि.) जिसके कर्म न हो। धातु का एक भेद। अकर्मक धातु वे कहे जाते हैं, जिनका फल और व्यापार एक आश्रय में रहता हो और जिस धातु के कर्म बहुत प्रसिद्ध होने के कारण अविवक्षित हों, वे धातु भी अकर्मक होजाते हैं।

अकर्मण्य, (त्रि.) जो काम न करसके। काम करने के अयोग्य। नहीं काम करनेवाला।

अकर्मन्, (त्रि.) विना काम का। निकम्मा। काम करने के अयोग्य। निष्कामकर्म करने वाला।

अकल, (त्रि.) कलारहित। अखण्ड। सम्पूर्ण। समस्त।

अकल्क, (त्रि.) दम्भरहित। अदाम्भिक।

अकल्का, (स्त्री.) चन्द्रमा का प्रकाश। चाँदनी। अदाम्भिक स्त्री। पाखण्डरहित।

अकल्कन, (त्रि.) जिसमें दम्भ न हो। दम्भरहित। अदाम्भिक।

अकल्पित, (त्रि.) अचिन्तित। विना बनाया हुआ। अनिर्मित। प्राकृतिक। स्वाभाविक। कल्पनाहीन। कल्पना से परे।

अकल्य, (त्रि.) रोगी। व्याधित। व्याधियुक्त।

अकल्याण, (त्रि.) अमङ्गल। कल्याण का अभाव।

अकव, (त्रि.) अवर्णनीय। जिसका वर्णन न कियाजाय। न अच्छा न बुरा।

अकवि, (त्रि.) निर्बुद्धि, मूर्ख।

अकस्मात्, (अ.) सहसा। अचानचक। अतर्कित। विना शानगुमान।

अकाण्ड, (त्रि.) विना अवसर। बे मौके। अनुचित काल। अनवसर।

अकाण्डजात, (त्रि.) अकस्मात्उत्पन्न। अनवसरजात। अनुचितकाल में उत्पन्न।

अकाण्डपात, (पुं.) अतर्कित पात। सहसा गिरना।

अकाण्डे, (क्रि. वि.) अकस्मात्। अचानचक, सहसा।

अकाम, (त्रि.) कामरहित। वासनारहित। क्षीणशक्ति। प्रेमरहित। निष्प्रेम।

अकामता, (स्त्री.) कामशून्यता। निष्कामता। इच्छाराहित्य।

अकामतः, (अ.) अनिच्छा से। इच्छापूर्वक नहीं।

अकामहत, (त्रि.) अनिच्छापूर्वक नष्ट। विना इच्छा कियेही मरा हुआ।

अकाय, (त्रि.) शरीररहित। अमूर्त। निराकार। शरीरहीन। राहु ग्रह।

अकार, (त्रि.) काम का अभाव। क्रियारहित।

अकार, (पुं.) अक्षर।

अकारण, (न.) कारणशून्य। विना कारण। निष्कारण। प्रयोजनशून्य। बे मतलब।

अकार्णवेष्टिकक, (न.) कान का एक गहना। कर्णभूषण।

अकार्पण्य, (त्रि.) जिसमें कृपणता न हो। कृपणता का अभाव। उदारता। औदार्य।

अकार्य, (न.) अनुचित कार्य। निन्दित कर्म। बुरा काम।

अकाल, (पुं.) अनुचित काल। अनवसर।

अधम समय। महँगी का समय। अयोग्य समय।

अकाल-कुसुम, (न.) विना काल का पुष्प। जिस पुष्प के उत्पन्न होने का जो समय नहीं है उस समय में उत्पन्न हुआ पुष्प। दुःसमय का चिह्नविशेष।

अकाल-कूष्माण्ड, (पुं.) अकाल में उत्पन्न हुआ कोंहड़ा।

अकालज, (त्रि.) अकाल में उत्पन्न। विना समय के उत्पन्न हुआ।

अकाल-जलद, (पुं.) अकाल का मेघ, वर्षा-ऋतु को छोड़कर अनऋतु का मेघ।

अकाल-जलदोदय, (पुं.) अकाल में मेघों की उत्पत्ति। विना समय मेघों का होना। कश्मीरी कवि राजशेखर के प्रपितामह का नाम। सम्भव है यह उनका नाम न रहा हो। किन्तु उपाधि। सुभाषितावली में उद्धृत एक श्लोक से इस बात की कुछ झलक पाई जाती है।

अकालवेला, (स्त्री) अकालिक समय। ज्योतिष् शास्त्र में "कालवेला" एक योग का नाम है, उसका अभाव।

अकिञ्चन, (त्रि.) जिसके पास कुछ न हो। अत्यन्तदरिद्र। महानिर्धन।

अकिञ्चनता, (स्त्री.) सब प्रकार के धन का अभाव। निर्वेद। संसार के पदार्थों से विराग होने पर जो एक प्रकार का निर्वेद उत्पन्न होता है।

अकिञ्चिज्ञ, (त्रि.) कुछ भी न जाननेवाला। महामूर्ख।

अकिञ्चित्कर, (त्रि.) अनावश्यक। अनर्थक। वृथा। व्यर्थ।

अकीर्ति, (स्त्री.) अप्रशस्त कीर्ति। अनुचित कीर्ति। अनुचित कार्यों से प्राप्त कीर्ति।

अकुण्ठ, (त्रि.) अकुण्ठित। अप्रतिहतगति। किसी काम में न रुकनेवाला। सब काम में चतुर।

अकुण्ठित, (त्रि.) कुण्ठित नहीं। अप्रतिहत। चारों ओर फैलनेवाला।

अकुतोभय, (त्रि.) जिसको किसी का भय न हो। निर्भय। निडर। नहीं डरनेवाला।

अकुप्य, (न.) धन। सोना। चाँदी। सोना और चाँदी से भिन्न धन को कुप्य कहते हैं, उस से भिन्न अर्थात् सोना, चांदी को अकुप्य कहते हैं।

अकुल, (त्रि.) कुलच्युत। कुलटूट। उत्तम कुल का नहीं। शिव का एक नाम।

अकुला, (स्त्री.) सती। पार्वती का नाम।

अकुलीन, (त्रि.) उत्तम कुल का नहीं। जिसका कुल उत्तम न हो। २ मर्त्यलोकवासी नहीं। "कु" का अर्थ है पृथिवी।

अकुशल, (त्रि.) अमङ्गल। अकल्याण अचतुर। अनिपुण, अनभिज्ञ।

अकूपार, (पुं.) समुद्र। सागर। सिन्धु। उदधि। कच्छप। कछुवा। सूर्य।

अकूर्च, (त्रि.) विना दाढ़ी का। गंजा। खल्वाट। (पुं.) बुद्ध भगवान्।

अकृच्छ्र, (त्रि.) अकठोर। कठिनताशून्य। सहज। सरल।

अकृत, (त्रि.) अकर्म। कर्मशून्य। कर्म का अभाव।

अकृतार्थ, (त्रि.) असफलमनोरथ। अपूर्णमनोरथ। मनोरथ की असिद्धि।

अकृतास्त्र, (त्रि.) अस्त्रविद्या में अशिक्षित। अस्त्रविद्या में अनभिज्ञ।

अकृतात्मन्, (त्रि.) जिसकी आत्मा अपने वश में न हो। निर्बुद्धि। मूर्ख जिसने ब्रह्म और आत्मा का ज्ञान नहीं प्राप्त किया है।

अकृतोद्वाह, (त्रि.) विना ब्याहा, क्वारा।

अकृतैनस, (त्रि.) जिसने पाप नहीं किया है। पापरहित। निष्पाप।

अकृतज्ञ, (त्रि.) अपने पर किये गये उपकार को भूल जाने वाला। कृतघ्न।

अकृतबुद्धि, (त्रि.) मूर्ख । अज्ञानी । अचतुर । अपटु, अनिपुण, असमीक्ष्यकारी ।

अकृतिन्, (त्रि.) अनिपुण । अनभिज्ञ । कार्याक्षम ।

अकृत्य, (न.) अकार्य । अकर्तव्य कर्म । न करने योग्य कर्म । निन्दित कर्म । बुरा काम । काम का अभाव । विना काम ।

अकृश, (त्रि.) कृश नहीं । दुबलापतला नहीं । हृष्टपुष्ट । स्वस्थ । न दुबला न मोटा ।

अकृशाश्व, (पुं.) अयोध्या के एक राजा का नाम । जिसके दुबले घोड़े न हों ।

अकृष्ट, (त्रि.) नहीं खींचा हुआ । विना जोता खेत ।

अकृष्टपच्य, (त्रि.) धान्यविशेष । वह धान्य जो विना जोते हुए खेत में पके । फसही धान । तिन्नी धान ।

अकृष्टरोहिन्, (त्रि.) विना जोते खेत में उत्पन्न होने वाला अन्न ।

अकृष्ण, (त्रि.) काला नहीं । श्वेत । स्वच्छ ।

अकेतु, (त्रि.) चिह्नरहित । पताकाहीन । अज्ञान ।

अकोट, (पुं.) वृक्षविशेष । गुवाक नामक वृक्ष ।

अक्का, (स्त्री.) माता । जननी ।

अक्तः, (त्रि.) व्याप्ति । युक्ति । योग । परिच्छेद । जुड़ा हुआ, घिरा हुआ ।

अक्रतुः, (त्रि.) यज्ञ का अभाव । निष्काम । कर्माभाव । दृष्ट और अदृष्ट विषयों से विरक्तबुद्धि ।

अक्रम, (त्रि.) गमनशक्तिशून्य । पादहीन । विपर्यय । वैपरीत्य । क्रमहीनता । उलट पलट ।

अक्रिय, (त्रि.) श्रौत स्मार्त क्रिया का त्याग करनेवाला । निन्दित कर्म । निषिद्ध व्यापार । अकर्ता । निकम्मा । निन्दित कर्म करनेवाला ।

अक्रूरः, (पुं.) एक यादव का नाम । इनके पिता का नाम श्वफल्क, और माताका नाम गान्दिनी था । (त्रि.) अकठोर, अनिष्ठुर, क्रूर नहीं, क्रोधहीन ।

अक्रोधः, (पुं.) क्रोध का अभाव । क्रोधशून्य । अकोप, क्रोध के कारण होने पर भी क्रोध न करना ।

अक्रोधन, (त्रि.) क्रोधरहित । क्रोधहीन ।

अक्लमः, (त्रि.) क्लमरहित थकावट से रहित । सदा परिश्रम करनेवाला । थका नहीं । सदा व्यापार में लगा हुआ ।

अक्लिष्ट, (त्रि.) क्लेशित नहीं । क्लेशरहित । अमर्दित ।

अक्षः, (पुं.) रथ का अवयव विशेष । चक्र । चका । पहिया । वह लकड़ी जिसमें पहिये लगाये जाते हैं । व्यवहार । आय व्यय का हिसाब । पाशा । जिससे जूआ खेला जाता है । रुद्राक्ष । बहेड़ा का वृक्ष । ज्ञान । आत्मा इन्द्रिय । रावण । सर्प । शकट । रथ । सोलह मासे । कर्ष । जन्मान्ध । गरुड़ । बाण और ज्योतिषमें इससे ५ की संज्ञा जानीजातीहै ।

अक्षकः, (पुं.) वृक्षविशेष । तिनिश नामक वृक्ष । रावण के पुत्र का नाम । इसे अक्षकुमार भी कहते हैं ।

अक्षगण, (पुं.) इन्द्रियों का समूह ।

अक्षचरण, (पुं.) अक्षपाद । आचार्य गौतम का एक नाम ।

अक्षतम्, (न.) चावल । जौ । (पुं.) विना टूटे चावल, जो देवताओंको चढ़ायेजाते हैं ।

अक्षता, (स्त्री.) ककड़ासींगी वृक्ष । पुरुषसंसर्गरहित स्त्री ।

अक्षदर्शक, (पुं.) प्राड्विवाक । धर्माध्यक्ष । व्यवहारों का देखनेवाला । जज । मुंसिफ । जुआरी । पासा का देखनेवाला ।

अक्षदेविन्, (त्रि.) जुआड़ी । जुआ खेलने वाला । धूर्त ।

अक्षद्यूः, (पुं.) जुआड़ी । जुआ खेलनेवाला ।

अक्षधुरा, (स्त्री.) पहिये के आगे का भाग ।

अक्षधूर्तः, (पुं.) जुआड़ी । जुआ खेलने वाला । धूर्त । कितव ।

अक्षपाद, (पुं.) गौतम । नैयायिकाचार्य ।

अक्षपीडा, (स्त्री.) यवतिक्ता नाम की लता।

अक्षमः, (त्रि.) क्षमताशून्य। योग्यताहीन। अयोग्य। क्षमाहीन। क्षमारहित।

अक्षमा, (स्त्री.) ईर्ष्या। क्षमा का अभाव।

अक्षमाला, (स्त्री.) जपमाला। रुद्राक्ष की माला।

अक्षयः, (पुं.) अनन्त। क्षयरहित। अविनाशी। जिसका नाश न हो। अव्यय। ब्रह्मनिष्ठ।

अक्षयकाल, (पुं.) अनन्तकाल। अक्षयकाल के अभिमानी देवता।

अक्षयतृतीया, (स्त्री.) वैशाख शुक्लतृतीया इसी तिथि को सतयुग की उत्पत्ति हुई है।

अक्षयनवमी, (स्त्री.) कार्तिक शुक्लपक्ष की नवमी।

अक्षयवट, (पुं.) अविनाशी वटवृक्ष, प्रयाग का वटवृक्ष, जो देवता समझा जाता है।

अक्षया, (स्त्री.) तिथिविशेष। सोमवार की अमावास्या। रविवार की सप्तमी और मङ्गलवार की चतुर्थी ये अक्षया कहीजाती हैं।

अक्षर, (पुं.) अकारादि वर्ण। नाशशून्य। ब्रह्म। अविनाशी। विशेषरहित। प्रणव। कूटस्थ। नित्य।

अक्षरचण, (पुं.) उत्तम लिखनेवाला। लेखक।

अक्षरजीविकः, (पुं.) कायस्थजाति। लेखसे जीनेवाला। लेखक।

अक्षरतुलिका, (स्त्री.) लेखनी। लिखने का साधन।

अक्षरपङ्क्तिः, (स्त्री.) छन्दविशेष। इस छन्द में एक भगण और दो गुरु होते हैं।

अक्षरविन्यास, (पुं.) लेख। लेखन। अक्षरों का लिखना।

अक्षवती, (स्त्री.) एक प्रकार के जुए का खेल। चौपड़।

अक्षवाट, (पुं.) युद्धभूमि। लड़ने का स्थान। अखाड़ा।

अक्षशौण्ड, (पुं.) पक्का जुआड़ी, जुआ खेलने में चतुर।

अक्षसूत्रम्, (न.) जपमाला। जप करने की माला।

अक्षाग्रकीलक, (पुं.) रथ के पहिये को रोकने की कील।

अक्षान्तिः, (स्त्री.) दूसरे का उत्कर्ष न सहना, ईर्ष्या। क्षमा न करना।

अक्षि, (न.) नेत्र। आँख।

अक्षिगत, (त्रि.) आँखों पर चढ़ा हुआ। द्वेष्य। शत्रु। विरोधी।

अक्षीणः, (त्रि.) पूर्ण। अदीन। क्षीण नहीं। एक प्रकार का यति। जो किसी वस्तु की प्राप्ति से प्रसन्न न हो, और अप्राप्ति से खिन्न न हो वह अक्षीण कहा जाता है।

अक्षीब, (पुं.) समुद्र का लवण। (त्रि.) उन्मादरहित। जो उन्मत्त न हो।

अक्षेश, (पुं.) मन। इन्द्रियों का स्वामी।

अक्षोट, (पुं.) अखरोट वृक्ष। पर्वत पर उत्पन्न हुआ पीपल का वृक्ष।

अक्षोपकरणम्, (न.) द्यूतसाधन। जुआ खेलने की सामग्री।

अक्षोभः, (पुं.) खम्भा। खूँटा। पशुओं को बाँधने का खूँटा।

अक्षोभ्यः, (पुं.) शिव। दृढ़। अचल। जो राग, द्वेष आदि से विचलित न हो।

अक्षौहिणी, (स्त्री.) सेनाविशेष। दस अनीकिनी सेना। अक्षौहिणी में—२१८७० हाथी। २१८७० रथ। ६५६१० घोड़े और १०९३५० पैदल होते हैं।

अखदः, (पुं.) प्रियालवृक्ष। चिरौंजी का पेड़।

अखण्डम्, (त्रि.) खण्डरहित। पूर्ण। खण्डशून्य।

अखण्डपरशुः, (पुं.) परशुराम। इन के परशु का कोई खण्डन नहीं कर सका था।

अखातम्, (पुं.) देवखात, अकृत्रिम तालाब। झील।

अखाद्य, (त्रि.) अभक्ष्य। जो खाने के योग्य न हो।

अखिलम्, (त्रि.) समस्त। सम्पूर्ण। अखण्ड।
अखिलाधारम्, (त्रि.) ब्रह्म। समस्त संसार का आधार।
अगः, (पुं.) पर्वत। वृक्ष। सरीसृप। भानु।
अगजः, (पुं.) पर्वत से उत्पन्न। (न.) शिलाजतु। शिलाजीत।
अगतिः, (पुं.) अनवबोध। न जानना। उपाय-रहित। विना उपाय का।
अगदः, (पुं.) औषध। (त्रि.) नीरोग। रोग नहीं।
अगदङ्कारः, (त्रि.) चिकित्सक। वैद्य। रोग दूर करनेवाला।
अगदतन्त्रम्, (न.) आयुर्वेद का एक शाखा-विशेष। इसमें सांप, बिच्छू आदि के काटने का औषध लिखा है।
अगम, (पुं.) वृक्ष। जाने के अयोग्य। जहां जा न सके।
अगम्य, (त्रि.) अज्ञेय। जानने के अयोग्य। गमन के अयोग्य। जहां कोई पहुँच न सके।
अगस्तिः, (पुं.) मुनिविशेष। एक मुनि का नाम। जिसने समुद्र को गण्डूक में रखकर पानकर लिया था। जो दक्षिण दिशा में रहते हैं। वृक्षविशेष।
अगस्तिद्रुम, (पुं.) एक वृक्षविशेष। अगस्त नामक वृक्ष। इस के रस के नास लेने से चौथिया ज्वर छूट जाता है।
अगस्त्य, (पुं.) मुनिविशेष।
अगस्त्याश्रम, (पुं.) अगस्त्यमुनिका आश्रम। काशी का अगस्तकुण्डा नामक स्थान। मलयाचल पर्वत पर वर्तमान अगस्त्य मुनि का आश्रम।
अगाध, (त्रि.) बहुत गहरा। जिसका तल न छुआ जा सके। अत्यन्त गम्भीर। दुर्बोधाशय।
अगाधजल, (पुं.) ह्रद। तालाब। (त्रि.) जिसमें अगाध जल हो।
अगार, (न.) गृह। मकान।
अगुरु, (न.) सुगन्धिकाष्ठविशेष। अगर। जो गरू न हो—हलका।
अगोचर, (त्रि.) इन्द्रियों के प्रत्यक्ष का अविषय। जो इन्द्रियों के द्वारा न जानाजाय।
अग्नायी, (स्त्री.) अग्नि की स्त्री। स्वाहा।
अग्निः, (पुं.) पावक। वह्नि। वैश्वानर। अग्नि के अधिष्ठाता देवता।
अग्निकः, (पुं.) कीट विशेष। इन्द्रगोपनामक कीट।
अग्निकण, (पुं.) स्फुलिङ्ग। अग्नि के छोटेछोटेकण।
अग्निकार्य, (न.) हवन। होम।
अग्निकाष्ठम्, (न.) अगुरु। सुगन्धद्रव्यविशेष।
अग्निकोण, (न.) दिशाविशेष। पूर्व और दक्षिण के बीच की दिशा।
अग्निक्रीडा, (स्त्री.) आतशबाजी। आग का खेल।
अग्निगर्भ, (पुं.) औषधविशेष। सूर्यकान्तमणि।
अग्निचित्, (पुं.) अग्निहोत्री। अग्निचयन-करनेवाला।
अग्निज, (पुं.) अग्नि से उत्पन्न द्रव्य। सुवर्ण। सोना।
अग्निपुराणम्, (न.) एक पुराण का नाम। इसमें सोलह हजार श्लोक हैं।
अग्निप्रस्तर, (पुं.) आग को उठानेवाला पत्थर। चकमक पत्थर।
अग्निबाहु, (पुं.) धूम।
अग्निभ, (न.) अग्नि के समान। आग की तरह चमकनेवाला।
अग्निभू, (पुं.) कार्त्तिकेय।
अग्निभूतिः, (पुं.) एक प्रकार के बौद्ध।
अग्निमारुती, (पुं.) अगस्त्य मुनि।
अग्निमुख, (पुं.) ब्राह्मण। विप्र। देवता। चित्रक।
अग्निमुखी, (स्त्री.) औषधविशेष। भल्लातक, भिलावाँ।
अग्नियन्त्रम्, (न.) अस्त्रविशेष। बन्दूक तोप आदि।
अग्निवित्, (पुं.) अग्निहोत्री।
अग्निव्रत, (न.) राजाओं का व्रतविशेष।
अग्निशरणम्, (न.) अग्नि का वासस्थान। दक्षिणाग्नि। गार्हपत्य और आहवनीय नामक अग्नियोंके रहनेका स्थान। अग्निहोत्रशाला।

अग्निशाला, (स्त्री.) अग्निगृह । अग्निशरण ।
अग्निष्टोमः, (पुं.) यज्ञविशेष । अग्निष्टोम नामक यज्ञ के ग्रन्थ ।
अग्निष्वात्तः, (पुं.) दिव्यपितर । नित्यपितर । क्रियाशक्ति के अधिष्ठाता ।
अग्निहोत्रम्, (न.) यज्ञविशेष । अग्न्याधान । सायंकाल और प्रातःकाल नियम से किये जाने वाले कर्म ।
अग्निहोत्री, (पुं.) अग्निहोत्रयुक्त । अग्निहोत्र करनेवाला । कान्यकुब्ज ब्राह्मणों का एक भेद ।
अग्नीध्रः, (पुं.) ऋत्विग्विशेष । जिसका वरण धन के द्वारा होता है उसका काम अग्नि की रक्षा करना है ।
अग्नीषोमीयम्, (न.) अग्निसोम नामक यज्ञ की हवि । यज्ञविशेष । जिसके देवता अग्नि और सोम हों ।
अग्न्याधानम्, (न.) श्रौताग्निसंस्कार । अग्निहोत्र । अग्निरक्षण । अग्निग्रहण ।
अग्न्युत्पातः, (पुं.) उल्कापात आदि प्राकृतिक विकार, आग का लगना । मन्त्र आदि के द्वारा अग्नि की दाहकशक्ति का नाश ।
अग्न्युपस्थान, (त्रि.) अग्नि का उपस्थान । मन्त्रविशेष । जिनसे अग्नि की स्तुति और स्थापन किया जाता है ।
अग्र, (न.) परिमाण विशेष । सोलह माशे का परिमाण । आलम्बन । समूह । वृक्ष का अग्रभाग । प्रान्त । भिक्षा विशेष । चारग्रास । प्रधान । अधिक । प्रथम ।
अग्रकाय, (न. पुं.) देह का पूर्वभाग ।
अग्रगः, (त्रि.) सेवक । नौकर । भृत्य । आगे चलनेवाला ।
अग्रगण्य, (त्रि.) प्रधान । मुख्य । आगे गिनाया जानेवाला ।
अग्रगामी, (त्रि.) आगे चलनेवाला । प्रधान ।
अग्रजः, (पुं.) बड़ा भाई । ब्राह्मण ।
अग्रजङ्घा, (स्त्री.) जङ्घा का अग्रभाग । छोटी जाँघ ।
अग्रजन्मा, (पुं.) बड़ा भाई । ब्राह्मण । ज्येष्ठ ।
अग्रजाति, (पुं.) ब्राह्मण । श्रेष्ठ जाति ।
अग्रजिह्वा, (स्त्री.) जीभकी नोक ।
अग्रणीः, (त्रि.) श्रेष्ठ । स्वामी । प्रधान । अगुआ । मुखिया ।
अग्रतः, (अ.) पूर्वभाग । आगे । आगे की ओर ।
अग्रतःसर, (त्रि.) अगुआ । मुखिया । आगे जानेवाला ।
अग्रदानी, (पुं.) प्रेतनिमित्तक दान लेने वाला । महापात्र । ब्राह्मण ।
अग्रनख, (न. पुं.) नखका अग्रभाग ।
अग्रनासिका, (स्त्री.) नाक का अग्रभाग, नाक की नोक ।
अग्रपर्णी, (स्त्री.) आलकुशी नामक वृक्ष ।
अग्रभाग, (पुं.) श्राद्ध आदि में पहले निकाला हुआ द्रव्य । आगे का भाग ।
अग्रभुक्, (त्रि.) देवता और पितर को बिना दिये खानेवाला । पेटू । पेट पालनेवाला ।
अग्रमांसम्, (न.) हृदय के मध्यका मांस । प्रधान मांस, रोगविशेष ।
अग्रमुख, (न.) मुख का अग्रभाग ।
अग्रयाणम्, (न.) अग्रगामी । आगे चलना । सेनाविशेष, नासीर ।
अग्रयायी, (त्रि.) अग्रेसर । आगे चलनेवाला ।
अग्रलोहिता, (स्त्री.) जिसका अग्रभाग लाल वर्ण का होता है । चिल्ली नामक एक प्रकार का शाक ।
अग्रसन्धानी, (स्त्री.) कर्मविपाक । प्राणियों के पूर्वजन्म का शुभाशुभसूचक ग्रन्थ । (त्रि.) आगेही से जान लेनेवाला, यमपट्टिका, यम का पञ्चाङ्ग ।
अग्रसन्ध्या, (स्त्री.) सन्ध्या का पूर्व समय, पहली सन्ध्या, प्रातः सन्ध्या ।

अग्रसरः, (त्रि.) आगे चलने वाला । अग्रगामी ।

अग्रहः,(पुं.) अविवाहित । जिसकी स्त्री न हो । वानप्रस्थ । संन्यासी ।

अग्रहर, (पुं.) सबसे प्रथम देने योग्य वस्तु उत्तमवस्तु (त्रि.) प्रथम ग्रहण करने योग्य । सत्पात्र । ब्राह्मण ।

अग्रहायण, (न.पुं.) अग्र+हायन । मार्गशीर्ष मास । अगहन का महीना ।

अग्रहायणी, (स्त्री.) अगहनमास की पूर्णिमा, जिसमें उत्तम धान्य उत्पन्नहो । मृगशिरा नक्षत्र के उदय के समय से धान्य उत्तम होते हैं यह बात प्रसिद्ध है ।

अग्रहार, (पुं.) ब्रह्मचारी आदिको देने योग्य पदार्थ । दान की हुई या कीजानेवाली वस्तु ।

अग्राह्यः, (त्रि.) ग्रहण करने के अयोग्य । शिवनिर्माल्य आदि । परमेश्वर । इन्द्रिय का अविषय ।

अग्रियः, (पुं.) आगे होनेवाला । बड़ा भाई । (त्रि.) श्रेष्ठ । उत्तम ।

अग्रियः, (पुं.) ज्येष्ठ सहोदर । बड़ा भाई । (त्रि.) प्रधान ।

अग्रीय, (त्रि.) आगे होनेवाला । अग्रिय । मुख्य ।

अग्रेगूः, (पुं.) अग्रेसर । आगे चलनेवाला । अग्रगामी । मुखिया ।

अग्रेदिधिषुः, (पुं.) पुनर्भू का पति, विधवा का पति, जेठी बहिन के ब्याह होने के पहले यदि छोटी बहिन ब्याह दी जाय तो वह अग्रेदिधिषु कही जाती है ।

अग्रेसर, (त्रि.) अग्रगामी, पुरोगामी, आगे चलनेवाला ।

अग्रेह्यः, (त्रि.) आगे होनेवाला । अग्रिम । प्रधान । (पुं.) बड़ा भाई । प्रतिष्ठित ।

अघ, (न.) पाप । व्यसन । दुःख । दुरित । अपराध । (त्रि.) पापी । अपराधी ।

अघमर्षणम्, (त्रि.) पापनाशक मन्त्रविशेष ।

अघायुः, (त्रि.) पापपूर्ण । जिसका जीवन पापमय हो ।

अघोरः, (पुं.) शिव, महादेव, गिरिश, (त्रि.) अभयानक, भयानक नहीं ।

अघोरा, (स्त्री.) भाद्रमास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी, इस तिथि को शिवकी पूजा की जाती है इस कारण इसका नाम अघोरा पड़ा ।

अघोः, (अ.) सम्बोधनार्थक अव्यय ।

अघ्न्य, (पुं.) प्रजापति । पर्वत । मारने के अयोग्य ।

अघ्न्या, (स्त्री.) सौरभेयी, गौ, जो न मारी जाय और न मारे ।

अघ्रेय, (त्रि.) सूंघने के अयोग्य । मद्य । मदिरा ।

अङ्क, (पुं.) दृश्य काव्य का एक भेद । चिह्न । युद्ध । संग्राम । भूषण । रूपक । अंश । समीप । गोद । स्थान । प्रकरण । कटिप्रदेश । नाटक आदि का परिच्छेद । रेखा । नव की संख्या ।

अङ्कतिः, (पुं.) अग्निहोत्री । अग्निहोत्र करने वाला । अग्नि । ब्रह्मा । वायु ।

अङ्कनम्, (न.) संख्या का लिखना । चिह्न । आँकना । चिह्न करने की सामग्री । मोहर ।

अङ्कपालिका, (स्त्री.) आलिङ्गन । गोद के समीप । धाय । धात्री ।

अङ्कपाली, (स्त्री.) गोद । अङ्क । उत्सङ्ग । उपमाता । धात्री । धाय ।

अङ्कस्, (न.) चिह्न । शरीर ।

अङ्कितः, (त्रि.) चिह्नित । लाञ्छित । चिह्न कियागया । चित्रित । चित्र किया हुआ गिनाया । गया ।

अङ्कुर, (पुं.) रुधिर । लोम । जल । भूमि को फाड़कर निकलनेवाला नवीन उद्भिद । तिनका ।

अङ्कुरितः, (त्रि.) बीज की अवस्थाविशेष । जिस में अङ्कुर उत्पन्न हुआ हो सञ्जात-अङ्कुर ।

अङ्कुशः, (न. पुं.) एक प्रकार का अस्त्र-विशेष। जिस से हाथी वश में किये जाते हैं यह लोहे का बना हुआ होता है और आगे से टेढ़ा होता है।

अङ्कुशदुर्धर, (पुं.) दुर्दान्त हस्ति, हस्ति-पक को न माननेवाला हाथी। मतवाला हाथी। अङ्कुश न मानेनेवाला हाथी।

अङ्कुशी, (स्त्री.) फल आदि तोड़ने का एक प्रकार का साधन। बुद्ध की माता। जैन धर्म के चौबीस देवियों के अन्तर्गत एक देवी।

अङ्कोल, (पुं.) आकोड नामक वृक्ष। इसके फूल पीले और सुगन्धित होते हैं इसके फूल में लंबे लंबे काँटे भी होते हैं और इसके फल लाल रङ्ग के होते हैं।

अङ्कोलसारः, (पुं.) स्थावरविषविशेष।

अङ्कयः, (पुं.) वाद्यविशेष। जो अङ्कमें रखकर बजाया जाय। मृदङ्ग ढोलक आदि।

अङ्ग, (अ.) क्षिप्र। शीघ्र। पुनः। सङ्गम। असूया। हर्ष। संबोधन।

अङ्गम्, (न.) काय। गात्र। अवयव। प्रतीकः। उपाय। वेदोंके छः अङ्ग। मन। देशविशेष। विहार का पूर्व और दक्षिण का प्रदेश। यथा "वैद्यनाथं समारभ्य भुवनेशान्तगं शिवे। तावदङ्गाभिधो देशो यात्रायां न हि दुष्यति॥ वैद्यनाथ—देवघर—से लेकर ओडैसाके भुवनेश्वरतक अङ्ग देश यात्राके लिये निषिद्ध नहीं है।

अङ्गग्रह, (पुं.) रोगविशेष। अकड़वाई। शरीर की पीड़ा। अङ्गों का जकड़ना।

अङ्गज, (पुं.) अनङ्ग। कामदेव। बाल। पुत्र। व्याधि। (न.) रुधिर। व्याधि (त्रि.) शरीरोत्पन्न।

अङ्गणम्, (न.) आँगन। चौक।

अङ्गदः, (न.) बाहुभूषण। जोसन बाजू आदि। (पुं.) वानरराज बाली का पुत्र (त्रि.) अङ्गदान करनेवाला। (स्त्री.) दक्षिण दिशा के दिग्गज की हथिनी।

अङ्गनम्, (न.) प्राङ्गण। आँगन। अँगना।

अङ्गना, (स्त्री.) अच्छे अङ्गों वाली स्त्री। उत्तर दिशा के दिग्गज की हथिनी।

अङ्गनाप्रियः, (पुं.) अशोक वृक्ष।

अङ्गपालि, (पुं.) आलिङ्गन।

अङ्गमर्द, (पुं.) शरीर दबानेवाला। नाई आदि।

अङ्गमर्दिन्, (पुं.) शरीर दबानेवाला। नौकर।

अङ्गरक्षणी, (स्त्री.) वस्त्रविशेष। अङ्गीठी अङ्गरखा।

अङ्गराग, (पुं.) अङ्ग लेप। चन्दन केशर आदि।

अङ्गराट्, (पुं.) अङ्गदेश का राजा। राजा कर्ण।

अङ्गलक्ष्मीः, (स्त्री.) देह की शोभा। शरीर की कान्ति।

अङ्गवः, (पुं.) जो अपने अङ्गों में ही सिकुड़ जाय। सूखा हुआ फल।

अङ्गविकृति, (पुं.) अपस्मार रोग। मिरगी रोग, अङ्गविकार।

अङ्गविक्षेप, (पुं.) नृत्यविशेष। जिसमें अङ्गों के इशारे से भाव बतलाया जाता है।

अङ्गवैकृत, (न.) अङ्गों की चेष्टा से हृदय का भाव बतलाना।

अङ्गसंस्कार, (पुं.) अङ्गों के संस्कार। शरीर की शोभा बढ़ानेवाले कर्म।

अङ्गहार, (पुं.) नृत्य विशेष। अङ्गविक्षेप। अङ्गुलि आदि के विक्षेप के भेद से यह नृत्य तीस प्रकार का होता है।

अङ्गहीन, (त्रि.) अपूर्णाङ्ग। व्यङ्ग। काण। खञ्ज आदि।

अङ्गाङ्गीभाव, (पुं.) सम्बन्ध विशेष। अवयवावयवी भाव सम्बन्ध। गौण और मुख्य।

अङ्गाधिप, (पुं.) अङ्गदेश का राजा। कर्ण।

अङ्गारः, (न. पुं.) जलता हुआ कोयला। धूमरहित जली लकड़ी। मङ्गल ग्रह।

अङ्गारक, (पुं.) मङ्गल ग्रह। लाल रङ्ग।

अङ्गारकतैल, (न.) इस नाम से प्रसिद्ध पका हुआ तेल।

अङ्गारकमणिः, (पुं.) लाल रङ्ग की मणि। प्रवाल। मूंगा।

अङ्गारकर्कटी, (स्त्री.) आग पर पकाई हुई बाटी।

अङ्गारधानिका, (स्त्री.) अङ्गार रखने का पात्र। अँगीठी।

अङ्गारपर्ण, (पुं.) चित्ररथ नामक गन्धर्व।

अङ्गारपुष्प, (पुं.) जीवपुत्र नामक वृक्ष। जियापुत्ती वृक्ष। इङ्गुदी वृक्ष।

अङ्गारमञ्जरी, (स्त्री.) करञ्जवृक्ष। करौंजा वृक्ष।

अङ्गारशकटी, (स्त्री.) अँगीठी जिसमें नीचे पहिये लगे हुए होते हैं।

अङ्गारिः, (स्त्री.) अँगीठी। अङ्गार रखने का पात्र।

अङ्गारिका, (स्त्री.) ईख। पलाश के फूल। अँगीठी।

अङ्गारिणी, (स्त्री.) अँगीठी। वह दिशा जिसको सूर्य ने छोड़ दियाहो।

अङ्गारितम्, (त्रि.) जिस के अङ्गार उत्पन्न हुए हों। पलाशवृक्ष की कोंढ़ा।

अङ्गारिता, (स्त्री.) अँगीठी। लता।

अङ्गिका. (स्त्री.) कञ्चुकी। अँगिया। अँगरखा।

अङ्गिन्, (त्रि.) प्रधान। मुख्य। शरीरी। देही।

अङ्गिरा, (पुं.) मुनिविशेष। जो ब्रह्मा के मानसिक पुत्र थे।

अङ्गीकार, (पुं.) स्वीकार। मानलेना सम्मति देना।

अङ्गीकृत, (त्रि.) स्वीकृत। स्वीकार किया गया। मानागया।

अङ्गुरि-री, (स्त्री.) अङ्गुली हाथ पैर की अङ्गुलि।

अङ्गुरीय, (न.) अंगुली का भूषण। अंगूठी। मुंदरी।

अङ्गुरीयक, (न.) अंगुली का भूषण। अंगूठी।

अङ्गुल, (पुं.) वात्स्यायनमुनि। आठ जौ का परिमाण।

अङ्गुलिः, (स्त्री.) अङ्गुली। हाथ पैर की अङ्गुलियां।

अङ्गुलितोरणम्, (न.) अर्द्धचन्द्र। चन्दन आदि के द्वारा मस्तक पर अर्द्धचन्द्र का आकार बनाना। तिलकविशेष।

अङ्गुलित्रः, (पुं.) अङ्गुलिकवच। अङ्गुलि की रक्षा करनेवाला। दस्ताना।

अङ्गुलिमुद्रा, (स्त्री.) मोहर की अंगूठी। जिस अंगूठी में अंगूठी के मालिक के नामाक्षर खुदे हुए हों।

अङ्गुलिसन्देश, (पुं.) अङ्गुलिका सन्देश। अङ्गुलि के शब्द से जनाना।

अङ्गुली, (स्त्री.) अङ्गुली। हाथ पैर की अङ्गुलियां।

अङ्गुलीकण्टक, (पुं.) नख। नह।

अङ्गुलीयम्, (न. पुं.) अंगूठी।

अङ्गुलीयकम्, (न. पुं.) अंगूठी। अङ्गुली के भूषण।

अङ्गुष्ठः, (पुं.) बड़ी अङ्गुली।

अङ्गुष्ठमात्रः, (त्रि.) अङ्गुष्ठपरिमित वस्तु। अङ्गुष्ठपरिमित हृदयकमल के मध्यवर्ती आत्मा।

अङ्गुष्ठाना, (स्त्री.) सूई से हाथ बचाने की टोपी, इसको दरजी सीने के समय काम में लाते हैं, अङ्गुलित्र भी इसी को कहते हैं।

अङ्गूषः, (पुं.) नकुल। नेउला। बाण।

अङ्गारि, (त्रि.) दीप्तिशील। चमकनेवाला।

अङ्घ्रिः, (पुं.) चरण। पाद। वृक्ष की जड़।

अङ्घ्रिपः, (पुं.) द्रुम। वृक्ष।

अङ्घ्रिपर्णिका, (स्त्री.) पृश्निपर्णी। पिठवन। इसके फूल सिंह की पूंछ जैसे होते हैं।

अङ्घ्रिस्कन्धः, (पुं.) गुल्फ। एड़ी।

अचक्र, (त्रि.) विना पहिये का। व्यापार-रहित। मन्त्री सेनापति आदि से हीन राजा।

अचक्षुस्, (त्रि.) नेत्रहीन। अन्धा।

अचण्डी, (स्त्री.) शान्तस्वभावकी स्त्री और गौ। क्रोधरहित।

अचरः, (पुं.) गमनशक्तिहीन। स्थावर। ठहरा हुआ। पर्वत। पृथिवी।

अचलः, (पुं.) स्थिर। दृढ़। पर्वत। कील। शिव।

अचलकीला, (स्त्री.) पृथिवी। भूमि।

अचलज, (पुं.) औषध विशेष। पर्वत से उत्पन्न वस्तु।

अचलत्विष्, (पुं.) स्थिरकान्ति। जिसकी कान्ति का कभी नाश न हो। कोहल।

अचलद्विष्, (पुं.) पर्वतों का शत्रु। इन्द्र। इन्द्र ने पर्वतों के पक्ष काटे थे। इस कारण इन्द्र का नाम अचलद्विष् पड़ा।

अचलधृतिः, (स्त्री.) छन्दविशेष। जिसके चार पाद होते हैं और प्रत्येक पाद में सोलह अक्षर होते हैं।

अचलप्रतिष्ठः, (त्रि.) अनतिक्रान्त मर्यादा। समुद्र।

अचलभ्राता, (पुं.) एक बौद्धगणाधिप। ये अन्तिम जैनाचार्य के एकादश शिष्यों के अन्तर्गत हैं।

अचला, (स्त्री.) पृथिवी।

अचलाधिपः, (पुं.) हिमवान् पर्वत। पर्वतों का स्वामी।

अचलासप्तमी, (स्त्री.) आश्विन शुक्ल की सप्तमी। इस दिन के किये हुए पुण्य कर्म अचल होते हैं इसकारण इसको अचला सप्तमी कहते हैं।

अचापलम्, (न.) चपलता का अभाव। अचाञ्चल्य।

अचिन्त्य, (त्रि.) अविचारणीय वस्तु। अपरिच्छेद्यवस्तु। परब्रह्म। मन और बुद्धि के अगोचर वस्तु।

अचिन्त्यात्मा, (पुं.) सब भूतों का निर्माता। परमेश्वर।

अचिर, (न.) अल्प समय। थोड़ा काल। (त्रि.) थोड़े देर ठहरनेवाले पदार्थ।

अचिरद्युति, (स्त्री.) बिजुली। जिसकी चमक थोड़ी देर रहे।

अचिरप्रभा, (स्त्री.) विद्युत्। बिजली।

अचिररोचिस्, (स्त्री.) वह वस्तु जिसकी प्रभा थोड़ी देर रहे। बिजुली।

अचिरा, (स्त्री.) जैनियों की एक मातृका-विशेष।

अचिरांशु, (स्त्री.) विद्युत्। बिजली।

अचिरात् (अ.) शीघ्र। त्वरित। अविलम्ब।

अचिराभा, (स्त्री.) बिजुली।

अचेतन, (त्रि.) चेतनाहीन, जड़, व्यक्त। प्रधान, बेसमझ। ज्ञानहीन।

अचेतस्, (त्रि.) विचारहीन। दुष्टचित्त।

अचैतन्यम्, (त्रि.) चैतन्यरहित। ज्ञानशून्य।

अच्छ, (अ.) सम्मुख, सामने से।

अच्छ, (त्रि.) स्वच्छ। साफ सुथरा, निर्मल।

अच्छभल्लः, (पुं.) रीछ। भालु।

अच्छत्र, (पुं.) राजाहीनदेश। अराजकदेश।

अच्छावाक, (पुं.) ऋत्विज् विशेष। सोमयज्ञ करानेवाला पुरोहित।

अच्छन्दस्, (त्रि.) वेदपाठ का अनधिकारी, जिसको वेद पढ़ने की आज्ञा न हो, शूद्र।

अच्छिद्र, (त्रि.) छिद्रशून्य। दोषरहित सम्पूर्ण वैदिक कर्म। वह वैदिककर्म जो अङ्गहीन न हो।

अच्छोद, (त्रि.) निर्मल जलवाला सरोवर, छोटा तालाब, इस नाम का एक सरोवर, जिसका वर्णन संस्कृत की कादम्बरी में कियागया है।

अच्युतः, (पुं.) निर्विकार। विष्णु। कृष्ण। वासुदेव। जो सदा स्थिर रहे। अविचल। पीपल।

अच्युताग्रजः, (पुं.) बलदेव, इन्द्र।

अच्युताङ्गज, (पुं.) कामदेव। अनङ्ग। कृष्ण। रुक्मिणीपुत्र।

अच्युतात्मज, (पुं.) कामदेव। अनङ्ग।

अच्युतावास, (पुं.) अश्वत्थवृक्ष। वटवृक्ष। कृष्ण के रहने का स्थान।

अजः, (पुं.) विष्णु। शिव। जीवात्मा।

ईश्वर। बकरा। मेषराशि। कामदेव। जिसका जन्म न हो।

अजकर्णः, (पुं.) वृक्षविशेष। पिपसाल वृक्ष। इस के पत्ते बकरे के कान के समान लम्बे होते हैं।

अजकवम्, (न. पुं.) शिव का धनुष। जिस में ब्रह्मा और विष्णु बाण बने थे।

अजकावः, (न. पुं.) शिव का धनुष। जो ब्रह्मा और विष्णु की रक्षा करता है।

अजक्षीर, (न.) बकरी का दूध।

अजगः, (पुं.) विष्णु, अग्नि।

अजगन्धा, (स्त्री.) अजमोदा। औषधविशेष।

अजगन्धिका, (स्त्री.) शाकविशेष। बाबुई शाक।

अजगन्धिनी, (स्त्री.) अजशृङ्गी। गाडरसींगी।

अजगर, (पुं.) सर्प विशेष। बड़ा साँप।

अजघन्य, (त्रि.) उत्तम। श्रेष्ठ। जो नीच न हो।

अजजीविक, (त्रि.) अजा से जीनेवाला, बकरी का चरवाहा, जो बकरियों को चरा कर जीता है।

अजटा, (स्त्री.) आमलकी वृक्ष। कन्द रहित वृक्ष।

अजथ्या, (स्त्री.) स्वर्णयूथिका। स्वर्णपुष्पिका। बकरोंका समूह।

अजन्त, (पुं.) स्वरान्त। जिन शब्दों के अन्त में स्वर हो।

अजदण्डी, (स्त्री.) ब्रह्मदण्डी वृक्ष।

अजननिः, शाप के अर्थ में इसका प्रयोग होता है। जन्मरहित। अनुत्पत्ति आक्रोशन।

अजनयोनिः, (पुं.) ब्रह्मा। प्रजापति।

अजनाभ, (पुं.) भारतवर्ष का नाम। इस भारतवर्ष का नाम पहिले "अजनाभ" था। जब इस के राजा भरत हुए तब से इस का नाम भारत पड़ा।

अजन्य, (न.) उत्पात। शुभाशुभसूचक। दैवकृत उत्पात। उपद्रव।

अजप, (पुं.) अस्पष्ट पढ़नेवाला। जप न करनेवाला। (पुं.) आग पालन करनेवाला। बकरे चरानेवाला।

अजपा, (स्त्री.) देवताविशेष। गायत्रीविशेष। जिसका जप श्वास प्रश्वास के साथ स्वयं होता रहता है।

अजपात्, (पुं.) पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र। ग्यारह रुद्रों में से एक रुद्र का नाम।

अजभक्ष, (पुं.) बबुर वृक्ष की पत्तियां। इन पत्तियों को बकरे प्रसन्नतापूर्वक खाते हैं।

अजमीढ, (पु.) अजमेर नामक नगर। उस का राजा। युधिष्ठिर।

अजमोदा, (स्त्री.) अजवाइन। उग्रगन्धा।

अजम्भः, (पुं.) भेक। मेंढक। (त्रि.) दन्तरहित। जिसके दाँत न हों।

अजयः, (पुं.) पराजय। भाँग। बङ्गाल के बीरभूम के पास के एक नद का नाम।

अजय्यम्, (त्रि.) अजेय शत्रु। जो जीता न जा सके।

अजर्य्यम्, (न.) मित्रता। सङ्ग।

अजलोमन्, (पुं.) वृक्षविशेष। इसकी मञ्जरी बकरी के लोम के समान होती है।

अजवीथी, (स्त्री.) छायापथविशेष। जो आकाशगङ्गा के नाम से प्रसिद्ध है।

अजशृङ्गी, (स्त्री.) वृक्षविशेष। गाडरसींग। इस के फल भेंड़े के सींग के समान होते हैं।

अजस्रम्, (न.) निरन्तर। सन्तत। सदा। सर्वदा। त्रिकाल में स्थितिशील।

अजहत्स्वार्था, (स्त्री.) शब्दशक्तिविशेष। लक्षणा का एक भेद। उपादान लक्षणा। जो अपने अर्थ को न छोड़कर दूसरे अर्थ का बोध करे।

अजहल्लक्षणा, (स्त्री.) अजहत्स्वार्था नाम की लक्षणा। जो अपने वाच्य अर्थ को न छोड़े और वाच्यार्थसम्बन्धी दूसरे अर्थ का भी बोध न करे।

अजहल्लिङ्ग, (पुं.) वह शब्द जो अपने

लिङ्ग को न छोड़े । विशेषण का यह नियम है कि वह विशेष्य के लिङ्ग के अनुसार हो जाता है, परन्तु कतिपय शब्द ऐसे हैं जिन का लिङ्ग नियत है ।

अजहा, (स्त्री.) शुक्लशिम्बी नामक औषध । कवाछ । कपिकच्छुक ।

अजा, (स्त्री.) माया। त्रिगुण विशिष्ट प्रकृति। बकरी।

अजागरः, (पुं.) भृङ्गराज नामकी औषधि । भंगरा । (त्रि.) जागरण शून्य ।

अजाजी, (स्त्री.) काला जीरा । सफेद जीरा ।

अजाजीवः, (पुं.) जिसकी जीविका बकरे बकरियों से हो ।

अजातककुद्, (पुं.) बैलों की अवस्था विशेष । थोड़ी उमर का बैल । बच्छा । बछड़ा ।

अजातशत्रु, (पुं.) युधिष्ठिर । ये किसी से शत्रुता नहीं करते थे इस कारण इनका नाम अजातशत्रु पड़ा ।

अजातिः, (स्त्री.) अनुत्पत्ति । कार्य कारण की अनुपपत्ति । (त्रि.) जन्मरहित ।

अजादनी, (स्त्री.) वृक्षविशेष । जिसे बकरे खाते हैं । विचटी वृक्ष ।

अजानिः, (पुं.) जिसकी स्त्री न हो। स्त्रीरहित ।

अजानेयः, (पुं.) उत्तम घोड़ा । प्रभुभक्त घोड़ा (त्रि.) निर्भय । निडर ।

अजापालः, (पुं.) बकरे पालनेवाला भेड़िहर । मेषपाल ।

अजाप्रिया, (स्त्री.) बदरी । बैर ।

अजिः, (पुं.) तेज । प्रताप । प्रभुता ।

अजिन, (पुं.) चमड़ा । चर्म । मृगचर्म ।

अजिनपत्रा, (स्त्री.) जिसके पाँख चमड़े के हों । चमगीदड़ । चमचिट्ट ।

अजिनफला, (स्त्री.) वृक्षविशेष । जिसके फल बहुत बड़े बड़े होते हैं ।

अजिनयोनि, (स्त्री.) मृगचर्म के कारण । हरिण हरिणी आदि ।

अजिर, (न.) आँगन । चौक ।

आजिह्म, (त्रि.) अकुटिल । सरल । सीधा ।

अजिह्मग, (पुं.) बाण । सर्प (त्रि.) सीधा चलनेवाला । सदाचारी ।

अजीगर्त, (पुं.) शुनःशेफ के पिता । इनकी कथा उपनिषदों में लिखी है । दरिद्रता और निर्घृणता में इनकी बराबरी करने वाला आज तक दूसरा नहीं हुआ ।

अजीतः, (पुं.) जैनियों का एक तीर्थङ्करविशेष । भावी बुद्ध । (त्रि.) अनिर्जित । अपराजेय ।

अजीर्ण, (न.) उदररोगविशेष । मन्दाग्नि अधिक भोजन दुर्बलता आदि के कारण यह रोग उत्पन्न होता है ।

अजीवः, (त्रि.) मृत । मरा हुआ । मृतक । अनेकान्तवादियों का दूसरा पदार्थ । यह चार प्रकार का है पुद्गल । आकाश । धर्माधर्म । और अस्तिकाय ।

अजीवनिः, (स्त्री.) जीवन का अभाव । शाप के अर्थ में इसका प्रयोग किया जाता है ।

अजेय, (त्रि.) जो जीता न जासके । जीतने के अयोग्य ।

अजैकपाद्, (पुं.) पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र । रुद्रविशेष का नाम । क्योंकि इसका पैर बकरी के पैर के समान है ।

अज्ञका, (स्त्री.) नाटकोक्ति में वेश्या । बड़ी बहिन ।

अज्ञ, (त्रि.) जड़ । वेदों के तात्पर्य न जाननेवाला । अनपढ़ । अविवेकी । मूर्ख ।

अज्ञात, (त्रि.) अज्ञान से युक्त । अविदित ।

अज्ञानम्, (न.) अविद्या । ज्ञान का अभाव । ज्ञान से नष्ट होनेवाला । वेदान्त-प्रसिद्ध पदार्थविशेष । भागवत में अज्ञान के पांच भेद बतलाये गये हैं । तम, मोह, महामोह, तामिस्र और अन्धतामिस्र । भागवत में यह भी लिखा है कि सृष्टि के आदि में ब्रह्मा ने इन्हें बनायी था ।

अज्ञानप्रभवः, (पुं.) अज्ञान से उत्पन्न । अपने स्वरूप के यथार्थ ज्ञान होने के कारण जिसकी उत्पत्ति हो ।

अज्ञानी, (त्रि.) मूर्ख। अविद्वान्।
अज्ञेय, (त्रि.) ज्ञान का अविषय। जो जाना न जाय।
अञ्जलिः, (पुं.) वायु।
अञ्चलः, (पुं.) वस्त्र का प्रान्त भाग। आंचर। पल्ला।
अञ्चितः, (त्रि.) पूजित। पूजा गया। आदृत। जिसका आदर किया गया हो।
अञ्चितभ्रु, (स्त्री.) सुन्दर भौंहवाली स्त्री।
अञ्ज्, (धा. पर.) मिलना। जाना। प्रकाश करना।
अञ्जनम्, (न.) कज्जल। सौवीर। रसाञ्जन। (पुं.) दिग्गजविशेष। अज्ञान। आवरण। उपाधि।
अञ्जनकेशी, (स्त्री.) एक सुगन्धद्रव्य-विशेष। जिसे स्त्रियां बालों में लगाती हैं। यह हट्टविलासिनी नाम से प्रसिद्ध है।
अञ्जना, (स्त्री.) एक वानरी का नाम। जिसके गर्भ और वायु के औरस से हनुमान् उत्पन्न हुए थे।
अञ्जनाधिका, (स्त्री.) कृष्णवर्ण होने के कारण अञ्जन से अधिक एक कीटविशेष। जो बहुत काले वर्ण का होता है।
अञ्जनावती, (स्त्री.) सुप्रतीक नामक दिग्गज की हथिनी। क्योंकि यह बहुत काली है।
अञ्जनी, (स्त्री.) गन्ध-द्रव्यों के लेपन करने योग्य। स्त्री। कट्टक वृक्ष। कालाञ्जन।
अञ्जलि, (पुं.) हाथ जोड़ना। जुड़े हुए दोनों हाथ। परिमाणविशेष।
अञ्जलिका, (स्त्री.) मूषिका। छोटा चूहा। अर्जुन के एक बाण का नाम।
अञ्जलिकारिका, (स्त्री.) एक पौधा। जो लज्जावती या लजवन्ती नाम से प्रसिद्ध है। छूने से इसके पत्ते सिकुड़ जाते हैं। हाथों का जोड़ना। हाथ जोड़ने का काम।
अञ्जस्, (त्रि.) प्राञ्जल। अवक्र। सीधा। सरल।
अञ्जसा, (अ.) शीघ्र। जल्दी। ठीक ठीक। त्वरत। आर्जव। अनायास।
अञ्जसाकृतम्, (त्रि.) विनय से किया हुआ कर्म।
अञ्जीरम्, (न.) वृक्षविशेष। स्वनाम-प्रसिद्ध वृक्ष विशेष और फल।
अट् (धा. पर.) गमन। गति। जाना।
अटनम्, (न.) भ्रमण। गमन।
अटनिः-नी, (स्त्री.) धनुष का अग्रभाग। जहां चिल्ला चढ़ाया जाता है। धनुष कोटि।
अटविः, (स्त्री.) वन, अरण्य।
अटवी, (स्त्री.) अरण्य। वन। वृद्धावस्था में जहां भ्रमण किया जाय।
अटा, (स्त्री.) भ्रमण। पर्यटन।
अटाट्या, (स्त्री.) भ्रमण। पर्यटन। घूमना। निरर्थक घूमना। विना काम के घूमना।
अट्ट, (धा. आत्म.) लांघना। मारना। (उभ.) अनादर करना।
अट्टः, (पुं.) महल के ऊपर का घर। अटारी। बाज़ार। दूकान। सूखा अनाज। अत्यन्त। अतिशय।
अट्टहासः, (पुं.) अत्यन्त हँसी। अधिक हँसना। महादेव की हँसी।
अट्टहासक, (पुं.) कुन्द पुष्प-विशेष।
अट्टालः, (पुं.) अटारी। कोठे के ऊपर का घर।
अट्टालकः, (पुं.) महल के ऊपरकी घर।
अट्टालिका, (स्त्री.) अटारी। महल। ऊँचा मकान। धनी राजा आदि का मकान। एक नगर का नाम।
अड्, (धा. पर.) उद्यम करना।
अडु, (धा. पर.) आक्रमण करना। अभियोग करना। समाधान करना। प्रमाणित करना। अनुमान करना।
अण्, (धा. पर.) शब्द करना। सांस लेना।
अण्, (धा. आत्म.) जीना। प्राण धारण करना।
अण, (न.) नीच। निन्दित। बहुत छोटा
अणकः, (त्रि.) कुत्सित। गर्हित। निन्दित।
अणव्य, (न.) अणुओं का उत्पत्ति स्थान।

खेत । जिसमें छोटे छोटे अन्न उत्पन्न हों ।

अणिः, (पुं. स्त्री.) कील । जो रथ के पहिये के आगे लगाया जाताहै । सुई की नोक । शस्त्राग्र । सीमा । सूक्ष्म भाग । अल्प । अल्पार्थक ।

अणिमा, (पुं.) छोटा पन । लघुता । योगियों की अष्ट सिद्धियों में की एक सिद्धि ।

अणीयस्, (त्रि.) बहुत थोड़ा । बहुत छोटा । लघुतर ।

अणु, (पुं.) चीना नामसे प्रसिद्ध व्रीहि-विशेष । लेश । सूक्ष्म । परमाणु । पदार्थों का मूल कारण । नैयायिक-स्वीकृत पदार्थ-विशेष । (त्रि.) सूक्ष्म । छोटा ।

अणुक, (त्रि.) अल्पतर । बहुत छोटा । बड़ा सूक्ष्म ।

अणुमा, अणुमा (स्त्री.) जिसकी प्रभा स्वल्प क्षणस्थायी हो । विद्युत् । बिजुली ।

अणुमात्रिक, (त्रि.) जिसका अणु परिमाण हो । अतिक्षुद्र । अत्यन्त छोटा । जीव की संज्ञा । क्योंकि जीवका परिमाण बहुत छोटा होता है ।

अणुरेणुः, (पुं.) त्रसरेणु । धूल-कण ।

अण्ड, (न.) अण्डकोश । पक्षीका अण्डा । कस्तूरी । पेशी ।

अण्डज, (पुं.) अण्डे से निकला पक्षी । साँप । कृकलास । अण्डे से उत्पन्नमात्र ।

अण्डालु, (पुं.) मत्स्य । मछली ।

अण्डीरः, (पुं.) पुरुष । समर्थ । शक्तिमान् ।

अतट, (पुं.) जिसका किनारा न हो, प्रपात, पर्वत का ऊपरी भाग, जहांसे जल गिरताहै ।

अतद्गुणः, (पुं.) अलङ्कार विशेष । यह अलङ्कार वहां होता है । जहां उसके (किसी वर्णनीय पदार्थ के) गुण ग्रहण करने की सम्भावना रहने पर भी गुण ग्रहण न हो सके । बहुव्रीहि समास का एक भेद ।

अतन्द्रितः, (त्रि.) निरालस । आलस्य रहित ।

अतर्कितः, (त्रि.) अविचारित । सहसा । अकस्मात् । विचाररहित ।

अतर्क्यः, (पुं.) अपने तर्क से जानने के अयोग्य । परमात्मा । अतीन्द्रिय । मन वचन के अगोचर ।

अतलम्, (न.) पृथ्वीतल । पाताल विशेष । (त्रि.) तलरहित । निस्तलप्रदेश ।

अतलस्पर्शम्, (त्रि.) अतिगभीर । अगाध । जिसका तल छुआ न जासके । अथाह ।

अतलादिः, (पुं.) अतल आदि सात लोक । नीचे के सातलोक । अतल । वितल । सुतल । रसातल । तलातल । महातल और पाताल ये सात लोक हैं ।

अतः, (अ) हेतु । कारण । अपदेश । निर्देश ।

अतसः, (पुं.) वायु । क्षौम । पटवस्त्र । गहरण । आत्मा ।

अतसी, (स्त्री.) क्षमा । अलसी नाम से प्रसिद्ध धान्य विशेष ।

अतसीतैलम्, (न.) अलसी का तेल ।

अतस्करः, (त्रि.) असंयतेन्द्रिय ।

अति, (अ. नि.) प्रशंसा । प्रकर्ष । उत्कर्ष । लांघना । अधिकता । अत्यन्त स्तुति । पूजा ।

अतिकटुः, (त्रि.) निम्बवृक्ष । अत्यन्त कड़आ ।

अतिकथः, (त्रि.) श्रद्धा के अयोग्य । नष्ट धर्म । अविश्वसनीय । विश्वास करने के अयोग्य ।

अतिकन्दकः, (पुं.) अधिक जड़वाला वृक्ष । हस्तिकन्दकनामक वृक्ष ।

अतिकेशर, (पुं.) वृक्ष विशेष । कृष्णक वृक्ष ।

अतिकृतिः, (स्त्री.) छन्दोविशेष । पचीस अक्षरों का यह छन्द होता है ।

अतिकृच्छ्रम्, (न.) व्रत विशेष । यह व्रत तीन दिनतक किया जाता है । एक एक कवल नित्य भोजन करने का इस व्रत में विधान है ।

अतिक्रियः, (पुं.) अतिपात । क्रमका उल्लङ्घन करना । नियम न मानना अपने कर्तव्य से विचलित होना ।

अतिक्रमणम्, (न.) उचित से अधिक अनुष्ठान

करना। वस्तु की सिद्धि होने पर भी कर्म करते रहना।

अतिक्रमणीयः, (त्रि.) अतिक्रमण के योग्य। डांकने के योग्य। उल्लङ्घन करने के अयोग्य।

अतिक्रान्त, (त्रि.) अतिक्रम। किया गया। अतीत। अपने कर्तव्य से विचलित। अपने काम को भूला हुआ।

अतिगण्डः, (पुं.) ज्योतिषशास्त्र का एक योग। छठवाँ योग। (त्रि.) बड़ी गलायाला।

अतिगन्धः, (पुं.) अधिक गन्धवाला। भूतृण। चम्पक वृक्ष। बड़ी सुगन्धवाला।

अतिचर्ण, (स्त्री.) स्थलपद्मिनी। इसका नाम पद्माभ है। यह उत्तर की ओर बहुत होता है।

अतिचारः, (पुं.) बहुत चलनेवाला। मङ्गल आदि पाँच ग्रहों का एक राशि का भोग की समाप्ति के विना दूसरी राशि पर जाना। पूर्व राशि पर जाने का नाम वक्रातिचार है और आगे की राशियों पर जाने का नाम अतिचार है।

अतिचरिष्ण, (पुं.) अपने समय को भोगे विना दूसरी राशि में जाने वाले मङ्गल आदि पाँच ग्रह। (त्रि.) अतिक्रमण करनेवाला। डांककर जाने वाला। बहुत चलनेवाला।

अतिच्छत्रः, (पुं.) छत्रा। छाती नाम से प्रसिद्ध एक तृण विशेष। यह स्थल पर होता है। तालमखाना। मुल्फा।

अतिच्छत्रक, (पुं.) भूतृण विशेष।

अतिजगती, (स्त्री.) छन्द विशेष। यह छन्द तेरह अक्षरों का होता है (त्रि.) जगत् को डाकनेवाला। ज्ञानी। जीवन्मुक्त।

अतिजवः, (त्रि.) वेगवान् बड़े वेग से चलने वाला।

अतिजागरः, (पुं.) नील बकपक्षी। यह सदा जागता रहता है, (त्रि.) जिसको नींद नहीं आती।

अतिडीनम्, (न.) पक्षियों का गति विशेष।

अतितराम्, (अ.) अधिक। अत्यन्त अधिक।

अतितीक्ष्ण, (त्रि.) अत्यन्त कड़ुआ। मरिचा। आदि।

अतितीव्रा, (स्त्री.) गांठ दूब।

अतिथिः, (पुं.) सूर्यवंशी एक राजा। इनके पिता का नाम कुश था और इनकी माताका नाम कुमुद्वती था। यह रामचन्द्रजी का पौत्र था। आगन्तुक। पाहुन। जो एक रात रहे।

अतिथिपूजनम्, (न.) नृयज्ञ। पञ्च यज्ञ के अन्तर्गत एक यज्ञ।

अतिथिसपर्या, (स्त्री.) अतिथिसेवा। अतिथि का सत्कार। पञ्च महायज्ञों के अन्तर्गत एक यज्ञ। नृयज्ञ।

अतिदिष्ट, (त्रि.) दूसरे के धर्म का दूसरे में आरोप करना। मीमांसा शास्त्र की एक परिभाषा।

अतिदीप्यः, (पुं.) रक्तचित्रक वृक्ष। लालचिता।

अतिदेशः, (पुं.) दूसरे के धर्म का दूसरे में आरोप करना।

अतिधन्वा, (पुं.) धानुष्क। धनुर्धारी। धनुर्विद्या में निपुण। मरुभूमि को डांक जानेवाला।

अतिधृतिः, (स्त्री.) छन्द विशेष। इसके प्रत्येक पद में उन्नीस अक्षर होते हैं।

अतिपतन, (न.) अत्यन्त। नाश। अतिक्रमण।

अतिपत्तिः, (स्त्री.) (सिद्ध न होना) असिद्धि।

अतिपत्र, (त्रि.) बड़े बड़े पत्तोंवाला वृक्ष। हस्तिकन्द वृक्ष। इसका उपयोग पशुचिकित्सा में किया जाता है।

अतिपन्था, (पुं.) सुन्दर मार्ग। अच्छा रास्ता। सदाचार।

अतिपातः, (पुं.) पर्याय।

अतिपातक, (न.) नव प्रकार के पापों में का एक बड़ा पाप। वह तीन प्रकार का होता है। पुरुषों को माता कन्या और पुत्रवधू के संसर्ग से उत्पन्न होता है। स्त्रियों

को पुत्र पिता और श्वशुर के संसर्ग से उत्पन्न होता है ।

अतिपातकी, (पुं.स्त्री.) पापी विशेष । माता । भगिनी और कन्या के साथ दुराचार करने वाले । गुरुद्रोही । कुलधर्म को छोड़ देने वाले और विश्वासघाती ये अतिपातकी कहे जाते हैं ।

अतिप्रसक्तिः, (स्त्री.) अत्यन्त आसक्ति । अत्यन्त सेवन ।

अतिप्रसङ्गः, (पुं.) अत्यन्त आसक्ति । दूसरा उद्देश्य रहने पर भी उसके साथही दूसरे पदार्थ का सेवन । उद्देश्य के अतिरिक्त पदार्थ का सेवन ।

अतिबल, (त्रि.) एक पौधा विशेष । बल बढ़ाने वाला औषध । अस्त्र विद्या विशेष । इस विद्या को महर्षि विश्वामित्र ने महर्षि कुशाश्व से सीखी थी । श्रीरामचन्द्रजी ने इस विद्या को महर्षि विश्वामित्र से सीखी थी ।

अतिभरः, (पुं.) अधिक भार । अत्यन्त विस्तार ।

अतिभूमिः, (स्त्री.) अतिशय । अधिकता । अमर्यादा । सीमा को अतिक्रम किया हुआ ।

अतिमङ्गल्य, (पुं.) बिल्वफल । (त्रि.) मङ्गलालय । अतिशय मङ्गल उत्पन्न करनेवाला बहुत शुभ उत्पन्न करनेवाला ।

अतिमर्याद, (न.) अतिशय । निर्भय ।

अतिमात्रम्, (न.) मात्रा की अधिकता । परिमाण से अधिक । थोड़े को लांघने वाला ।

अतिमानिता, (स्त्री.) अहङ्कार । अपने को पूज्य समझना ।

अतिमुक्तः, (पुं.) निःसङ्ग । निष्फल । योगियों की एक अवस्था विशेष । माधवीलता ।

अतिमुक्तकः, (पुं.) तिनिश । तिन्दुकवृक्ष । पुष्पवृक्ष विशेष ।

अतिमैत्रः, (पुं.) नवम तारा । (त्रि.) परम मित्र । अत्यन्त मित्र ।

अतिमोदा, (स्त्री.) नवमल्लिका लता (त्रि.) अतिशय हर्षित । बड़ी सुगन्धिवाला ।

अतिरथ, (पुं.) योधा विशेष । जो अनेक योधाओं के साथ एकही साथ युद्ध करे ।

अतिरसा, (स्त्री.) अतिरसवाली लता । रास्ना लता ।

अतिरात्रः, (पुं) यागविशेष ।

अतिरिक्त, (त्रि) अधिक । अच्छा । भिन्न । शून्य ।

अतिरुक्षः, (त्रि.) अत्यन्त रूखा । स्नेहशून्य । (पुं.) धान्य विशेष । कंगनी । कोदो आदि ।

अतिरेक, (पुं.) अतिशय । भेद । बड़ा आधिक्य ।

अतिरोग, (पुं.) रोगविशेष । बड़ा रोग । क्षय व्याधि ।

अतिरोमश, (पुं.) बनैला बकरा । जिसके बहुत रोम होते हैं ।

अतिवक्ता, (त्रि.) वाचाल । वक्ता । अधिक बोलनेवाला ।

अतिवर्णाश्रमी, (पुं.) वर्णाश्रम हीन । वर्ण और आश्रम के धर्मों का पालन न करने वाला । जीवन्मुक्त । महात्मा । पक्षमाश्रमी ।

अतिवर्तिन्, (त्रि.) अतिक्रम करनेवाला । नियम को तोड़ कर चलनेवाला ।

अतिवर्तुल, (पुं.) धान्यविशेष । जो बहुत गोल होता है ।

अतिवाद, (पुं.) किसी बात को बढ़ाकर कहना । कठोर वचन । अप्रिय वचन ।

अतिवादी, (त्रि.) सबको चुप कराकर बोलने वाला । सबका मत खण्डन करके जो अपने मत को स्थापित करे ।

अतिवाहित, (त्रि.) चला गया । बीत गया । व्यतीत हुआ ।

अतिविकट, (पुं.) दुष्ट हाथी । मतवाला हाथी (त्रि.) अति कराल । अत्यन्त विकट ।

अतिविषा, (स्त्री.) औषध विशेष । अतीस ।

अतिवेल, (न.) अतिशय । अधिक । भृश । मर्यादातिक्रान्त । अतिलाभ ।

अतिव्यथा, (स्त्री.) अत्यन्त पीड़ा । अतिशय कष्ट ।

अतिव्याप्ति, (स्त्री.) अधिक विस्तार अत्यन्त । विस्तृति । नैयायिकों के एक दोष का नाम । यदि किसी का लक्षण—अर्थात् एक प्रकार की परिभाषा किया जाय और वह लक्षण अपने मुख्य वाच्य को छोड़ कर दूसरे का वाचक होजाय । तो वहां अति-व्याप्ति दोष माना जाता है ।

अतिशक्ति, (स्त्री.) अधिक शक्तिवाला । बलवान् । असीम बलशाली । जिसके समान शक्ति औरों की न हो ।

अतिशय, (पुं.) आधिक्य । अधिकता । बढ़ाई ।

अतिशयितः, (त्रि.) अधिक । अतिक्रान्त । अधिकतायुक्त ।

अतिशयोक्ति, (स्त्री.) अर्थालङ्कारविशेष । वर्णनीय वस्तु की उत्कर्षता दिखाने के लिये उसे दूसरी वस्तु के रूप में प्रकट करना ।

अतिशक्करी, (स्त्री.) छन्दविशेष । जिसके प्रत्येक पाद में १५ अक्षर होते हैं ।

अतिशायन, (न.) अधिकता । प्रकर्ष ।

अतिशीत, (न.) अधिक शीत । अधिक ठण्ढा । (त्रि.) वह वस्तु जिसका स्पर्श बहुत ठण्ढा हो ।

अतिशोभन, (त्रि.) अत्यन्त शोभायुक्त । अति-शय शोभनीय । श्रेष्ठ । उत्तम । रमणीय ।

अतिसन्ध्या, (स्त्री.) प्रदोष-काल । सन्ध्या के समीप का समय ।

अतिसर्गः, (पुं.) स्वेच्छापूर्वक काम करने की आज्ञा ।

अतिसर्जन, (न.) देना । मारना । ठगना । छोड़ना ।

अतिसायम्, (अ.) सायंकाल के समीप । प्रदोष का समय ।

अतिसार, (पुं.) रोग विशेष । अतिसार रोग ।

अतिसारकिन्, (त्रि.) अतिसार रोगी । अतिसार रोगवाला ।

अतिसृष्टः, (त्रि.) दत्त । दिया हुआ । नियुक्त किया गया । दिया गया । भेजा गया ।

अतिसौरभः, (पुं.) आम्र विशेष । बहुत सुगन्धिवाला ।

अतिस्थूलः, (त्रि.) अत्यन्त मोटा । आवश्यकतासे अधिक मोटा ।

अतिहसितम्, (न.) अतिशय हास्ययुक्त । अधिक हँसने वाला ।

अतीत, (त्रि.) व्यतीत । बीता हुआ । बीत गया । भूतकाल ।

अतीतकालः, (पुं.) हेत्वाभासविशेष । अनु-मान के द्वारा किसी पदार्थ के साधन समय बीत जाने पर उसके साधन के लिये जो हेतु कहा जाय वह अतीतकाल हेतु कहा जाता है और वह हेत्वाभास दोष है ।

अतीन्द्रियम्, (त्रि.) इन्द्रियों से न जानने योग्य वस्तु । अप्रत्यक्ष ।

अतीव, (अ.) बहुतही । अत्यन्त । अधिक । अतिशय ।

अतीसार, (पुं.) रोग विशेष । उदर रोग । स्वनामख्यात रोग ।

अतुलः, (त्रि.) अनुपम । उपमान रहित ।

अत्तिका, (स्त्री.) बड़ी बहिन । इस शब्द का प्रयोग नाटकों में किया जाता है ।

अत्यन्तम्, (न.) अतिशय । अधिक । सीमा को अतिक्रमण करने वाला ।

अत्यन्तकोपन, (त्रि.) चण्ड । अधिक क्रोध-शील । अधिक क्रोध करने वाला ।

अत्यन्तगामी, (त्रि.) अधिक चलनेवाला । सततगामी । हरकारा ।

अत्यन्तसंयोग, (पुं.) समस्त सम्बन्ध । निरन्तर संबन्ध । आपस में मेल-मिलाप । जिस प्रकार धूम और अग्नि का सम्बन्ध है, दो पदार्थों का आपस में ऐसा मिल जाना कि दोनों के मेल से एक दूसरा पदार्थ उत्पन्न होजाय ।

अत्यन्ताभावः, (पुं.) नैयायिकों के मत से अभाव का एक भेद । किसी वस्तु का

त्रिकाल में अभाव न था। न है और न होगा। यथा–वायु में रूप का अत्यन्ताभाव है क्योंकि वायु में रूप न तो था न है और न होगा।

अत्यन्तिक, (त्रि.) अत्यन्त चलने वाला। अतिशय गमनकारी।

अत्यन्तीन, (त्रि.) अत्यन्त चलने वाला। चिरस्थायी।

अत्यम्लः, (पुं.) बहुत खट्टा फल। तेतुल। इमली।

अत्यम्लपर्णी, (स्त्री.) जिसके पत्ते अधिक खट्टे होते हैं। वृक्ष विशेष। करौंदापुर नामक वृक्ष, यह रावालेबु के नाम से प्रसिद्ध है।

अत्ययः, (पुं.) अतिक्रम। दण्ड। अभाव। विनाश। दोष। कष्ट। अत्यन्त गमन। बलसे व्यवहार करना। मृत्यु होनेवाले कामों की सिद्धि।

अत्यर्थम्, (न.) अतिशय। अधिक। (त्रि.) अतिशययुक्त अर्थ का अभाव।

अत्यल्पम्, (त्रि.) छोटा। बहुत छोटा। अत्यन्त लघु।

अत्यष्टिः, (स्त्री.) छन्द विशेष। जिसके प्रत्येक पाद में सत्रह १७ अक्षर होते हैं।

अत्याकारः, (पुं.) तिरस्कार। तिरादर। आदर का अभाव। (त्रि.) विशाल शरीर। बड़ा शरीरवाला।

अत्यागी, (त्रि.) कर्म फल की इच्छा न कर काम करनेवाला। अज्ञ। अनभिज्ञ। बना हुआ संन्यासी।

अत्याचार, (पुं.) उपद्रव। दुःखद काम। शास्त्रीय नियम का उल्लङ्घन।

अत्याधान, (न.) अतिक्रम। उपश्लेष सम्बन्ध। नियम विरुद्ध अग्नि स्थापन।

अत्याल, (पुं.) रक्तचित्रक वृक्ष। लालचिता।

अत्याश्रम, (पुं.) परमहंस। ब्रह्मचर्य आदि आश्रमधर्मों को पालन करने वाला।

अत्याश्रमी, (पुं.) उत्तमाश्रमी। परमहंस। परिव्राजक।

अत्याहित, (न.) अत्यन्त भय। महाविपद्। जिसमें प्राण जाने का भय हो।

अत्युक्तिः, (स्त्री.) बढ़ कर कहना। अन्याय वचन। असम्भव उक्ति। अर्थालङ्कारविशेष, जहां झूठ और अद्भुत का वर्णन हो।

अत्युकृथा, (स्त्री.) छन्दविशेष। इस छन्दके प्रत्येक पाद में दो अक्षर होते हैं। सामवेद के उक्थ भाग को बिगाड़ कर गानेवाला।

अत्युच्छ्रित, (त्रि.) अधिक बढ़ा हुआ।

अत्यूह, (पुं.) गरुड़। पक्षिविशेष। अत्यूह पक्षी। काल। कण्ठक। (त्रि.) अधिक वितर्क। बहुत वितर्क करनेवाला।

अत्यूह, (स्त्री.) नील नाम का पौधा। नील सिन्दुवार।

अत्र, (अ.) अधिकरणार्थक अव्यय। इसमें। यहां।

अत्रभवान्, (त्रि.) श्लाघ्य। पूजनीय। प्रशंसा करने योग्य।

अत्रिः, (पुं.) सप्तर्षियों में के एक ऋषि। (त्रि.) त्रीणि से भिन्न। तीन नहीं।

अत्रिजातः, (पुं.) चन्द्रमा, ब्राह्मण।

अत्रिनेत्रजः, (पुं.) चन्द्रमा।

अथ, (अ.) निरन्तर। मङ्गल। प्रश्न। संशय। आरम्भ। विकल्प। पक्षान्तर। इस शब्द का अर्थ मङ्गल नहीं है किन्तु इसका उच्चारण करना ही मङ्गल है।

अथ किम्, (अ.) स्वीकार। अङ्गीकार।

अथर्वन्, (पुं.) शिव। मुनिविशेष। इसी मुनि ने अथर्व वेद का सङ्कलन किया है।

अथर्वा, (पुं.) ब्राह्मण। अथर्व वेद। अथर्व मुनि का कहा हुआ धर्म।

अथर्ववित्, (पुं.) अथर्व वेद के ज्ञाता वशिष्ठ आदि।

अथर्ववेद, (पुं.) ऋग्वेद का वह भाग जिसमें

मारण उच्चाटन आदि का भेद लिखा है ।

अथर्वाधिपति, (पुं.) चन्द्रमा के पुत्र बुध ।

अथवा, (अ.) पक्षान्तरबोधक अव्यय ।

अथो, (अ.) आरम्भ आदि । (देखो अथ)

अद्, (धा. पर.) खाना । भोजन करना ।

अदत्ता, (स्त्री.) विना ब्याही स्त्री । कुमारी ।

अदत्तादायी, (त्रि.) विना दी हुई वस्तु को ग्रहण करने वाला । चोर । डाकू ।

अदनम्, (न.) भक्षण । भोजन ।

अदभ्रम्, (त्रि.) बहुत । थोड़ा नहीं ।

अदर्शनम्, (त्रि.) दर्शन के अयोग्य । जो देखने में न आवे । जो न देखा जाय ।

अदल, (पुं.) हिज्जल नामक वृक्ष । (त्रि.) पत्ररहित वृक्ष विना पत्तों का पेड़ ।

अदस्, (त्रि.) दूसरा । अन्य । दूर की वस्तु ।

अदाता, (पुं.) कृपण । दानशक्तिहीन । जो दे न सके ।

अदाह्यः, (पुं.) जलाने के अयोग्य । शरीर रहित । परमात्मा । महारोगी ।

अदिति, (स्त्री.) देवमाता । ये दक्ष प्रजापति की कन्या और कश्यप की स्त्री थीं । पुनर्वसु नक्षत्र । क्योंकि इसकी देवता अदिति है । वृ काटने योग्य भूमि ।

अदितिनन्दन, (पुं.) अदिति के पुत्र । देवता ।

अदीनः, (त्रि.) उदार । दीन नहीं ।

अदीनात्मा, (त्रि.) अत्यन्त कष्ट होने पर भी जिसकी आत्मा विचलित न हो ।

अदृश्यम्, (न.) न देखे जाने योग्य रूप । (त्रि.) इन्द्रियों से नहीं देखे जाने योग्य ।

अदृष्टम्, (न.) भाग्य । नियति । शुभाशुभ रूप कर्म ।

अदृष्टपूर्वः, (त्रि.) पहले नहीं देखा गया ।

अदृष्टि, (स्त्री.) दृष्टि का अभाव । अन्धा । वक्रदृष्टि । क्रोधके साथ देखना ।

अदेवमातृकः, (पुं.) जिस देश में नदी या नहर आदि के जल से अन्न उत्पन्न होता है उस देश के वासी ।

अद्धा, (अ.) सत्यार्थक अव्यय । सामने । साफ ।

अद्भुत, (न.) उत्पात । विस्मय । चित्तका विस्मयनामक विकार । नवरसों में का एक रसविशेष ।

अद्भुतस्वनः, (पुं.) महादेव । आश्चर्यशब्द । आश्चर्यशब्दयुक्त ।

अद्मरः, (त्रि.) बहुत खाने वाला । भक्षणशील ।

अद्य, (अ.) आज का दिन । वर्तमान दिन ।

अद्यतनः, (त्रि.) आज की उत्पन्न हुई वस्तु कालविशेष । बीती हुई रात का अन्तिम पहर और आने वाली रातका पहला पहर तथा समस्त दिन यह अद्यतन काल कहा जाता है ।

अद्यत्वे, (अ.) आज का । इस समय । संप्रति ।

अद्यश्वीन, (स्त्री.) आज कल में प्रसव करने वाली स्त्री । आसन्नप्रसवा ।

अद्रिः, (पुं.) पर्वत । पहाड़ । वृक्ष । सूर्य । मान विशेष । सात की संख्या ।

अद्रिकर्णी, (स्त्री.) अपराजिता नामकी ओषधि ।

अद्रिकीला, (स्त्री.) भूमि । पृथिवी ।

अद्रिजम्, (न.) शिलाजीत नामक औषध । (त्रि.) पर्वतपर उत्पन्न होनेवाले पदार्थ ।

अद्रिजतु, (न.) शिलाजतु ।

अद्रिजा, (स्त्री.) पार्वती । गिरिजा ।

अद्रिजित्, (पुं.) वासव । इन्द्र ।

अद्रितनया, (स्त्री.) हिमालय पर्वत की कन्या । पार्वती ।

अद्रिमित्, (पुं.) इन्द्र । देवराज ।

अद्रिभू, (स्त्री.) अपराजिता नामकी लता ।

अद्रिराज, (पुं.) पर्वतों का राजा । हिमालय ।

अद्रिसार, (पुं.) लोहा ।

अद्रीश, (पुं.) हिमालय पर्वत ।

अद्रोह, (पुं.) द्रोह का अभाव ।

अद्वय, (न.) परब्रह्म । स्वजातीय । विजातीय और स्वगत भेद शून्य । अद्वितीय । (पुं.) बुद्ध ।

अद्वयकारणम्, (न.) परब्रह्म । जगत् के निमित्त और उपादान दोनों कारण ।

अद्वयवादी, (पुं.) वेदान्ती । बौद्ध । एक वस्तु की सत्ता माननेवाला । अद्वैतवादी । बौद्ध विशेष ।

अद्वितीय, (त्रि.) केवल । एक । उसके समान दूसरा नहीं । परमात्मा । श्रेष्ठ । अतुलमान ।

अद्वेष्टा, (त्रि.) अद्वेषी । द्वेष न करनेवाला । हितकारी ।

अद्वैत, (त्रि.) स्वजातीय विजातीय भेदशून्य । भेदविकल्परहित । सिद्धान्त विशेष । वेदान्त सिद्धान्त ।

अद्वैतवादी, (पुं.) बुद्ध । (त्रि.) विवेकी ब्रह्म और आत्मा की एकता कहने वाला ।

अधःक्रिया, (स्त्री.) अपमान । तिरस्कार ।

अधःक्षिप्त, (त्रि.) नीचे की ओर मुँह करके रखा गया द्रव्य ।

अधःपुष्पी, (स्त्री.) एक पौधे का नाम । जिसके फूल नीचे की ओर होते हैं ।

अधनः, (त्रि.) भार्या पुत्र भृत्य आदि ।

अधमः, (त्रि.) कुत्सित । निन्दित । (पुं.) जार । उपपतिविशेष ।

अधमर्ण, (त्रि.) ऋणकर्ता । ऋण लेनेवाला । कर्जदार ।

अधमर्णिकः, (त्रि.) अधमर्ण । ऋणकर्ता ।

अधमा, (स्त्री.) नायिकाभेद ।

अधमाङ्ग, (न.) चरण । पाँव । पैर । पाद ।

अधरः, (पुं.) ऊपर या नीचे का ओठ । (त्रि.) पृथिवी से जो न मिला हुआ हो । नीचे । तल ।

अधरतः, (अ.) नीचे की ओर ।

अधरमधु, (न.) अधररस । अधरामृत ।

अधरान्, (अ.) नीचे का भाग । अधोभाग ।

अधरेण, (अ.) नीचे की ओर । पश्चिम दिशा ।

अधरेद्युः, (अ.) पर दिन । दूसरा दिन । परसों । आनेवाला परसों ।

अधर्म, (त्रि.) ब्रह्महत्या आदि निषिद्ध कर्मों से उत्पन्न पाप । वेदनिषिद्ध कर्म । अनेक प्रकार के दुःख देनेवाले कर्म । धर्म का विरोधी ।

अधर्मज्ञ, (त्रि.) अधार्मिक । धर्म न जाननेवाला । धर्म को तुच्छ समझने वाला ।

अधर्मभित्र, (पुं.) कलियुग । (त्रि.) अधार्मिक । मिथ्यावादी ।

अधश्चर, (पुं.) निन्दित कर्मों में जिसकी रुचि हो । चोर आदि । नीचे की ओर जाने वाला ।

अधस्तात्, (अ.) नीचार्थक अव्यय ।

अधि, (अ.) अधिकार । ऐश्वर्य । भाग । हिस्सा ।

अधिकम्, (न.) बहुत । अनेक । ज्यादा । अर्थालङ्कारविशेष ।

अधिकरणम्, (न.) आधार कारक । कर्ता और कर्म क्रिया का आश्रय । मीमांसा ।

अधिशय्या, (स्त्री.) पृथिवीपर सोना । भूमिशयन ।

अधिकरणविचाल, (पुं.) द्रव्य की अवस्था के भेद से संख्या का भेद करना । एक राशि को अनेक बनाना अथवा अनेक राशि को एक बनाना ।

अधिकरणसिद्धान्तः, (पुं.) सिद्धान्त-विशेष । जहां एक की सिद्धि से दूसरे की सिद्धि होती है, वह अधिकरण सिद्धान्त है अर्थात् जिस अर्थ के सिद्ध होते ही दूसरे प्रकरण की सिद्धि होती हो ।

अधिकर्तव्यम्, (न.) जो अधिकरण में उत्पन्न हो ।

अधिकर्मिक, (पुं. न.) हाट का मालिक । बाजार का चौधरी ।

अधिकाङ्गम्, (न.) कवच आदि बाँधने की पट्टी । कमरकस । (त्रि.) अधिक अङ्ग वाला । जिसके अङ्ग बढ़े हुए हों ।

अधिकारः, (पुं.) फलस्वामित्व । किसी काम करने की स्वाधीनता । पैतृकाधिकार ।

•स्वत्व। नियुक्त किये गये पुरुष का सम्बन्ध, यथा—राजाओं को छत्र, चामर आदि धारण करने का अधिकार है। अधीनस्थ देश आदि। प्रकरण। व्याकरण के मत से पहले सूत्र के पद को दूसरे सूत्र में ले जाना।

अधिकारविधि, (पुं.) मीमांसा शास्त्र की परिभाषा। कर्मों से उत्पन्न फल को बोधन करनेवाली विधि।

अधिकारी, (पुं.) प्रमाता। फलस्वामी। अधिकार विशिष्ट।

अधिकार्थवचन, (न.) स्तुति और निन्दा को प्रकाशित करने वाली अधिक उक्ति।

अधिकृत, (त्रि.) अध्यक्ष। नियुक्त। आयव्यय देखने वाला कर्मजन्य फलसंबन्धी अधिकार प्राप्त। जिसको कोई काम सौंपा गया हो।

अधिक्रमः, (पुं.) आक्रमण। अधिक्रमण।

अधिक्षिप्त, (त्रि.) स्थापित। कुत्सित। भर्त्सित। तिरस्कृत।

अधिक्षेप, (पुं.) निन्दा। तिरस्कार।

अधिगतः, (त्रि.) प्राप्त। ज्ञात। जाना गया। पाया गया। स्वीकार किया गया।

अधिगम, (पुं.) साक्षात्कार। प्राप्ति। स्वीकार।

अधित्यका, (स्त्री.) पर्वत के ऊपर की भूमि।

अधिदेवता, (स्त्री.) पदार्थों के अधिष्ठाता देवता।

अधिदैवतम्, (न.) हिरण्यगर्भ। अन्तर्यामी पुरुष। चक्षु आदि इन्द्रियों के अधिष्ठाता देवता।

अधिपः, (त्रि.) राजा। प्रभु। अधिपति।

अधिपतिः, (पुं.) प्रभु। स्वामी।

अधिभूः, (पुं.) प्रभु। नायक। स्वामी।

अधिमांसिका, (पुं.) दन्तरोगविशेष। दाँत का एक रोग।

अधिमासः, (पुं.) मलमास। अधिक मास। संक्रान्तिरहित देश।

अधियज्ञः, (पुं.) परमेश्वर। "अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृतां वर" (गीता)।

अधियोग, (पुं.) यात्रा का योगविशेष।

अधिरथ, (पुं.) कर्ण के पिता का नाम।

अधिराज, (पुं.) सम्राट्।

अधिरोहिणी, (स्त्री.) बाँस या लकड़ी की बनी सीढ़ी। ऊपर चढ़ने या ऊपर से नीचे उतरने का साधन।

अधिवचनम्, (न.) नाम। संज्ञा।

अधिवासः, (पुं.) सुगन्धित करना। पांसना। निवास। रहना। ठहरना।

अधिवासनम्, (न.) यज्ञ प्रारम्भ का पहला दिन। जिस दिन देवता आदि की स्थापना होती है। गन्ध माल्य आदि से पूजा करना।

अधिविन्ना, (स्त्री.) प्रथम ब्याही स्त्री। जिसको सौति न आयी हो।

अधिश्रयणम्, (न.) भात आदि बनाने के लिये बर्तन को चूल्हे पर रखना।

अधिश्रयणी, (स्त्री.) चूल्हा।

अधिष्ठाता, (त्रि.) अध्यक्ष। प्रवृत्ति और निवृत्ति करने वाला। स्वामी। प्रभु।

अधिष्ठानम्, (न.) वेदान्तशास्त्र के प्रसिद्ध आरोप का अधिकरण। पहिया। नगर। प्रभाव। स्थान। अध्यासन।

अधीन, (त्रि.) पठित। कृताध्ययन। पढ़ा हुआ।

अधीतिः, (स्त्री.) अध्ययन। पठन। पढ़ना।

अधीन, (त्रि.) आयत्त। वश में आया हुआ। अधिकार में वर्तमान।

अधीयानः, (त्रि.) पढ़ने वाला। वेदपाठी।

अधीरः, (त्रि.) चञ्चल। कातर। घबड़ाया हुआ।

अधीरा, (स्त्री.) विद्युत्। बिजली। नायिका-विशेष।

अधीशः, (त्रि.) प्रभु। स्वामी। ईश्वर।

अधीश्वरः, (पुं.) बुद्ध भगवान्। (पुं.स्त्री.) चक्रवर्ती सम्राट् जिसको सामन्त गण कर देते हों।

अधीष्टः, (पुं.) सत्कारपूर्वक व्यापार। (त्रि.) सत्कार करके व्यापार में नियुक्त किया गया। आदर के साथ किसी काम के लिये किसी को आज्ञा देना।

अधुना, (अ.) सम्प्रति। इस समय।

अधुनातन, (त्रि.) इस समय का। इस काल में होने वाला।

अधृष्टः, (त्रि.) लज्जाशील। विनयी।

अधृष्यः, (त्रि.) तिरस्कार करने के अयोग्य। प्रगल्भ। धृष्ट। जो किसी से न दबे।

अधृष्या, (स्त्री.) एक नदी का नाम।

अधोंशुकम्, (न.) पहनने का कपड़ा। नीचे पहनने का कपड़ा। धोती आदि।

अधोक्षज, (पुं.) विष्णु। जो इन्द्रियसम्बन्धी ज्ञान का विषय न हो। परब्रह्म। जिसने इन्द्रिय जन्य ज्ञान को तिरस्कृत कर दिया है। कृष्ण भगवान्। ज्ञानी। जीवन्मुक्त।

अधोगतिः, (स्त्री.) नरक। अवनति। नीचे की ओर गति।

अधोजिह्विका, (स्त्री.) छोटी जीभ। जो तालु के मूल में रहती है।

अधोदृष्टिः (त्रि.) अपना विनय जनाने के लिये सदा नीचे की ओर देखने वाला। विनीत। विनयी।

अधोभुवन, (न.) पाताललोक। नागलोक।

अधोमुख, (त्रि.) नीचे की ओर मुखवाला। नक्षत्रविशेष। मूल, अश्लेषा, कृतिका, विशाखा, भरणी, मघा और तीनों पूर्वा ये अधोमुख नक्षत्र कहे जाते हैं।

अधोमुखा, (स्त्री.) गोजिह्वा नामक पौधा।

अधोलोकः, (पुं.) पाताल। अधःस्थित सप्तलोक।

अधोवायुः, (पुं.) अपान वायु। हवा खुलना।

अध्यक्ष, (पुं.) धीरिका वृक्ष (त्रि.) किसी विषय का अधिकारी। किसी काम की देख रेख करने के लिये नियत। आयव्यय-निरीक्षक। व्यापक। विस्तृत। चारों ओर फैला हुआ। (ग.स.) प्रत्यक्ष ज्ञान। इन्द्रियों के द्वारा जानने योग्य।

अध्यग्नि, (न.) स्त्रीधन। जो विवाह के समय अग्नि को साक्षी करके पिता आदि देते हैं।

अध्यधीनम्, (न.) अधिक अधीन। जन्म का दास। बिका हुआ दास।

अध्ययनम्, (न.) पढ़ना। गुरु के मुख से उपदेश ग्रहण करना। गुरु की कही हुई बातों का दुहराना। अर्थ सहित अक्षरों का ग्रहण करना।

अध्यर्द्धम्, (त्रि.) आधे के साथ। एक और आधा। डेढ़।

अध्यवसाय, (पुं.) निश्चय। निर्द्धारण। युक्तियों के द्वारा किसी बात को निश्चित करना। उत्साह। बुद्धिसम्बन्धी व्यापार। किसी पदार्थ के ज्ञान होने के समय रजोगुण और तमोगुण की न्यूनता होने के कारण जो सत्त्वगुण का प्रादुर्भाव होता है वह अध्यवसाय है। बुद्धि। बुद्धि का प्रधान व्यापार।

अध्यशनम्, (न.) अधिक भोजन करना। अजीर्ण पर खाना।

अध्यस्तः, (त्रि.) कृताध्यास।

अध्यात्म, (अ.) आत्मा। देह। मन। "स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते" इस गीता के श्लोक में स्वभाव को अध्यात्म कहा गया है। "स्वभाव" का अर्थ टीकाकारों ने इस प्रकार किया है। कार्य कारण के समूह रूप देह का अवलम्बन कर के आत्मा विषय भोग करता है, उसी को "अध्यात्म" कहते हैं। (मधुसूदनसरस्वती) प्रत्येक देह में परब्रह्म का जो अंश वर्तमान है, वह अध्यात्म कहा जाता है (श्रीधर)।

अध्यात्मज्ञानम्, (न.) आत्मा और अनात्मा का विवेक।

अध्यात्मयोगः, (पुं.) चित्त को विषयों से हटा कर आत्मा में लगाना।

अध्यात्मविद्या, (स्त्री.) अध्यात्मतत्त्व। न्याय और वैशेषिक के मत से देह भिन्न आत्मा के स्वरूप को बतलाने वाली विद्या अध्यात्मविद्या कही जाती है। सांख्य मत से प्रकृति से भिन्न आत्मा के रूप को बतलाने वाली विद्या अध्यात्मविद्या कही जाती है। और वेदान्तियों के मत से आत्मा और ब्रह्म में अभेद बतलाने वाली विद्या अध्यात्मविद्या है।

अध्यापक, (त्रि.) अध्यापन कराने वाला। उपाध्याय। पढ़ाने वाला।

अध्यापन, (न.) ब्राह्मण का मुख्य कर्म। ब्रह्मयज्ञ। पढ़ाना। विद्यादान करना।

अध्यायः, (पुं.) अध्ययन। प्रकरण। ग्रन्थों का भागविशेष। जो एक विषय की समाप्ति बतलाता है। सर्ग। वर्ग। परिच्छेद। काण्ड।

अध्यारूढ, (त्रि.) समारूढ। चढ़ाहुआ।

अध्यारोप, (पुं.) दूसरी वस्तु के धर्म को दूसरी वस्तु में लगाना। मिथ्या ज्ञान। भ्रमवश दूसरी वस्तु को दूसरी वस्तु समझना, यथा-रस्सी को साँप समझ लेना।

अध्यावोहनिक, (न.) पिता के घर से पति के घर जाने के समय स्त्री को मिला हुआ धन। स्त्रीधन।

अध्याशन, (न.) भोजन पर भोजन। एक बार भोजन करने पर भोजन करना।

अध्यास, (पुं.) अन्य वस्तु में दूसरी वस्तु के धर्म का आरोप करना। अध्यारोप। मिथ्या ज्ञान। बैठने का स्थान। आसन।

अध्यासित, (त्रि.) अधिष्ठित। आश्रित। सहारा दिया गया। भरोसा दिया गया। निवेशित। स्थापन किया गया।

अध्याहार, (पुं.) तर्क। ऊह। साकांक्ष वाक्य को पूर्ण करने के लिये दूसरे शब्दों का अनुसन्धान करना। अपूर्व उत्प्रेक्षा।

अध्युषितः, (त्रि.) ठहरा हुआ। स्थित।

अध्यूढः, (पुं.) उष्ट्रयुक्त रथ। ऊँटगाड़ी।

अध्यूढः, (पुं.) ईश्वर। प्रभु। धनी। चढ़ने वाला।

अध्यूढा, (स्त्री.) अनेक ब्याह करने वाले की पहली स्त्री।

अध्येषणम्, (न.) प्रार्थना। याचना के लिये प्रार्थना।

अध्येष्यमाणः, (त्रि.) वह मनुष्य, जो अध्ययन करने वाला है।

अध्रुवः, (त्रि.) चञ्चल। विकारवाला। अनित्य। अस्थिर। विनाशी।

अध्वग, (पुं.) पथिक। मार्ग चलने वाला। (त्रि.) सूर्य। ऊँट। मार्गगामी।

अध्वगभोग्य, (पुं.) पथिकों को सरलता से प्राप्त होने योग्य वृक्षविशेष। अमड़ा नामक वृक्ष।

अध्वजा, (स्त्री.) मार्ग में उत्पन्न होने वाला एक प्रकार का पौधा। स्वर्णपुष्पी।

अध्वन्, (पुं.) मार्ग। रास्ता। राह।

अध्वनीन, (त्रि.) पथिक। मार्ग चलने वाला। चलने का काम करने वाला।

अध्वन्य, (त्रि.) पथिक। अधिक मार्ग चलने वाला।

अध्वर, (पुं.) यज्ञ। क्रतु। सावधान। वसुविशेष।

अध्वरथ, (पुं.) मार्ग चलने वाला। दूत। हरकारा। मार्ग में जाने के उपयोगी रथ।

अध्वर्यु, (पुं.) यजुर्वेद को जानने वाला। यज्ञ कराने वाला। ऋत्विक्। पुरोहित।

अध्वर्युः, (स्त्री.) अध्वर्यु शाखा पढ़ने वाली। अध्वर्युशाखाध्यायी के वंश में उत्पन्न स्त्री।

अध्वशल्यः, (पुं.) अपामार्ग।

अध्वाक्षशाखव, (पुं.) वृक्षविशेष। स्योनाक नामक वृक्ष।

अन्, (भा. पर.) प्राण धारण करना। जीना।

अनंशुमत्फला, (स्त्री.) कदली वृक्ष।

अनक्षम्, (त्रि.) चक्ररहित। बिना पहिये की गाड़ी इत्यादि।

अनक्षरम्, (न.) दुर्वचन। मुख बिगाड़कर दोष प्रकाश करना। अवाच्य। निन्दावचन। गाली।

अनक्षि, (न.) मन्द नेत्र। (त्रि.) मन्द नेत्रवाला। अन्धा।

अनगारः, (पुं.) ऋषि। मुनि। तपस्वी। (त्रि.) गृह-रहित।

अनग्निः, (पुं.) श्रौत स्मार्त कर्म हीन अग्निहोत्ररहित। संन्यासी।

अनग्निका, (स्त्री.) रजोवती कन्या। जिसको मासिक धर्म हुआ हो।

अनघः, (त्रि.) निर्मल। पापरहित। रमणीय। दुःखरहित।

अनङ्गम्, (न.) आकाश। मन। (पुं.) मदन। कामदेव।

अनङ्गशेखर, (पुं.) दण्डक नामक एक प्रकार का छन्द। इसमें क्रमशः लघु और गुरु अक्षर रखे जाते हैं।

अनङ्गसुहृत्, (पुं.) शिव। महादेव।

अनच्छः, (त्रि.) कलुष। अप्रसन्न, मैला।

अनञ्जनम्, (न.) व्योम। आकाश। तत्त्व। (पुं.) नारायण।

अनडुह्, (पुं.) साँड़। वृषभ। बैल।

अनडुही, (स्त्री.) गौ।

अनतिरेकः, (पुं.) अभेद।

अनद्यः, (पुं.) सफ़ेद सरसों।

अनध्यक्षः, (त्रि.) अध्यक्षभिन्न। अप्रत्यक्ष।

अनध्यायः, (पुं.) अध्ययन के अनुपयुक्त समय। पढ़ने के लिये निषिद्ध काल।

अननुगतम्, (न.) आत्मतत्त्व। (त्रि.) अनिश्चित। अपरिभाषित। जिसकी कोई परिभाषा न हो।

अनन्तः, (पुं.) केशव। विष्णु। नारायण। देवता। मनुष्य आदि उसके अन्त को नहीं पा सकते। इस कारण विष्णुको "अनन्त" कहते हैं। शेषनाग। बलभद्र।

अनन्तजित्, (पुं.) बुद्धविशेष। जैनियों के चौदहवें जिन। जिनु।

अनन्तात्मकः, (त्रि.) अपरिच्छिन्न। जिसकी इयत्ता न हो।

अनन्तात्मूर्तिः, (पुं.) शान्तात्मा। परमात्मा।

अनन्तमूलः, (पुं.) कराला नामकी ओषधि। बच का एक भेद।

अनन्तरम्, (न.) आनेवाला काल। पश्चात्। पश्चात् का काल। (त्रि.) परमात्मा। विश्वस्थ। सन्निहित। अव्यवहित। सटा हुआ।

अनन्तरूपः, (पुं.) भगवान्। विश्वरूप। (त्रि.) अनन्तरूप युक्त। जिसके अनन्त रूप हों।

अनन्तलोकः, (पुं.) अविनाशी लोक। स्वर्गलोक।

अनन्तविजयः, (पुं.) राजा युधिष्ठिर के शङ्ख का नाम।

अनन्तवीर्यः, (पुं.) आर्हतविशेष। आने वाले कल्प में होने वाले जैनियों का तेईसवाँ तीर्थङ्कर।

अनन्तव्रत, (न.) व्रतविशेष। इस व्रत में अनन्त की उपासना कीजाती है। यह व्रत भादोंकी शुक्ल चतुर्दशीको होता है।

अनन्तशीर्षा, (स्त्री.) वासुकी नाग की पत्नी।

अनन्ता, (स्त्री.) विशल्या नाम की ओषधि। एक प्रकार की जड़। जिसका नाम "अनन्त मूल" है। पार्वती। पृथिवी। कुश। हरीतकी। आमलकी। गुडूची। अग्निमन्थ वृक्ष।

अनन्तात्मा, (पुं.) परब्रह्म। विष्णु। देश। काल और वस्तु से अपरिच्छिन्न।

अनन्यः, (त्रि.) सर्वभोगनिःस्पृह। सब को अद्वैत दृष्टि से देखनेवाला। आत्मा और ब्रह्मको अभिन्न दृष्टि से देखने वाला। एकतान। किसी एक विषय में लगा हुआ।

अनन्यगतिक, (त्रि.) एकाश्रय । गत्यन्तर-रहित ।

अनन्यचेता, (त्रि.) एक में जिसका चित्त लगा हो । एक में आसक्त ।

अनन्यजः, (पुं.) कामदेव । अन्य से उत्पन्न नहीं । केवल एकही से उत्पन्न ।

अनन्यभवः, (त्रि.) किसी एक के द्वारा साधन होने योग्य कर्म । दूसरे के द्वारा असाध्य ।

अनन्यभावः, (त्रि.) एकान्त भक्त । जिसका भाव एक के अतिरिक्त दूसरे में न हो ।

अनन्यवृत्ति, (त्रि.) इष्टदेव के अतिरिक्त जो दूसरे का ध्यान न करे । एकाग्र । एकतान । एकान्तचित्त ।

अनन्वक्, (त्रि.) अननुगत । अधीन नहीं । जो वश में न हो ।

अनन्वयः, (पुं.) अर्थालङ्कारविशेष । जहाँ एकही उपमान और उपमेय हो । वहाँ यह अलङ्कार होता है । (त्रि.) अन्वयशून्य । सम्बन्धरहित ।

अनपायी, (त्रि.) अपायशून्य । अनश्वर । अविनाशी । निश्चल ।

अनपेक्षः, (त्रि.) निरपेक्ष । निःस्पृह । अपेक्षा वर्जित । हेय ।

अनभिज्ञः, (त्रि.) अविद्वान् । मूर्ख । अभिज्ञ नहीं ।

अनभियुक्तः, (त्रि.) अनादृत । असत । तिरस्कृत ।

अनभिलाषः, (पुं.) अरुचि । अनिच्छा ।

अनयः, (पुं.) अशुभभाग्य । विपत्ति । व्यसन । अनीति ।

अनर्गल, (त्रि.) बे रोकटोक । प्रतिबन्धक शून्य । यथेच्छ ।

अनर्घ्य, (त्रि.) अमूल्य । जिसका मोल न हो ।

अनर्थः, (पुं.) अप्रयोजन । प्रयोजन का अभाव । अनिष्ट । अनभीप्सित । नहीं चाहा गया । जिसका कुछ अर्थ या प्रयोजन न हो ।

अनर्थक, (न.) अर्थशून्य । प्रलाप । अर्थ के विना । सम्बन्धरहित वाक्य ।

अनर्थज्ञम्, (न.) आत्मज्ञान का अभाव । अपने बलाबल का न जानना ।

अनर्थान्तरम्, (न.) अभिन्न । समान । भेद नहीं ।

अनलः, (पुं.) जिसकी तृप्ति न हो । अनेक पदार्थों के जलाने पर भी जिसकी तृप्ति न हो । अग्नि । अष्ट वसुमें का पञ्चम वसु । कृत्तिका नामक नक्षत्र । क्योंकि इसका देवता अग्नि है । वृक्षविशेष । जो चिता नाम से प्रसिद्ध है । (पुं.) भिलावा नामक वृक्ष । शरीरस्थ पित्त । नल नामक तृण से भिन्न । साठ वर्षों में पचासवाँ वर्ष ।

अनलदः, (पुं.) जल । सन्ताप को शान्त करनेवाला ।

अनलप्रभा, (स्त्री.) जिसकी प्रभा अग्नि के समान हो । ज्योतिष्मती नामक लता ।

अनलि, (पुं.) वृक्षविशेष ।

अनवः, (त्रि.) प्राचीन । नवीन नहीं ।

अनवधानम्, (न.) प्रमाद । मन न लगाना ।

अनवधानता, (स्त्री.) प्रमाद । विना विचार से किया गया कर्म । चित्तवृत्तिविशेष ।

अनवनः, (त्रि.) रक्षा नहीं करना । मारना ।

अनवमः, (त्रि.) समान । सदृश ।

अनवरः, (त्रि.) प्रधान । श्रेष्ठ । बड़ा । छोटा नहीं ।

अनवरतम्, (न.) अविरत । निरन्तर । उत्कृष्ट । अच्छा ।

अनवलोभन, (न.) संस्कारविशेष । सीमन्तोन्नयन के पश्चात् चौथे मास में बालक के किये जाने वाला संस्कार ।

अनवसरः, (त्रि.) जिसका ठीक समय न हो । बेमौका । निरवकाश ।

अनवस्करम्, (त्रि.) मलरहित । साफ । स्वच्छ । निर्मल । विमल ।

अनवस्थः, (त्रि.) अवस्थितिरहित । अप्रतिष्ठित । दरिद्र । निर्धन ।

अनवस्था, (वि.) तर्कविशेष । किसी विषय को युक्तियोंके द्वारा सिद्ध करना तर्क है । जिस तर्क में प्रमाणित करने वाली युक्तियों का अन्त न हो उसे अनवस्था कहा जाता है । स्थिति का अभाव ।

अनवस्थान, (न.) अवस्थिति का अभाव । कहीं नहीं ठहरना । वायु । चञ्चल ।

अनवस्थितिः, (स्त्री.) चपलता । मत्तता । राग, द्वेष आदि से उत्पन्न चपलता ।

अनशनम्, (न.) भोजन का अभाव । उपवास । (वि.) उपवासी । नहीं भोजन करने वाला ।

अनशनः, (वि.) उपवासी । न खानेवाला ।

अनश्वरः, (वि.) शाश्वत । सनातन ।

अनस्, (न.) शकट । रथ । माता । भात ।

अनसूया, (स्त्री.) अत्रि मुनि की स्त्री । कर्दम प्रजापति की कन्या । ये बड़ी पतिव्रता थी । असूया का अभाव ।

अनसूयुः, (वि.) अनिन्दक । निन्दा न करने वाला ।

अनहंवादी, (वि.) गर्वोक्तिहीन । जो अपना गर्व प्रकाशित न करे ।

अनहङ्कारः, (वि.) अहङ्कारशून्य ।

अनहङ्कृति, (स्त्री.) गर्व का अभाव ।

अनाकुल, (वि.) अव्यग्रचित्त । एकाग्रचित्त । स्थिर । एकाग्र ।

अनाक्रान्तः, (वि.) अपराजित । अजेय ।

अनाक्रान्ता, (स्त्री.) कण्टकारी । भटकटैया ।

अनागत, (वि.) नहीं आया हुआ काल । भविष्यत् काल । अनुपस्थित । अज्ञात ।

अनागतार्तवा, (स्त्री.) मासिकधर्मशून्य ।

अनाचार, (पुं.) निन्दित आचार । आचारहीन ।

अनातपः, (पुं.) धूप का अभाव । छाया ।

अनात्मा, (पुं.) शरीर । निकृष्ट शरीर ।

अनात्म्यम्, (वि.) रागादिदोषरहित ।

अनाथः, (वि.) नाथरहित । दीन । स्वतन्त्र ।

अनादरः, (पुं.) तिरस्कार । परिभव ।

अनादिः, (पुं.) परमेश्वर । चतुर्मुख । ब्रह्मा । (वि.) आदिरहित ।

अनादित्वम्, (न.) जिसकी आदि किसी को मालूम न हो ।

अनादिनिधनः, (वि.) आद्यन्तशून्य । परमेश्वर । जन्ममरणरहित ।

अनादृतम्, (वि.) अवज्ञात । तिरस्कृत ।

अनापन्नः, (वि.) अप्राप्त ।

अनामकम्, (न.) अर्शरोग (पुं.) मलमास ।

अनामय, (न.) आरोग्य । मोक्ष नामक पुरुषार्थ । षड्भाव विकाररहित परमात्मा । (वि.) नीरोग । रोगरहित ।

अनामा, (स्त्री.) छोटी अङ्गुली के पास की अङ्गुली । कहते हैं इस अङ्गुली ने ब्रह्मा के सिर काटे जाने में सहायता पहुँचायी थी इसी कारण इसका नाम नहीं लिया जाता ।

अनामिका, (स्त्री.) मध्यमा और कनिष्ठा के बीच की अङ्गुली ।

अनायास, (पुं.) अपरिश्रम । अक्लेश । कष्ट का अभाव । बल का अभाव । बिना परिश्रम ।

अनायासकृतम्, (वि.) बिना बल किया हुआ । अल्प परिश्रमसे किया हुआ काम ।

अनारतम्, (न.) सतत । सदा सर्वदा । अविरत । लगातार ।

अनारम्भ, (पुं.) अननुष्ठान । आरम्भ का अभाव ।

अनार्जव, (पुं.) रोग । कुटिलता । सरलता का अभाव ।

अनार्तवम्, (न.) पौष आदि चार महीनों में होने वाली वृष्टि का जल ।

अनार्यः, (वि.) दुर्जन । दुःशील । अधम । दस्यु ।

अनार्यकम्, (न.) आर्यावर्त से भिन्न देश। अगुरु काठ। अनार्य देश में उत्पन्न।

अनार्यजुष्टम्, (त्रि.) निन्दित आचार। अनार्यों का सेवित मार्ग।

अनार्यतिक्तः, (पुं.) भूनिम्ब। चिरायता।

अनाविद्ध, (त्रि.) अनभिभूत। अस्पृष्ट। न छुआ हुआ।

अनाविलः, (त्रि.) निर्मल। विमल। मल-रहित।

अनावृत, (त्रि.) प्रथम। आवरणरहित। विना ढका हुआ।

अनावृत्ति, (स्त्री.) नहीं लौटना।

अनावृष्टि, (स्त्री.) वर्षा का अभाव। उपद्रव विशेष। खेती को नाश करने वाला उपद्रव। ईतिविशेष।

अनाशकम्, (न.) काम का अभाव। इच्छा का न होना।

अनाशकायनम्, (न.) उपवासपरायण। उपवास करने वाला।

अनाशी, (पुं.) अपरिच्छिन्न। आत्मा।

अनाश्रितः, (त्रि.) फल की इच्छा न रखने वाला। जिसको आश्रय न हो।

अनाश्वान्, (त्रि.) भोजन न करने वाला।

अनासिकः. (त्रि.) नासिकारहित।

अनास्था, (स्त्री.) अनादर। अश्रद्धा।

अनाहत, (न.) नया कपड़ा। नहीं फटा हुआ कपड़ा। तन्त्रशास्त्र प्रसिद्ध हृदय स्थित द्वादश दल कमल। शब्दविशेष। मध्यमा वाक्। आघातरहित वस्तु।

अनिकेत, (त्रि.) नियत निवास शून्य। नियम से एक स्थान पर न रहने वाला। संन्यासी।

अनिगीर्णः, (त्रि.) अनुक्त। अकथित।

अनित्यः, (त्रि.) अध्रुव। विनाशी। नश्वर। व्यक्त।

अनिभृतः, (त्रि.) चपल। अविनीत।

अनिमिष, (पुं.) स्पन्दनशून्य नेत्र। जिसकी आँखें बन्द न हों। देवता। मछली। विष्णु।

अनिमिषक्षेत्र, (न.) एक तीर्थ का नाम। नैमिषारण्य नामक क्षेत्र।

अनिमिषाचार्यः, (पुं.) गुरु। बृहस्पति। देवताओं के आचार्य।

अनिमेष, (पुं.) देवता। जिसके निमेष न हो। मछली।

अनियतः, (त्रि.) अनैकान्तिक। अनित्य। विनाशी। अस्थायी।

अनियन्त्रितः, (त्रि.) उच्छृङ्खल। अनियमित। नियमविरुद्ध।

अनिरुक्तः, (त्रि.) वचनों के अगोचर। जो वचन से प्रकट न किया जाय।

अनिरुद्धः, (पुं.) प्रद्युम्न का पुत्र। कृष्ण का पौत्र। ऊषा का पति। मन के अधिष्ठाता। पशु आदि को बाँधने की रस्सी। (त्रि.) अप्रतिरुद्ध। चर। नहीं रुका हुआ।

अनिरुद्धपथम्, (न.) आकाश। गगन। (त्रि.) विना रोक का मार्ग।

अनिरुद्धभामिनी, (स्त्री.) स्वैरिणी। बाण की कन्या। ऊषा।

अनिरोधः, (पुं.) अप्रतिबन्ध। स्वतन्त्र।

अनिर्देश्य, (त्रि.) निर्देश करने के अयोग्य। जो शब्दों के द्वारा प्रकाशित न किया जाय। परमेश्वर।

अनिर्वचनीय, (पुं.) जो शब्द द्वारा प्रकाशित न हो। जिस वस्तु का लक्षण न किया जा सके।

अनिर्विण्णः, (त्रि.) विषादरहित। निर्वेद रहित।

अनिर्विण्णःचेता, (त्रि.) अविरक्तचित्त। धीर। कभी न कभी सिद्ध होंगा, शीघ्रता से क्या लाभ ऐसा समझने वाला।

अनिल, (पुं.) वायु। जिससे मनुष्य प्राण धारण करते हैं। स्वाती नक्षत्र इसका अधिष्ठाता देवता वायु है। वसुभेद।

अनिलघ्नक, (पुं.) बहेड़ा का वृक्ष।

अनिलसखः, (पुं.) अग्नि ।
अनिलान्तक, (पुं.) वायुरोग को दूर करने वाला औषध । इङ्गुदीवृक्ष ।
अनिलामयः, (पुं.) वातरोग ।
अनिवार, (त्रि.) जिसका निवारण न हो। सतत । निरन्तर । अनिवार्य । न टरने योग्य ।
अनिशम्, (न.) सदा । अविरत । सर्वदा ।
अनिष्टम्, (न.) दुःख । कष्ट । प्रतिकूल । पापफल, (त्रि.) अनभिलषित ।
अनिष्टा, (स्त्री.) नागबला नाम की ओषधि ।
अनीकः, (पुं. न.) रण । सेना ।
अनीकस्थ, (पुं.) युद्ध में तत्पर । हस्तिशिक्षा में निपुण । रक्षक । राजाओं के अङ्गरक्षक । चिह्न । वीरमर्दलनामक बाजा ।
अनीकाधिकृतः, (त्रि.) सेनापति ।
अनीकिनी, (स्त्री.) सेना । जिसका युद्ध करना प्रयोजन हो । इस सेना में २१८७ हाथी । २१८७ रथ ६५६१ घोड़े और १०९३५ पैदल होते हैं ।
अनीचिदर्शी, (पुं.) बुद्धविशेष ।
अनीशः, (पुं.) विष्णु । अनाथ । दीन । सहायकहीन ।
अनीशा, (स्त्री.) दीनभाव । दीना स्त्री ।
अनीश्वरः, (त्रि.) नास्तिक । शुभाशुभ कर्मों का फलदाता ईश्वर नहीं है ऐसा कहने वाला ।
अनीहः, (त्रि.) फलाशारहित । फल की इच्छा न रखनेवाला । निश्चेष्ट । अनिच्छुक ।
अनु, (अ.) उपसर्गविशेष । हीन । सहार्थक, पश्चादर्थक । सादृश्य । लक्षण । भाग । वीप्सा । इत्थंभूताख्यान ।
अनुकः, (त्रि.) कामी । कामना करनेवाला । इच्छुक ।
अनुकम्, वितर्क । युक्ति ।
अनुकम्पा, (स्त्री.) दया । करुणा । नृशंसता का अभाव ।
अनुकम्प्यः, (त्रि.) कृपा करने के योग्य । दयनीय ।
अनुकरणम्, (न.) अनुकृति । समानताकरण । नकल करना । चेष्टा शब्द आदि से किसी की समानता करना ।
अनुकर्ष, (पुं.) रथ के नीचे रहनेवाली लकड़ी । जिसके बल पर पहिये रहते हैं ।
अनुकर्षणम् (न.) आकर्षण । ऊपर खींचना ।
अनुकल्पः, (पुं.) गौणकल्प । मुख्य के अभाव में उसकी प्रतिनिधि को कल्पना करना । प्रतिनिधि ।
अनुकामीनः, (त्रि) इच्छापूर्वक चलने वाला । यथाऽगमनशील ।
अनुकारः, (पुं.) समानताकरण । अनुकरण । समान काम करना ।
अनुकूल, (पुं.) नायकविशेष । जो एक नायिका में अनुरक्त रहे । (त्रि.) सहायक । साथी । साथ चलने वाला । सहचर ।
अनुकूलता, (स्त्री.) दक्षता ।
अनुकूला, (स्त्री) छन्दविशेष । इस छन्द के प्रत्येक पाद में ११ ग्यारह अक्षर होते हैं ।
अनुकृतिः, (स्त्री.) अनुकरण ।
अनुक्रमः, (पुं.) परिपाटी । क्रम । यथाक्रम । सिलसिला ।
अनुक्रमणिका, (स्त्री.) भूमिका । ग्रन्थों का मुखबन्ध । परिपाटी बतलाने वाली । जिसमें किसी ग्रन्थ का विषय संक्षेप से दिखाया जाय ।
अनुक्रमणी, (स्त्री.) भूमिका । ग्रन्थों का मुखबन्ध ।
अनुक्रान्त, (त्रि.) अनुक्रम से कहा गया ।
अनुक्रोश, (पुं.) दया । कृपा ।
अनुगः, (त्रि.) अनुगत । पीछे जाने वाला । सहचर ।
अनुगत, (त्रि.) शरणागत । पीछे पीछे चलने वाला । अधीन । आयत्त ।
अनुगमः, (पुं.) पीछे चलना । सहायक होना । अधीन होना । सामान्य धर्म से समस्त विशेष धर्मों का संग्रह करना । नैयायिकों के मत से, जिस पदार्थ का जैसा रूप ज्ञान

हुआ है वह रूपज्ञान ही उस पदार्थ का अनुगमक है।

अनुगमन, (न.) पश्चादगमन। सहगमन। सहमरण। पति के साथ सती होना।

अनुगवीनः, (पुं.) गोप। गोपाल। ग्वाला।

अनुगामी, (त्रि.) अनुवर्ती। पश्चाद्गमनशील।

अनुगुण, (त्रि.) अनुकूल। अनुगत। अपने मत के अनुकूल।

अनुग्रहः, (पुं.) प्रसन्नता। प्रसन्न हो कर मनोरथ की पूर्ति करना। इष्टसम्पादन करने की इच्छा। दुःख दूर करके इष्टसाधन करना। तारा। नक्षत्र।

अनुग्राहकः, (त्रि.) समर्थक। अनुग्रह करने वाला।

अनुचर, (त्रि.) सहाय। दास। सेवक।

अनुचिन्तनम्, (न.) अनुध्यान। उत्कण्ठापूर्वक स्मरण।

अनुजः, (पुं.) पीछे उत्पन्न हुआ सहोदर भाई। छोटा भाई। प्रपौण्डरीक नामक सुगन्धिद्रव्य।

अनुजन्मा, (पुं.) छोटा भाई।

अनुजा, (स्त्री.) जिसकी रक्षा की गयी हो। छोटी बहिन।

अनुजिघृक्षा, (स्त्री.) अनुग्रह करने की इच्छा।

अनुजीविः (पुं.) सेवक। आश्रित। भृत्य। नौकर।

अनुज्ञा, (स्त्री.) अनुमति। आज्ञा देना।

अनुज्ञातः, (त्रि.) अनुमत। आज्ञप्त।

अनुतर्षः, (न.) मद्य पीने का पात्र। कटोरा या प्याला। मद्यपान। पीने की इच्छा। अभिलाष।

अनुताप, (पुं.) पश्चात्ताप। कर्म करने के अनन्तर दुःख।

अनुत्तमः, (न.) जिससे उत्तम और न हो। श्रेष्ठ। उत्तम। मुख्य। ईश्वर। उत्तम नहीं। अधम। नीच। निकृष्ट।

अनुत्तरः, (त्रि.) श्रेष्ठ। निरुत्तर। उत्तर देने का अभाव। दक्षिण दिशा। अधम। स्थिर। अनतिशय।

अनुदात्तः, (पुं.) स्वरविशेष। उदात्तस्वर से भिन्नस्वर।

अनुदित, (पुं.) कालविशेष। सूर्योदय के पहले का काल। ब्राह्ममुहूर्त।

अनुद्घात, (त्रि.) प्रतिबन्ध की निवृत्ति। प्रतिघातरहित।

अनुद्रुतः, (त्रि.) धावित। दौड़ाया हुआ। अनुगत। अनुगामी। (न.) तालविशेष। मात्रा का चौथा भाग।

अनुद्विग्नमनाः, (त्रि.) स्वस्थचित्त। जिसका मन उद्विग्न न हो।

अनुद्वेगकरः, (त्रि.) किसी को दुःख न पहुँचाने वाला।

अनुधावन, (न.) पीछे दौड़ना। अनुसन्धान करना। किसी की टोह लगाना।

अनुध्यानम्, (न.) अनुचिन्तन। अनुग्रह। आसक्ति। बार बार सोचना। कृपा करना। एक बात में लग जाना। किसी विषय में तत्पर रहना।

अनुनय, (पुं.) विनय। प्रणिपात। सान्त्वन। प्रार्थना।

अनुनासिक, (पुं.) मुख सहित नासिका से उच्चरित होने वाले वर्ण।

अनुनेय, (त्रि.) अनुनय करने योग्य।

अनुन्नः, (त्रि.) कटा हुआ नहीं। अविद्ध।

अनुपकारी, (त्रि.) उपकार न करने वाला। अपकारी। प्रत्युपकार करने में असमर्थ।

अनुपद, (न.) अनुगत। पश्चादगमन करने वाला।

अनुपदी, (त्रि.) अन्वेष्टा। ढूँढने वाला। पैरों के चिह्न के सहारे ढूँढने वाला।

अनुपदीना, (स्त्री.) खड़ाऊँ विशेष।

अनुपपत्तिः, (स्त्री.) अभाव। असंगति। युक्ति का अभाव।

अनुपम, (त्रि.) उत्तम। अतुलनीय। जिसकी उपमा न हो।

अनुपमा, (स्त्री.) कुमुद नामक दिग्गज की हथिनी।

अनुपरत, (त्रि.) अविरत। सन्तत। लगा हुआ। जिसकी इच्छा निवृत्त न हो।

अनुपलब्धि, (स्त्री.) प्राप्ति का अभाव। ज्ञानाभाव, इन्द्रियजन्य ज्ञान का अभाव।

अनुपसंहारी, (पुं.) हेत्वाभास विशेष। दुष्टहेतु। जिसमें अन्वय या व्यतिरेक का कोई दृष्टान्त न मिले।

अनुपस्कृत, (त्रि.) अविकृत। विकाररहित। अनिन्दित। अविगर्हित।

अनुपहित, (त्रि.) अक्षर। विद्वान्।

अनुपाकृत, (पुं.) असंस्कृत यज्ञीय पशु।

अनुपात, (पुं.) त्रैराशिक गणित। पीछे गिरना।

अनुपातक, (न.) पातकविशेष। महापातक के समान पाप।

अनुपानम्, (न.) औषध का अङ्गविशेष। औषध के साथ पीने योग्य।

अनुपूर्व, (पुं.) परिपाटी। यथाक्रम।

अनुपेत, (त्रि.) अयुक्त। पृथक् पृथक्।

अनुप्रास, (पुं.) शब्दालङ्कारविशेष। स्वरों की विषमता होने पर भी व्यञ्जनों की समानता से यह अलङ्कार होता है।

अनुप्लव, (पुं.) सहायता करनेवाला। सहायक। अनुचर। अनुगामी।

अनुबन्ध, (पुं.) इच्छा से अपराध करना। वात पित्त आदि दोषों की अप्रधानता। विनाशी। व्याकरण में प्रकृति, प्रत्यय आगम आदेश आदि में कार्य के लिये जो वर्ण लगा दिये जाते हैं वे भी अनुबन्ध कहे जाते हैं। पिता माता आदि का अनुवर्तन करनेवाला पुत्र। प्रारम्भ किये हुए किसी काम का अनुवर्तन करना। सम्बन्ध। भावी अशुभ परिणाम। फल साधन।

अनुबन्धी, (त्रि.) सहचारी। सतत, व्यापकशील।

अनुबोध, (पुं.) पुनः उद्दीप्त करना। उत्तेजित करना। पीछे से जानना।

अनुभव, (पुं.) स्मरण भिन्न ज्ञान। प्रौथमिक ज्ञान। वह दो प्रकार का होता है यथार्थ और अयथार्थ। यथार्थानुभव ही का नाम प्रमात्मक ज्ञान है।

अनुभाव, (पुं.) राजाओं का तेज विशेष। कोष और दण्ड से उत्पन्न तेज। प्रभाव। सामर्थ्य। निश्चय। हृदय स्थित भाव को प्रकाशित करने वाली चेष्टा।

अनुभाव्य, (त्रि.) अनुभव का विषय।

अनुभूतः, (त्रि.) परिचित। जाना हुआ।

अनुभूतिः, (स्त्री.) ज्ञान विशेष। अनुभव।

अनुमत, (त्रि.) अनुज्ञात। किसी काम के लिये आज्ञा पाया हुआ। सम्मत। स्वीकृत।

अनुमतिः, (स्त्री) अनुज्ञा। आज्ञा देना। श्रद्धा की कन्या का नाम। एक पूर्णिमा का नाम। जिस पूर्णिमा को उदय काल में प्रतिपद् होने के कारण चन्द्रमा कलाहीन हो।

अनुमन्ता, (त्रि.) आज्ञा देने वाला। दूसरों को कार्य में उत्साहित करने वाला।

अनुमरण, (न.) किसी के मरण के पश्चात् का मरण। सती होना। मृत पति का साथ देना।

अनुमा, (स्त्री.) अनुमिति। अनुमान।

अनुमान, (न.) कल्पना। सांख्य कथित प्रधान। न्याय के मत से प्रमाण विशेष।

अनुमितिः, (स्त्री.) अनुभवविशेष। परामर्श से उत्पन्न ज्ञान। हेतु वा तर्क से किसी वस्तु को जानना।

अनुमेय, (त्रि.) अनुमान करने के योग्य।

अनुमोद, (पुं.) स्वीकार करना। एवमस्तु। तथास्तु।

अनुमोदित, (त्रि.) अनुज्ञात। अनुमोदन किया हुआ। अनुमत।

अनुयाज, (पुं.) यज्ञ का अङ्गविशेष। प्रयाज आदि पाँच यज्ञ।

अनुयायी, (त्रि.) अनुचर । सदृश । पश्चात् गमन करनेवाला ।

अनुयुक्तः, (पुं.) वेतन लेकर पढ़ानेवाला ।

अनुयोग, (पुं.) प्रश्न पूछना ।

अनुयोगकृत्, (पुं.) आचार्य ।

अनुरक्तः, (त्रि.) अनुरागी । अनुकूल ।

अनुराग, (पुं.) अत्यन्त प्रीति । परस्पर प्रेम ।

अनुरागी, (त्रि.) अनुरक्त । प्रीतियुक्त ।

अनुराधा, (स्त्री.) सत्रहवां नक्षत्र ।

अनुरुद्धः, (त्रि.) रोकागया निबद्ध ।

अनुरूपम्, (अ.) समान । सदृश । योग्य । जैसे का तैसा ।

अनुरोध, (पुं.) अनुवृत्ति । अनुवर्तन । अनुसरण । पीछा करना । आराध्य का इष्ट सम्पादन करना ।

अनुलाप, (पुं.) बारबार बात करना । बार बार बोलना ।

अनुलिप्तः, (त्रि.) कृतानुलेप । लेप लगाया हुआ ।

अनुलेप, (पुं.) अनुलेप । चन्दन आदि ।

अनुलेपनम्, (न.) चन्दन आदि शरीर में गन्धद्रव्य आदि का लगाना ।

अनुलोम, (पुं.) क्रमिक । यथाक्रम । क्रमानुसार ।

अनुलोमज, (पुं.) ऊंचे वर्ण के औरस से निकृष्ट वर्ण की स्त्री के गर्भ से उत्पन्न पुत्र ।

अनुवर्तनम्, (न.) स्वामी आदि बड़ों की इच्छा को पूर्ण करना । अनुकूलताचरण ।

अनुवर्तित, (त्रि.) सेवित । आराधित । पूजित ।

अनुवर्ती, (त्रि.) अनुकूल । अनुवर्तन करनेवाला । आज्ञाकारी ।

अनुवाक, (पुं.) नहीं गाने योग्य । ऋग्विशेष । ऋग्यजुः समूह ।

अनुवाक्या, (स्त्री.) देवता के आवाहन करने का मन्त्र विशेष । जिसका ज्ञान प्रशास्ता करता है ।

अनुवातः, (पुं.) वायुविशेष । जो शिष्य की ओर से गुरु की ओर वायु आता है वह "अनुवात" कहा जाता है ।

अनुवादः, (पुं.) जानी हुई बात को कहना । हुई बात को कहना । अन्य प्रमाणों से जानी हुई बात को शब्दों से प्रकाशित करना ।

अनुवासः, (पुं.) सुगन्ध । सौरभ ।

अनुवासन, (न.) धूप आदि से सुगन्धित करना ।

अनुविद्ध, (त्रि.) खचित । जड़ा हुआ । पिरोया गया ।

अनुविष्टः, (त्रि.) प्रविष्ट । व्याप्त । पालित ।

अनुवृत्ति, (स्त्री.) लगातार पीछा करने वाला । अनुरोध । सेवा । दूसरे की इच्छा पर निर्भर रहना । अनुकूलता । व्याकरण में पहले सूत्र के पद को आगे के सूत्र में लेजाना ।

अनुव्रजनम्, (न.) घर आये हुए शिष्टों के जाने के समय कुछ दूर तक उनको पहुँचाने के लिये जाना । शिष्टाचारविशेष ।

अनुव्रज्या, (स्त्री.) अनुगमन करना । अनुव्रजन ।

अनुशयः, (पुं.) द्वेष । पश्चात्ताप । शास्त्रोक्त कर्म विशेष । भारी वैर ।

अनुशयी, (त्रि.) पश्चात्तापी । पछतावा करनेवाला ।

अनुशरः, (पुं.) राक्षस ।

अनुशायी, (पुं.) जीव ।

अनुशासनम्, (न.) शासन । आज्ञा । उपदेश । व्युत्पत्ति करना ।

अनुशासित, (त्रि.) अनुशिष्ट । अनुशिक्षित । सिखाया हुआ ।

अनुशासिता, (त्रि.) नियन्ता । नियमन करनेवाला ।

अनुशिष्टः, (त्रि.) ज्ञापित । अनुमत । शिक्षित ।

अनुशिष्टिः, (स्त्री.) विचारपूर्वक कर्तव्याकर्तव्य का निरूपण करना ।

अनुशीलन, (न.) आलोचन । बार बार देखना । विशेष रूप से अध्ययन ।

अनुशोचन, (न.) शोक ।

अनुश्रवः, (पुं.) गुरुपरम्परा से उच्चारण द्वारा जो केवल सुना जाय । वेद ।

अनुषङ्गः, (पुं.) दया । करुणा । एकत्र अन्वीत अर्थ का दूसरे अर्थ में अन्वय करना । आसक्ति । न्याय । अनायास प्राप्त ।

अनुष्टुप्, (स्त्री.) सरस्वती । छन्द विशेष । इसके प्रत्येक पाद में आठ अक्षर होते हैं ।

अनुष्ठानम्, (न.) क्रिया का प्रारम्भ करना ।

अनुष्ठितः, (त्रि.) किया हुआ । सम्पादित ।

अनुष्णः, (त्रि.) अलस । मन्द । शीतल ।

अनुष्णावल्लिका, (स्त्री.) नीली दूब ।

अनुसंस्था, (स्त्री.) अनुमरण ।

अनुसञ्चरन्, (त्रि.) आना जाना करनेवाला ।

अनुसन्धानम्, (न.) अन्वेषण । खोज । पता लगाना । ढूंढना ।

अनुसमुद्रम्, (अ.) समुद्र के समीप ।

अनुसरणम्, (न.) अनुवर्तन ।

अनुसारः, (पुं.) पहले के अनुरूप । अनुसरण । अनुक्रम ।

अनुसारी, (त्रि.) अनुसार चलने वाला ।

अनुस्मृतः, (त्रि.) सेवित । आराधित । उपासित ।

अनुस्मृतिः, (स्त्री.) ध्यान । अनुस्मरण ।

अनुस्यूतम्, (त्रि.) ग्रथित । मिला हुआ । निरन्तर संसक्त । खूब मिला हुआ ।

अनुस्वारः, (पुं.) स्वर के आश्रय से उच्चारण किया जानेवाला ।

अनुहरणम्, (न.) अनुकरण ।

अनुहारः, (पुं.) अनुकार । समानताकरण । दूसरे के समान रूप भाषा आदि का आविष्कार करना ।

अनूकः, (पुं.) पूर्वजन्म । बीता हुआ जन्म । (न.) कुल । शील ।

अनूचानः, (पुं.) साङ्गवेद पढ़ने वाला । वेदों का अर्थ करनेवाला । (त्रि.) विनय युक्त । सविनय ।

अनूचानमानी, (त्रि.) अपने को वेदार्थ का ज्ञाता समझने वाला ।

अनूढः, (त्रि.) अविवाहित । क्वारा ।

अनूद्यम्, (त्रि.) न कहने योग्य । गुरु आदि का नाम ।

अनूनः, (त्रि.) अहीन । भरा ।

अनूपः, (पुं.) महिष । शूकर । (त्रि.) जलप्रायदेश । अधिक जलवाला देश । जिस देश के चारों ओर जल हो ।

अनूपनम्, (न.) अदरख । आर्द्रा । (त्रि.) जल में उत्पन्न होनेवाला ।

अनूरुः, (पुं.) अरुण नामक सूर्य का सारथि । यह विनता का ज्येष्ठ पुत्र था । इसके ऊरु आदि अङ्ग नहीं थे ।

अनूरुसारथिः, (पुं.) सूर्य ।

अनृचः, (पुं.) बालक । जिसने वेदों का अभ्यास नहीं किया है ।

अनृजुः, (त्रि.) शठ । कुटिल । दुष्टाशय ।

अनृणी, (त्रि.) ऋणयुक्त । ऋणरहित ।

अनृतम्, (न.) असत्य । बिना देखे हुए झूठ कहना । असत्य कथन ।

अनेक, (त्रि.) एक से अधिक । बहुत ।

अनेकधा, (अ.) अनेक प्रकार । बहुत तरह ।

अनेकप, (पुं.) हाथी । वृक्ष ।

अनेकरूपम्, (त्रि.) जिसके अनेक रूप हों ।

अनेकान्तः, (त्रि.) अनियत । अनिश्चित । जो एक रूप न हो । जिसके विषय में कुछ निश्चित नहीं कहा जा सके ।

अनेकान्तवादी, (त्रि.) है या नहीं । जो यह निश्चित नहीं बतला सके । बौद्ध । जैन विशेष । सात पदार्थों को माननेवाले नास्तिक विशेष ।

अनेडमूकः, (वि.) शठ। मूक। बधिर। गूंगा। बहरा। बोलने और सुनने की शक्ति से रहित।

अनेनस्, (वि.) निर्दोष। दोषरहित।

अनेहा, (पुं.) काल। समय।

अनैकान्तिक, (पुं.) व्यभिचारी हेतु। हेतु का एक प्रकार का अभाव। इसके तीन भेद है। साधारण। असाधारण और अनुपसंहारी।

अनैक्यम्, (वि.) एकता का अभाव। विरोध।

अनैपुण्यम्, (न.) अनिपुणता। दक्षता का अभाव।

अनैश्वर्यम्, (न.) असामर्थ्य। अशक्ति।

अनोकह, (पुं.) वृक्ष। पेड़।

अनौचिती, (स्त्री.) उचित नहीं। मर्यादा को अतिक्रम करना। लौकिक मर्यादा का उल्लङ्घन करना।

अन्तम्, (न.) स्वरूप। स्वभाव। (पुं.) नाश। (न. पुं.) अवसान। समाप्ति। (वि.) समीप। प्रदेश। अत्यन्त मनोहर। स्थिर। अवयव। निर्णय। अवधि। सीमा।

अन्तःकरणम्, (न.) मन। बुद्धि। अहङ्कार और चित्त। हृदयस्थित ज्ञान का साधन।

अन्तःकुटिलः, (पुं.) शङ्ख। (वि.) कुटिल-हृदय। वक्रान्तःकरण।

अन्तःपुरम्, (न.) राजाओं का रनिवास। राजमहल। शुद्धान्त।

अन्तःपुराध्यक्ष, (पुं.) राजाओं के अन्तःपुर का अध्यक्ष। रनिवास का कारबारी।

अन्तःसत्त्वा, (स्त्री.) गर्भिणी। जिसके पेट में प्राणी हो।

अन्तःस्वेदः, (पुं. स्त्री.) गज। हाथी।

अन्तकः, (पु.) नाश करनेवाला। यमराज। भरणीनक्षत्र।

अन्तकरः, (वि.) नाशक। नाश करनेवाला।

अन्तकर्म (न.) मरण। मरना। मृत्यु।

अन्तकाल, (पुं.) अन्तसमय। मरणकाल।

अन्तगः, (वि.) पार जानेवाला। पारग। कार्य की सिद्धि तक जानेवाला। अन्तगत।

अन्तगतः, (वि.) समाप्तहुआ। अवसान प्राप्त।

अन्ततः, (अ.) सम्भावना। अवयव।

अन्तः, (अ.) मध्य। बीच। प्रान्त। अभ्युपगम। चित्त।

अन्तरम्, (न.) अवकाश। अवधि। पहनने का कपड़ा। लिपि। भेद। विशेष। अवसर। आत्मीय। बिना। छोड़कर। मध्य। बीच। आत्मा। सदृश।

अन्तरङ्गः, (वि.) अङ्ग का मध्य। आत्मीय। अपना। व्याकरण में अन्तरङ्ग उसको कहते है जिसका निमित्त दूसरे की अपेक्षा थोड़ा हो।

अन्तरज्ञः, (वि.) छोटे बड़े का भेद जाननेवाला।

अन्तरप्रभवः, (वि.) सङ्कीर्ण जाति। अनुलोम प्रतिलोमज सङ्कर।

अन्तरा, (अ.) निकट। मध्य। रहित। बिना।

अन्तरात्मा, (पुं.) अन्तःकरण। हृदयस्थित आत्मा। सर्वान्तर्यामी परमात्मा। अन्तःकरण का अधिष्ठाता जीवात्मा।

अन्तरापत्या, (स्त्री.) गर्भिणी।

अन्तरायः, (पुं.) विघ्न। बाधा। रुकावट। चित्तविक्षेप।

अन्तरागमः, (वि.) योगी, जीवन्मुक्त। वासना नाश होने के कारण जिसने सांसारिक सुखों का त्याग किया है।

अन्तरालम्, (न.) अभ्यन्तर। मध्य। बीच।

अन्तरिक्षम्, (न.) अम्बर। आकाश। पक्षी और मेघों के घूमने का मार्ग। भूर्लोक और सूर्यलोक के मध्य का स्थान।

अन्तरित, (वि.) तिरस्कृत। व्यवहित व्यवधान किया गया। बाहर।

अन्तरिन्द्रियम्, (न.) अन्तःकरण ।
अन्तरिक्षम्, (न.) आकाश । व्योम ।
अन्तरीपः, (न. पुं.) वह स्थान जिसके बीच में जल हो । द्वीप । दो आब ।
अन्तरीय, (न.) पहिनने का कपड़ा । नीचे पहनने का वस्त्र । धोती ।
अन्तरे, (अ.) मध्य । बीच ।
अन्तरेण, (अ.) विना । रहित । मध्य । बीच ।
अन्तर्गडु, (त्रि.) निरर्थक । गले की गिलटी जिस प्रकार निरर्थक होती है उसी प्रकार का निरर्थक । प्रहेलिका । पहेली ।
अन्तर्गतम्, (त्रि.) मध्यप्राप्त । अन्तर्भूत । विस्मृत ।
अन्तर्गृहम्, (न.) बीच का घर, घर के भीतर का घर ।
अन्तर्घनः, (पुं.) देशविशेष ।
अन्तर्जठर, (न.) कोठा । पेट के बीच का एक कोठा ।
अन्तर्जलम्, (न.) जल के मध्य में अघमर्षण मन्त्र का जप करना ।
अन्तर्ज्योतिः, (न.) भीतर ज्योति के समान प्रकाश करनेवाला । अन्तरात्मा ।
अन्तर्दाहः, (पुं.) भीतर का सन्ताप । हृदय का दाह ।
अन्तर्द्वार, (पुं.) भीतर का द्वार । घर के भीतर का द्वार । खिड़की । गुप्त दर्वाजा ।
अन्तर्द्धानम्, (न.) छिपना । गुप्त होना । तिरोधान । अदृश्य होना । शरीर त्याग ।
अन्तर्धि, (पुं.) व्यवधान । छिपाव । लुकाव ।
अन्तर्भूत, (त्रि.) मध्यस्थित । अन्तर्गत । बीच में आया हुआ ।
अन्तर्मना, (त्रि.) व्याकुल चित्त । एकाग्र चित्त । खिन्न चित्त । योगी । जिसका मन बाह्य विषयों से विरक्त होकर भीतर अवस्थित रहता है ।
अन्तर्यामी, (पुं.) वायु । मुख्य वायु । जो प्राणियों के हृदय में प्रविष्ट होकर इन्द्रियों को अपने अपने काम में लगाता है । ईश्वर । (त्रि.) मनोगत बातों को जाननेवाला । हृदयज्ञ ।
अन्तर्वंशिकः, (पुं.) राजाओं के अन्तःपुर के अधिकारी । वामन । कुब्ज । नपुंसक आदि ।
अन्तर्वत्नी, (स्त्री.) गर्भिणी । गर्भवती स्त्री ।
अन्तर्वाणि, (त्रि.) शास्त्रज्ञ । विद्वान् । पण्डित ।
अन्तर्वेदी, (स्त्री.) देशविशेष । हरिद्वार से लेकर प्रयाग तक का देश । ब्रह्मावर्त नाम से प्रसिद्ध देश ।
अन्तर्हासः, (पुं.) उद्धर्षन । गूढ हास्य । मुसकाना ।
अन्तर्हितम्, (त्रि.) संवीत । तिरोभूत । छिपा हुआ ।
अन्तवत्, (त्रि.) विनाशी । नाशवान् ।
अन्तवासी, (पुं.) समीप रहनेवाला । जो स्वभावसे ही समीप रहे । शिष्य ।
अन्तशय्या, (स्त्री.) मरण । भूमिशय्या । मरण के लिये भूमिशय्या ।
अन्तसद्, (पुं.) शिष्य । विद्यार्थी ।
अन्तःस्थ, (पुं.) स्पर्श और ऊष्मा के मध्य का वर्ण । य, व, र, ल, आदि ।
अन्तावसायी, (पुं.) य क च । नाई । नख केश आदि का काटनेवाला । एक मुनि, जिसने वृद्धावस्था में तत्त्व ज्ञान प्राप्त किया था । हिंसक । चण्डाल ।
अन्तिक, (त्रि.) निकट । समीप । पास ।
अन्तिका, (स्त्री.) औषधविशेष । नाटक में जेठी बहिन को कहते हैं ।
अन्तिकाश्रयः, (पुं.) पास रहने वाला । विद्यार्थी ।
अन्तिमः, (त्रि.) चरम । अन्त में होने वाला ।
अन्तेवासी, (पुं.) शिष्य । विद्यार्थी ।

अन्त्य (पुं.) सब से पीछे का। चण्डाल। (त्रि.) अधम। अन्त में होनेवाला चरमस्थ। (न.) रेवती नक्षत्र। मीन राशि। संख्या विशेष। १००००००००००००००००।

अन्त्यजः, (पुं.) नीच जाति विशेष।

अन्त्यजन्मा, (पुं.) जिस का जन्म अन्त में हुआ हो। शूद्र।

अन्त्यजाति, (पुं.) चाण्डाल आदि सात जाति।

अन्त्यवर्णः, (पुं.) शूद्र। अन्तिम वर्ण। अन्त का अक्षर।

अन्त्यावसायी, (पुं.) चाण्डाल के औरस और निषाद जाति की स्त्री के गर्भ से उत्पन्न पुत्र।

अन्त्येष्टिः, (स्त्री.) मृतक का अन्तिम संस्कार। श्राद्ध। पिण्ड दानादि क्रिया।

अन्त्रम्, (न.) शरीर के अवयवों को बांधने वाली शिरा अँतड़ी। पुरीतत नाम की नाड़ी।

अन्त्रवृद्धिः, (स्त्री. पुं.) रोगविशेष। अण्डकोश की वृद्धि।

अन्दुक, (पुं.) हाथी के पैर की बेड़ी। सिकड़। जिस से हाथी बांधे जाते हैं।

अन्दूः, (स्त्री.) निगड़। बेड़ी। पैर का भूषण विशेष।

अन्ध्, (धा. प.) नदिखना। दर्शन का अभाव।

अन्धः, (पुं. न.) तिमिर। अन्धकार। अदर्शनात्मक। अज्ञान। (त्रि.) अक्षि रहित। नेत्रहीन। (पुं.) भिक्षुक।

अन्धक, (पुं.) देश विशेष। एक मुनि का नाम। यदुवंशी एक राजा का नाम। एक दैत्य का नाम। हिरण्याक्ष पुत्र।

अन्तकरिपुः, (पुं.) अन्धक नामक दैत्य का शत्रु। शिव। महादेव।

अन्धकारः, (पुं.) प्रकाश का अभाव। तम। अँधेरा।

अन्धकूपः, (पुं.) अँधेरा कूआ। एक नरक का नाम।

अन्धतमस्, (न.) बड़ा अँधेरा।

अन्धतामिस्र, (पुं.) नरक विशेष।

अन्धमूषिका, (स्त्री.) औषध विशेष। देवताड़ का वृक्ष। वैद्यकशास्त्र में लिखा है कि इस के उपयोग से अन्धों की आंखें अच्छी हो जाती हैं।

अन्धस्, (न.) भात। ओदन। चावल।

अन्धिका, (स्त्री.) श्रुति विशेष। सिद्धा नाम की ओषधि। नेत्ररोग विशेष।

अन्धुः, (पुं.) कूप। कूंआ।

अन्धुल, (पुं.) शिरीष का वृक्ष।

अन्ध्र, (पुं.) चाण्डाल विशेष। देश विशेष। तैलङ्ग देश।

अन्न, (न.) भात। ओदन। पकेहुए चावल। कच्चा धान्य। जौ चना आदि। पृथिवी। अन्न उत्पन्न करने के सम्बन्ध से पृथिवी भी अन्न कही जाती है।

अन्नकोष्ठक, (पुं.) अन्न रखने का छोटा कोठा। कोठी। गोला। मण्डी। जहां अन्न बिकता है।

अन्नगन्धिः, (पुं.) रोगविशेष। उदररोग। अतिसार।

अन्नदः, (त्रि.) अन्नदाता। अन्न देनेवाला।

अन्नदा, (स्त्री) काशी की अन्नपूर्णा देवी।

अन्नदाता, (पुं.) स्वामी। प्रभु।

अन्नपूर्णा, (स्त्री.) अपने नाम से प्रसिद्ध देवी ये काशी में हैं।

अन्नप्राशनम्, (न.) संस्कार विशेष। प्रथम अन्न भक्षण। छठवें या आठवें महीने बालक को पांचवें या सातवें महीने बालक को जो पहले अन्न दिया जाता है।

अन्नमयः, (पुं.) स्थूल शरीर। मच्चकोशों में का पहला कोश।

अन्नविकारः, (पुं.) अन्न के विकार से उत्पन्न। रेत। शुक्र। वीर्य।

अन्नादः, (त्रि.) अन्न के भोक्ता । प्रदीप्त अग्नि । नीरोग । (पुं.) विष्णु ।

अन्नाशनम्, (न.) विधि पूर्वक अन्न का खाना । अन्नप्राशन ।

अन्यः, (त्रि. स.) असदृश । भिन्न । दूसरा ।

अन्यतम, (त्रि.) समूह से एक को निश्चित करना । बहुतों में का एक ।

अन्यतर, (त्रि.) दो में से एक को निर्द्धारण करना ।

अन्यतः, (अ.) अन्यत्र । दूसरी ओर ।

अन्यत्र, (अ.) व्यतिरेक । दूसरा । विना । अन्यस्थान ।

अन्यथा, (अ.) असत्य । प्रकारान्तर । दूसरा प्रकार । पक्षान्तर ।

अन्यथासिद्धि, (स्त्री.) कार्य की उत्पत्ति के पहले वर्त्तमान रहने पर भी जो कारण न हो ।

अन्यदा, (अ.) कालान्तर । अन्य काल में । दूसरे समय में । अन्य समय । पश्चात् । फिर ।

अन्यपूर्वा, (स्त्री.) एक वार व्याह के पश्चात् दूसरी वार व्याही गयी स्त्री ।

अन्यभृत्, (पुं.) काक । यह कोइल को पोसता है ।

अन्यवादी, (पुं.) असत्यवादी । उलट पलट बोलने वाला ।

अन्यादृश, (त्रि.) अन्य प्रकार । दूसरेके सदृश ।

अन्याय, (पुं.) अविचार । दूसरे का धन आदि हरण करना । अनुचित कार्य ।

अन्याय्यम्, (त्रि.) अयोग्य । अनुचित ।

अन्येद्युः, (अ.) दूसरे दिन ।

अन्योदर्यः, (त्रि.) वैमात्रेय । सौतेला भाई ।

अन्योन्यम्, (त्रि.) परस्पर । आपस में । अर्थालङ्कार विशेष । दो वस्तुओं को एक क्रिया के द्वारा परस्पर उपकार्य और उपकारक भाव का जहां वर्णन हो वहां यह अलङ्कार होता है ।

अन्योन्याभावः, (पुं.) आपस में एक दूसरे का अभाव । परस्पर अभाव । यथा—घट का पट में और पट का घट में अभाव ।

अन्योन्याश्रय, (त्रि.) जो एक दूसरे के आश्रय से वर्त्तमान हो । तर्क विशेष । एक पदार्थ की सिद्धि दूसरे पदार्थ की सिद्धि के आपेक्षिक हो । जैसे—एक पदार्थ का ज्ञान होना दूसरे पदार्थ के अधीन है और उस दूसरे पदार्थ का ज्ञान पहले पदार्थ के अधीन है । इसीको अन्योन्याश्रय कहते हैं । यह एक दोष है ।

अन्वक्षम्, (त्रि.) अनुपद । पीछा करना । दौड़ना । प्रत्यक्ष । इन्द्रियजन्य ज्ञान ।

अन्वक्, (त्रि.) अनुक् । अनुपद । अनुगामी । पीछा करनेवाला ।

अन्वय, (पुं.) सन्तति । कुल । पदों का परस्पर सम्बन्ध । अनुगम । अनुवृत्ति । एक पदार्थ की सत्ता के अधीन दूसरे पदार्थ की सत्ता ।

अन्वयबोधः, (पुं.) पदों से उपस्थित अर्थों के सम्बन्ध का ज्ञान । नैयायिक मत से शाब्द प्रमाण । वैशेषिक मत से शब्द से उत्पन्न अनुमान ।

अन्वयव्यतिरेकी, (त्रि.) हेतुविशेष । सत् हेतु । जिस हेतु में अन्वय और व्यतिरेक वर्त्तमान हो ।

अन्वयव्याप्तिः, (स्त्री.) हेतु विशेष । अन्वय के साथ नियम से रहना । जहां धूम है वहां अग्नि इस प्रकार की व्याप्ति ।

अन्ववसर्गः, (पुं.) इच्छानुसार काम करने की आज्ञा देना ।

अन्ववायः, (पुं.) वंश । सन्तान । कुल ।

अन्वष्टका, (स्त्री.) अग्निहोत्रियों का श्राद्ध विशेष । पूस माघ फागुन और आश्विन के कृष्णपक्ष की नवमी को होने वाला श्राद्ध ।

अन्वहम्, (अ.) प्रत्यह । प्रतिदिन ।

अन्वाचयः, (पुं.) मुख्य कार्य की सिद्धि के साथ साथ जहां अप्रधान कार्य की भी सिद्धि हो । यथा किसी काम के लिये जाते हुए को दूसरा एक और काम बतला देना ।

अन्वादेश, (पुं.) एक काम के लिये कहने पर भी पुनः दूसरे काम के लिये कहना ।

अन्वाधेय, (न.) स्त्री धन विशेष। पिता के अनन्तर पति कुल से स्त्रियों को जो धन प्राप्त होता है वह अन्वाधेय है ।

अन्वासनम्, (न.) उपासना । सेवा करना। पश्चात्ताप । पछतावा । शुश्रूषा । आराधना ।

अन्वाहार्य, (न.) मासिक श्राद्ध । प्रतिमास किया जानेवाला श्राद्ध । दर्शश्राद्ध जो अमावस्या को होता है ।

अन्वाहार्यपचन, (पुं.) जिस से श्राद्ध का अन्न पकाया जाता है । दक्षिणाग्नि । ऋग्वेदोक्त विधि से स्थापित अग्नि ।

अन्वितम्, (त्रि.) मिलित । युक्त । संबन्ध प्राप्त ।

अन्वीक्षा, (स्त्री.) सुनी हुई बात का पुनः युक्तायुक्त विवेचन करना । तर्क के द्वारा यथार्थ अर्थ का निर्णय करना ।

अन्वेषणम्, (न.) अनुसन्धान । गवेषणा । छिपी हुई बात को प्रकट करने का प्रयत्न करना ।

अन्वेषणा, (स्त्री.) खोज । मार्गण । अनुसन्धान । तर्कादि द्वारा शास्त्रोक्त तत्त्वों का पता लगाना ।

अन्वेषृव्यः, (त्रि.) ज्ञातव्य । जानने योग्य ।

अन्वेष्टा, (त्रि.) अन्वेषण करनेवाला । अनुसन्धानकारी । खोज करनेवाला ।

अप्, (स्त्री.) जल । रसतन्मात्रा से उत्पन्न शीतस्पर्शवान् पदार्थ को अप् कहते हैं । व्यापनशील पदार्थ विशेष ।

अप, (उप. अ.) अपकृष्ट । वर्जन । वियोग । विपर्यय । विकार । चौर्य । निर्देश । हर्ष ।

अपकर्म, (न.) दुष्कर्म । दुराचार । दुष्टाचरण ।

अपकर्षः, (पुं.) विद्यमान धर्म की हानि ।

अपकारः, (पुं.) द्वेष । अनिष्ट । शत्रुता । वैर । विरोध ।

अपकारक, (त्रि.) अनिष्टकर्ता । अनिष्ट करनेवाला ।

अपकारगीः, (स्त्री.) भर्त्सन वाक्य । तिरस्कार वचन । अपकारार्थक वचन ।

अपकारी, (त्रि.) धूर्त । शठ । अपकारक । अपकार करनेवाला ।

अपकुशः, (पुं.) दन्तरोग विशेष ।

अपकृतः, (त्रि.) अपकार किया हुआ । अपकारी । (न.) अपकार ।

अपकृष्टः, (त्रि.) हीन । अधम । नीच ।

अपक्रमः, (पुं.) पलायन । भागना ।

अपक्रिया, (स्त्री.) द्रोह । अपकार । वैर । द्वेष ।

अपक्रोश, (पुं.) निन्दन । जुगुप्सन । तिरस्कार ।

अपक्कम्, (त्रि.) अपरिणत । नहीं बढ़ाहुआ । कच्चा ।

अपक्षेपणम्, (न.) क्रिया विशेष । जिस से किसी वस्तु का संयोग अपने स्थान से अधोदेश से होता है ।

अपगतः, (त्रि.) मृत । पलायित । दूरीभूत । गया ।

अपगमः, (पुं.) अपगमन । निकल जाना । भाग जाना ।

अपघन, (त्रि.) देह । शरीर ।

अपघातः, (पुं.) अपहनन । निर्दयतापूर्वक मारना ।

अपचयः, (पुं.) हानि । व्यय । अवनति । अपहार । चौर्य । खर्च ।

अपचायितम्, (त्रि.) पूजित । आराधित । पूजागया ।

अपचारः, (पुं.) अहित । आचरण । दुराचार ।

अपचारिणी, (स्त्री.) व्यभिचारिणी । अपचार करनेवाली स्त्री ।

अपचारी, (त्रि.) अपचार करनेवाला ।

अपचितम्, (त्रि.) अर्चित । पूजित । हीन । बढ़ा हुआ ।

अपचितिः, (स्त्री.) पूजा । आराधना । व्यय । निष्कृति । निस्तार । हानि । न्यूनता । घटाव ।

अपटान्तरम्, (त्रि.) आसक्त । अव्यवहित । बीच रहित । खुला हुआ । संसक्त । लगा हुआ । फँसा हुआ ।

अपटी, (स्त्री.) छोटा वस्त्र । काण्डपट । कनात । कपड़े का पड़दा ।

अपटुः, (त्रि.) अचतुर । कार्य के अयोग्य । रोगी । काम करने में असमर्थ ।

अपतर्पणम्, (न.) रोग आदि में भोजन न करना ।

अपत्यम्, (न.) पुत्र । कन्या ।

अपत्यदा, (स्त्री.) गर्भ धारण करनेवाली ओषधि । वह क्रिया जिस से गर्भ रहता है ।

अपत्यशत्रुः, (पुं.) कुलीर । कर्कट । केंकड़ा नामक एक जन्तु ।

अपत्र, (पुं.) जिसके पत्ते न हों । करीर वृक्ष । (त्रि.) अङ्कुर ।

अपत्रप, (त्रि.) लज्जाहीन । निर्लज्ज ।

अपत्रपिष्णुः, (त्रि.) लज्जाशील । स्वभाव से लज्जा ।

अपथम्, (न.) अमार्ग । कुत्सित मार्ग । निन्दित पथ ।

अपन्था, (पुं.) अपथ । मार्ग का अभाव ।

अपथ्यम्, (त्रि.) अहितकर भोजन । रोगी के न खाने योग्य वस्तु ।

अपदस्थः, (त्रि.) स्वकर्मच्युत । पदच्युत ।

अपदानम्, (न.) शोधन करना । साफ़ करना ।

अपदिशम्, (न.) दो दिशाओं का मध्य । विदिक् । कोन ।

अपदिष्टः, (त्रि.) किया हुआ । प्रयुक्त ।

अपदेशः, (पुं.) लक्ष्य । निशाना । स्वरूप को आच्छादन करना । छल । बहाना । निमित्त । स्थान ।

अपध्वंसज, (पुं.) वर्णसङ्कर । भिन्न भिन्न वर्णों के समागम से उत्पन्न सङ्कीर्ण वर्ण ।

अपध्वस्त, (त्रि.) परित्यक्त । निन्दित । छोड़ाहुआ । विनष्ट ।

अपनयनम्, (न.) दूर करना । खण्डन करना । हटाना । अपहरण । स्थान परिवर्तन ।

अपनीत, (त्रि.) विनीत । हत । हटायाहुआ ।

अपनेयः, (त्रि.) अपनयन करने योग्य । हटाने योग्य । निरसनीय ।

अपनोदन, (न.) दूर लेजाना । हटाना । तोड़ देना । प्रतीकार करना ।

अपभ्रंश, (पुं.) अपशब्द । अशास्त्रीय शब्द । असंस्कृत शब्द । ग्राम्यभाषा ।

अपमानम्, (न.) अवज्ञा । निरादर । अनादर । तिरस्कार ।

अपमित्यक, (न.) ऋण । उधार । कर्ज़ ।

अपमृत्यु, (पुं.) अपकृष्टमृत्यु । रोग आदि के विना मरना । अपघातजन्य मृत्यु ।

अपयानम्, (न.) निकलना । भागना । पलायन करना ।

अपर, (न.) हाथी का पिछला भाग । (त्रि.) दूसरा । अन्य । भिन्न । नवीन । निकृष्ट । कार्य । सन्निकृष्ट । पश्चिमादिशा ।

अपरक्तः, (त्रि.) विरक्त । जो अनुकूल न हो ।

अपरतिः, (स्त्री.) विराग । हट जाना । विरुद्ध भाव ।

अपरत्र, (अ.) परलोक । पीछे । दूसरेसमय ।

अपरत्वम्, (न.) छोटाई के व्यवहार का कारण । जिस के द्वारा वह छोटा और वह

बड़ा ऐसा व्यवहार होता है । कालिक और देशिक भेद से वह दो प्रकार का होता है ।

अपरपक्षः, (पुं.) दूसरा पक्ष । कृष्णपक्ष ।

अपररात्र, (पुं.) रात्रिशेष । रात का पिछला भाग । रात का पिछला पहर ।

अपरवक्त्रम्, (न.) छन्दविशेष । वैतालीय नामक छन्द ।

अपरवैराग्यम्, (न.) वैराग्य विशेष ।

अपरस्परः, (त्रि.) क्रियासातत्य । काम का नैरन्तर्य्य । सतत काम करना ।

अपरा, (स्त्री.) जटायु । पश्चिम दिशा । विद्याविशेष ।

अपरागः, (पुं.) अप्रीति । द्वेष ।

अपराङ्गः, (पुं.) गुणीभूत व्यङ्ग्य का भेद ।

अपराजितः, (पुं.) शिव । विष्णु । एक ऋषि का नाम । (त्रि.) दूर्वा । लता विशेष । जयन्तीवृक्ष ।

अपराजिता, (स्त्री.) जया । उमा । जुही नाम की लता ।

अपराद्धः, (त्रि.) अपराधी । अपराध करने वाला ।

अपराद्धपृषत्क, (त्रि.) वह धनुर्धारी जिसका बाण लक्ष्य से च्युत हो ।

अपराधः, (पुं.) पातक । पाप । गुनाह । भूल । न करने योग्य काम करना ।

अपराधी, (त्रि.) कृतापराध । जिस ने अपराध किया हो ।

अपरान्तः, (त्रि.) पाश्चात्य देश । पश्चिमी देश । समुद्र मध्यवर्ती देश ।

अपराह्णः, (पुं.) दिन के तीन भागों का अन्तिम भाग । दिन का तीसरा भाग । दिन का शेष भाग ।

अपराह्णतनः, (त्रि.) अपराह्ण में होने वाली वस्तु ।

अपरिकलितः, (त्रि.) अज्ञात । अदृष्ट ।

अपरिग्रहः, (पुं.) असंग्रह । पास कुछ न रखना । अस्वीकार । संन्यासी । (त्रि.) परिग्रहहीन ।

अपरिच्छद, (त्रि.) परिच्छदरहित । दरिद्र । निर्धन ।

अपरिच्छिन्नः, (त्रि.) परिच्छेदरहित । असीम । इयत्तारहित ।

अपरिसङ्ख्यानम्, (न.) आनन्त्य । असीम ।

अपरिहार्यम्, (त्रि.) छोड़ने योग्य नहीं । अत्याज्य । जो रोका न जाय ।

अपरेद्युः, (अ.) दूसरा दिन । परसों ।

अपरोक्षम्, (त्रि.) प्रत्यक्ष । विषय और इन्द्रियों के संयोग से जो ज्ञान होता है ।

अपर्णा, (स्त्री.) पार्वती । हिमालय की कन्या । (त्रि.) पर्णरहित । पत्रशून्य ।

अपर्याप्तम्, (त्रि.) असमर्थ । असम्पूर्ण । शक्तिरहित । जो पूर्ण न हो ।

अपलम्, (न.) कीलक । (त्रि.) मांस हीन ।

अपलाप, (पुं.) प्रेम । अपह्नव । छिपाव । सच्ची बात को भी झूठ कहना ।

अपवटक, (न.) वासगृह । रहने का घर ।

अपवर्गः, (पुं.) त्याग । मोक्ष । कार्यों की सफलता । कर्म का फल । दुःखों का अत्यन्त नाश ।

अपवर्गगुरु, (पुं.) सदाशिव । हरि ।

अपवर्जनम्, (न.) दान । त्याग । मोक्ष । निर्जन ।

अपवर्जितः, (त्रि.) परिहृत । त्यक्त ।

अपवर्तनम्, (न.) परिवर्त । वक्र होना । लौटना । टेढ़ा करना । गणितशास्त्र में प्रसिद्ध भाज्य भाजक दोनों को किसी एक समान अङ्क से बाँटना । संक्षिप्त करना । अल्प करना ।

अपवादः, (पुं.) निन्दा । आज्ञा । प्रेम । विश्वास । विशेष नियम । व्याकरण शास्त्रानुसार अपवाद शास्त्र ।

अपधारण, (न.) अन्तर्धान । छापना । व्यवधान ।

अपविद्धः, (त्रि.) त्यक्त । छोड़ दिया गया । प्रत्याख्यात । तिरस्कार किया हुआ । पुत्रविशेष—जो पिता माता के द्वारा परित्यक्त हो ।

अपविषा, (स्त्री.) ओषधिविशेष । जिस से दूर होजाय ।

अपवृत्त, (पुं.) पराङ्मुख । किसी की न माननेवाला । दुराचारी ।

अपशब्दः, (पुं.) अपभ्रंश शब्द । असंस्कृत शब्द । बिगड़ा हुआ शब्द ।

अपशुक्, (पुं.) आत्मा ।

अपशोक, (पुं.) अशोक नामक वृक्ष ।

अपसु, (पुं.) काल । (त्रि.) वाम । प्रतिकूल । विरोध ।

अपसद, (पुं.) अधम । नीच । अपकृष्ट । नीचजातिविशेष ।

अपसरः, (पुं.) अपसरण । हटना ।

अपसरणम्, (न.) एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना ।

अपसर्जन, (न.) परिवर्जन । दान । छोड़ना । निर्जन । मोक्ष ।

अपसर्पः, (त्रि.) गुप्तचर । छिपा हुआ दूत । (पुं.) एक प्रकार का सर्प ।

अपसव्य, (त्रि.) शरीर का दक्षिण भाग । प्रतिकूल । विरुद्धार्थ । पितृतीर्थ ।

अपसिद्धान्तः, (पुं.) माने हुए सिद्धान्त से गिरना ।

अपस्करः, (पुं.) रथाङ्ग । पहिये को छोड़ कर रथ का अङ्ग ।

अपस्नात, (त्रि.) निन्दित स्नान । मृतक के लिये स्नान करनेवाला ।

अपस्नान, (न.) मरणनिमित्तक स्नान ।

अपस्मार, (पुं.) रोगविशेष । भूतविकार । मिरगी रोग ।

अपस्मारी, (त्रि.) अपस्मारीरोगी ।

अपहतः, (त्रि.) अपनीत । नष्ट । ताड़ित । पीड़ित ।

अपहतपाप्मा, (पुं.) जिसके समस्त पाप दूर होगये हों । वेदान्तवाक्यों द्वारा जानने योग्य आत्मा ।

अपहतिः, (स्त्री.) विनाश । उच्छेद ।

अपहन्ता, (पुं.) विनाशक । नाश करने वाला ।

अपहर्ता, (त्रि.) अपहरण करने वाला । विनाशक ।

अपहस्तित, (त्रि.) निरस्त । हटाया हुआ । गले में हाथ देकर निकाल दिया हुआ ।

अपहारः, (पुं.) हानि । चोरी । छिपाना । लुटाना । अपचय । हानि । अपहरण ।

अपहारक, (त्रि.) अपहरण करने वाला ।

अपहारी, (त्रि.) अपहरण शील । अपहरण करने वाला ।

अपहासः, (पुं.) अकारण हँसी । निरर्थक हास्य ।

अपहृतः, (त्रि.) अपनीत ।

अपह्नवः, (पुं.) स्नेह । अपलाप । सत्यको छिपाना ।

अपह्नुतिः, (स्त्री.) अपलाप अर्थालङ्कार विशेष । प्रकृत बात को छिपाकर उस को दूसरे रूप से वर्णन करने से यह अलङ्कार होता है ।

अपांनाथः, (पुं.) समुद्र । सागर । वरुण ।

अपाक, (पुं.) अजीर्ण होना । नहीं पकना । कच्चा ।

अपाकरण, (न.) निराकरण । दूर करना । हटाना ।

अपाकशाकम्, (न.) अदरख ।

अपाकृत, (त्रि.) त्यक्त । दूरीकृत । हटाया हुआ ।

अपाङ्क्तेयः, (त्रि.) पङ्क्ति में भोजन करने के अयोग्य । पतित । अधम । जातिच्युत ।

अपाङ्ग, (पुं.) नेत्रका अन्तभाग। कटाक्ष।

अपाङ्गकः, (पुं.) अपामार्ग नामक पौधा। कटाक्ष। (त्रि.) अङ्गहीन।

अपाङ्गदर्शनम्, (न.) कटाक्ष। कटाक्ष से देखना।

अपाटवम्, (न.) रोग। पटुताका अभाव। चतुराई के विना। बेवकूफी।

अपात्रम्, (न.) अयोग्य। योग्यताहीन। निन्दित। दुराचारी।

अपात्रीकरणम्, (न.) नवविध पापों में से एक पाप का नाम। यह चार प्रकार का होता है। (१) निन्दित से धन लेना (२.) व्यापार करना (३) शूद्रसेवा (४) असत्य बोलना।

अपादान, (न.) छः कारकों में का पाँचवां कारक। जिस वस्तु से दूसरी वस्तु का विभाग होता है वह अपादान कहा जाता है।

अपानः, (पुं.) नीचे जाने वाला शरीर का वायु।

अपाप, (त्रि.) पापरहित। निष्पाप।

अपापविद्धः, (त्रि.) धर्माधर्मरहित।

अपामार्गः, (पुं.) औषधविशेष। एक पौधे का नाम। चिचड़ा।

अपाम्पतिः, (पुं.) समुद्र। वरुण।

अपायः, (पुं.) वियोग। नाश। हटना। दुःख आपत्ति।

अपारः, (पुं.) समुद्र। जिसका पार न हो। जिस की अवधि न हो। सागर।

अपार्थः, (त्रि.) अर्थ शून्य। निरर्थक। अर्थ-रहित।

अपावृतः, (त्रि.) खुला हुआ। स्वतन्त्र। उद्घाटित।

अपाश्रयः, (पु.) आश्रयशून्य। आश्रय रहित। चन्दवा।

अपासनम्, (न.) मारण।

अपास्तः, (त्रि.) निरस्त। अपधारित। निरस्कृत। हटाया हुआ।

अपि, (अ.) सम्भावना। प्रश्न। शङ्का। गर्हा। समुच्चय। अनुज्ञा। अवधारण।

अपिगीर्णम्, (न.) स्तुत। प्रशंसित। जिसकी स्तुति की गयी हो।

अपि तु, (अ.) किन्तु। यदि। यद्यपि। एक अव्यय है।

अपिधान, (न.) आच्छादन। ढकना।

अपिनद्धः, (त्रि.) पहना हुआ वस्त्र।

अपीच्यम्, (त्रि.) अत्यन्त सुन्दर।

अपीनम्, (त्रि.) पीनसरोगरहित। नासिका के एक रोग को पीनस कहते हैं उससे रहित। दुबला।

अपुच्छा, (स्त्री.) शिखरहीन। शिंशपा वृक्ष। (त्रि.) पुच्छहीन।

अपुनरावृत्ति, (स्त्री.) जहाँ से पुनः आवृत्ति न हो। मुक्ति। मोक्ष।

अपुनर्भवः, (पुं.) पुनः जन्म का अभाव। मोक्ष। मुक्ति। संसारबन्धन का नाश।

अपुष्पफलदः, (पुं.) वनस्पति। जो विना फूल के भी फल दे।

अपूपः, (पुं.) पिष्टक। पूआ। मालपूआ।

अपूप्यम्, (न.) जिसके पूआ बनते हैं। आटा।

अपूरणी, (स्त्री.) शाल्मलिवृक्ष। सेमल का पेड़।

अपूर्वः, (त्रि.) पहले का नहीं देखा गया। अद्भुत। अविदित। अज्ञात। आश्चर्य। (पुं.) आत्मा। कारणशून्य।

अपूर्वविधि, (पुं.) अन्य प्रमाणों से अप्राप्त अर्थ का विधान करने वाला।

अपेक्षणीयः, (त्रि.) अपेक्षा के योग्य।

अपेक्षा, (स्त्री.) आकांक्षा कार्य और कारण का परस्पर संबन्ध।

अपेक्षाबुद्धि, (स्त्री.) अनेक विषयक बुद्धि। जो बुद्धि अनेक विषय की हो।

अपेक्षितः, (त्रि.) ईप्सित। अभीष्ट।

अपेतः, (त्रि.) रहित।

अपेतकृत्यः, (त्रि.) कार्यशून्य। कृतकृत्य। जिसके कोई काम न हो।

अपोगण्डः, (त्रि.) अतिभीरु । डरने वाला । अवस्थाविशेष । बाल्यावस्था ।

अपोढ, (त्रि.) निरस्त । त्यक्त । निकाला गया ।

अपोदका, (स्त्री.) शाकविशेष । पूति नामक शाक ।

अपोनपात्, (पुं.) इस नाम से प्रसिद्ध एक देवता ।

अपोह, (पुं.) तर्क का निराकरण । जयी कल्पना । तर्क । त्याग । निषेध ।

अप्पतिः, (पुं.) जल का स्वामी । वरुण । समुद्र ।

अप्रकाण्डः, (पुं.) शाखा हीन वृक्ष । ठूंठ ।

अप्रकाशः, (त्रि.) प्रकाश का अभाव । न समझने योग्य । जनान्तिक । गोपन ।

अप्रकृष्टगुण, (त्रि.) जिसके उत्तमगुण न हों । व्याकुल । घबड़ाया हुआ ।

अप्रखरः, (त्रि.) प्रखरतारहित ।

ईषत्कर, (पुं.) लेशमात्र, थोड़े से यत्न या प्रयास से सिद्ध हो जाने वाला।

ईषदुष्ण, (पुं.) गुनगुना। कुछ कुछ गर्म। मन्दोष्ण।

ईषा, (स्त्री.) हलदण्ड। हल की नोंक। हल की फाल।

ईषिका, (स्त्री.) हाथी की आँख की पुतली। चित्रकार की कूँची। तीर। अस्त्र।

ईह, (क्रि.) अभिलाषा करना। चाहना। वस्तु पाने के लिये प्रयत्नशील होना।

ईहा, (स्त्री.) चेष्टा। उद्योग। प्रयत्न। वाञ्छा।

ईहित, (त्रि.) ढूँढ़ा हुआ। खोजा हुआ। प्रार्थित (सं.) अभिलाषा चाह इच्छा किया हुआ।

उ

उ, हिन्दी वर्णमाला का पाँचवाँ अक्षर।

उ, (क्रि.) शब्द करना। कोलाहल मचाना। धौंकना। गरजना। माँगना। तगादा करना।

उः, (सं.) शिव का नाम। ब्रह्म का नाम। चन्द्र का बिम्ब। सम्बोधन का शब्द। क्रोध। दया। अनुकम्पा। आज्ञा। विस्मय। हैरानी।

उकानहः, (सं.) लाल और पीले रङ्ग का घोड़ा।

उकुणः, (पुं.) खटमल। खटकीरा।

उक्त, (त्रि.) कथित। कहा गया। कथन। कहना। एक अक्षर के पाद का चिह्न।

उक्ति, (स्त्री.) कहना। कथन।

उक्थ, (न.) नव प्रकार के साम्वेद का एक भाग। सामवेद का प्रधान अङ्ग। महाव्रताख्य यज्ञ। प्राण। कथन। वाक्य। स्तोत्र। प्रशंसा।

उक्ष्, (क्रि.) छिड़कना। सींचना। भिगोना। नम करना। उड़ेलना। फैलाना। साफ करना।

उक्षतर, (पुं.) तीसरी अवस्था को पहुँचा हुआ बैल। बड़ा बैल।

उक्षन्, (पुं.) बड़ा। सोम। मरुत। अग्नि। ऋषभौषधि।

उक्षाल, (पुं.) तेज। भयानक। ऊँचा। बड़ा। सर्वोत्तम। बन्दर।

उख्, (क्रि.) जाना। हिलना। डोलना।

उखः, (पुं.) पाकपात्र। किसी वस्तु को उबालने का पात्र। बटलोई। भगोना। तसला। वेदी। शरीर का अङ्ग।

उग्र, (त्रि.) भयानक। निष्ठुर। बनैला। बली। दृढ़। तीक्ष्ण। तेज। क्रुद्ध। क्षत्रिय पिता और शूद्रा माता के गर्भ से उत्पन्न सन्तान। वायु की मूर्त्ति धारण करने वाले शिव। विष विशेष। नक्षत्र-समूह।

उग्रकाण्ड, (पुं,) करेला। कारवेल्ल अर्थात् करेला का वृक्ष।

उग्रगन्ध, (त्रि.) तेज गन्धवाला। चम्पा। चमेली। अर्जक वृक्ष। लशुन। हींग।

उग्रधन्वन्, (त्रि.) जिसका धनुष बड़ा तेज हो। महादेव। इन्द्र।

उग्रश्रवस्, (पुं.) रोमहर्षण का पुत्र। सुनी हुई बात को तुरन्त अवधारण करने वाला।

उग्रसेन, (पुं.) कंस का पिता। यह यदुवंशी था और इसका दूसरा नाम आहुक था। धृतराष्ट्र का पुत्र।

उच्, (क्रि.) एकत्र करना। योग्य होना।

उचित, (त्रि.) योग्य। मुनासिब।

उच्च, (त्रि.) ऊँचा । उन्नत ।
उच्चतरु, (पुं.) नारियल का वृक्ष ।
उच्चक्षुस्, (पुं.) आँख उठाए हुए ।
उच्चाटन, (न.) उत्पाटन । उखाड़ना । अपनी जगह से अलग करना । किसी मन्त्र प्रयोग से पागल कर देना ।
उच्चण्ड, (पुं.) बड़ा उग्र । बलवान् ।
उच्चार, (पुं.) उच्चारण । कहना । विष्ठा । मल ।
उच्चावच, (त्रि.) बड़े छोटे । ऊँचे नीचे ।
उच्चूलन, (पुं.) ऊँची चोटी वाला । झण्डे के ऊपर वाला । भूषण । झण्डा ।
उच्चैःश्रवस, (पुं.) ऊँचे कान वाला । इन्द्र का घोड़ा ।
उच्चैर्घुष्ट, (न.) ढण्डोरा । डौंड़ी । मुनादी ।
उच्चैस्, (अव्य.) ऊँचा । बड़ा । लम्बा ।
उच्छिख, (त्रि.) आगे से ऊँचा । चोटी उठी हुई ।
उच्छित्ति, (स्त्री.) उच्छेद । नाश । विनाश ।
उच्छिष्ट, (त्रि.) जूँठा । भोजन करने से बचा हुआ । छोड़ा हुआ ।
उच्छीर्षक, (न.) तकिया । बालिश ।
उच्छुष्क, (न.) सूखा हुआ ।
उच्छून, (त्रि.) फूला हुआ । बढ़ा हुआ ।
उच्छृङ्खल, (त्रि.) विनयरहित । निरातङ्क । बेकाबू । बेलगाम ।
उच्छेत्तृ, (पुं.) नष्ट करने वाला ।
उच्छेद, (कि.) छेदन करना । तोड़ना ।
उच्छोथ, (पुं.) सूजन ।
उच्छोषण, (त्रि.) सुखाने वाला । सन्तापक ।
उच्छ्वसन, (न.) सुस्त पड़ जाना ।
उच्छ्वासन, (न.) साँस लेना । प्राण ।
उच्छ्राय, (पुं.) उँचाई ।
उच्छ्रित, (त्रि.) ऊँचा । बढ़ा हुआ ।
उच्छ्वास, (पुं.) भीतर जाने वाली श्वास । आख्यायिका का अध्याय । प्राण ।
उछ, (कि.) दानों का बटोरना । बाँधना । समाप्त करना ।
उज्जयिनी, (स्त्री.) उज्जैन नगरी । अवन्ती पुरी । विक्रमादित्य की राजधानी ।
उज्जागर, (पुं.) भड़का हुआ । उत्तेजित ।
उज्जासन, (न.) मारण । मारना ।
उज्जिति, (स्त्री.) जीत ।
उज्जृम्भ, (पुं.) खिलना । फूटना । विकाश । जमुहाई ।
उज्ज्वल, (पुं.) चमकदार । चमकीला । दमकता हुआ । शृङ्गार ।
उज्झ, (कि.) छोड़ना । भूलना ।
उञ्छन, (पुं. न.) हाट आदि में गिरे हुए अनाज के बचे और जमीन पर पड़े दानों को बीनना ।
उटज, (पुं. न.) पत्रकुटी । पर्णशाला ।
उढ, (कि.) इकट्ठा करना ।
उडु, (स्त्री. न.) तारा । नक्षत्र । जल ।
उडुप, (पुं. न.) चन्द्र । चाँद । चन्द्रमा ।
उडुपति, (पुं.) तारों का पति । चन्द्रमा । जल का स्वामी । वरुण ।
उड्डामर, (त्रि.) अतिप्रचण्ड । बड़े जोर का । सब से ऊँचा ।
उड्डयन, (न.) उड़ान ।
उत, (अव्य.) विकल्प । और । भी । क्या । अथवा । या तो । प्रश्न । अत्यर्थ ।
उतथ्य, (पुं.) अङ्गिरा से श्रद्धा में उत्पन्न । बृहस्पति के बड़े भाई का नाम ।
उताहो, (अव्य.) विकल्प । सन्देह । प्रश्न । ऐसा या ऐसा । विचार ।
उत्क, (त्रि.) अन्यमनस्क । उत्कण्ठित ।
उत्कञ्चुक, (पुं.) चोली का बन्द । कुर्ता आदि पहने हुए ।
उत्कट, (पुं.) अत्यधिक । अतीव । बहुत । तेज । (सं.) बाण । दारचीनी । मत्त हस्ती ।
उत्कण्टकित, (पुं.) काँटे या बालदार ।
उत्कण्ठ, (पुं.) उठी हुई गर्दन वाला ।
उत्कण्ठा, (स्त्री.) चाही हुई वस्तु को जल्दी

पाने की चिन्ता । किकिर । दुःख । विकलता । किसी प्रिय वस्तु को पाने की इच्छा ।

उत्कर, (पुं.) धानादि का एकत्र करना । फैलाना । हाथ पाँव पसारना । घास का बिखेरना । टीला ।

उत्कर्ण, (न.) कान छेदना ।

उत्कर्ष, (पुं.) अतिशय । अत्यधिक । बहुत अधिक । उन्नति ।

उत्कल, (पुं.) उड़ीसा प्रदेश । शिकारी । भारवाहक । बोझ ढोने वाला । ब्राह्मणों की एक जाति ।

उत्कलिका, (स्त्री.) उत्कण्ठा । कली । लहर ।

उत्कार, (पुं.) धानों को एकत्र करना और ऊपर उछालना । फेंकना ।

उत्किर, (पुं.) शूकरना की तरह घुमाना ।

उत्कीर्ण, (त्रि.) फैलाया गया । फेंका गया । बेधा गया । गढ़ा गया । उल्लिखित ।

उत्कीलित, (न.) खुला हुआ ।

उत्कुण, (पुं.) जूँ । चीलहर । केशों में उत्पन्न होने वाले कीड़े ।

उत्कुल, (पुं.) पतित ।

उत्कूर्दन, (न.) फलाङ्ग । छलाङ्ग ।

उत्कूल, (त्रि.) किनारे तक भरा हुआ ।

उत्कृति, (स्त्री.) एक छन्द विशेष ।

उत्कृष्ट, (पुं.) श्रेष्ठतर ।

उत्कोच, (पुं.) घूँस । रिशवत ।

उत्क्रम, (पुं.) उलटा क्रम । बिदा । नियम-विरुद्ध । उछलना ।

उत्क्रोश, (पुं.) कूंज । चिल्लाहट । कुररी पक्षी ।

उत्क्षिप्ति, (पुं.) उछाल । फेंक । लुकान ।

उत्खात, (त्रि.) उत्पाटित । उखाड़ा हुआ ।

उत्तंस, (पुं.) कान में पहरने का गहना । कलगी । शिरोभूषण । हार ।

उत्तप्त, (त्रि.) सन्तप्त । तपा हुआ । गरम । स्नान किया हुआ । सूखा मांस ।

उत्तम, (पुं.) बहुत अच्छा ।

उत्तमर्ण, (पुं.) महाजन । ऋणदाता ।

उत्तमाङ्ग, (न.) मस्तक । सब से अच्छा अङ्ग ।

उत्तम्भ, (क्रि.) ठहरना । पकड़ना । रोकना । भरोसा देना । कुरसा से हटना । आराम करना ।

उत्तर, (न.) जवाब । उत्तर नाम की दिशा । उदीची । विराटराज के पुत्र का नाम । पीछे । योग्य । ऊँचा । अच्छा । अन्तिम ।

उत्तरकोशला, (स्त्री.) अयोध्या नगरी ।

उत्तरकाय, (पुं.) शरीर का ऊपरी भाग ।

उत्तरङ्ग, (पुं.) ऊँची लहरों वाला । दर्वाजे के ऊपर की लकड़ी ।

उत्तरच्छद, (पुं.) ढकना । बिछौने की चादर । अँगोछ ।

उत्तरमीमांसा, (स्त्री.) अगला विचार । फैसले की बात । वेदान्त दर्शन ।

उत्तरा, (स्त्री.) सपिण्डीकरण के अनन्तर की क्रियाएँ । उत्तर दिशा । काल । देश । राजा परीक्षित् की माता ।

उत्तरात्, (अव्य.) उत्तर दिशा । उत्तर की ओर । उत्तर काल ।

उत्तराधिकारिन्, (त्रि.) एक स्वत्वाधिकारी के अनन्तर जो दूसरा स्वत्वाधिकारी हो सकता है, वह उत्तराधिकारी कहलाता है । पीछे का अधिकारी । वारिस ।

उत्तराभास, (पुं.) दुष्ट उत्तर । बुलजवाब ।

उत्तरायण, (न.) उत्तरी मार्ग । वह समय जब सूर्य उत्तर की ओर झुकते हैं । मकर संक्रान्ति से ले कर मिथुन तक छः महीने । मकर संक्रमण का दिन ।

उत्तरीय, (न.) ऊपर का कपड़ा । दुपट्टा । अङ्गा । चुगा ।

उत्तरेण, (अव्य.) उत्तर । उत्तर की ओर ।

उत्तान, (त्रि.) विस्तार रहित । ऊपर की ओर मुँह किये हुए ।

उत्तानशय, (त्रि.) ऊपर को मुँह कर के सोने वाला । छोटा बच्चा । शिशु ।

उत्ताप, (पुं.) उष्णता । गरमी । दुःख । सन्ताप ।

उत्तार, (वि.) तारा । बहुत ऊँचा । अच्छे तारे वाला । उतार ।

उत्ताल, (वि.) प्रतिष्ठित । प्याला । ऊँचा । भयङ्कर । बन्दर । अत्युत्तम ।

उत्तीर्ण, (वि.) मुक्त । सफलीभूत । पार हुआ । छूट गया ।

उत्तुङ्ग, (वि.) बड़ा ऊँचा ।

उत्तुष, (पुं.) धान की खीलें ।

उत्तेजना, (स्त्री.) प्रेरणा । तेज करना । घबराना । भ्रमकाना । उत्साहित करना । पैदा करना ।

उत्थान, (वि.) उठ खड़े होना । उत्थप । लड़ाई । मन्दिर । बेड़ा । सेना । मैदान ।

उत्पत, (पुं.) पक्षी । चिड़िया ।

उत्पत्ति, (स्त्री.) जन्म । उद्भव । जीव का शरीर से संयोग । आविर्भाव ।

उत्पल, (न.) नीला कमल । दुर्बल । मांसरहित । कुष्ठ रोग की दवा ।

उत्पाटन, (न.) उन्मूलन । उखाड़ना ।

उत्पात, (पुं.) उपद्रव ।

उत्पादक, (पुं.) पैदा करने वाला ।

उत्पादशय, (पुं.) ऊपर को पैर कर के सोने वाला । टिट्टिभपक्षी । टिटहरा ।

उत्प्रास, (पुं.) हँसना । उपहास ।

उत्प्रेक्षा, (स्त्री.) समानता । अर्थालङ्कार भेद जिसमें मुख्य विषय को छोड़ कर अन्य के साथ एक ही होने का विचार किया जाय ।

उत्प्लवन, (न.) फलाङ्गना । कूद जाना । छलाङ्ग भरना ।

उत्प्लवा, (स्त्री.) नौका । डोंगी ।

उत्फुल्ल, (वि.) खिला हुआ ।

उत्स, (पुं.) झरना । सोता ।

उत्सङ्ग, (पुं.) क्रोड़ । गोद । गोदी ।

उत्सर्ग, (पुं.) फेंक देना । त्यागना । अर्पण करना । देना । न्याय ।

उत्सव, (पुं.) आनन्ददायी कार्य । विवाहादि कर्म । प्रसन्नता । पर्व । त्योहार ।

उत्सादन, (न.) निकालना । नाश करना । सुगन्धि लगाना । चढ़ना । खेत में दुबारा हल चलाना । मैला साफ़ करना । उबटना लगाना ।

उत्सारण, (न.) निकालना । दूर हटाना । चालना । हिलाना । किसी वस्तु को हटा कर दूसरी जगह कर देना ।

उत्साह, (पुं.) उद्यम । राजाओं का विशेष गुण । किसी कार्य को अवश्य करने का यत्न । सुख । इच्छा ।

उत्सिक्त, (वि.) घमण्डी । गर्वीला । उद्धत । स्नान किया हुआ । बढ़ा हुआ । नियम भङ्ग करने वाला ।

उत्सुक, (वि.) उत्कण्ठित । व्याकुल । उद्विग्न ।

उत्सृष्ट, (वि.) छोड़ा हुआ । दिया गया ।

उत्सेक, (पुं.) अहङ्कार । आधिक्य । उठा कर बाहर सींचना ।

उत्सेध, (पुं.) ऊँचाई । शरीर । लम्बा ।

उद्, (अव्य.) ऊपर । बाहिर ।

उद, (न.) पानी ।

उदक, (न.) जल । पानी ।

उदकाञ्जलि, (स्त्री.) अञ्जली भर जल ।

उदकया, (स्त्री.) जो स्त्री चौथे दिन नहा कर शुद्ध हो ।

उदगद्रि, (पुं.) उत्तर का पहाड़ हिमालय ।

उदगयन, (न.) उत्तर का आश्रय लेना । सूर्य का उत्तर की ओर जाना । उत्तरायण ।

उदग्र, (पुं.) उठा हुआ ।

उदङ्क, (पुं.) कुप्पा । चमड़े का बना पात्र ।

उदञ्च, (पुं.) ऊपर की ओर । उत्तर की ओर ।

उदञ्चन, (न.) ढकना । डोल ।

उदय, (पुं.) पूर्व का पर्वत । उगना । ऊँचा होना ।

उदधि, (पुं.) घट । घड़ा । समुद्र ।

उदन्त, (पुं.) बात । वृत्तान्त । साधु ।

उदन्या, (स्त्री.) प्यासा । प्यास ।
उदन्वत्, (पुं.) मत्स्य । समुद्र ।
उदपान, (पुं.) चोबच्चा । होदी । खात । गढ़ा ।
उदधान, (पुं. न.) पानी का कुण्ड ।
उदन्, (न.) लहर । पानी ।
उदन्त, (पुं.) संवाद ।
उदर, (न.) पेट । जठर । नाभि और स्तनों के बीच के शरीर का भाग । युद्ध । लड़ाई । पेट का रोग ।
उदरम्भरि, (पुं.) पेटू । मरभुक्का ।
उदरावर्त, (पुं.) नाभि ।
उदरिणी, (स्त्री.) गर्भवती ।
उदर्क, (पुं.) अन्त । भविष्य । परिणाम । फल ।
उदर्चिस, (पुं.) अग्नि । कामदेव । शिव । ऊँची लाट ।
उदवसित, (न.) वासगृह । घट ।
उदहार, (पुं.) पानी जाकर लाना ।
उदात्त, (पुं.) ऊँचे स्वर से उच्चारण किया गया स्वर । ऊँचा । मनोहर । बड़ा । अलङ्कारभेद । ऊँचा शब्द । अच्छा । चमकने वाला । बड़ा बाज़ार ।
उदान, (पुं.) शरीर के पाँच पवनों में से एक प्राण वायु । गले की हवा । नाभि । सर्पभेद ।
उदार, (पुं.) दाता । व्ययी । पार्वती । चतुर । गम्भीर । असाधारण ।
उदासीन, (त्रि.) वीतरागी । संन्यासी । उपदेशक । किसी से सम्बन्ध न रखने वाला ।
उदास्थित, (पुं.) व्रतभङ्ग । यती ।
उदाहरण, (न.) दृष्टान्त । मिसाल । प्रत्यन्तर । पटतर ।
उदाहृत, (त्रि.) दृष्टान्तरूप से दिखाया गया ।
उदित, (त्रि.) कहा गया । उठा । निकला । डेग । बढ़ा ।
उदितोदित, (न.) विद्वान् ।
उदीक्षा, (स्त्री.) ऊपर देखना ।
उदीच्य, (त्रि.) उत्तरकाल में होने वाली वस्तु । उत्तरीय । सरस्वती नदी का उत्तर-पश्चिमी भाग । बाला नामी गन्धद्रव्य ।
उदीरण, (न.) कहना । उच्चारण करना । बोलना ।
उदीर्ण, (त्रि.) उदार । बड़ा ।
उदुम्बर, (पुं.) गूलर का वृक्ष या फल ।
उदुम्बल, (पु.) ताँबे जैसा रङ्ग वाला ।
उदूढ, (त्रि.) ब्याहा हुआ ।
उद्गत, (त्रि.) उदय हुआ । उगा हुआ । ऊँचा गया ।
उद्गम, निकलना । चढ़ना ।
उद्गमनीय, (न.) दो साफ सुथरे कपड़े ।
उद्गाढ़, (न.) अतिशय । अत्यन्त । बहुतही ।
उद्गातृ, (पुं.) सामवेद गाने वाला ।
उद्गार, (पुं.) उगाल । वमन । शब्द । थूक ।
उद्गीथ, (पुं.) सामवेद का एक भाग ।
उद्गूर्ण, (त्रि.) उद्यत । तत्पर । हथियार उठाना ।
उद्ग्राह, (पुं.) स्वागत ।
उद्ग्रीव, (पुं.) गर्दन उठाये हुए ।
उद्घहन, पीटना । मारना । ढोना ।
उद्घर्षण, (न.) पीसना । रगड़ना । खुजलाना ।
उद्घाटक, (पुं. न.) गिर्री । चरखी । अरघट । घूरना । रुकावट दूर करना । खोलना । कुञ्जी ।
उद्घात, (पुं.) आरम्भ । पाँव का फिसलना । प्राणायाम भेद । ऊँचा । मुद्गर । शस्त्र । ग्रन्थ का भाग विशेष ।
उद्घोष, घोषण ।
उद्दण्ड, (पुं.) असाधारण कार्य करने वाला, उजड्ड ।
उद्दर्प, (पुं.) क्रोधी । रिसहा ।
उद्दलन, (न.) चीरना । फाड़ना । मलना । मसलना ।

उद्दाम, (न.) खुला हुआ । खुली । समुद्र की आग ।

उद्दामन, (त्रि.) बन्धनरहित । खुला हुआ । स्वतंत्र । वरुण का नाम ।

उद्दिष्ट, (त्रि.) उपदिष्ट । चाहा गया । छन्दशास्त्र में प्रस्तार के विशेष ज्ञान का साधन ।

उद्दीपन, (न.) प्रकाशन । रोशनी । भड़काना । उत्तेजित ।

उद्देश, (पुं.) अनुसन्धान । ढूँढ़ना । खोजना । इच्छा । चाह । निशान । लिये । संक्षेप । वस्तु का नाम लेना । निमित्त । लक्ष ।

उद्द्राव, (पुं.) भागना । दौड़ना ।

उद्योत, (पुं.) प्रकाश । धूप ।

उद्धत, (पुं.) राजाओं का पहलवान । बोलने में बड़ा चञ्चल । अनविचारे बोलने वाला । अविनीत । अनसिखा । अहङ्कारी । उठा हुआ । अतिानष्ठुर । उत्तेजनापूर्ण ।

उद्धरण, छुटकारा । वमन । उऋण होना । उखाड़ना ।

उद्धर्ष, (न. पुं) उत्सव । आनन्द । पर्व । तीज त्योहार । शरदोत्सव ।

उद्धर्षण, (न.) रोमाञ्च । शरीर के रोओं का खड़ा होना ।

उद्धव, (पुं.) यज्ञाग्नि । श्रीकृष्ण के प्रिय यादव विशेष । उत्सव ।

उद्धार, (पुं.) जो उठाया जावे । जिसे शोधन करना पड़े । ऋण । छुटकारा । सम्पदा । खींच कर बाहर निकालना ।

उद्धृत, (त्रि.) उठाया गया । छुड़ाया गया । पृथक् किया गया । रक्षा किया गया । प्रतिलिपि करना । खींच लेना ।

उद्बन्धन, (न.) अपने गले में रस्सी बाँधना । फाँसी लगाना ।

उद्बाहु, (पु.) बाँह उठाये हुए ।

उद्बुद्ध, (त्रि.) विकसित । खिला हुआ । जागा हुआ ।

उद्बोध (पुं.) थोड़ी समझ । पहचान । स्मरण ।

उद्भट, (पुं.) असाधारण ग्रन्थ से बाहर का श्लोक । फुटकल । सूर्य । प्रसिद्ध ।

उद्भव, (पुं.) उत्पत्ति । जन्म । निकलना । पैदा होना ।

उद्भिज्ज, (त्रि.) अंकुर । भूमि फाड़ कर उत्पन्न हुआ वृक्ष । वनस्पति । स्थावर ।

उद्भिद्, (त्रि.) वृक्ष । झाड़ी । लता । यज्ञ ।

उद्भूत, (त्रि.) उत्पन्न । प्रकट हुआ । प्रत्यक्ष जिसे हम देख सकें ।

उद्भेद, (पुं.) फुहारा । देह पर रोओं का खड़ा होना । जन्म । उत्पत्ति ।

उद्भ्रम, (पुं.) उद्वेग । व्याकुलता । घबराहट । भूल । चिन्ता । घूमना ।

उद्भ्रमण, (न.) उड़ना ।

उद्भ्रान्त, (न.) तलवार घुमाना । निकलना ।

उद्यत, (त्रि.) तयार हुआ । ऊँचा किया गया । ग्रन्थ का अध्याय ।

उद्यम, (पुं.) उद्योग । हिम्मत । कोशिश । तयारी ।

उद्यान, (न.) जाना । सैर करना । उपवन । बगीचा । आशय ।

उद्योग, (पुं.) यत्न । उपाय । चेष्टा । उत्साह ।

उद्रिक्त, (त्रि.) अधिक । बढ़ा हुआ ।

उद्रेक, (पुं.) बाढ़ । उपक्रम । प्रारम्भ । नीम का पेड़ ।

उद्वत्, (स्त्री.) उचान । उँचाई ।

उद्वर्तन, (न.) उबटना । उबटन लगाना । चन्दन लगाना । घिसना । उछलना ।

उद्वान्त, (पुं.) वमन करना । बाहर निकालना ।

उद्वासन, मारना । विसर्जन । बिदा करना । छोड़ना ।

उद्वाह, (पुं.) विवाह । परिणय ।

उद्वाहु, (त्रि.) भुजा ऊपर किये हुए ।

उद्विग्न, (त्रि.) विकल । घबड़ाया हुआ । उद्वेग युक्त ।
उद्वृत्त, (त्रि.) दुर्वृत्त, दुराचारी ।
उद्वेग, (पुं.) विछोह से दुःखी होना । निश्चल । शीघ्र जाने वाला ।
उद्वेल, (त्रि.) मर्यादा भङ्ग करने वाला ।
उद्वेष्टन, (न.) पैर हाथ का बन्धन । दस्ताने । पगड़ी । खुला हुआ । मुक्त ।
उन्द, (क्रि.) गीला करना ।
उन्दुरु, (पुं.) मूसा । चूहा ।
उन्न, (त्रि.) आर्द्र । गीला ।
उन्नति, (स्त्री.) उदय । बढ़ती । वृद्धि । गरुड़ की स्त्री ।
उन्नद्ध, (त्रि.) बढ़ा हुआ । भली प्रकार बँधा हुआ ।
उन्नमन, (न.) सीधा खड़ा करना ।
उन्नमित, (त्रि.) उठाया गया । ऊँचा किया गया ।
उन्नस, (न.) ऊँची नोंक वाला ।
उन्निद्र, (त्रि.) खिला हुआ । निद्राशून्य । निद्रा न आने का एक रोगविशेष ।
उन्मत्त, (पुं.) पागल । धतूरा । मुचकुन्द का पेड़ । ग्रहपीड़ित ।
उन्मद, (त्रि.) पागल । जिसे नशा चढ़ा हो । मादक द्रव्य ।
उन्मनस्, (त्रि.) घबड़ाया हुआ । जिसका मन डाँवाडोल हो ।
उन्मथ, (पुं.) वध करना । मार डालना । हत्या करना ।
उन्माथ, (पुं.) मांस का टुकड़ा रख कर बनैले पशुओं को फँसाने का जाल या फन्दा । मारना । नष्ट भ्रष्ट करना । विवश करना ।
उन्माद, (पुं.) पागलपन । सिड़ीपन ।
उन्मान, (न.) तोल । तोला माशा आदि ।
उन्मिषित, (त्रि.) प्रस्फुटित । खिला हुआ ।
उन्मीलन, (न.) खोले हुए । उन्मेष । नेत्र का खोलना ।
उन्मुख, (त्रि.) ऊँचे मुख वाला । किसी कार्य में लगा हुआ ।
उन्मूलन, (न.) जड़ से उखाड़ डालना । समूल नष्ट कर डालना ।
उन्मेष, (पुं.) नेत्र आदि का खोलना । थोड़ा सा प्रकाश ।
उन्मोचन, (न.) खोलना । मुक्त करना । स्वतंत्र करना ।
उन्मोटन, (न.) तोड़ डालना ।
उप, (अव्य.) सामीप्य । अधिक । सादृश्य । आरम्भ । न्यून ।
उपकण्ठ, (त्रि.) निकट । गले के समीप । गाँव का पिछवाड़ा । घोड़े की उछलने की चाल ।
उपकरण, (न.) सामग्री । साधन ।
उपकार, (पुं.) कृपा । अनुकूलता । सहायता । फैलाये हुए पुष्पादि ।
उपकूल, (न.) किनारे पर उत्पन्न हुआ ।
उपक्रम, (पुं.) आरम्भ । उद्योग । तयारियाँ । भागना । बल ।
उपक्रोश, (पुं) निन्दा । लगभग एक कोस । कोसभर । चिढ़कना । कोसना ।
उपक्रोष्टु, (पुं.) गधा । निन्दक । चिल्लाना ।
उपक्षय, (पुं.) अवनति । कमी ।
उपक्षेप, (पुं.) सूचना ।
उपगत, (त्रि.) स्वीकृत । माना गया । पहुँचा । जाना गया ।
उपगम, (पुं.) समीप जाना । अङ्गीकार । मालूम करना ।
उपगीति, (स्त्री.) गाना । आर्या छन्द का एक भेद ।
उपगुह्य, (त्रि.) मिलने योग्य ।
उपगूहन, (न.) आलिङ्गन । मिलना । पकड़ना ।
उपग्रह, (पुं.) जेलखाना । कारागृह । धूमकेत्वादि उपग्रह ।
उपग्राह्य, (न.) खंड भेंट । नजराना । कृपा का पात्र ।
उपघ्न, (न.) सहारा ।

उपघात, (पुं.) नाश। अपकार। रोग। चोट।

उपचय, (पुं.) उन्नति। वृद्धि। बढ़ती। ज्योतिष मतानुसार लग्न से तीसरा। छठवाँ और ग्यारहवाँ स्थान।

उपचार, (पुं.) चिकित्सा। सेवा। व्यवहार। धूँस। झूठी प्रशंसा से किसी को प्रसन्न करना।

उपचित, (त्रि.) दग्ध। सड़ा हुआ। इकट्ठा किया हुआ।

उपजाति, (स्त्री.) एक प्रकार का छन्द।

उपजाप, (पुं.) भेद। पृथक् होना। धीरे धीरे जाप करना।

उपजीविका, (स्त्री.) जीविका। रोजी।

उपजीवक, (पुं.) अधीन। आश्रित। नौकर।

उपज्ञा, (स्त्री.) स्वयं उपार्जित ज्ञान। प्रथम ज्ञान।

उपढौकन, (न.) उपहार। भेंट।

उपत्यका, (स्त्री.) पहाड़ की तराई की भूमि।

उपदंश, (पुं.) रोग विशेष। गर्मी की बीमारी चरती। डसना। डङ्क मारना।

उपदर्शक, (पुं.) दरवान। द्वारपाल।

उपदा, (स्त्री.) धूँस।

उपदेश, (पुं.) सिखावन। शिक्षा। गुप्त बात का कहना। मन्त्र आदि देना।

उपद्रव, (पुं.) उत्पात। विघ्न।

उपद्रुत, (त्रि.) विकल। सङ्कट में पड़ा हुआ।

उपधा, (स्त्री.) छल। प्रवञ्चन।

उपधातु, (पुं.) स्वर्णादि सात धातुओं के समान धातु। यथा—स्वर्णमाक्षिक। तार-माक्षिक। तुत्थ। कांस्य। रीति। सिन्दूर। शिलाजीत।

उपधान, (न.) सिरहाना। तकिया। प्रणय। विष। एक प्रकार का व्रत।

उपधि, (पुं.) कपट। छल। रथ का पहिया।

उपधूपित, (त्रि.) मरने के निकट। दुःखित। सन्तप्त।

उपनत, (त्रि.) उपस्थित। आप्त।

उपनय, (पुं.) उपनयन। जनेऊ। पास ले जाया गया। न्याय का एक अवयव। ज्ञान लक्षण से उत्पन्न ज्ञान का भेद।

उपनयन, (न.) संस्कार विशेष। यज्ञसूत्र-धारण संस्कार। जनेऊ पहनना। द्विजत्व का प्रधान चिह्न।

उपनाह, (पुं.) बीन बाजे में तार बाँधने की जगह। घाव। फोड़ा शान्त करने की वस्तु।

उपनिधि, (पुं.) अमानत। धरोहर।

उपनिक्षेप, (पुं.) अमानत धरोहर।

उपनिमंत्रण, (न.) न्योता।

उपनिषद्, (स्त्री.) वेद का वह भाग जिसे शिरोभाग कहते हैं और जिसमें ब्रह्म और जीव के स्वरूप का वर्णन पाया जाता है। वेद के गुप्तार्थप्रकाशक ग्रन्थ। ब्रह्मविद्या। वेदान्त। परविद्या। धर्म। पास पहुँचना।

उपनेत्र, (न.) चश्मा। ऐनक।

उपन्यास, (पुं.) वाक्य रचना। सूचना। विचार। छल। भूमिका।

उपपति, (स्त्री.) पति के समान माना गया। जार। गौण पति। रखेला।

उपपत्ति, (स्त्री.) युक्ति। सिद्धि। संगति। मिलावट। साधन। सफलता।

उपपद, (न.) पास या पीछे बोला गया पद।

उपपन्न, (त्रि.) युक्तियुक्त। यथार्थ।

उपपातक, (न.) छोटा पाप।

उपपादन, (न.) युक्ति पूर्वक किसी विषय को समझाना।

उपपुराण, (न.) पुराणों के पीछे के ग्रन्थ। इनकी संख्या भी अठारह ही है।

उपप्लव, (पुं.) उल्कापात। चन्द्र। सूर्य-ग्रहण। गोलमाल।

उपप्लुत (पुं. त्रि.) पीड़ित। मुसीबत में फँसा हुआ। जलमग्न। उपद्रुत।

उपमर्द, (पुं.) पहिले धर्म को छिपा कर दूसरे धर्म को स्थापन करना । आलोडन । मारना रलना ।

उपमेय, (त्रि.) सर्वोच्च । सब से ऊँचा ।

उपमन्यु, (पुं.) एक ऋषि जिनका गोत्र शुक्ल यजुर्वेद में विशेष है । डाही ।

उपमा, (स्त्री.) समानता । सादृश्य । बराबरी । अर्थालङ्कार भेट । उपमेय ।

उपमान, (न.) समानता सूचक । जिससे उपमा दी जाय जैसे " सिंह के समान कटि " में जैसे सिंह उपमान है । उपमा ।

उपमिति, (स्त्री.) उपमा । बराबरी का ज्ञान ।

उपमेय, (त्रि.) सादृश्य या उपमा का अवलम्ब । बराबरी का आश्रय । जैसे " सिंह के समान कटि " में कटि उपमेय है ।

उपयातृ, (पुं.) स्त्री के साथ विहार करने वाला । पति ।

उपयम, (पुं.) विवाह । परिणाम ।

उपयुक्त, (त्रि.) ठीक ठीक । न्याय्य । खाया हुआ । उपयोग में लाया गया । भोगा गया ।

उपयोग, (पुं.) भला आचरण । भोजन । जोड़ना । लगाना । प्रयोग करना ।

उपयोगिता, (स्त्री.) योग्यता । आवश्यकता । कृपा । अभिप्राय ।

उपरक्त, (पुं.) रङ्गीन । राहुग्रस्त चन्द्र सूर्य । सङ्कट में फँसा हुआ ।

उपरत, (त्रि.) विरत । निहत । भरा हुआ । सब कामनाओं से शून्य । ठहर गया ।

उपरति, (स्त्री.) विषयों से इन्द्रियों को हटाना । जीवन । प्रभुत्व और विषय भोगादि की सामग्री और साधन प्रस्तुत होने पर भी उनमें आसक्त न होना । विरति । हटना । मृत्यु जिस बुद्धि द्वारा मनुष्य को यह ज्ञान उत्पन्न होता है कि कर्म से पुरुष का अर्थ सिद्ध नहीं हो सकता उस बुद्धि को उपरति कहते हैं ।

उपरांग, (पुं.) सूर्य और चन्द्रग्रहण । राहु उपद्रव । निन्दा । व्यसन । कष्ट ।

उपराम, (पुं.) निवृत्ति । हटना । विषयों से वैराग्य । आराम । शान्ति ।

उपरि, उपरिष्टात्, (अव्य.) ऊपर ।

उपरुदित, बिलाबिलाना ।

उपरुद्ध, (त्रि.) निजका कमरा ।

उपरूपक, (न.) द्वितीयश्रेणी का अभिनय ।

उपरोध, (पुं.) अनुरोध । अपने पक्ष में करने के अर्थ रुकावट । रोकना । बड़ाई । सहायता । आसरा ।

उपल, (पुं.) पत्थर । रत्न ।

उपलब्धि, (स्त्री.) प्राप्ति । ज्ञान । जानना ।

उपवन, (न.) वन के समान । उद्यान । बनावटी वन । बागीचा ।

उपबर्हं, (पुं. न.) तकिया । सिरहाना ।

उपवास, (पुं.) आठ पहर तक विना कुछ खाये रहना । लङ्घन । अनाहार । उपोषण । व्रत ।

उपवाह्य, (पुं. स्त्री.) राजा की सवारी का हाथी । हथिनी अथवा पालकी ।

उपविष्ट, (त्रि.) आसन पर बैठा हुआ ।

उपवीत, (न.) बाएँ कन्धे पर रखा हुआ यज्ञ-सूत्र अथवा जनेऊ । यज्ञोपवीत । द्विजत्व का प्रधान चिह्न ।

उपबृंहित, (त्रि.) वर्धित । पढ़ा हुआ ।

उपवेद,(पुं.)वेदों से भिन्न किन्तु वेदों के समान जैसे—आयुर्वेद । धनुर्वेद । गान्धर्ववेद और स्थापत्यवेद । भागवत के स्कं० ३ के अ० १२ में इनका निरूपण है ।

उपवेशन, (न.) बैठना ।

उपशम, (पुं.) संयतता । इन्द्रियों को वश में करना । शान्ति । तृष्णा का नाश । रोग का प्रतीकार ।

उपशल्य, (न.) प्रान्त । मैदान ।

उपश्रुति, (स्त्री.) अङ्गीकार । प्रतिज्ञा । भाग्य सम्बन्धी प्रश्न । ख्याति । सुनी बात ।

उपश्लेष, (पुं.) एक ओर की मिलावट। आधार और आधेय का एक ओर मिलना।

उपष्टम्भक, (न.) खूँटा। खम्भा। थूनी। टेक। अधिकता। रोक।

उपसंग्रह, (पुं.) पैर छूना। झुक कर नमस्कार करना। पाँलागन।

उपसंयम, (पुं.) उपसंहार। खींचना। समाप्त करना। पूरा करना। रोकना। बाँधना। जगत् का नाश।

उपसंख्यान, (न.) धोती। पहिरने का वस्त्र।

उपसंहार, (पुं.) अन्तिमभाग। समाप्ति। इकट्ठा करना। खींचना।

उपसत्ति, (स्त्री.) सेवा। मिलना। पूजा।

उपसर्ग, (पुं.) रोग का विकार। उपद्रव। शुभाशुभ की सूचना देने वाला। महाभूत विकाररूप उत्पात। व्याकरण का एक शब्द विशेष।

उपसर्जन, (न.) अप्रधान। गौण। विशेषण। छोड़ना। प्रतिनिधि। एक के स्थान पर काम करने वाला।

उपसृष्ट, (न.) मिला हुआ। दबाया हुआ। मैथुन। भोग।

उपसेक, (पुं.) सींच कर मुलायम करना।

उपस्कर, (पुं.) मसाला। सामान। सामग्री। भूषण। निन्दा। कलङ्क। दोष।

उपस्थ, (पुं.) स्त्री की योनि। पुरुष का लिङ्ग। दोनों का नाम।

उपस्थातृ, (त्रि.) सेवक। नौकर। पुरोहित। भेद। पहुँच गया।

उपस्थान, (न.) निकट होना। नमस्कार। प्रार्थना। प्राप्ति। बहुत लोग।

उपस्पर्श, (पुं.) छूना। स्नान। आचमन।

उपस्पर्शन, (न.) छूना। विधि से आचमन करना।

उपस्पृष्ट, (त्रि.) स्नान किया हुआ। आचमन किया हुआ।

उपहस्तिका, (स्त्री.) पानदान।

उपहर, (पुं.) युद्ध। लड़ाई। एकान्त। निर्जन। निकट।

उपहार, (पुं.) भेंट। नजर। पुरस्कार।

उपहास, (पुं.) हास्य। ठट्ठा।

उपह्वर, (न.) उतार।

उपाकरण, (न.) जनेऊ पहन कर वेद पढ़ना। श्रावणी पूर्णिमा का वैदिक कर्म्म संस्कार कर चुकने पर यज्ञ में पशुहनन। प्रारम्भ।

उपाख्यान, (न.) प्राचीन वृत्तान्त।

उपागम, (पुं.) स्वीकार। मान लेना। पहुँचना। निकट आना।

उपाङ्ग, (न.) अङ्ग के समान। मुख्य का साहाय्य।

उपात्त, (त्रि.) प्राप्त। लिया गया। मद प्रकट न हुआ हाथी।

उपादान, (न.) पकड़ना। लेना। कार्य के साथ मिला हुआ कारण।

उपादेय, (त्रि.) उत्कृष्ट। उत्तम। लेने योग्य। मुख्य। मनोहर।

उपाधि, (पुं.) पदवी। धर्म की चिन्ता। छल। चिह्न। नाम। कुटुम्ब के भरण पोषण की चिन्ता से उत्पन्न घबराहट।

उपाध्याय, (पुं.) अध्यापक। जीविका के लिये वेद अथवा वेदाङ्ग को पढ़ाने वाला।

उपानह, (स्त्री.) जूते।

उपान्त, (पुं.) निकट। समीप। प्रान्त। सिरा। आँख की कोर।

उपाय, (पुं.) उपगम। साधन। उद्योग। शत्रु को वश में करने के चार उपाय—यथा साम, दाम, दण्ड और भेद।

उपार्जन, (क्रि.) पैदा करना।

उपालम्भ, (पुं.) निन्दापूर्वक दुष्ट वचन। दोष। उलहना।

उपासक, (त्रि.) उपासना करने वाला। सेवक। भक्त।

उपासित, (स्त्री.) उपासना। देवता की सेवा।

उपेक्षक, (त्रि.) उदासीन । प्रतीकार लेने के लिये उद्यत न होने वाला ।
उपेक्षा, (स्त्री.) त्याग । उदासीनता ।
उपेन्द्र, (पुं.) विष्णु । वामन ।
उपेन्द्रवज्रा, (स्त्री.) ग्यारह अक्षर के पाद वाला एक छन्द विशेष ।
उपोढ़, (पुं.) विवाहित । समीपी ।
उपोद्घात, (पुं.) आरम्भ । चिन्ता जिससे प्रकृति की सिद्धि हो ।
उपोषण, (न.) उपवास । व्रत । कड़ाका ।
उप्त, (त्रि.) बोया हुआ धान्य । बीज डाला हुआ ।
उब्ज, (क्रि.) रोकना । कोमल होना ।
उभ, (त्रि. द्वि.) दो । यह समास में उभय शब्द बन जाता है ।
उभय, (त्रि. द्वि.) दोनों ।
उभयतस्, (अव्य.) दोनों ओर ।
उभयत्र, (अव्य.) दोनों जगह ।
उभयथा, (अव्य.) दोनों प्रकार ।
उम्, (अव्य.) रोष । क्रोध । स्वीकृति । प्रश्न ।
उमा, (स्त्री.) पार्वती । शिव की पत्नी । हल्दी अलसी । कीर्त्ति । यश । कान्ति । सौन्दर्य । शान्ति । सुख ।
उमाध्व, (पुं.) महादेव । उमाकान्त । उमेश ।
उमासुत, (पुं.) उमापुत्र । कार्त्तिकेय । गणपति ।
उम्भ, (क्रि.) भरना । पूर्ण करना ।
उर्, (क्रि.) जाना ।
उरग, (पुं.) छाती के बल चलने वाला अर्थात् साँप ।
उरगाशन, (पुं.) सर्पभक्षी । गरुड़ ।
उरण, (पुं.) मेढ़ा । मेष ।
उरभ्र, (पुं.) बादल । मेढ़ा । बहुत घूमने वाला ।
उररी, (अव्य.) अङ्गीकार । स्वीकार ।
उरच्छद, (पुं.) कवच । छाती ढकने वाली वस्तु ।
उरस्, (न.) छाती । वक्षःस्थल ।
उरसिज, (पुं.) छाती पर उगने वाला । कुच । स्तन । छाती के बाल ।
उरा, (स्त्री) भेड़ ।
उरुक्रम, (पुं.) बड़ी शक्ति वाला । विष्णु ।
उरु, (न.) चौड़ा औड़ा ।
उरूक, उलूक, (पुं.) उल्लू । घुग्घू ।
उरूणस्, (पु.) चौड़ी नाक वाला ।
उरोज, (पुं.) स्तन । कुच । चूची । छाती के बाल ।
उर्णनाभ, (पुं.) मकड़ी । शरीर के भीतर जाले वाली ।
उर्णा, (स्त्री.) भेड़ के बाल । ऊन ।
उर्व्, (क्रि.) मारना ।
उर्वरा, (स्त्री.) उपजाऊ । शस्यपूर्ण भूमि ।
उर्वशी, (स्त्री.) विषम वासना । उत्कट अभिलाष । एक अप्सरा का नाम ।
उर्विया, (अव्य.) दूर । अन्तर पर ।
उर्वी, (स्त्री.) भूमि । पृथिवी ।
उल्, (क्रि.) देना ।
उलप, (पुं.) बेल । लता ।
उलूखल, (न.) उखली । ऊखल । खल ।
उल्का, (स्त्री.) रेखा के आकार में आकाश से गिरा हुआ तेज का समूह । टूट कर गिरता हुआ तारा ।
उल्कामुखी, (स्त्री.) गहदुनी । गीदड़नी ।
उल्मुक, (न.) अङ्गार ।
उल्लङ्घन, (न.) भङ्ग करना । मर्य्यादा तोड़ना ।
उल्लाप, (पुं.) कराहना । गालियाँ ।
उल्लास, (पुं.) प्रकाश । चमक । प्रसन्नता ।
उल्लिखित, (त्रि.) ऊपर लिखा हुआ । खुदा हुआ । चित्रकारी किया हुआ ।
उल्लेख, (पुं.) उच्चारण । बोलना । लिखना ।
उल्लोच, (पुं.) चन्द्र का प्रकाश । चाँदनी ।
उल्लोल, (पुं.) बड़ी लहर । बड़ी तरङ्ग ।
उल्व, (न.) गर्भाशय ।

उल्बण, (त्रि.) स्पष्ट । प्रकट । आधिक्य ।
उशनस्, (पुं.) भृगुपुत्र शुक्र । शुक्राचार्य । दैत्यगुरु ।
उशिन्, (गु.) उद्यत । तत्पर । राजी ।
उशीर, (पुं. न.) खस ।
उष्, (क्रि.) मारना । जलाना ।
उष, (स्त्री.) सवेरा । तड़का । मुकमुका ।
उष, (पुं.) गुग्गुल । खारी मिट्टी । कामी ।
उषण, (न.) तीत चीज़ जैसे मिर्च, पीपल, सोंठ इत्यादि ।
उषणा, (स्त्री.) पीपल ।
उषर्बुध, (पुं.) अग्नि । चित्रक वृक्ष ।
उषस्, (न.) प्रत्यूष । प्रातःकाल ।
उषसी, (स्त्री.) दिन को नाश करने वाली । संझा । सन्ध्या ।
उषा, (स्त्री.) सवेरा । बाणासुर की कन्या । अनिरुद्ध की स्त्री ।
उषापति, (पुं.) अनिरुद्ध । प्रद्युम्न का पुत्र । श्रीकृष्ण का पौत्र । सूर्य ।
उषित, (त्रि.) बासी । रखा हुआ । जला हुआ । स्थित । ठहरा । रहा ।
उष्ट्र, (पुं.) ऊँट ।
उष्ण, (गु.) गरम । धूप । पियाज । नरकभेद । दक्ष । चतुर ।
उष्णांशु, (पुं.) सूर्य । गरम किरन वाला ।
उष्णीष, (पुं.) गरमी नाश करने वाली । पटका । पगड़ी । मुकुट । किरीट ।
उष्म, (पुं.) निदाघ । गरमी । आतप । धूप ।
उष्मपा, (पुं.) भृगुपुत्र । पितरों में से एक ।
उस्र, (पुं.) रस वाली । किरनें । बैल । गाय । चमकदार ।
उस्रि, (स्त्री.) प्रातः बेला । चमक । प्रकाश ।
उस्रिक, (पुं.) नाटा बैल ।

ऊ

ऊ, नागरी वर्णमाला का छठवाँ अक्षर ।
ऊ, (अव्य.) सम्बोधन । वाक्य का आरम्भ । दया । रक्षा ।
ऊ, (पुं.) महादेव । चन्द्रमा । बचाने वाला ।
ऊत, (त्रि.) सूत से गुथा हुआ । बुना हुआ ।
ऊढ़, (त्रि.) विवाहित । उठाया हुआ । ले जाया गया ।
ऊति, (स्त्री.) सीना । बचाना ।
ऊधन्, (सं.) छाती । दिल । थन । ऐन । मेघ । बादल ।
ऊधस्, (न.) मेड़ । लेवा । थन ।
ऊन, (त्रि.) हीन । असमाप्त । निर्बल । कम । अधूरा ।
ऊम्, (अव्य.) प्रश्न । निन्दा । क्रोधवाक्य ।
ऊय्, तातों को फैलाना । बुनना ।
ऊरर्री, (अव्य.) अङ्गीकार । विस्तार । फैलाव ।
ऊरव्य, (पुं.) भगवान् की ऊरू से उत्पन्न वैश्य ।
ऊरु, (पुं.) घुटने के ऊपर का भाग । जङ्घा । जाँघ ।
ऊरुपर्वन्, (पुं.) घुटना । जानु ।
ऊर्ज्जजीना, (क्रि.) ज़ोर करना ।
ऊर्ज्ज, (पुं.) कातिक का महीना । बल । उत्साह । दिलेरी ।
ऊर्ज्जस्थल, (त्रि.) बलवान् ।
ऊर्ज्जित, (त्रि.) प्रसिद्ध । बड़ा बली । वर ।
ऊर्णनाभि, (पुं.) मकड़ी । भौं के बीच का गोलाकार रोम समूह जो महापुरुष होने का चिह्न है ।
ऊर्णा, (त्रि.) ऊन । पशम । भँवर । दोनों भौं के बीच का रोम समूह " ऊर्णासनाथं " कादम्बरी ।
ऊर्णायु, (पुं.) मेष । कम्बल । मकड़ी । क्षण भर में टूटने वाला ।
ऊर्णु, (क्रि.) ढाकना ।
ऊर्द्ध्व, (त्रि.) ऊपर की ओर । ऊँचा ।
ऊर्द्ध्वकण्ठी, (स्त्री.) महाशतावरी लता । बेल ।

ऊर्द्ध्वपाद, (पुं.) शरभ नामक जीव जो हाथी का शत्रु है। इसके आठ पावँ होते हैं।

ऊर्द्ध्वपुण्ड्र, (पुं.) ऊँचा ↓ दण्डाकार या गन्ने जैसा सीधा तीन रेखा वाला टीका। तिलक जिसे वैष्णव लोग धारण करते हैं और धार्मिक प्रधान चिह्न मानते हैं।

ऊर्द्ध्वरेतस, (पुं.) जिसका वीर्य ऊपर रहता हो। नीचे न गिरता हो। अखण्ड ब्रह्मचारी जैसे महादेव। सनकादि। संन्यासी। भीष्म पितामह।

ऊर्द्ध्वलिङ्ग, (पुं.) महादेव।

ऊर्द्ध्वलोक, (पुं.) स्वर्ग।

ऊर्म्मि, (पुं.) तरङ्ग। लहर। प्रकाश। वेग। पीड़ा। चाह। भूख आदि छः ऊर्मियाँ हैं।

ऊर्म्मिका, (स्त्री.) अंगूठी।

ऊर्म्मिमालिन्, (पुं.) समुद्र।

ऊर्म्मिला, (स्त्री.) लक्ष्मण जी की पत्नी का नाम।

ऊर्म्या, (स्त्री.) रात्रि। रात।

ऊष, (पुं.) प्रभात। चन्दन। खारी नदी।

ऊषण, (त्रि.) परिघ। पीपलामूल। चीता। मद्य। सोंठा।

ऊषर, (त्रि.) ऊसर भूमि। जिसमें कोई चीज उत्पन्न न हो।

ऊष्मन्, (पुं.) ग्रीष्म। गरमी।

ऊह्, (क्रि.) वितर्क करना।

ऊह, (पुं.) तर्क वितर्क। अनुमान। अध्याहार। छूटे हुए शब्दों को लगा कर वाक्य पूरा करना। जोड़।

ऊहवत्, (गु.) बुद्धिमान्। तीव्र।

ऊहिनी, (स्त्री.) सेना। ढेर।

ऊहा, (स्त्री.) अध्याहार। जोड़। वाक्य में लुप्त वाक्यों को जोड़ कर अर्थ पूरा करना।

ऋ

ऋ, नागरी वर्णमाला का सातवाँ अक्षर।

ऋ, (क्रि.) हिंसा करना। मारना। प्राप्ति होना।

ऋकथ, (न.) धन। सोना। धर्मशास्त्रानुसार दायरूप धन। बड़ों को बाँटने योग्य धन।

ऋकुथ, गाना। चिल्लाना।

ऋक्ष, (पुं.) रीछ। नक्षत्र। मेषादि राशि। गङ्गा।

ऋक्षगन्धा, (स्त्री.) महाश्वेता। क्षीर-विदारी।

ऋक्षराज, (पुं.) जाम्बवान्। चाँद।

ऋग्वेद, (पुं.) वेद जिसमें प्रधान विषय देवताओं की स्तुति है अथवा जिसमें परमात्मा की स्तुति का वर्णन है। भारत की सबसे पुरानी धर्मपुस्तक।

ऋघाय, (न.) तरकस। काँपना। क्रोध।

ऋघावत्, (न.) तूफानी।

ऋच्, (क्रि.) स्तुति करना। प्रशंसा करना।

ऋच्, (स्त्री.) सूक्त। गीत। ऋग्वेद का मंत्र। स्तुति। पूजन। वेदों की ऋचा (मन्त्र)।

ऋच्छ्, (क्रि.) मोह करना। मूर्च्छित होना। बे सुध हो जाना।

ऋज्, (क्रि.) जाना और कमाना।

ऋजीक, (न.) चमकदार। भड़कीला।

ऋजीष, (न.) कढ़ाई। धन। एक नरक।

ऋजु, (त्रि.) सरल। सीधा।

ऋञ्ज, (त्रि.) ललोहों। सुर्खी माइल।

ऋण, (न.) कर्ज्ज। देना। जल। दुर्ग। दुर्ग की भूमि। देव, ऋषि और पितरों के उद्देश से यथाक्रम यज्ञ करना। वेद का अध्ययन और सन्तानोत्पत्ति नामक अवश्यमेव कर्त्तव्य कर्म।

ऋणमार्गण, (न.) प्रतिभू। जामिन्दार।

ऋणादान, (न.) कर्ज लेना। अठारह प्रकार व्यवहारों में से एक।

ऋणिन्, (पुं.) ऋण लेने वाला। उधार काढ़ने वाला।

ऋत्, (क्रि.) जाना।

ऋत, (न.) ब्राह्मण की उपजीव्य वृत्ति । ब्राह्मण के भोजन करने योग्य भोजन । मोक्ष । कर्म का फल । प्रिय वचन । सत्य जो कायिक, वाचिक, मानसिक हो । चमकता हुआ । पूज्य । सच्चा । ईमानदार ।

ऋतधामन्, (पुं.) विष्णु । नारायण । जिसका सत्य घर है ।

ऋतम्, (अव्य.) सत्य । सच्चा ।

ऋतम्भरा, (स्त्री.) योगशास्त्रानुसार सत्य को धारण और पुष्ट करने वाली चित्त की वृत्ति का एक भेद ।

ऋति, (स्त्री.) सौभाग्य । कल्याण । मार्ग । स्पर्द्धा । निन्दा । जाना । बुराई ।

ऋतु, (पुं.) वसन्तादि छः ऋतु । मौसम । स्त्रियों का मासिक समय जब रजोधर्मयुक्त हो शुद्ध होती हैं । चमक । ठीक समय जैसे- चैत्र से दो दो मासों में एक एक ऋतु होती है ।

ऋतुमती, (स्त्री.) रजस्वला ।

ऋतुराज, (पुं.) ऋतुओं का राजा, अर्थात् वसन्त ।

ऋते, (अव्य.) विना । सिवाय ।

ऋतेजा, नियमानुकूल रहना ।

ऋतेरक्षस्, (न.) भूत प्रेतों को भगाना ।

ऋतोक्ति, (स्त्री.) सत्य वचन ।

ऋत्वन्त, (पुं.) ऋतु का अन्त । वसन्तादि एक ऋतु का समाप्त होना । स्त्री के रजोधर्म से १६ वीं रात्रि ।

ऋत्विज्, (पुं.) जो निरन्तर यज्ञ करता हो । यज्ञकर्त्ता । पुरोहित ।

ऋत्विय, (पुं.) नियमानुसार । निरन्तर । ऋत्विक् कर्म को जानने वाला ।

ऋद्ध, (न.) पका और माँजा हुआ अन्न । समृद्ध । सम्पत्तिशाली । सिद्धान्त । बढ़ा हुआ ।

ऋद्धि, (स्त्री.) बढ़ती । देवभेद । औषध विशेष । दुर्गा ।

ऋधक, (क्रि.) देना । मारना । निन्दा करना । लड़ना ।

ऋभु, (पुं.) देव । देवता । चतुर । चालाक । जो स्वर्ग में या अदिति में हुए हों ।

ऋभुक्ष, (पुं.) स्वर्ग । वज्र । इन्द्र ।

ऋभ्वन्, (पुं.) पटु । दक्ष ।

ऋष्, (क्रि.) जाना । गति ।

ऋष्य, (पुं.) एक प्रकार का बारहसिंहा ।

ऋषभ, (पुं.) बैल । एक ओषधि । जैनियों का मान्य पहला अवतार ऋषभदेव मुनि विशेष । अच्छा ।

ऋषभतर, (पुं.) कमजोर बैल ।

ऋषभध्वज, (पुं.) शिवजी । महादेव ।

ऋषभा, (स्त्री.) पुरुष के रूपवाली स्त्री । शिवा लता ।

ऋषि, (पुं.) वेद । मंत्रद्रष्टा मुनि । अनुष्ठानादि कर्म बतलाने वाले सूत्रों के रचयिता । आचार्य । गोत्र और प्रवर के प्रवर्तक । मत्स्यविशेष ।

ऋषियज्ञ, (पुं.) ब्रह्मयज्ञ । वेदाध्ययन ।

ऋषु, गर्मी । अङ्गारा ।

ऋष्य, (पुं.) मृगभेद । एक प्रकार का हिरन ।

ऋष्टि, (स्त्री.) दुधारा खड्ग । दोनों ओर धार वाली तलवार । भाला ।

ऋष्यमूक, (पुं.) पम्पा सरोवर के समीप फूले हुए वृक्षों से लदा हुआ पर्वत ।

ऋष्यशृङ्ग, (पुं.) विभाण्डक मुनि के पुत्र जिन्होंने लोमपाद राजा को शान्ता नामक कन्या के साथ विवाह किया था और राजा परीक्षित् को सर्प काटने का शाप दिया था ।

ऋष्व, (पुं.) बड़ा । ऊँचा । अच्छा । देखने योग्य । इन्द्र और अग्नि का नाम ।

ऋ

ऋ, नागरी वर्णमाला का आठवाँ अक्षर ।

ऋ, (स्त्री, पुं.) जाना (अव्य.) बचाना । रक्षा । निन्दा । डरना । छाती । दैत्य और देवताओं की माता । स्मरणशक्ति । जाना । भैरव । दैत्य । दया ।

ऌ

ऌ, नागरी वर्णमाला का नवाँ अक्षर। अव्यय में इसका अर्थ होता है। देवता और दैत्यों की माता। पृथिवी। पर्वत।

ॡ

ॡ, नागरी वर्णमाला का दसवाँ अक्षर।

ॡ, (अव्य.) देवताओं की माता। देवस्त्री। महादेव (पुं.) दैत्यों की माता (स्त्री.) विष्णु (पुं) संस्कृत का कोई भी शब्द ऌ या ॡ से आरम्भ नहीं होता।

ए

ए, नागरी वर्णमाला का ग्यारहवाँ अक्षर।

ए, (अव्य.) दया। स्मरण करना। घृणा करना। बुलाना। (पुं.) विष्णु।

एक, (त्रि.) संख्या एक। मुख्य। केवल। और। सच्चा। एक ही। समान। थोड़ा।

एकक, (त्रि.) असहाय। अकेला।

एकचक्र, (न.) एक पहिये वाला सूर्य का रथ। एक पुरी का नाम। जहाँ रह कर पाण्डवों ने बकासुर को मारा था। चक्रवर्त्ती राजा।

एकचर, (त्रि.) अकेला घूमने वाला। साँप।

एकजाति, (पुं.) जिसका एक ही बार जन्म होता है। शूद्र।

एकजातीय, (त्रि.) एक प्रकार का। एक जाति का। बराबर।

एकतम, (त्रि.) अनेकों में एक।

एकतर, (त्रि.) दो के बीच एक। दो में से एक।

एकतस्, (अव्य.) एक ओर से।

एकतान, (कि.) श्रद्धा करना। भरोसा करना। एक पर विश्वास करने वाला। एक ही ओर ध्यान वाला। एक ही ओर ध्यान लगाने वाला।

एकत्र, (अव्य.) एक जगह। एक स्थान पर। एक जगह में।

एकत्व, (न.) अभेद। एकता। बराबर। सायुज्य मुक्ति। ध्येय और जीव की अभेद दशा।

एकदण्डिन्, (पुं.) एकमात्र दण्ड को धारण करने वाला। शिखा यज्ञोपवीतादि रहित। संन्यासी।

एकदन्त, (पुं.) एक दाँत वाला। गणेश।

एकदा, (अव्य.) एक बार। किसी समय।

एकदृक्, (त्रि.) एक नेत्रवाला। काना। काक। अभिन्न भाव वाला। शिव।

एकधा, (अव्य.) एक प्रकार का।

एकपत्नी, (स्त्री.) पतिव्रता। सच्ची औरत।

एकपदी, (स्त्री.) छोटा रास्ता। पगडंडी।

एकपदे, (अव्य.) सहसा। अकस्मात्। अचानक। एक ही बेर।

एकपिङ्ग, (पुं.) पीली एक आँख वाला कुबेर।

एकभक्तव्रत, (पुं. न.) आधा दिन बीतने पर भोजन करने वाला और फिर रात में न खाने वाला।

एकयष्टिका, (स्त्री.) इकलरी। एक लरकी।

एकराज्, (पुं.) सार्वभौम। चक्रवर्त्ती। बारह मण्डल का अधिपति।

एकविंशति, (स्त्री.) इक्कीस। संख्या विशेष। २१।

एकवीर, (पुं.) बड़ा वीर। एक प्रकार का वृक्ष।

एकाशफ, (पुं.) एक खुर वाले। गधा। घोड़ा। खच्चर आदि।

एकशेष, (पुं.) द्वन्द्व समास का एक भेद जिसमें एक ही बच रहै।

एकश्रुति, (स्त्री.) प्रातिशाख्य में प्रसिद्ध उदात्त, अनुदात्त और स्वरित का विभाग किये विना बोलना।

एकसर्ग, (त्रि.) एक ओर मन वाला। एकाग्रचित्त।

एकाकिन्, (त्रि.) अकेला। असहाय।

एकाक्ष, (वि.) काना । कौआ । एक आँख वाला ।
एकाग्र, (त्रि.) एकमन । एकचित्त ।
एकादशी, (स्त्री.) प्रत्येक पक्ष की ग्यारहवीं तिथि । वैष्णवों के उपवास का दिन ।
एकान्त, (त्रि.) अत्यन्त । आवश्यक । अकेला । दृढ़ ।
एकान्ततस्, (अव्य.) अव्यभिचारी । जरूर होने वाला । केवल ।
एकाश, (त्रि.) एक बार खाने का व्रत ।
एकाब्दा, (स्त्री.) एक वर्ष की अवस्था की गौ ।
एकायन, (त्रि.) एक ही विषय में लगा हुआ । एकाग्रमन । संसार वृक्ष ।
एकावली, (स्त्री.) एक लर का हार । अर्थालङ्कार का भेद ।
एकाश्रय, (त्रि.) अनन्यगति ।
एकाह, (पुं.) एक दिन ।
एकाहार, (पुं.) दिन भर में एक बार भोजन करने वाला ।
एकीभाव, (पुं.) एकत्व । ऐक्य ।
एकीय, (त्रि.) एक का सहायक । एक पक्ष का ।
एकोद्दिष्ट, (न.) एक के उद्देश से किया हुआ श्राद्ध । वार्षिक श्राद्ध वाला ।
एकोनविंशति, (स्त्री.) उन्नीस । १९ ।
एज्, (क्रि.) काँपना । चमकना ।
एड, (पुं.) मेढ़ा । बहिरा । डोरा ।
एडक, (पुं.) भेड़ । बड़े सींगों वाला भेड़ा । भेड़ ।
एडमूक, (त्रि.) गूंगा । और बहरा आदमी ।
एण, (पुं.) काले रङ्ग का हिरन ।
एणतिलक, (पुं.) हिरन के चिह्न वाला । मृगाङ्क । चन्द्रमा ।
एणाजिन, (न.) हिरन का चमड़ा । मृगचर्म ।
एन, (त्रि.) हिरन । चितकबरा रङ्ग ।
एतद्, (त्रि.) सामने । यह ।
एतर्हि, (अव्य.) अब ।
एतवे, (क्रि.) टहलना ।
एध्, (क्रि.) बढ़ना ।
एधस्, (न.) आग भड़काने वाली वस्तु । लकड़ी । इन्धन ।
एधित, (त्रि.) वृद्धि युक्त । बढ़ा हुआ ।
एनस्, (न.) पाप । अपराध । दोष ।
एना, (अव्य.) यहाँ वहाँ ।
एनी, (स्त्री.) बारहसिंही ।
एमन्, (पुं.) मार्ग । रास्ता ।
एरका, (स्त्री.) गाँठ रहित तृण । एक प्रकार की घास ।
एरण्ड, (पुं.) एक पेड़ ।
एर्वारुक, (पुं. स.) ककड़ी ।
एला, (स्त्री.) इलायची ।
एव, (अव्य.) सादृश्य । समानता । परिभव । तिरस्कार । निश्चय । ही ।
एवम्, (अव्य.) इस प्रकार । और । स्वीकार । प्रश्न । निश्चय ।
एष्, (क्रि.) जाना ।
एषण, (पुं.) लोहे का बाण । इच्छा । (स्त्री.) पुत्र, लोक और धन की कामना । सुनार का काँटा ।

ऐ

ऐ, नागरी वर्णमाला का बारहवाँ अक्षर । (अव्य.) स्मरण । बुलाना । शिव । सम्बोधन-सूचक ।
ऐकमत्य, (न.) एक आशय । एकमत ।
ऐकागारिक, (पुं.) चोर ।
ऐकाग्र्य, (त्रि.) ध्यान । एक ही ओर मन लगा हुआ ।
ऐकात्म्य, (न.) एका करना । अद्वितीय आत्मा का होना ।
ऐकाङ्क, (पुं.) अङ्करक्षक एक सिपाही ।

ऐकान्तिक, (त्रि.) न रुकने वाला । नितान्त । दृढ़ । अव्यभिचारी ।

ऐकाहिक, (त्रि.) एक दिन में होने वाला । एक दिन का ।

ऐक्य, (न.) अभेद । मेल । एकत्व ।

ऐक्षव, (त्रि.) गन्ने का रस । गुड़ ।

ऐक्ष्वाक, (पुं.) इक्ष्वाकुवंशसम्भूत । सूर्यवंशी राजा ।

ऐङ्गुद, (न.) इङ्गुदी वृक्ष का फल (लसोड़ा)। हिंगोट का फल ।

ऐतिहासिक, (त्रि.) इतिहाससम्बन्धी ।

ऐतिहास्य, (न.) इतिहासी ।

ऐदपद्य, (पुं.) मुख्य विषय । छोर ।

ऐन्दव, (पुं.) चन्द्र-सम्बधी मृगशिरा नक्षत्र ।

ऐन्द्रजाल, (न.) जादू । दीठबन्ध ।

ऐन्द्रि, (पुं.) काक । कौआ ।

ऐन्द्रिय, (पुं. न.) विषय भोग ।

ऐरावण, (पुं.) इन्द्र के हाथी का नाम ।

ऐरावत, (पुं.) एक सर्प का नाम । इन्द्र-धनुष । समुद्र से निकला इन्द्र का हाथी ।

ऐरिण, (न.) सेंधा नोन । पहाड़ी नोन ।

ऐरेय, (न.) अन्नसम्भूत । मदिरा ।

ऐल, (पुं.) इला का बेटा । बुध का पुत्र । राजा पुरूरवा ।

ऐलव, (पुं.) शोर । कोलाहल । हल्ला गुल्ला ।

ऐलविल, (पुं.) कुबेर । इलविला का पुत्र ।

ऐश, (पु.) महादेव जी का । शिव जी का ।

ऐशान–ी, (न. स्त्री.) जिसका शिव देवता है । उत्तर और पूर्व की दिशा ।

ऐश्य, (न.) शक्ति । सामर्थ्य ।

ऐश्वर्य्य, (न.) विभव । आठ प्रकार की विभूतियाँ ।

ऐषमस्, (अव्य.) वर्त्तमान वर्ष ।

ऐषीक, (पुं.) नरकुल का बना हुआ ।

ऐष्टिक, (पुं.) ईंट का बना हुआ ।

ऐहलौकिक, (त्रि.) इस लोक में होने वाला । इस लोक का ।

ऐहिक, (न.) इस लोक का ।

ओ

ओ, नागरी वर्णमाला का तेरहवाँ अक्षर । (अव्य.) स्मरण । सम्बोधन । दया । बुलाना ।

ओ, (न.) ब्रह्मा । जगत्पति ।

ओक, (पुं.) पक्षी । वृषल । शूद्र ।

ओकस्, (न.) घर । सुख ।

ओकोदनी, (स्त्री.) केशकीट । जूँ । लीख ।

ओख्, (क्रि.) सुखाना । सजाना । हटाना । सामर्थ्य रखना ।

ओघ, (पुं.) पानी की धार । शीघ्र नाचना । गाना । बजाना ।

ओङ्कार, (पुं.) ओं । प्रणव ।

ओज, (क्रि.) बल करना । ज़ोर करना । (सं.) ऊना ।

ओजस्, (न.) दीप्ति । चमक । प्राणबल । सामर्थ्य । शक्ति । ज्योतिष शास्त्रानुसार १ ली, ३री, ५वीं, ७ वीं आदि विषमराशि । धातुपुष्ट करने वाली ओषधि ।

ओजिष्ठ, (त्रि.) बहुत तेज वाला । अति बल वाला । बड़ा बली ।

ओण, (क्रि.) निकालना । हटाना ।

ओत, (त्रि.) अन्तर्व्याप्त । बुना हुआ ।

ओतु, (त्रि.) ताने बाने के सूत । बिड़ाल । बिल्ला ।

ओदन, (पुं.) भात । गीला अन्न ।

ओम्, (अव्य.) प्रणव । ओंकार । प्रश्न का स्वीकार करना । हाँ कहना । ओङ्कार वाचक ब्रह्म । आरम्भ । स्वीकार । हटाना । मङ्गल । ब्रह्म । जानने योग्य । निकालना ।

ओमन्, (पुं.) कृपा । सहायता ।

ओष, (क्रि.) दाह । जलाना ।

ओषधि, (स्त्री.) दाह को धारण करने वाली । वृक्ष जो फलों के पकने तक ही रहते हैं । धान । जौ । दवाई । जंगली वनस्पति ।

ओषधिप्रस्थ, (पुं. न.) हिमालय ।
ओषम्, (अव्य.) शीघ्रता से ।
ओष्ठ, (पुं.) होठ । दाँतों का परदा ।
ओष्ठी, (स्त्री.) बिम्बफल नामी वृक्ष । तेलाकुचा । कुँदुरू ।
ओष्ठ्य, (पुं.) अक्षर जिनका उच्चारण होठों की सहायता से होता है ।
ओष्ठपमफला, (स्त्री.) बिम्ब की लता । कुँदुरू की बेल ।

औ

औ, देवनागरी वर्णमाला का चौदहवाँ अक्षर ।
औक्ष, (न.) वृषसमूह । बैलों की हेड़ । बैलसम्बन्धी ।
औख्य, (त्रि.) बटलोई या तसले में रींधी हुई वस्तु ।
औग्र्य, (न.) उग्रता । तीव्रता ।
औघ, (पुं.) जल की बाढ़ ।
औचि ती-औचित्य, (स्त्री. न.) न्यायत्व । सत्यत्व । योग्यता ।
औच्चैःश्रवस, (पुं.) इन्द्र के घोड़े का नाम ।
औज्ज्वल्य, (न.) चमक । उजलापन ।
औदुम्बर, (पुं.) चतुर्दश यमों में से एक प्रकार का यम । कुष्ठरोगभेद । गूलर का । ताँबे का । मृत्यु का देवता ।
औडुप, (त्रि.) नक्षत्रसम्बन्धी । तारों का ।
औत्कण्ठ्य, (पुं.) उत्कण्ठा । इच्छा । खेद ।
औत्तानपादी, (पुं.) उत्तानपाद राजा की सन्तति । ध्रुव नामी राजा । न हिलने वाला तारा । ध्रुवतारा ।
औत्तमि, (पुं.) तीसरे मनु का नाम । उत्तम का पुत्र ।
औत्पत्तिक, (पुं.) प्राकृतिक । प्रकृतिसम्बन्धी ।
औत्पातिक, (पुं.) असाधारण । विशेष ।
औत्सर्गिक, (त्रि.) सामान्य विधि के योग्य । प्राकृतिक । त्याज्य । स्वाभाविक । छोड़ने योग्य ।
औत्सुक्य, (न.), उत्कण्ठा । इच्छा । अभिलाषा ।
औदक, (न.) जलोद्भव । जल में उत्पन्न होने वाला ।
औदनिक, (त्रि.) रसोइया जो भात बनाता है ।
औदरिक, (पुं.) खाऊ । पेटू । केवल पेट भरने की चिन्ता वाला ।
औदार्य, (न.) उदारता । महत्त्व । बड़प्पन ।
औदासीन्य, (न.) उपेक्षा । उदासीनता ।
औदास्य, (न.) वैराग्य । विरक्ति । मन न लगना ।
औदुम्बर, (पुं.) गूलर की लकड़ी का बना हुआ ।
औद्धत्य, (न.) उद्दण्डता । अविनीतत्व ।
औद्वाहिक, (न.) विवाह के समय मिली हुई वस्तु ।
औपचारिक, (पुं.) उपचारसम्बन्धी ।
औपधर्म्य, (न.) झूठा सिद्धान्त ।
औपधिक, (पुं.) धोखा । छल । प्रपञ्च ।
औपनिषद, (पुं.) उपनिषदों द्वारा ही जानने योग्य ।
औपनीविक, (त्रि.) धोती की गाँठ के पास लगा हुआ ।
औपम्य, (न.) सादृश्य । समानता ।
औपयिक, (त्रि.) उपाय से प्राप्त । ठीक । न्याय से प्राप्त वस्तु ।
औपवस्तक, (पुं. न.) आरम्भिक । आरम्भ का ।
औपवाह्य, (न.) सवारी के योग्य ।
औपसर्गिक, (पुं.) वात आदि सन्निपात से उत्पन्न रोग ।
औपहारिक, (पुं.) भेंट या पुरस्कार सम्बन्धी ।
औपाकरण, (न.) वेदाध्ययन का आरम्भ ।
औरभ्र, (न.) कम्बल, ऊन का बना ।
औरभ्रक, (न.) भेड़ों का झुण्ड ।
औरस, (पुं.) ब्याही हुई स्त्री के गर्भ से उत्पन्न सन्तान । सच्चा पुत्र ।

और्ण, (पुं.) ऊनी ।

और्ध्वदेहिक, (त्रि.) श्राद्धादि कर्म । प्रेत-कर्म । मरने के बाद प्रेतसंस्कार से लगा कर मङ्गल श्राद्ध पर्यन्त की जाने वाली क्रिया । दशगात्रविधि ।

और्व, (पुं.) उर्व की औलाद । वाड़वानल । खड़ी नमक । पृथिवी का ।

और्वशेय, (पुं.) उर्वशी से उत्पन्न ।

औलूक, (न.) उल्लुओं का समूह ।

औलूक्य, (पुं.) वैशेषिक दर्शनकार कणाद मुनि ।

औशनस्, (न.) शुक्र से कही हुई राज-नीति ।

औशीर, (न.) चौंर की डण्डी । शय्या और पीठ । शयन । बिस्तर । आसन ।

औषध-धी, (न. स्त्री.) दवाई । सिद्ध की हुई दवा ।

औषस, (गु.) प्रातःकाल का ।

औष्ट्र, (गु.) ऊँट से उत्पन्न दूध ।

औष्ट्रक, (गु.) ऊँटों का गिरोह ।

औष्ठ्य, (त्रि.) होठों की सहायता से उच्चारित अक्षर ।

औष्ण्य, (न.) गरम । गरमी । धूप । सन्ताप ।

औष्म्य, (न.) सन्ताप । उष्णता ।

क

क, व्यञ्जनों में प्रथम अक्षर । पांचों वर्गों में प्रथम अक्षर ।

क, (पुं. न.) कौन । क्या । जल । ब्रह्म । वायु । आत्मा । यम । दक्ष प्रजापति । सूर्य । अग्नि । विष्णु । काल । राजा । भोर । शरीर । मन । धन । प्रकाश । शब्द । सुख । शिर । रोग ।

कंस, (पुं.) उग्रसेन का पुत्र राजा कंस । तेज बढ़ाने वाली वस्तु । काँसा धातु । सोने व चाँदी का बना हुआ मदिरा-पान के लिये बरतन । कटोरा । आढ़क के नाम से प्रसिद्ध तौल ।

कंसक, (न.) नेत्र रोग के लिये हीराकस नामक एक विशेष औषधि । जस्त का सार । कौसीस ।

कंसकार, (पुं.) कसेरा । बरतन बनाने वाली एक जाति ।

कंसजित्, (पुं.) श्रीकृष्ण ।

कंसारति, (पुं.) श्रीकृष्ण ।

कक्, (क्रि.) चाहना । जाना ।

ककुत्स्थ, (पुं.) सूर्यवंशी एक राजा । जिसकी सन्तान ने बैल की ठड्डी पर बैठ कर शत्रु विजय करने के कारण ककुत्स्थ उपाधि धारण की थी । इक्ष्वाकु का पोता । इसी कुल में श्रीरामावतार हुआ था ।

कक्कु, (क्रि.) हँसना ।

ककुद्, (स्त्री.) छाता आदि राजचिह्न । प्रधान । पर्वत की चोटी । बैल के कन्धे का मांस ।

ककुद्मत्, (पुं.) बैल । कुब्ब वाला । पर्वत । कमर ।

ककुद्मती, (स्त्री.) रेवत राजा की कन्या रेवती, जिसको साथ ले कर राजा ब्रह्मा से पूछने गया और लौट कर बलदेव जी को ब्याही । कमर ।

ककुन्दर, (न.) कूपक । खूआ । राँन ।

ककुभ, (स्त्री.) दिशा । शोभा । चम्पे के फूलों की माला । शाल्व । रागिनीभेद । पहाड़ की चोटी । वृक्षविशेष ।

ककुब्जय, (पुं.) दिग्विजय ।

कक्कोल, (पुं.) गन्धद्रव्य । वनकपूर । शीतलचीनी ।

कक्ष, (पुं.) स्त्रियों के दुपट्टे के पीछे का आँचल । लता । समीप का भाग । राजा का अन्तःपुर । भुजाओं का मूल । कन्ध । आँचल । हाथी बाँधने का रस्सा । काञ्ची ।

पाप। वन। घर की दीवार। काँच निकलने का रोग। तड़ागी। तह। परत।

कक्षोत्था, (स्त्री.) नागरमोथा।

कक्ष्या, (स्त्री.) हाथी बाँधने का चमड़े का रस्सा। राजप्रासाद का बड़ा कमरा। बराबरी। साहस। (स्त्री.) उत्तरीय वस्त्र। ऊपर का कपड़ा। तराजू।

कग्, (क्रि.) क्रिया करना। चलना।

कङ्क, (पुं.) काक नामक एक पक्षी, इसी पक्षी के परों से बाणों के पुङ्ख बनाये जाते हैं। युधिष्ठिर का वह नाम जो उन्होंने विराटनगर में पहुँचने पर स्वयं रखा था।

कङ्कट, (पुं.) कवच। वर्म्म।

कङ्कण, (न.) विवाह के समय स्त्री पुरुष दोनों के हाथ में बाँधा जाने वाला सात गाँठों का सूत्र। करभूषण। हाथ का भूषण। ककना। ककनी।

कङ्कत, (न.) कंघी। बालों को साफ करने वाली।

कङ्कतिका, (स्त्री.) नागबला। कंघी।

कङ्कती, (स्त्री.) कंघी।

कङ्कपत्र, (पुं.) तीर। बाण।

कङ्कमुख, (पुं.) सड़ांसी। सड़सी। कङ्कपक्षी के मुख जैसा।

कङ्काल, (पुं.) हड्डियों का पिञ्जर। खखड़ी।

कङ्कालमालिन्, (पुं.) अस्थिपिञ्जर की माला वाला। इन्द्र। रुद्र।

कङ्कु, (पुं.) कगुनी—एक प्रकार का अनाज।

कन्च्, (क्रि.) शब्द करना। बाँधना। वैर करना।

कच, (पुं.) बाल। बृहस्पति का पुत्र। सूखा घाव। मेघ। बादल। हथिनी। सजावट।

कचु, (स्त्री.) कचूर। हल्दी।

कचर, (त्रि.) मलिन। मैला। छात्र।

कच्चित्, (अव्य.) हर्ष। मङ्गल। इष्ट प्रश्न।

कच्छ, (पुं.) स्थान जहाँ पानी ही पानी हो। तट। खाल। कछवा। पुन्नागद्रुम। केसर का पेड़। काछनी।

कच्छप, (पुं.) कूर्म्म। कछवा। कुबेर का धनागार। मदिरा निकालने की कला। वृक्षविशेष। मल्लयुद्ध।

कच्छुर, (त्रि.) लम्पट। व्यभिचारी। व्यभिचारिणी स्त्री।

कज, (न.) कमल। पद्म।

कज्जल, (न.) अञ्जन। काजल। बादल। मच्छी विशेष।

कज्जलरोचक, (पुं.) डीवट। दीपक की बैठकी। कज्जल को चमकाने वाला।

कञ्चुक, (पुं.) लोहे का वर्म्म। केंचुली। चोली। अङ्गिया। कुर्ता।

कञ्चुकिन्, (पुं.) ड्योढ़ीदार। दरबान। साँप। जार। जौ। वर्म्मधारी। रनवास-रक्षक। चणक नामक मुनि। अङ्गरखा पहरने वाला।

कञ्जक, (पुं.) मैना। कोयल।

कञ्जार, (पुं.) सूर्य। ब्रह्मा। उदर। पेट।

कट, (क्रि.) जाना। बरसना। हस्तिगण्ड-स्थल। बहुत। काल। चटाई। मुर्दे की रथी। तख्ता। औषध। मरघटा। कमर। कमर का मांस।

कटक, (स्त्री.) सेना। पर्वत का मध्यभाग। जोशन। हाथीदाँत। पहिया। राजधानी। समुद्र का नमक। वृत्त। भूमि।

कटङ्कट, (पुं.) शिवजी का नाम।

कटपूतन, (सं.) राक्षसविशेष।

कटप्रू, (पुं.) महादेव। विद्याधर। मायावी राक्षस। पाँसा खेलने वाला। क्रीड़ा। जुआरी।

कटभङ्ग, (पुं.) सेना के हारने से राजा का नाश। हाथ से धान को निकालना।

कटीयन, (न.) तृण जिनकी चटाई बनाई जाती है । खस ।

कटाह, (पुं.) भैंस का बच्चा। पड़ा। पड़वा । कढ़ाई । खप्पर । नरक ।

कटि, (स्त्री.) कमर । चूतड़ ।

कटित्र, (न.) कटिवस्त्र । करवेड़ ।

कटिल्ल, (पुं.) करेला ।

कटिसूत्र, (न.) करधनी । मेखला । गोट ।

कटु, (न.) कड़वा । तीता । दुर्गन्ध । कटुकी लता। चम्पक । चीनकपूर । पटोल । नीम ।

कटुकन्द, (पुं.) कड़वी जड़ वाला । सैजना । अदरक । लहसन ।

कटुकीटक, (पुं.) मच्छर ।

कटुकाण, (पुं.) तेज़ आवाज़ वाला । तीतर । टटीरा । परिन्दा ।

कटुग्रन्थि, (पुं.) पिप्पलीमूल । पीपल की जड़ । सोंठ की जड़ ।

कटुच्छद, (पुं.) तगर का पेड़ ।

कटुत्रय, (न.) कड़वी तीन चीज़ें । सोंठ, पीपल, काली मिरच ।

कटुदला, (स्त्री.) कर्कटी । कंडियारी बूटी ।

कटुर, (न.) मठा । छाछ । लस्सी ।

कटुरस, (पुं.) मेंडक । तेज़ शब्द वाला ।

कटुवीजा, (स्त्री.) पीपल । कड़वे बीज वाली ।

कट्वर, (न.) माठा । छाछ । चटनी ।

कठ, (क्रि.) बड़े चाव से याद करना ।

कठिन, (गु.) क्रूर । बेरहम । कठोर । रोका हुआ । (स्त्री.) थाली ।

कठिनी, (स्त्री.) खड़िया ।

कठोर, (त्रि.) कठिन । पूर्ण । भरा हुआ ।

कड्, (क्रि.) फाड़ना । भेदना । रक्षा करना । बचाना । प्रसन्न होना । खाना ।

कड, (पुं.) गूङ्गा ।

कडङ्गर, (न.) भूसा । घास ।

कडङ्गरीय, (त्रि.) भुस खाने वाले पशु आदि ।

कड़ार, (पुं.) पीला रङ्ग । दास ।

कड्ड, (क्रि.) कड़ा होना ।

कण्, (क्रि.) जाना । (पुं.) अणु । कणिका । अनाज का दाना । बहुत थोड़ा । वन का जीरा ।

कणजीरक, (न.) छोटा जीरा ।

कणभक्ष, (पुं.) काली चिड़िया । कणाद मुनि, इन्हींने वैशेषिक दर्शन की रचना की है ।

कणिक, (पुं.) आटा । कुनिक । अति सूक्ष्म । अंश ।

कणिश, (पुं.) अनाज की बाल ।

कणेर, (पुं.) कनेर का पेड़ । वेश्या । हथिनी ।

कण्टक, (पुं.) सुई की नोक। काँटा । रोमाञ्च । मच्छी की हड्डी । लग्न से ४ था, १०वाँ और सातवाँ स्थान । क्षुद्र । शत्रु ।

कण्टकद्रुम, (पुं.) शाल्मली वृक्ष ।

कण्टकाशन, (पुं.) ऊँट अर्थात् जो काँटों को खाय ।

कण्टकित, (त्रि.) रोम खड़े हुए हैं जिसके । प्रसन्न ।

कण्टकिन्, (पुं.) मछली विशेष । खजूर का पेड़ । गुखरू का पेड़ । बाँस । बेरी ।

कण्टपत्रफला, (स्त्री.) ब्रह्मदण्डी । काँटेदार फल और पत्ते वाली ।

कण्टफल, (पुं.) गुखरू । धतूरा । कटहरा ।

कण्टालु, (पुं.) करील । बैंगन ।

कण्ठ, (पुं.) गरदन का अगला भाग । गला । समीप । होमकुण्ड के बाहिर की अङ्गुल भर भूमि ।

कण्ठारक, (पुं.) खुर्जी । यात्रा का सामान रखने का थैला ।

कण्ठाल, (पुं.) लाज। लड़ाई । ऊँट । नाव । गौ आदि पशुओं के गरदन के नीचे लटकने वाला चमड़ा ।

कण्ठिका, (स्त्री.) इकतारा । कण्ठी । माला ।

कण्ठीरव, (पुं.) सिंह। शेर। मत्तगज। कबूतर।
कण्ठेकाल, (पुं.) महादेव का नाम।
कण्डन, (न.) फटकना। कूटना। छरना।
कण्डनी, (स्त्री.) उखली। उलूखल।
कण्डिका, (स्त्री) वेद का एक भाग।
कण्डु, (स्त्री.) अङ्गों को खुजाना।
कण्डुघ्न, (पुं.) सफेद सरसों।
कण्डूति, (स्त्री.) खुजलाना।
कण्डोल, (पुं.) डलिया। कण्डी। ऊँट। ओल।
कण्व, (पुं.) एक मुनि का नाम जिन्होंने शकुन्तला को पाला था। पाप। अपराध।
कतक, (पुं.) निर्मली वृक्षविशेष। पानी साफ करने वाली वस्तु।
कतम, (त्रि.) बहुतों में से एक या कौन?
कतर, (त्रि.) दो में से कौन?
कति, (त्रि.) कितने?
कतिपय, (त्रि.) कितने। कुछ।
कत्तोय, (न.) शराब। मदिरा। बुरा पानी।
कत्थ्, (क्रि.) सराहना। अभिमान करना।
कथ्, (क्रि.) कहना। बोलना।
कत्थन, (न.) घमण्ड करना।
कतपयम्, (अव्य.) किसी प्रकार।
कथक, (पुं.) कहने वाला। कत्थकड़।
कथन, (न.) वर्णन।
कथञ्चन, (अव्य.) किसी प्रकार।
कथञ्चित्, (अव्य.) कठिनता। बड़ी सावधानी से।
कथम्, (अव्य.) किस प्रकार।
कथमपि, (अव्य.) बड़े प्रयत्न से। किसी तरह।
कथंभू, (अव्य.) किस प्रकार। कैसे।
कथंभूत, (त्रि.) किस प्रकार। कैसा।
कथा, (स्त्री.) कहानी। प्रबन्धरचना। वादरूप वाक्य।
कथानक, (सं.) छोटी कहानी। किस्सा।
कथाप्रसङ्ग, (पुं.) कथा में जिसकी चर्चा हो। बहुत बोलने वाला। उन्मत्त। सिड़ी।
कद्, (क्रि.) रोना। घबड़ाना। घबड़ा जाना।
कदन, (न.) पाप। लड़ाई।
कदन्न, (सं.) बुरा अन्न। रामदाना। सिंघाड़ा।
कदम्ब, (पुं.) एक पेड़।
कदर्थ, (पुं.) नीच प्रयोजन। दुष्ट मतलब।
कदर्थन, (न.) पीड़ित करना। अत्याचार करना।
कदर्य, (त्रि.) क्षुद्र। नीच। कञ्जूस। धन के सामने स्त्री पुत्रादि को भी तुच्छ समझने वाला।
कदर्य, (पुं.) दरिद्री। लालची।
कदली, (स्त्री.) केला। हिरनी विशेष। झण्डी।
कदा, (अव्य.) किस समय। कब।
कदाख्य, (पुं.) कूट वृक्ष।
कदाचन, (अव्य.) किसी समय। कभी।
कदापि, (अव्य.) किसी समय भी। कभी भी।
कदुष्ण, (न.) गुनगुना। कुछ कुछ गरम।
कद्रु, (पुं.) पीला रङ्ग। नागों की माता का नाम। पृथिवी।
कद्रू, (स्त्री.) कश्यप की स्त्री और नागों की माता।
कद्वद, (त्रि.) गाली गलौज करने वाला।
कन्, (क्रि.) प्यार करना। प्रसन्न होना। सन्तुष्ट होना।
कनक, (न.) सोना। धतूरा। किंशुक पेड़।
कनकक्षार, (पुं.) सुहागा।
कनकरस, (पुं.) हरताल।
कनकाचल, (पुं.) सुमेरु पर्वत।
कनकारक, (पुं.) कोविदार वृक्ष। कचनार का वृक्ष।

कनखल, (पुं.) हरिद्वार के समीप गङ्गातट पर बसा हुआ एक तीर्थ ।
कना, (स्त्री.) लड़की ।
कनिष्ठ, (त्रि.) अतिछोटा ।
कनी, (स्त्री.) लड़की ।
कनीयस्, (त्रि. न.) ताँबा । दो में छोटा ।
कन्दर्प, (पुं.) सुखा । कामदेव ।
कन्था, (स्त्री.) मिट्टी की दीवाल । कन्द । चीथड़ों की गुथी गुदड़ी ।
कन्द, (पुं.) गाजर । एक प्रकार की जड़ विशेष । बादल ।
कन्दर, (पुं.) गुफा ।
कन्दराकर, (पुं.) अनेक गुफाओं वाला स्थान । पहाड़ ।
कन्दराल, (पुं.) पाकुड़ । अखरोट ।
कन्दर्प, (पुं.) कामदेव । बुरा अहङ्कार उत्पन्न करने वाला ।
कन्दर्प-सूत्र, (पुं.) स्त्री का चिह्न । योनि । क्लुस ।
कन्दर्पभूषण, (पुं.) पुरुषचिह्न । लिङ्ग ।
कन्दली, (स्त्री.) हिरणविशेष । वृक्षविशेष । पताका । झुण्ड । पद्मबीज ।
कन्दु, (पुं. स्त्री.) कड़ाई । ताँबा ।
कन्दुक, (पुं.) गेन्द ।
कन्धर, (पुं.) बादल । कन्धा । ग्रीवा ।
कन्धि, (स्त्री.) गला । गरदन ।
कन्न, (न.) पातक । पाप । मूर्च्छा । बेहोशी ।
कन्य, (पुं.) सबसे छोटा ।
कन्यका, (स्त्री.) लड़की । कुमारी ।
कन्या, (स्त्री.) अविवाहिता लड़की । कुमारी । दस वर्ष की क्वारी लड़की । राशि का नाम । देवी । बड़ी इलायची ।
कन्याकुब्ज, (पुं.) एक देश । कन्नौज । यहाँ पर वायु ने सौ कन्याओं को कुबड़ी बना दिया था ।
कन्याट, (पुं.) स्थान जहाँ लड़कियां खेलें । वासभवन ।
कप्, (क्रि.) चलना । हिलना ।
कप, (पुं.) देवताविशेष ।
कपट, (पुं. न.) छल । प्रवञ्चन । ठगी ।
कपटिन्, (त्रि.) छली । लुच्चा । गुण्डा ।
कपर्द, (पुं.) कौड़ी । शिव की जटा ।
कपर्दिन्, (पुं.) महादेव । शिव ।
कपाट, (स्त्री.) किवाड़ ।
कपाल, (पुं. न.) खोपड़ी । खप्पर ।
कपालभृत्, (पुं.) शिव । महादेव ।
कपालमालिन्, (पुं.) शिव । दुर्गा ।
कपालिका, (स्त्री.) टीकरी ।
कपि, (पुं.) बन्दर । लाल चन्दन । सुअर । विष्णु । धूप ।
कपिकेतन, (पुं.) अर्जुन । कपिध्वज ।
कपिञ्जल, (पुं.) गोरा तीतर । पपीहा ।
कपित्थ, (पुं.) कैथ । वृक्षभेद ।
कपित्थास्य, (पुं.) एक प्रकार का बन्दर ।
कपिप्रिय, (पुं.) कैथ का वृक्ष । आम का वृक्ष ।
कपिरथ, (पुं.) रामचन्द्र । अर्जुन ।
कपिल, (पुं.) अग्नि । साङ्ख्यशास्त्र के निर्माता मुनिविशेष । वासुदेव । दैत्य विशेष । पीलारङ्ग । सोने के रङ्ग की एक गौ । एक नदी । धूप । पुण्डरीक नामक दिग्गज की हथिनी ।
कपिलधारा, (स्त्री.) स्वर्गनदी । मन्दाकिनी । काशी का एक प्रसिद्ध तीर्थ ।
कपिलाश्व, (पुं.) पीले रङ्ग के घोड़े वाले इन्द्र । देवराज ।
कपिलोह, (न.) पीतल धातु ।
कपिवक्त्र, (पुं.) बानर के समान मुख वाला । नारद ।
कपिवल्ली, (स्त्री.) गजपिप्पली ।
कपिश, (पुं.) नदीविशेष । माधवी लता ।
कपिशीर्ष, (न.) कोट के कँगूरे ।
कपीज्य, (पुं.) एक पौधा । क्षीरका वृक्ष ।
कपीन्द्र, (पुं.) बन्दरों का इन्द्र या राजा । सुग्रीव ।

कपीष्ट, (पुं.) कैथा का पेड़ ।
कपूय, (त्रि.) कुत्सित । निन्दित । कुरूप ।
कपोत, (पुं.) कबूतर । पक्षी ।
कपोतपालिका, (स्त्री.) पक्षियों के बैठने का मचान या छतरी ।
कपोतवर्णी, (स्त्री.) छोटी इलायची ।
कपोतारि, (पुं.) बाज पक्षी ।
कपोल, (पुं.) गाल ।
कफ, (पुं.) श्लेष्मा । बलगम ।
कफ-कूर्चिका, (स्त्री.) लार । थूक ।
कफाणि, (पुं.) कोहनी । बाँह के बीच की गाँठ ।
कफविरोधिन्, (पुं. न.) कफ का शत्रु । काली मिरच । गोल मिरच ।
कफारि, (पुं.) सोंठ । कफ का बैरी । अदरख ।
कबन्ध, (पुं.) धड़ । विना सिर के शरीर । वायु द्वारा रुकने वाला । उदर । पेट । धूमकेतु । राहु । जल । राक्षसविशेष ।
कम्, (क्रि.) चाहना । (अव्य.) अवश्य । पादपूरण । पानी । मुख । मस्तक । निन्दा । मङ्गल ।
कमठ, (पुं.) कछवा । कमण्डलु अर्थात् एक प्रकार का पात्र जिसमें संन्यासी पानी रखते हैं ।
कमण्डलु, (पुं. न.) संन्यासियों का पानी रखने का पात्र । क्षुद्र वृक्ष । चतुष्पाद जन्तुविशेष ।
कमन, (त्रि.) कामी । सुन्दर । अशोक वृक्ष ।
कमनच्छद, (पुं.) बगुला । सुन्दर पत्ते वाला ।
कमनीय, (त्रि.) मनोहर । चाहने योग्य । सुन्दर । बहुत उत्तम ।
कमल, (न.) जल को सजाने वाला । पद्म । कमल फूल । ताँबा । दवाई । हिरनविशेष । सारस पक्षी । (न.) जल ।
कमलख, (न.) कमलों का समूह ।
कमला, (स्त्री.) लक्ष्मी । सुन्दरी स्त्री ।
कमलालया, (स्त्री.) कमलों में रहने वाली । लक्ष्मी ।
कमलासन, (पुं.) कमल के आसन वाले । ब्रह्मा । (ा) लक्ष्मी ।
कमलिनी, (स्त्री.) कमलों का समूह । कमलों वाली लता ।
कमलोत्तर, (न.) कुसुम्भ का पुष्प ।
कमितृ, (त्रि.) कामी । चाहने वाला ।
कम्प, (पुं.) कपकपी । वेपथु ।
कम्पिल, (पुं.) करञ्ज । ग्रामविशेष । रोचनी । कमलागुण्ड ।
कम्प्र, (त्रि.) कम्पित । काँपा हुआ ।
कम्व, (क्रि.) गति । जाना ।
कम्बल, (पुं.) ऊनी मोटा वस्त्र जो ओढ़ने बिछाने का काम देता है । हिरनविशेष । साँप का छोटा बच्चा । आसन ।
कम्बु, (पुं.न.) शङ्ख । गज । हाथी । घोंघा । चित्रविचित्र ।
कम्बुपुष्पी, (स्त्री.) शङ्खपुष्पी । शङ्ख के आकार के पुष्प वाली ।
कम्बोज, (पुं.) एक देश का नाम जो भारतवर्ष के उत्तर में है । एक प्रकार का हाथी । एक प्रकार का शङ्ख ।
कम्र, (त्रि.) कामी । सुन्दर । भोग की इच्छा करने वाला ।
कर, (पुं.) हाथ । किरन । वह रुपया जो राजा अपना स्वत्व समझ कर लेता है । राजस्व । महसूल । ओला । हाथी की सूँड़ । ग्यारहवें नक्षत्र का नाम ।
करक, (पुं.) करञ्ज का पेड़ । पक्षी । अनार का पेड़ । बकुल वृक्ष । शरीर । नारियल की खोपड़ी । नरेरी । कमण्डलु । ओला । गढ़ा ।
करकण्टक, (पुं.) नख । नौंह ।
करकाजल, (न.) बरफ । ओले का पानी ।
करकाम्भस्, (पुं.) ओले के समान जल वाला । नरियल । नारिकेल ।

करग्रह, (पुं.) पाणिग्रहण । विवाह ।
करङ्क, (पुं.) पात्रभेद । डब्बा । कमण्डलु । खोपड़ी । खोल ।
करञ्छद, (पुं.) सिहोड़ा । सिन्दूरपुष्पी ।
करज, (पुं.) नख । सिर अथवा पानी को रक्षने वाला । कञ्ज । करंजुआ ।
करञ्ज, (पुं.) वृक्षविशेष । करंजुआ का पेड़ ।
करट, (पुं.) कौआ । काक । गजगण्ड । कुसुम्भ वृक्ष ।
करटिन्, (पुं.) हाथी ।
करण, (न.) व्याकरण का एक कारक । वर्ण । हेतु । क्षेत्र । इन्द्रिय । शरीर । वैश्य पुरुष द्वारा शूद्रा स्त्री में उत्पन्न सन्तान । दोगला । कायस्थ । डलिया ।
करणाधिप, (पुं.) जीव । आत्मा । इन्द्रियों का स्वामी ।
करण्ड, (पुं.) बाँस की डलिया या छोटी पेटी । मधुमक्खी का छत्ता । बतक जैसा एक पक्षी । यकृत ।
करताल, (न.) झाँझ । मञ्जीरा ।
करतली, (स्त्री.) करतलध्वनि । ताली ।
करतोया, (स्त्री.) कामरूप देश की एक नदी का नाम ।
करपत्र, (न.) आरा । पानी का एक खेल ।
करपत्रवत्, (पुं.) ताड़ का पेड़ ।
करपल्लव, (पुं.) अङ्गुली ।
करपात्र, (न.) स्नान करते समय पानी के छींटे मारना । अञ्जली । हाथ का पात्र ।
करपीड़न, (न.) विवाह । हाथ मरोड़ देना ।
करपुट, (पुं.) अञ्जली ।
करभ, (पुं.) हाथ का विशेष भाग । हाथी का बच्चा । ऊँट का बच्चा ।
करभालः, (पुं.) धुवाँ । धूम ।
करभुक्, (सं.) एक प्रकार का हथियार ।
करम्बित, (ग्र.) मिश्रित । मिला हुआ ।
करम्भः-बः, (पुं.) दधिमिश्रित सत्तू या दही से सना हुआ कोई भोजन का पदार्थ । कीचड़ ।
करुह, (पुं.) नोह । नख ।
करवाल, (पुं.) तलवार । नख ।
करवीरः-कः, (सं.) तलवार । असि । कवस्थान । भारत के दक्षिण भाग में एक नगर का नाम ।
करहाटः, (पुं.) देशविशेष । कमल की जड़ । मदन वृक्ष ।
कराङ्गणः, (पुं.) हाट । बाज़ार । पैंठ । राजस्व उगाहने का स्थान ।
कारिका, (स्त्री.) पक्षी । छोटी जाति का सारस ।
कराल, (पुं.) भयानक । चौड़ा । नुकीला । असम । विस्तृत । कुरूप । वृक्षविशेष ।
करालिका, (स्त्री.) तलवार । वृक्षभेद ।
करास्फोट, (पुं.) ताल ठोंकना । वक्षःस्थल ।
करिका, (स्त्री.) हाथ के नखों से किया हुआ घाव ।
करिणी, (स्त्री.) हथिनी ।
करिदारक, (पुं.) सिंह ।
करिन्, (पुं.) हाथी । आठ की संख्या ।
करीर, (पुं.) बाँस का अङ्कुआ । करील का झाड़ । भिल्ली । हस्तिदन्त-मूल ।
करीषः, (पुं.) सूखा गोबर ।
करीषकशा, (स्त्री.) आँधी । तूफान ।
करीषिणी, (स्त्री.) लक्ष्मी । धन की अधिष्ठात्री देवी ।
करुण, (पुं.) दीन । अनाथ । करुणा वाला । दया ।
करुणा, (स्त्री.) दया । मया । छोह ।
करूष, (पुं.) एक देश का नाम ।
करेटः, (सं.) हाथ की अङ्गुली का नोह ।
करेणु, (पुं.) हाथी । हथिनी ।
करेणु, (पुं.) हाथी । हथिनी ।

करोट, (पुं० न.) सिर की हड्डी। खोपड़ी।
कर्क्, (क्रि.) हंसना। (पुं.) आग। चित्ता। घोड़ा। दर्पण। शिक्षा। केकड़ा। कर्कट पेड़। काँटा। मेष से चौथी राशि। घड़ा।
कर्कट, (पुं.) केकड़ा। चौथी राशि। शाल्मली वृक्ष। एक प्रकार का गन्ना।
कर्कटि-टी, (स्त्री.) ककड़ी।
कर्कटु, (पुं.) सारसविशेष।
कर्कन्धुः-धूः, (स्त्री.) बेर। उनाव। काँटेदार पेड़।
कर्कर, (पुं.) कड़ा। दृढ़। हड्डी। खोपड़ी के टूटे हड्डे। चमड़े की रास्सियाँ। तस्मा।
कर्कशः, (पुं.) करञ्ज। स्पर्श। तीव्र हुआ। गन्ना। खड्ग। कठोर। साहसी। निर्दय।
कर्कसार, (न.) दधिमिश्रित भोजन का पदार्थ।
कर्कतनः, (पुं.) एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न।
कर्कोट, (पु.) एक प्रकार का उग्र सर्प जिसके देखने ही से विष चढ़ता है। गन्ना। बेल का वृक्ष।
कर्चूर, (पुं.) कचूर। एक गन्धद्रव्य।
कर्चूरकः, (पुं.) इमली।
कर्ज्, (क्रि.) दुःख देना। कष्ट देना। विकल करना।
कर्ण्, (क्रि.) फाड़ना। छेद करना। सुनना।
कर्ण, (पुं.) कान। सूर्यपुत्र। राजा कर्ण। त्रिभुज क्षेत्र। डांड़।
कर्णकोटी, (स्त्री.) कनखजूरा।
कर्णगूथं, (न.) कान का ठेठ या मैल।
कर्णधार, (पुं.) नाविक। मल्लाह।
कर्णपाली, (स्त्री.) कान का गहना। बाली। बाला।
कर्णपूरक, (पुं.) कान का गहना। कदम्ब वृक्ष। अशोक वृक्ष। नील कमल।
कर्णफलः, (पुं.) एक प्रकार की मछली।
कर्णवेध, (पुं.) कनछिदावन। संस्कार विशेष।
कर्णाट, (पुं.) रामेश्वर से ले कर श्रीरङ्ग तक का देश। काव्य की एक रीति। एक राग का नाम।
कर्णि-र्णी, (पुं.) एक प्रकार का तीर। चोरी आदि विद्या के पिता मूलदेव की माता का नाम।
कर्णिका, (स्त्री.) मध्यमा अङ्गुली। हाथी की सूँड़ की नोक। कर्णाभरण। पद्मबीज कोष। लेखनी। कुट्टिनी।
कर्णिकार, (पुं.) कनेर का फूल। कनेर का पेड़।
कर्त्, (क्रि.) शिथिल होना। ढीला पड़ना। हटाना।
कर्तः, (पुं.) छेद। गुफा। चीर फाड़।
कर्तन, (न.) काटना। सूई से सूत निकालने का व्यापार। कातना।
कर्तरी, (स्त्री.) कैंची। कतरनी। बरछी। छुरी।
कर्तव्य, (त्रि.) करने योग्य।
" हीन सेवा न कर्त्तव्या
कर्त्तव्यो महदाश्रयः। "
कर्तृ, (त्रि.) कर्त्ता। करने वाला। क्रिया का स्वतंत्र आश्रय। ब्रह्मा, विष्णु और शिव का भी नाम है। पुरोहित।
कर्तृक, (पुं.) करने वाला।
कर्त्र, (पुं.) जादू। इन्द्रजाल का खेल।
कर्तिका, (स्त्री.) छोटा खड्ग। चाकू।
कर्द्, (क्रि.) (पेट का) गड़गड़ना। गुड़गुड़ करना। (काक की तरह) काउ काउ करना।
कर्दः-कर्दरः, (पुं.) कीच। कीचड़।
कर्दम, (पुं.) कीचड़। पाप। एक प्रजापति का नाम। भगवान् कपिल के पिता। मांस।

कर्दमक, (सं.) फलविशेष । सर्पविशेष ।

कर्पट, (पुं. न.) चिथड़ा । कपड़े की धज्जी । रूमाल । गेरुआ रङ्ग का कपड़ा । उपरना ।

कर्पण, (पुं.) एक प्रकार का शस्त्र ।

कर्परः, (पुं.) कड़ाही । खपरा । कपार । अस्थिविशेष । मेरुदण्ड । रीढ़ की हड्डी ।

कर्पास, (पुं. न.) कपास ।

कर्पूर, (सं.) कपूर । सुगन्धद्रव्य ।

कर्फरः, (सं.) दर्पण । शीशा । बट्टा ।

कर्ब्, (क्रि.) जाना । डोलना । समीप होना ।

कर्बु-कर्बूर, (पुं.) चित्तीदार । भूरा । (सं.) पाप । भूत प्रेत । धतूरे का पौधा । जल के भीतर उत्पन्न चावल । साठी के चावल । सोना । जल । हरताल ।

कर्म, (न.) काम ।

कर्मकर, (पुं.) मज़दूर । नौकर ।

कर्मकाण्ड, (पुं.) क्रियाकर्म । वेद का वह भाग जो कर्म का प्रतिपादन करता है ।

कर्म्मकार, (पुं.) कोई सा काम करने वाला । कारीगर । यह शब्द विशेष कर बेगार में काम करने वालों के लिये आता है ।

कर्म्मठ, (पुं.) कार्य करने में कुशल । क्रियाकुशल । काम करने में पटु ।

कर्मण्य, (पुं.) काम में योग्य । काम में चतुर । पटु । मज़दूरी ।

कर्मधारय, (पुं.) एक प्रकार का समास ।

कर्मन्, (न.) क्रिया ।

कर्ममीमांसा, (स्त्री.) कर्मकाण्डसम्बन्धी वेद भाग पर विचार करने वाला और जैमिनि द्वारा रचा गया ग्रन्थविशेष ।

कर्मविपाक, (पुं.) शुभाशुभ कर्म का फल रूप सुख और दुःख । जीव के कर्मानुसार उसकी दशा को बताने वाला एक ग्रन्थ ।

कर्म्मसंन्यासिन्, (पुं.) विधानपूर्वक वेद-विहित कर्म्मों को त्यागने वाला । संन्यासी । यती ।

कर्म्मसिद्धि, (स्त्री.) इष्ट अनिष्ट फल की उपलब्धि या प्राप्ति ।

कर्म्मार, (पुं.) कारीगर । लुहार । वृक्ष विशेष । एक प्रकार का बाँस ।

कर्म्मिष्ठ, (त्रि.) क्रियाकुशल । कार्य में संलग्न । काम करने में पटु या चतुर ।

कर्म्मेन्द्रिय, (न.) वे इन्द्रियाँ जिनसे क्रिया सिद्ध हो यथा—हाथ, पैर, नाक, कान आदि ।

कर्व्, (क्रि.) अभिमान करना । घमण्ड करना ।

कर्व, (सं.) प्रेम । इच्छा । एक प्रकार का मूसा ।

कर्वट, (पुं.) दो सौ ग्रामों में प्रधान स्थान, जहाँ बाज़ार या पैंठ लगती हो । पुर । नगर । पहाड़ का उतार या ढालूपन ।

कर्वर, (पुं.) राक्षस । पाप । रक्तविरङ्गा । चीता । (ी) दुर्गा का नाम । रात्रि । एक राक्षसी । चीता की मादा ।

कर्ष्, (क्रि.) खींचना । आकर्षण करना । जोतना ।

कर्ष, (पुं.) हल । सोलह माशे की एक माप । तोला ।

कर्षक, (पुं.) खींचने वाला । किसान । कसौटी ।

कर्षफल, (पुं.) बहेड़ा । आमलकी वृक्ष विशेष ।

कर्षिणी, (स्त्री.) औषधविशेष । लगाम ।

कर्षूः, (स्त्री.) हल । नदी । नहर । (पु.) कण्डे की आग । कृषिकर्म । आजीविका ।

कर्हि, (अव्य.) किस समय । कब ।

कर्हिचित्, (अव्य.) किसी समय ।

कल्, (क्रि.) गिनना । प्रेरण करना । बजाना । पकड़ना । होना । ले जाना । रखना ।

कल, (पुं.) मधुर और अस्पष्ट । धीमी, कोमल, आनन्ददायिनी (आवाज़) । अनपच । साल वृक्ष ।

कलकण्ठ, (पुं.) कोकिल । हंस । पारावत । कबूतर । मधुर कण्ठ वाला ।

कलकल, (पुं.) होहो । कोलाहल । हल्ला गुल्ला । गुलगपाड़ा ।

कलघोष, (पुं.) मीठे कण्ठ वाला । कोइल ।

कलङ्क, (पुं.) दाग । धब्बा । चिह्न । अपयश । दोष । त्रुटि । लोहे की जङ्ग । काई ।

कलञ्ज, (पुं.) पक्षी । विषैले अस्त्र से मारा हुआ हिरन या कोई अन्य जन्तु । तमाखू । ताम्रकूट । दस रुपये भर का माप ।

कलत, (गु.) गन्ना ।

कलत्र, (न.) चूतड़ । भार्य्या । पत्नी । स्त्री ।

कलधौत, (पुं) चाँदी ।

कलध्वनि, (पुं.) मधुर धीमा शब्द । कबूतर । मोर । कोइल ।

कलन, (पुं.) बेत का झाड़ । चिह्न । एक मास का गर्भ । पकड़ना । गिनना । समझना । जानना ।

कलभ, (पुं.) हाथी का बच्चा जो पाँच वर्ष का हो चुका हो । धतूरे का पेड़ ।

कलम, (पुं.) चावल, जो मई जून में बोये जाते और दिसम्बर जनवरी में काटे जाते हैं । लेखनी । नरकुल । चोर । गुण्डा । बदमाश ।

कलम्ब, (पुं.) तीर । कदम्ब का वृक्ष ।

कलरव, (पुं.) मधुर धीमे शब्द । पिड्किया । कोइल ।

कलल, (पुं. न.) गर्भ की झिल्ली । स्त्री का गुप्त अङ्ग ।

कलविङ्क-ङ्ग, (पुं.) गौरइया पक्षी । इन्द्रजौ । चिह्न । धब्बा ।

कलश, (पुं.) कलसा । घड़ा । मापविशेष जिसमें चौंतीस सेर हो ।

कलह, (पुं.) झगड़ा । तकरार । विवाद । लड़ाई । तलवार रखने की मियान । छल । झूठ । मार्ग ।

कलहंस, (पुं.) राजहंस । परमात्मा । सर्वोत्तम । राजा ।

कला, (स्त्री.) किसी वस्तु का एक छोटा अंश । चन्द्रमण्डल का सोलहवाँ भाग । राशि के तीसवें भाग का साठवाँ अंश । चातुर्य । कापट्य । छल । विभूति । सामर्थ्य । नौका । गिनती । मरीचि की स्त्री । कला चौसठ होती हैं—गाना, बजाना आदि ।

कलाद, (पुं.) अंश लेने वाला । सुनार ।

कलानिधि, (पुं.) चन्द्रमा ।

कलानुनादिन्, (पुं.) भौंरा । गौरइया पक्षी ।

कलाप, (पुं.) समूह । मोर की पूँछ । गहना । मेखला । तर्कस । चाँद । एक गाँव । व्याकरणविशेष ।

कलापक, (पुं.) जिसमें चार श्लोक का एक ही अन्वय हो ।

कलापिन्, (पुं.) वट जिसकी शाखा मोरपङ्ख के समान हो—बोड़ । कोइल ।

कलाभृत्, (पुं.) चन्द्र । चाँद । कलाधारी । अमीर मनुष्य ।

कलावत्, (पुं.) कला वाला । चन्द्रमा । कलाधारी । बड़ा आदमी ।

कलाविकः, (पुं.) मुर्गा ।

कलाहकः, (पुं.) काहिली । एक प्रकार का मुँह से बजने वाला बाजा ।

कलि, (पुं.) झगड़ा । युद्ध । चार युगों में से चौथा युग । बहेड़े का वृक्ष । पाँसे का वह पहल जिस पर १ का चिह्न हो । शूरवीर । तीर । (स्त्री.) कली ।

कलि-कारक, (पुं.) कलि=कलह । कराने वाला=नारद । भूम्याट पक्षी ।

कलिङ्ग, (पुं.) चतुर । चालाक । करञ्जुए का पेड़ । शिरीष वृक्ष । लक्ष वृक्ष । कृष्णा के दूसरे तीर तक और जगन्नाथ के पूर्व भाग वाला देश ।

कलित, (त्रि.) प्राप्त। ज्ञात। कथित। विचारा हुआ। बाँधा गया।

कलिन्द, (पुं.) सूर्य्य। विभीतक वृक्ष।

कलिन्दकन्या, (स्त्री.) यमुना। जमुना।

कलिल, (त्रि.) सघन वन। मिश्रित। गहन।

कलुष, (पुं. स्त्री.) महिष। भैंसा। पाप। पापी।

कलेवर, (न.) शरीर। देह।

कल्क, (पुं. न.) विभीतक। पेड़। विष्ठा। कान का मैल। ठेठ। कीट। मैल। पाप। पाखण्ड। घी तेल आदि का अवशिष्ट अंश।

कल्कि, (पुं.) विष्णु भगवान् का होने वाला दसवाँ अवतार। अन्तिम अवतार।

कल्किपुन्, (पुं.) भगवान् का दसवाँ अवतार जो कलि के अन्त में सम्भल नामक नगर में होगा।

कल्प, (पुं.) वेदाङ्ग का भेद। बौधायन कृत अनुष्ठेय क्रम विधान। सूत्ररूप में कर्म्मानुष्ठान पद्धति। ब्रह्मा का दिन। प्रलय। कल्पवृक्ष। न्यायशास्त्र। विकल्प।

कल्पक, (पुं.) नाई। कल्पना करने वाला। काटने वाला। नउआ।

कल्पतरु, (पुं.) नन्दन कानन का एक वृक्ष, जो माँगने वाले की इच्छानुरूप फल देता है। कल्पवृक्ष।

कल्पन, (न.) काटना। रचना।

कल्पना, (स्त्री.) रचना। उपाय। सजाना। बाँटना। अनुमितिभेद।

कल्पान्त, (पुं.) कल्प का अन्त। प्रलय। नाश।

कल्माष, (पुं.) राक्षस। चित्रवर्ण। काला रङ्ग। काला पीला रङ्ग।

कल्माषकण्ठ, (पुं.) काले गले वाला। शिव जी।

कल्य, (न.) सबेरा। भिनसारा। प्रातःकाल। प्रभात। शहद। बीता हुआ दिन। तयार। रोगरहित। चतुर। सुखी जन। बहरा और गूँगा। शिक्षाप्रद। सुखसंवाद।

कल्या, (स्त्री.) हरीतकी। हर्र। बधाई।

कल्यवर्त्ति, (स्त्री.) कलेवा। कलेऊ। प्रातःकाल का भोजन।

कल्याण, (न.) हेम। सुवर्ण। सोना। मङ्गल। खुशी।

कल्याणकृत, (त्रि.) लाभकारी। शास्त्रानुसार कार्य करने वाला।

कल्ल, (क्रि.) कूजना। चिल्लाना। शब्द करना। (पुं.) बधिर। बहिरा।

कल्लोल, (पुं.) बड़ी लहर। हर्ष। खुशी। वैरी। "आयुः कल्लोललोलम्।"

कल्लोलिनी, (स्त्री.) नदी।

कल्हार, (पुं.) सफेद कमल। पानी में उगने वाले पेड़ का सफेद फूल।

कव्, (क्रि.) प्रशंसा करना। वर्णन करना। सङ्कलित करना। चित्रित करना।

कवक, (पुं.) मुट्ठभर।

कवचः, (पुं.) वर्म्म। फौजी बाजा। जिरहबख्तर। सञ्जोया। भोजपत्रादि पर लिख कर शरीर पर धारण किया हुआ यंत्र।

कवटी, (पुं.) चौखटा (द्वार का या तसवीर का)।

कवडः, (पुं.) कुल्ला के लिये जल।

कवत्नु, (पुं.) दुष्कर्म। बुरा काम।

कवनम्, (पुं.) जल। पानी।

कव, (पुं.) लवण। नोन। अलर्क।

कवरी, (स्त्री.) गुथी हुई चोटी।

कवरकी, (पुं.) कैदी। बन्धुआ।

कवर्ग, (पुं.) "क" से ले कर "ङ" तक पाँच अक्षर।

कवल, (पुं.) ग्रास। मत्स्यभेद। कौर।

कवलिका, (स्त्री.) पट्टी। घाव या चोट पर बाँधने का कपड़ा।

कवलित, (त्रि.) खाया हुआ। निगला हुआ। चबाया हुआ। फैला हुआ। व्याप्त।

कवष्-कवष, (पुं.) किवाड़ों के खुलने का चरचराहट का शब्द। ढाल।

कवसः, (पुं.) वर्म्म । कवच । कटीली झाड़ी।

कवाट, (न.) कपाट। किवाड़ । हवा रोकने के लिये काठ के टुकड़े ।

कवार, (पुं.) कमल । पद्म ।

कवारि, (न.) स्वार्थी । क्षुद्र और तिरस्कार के योग्य शत्रु ।

कवि, (पुं.) शुक्र । कविता रचने वाला। भास्कर । काव्यकर्त्ता । ब्रह्मा । आगे पीछे का हाल जानने वाला । सूक्ष्म अर्थ देखने वाला। लगाम । पण्डित ।

कविका, (स्त्री.) लगाम ।

कविता, (स्त्री.) पद्यरचना ।

" सुकविता यद्यस्ति राज्येन किं । "

कवेलं, (न.) कमल । पद्म ।

कवोष्ण, (न.) गुनगुना । कुछ कुछ गर्म ।

कव्य, (न.) पितरों के लिये तयार किया हुआ अन्न ।

कश्, (क्रि.) शब्द करना ।

कश-शा, (स्त्री.) कोड़ा । चाबुक । मुख । गुण । रस्सी ।

कशस्, (न.) जल । पानी ।

कशिकः, (पुं.) न्योला ।

कशिपु, (पुं.) भक्त । अन्न । कपड़ा । खाट । बिस्तरा ।

" सत्यां क्षितौ किं कशिपोः प्रयासैः । "

कशेरु, (पुं.न.) पीठ की हड्डी । मेरुदण्ड। ब्रह्मदण्ड । जल में उत्पन्न मूलभेद।

कश्मल, (न.) मूर्च्छा । मोह । पाप । मैल ।

कश्मीर, (पुं.) कश्मीर नामक एक देश जो भारतवर्ष के उत्तर पश्चिम में है ।

कश्मीरज, (पुं.) कुङ्कुम । केसर । इसे कश्मीरजन्मा और काश्मीरजन्मा भी कहते हैं ।

कश्यप, (पुं.) एक मुनि का नाम । जो दिति और अदिति के पति और देवता तथा दैत्यों के पिता हैं । एक प्रकार का मृग । कच्छप । मछली ।

कष्, (क्रि.) मलना । मारना । खरोंटना । खोंचा मारना । जाँच करना । कसौटी पर सोने को मलना ।

कषण, (पुं.न.) कच्चा घिसना । खुरचना ।

कषाकृ, (पुं.) अग्नि । सूर्य्य ।

कषाय, (पुं.) श्योनाक वृक्ष । राग । क्रोध । कसैला । रसविशेष । लाल पीला मिश्रित रङ्ग । काढ़ा । गोंद । मैल । सुस्ती । मूर्खता । सांसारिक पदार्थों में अनुराग । नाश । कलियुग ।

कषायित, (त्रि.) रङ्गा हुआ । ललोहाँ । कसैले रङ्ग का किया हुआ । गेरुआ रङ्गा हुआ ।

कषिका, कषीका, (स्त्री.) पक्षी । चिड़िया । पक्षी विशेष ।

कषे (शे) रुका, (स्त्री.) पीठ की हड्डी । मेरुदण्ड ।

कष्कषः, (पुं.) एक प्रकार का जहरीला कीड़ा ।

कष्ट, (न.) पीड़ा । दुःख । चिन्तित । उपद्रवी ।

कस्, (क्रि.) हिलना । चलना । समीप जाना। नष्ट करना ।

कस, (पुं.) कसौटी । पत्थर जिस पर खरे खोटे सोने की परीक्षा की जाती है ।

कसना, (स्त्री.) एक विषैली मकड़ी ।

कसिपुः, (सं.) आहार । भात ।

कसेरुः, (पुं.) एक प्रकार की घास । सुअरों के खाने का प्यारा जलकन्द । (कसेरू) ।

कस्तम्भी, (स्त्री.) गाड़ी के बम्म की लकड़ी जिस पर बम्म रखा जाता है ।

कस्तीर, (पुं. न.) टीन । राङ्गा ।

कस्तूरिका, (स्त्री.) कस्तूरी । मुश्क । मृगमद । मृगनाभि ।

कहीहः, (पुं.) भैंसा ।
कह्वः, (पुं.) एक प्रकार का बेत ।
कांशि, (पुं.) प्याला । कटोरा । बेला ।
कांसीयं, (न.) कांसा । सफेद ताँबा ।
कांस्य, (न.) पीना का पात्र । ताँबा और राङ्गा के मेल से बना हुआ धातुविशेष ।
कांस्यकं, (न.) पीतल ।
कांस्यकार, (पुं.) कसेरा । धातु के बरतन बनाने वाला ।
काक, (पुं.) कौआ । खञ्ज । लङ्गड़ा ।
काकचिञ्चा, (स्त्री.) गुञ्जा । रत्ती ।
काकच्छद, (पुं.) खञ्जन खग । ममोला ।
काकतालीय, (न.) न्यायविशेष । कौए के जाते ही फल का अचानक गिरना ।
काकतिन्दुक, (पुं.) कुचला ।
काकपक्ष, (पुं.) कौओं के पङ्ख । लड़कों की दोनों कनपुटियों के बालों को काकपक्ष कहते हैं । पट्टे ।
" काकपक्षधरमेत्ययाचितः "
काकपुष्ट, (पुं.) कोइल ।
काकभीरु, (पुं.) उल्लू । घुग्घू ।
काकली, (स्त्री.) सूक्ष्म मधुर शब्द ।
काकलीक, मधुर धीमा शब्द ।
काकलीस्व, (पुं.) कोइल ।
काकाक्षिगोलकन्याय, (पुं.) कौए की एक ही आँख का बिन्दु दोनों ओर चला जाता है, इसी तरह का उभयसम्बन्धी दृष्टान्त ।
काकिणी, (स्त्री.) एक माशे का चौथाई भाग । बीस कौड़ी । एक दमड़ी । " काकिनी " भी काकिणी ही के अर्थ में आता है ।
काकिलः, (पुं.) हार । गले का गहना । गरदन का ऊपरी भाग ।
काकीः, (स्त्री.) मादा कौआ । कौए जैसा रङ्ग वाली वायसी लता । एक प्रकार की बेल ।
काकु, (स्त्री.) वक्रोक्ति । भय, क्रोध, शोक के उद्वेग में स्वर की बदलौअल । गुनगुनाहट । जिह्वा ।
काकुत्स्थ, (पुं.) ककुत्स्थ की सन्तान । सूर्य्यवंशी राजाओं का नाम ।
" काकुत्स्थमालोकयतां नृपाणाम् । "
इक्ष्वाकु राजा । रामचन्द्र ।
काकुद, (न.) तालु । जिह्वा का आश्रयस्थान । तलुआ ।
काकेष्ट, (पुं.) निम्बौरी । नीम । नीम की निम्बौरी कौओं को बड़ी प्रिय है ।
काकोदर, (पुं.) साँप । सर्प ।
काकोल, (पुं.) पहाड़ी काक । साँप । एक प्रकार का सुअर । नरकभेद । विषभेद । (स्त्री.) अश्वगन्धा । वायसी ।
काक्ष्, (क्रि.) चाहना ।
काक्ष, (त्रि.) बुरी आँख वाला । भेंड़ा । ऐंचाताना । कनआँखियों से देखना ।
काक्षी, (स्त्री.) एक प्रकार की सुगन्धियुक्त द्रव्य । दुष्टदृष्टि वाला ।
काक्षीव, (पुं.) सहीजन का पेड़ ।
काङ्क्षा, (स्त्री.) इच्छा । चाह ।
काक्षोरुः, (पुं.) बगुला ।
काचः, (पुं.) एक प्रकार की मणि । चक्षु रोगविशेष । रेत और एक प्रकार के खार से उत्पन्न एक पदार्थ । मोम । खार । मिट्टी ।
काचलवण, (न.) कालानोन । शोरा ।
काचित, (त्रि.) छीके पर रखी हुई वस्तु ।
काञ्चन, (पुं. न.) एक वृक्ष । चम्पा । नागकेसर । उदुम्बर । धत्तूरा । सोना । दीप्ति । चमक ।
काञ्चनक, (पुं.) कोविदार का पेड़ । पक्षी विशेष । कचनार का पेड़ । हरताल ।
काञ्चनाल, (पुं.) कोविदार वृक्ष । कचनार वृक्ष ।

काञ्चि-ञ्ची, (स्त्री.) करधनी। इकलरा हार। घुँघची। रत्ती। दक्षिण की एक पुरी का नाम जिसकी गणना सप्त पुरियों में है।

काटः, (पुं.) कूप। कुआ।

काटुर्क, (न.) खारापन। कड़ता।

काठ, (पुं.) चट्टान। पत्थर।

काठिनं-न्यं, (न.) कठोरता। कड़ापन। "काठिन्यमुरस्तनम्" निष्ठुरता। कठिनाई।

काण; (पुं.) कानापन। कौआ।

काणूकः, (पुं.) काक। मुर्गा। हंसभेद। बया जो नाला वृक्ष पर लटकता हुआ घोंसला बनाती है।

काणेयः-रः, (पुं.) कानी स्त्री का पुत्र।

काणेली, (स्त्री.) दुराचारिणी अथवा विश्वासघातिनी स्त्री। अविवाहिता स्त्री।

काण्ड, (पुं.न.) अध्याय। शाखा। स्तम्भ। तिनके आदि का गुच्छा। तीर। अवसर। पत्थर। नाड़ियों का समूह। निर्जन स्थान। अखरोट का वृक्ष। जल। बाँह या टाँग की हड्डी। मापविशेष। चापलूसी। घोड़ा। बुरा। पापी।

काण्डकटुक, (पुं.) करेला।

काण्डकार, (पुं.) तीर बनाने वाला। सुपारी।

काण्डगोचर, (पुं.) लोहे का तीर।

काण्डपटः, (पुं.) पर्दा। कनात।

काण्डपृष्ठः, (त्रि.) योद्धा। सैनिक। वैश्या स्त्री का पति। औरस पुत्र को छोड़ किसी का भी दत्तक पुत्र। अकुलीन। जाति, धर्म अथवा अपने कर्म से च्युत।

काण्डवत्, (पुं.) धनुषधारी।

काण्डालः, (पुं.) नरकुल की डलिया।

काण्डीर, (पुं.) तीरन्दाज। बाण धारण करने वाला (न.) अपामार्ग (स्त्री.) कारवेल। मल्लीट।

काण्डोलः, (पुं.) कण्डी। नरकुल की टोकरी।

काण्डेक्षु, (पुं.) तृणभेद। तालमखाना।

काण्व, (पुं.) कण्व का शिष्य या विद्यार्थी। यजुर्वेद की एक शाखाविशेष। कण्व का पुत्र।

कात्, (क्रि.) तिरस्कृत करना। अपमानित करना।

"यन्मयैश्वर्यमत्तेन गुरुः सदसि कात्कृतः।"

कातंत्र, (न.) एक व्याकरण ग्रन्थ का नाम।

कातर, (त्रि.) अधीर। भीरु। डरपोक। दुःखी। शोकान्वित। डरा हुआ। आन्दोलित। घबड़ाया हुआ। बेबस। पानी पर बहुत तैरने वाला और न डूबने वाला। एक प्रकार की बड़ी मछली। नाव। बेड़ा।

कातृण, (न.) बुरी घास। बुरा तृण। खराब तिनका।

कात्यायन, (पुं.) कात्यायन सूत्र नामक धर्मशास्त्र के निर्माता एक मुनिविशेष। वररुचि नामक व्याकरण के वार्त्तिक के बनाने वाले।

कात्यायनी, (स्त्री.) अधेड़ या वृद्धा विधवा (जो लाल वस्त्र धारण किये हो)। याज्ञवल्क्य की पत्नी का नाम। पार्वती जी का नाम।

कातुः, (पुं.) कूप। कुआँ।

काथंचित्क, (पुं.) बड़ी कठिनाई से पूरा होने वाला। किसी तरह का।

काथिकः, (पुं.) कथा कहानी कहने वाला। कथक्कड़।

कादम्ब, (पुं.) कलहंस। बाण। गन्ना। कदम्बवृक्ष। कदम्बवृक्ष का फूल।

कादम्बकः, (पुं.) तीर।

कादम्बिनी, (स्त्री.) मेघमाला। बादलों की श्रेणी। "मदीयमतिचुम्बनी भवतु कापि कादम्बिनी।"

कादम्बरी, (स्त्री.) नशीली मादक वस्तु जो कदम्ब के वृक्ष से निकाली जाती है। सुरा। मदिरा। हाथी के गण्डस्थल का मद। विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती का नाम। कोइलिया। वर्षा का जल जो गढ़ों में एकत्र होता है। सारिका।

कादाचित्क, (त्रि.) कभी कभी होने वाला।

काद्रवेय, (पुं.) कश्यप की स्त्री कद्रू की सन्तान। कालिय नाग जिसको श्रीकृष्ण ने नाथा था। सर्प।

कानक, (पुं.) सुनहला। जयपाल बीज।

कानन, (न.) वन। घर। ब्रह्मा का मुख।

काननाग्नि, (पुं.) शमी वृक्ष। वन की आग।

कानिष्ठिकं, (न.) छगुनिया। सबसे छोटी हाथ की अङ्गुली।

कानिष्ठिनेयः-यी, (पुं.) सबसे छोटे पुत्र की सन्तान या औलाद।

कानीन, (पुं.) अविवाहिता स्त्री का पुत्र। व्यास का नाम। कर्ण का नाम।

कान्त, (पुं.) प्यारा। प्रिय। पति। चन्द्रमा। वसन्त ऋतु। एक प्रकार का लोहा। चन्द्र अथवा सूर्य्यकान्तमणि। कार्तिकेय और कृष्ण का नाम। केसर। मनोहर। प्रियङ्गु वृक्ष। नारी।

कान्तलोह, (पुं.) अयस्कान्त। चुम्बक पत्थर। लोहसार।

कान्ता, (स्त्री.) प्रेयसी। पत्नी। प्रियङ्गु लता। बड़ी इलायची। एक प्रकार की गन्धवस्तु। भूमि। पृथिवी।

कान्तार, (पुं.) सघन और बड़ा वन। बुरा मार्ग। छेद। खुखाल। लाल रङ्ग के गन्ने। बाँस। कोविदार। कचनार। उपद्रव।

कान्ति, (स्त्री.) सुन्दरता। मनोहरता। चमक। दीप्ति। अभिलाष। चाह। शोभा। दुर्गा का नाम।

कान्तिदा, (स्त्री.) शोभा देने वाली। सोमराजी लता।

कान्दव, (न.) कढ़ाई या कूण्ड में रांधी गई वस्तु। मिठाई आदि।

कान्दविक, (त्रि.) हलवाई। मिठाई बेचने वाला।

कान्दिशीक, (त्रि.) भय से पलायित। डर से भागा हुआ।

कान्यकुब्जः, (न.) वह देश जहाँ वायु द्वारा सौ कन्या कुबड़ी होगयी थी। देश भेद। कन्नौज। ब्राह्मणविशेष। कन्नौजिये ब्राह्मण।

कापटिक, (त्रि.) कपटी। छली। दुष्ट। चापलूस। धर्मभ्रष्ट। विद्यार्थी।

कापथ, (पुं.) बुरा मार्ग। निन्द्य पथ।

कापाल-कापालिक, (पुं.) खोपड़ी सम्बन्धी। शैवियों की सम्प्रदाय के अन्तर्गत एक सम्प्रदायविशेष, जो सदा खोपड़ी अपने पास रखते और उसीमें राँध कर अथवा रख कर खाते पीते हैं। एक प्रकार की कोढ़। वामाचारी।

कापालिन्, (पुं.) शिव जी का नाम।

कापाली, (स्त्री.) खोपड़ी की माला। बड़ी चतुर स्त्री।

कापिक, (पुं.) बन्दर जैसे आकार वाला। या बन्दर जैसा व्यवहार करने वाला।

कापिल, (पुं.) पीत रङ्ग। पीले रङ्ग वाला। कपिल कथित शास्त्र को पढ़ने वाला। सांख्य शास्त्र का ज्ञाता।

कापिश, (न.) मदिरा। मद्य।

कापुरुष, (पुं.) बुरा आदमी। डरपोंक मनुष्य।

कापोत, (न.) कबूतरों का झुण्ड। सुरमा। कबूतर जैसे रङ्ग वाला।

काफल, (सं.) कड़ुआ बीज।

काम, (न.) वैषयिक अभिलाषा का नाम काम है। विषयवासना। सम्भोगलिप्सा। कामदेव। अत्यन्त लालसा।

कामकला, (स्त्री.) काम की स्त्री रति का नाम। कामप्रिया।

कामकार, (त्रि.) स्वेच्छाचारी। स्वतंत्र।

कामकेलि, (पुं.) सुरतक्रिया। कामक्रीड़ा। सम्भोग।

कामचार, (पुं.) यथेच्छाचारी। अपनी मनमानी करने वाला।

कामद, (त्रि.) अभीष्ट पूरा करने वाला।

कामदुघा, (स्त्री.) सुरभी गौ। कामधेनु। स्वर्ग की गौ।

कामदुह, (स्त्री.) कामधेनु।

कामध्वंसिन्, (पुं.) काम के ध्वंस करने वाले। शिव जी।

कामपाल, (पुं.) बलराम। बलभद्र। कामनाओं की रक्षा करने वाला।

कामम्, (अव्य.) अनुमति। सम्मति। प्रकाम। चोखा। पर्याप्त। स्वीकार। हाँ। चाहे।

कामरूप, (पुं.) इच्छानुसार रूप धारण करने वाला। एक देश का नाम जो आसाम के अन्तर्गत है। मनोहर रूप वाला।

कामल, (पुं.) कामी। एक प्रकार का रोग।

कामलुप्त, (पुं.) अनिरुद्ध।

कामसखा, (पुं.) कामदेव का मित्र। ऋतुराज वसन्त। काम को प्रदीप्त करने वाला चन्द्रमा।

कामसूत्र, (न.) वात्स्यायन सूत्र जिसमें कामशास्त्र प्रतिपादन किया गया है।

कामान्ध, (पुं.) काम से अंधा। जो अपने शब्द से दूसरों को अंधा कर दे। कोइल। विचारहीन।

कामिन्, (पुं.) चकवा। कबूतर। सारस। कामी। भीरु स्त्री। मदिरा।

कामुक, (त्रि.) अशोक वृक्ष। माधवी लता। चटक। चिड़िया। बहुत सम्भोग की इच्छा रखने वाला। द्रव्य कमाने की इच्छा रखने वाली स्त्री।

काम्पिल्य, (पुं.) कम्पिला नदी का तटवर्त्ती देश। गुण्डारोचना नामी लता।

काम्बविक, (पुं.) शङ्ख का काम करने वाला। शङ्खकार।

काम्बोज, (पुं.) कम्बोज देश का घोड़ा। पुन्नाग वृक्ष। कम्बोजदेशवासी। म्लेच्छ-विशेष। हयपुच्छी।

काम्य, (न.) फलकामना से किया गया कर्म्मानुष्ठान, यथा—तप, यज्ञ, पाठ, पूजनादि। कार्य जिसके करने में बड़ा क्लेश हो। सुन्दर।

काय, (पुं.) अन्नादि से बढ़ने वाला। शरीर। वृक्ष का धड़। समुदाय। मुख्य। प्रधान। घर। चिह्न। ब्राह्मतीर्थ। मूलधन। ब्रह्मा।

कायस्थ, (पुं.) शरीर में स्थित। परमात्मा। लेखक का काम करने वाला। जाति-विशेष। हरीतकी। आमलकी। लेखक जाति जिनकी उत्पत्ति क्षत्रिय पिता और शूद्रा माता से है।

कायिक, (त्रि.) शारीरिक। जो देह से किया जाय।

कार, (पुं.) मारने योग्य। निश्चय। उपाय। काम। पति। स्वामी। प्रभु। दृढ़ विचार। शक्ति। सामर्थ्य। कर। महसूल। बर्फ़ का ढेर। हिमालय। ओले का पानी। मारना। यति।

कारक, (त्रि.) करने वाला। क्रियाजनक। व्याकरण में कारक उसे कहते हैं जिसका क्रिया से सम्बन्ध हो। कर्त्ता, कर्म, अपादान आदि सात कारक हैं।

कारणदीपक, (न.) अलङ्कारशास्त्र का अर्थालङ्कारभेद।

कारज, उङ्गलियों से सम्बन्धयुत।

कारण, (न.) हेतु। विना जिसके कार्य की उत्पत्ति न हो सके। साधन। इन्द्रिय। शरीर। तत्त्व। किसी नाटक की मूल

पीटना । चिह्न । प्रमाण । प्रमाणपत्र । पीड़ा । (क्रि.) मारना । हनन करना ।

कारणमाला, (स्त्री.) अर्थालङ्कारभेद ।

कारणोत्तर, (न.) कुछ अभिप्राय मन में रख कर उत्तर देना । वादी की कही बात को स्वीकार कर के उसका खण्डन करना जैसे—"मैं मानता हूँ कि यह पुस्तक जो मेरे पास है, राम की है, पर राम ने मुझे यह पुस्तक उपहार में दे डाली है" ।

कारण्डव, (पुं.) हंसविशेष ।

कारमिहिका, (स्त्री.) कपूर । काफूर ।

कारम्भा, प्रियङ्गु वृक्ष ।

कारवः, (पुं.) काक । कौआ ।

कारस्करः, (पुं.) किम्पाल वृक्ष ।

कारा, (स्त्री.) कारागार । बन्दीगृह । वीणा की तूम्बी । सुनारिन । पीड़ा । कष्ट । दूती । शब्द । वीणा की गूझ को कम करने का औजार ।

कारापथ, (पुं.) देशभेद ।

कारि, (स्त्री.) क्रिया । काम । शिल्पी । कारीगर ।

कारिका, (स्त्री.) काम । क्रिया । नटी । अल्पाक्षर युक्त बहुत अर्थ बताने वाला श्लोक । कारीगरी । यातना । नाई आदि का कार्य । ब्याज । वृद्धिविशेष । भर्तृहरि की रची कारिका व्याकरण पर है । सांख्यकारिका सांख्यदर्शन पर है ।

कारीर, (न.) बाँस अथवा नरकुल के अँखुओं की बनी ।

कारीरी, (स्त्री.) वृष्टि के लिये यज्ञ की क्रिया । पानी बर्साने वाली यज्ञक्रिया ।

कारीष, (न.) सूखे गोबर का ढेर ।

कारु, (त्रि.) शिल्पी । कारीगर । कवि । गवैया । भयानक । विश्वकर्मा का नाम ।

कारुज, (पुं.) कल का कोई सा पुर्जा । हाथी का बच्चा । पहाड़ी । फेन । गेरू । तिल । मस्सा । नागकेसर ।

कारुणिक, (पुं.) दयालु स्वभाव वाला ।

कारुण्य, (न.) दया । अनुकम्पा ।

कारुण्डिका, कारुण्डी, (स्त्री.) जोंक ।

कार्कीक, (पुं.) सफेद अश्व जैसा ।

कार्त्तवीर्यः, (पुं.) हैहयराज कृतवीर्य का पुत्र । सहस्रबाहु । सहस्रार्जुन ।

कार्त्तस्वर, (न.) स्वर्ण । सोना । धतूरा । काञ्चन वृक्ष ।

कार्तिक, (पुं.) कृत्तिका नक्षत्र में उत्पन्न । स्वामिकार्तिक । कार्तिकी पूर्णिमा ।

कार्तिकेय, (पुं.) शिवपुत्र । स्कन्द । स्वामिकार्तिक ।

कार्तिकोत्सव, (पुं.) दीपोत्सव, जो कार्तिकी शुक्ला प्रतिपदा को होता है ।

कात्स्न्र्य, (न.) सार असार । सम्पूर्णता । समूचापन ।

कार्दम, कीचड़युक्त । कीच से सना या भरा । कर्दम प्रजापति सम्बन्धी ।

कार्पटः, (पुं.) प्रार्थी । उम्मेदवार ।

कार्पटिक, (त्रि.) तीर्थयात्री, जो तीर्थोदक से निर्वाह करता है । तीर्थयात्रियों का समूह । अनुभवी मनुष्य । पिछलग्गू ।

कार्पण्य, (न.) सूमपन । कञ्जूसपन । दीनता । अधीनता । चित्त का हल्कापन ।

कार्पाण, (पुं.) खड्गयुद्ध ।

कार्पास, (पुं.) रुई । कपास ।

कार्पासी, (स्त्री.) वृक्षभेद । कपा । कपास ।

कार्मं, (पुं.) परिश्रमी । मेहनती ।

कार्मण, (त्रि.) क्रिया में चतुर । योगविद्या । मंत्रविद्या ।

कार्मुक, (पुं.) धन्वा । धनुष । कमान । बाँस । कार्य में पटु । महानिम्ब । सफेद खदिर ।

कार्य्य, (न.) कर्त्तव्य कर्म । काम । पेशा । व्यवसाय । धार्मिक अनुष्ठान । विनश्वर । अवयव वाला । झगड़ा । करने योग्य ।

कार्शानव, (पुं.) अग्निपुञ्ज । गरम ।

कार्श्य, (न.) निर्बलता । दुबलापन । कमी । थोड़ापन ।

कार्षापण, (पुं. न.) सोलह पैसा । सोलह पण । कृषक । सोना । मुद्रा ।
कार्षिक, (पुं.) एक तोले भर ।
काल, (पुं.) काले रङ्ग वाला । कृष्णवर्ण । समय । किसी कार्य या वस्तु के लिये उपयुक्त समय । भाग्य । नेत्र में जो काला भाग होता है । कोइल । शनैश्चर ग्रह । शिव । रक्तचित्रक । कासमर्द । क्षण घड़ी आदि समय ।
कालकञ्ज, (न.) नीला कमल ।
कालकण्ठ, (पुं.) मोर । नीलकण्ठ । पक्षी । शिव जी का नाम । खञ्जन । दात्यूह । कलविङ्क ।
कालकूट, (पुं.) विष । विष जो समुद्रमन्थन के समय निकला था और जिसे शिव जी ने पान कर लिया था ।
कालनेमि, (पुं.) १ राक्षस का नाम । हिरण्यकशिपु का पुत्र । दैत्य ।
कालपर्ण, (पुं.) तगर का वृक्ष । काले पत्ते वाला वृक्ष ।
कालपुच्छ, (पुं.) काली पूँछ वाला । बारहसिंहा ।
कालपृष्ठ, (पुं.) मृगभेद । काली पीठ वाला । कङ्कपक्षी । धनुष ।
कालरात्रि, (स्त्री.) कल्पान्त रात्रि । कार्तिक की अमावास्या की रात्रि ।
काललौह, (न.) काला लोहा ।
कालसूत्र, (न.) नरकविशेष ।
कालस्कन्ध, (पुं.) काली शाखा वाला । तमाल वृक्ष । उदुम्बर ।
काला, (स्त्री.) नील । मजीठ । काला जीरा । अश्वगन्धा ।
कालागुरु, (न.) अगुरु चन्दन ।
कालाग्नि, (पुं.) मृत्यु को देने वाली आग । प्रलयाग्नि । कालानल ।
कालिक, (पुं.) बगला पक्षी । कृष्ण चन्दन ।
कालिङ्ग, (पुं.) हाथी । सर्प । राजकर्कटी ।
कालिन्दी, (स्त्री.) यमुना नदी ।
कालिन्दीभेदन, (पुं.) बलभद्र ।
कालिमन्, (पुं.) कालापन । कृष्णता ।
काली, (स्त्री.) काले रङ्ग वाली । देवीभेद । मत्स्यगन्धा । सत्यवती । नये बादलों की माला । गाली गलौज । रात्रि । कालाञ्जनी ।
कालेय, (पुं.) कुत्ता । हल्दी ।
काल्पनिक, (त्रि.) कल्पित । बनावटी ।
काल्या, (स्त्री.) गौ, जिसके गर्भ धारण का समय आ पहुँचा हो ।
कावेरी, (स्त्री.) दक्षिण की एक नदी का नाम । वेश्या । हल्दी ।
काव्य, (पुं.) पद्यमयी रचना । कविता के गुणयुक्त ग्रन्थ । दैत्यों का गुरु । शुक्र ।
काव्यलिङ्ग, (न.) एक प्रकार का अर्थालङ्कार ।
काश्, (क्रि.) चमकना ।
काश, (पुं.) फेफड़े का रोग । तृणपुष्प ।
काशिराज, (पुं.) दिवोदास । धन्वन्तरि ।
काशी, (स्त्री.) वाराणसी पुरी । बनारस ।
काश्मीर, (न.) कुङ्कुम । कमल की जड़ । सुहागा । एक देश । कश्मीरदेशवासी ।
काश्यप, मुनिविशेष । मृगविशेष । एक प्रकार की मच्छी । गोत्रभेद । कश्यप का वंशधर ।
काश्यपि, (पुं.) गरुड़ के ज्येष्ठ भ्राता अरुण । (सूर्य का सारथि अनूरु) ।
काश्यपी, (स्त्री.) पृथिवी ।
काष्ठ, (न.) काठ । लकड़ी । इंधन ।
काष्ठकदली, (स्त्री.) बनैला केला ।
काष्ठकीट, (पुं.) घुन ।
काष्ठतक्ष्, (पुं.) रथ बनाने वाला । दोगला ।
काष्ठलेखक, (पुं.) देखो काष्ठकीट ।
काष्ठा, (स्त्री.) दिशा । पर्य्यवसान । सीमा । चिह्न । समय का परिमाणविशेष । कला का तीसवाँ भाग । जल । सूर्य्य ।
कास, (पुं.) फेफड़े का रोग । काही ।

कासघ्नी, (स्त्री.) कण्टकारी। कण्डभारी।
कासरः, (पुं.) भैंसा।
कासारः, (पुं.) तालाब। ह्रद। सरोवर।
कासिका, (स्त्री.) खाँसी।
कासीस, (न.) हीराकस। एक प्रकार की धातु। कौंसीस।
कासू, (स्त्री.) घबराहट का बोल। चमक। बुद्धि। रोग।
काहल, (न.) सूखा। मुर्झाया हुआ। उपद्रवी। बड़ा। विस्तृत। बहुत। घुर्गा। कौआ। नगाड़ा। बाजा विशेष।
काहलिः, (पुं.) शिव जी का नाम।
किंवत्, (अव्य.) दीन। तुच्छ। नीच।
किंवदन्ती, (स्त्री.) जनश्रुति। लोकापवाद।
किंवा, (अव्य.) विकल्प। अथवा। या। वा।
किंशारु, (पुं.) धान की बाल। तीर। कङ्कपक्षी।
किंशुक, (पुं.) वृक्ष जिसमें सुन्दर लाल पुष्प लगते हैं, पर उन पुष्पों में महक नहीं होती। पलाश पुष्प। ढाँक के फूल। "विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव किंशुकाः"।
किकिः, (पुं.) नारियल का वृक्ष। चातक। पक्षी।
किक्किशः, (पुं.) एक प्रकार का कीड़ा।
किङ्करः, (त्रि. नौकर।
किङ्किणी, (स्त्री.) करधनी। छोटी घण्टी। घुँघुरू।
किङ्किर, (पुं.) कोयल। भौंरा। घोड़ा। कामदेव।
किङ्किरात, (पुं.) अशोक वृक्ष। तोता। रक्तभांडी। कोमल। कामदेव।
किञ्च, (अव्य.) आरम्भ। समुच्चय। कुछ और।
किञ्चन, (अव्य.) थोड़ा। अपूर्ण।
किञ्जल्क, (पुं.) केसर। फूल की धूरी। नागकेसर।
किट्, (क्रि.) समीप जाना। डरना।
किटिः, (पुं.) सुअर।
किटिभः, (पुं.) खटमल।
किटिमः, (पुं.) एक प्रकार की कोढ़।
किट्ट, (न) लोहे की जङ्ग या मैल।
किण, (पुं.) मांस की गाँठ। घृत। तिल। लकड़ी का कीड़ा।
किणिवन्, (पुं.) घोड़ा।
कित्, (क्रि.) सन्देह करना।
कितव, (पुं.) जुआरी। ठग। नीच। धतूरा। उन्मत्त या सनकी आदमी।
किंधिन्, (पुं.) घोड़ा।
किन्तनु, (पुं.) आठ पाँव का कीड़ा। मकरी। बहुत छोटे शरीर वाला।
किन्तु, (अव्य.) लेकिन। पर। परन्तु।
किन्नर, (पुं.) देवताओं का गवैया, जिसका मुख घोड़े जैसा और शरीर मनुष्य जैसा होता है।
किन्नरेश, (पुं.) किन्नरों का स्वामी। कुबेर। धन का दाता।
किन्नु, (अव्य.) प्रश्न। वितर्क। स्थान। सादृश्य। क्या?
किनाट, (स्त्री.) पेड़ की भीतरी छाल।
किम्, (अव्य.) क्या। वितर्क। निन्दा।
किमु, (अव्य.) सम्भावना। सन्देह। विमर्ष।
किमुत, (अव्य.) प्रश्न। वितर्क। सन्देह। विकल्प। अतिशय। फिर क्या?
किम्पच, (त्रि.) सूम। कृपण।
किंपुरुष, (पुं.) देवयोनिभेद। हिमालय और हेमकूट के बीच। नववर्ष नामी जम्बुद्वीप का एक वर्ष। बुरा आदमी।
किंभूत, किस प्रकार का? किस तरह का।
कियत्, (त्रि.) कितना?
कियाहः, (पुं.) लाल रङ्ग का घोड़ा।
किर, (पुं.) शूकर। सुअर।
किरण, (पुं.) किरन। सूर्य।
किरणमय, चमकीला। प्रकाशयुक्त।

किरणमालिन्, (पुं.) सूर्य ।

किरात, (पुं.) छोटे शरीर वाला । भील । बनैला पुरुष । साईस । शिव जी का नाम ।

किरातार्जुनीय, (न.) भारवि रचित एक उच्च काव्य का नाम जिसमें अर्जुन और भीलरूपधारी शिव जी के युद्ध का वर्णन किया गया है ।

किरातिः, (स्त्री.) गङ्गा । दुर्गा का नाम । भिल्लनी । मोरछल या चौंरी लेने वाली स्त्री । कुटनी । आकाशगङ्गा ।

किरिः, (पुं.) सुअर ।

किरिटिः, (पुं.) छुहारे के वृक्ष का फल ।

किरीटः, (पुं.) मुकुट । पगड़ी । मुकुट के नीचे की टोपी ।

किरीटिन्, (पुं.) मुकुटधारी । अर्जुन ।

किर्मिः या **किर्म्मी**, (स्त्री.) बड़ा कमरा । इमारत । सोने या लोहे की प्रतिमा । पलाश वृक्ष ।

किर्म्मीर, (पुं.) राक्षसविशेष, जिसे भीम ने मारा था । रङ्गबिरङ्गा । नारङ्गी का वृक्ष ।

किर्याणी, (पुं.) बनैला शूकर ।

किल्, (कि.) सफेद होना । जम जाना । खेलना । अनुरोध करना । फेंकना । भेजना ।

किल, (अव्य.) निश्चय । पछताना । प्रसिद्ध । सत्य । कारण । झूठ ।

किलकिञ्चित, (न.) स्त्रियों का विलासभेद ।

किलकिला, (स्त्री.) किलकारी । प्रसन्नता का बोल ।

किलाट, (पुं.) जमा हुआ दूध ।

किलाटकः, (पुं.) पके हुए दूध का पिण्ड । दूध का विकार । मलाई । मावा । खोया ।

किलाटिन्, (पुं.) बाँस ।

किलास, (पुं.) कोढ़ी । कोढ़ का सफेद चकत्ता ।

किलिञ्जम्, (स्त्री.) चटाई । हरी लकड़ी का तख्ता ।

किलिमं, (न.) अञ्जीर का वृक्ष ।

किल्विन्, (पुं.) घोड़ा ।

किल्विषं, (न.) अपराध । पाप । रोग । धर्म और अधर्म का फल । अनिष्ट । संसार ।

किशलय, (पुं. न.) पल्लव । पत्र । पत्ता ।

किशोरः, (पुं.) हाथी का बच्चा । बालक, जिसकी अवस्था पाँच वर्ष से अधिक और पन्द्रह वर्ष से कम हो । दस वर्ष से १५ वर्ष तक की उम्र वाला किशोरावस्था का कहा जाता है । सूर्य ।

किष्कू, (कि.) मारना ।

किष्किन्ध-न्धेय, (पुं.) ओड्र देश का एक पहाड़ । वहीं की गुफा ।

किष्कु, (पुं. स्त्री.) बारह अङ्गुल का माप । बाँह । हाथ का परिमाण ।

किसल-किसलय, (पुं. न.) नवपल्लव । कोमल पत्र । अङ्कुर ।

कीकट, (पुं. न.) दीन । दरिद्र । घोड़ा । बिहार देश का नाम । " कीकटेषु गया पुण्या " ।

कीकस, (पुं.) कड़ा । दृढ़ । हड्डी ।

कीकिः, (पुं.) नीलकण्ठ ।

कीचकः, (पुं.) पोला बाँस । बाँस की, हवा के लगने से सनसनाहट या खड़खड़ाहट । जातिविशेष । विराट् राजा का साला और और उनकी सेना का प्रधान सेनापति केकय देश का राजा ।

कीचकजित्, (पुं.) भीमसेन ।

कीज, (पुं.) अद्भुत । विलक्षण ।

कीड्, (कि.) रङ्गना । बाँधना ।

कीट, (पुं.) कड़ा । दृढ़ । कीड़ा ।

कीटघ्न, (पुं.) कीड़ों को विनाश करने वाला । गन्धक ।

कीटजा, (स्त्री.) कीड़ों से निकली हुई । लाख ।

कीटमणि, (पुं.) खद्योत । जुगनू ।

कीदृश्, (त्रि.) किस प्रकार । कैसे । कैसा ?

कीनं, (न.) मांस ।

कीनारः, (पुं.) अधम पुरुष । नीच मनुष्य ।
कीनाश, (पुं.) यम । वानरविशेष । खितहर । बापुरा । छोटा । कम ।
कीरः, (पुं.) तोता । देशविशेष । मांस । काश्मीर देश और वहाँ के निवासी ।
कोरइष्टः, (पुं.) श्याम का पेड़ ।
कीर्तिः, प्रशंसा । भजन । गीत ।
कीर्ण, (त्रि.) बिखरा हुआ । ढका हुआ । भरा हुआ । रखा हुआ । घायल ।
कीर्तना, (स्त्री.) यश । नेकनामी ।
कीर्त्ति, (स्त्री.) यश ।
कीर्तित, (त्रि.) कहा गया । प्रसिद्ध किया गया ।
कीर्तिशेष, (पुं.) मरण । मौत ।
कील्, (क्रि.) बाँधना । खोंसना ।
कील, (पुं. स्त्री.) आग की लाट । शस्त्र । खम्भा । लेश । कील । माला । टिहुनी । शिव का नाम । अणु । धूपघड़ी का काँटा व कील ।
कीलक, (पुं.) कील । मेख । गऊ का खूँटा ।
कीलाल, (न.) जल । रक्त । अमृत । पशु । मधु ।
कीलालजम्, (न.) मांस ।
कीलालधिः, (पुं.) समुद्र ।
कीलालपः, (पुं.) राक्षस । देव ।
कीशः, (पुं.) नङ्गा । (सं.) लंगूर । बन्दर । सूर्य । एक पक्षी ।
कु, (क्रि.) शब्द करना । दुःख से शब्द करना ।
कु, (अव्य.) पाप । निन्दा । थोड़ा । हटाना । भूमि । त्रिभुज का आधार ।
कुकभ, एक प्रकार की मदिरा ।
कुकीलः, (पुं.) पर्वत ।
कुकुद, (पुं.) आदरपूर्वक अलंकृत कन्या को देने वाला ।
कुकुन्दर, (पुं.) जघनकूप ।
कुकुर, (पुं.) दशार्ह देश । यदुवंश का एक राजा जिसे ययाति के शाप से राज्य नहीं मिला था ।
कुक्कुट, (पुं.) आग की चिनगारी । मुर्गा पक्षी ।
कुक्कुटव्रत, (न.) व्रतविशेष । यह व्रत सन्तानप्राप्ति के लिये जेठ और भादों की शुक्ला सप्तमी के दिन किया जाता है ।
कुक्कुटी, (स्त्री.) मुर्गी । घरेलू छोटी छिपकली । वृक्षविशेष ।
कुक्कुभः, (पुं.) जङ्गली मुर्गा । बारनिश ।
कुक्कुरः, (पुं.) कुत्ता ।
कुक्षः, (पुं.) पेट ।
कुक्षिः, (पुं.) उदर । पेट । गर्भाशय । किसी वस्तु का भीतरी भाग । गुफा । तलवार की म्यान । खाड़ी । पेट का बायाँ और दाहिना भाग ।
कुक्षिम्भरिः, (पुं.) देवता और अतिथियों को ठग कर केवल अपना पेट भरने वाले । स्वार्थी । पेटू ।
कुङ्कुम, (न.) केसर ।
कुङ्कुमाद्रिः, (पुं.) एक पर्वत का नाम ।
कुच्, (क्रि.) चिड़िया की तरह सीटी बजाना । चिकनाना । मोड़ना । रोकना । बन्द करना । लिखना । टेढ़ा हो कर चलना । गुस्सा करना । मिलना । तिरछा होना ।
कुच, (पुं.) स्तन । चूची । चूची के ऊपर की घुण्डी या बौड़ी ।
कुचफल, (पुं.) अनार का फल । या जो फल कुचों जैसा हो ।
कुचर, (त्रि.) अन्य के दोषों को कहने वाला ।
कुचर्या, (स्त्री.) कुव्यवहार । कुचाल ।
कुच्छं, (न.) कमलभेद ।
कुज्, (क्रि.) छुराना ।
कुज, (पुं.) मंगल ग्रह । नरकासुर । वृक्षमात्र । सीता । कात्यायनी (स्त्री.) ।
कुजम्भलः, (पुं.) घर फोड़ कर चोरी करने वाला चोर । नक़ब लगाने वाला चोर ।

कुज्झटि, कुज्झटिका, कुज्झटी, (स्त्री.) कुहासा । नीहार । पाला । कुहर ।

कुञ्चन, (न.) कुटिलता । अनादर । नेत्ररोग ।

कुञ्चि, (पुं.) कुटिल होना । आठ मूठ का नाम ।

कुञ्चिक, (पुं.) काला जीरा । मच्छी का भेद । कुञ्जी । ताली । बाँस की शाखा । रस्सी ।

कुञ्चित, (न.) सिकुड़ा हुआ । तगर का फूल ।

कुञ्ज, (पुं.) हाथी । ठोड़ी । लताओं से आच्छादित और बीच में खुला हुआ स्थान । लतागृह । लतावितान । हाथीदाँत ।

कुञ्जर, (पुं.) हाथी ।

कुञ्जरच्छाया, (पुं.) योगविशेष जो त्रयोदशी के दिन मघा नक्षत्र के होने पर होता है ।

कुञ्जराशन, (पुं.) बड़ का वृक्ष ।

कुट्, (क्रि.) तिरछा होना । कुटिल होना ।

कुट, (पुं.) घड़ा । दुर्ग । गढ़ । हथौड़ा । वृक्ष । घर । पर्वत ।

कुटक, (पुं.) विना बाँस का हल । (:) खम्भा जिसमें मथानी की रस्सी लपेटी जाती है ।

कुटङ्क, (पुं.) छत्त । छप्पर ।

कुटङ्कः, (पुं.) छोटा घर । झोपड़ी । कुटी ।

कुटपः, (पुं.) कुडव । तौलविशेष । घर के समीप का बाग । ऋषि । तपस्वी । कमल ।

कुटरः, (पुं.) देखो कुटकः ।

कुटरुः, (पुं.) मुर्गा । खीमा ।

कुटलं, (न.) छत्त । छप्पर ।

कुटिः, (पुं) शरीर । वृक्ष । कुटी । झोपड़ी । घुमाव ।

कुटिरम्, (न.) झोपड़ी । कुटी ।

कुटिल, (त्रि.) टेढ़ा । धोखेबाज़ ।

कुटिलिका, (स्त्री.) चुपके चुपके जैसे शिकारी अपनी शिकार की ओर जाता है, जाना । लुहार की भट्ठी ।

कुटी, (स्त्री.) घुमाव । झोपड़ी । मुरा । मदिरा । कुटिनी ।

कुटुङ्गकः, (पुं.) बेलों अथवा लताओं से आच्छादित गृह या कुटी । किसी वृक्ष पर चढ़ी हुई बेल । लता । छप्पर । छत्त । झोपड़ी । खत्ती ।

कुटुनी, (स्त्री.) कुटनी । वह दुराचारिणी स्त्री जो अन्य स्त्रियों को चुपके चुपके व्यभिचार के लिये अन्य पुरुषों के पास पहुँचावे ।

कुटुम्ब, (न.) गृहस्थी । पोष्यवर्ग । नातेदार । सन्तान ।

कुट्ट, (क्रि.) काटना । विभक्त करना । पीसना । दोषारोपण करना । जलाना । बढ़ाना ।

कुट्टक, (पुं.) अङ्कभेज जिसका वर्णन लीलावती में दिया हुआ है ।

कुट्टनी, (स्त्री.) देखो कुटनी ।

कुट्टमित, (न.) मित्र के साथ मिलने की इच्छा रहते हुए भी, न मानने के लिये हाथ हिलाना । विलासभेद ।

कुटमल, (पुं. न.) खिलने पर आई हुई कली । नरकविशेष ।

कुट्टारः, (पुं.) पहाड़ । सम्भोग विलास । ऊनी कम्बल । अकेलापन ।

कुट्टिम, (पुं.) छोटे पत्थरों से जड़ा हुआ । रत्नों की खान । अनार । कुटी ।

कुट्टिहारिका, (स्त्री.) दासी । टहलुनी ।

कुट्टीरः, (पुं.) पहाड़ी ।

कुट्टीरकं, (न.) झोपड़ी ।

कुठ्, (क्रि.) घबराना । आलस्य करना । छुड़ाना ।

कुठः, (पुं.) वृक्ष ।

कुठाकुः, (पुं.) चिड़िया विशेष ।

कुठाटङ्कः-का, (पुं. स्त्री.) कुल्हाड़ी ।

कुठारः-री, (पुं. स्त्री.) एक प्रकार की कुल्हाड़ी । वृक्ष ।

कुठारुः, (पुं.) वानर । पेड़ । शस्त्र बनाने वाला ।

कुठिः, (पुं.) वृक्ष । पहाड़ ।

कुठेरः, (पुं.) अग्नि ।

कुठेरुः, (पुं.) पल्ला या चौरी से उत्पन्न हुवा ।

कुड्, (क्रि.) जलाना । घबड़ाना । बचाना । खाना । बालक होना ।

कुड़ङ्गः, (पुं.) कुञ्ज । लतागृह ।

कुड़प-व, (पुं.) एक पाव । सेर का चौथियाई भाग ।

कुड्मल, (पुं. न.) खिलने के समय की प्राप्त हुई कली । नरकविशेष ।

कुड़िः, (सं.) शरीर । देह ।

कुडिका, (स्त्री.) कठौती या पथरौटी ।

कुडी, (स्त्री.) कुटी । झोपड़ी ।

कुड्यं, (न.) दीवार । कौतूहल । व्यसन ।

कुण्, (क्रि.) सहारा देना । सहायता देना । शब्द करना । सलाह देना । बातचीत करना । आमंत्रण देना । नमस्कार करना ।

कुणकः, (पुं.) किसी जीवजन्तु का हाल का जन्मा बच्चा ।

कुणप, (पुं.) प्राणरहित । मृत शरीर । मुरदा । दुर्गन्धयुक्त । भाला ।

कुणरु, (पु.) चिल्लाता हुआ ।

कुणिः, (पुं.) बिसहरी । फोड़ा जो हाथ के उङ्गली के नाखूनों के किनारे होता है ।

कुणटक, (पुं.) मोटा । चर्बीला ।

कुणठ, (पुं.) मौथरा । ढीला । मूर्ख । मन्द-बुद्धि । निर्बल ।

कुणठकः, (पुं) मूर्ख ।

कुणड्, (क्रि.) जलाना । खाना । ढेर लगाना । रक्षा करना ।

कुणडलिन्, (पुं.) घेरा देने वाला । सर्प । साँप ।

कुणडलिनी, (स्त्री.) तांत्रिक शक्तिविशेष । साँपिन ।

कुणिडका, (स्त्री.) घड़ा । कमण्डलु ।

कुणिडन्, (पुं.) शिव जी का नाम । वर्ण-सङ्कर । घोड़ा । मुनिविशेष ।

कुणिडनं, (न.) विदर्भों की राजधानी का नाम । मुनिविशेष ।

कुणिडर-कुणडीर, (पुं.) दृढ़ । मजबूत मनुष्य ।

कुतपः, (पुं.) सूर्य्य । अग्नि । ब्राह्मण । अतिथि । गौ । भाञ्जा । दौहित्र । बाजा । नैपाली कम्बल । कुशतृण । दिन के दोपहर की पिछली घड़ी से तीसरे पहर की पहली घड़ी तक का समय ।

कुतस्, (अव्य.) प्रश्न । कहाँसे । कबसे । कहाँ । किस स्थान पर । क्यों । किस कारण से । कैसे ।

कुतुकं, (न.) इच्छा । अभिलाष । कौतुक ।

कुतुप, (पुं.) छोटा सा चमड़े का कुप्पा । घी रखने का बरतन । दिन का आठवाँ मुहूर्त्त ।

कुतूहल, (न.) अद्भुत । विलक्षण । अपूर्व ।

कुत्र, (अव्य.) कहाँ । कब ।

कुत्स्, (क्रि.) गाली देना । निन्दा करना ।

कुत्सा, (स्त्री.) निन्दा । परिवाद ।

कुत्सित, (न.) निन्दित । निन्दा किया हुआ । बुरा कहा गया । कमीना । क्षुद्र ।

कुथ्, (क्रि.) सड़ना । दुर्गन्ध निकलना । फफूदी लगाना ।

कुथ, (पुं. स्त्री.) हाथी की झूल । (ः) कुश तृण ।

कुदारः-लः-लकः, (पुं. न.) कोविदार वृक्ष । कचनार का पेड़ । काकानासा । कुदाली । थावे का धड़ा ।

कुद्रङ्गः-गः, (पुं.) चौकीदार का घर । मकान जिसमें किसी वस्तु का ताकने वाला रहता है ।

कुध्रः, (पुं.) पहाड़ । पर्वत ।

कुनकः, (पुं.) काका । कौआ ।

कुनखः, (पुं.) नखों का रोग जिसमें नखों का रङ्ग बदल जाता है । कुनख रोग वाला मनुष्य ।

कुनालिका, (स्त्री.) कोरल ।

कुन्तः, (पुं.) प्रास नामी शस्त्र । भाला । एक

छोटा जानवर। कीट। अन्नविशेष। भल। गवेधुका धान्य। सहन। क्रोध। प्रेम।

कुन्तलः, (पुं.) केश। पीने का पात्र। हाथ। देशविशेष। हल। जौ। गन्धद्रव्य।

कुन्ति, (पुं.) देशविशेष। राजा ऋथ के पुत्र का नाम।

कुन्ती, (स्त्री.) शूरसेन राजा की औरसी पुत्री जिसका नाम पृथा था, और कुन्तिभोज ने उसे निज सन्तान की तरह ग्रहण किया। पाण्डु की पटरानी।

कुन्थ्, (क्रि.) घायल करना। पीड़ित होना।

कुन्द, (पुं.) फूलदार एक वृक्ष। कुन्दरू नामक गन्धद्रव्य। विष्णु भगवान् का नाम। कुबेर के नौ धनागारों में से एक। नौ की संख्या। कमल। खराद। भूमियंत्र। करवीर वृक्ष।

कुन्दमः, (पुं.) बिल्ली।

कुन्दरः, (पुं.) विष्णु का नाम। तृण या घासविशेष।

कुन्दुः, (पुं.) चूहा। घूँस।

कुप्, (क्रि.) कुद्ध होना। कुपित होना। उत्तेजित होना। आन्दोलित होना। चमकना। बोलना।

कुपाणि, (त्रि.) टेढ़े हाथ वाला।

कुपिन्द, (पुं.) ताँत। जुलाहा।

कुपिनिन्, (पुं.) मछवा। धीमर।

कुपिनी, (स्त्री.) एक प्रकार का छोटा जाल जिससे छोटी मछलियाँ पकड़ी जाती हैं।

कुपूय, (त्रि.) दुष्टाचरण वाला। बुरे चाल-चलन वाला। नीच। अकुलीन। घृणित।

कुप्य, (न.) उपधातु। जस्ता धातु। चाँदी और सोने को छोड़ कर कोई धातु।

कुबेरः, (पुं.) यक्षराज। मूर्ख। बुरे शरीर वाला।

कुब्जः, (पुं.) थोड़ी कोमलता वाला। कुबड़ा। तलवार। अपामार्ग।

कुब्र, (पुं. त्रि.) वन। हवनकुण्ड। अल्ला। बाली। सूत। अकड़ा। गाड़ी।

कुभृत्, (पुं) पहाड़। राजा।

कुमारः, (पुं.) बालक। जिसकी उम्र पाँच वर्ष के नीचे हो। युवराज। कार्तिकेय, जो युद्ध के अधिष्ठाता देवता हैं। अग्नि। तोता। ब्रह्मचारी। सिन्धुनद। वरुण वृक्ष।

कुमारकः, (पुं.) बालक। आँख की पुतली।

कुमारिका, कुमारी, (स्त्री.) दस से बारह वर्ष की अविवाहिता कन्या। अविवाहिता लड़की। क्वारी लड़की। दुर्गा। कई एक पौधों के नाम। सीता। बड़ी इलायची। भारतवर्ष की दक्षिणी अन्तिम सीमा पर स्थित अन्तरीप। श्यामा पक्षी। नवमल्लिका। घृतकुमारी। नदीविशेष। वरुण का फूल।

कुमुद, (पुं.) अकृपालु। अमित्र। लालची। कुमुदनी का सफेद फूल। कैरव। कल्हार। वारनभेद। दैत्यविशेष।

कुमुदिनी, (स्त्री.) कमलसमूह। तड़ाग जिसमें कमलों की बहुतायत हो। कुमुदलता।

कुमुद-नाथ-पति-बन्धु-बान्धव-सुहृद्-नायक, (पुं.) चन्द्रमा। कपूर।

कुमोदक, (पुं.) विष्णु का नाम।

कुम्बः, (पुं.) स्त्रियों के सिर पर ओढ़े जाने वाला वस्त्रविशेष। लाठी अथवा डण्डे का ऊपरी भाग। मोटे कपड़े की कुर्त्ती। यज्ञकुण्ड के चारो ओर का अहाता।

कुम्भः, (पुं.) घड़ा। हाथी के माथे पर के दो मांसपिण्ड। हृदय का रोग। कुम्भकर्ण का पुत्र। वेश्यापति। प्राणायाम का एक अङ्ग जिसमें स्वाँस रोकी जाती है। चौसठ सेर की तौल। ज्योतिषमतानुसार ग्यारहवीं राशि। गुग्गुल।

कुम्भक, (पुं.) प्राणायाम का अङ्गविशेष।

कुम्भकर्ण, (पुं.) घड़े के समान कान वाला। रावण का छोटा भाई।

कुम्भकार, (पुं.) जातिविशेष, जो घड़ा आदि बनावे अर्थात् कुम्हार। कुकुभ नामक पक्षी।
कुम्भयोनि, (पुं.) कुम्भज। अगस्त्य मुनि। द्रोणाचार्य। द्रोणपुष्पी।
कुम्भसम्भव, अगस्त्य मुनि का नाम।
कुम्भदासी, (स्त्री.) कुटनी।
कुम्भिका, (स्त्री.) छोटा बरतन। हण्डिया। वेश्या। नेत्ररोग।
कुम्भिन्, (पुं.) हाथी। नक्र। मछली। एक प्रकार का विषैला कीड़ा। गुग्गुल।
कुम्भिलः, (पुं.) चोर। श्लोकार्थ चुराने वाला। साला। गर्भमास पूर्ण होने के पहले ही उत्पन्न हुआ बालक।
कुम्भी, (पुं.) छोटा जलपात्र। मिट्टी के रसोई के बरतन। अनाज के तौलने का एक बाँट। अनेक पौधों का नाम।
कुम्भीधान्य, (न.) छः दिन के खर्च के योग्य घड़ों में संगृहीत अनाज।
कुम्भीधान्यकः, (पुं.) गृहस्थ जो धान्य एकत्र करता है।
कुम्भीनसः, (पुं.) एक प्रकार का विषैला सर्प।
कुम्भीपाकः, (पुं.) नरक, जहाँ तेल के तपे हुए घड़े में पकाये जाते हैं। या जहाँ कुम्हार के घड़े की तरह पापी जीव तपाये जाते हैं।
कुम्भीकः, पुन्नाग वृक्ष। गाड़ू।
कुम्भीरः, (पुं.) जल का जन्तु। बड़ी मछली। तेंदुआ।
कुम्भीरकः, कुम्मीलः, कुम्मीलकः, (पुं.) चोर। मगर। नक्र।
कुर्, (क्रि.) शब्द करना। बजाना।
कुरङ्करः, कुरङ्कुरः, (पुं.) सारस।
कुरङ्गः, (पुं.) हिरन, विशेष कर वह जिसका रङ्ग ताम्रवर्ण का हो।
कुरचिल्लः, (पुं.) केंकड़ा। कर्कराशि। बनैले सेव।
कुरटः, (पुं.) मोची। चमार। जूते बनाने वाला।
कुरण्डः, (पुं.) फोते बढ़ने की बीमारी।
कुरर, (पुं.) उत्क्रोश पक्षी। चकवा।
कुरुः, (पुं.) वर्तमान दिल्ली के समीप का देश। इस देश के राजा। पुरोहित। भात। कण्टकारिका। जम्बुद्वीप का वर्षभेद।
कुरुक्षेत्र, (न.) पाप दूर करने वाला स्थान। वह स्थान जहाँ कौरव पाण्डवों का लोकक्षयकारी इतिहास प्रसिद्ध हुआ था।
कुरुबक, (पुं.) कुड़ची। पुष्पवृक्ष।
कुरविन्द, (पुं.) तौलविशेष। चार तोले सोने की तौल।
कुरुटिन्, (पुं.) एक फोड़ा।
कुरुरी, (स्त्री.) एक प्रकार की चिड़िया।
कुरुलः, (पुं.) चोटी। माथे पर की अलकें।
कुरुवं, (सं.) एक प्रकार की नारङ्गी।
कुरुविन्दः, (पुं.) लाल, काला नमक। दर्पण।
कुरुवृद्ध, (पुं.) भीष्म पितामह। कौरवों में बूढ़े।
कुरूप्य, (न.) राँगा धातु।
कुर्परः, (पुं.) घुटना। कोहनी।
कुर्पास, (पुं.) चोली। कंचुकी।
कुर्वत्, (त्रि.) काम करने वाला। नौकर।
कुल, (न.) वंश। घराना। देश। समूह।
कुलक, (न.) समूह। ऐसे दो तीन चार श्लोकों का समूह जो एक में मिले हुए हों।
कुलकुण्डलिनी, (स्त्री.) तान्त्रिकों की उपास्य शक्ति। शिवशक्तिविशेष।
कुलघ्न, (त्रि.) कुल को नाश करने वाला। वर्णसंकर।
कुलज, (त्रि.) खानदानी। अच्छे घराने का। कुलीन।
कुलञ्जन, (पुं.) वृक्षविशेष।
कुलटा, (स्त्री.) बदचलन औरत। घर घर घूमने वाली।
कुलत्थ, (पुं.) कुल्था नाम से प्रसिद्ध अन्न विशेष।

कुलतन्तु, (पुं.) वंश को चलाने वाला।
कुलतिथि, (स्त्री.) चौथ। अष्टमी। द्वादशी। चतुर्दशी। वह तिथि जिस दिन कुलदेवता की विशेष पूजा की जाने का नियम हो।
कुलधर्म, (पुं.) वंशपरम्परा में आम्नाय से प्रचलित धर्म। कुलाचार। रीति।
कुलपति, (पुं.) १०००० छात्रों का अन्न वस्त्र दे कर विद्या पढ़ाने वाला मुनि। घराने का मुखिया। सेनापति।
कुलपर्वत, (पुं.) सात बड़े २ पर्वत।
कुलविप्र, (पुं.) पुरोहित।
कुलाट, (पुं.) एक प्रकार की छोटी मछली।
कुलाय, (पुं.) घोसला। शरीर। यज्ञविशेष।
कुलायिका, (स्त्री.) पक्षीशाला। चिड़ियाखाना।
कुलाल, (पुं.) कुम्हार। उल्लू पक्षी।
कुलाह, (पुं.) हल्के पीले रंग का काली जाँघों वाला घोड़ा।
कुलाहक, (पुं.) गिरगिट।
कुलिक, (पुं.) एक नाग। एक साग। एक योग।
कुलिंग, (पुं.) गौरैया चिड़िया। (त्रि.) बुरे चिह्न वाला।
कुलिंगी, (स्त्री.) काकरासिंगी।
कुलिश, (पुं. न.) वज्र। एक मछली।
कुलिशद्रुम, (पुं.) थूहर का वृक्ष।
कुलिशासन, (पुं.) शाक्यमुनि।
कुली, (स्त्री.) गोखरू। बड़ी साली।
कुलीन, (त्रि.) खानदानी। प्रतिष्ठित।
कुलीनस, (न.) जल।
कुलीर, (पुं.) काँकड़ा नाम का जलजीव। कर्कट। केंकड़ा।
कुलुक, (न.) जीभ का मैल।
कुल्लूक भट्ट, (पुं.) मनुस्मृति पर टीका लिखने वाले पण्डित। इनका समय ईसा की सोलहवीं शताब्दी कहा जाता है।
कुलेश्वर, (पुं.) महादेव। घराने का मालिक। वंश का मालिक।
कुल्फ, (पुं.) एक रोग। पैरों के गुल्फ (गट्टे)।
कुल्मल, (न.) पाप।
कुल्माष, (पुं.) घुने उड़द। लपसी।
कुल्य, (न.) हड्डी। एक प्रकार की अन्न की माप। सूर्य। मांस। मान्य पुरुष।
कुल्या, (स्त्री.) नहर। कृत्रिम नदी।
कुवलय, (न.) श्वेत कमल। कोकाबेली। नीला कमल। पृथ्वीमण्डल।
कुवलयादित्य, (न.) एक राजा।
कुवलयानन्द, (न.) अप्पय्य दीक्षित रचित एक अलङ्कार ग्रन्थ।
कुवलयापीड, (न.) कंस का हाथी, जिसे श्रीकृष्ण ने मारा।
कुवाद, (पुं.) बुरी बातचीत। अफवाह।
कुविन्द, (पुं.) जुलाहा। कपड़ा बनाने वाला।
कुविवाह, (पुं.) निन्दनीय ब्याह। बे-मेल ब्याह।
कुवृत्ति, (स्त्री.) बुरी प्रवृत्ति। खराब जीविका।
कुवेणी, (स्त्री.) मछली रखने की टोकनी।
कुश, (पुं. न.) तृणविशेष। रामचन्द्र के बड़े पुत्र। द्वीपविशेष। जल। पापी। मतवाला।
कुशध्वज, (पुं.) राजा जनक के छोटे भाई।
कुशप, (पुं.) पानपात्र। प्याला।
कुशल, (न.) कल्याण। मंगल। (त्रि.) चतुर।
कुशस्थल, (न.) कन्नौज।
कुशस्थली, (स्त्री.) द्वारकापुरी।
कुशलप्रश्न, (पुं.) खैर खबर पूछना।
कुशली, (पुं.) कुशलयुक्त। (स्त्री.) पथरचटा का वृक्ष।
कुशा, (स्त्री.) लगाम। रस्सी।
कुशाग्र, (पुं.) बहुत महीन। कुशे की नोक के समान। कुशे की नोक।—बुद्धि (त्रि.) तीक्ष्ण बुद्धि वाला।

कुशारणि, (पुं.) दुर्वासा ऋषि ।
कुशावती, (स्त्री.) रामचन्द्र के पुत्र कुश की राजधानी ।
कुशिक, (पुं.) जमदग्नि मुनि के पिता । विश्वामित्र के पिता । काही । बहेड़ा । सर्जवृक्ष ।
कुशिष्य, (त्रि.) बुरा शिष्य ।
कुशी, (पुं.) वाल्मीकि मुनि । (स्त्री.) हल की फाल । लोहविकार ।
कुशीद, (न.) लाल चन्दन । ब्याज । सूद ।
कुशीलव, (पुं.) वाल्मीकि मुनि । रामचन्द्र के पुत्र लव कुश । चारण । भाट । याचक । नाचने गाने की वृत्ति वाले, कथिक । (त्रि.) बुरे शील वाला ।
कुशूल, (पुं.) धान की भूसी की आग । अन्न भरने की कोठार ।
कुशेशय, (न.) कमल । सारस पक्षी । कनैर का वृक्ष ।
कुषाकु, (पुं.) बन्दर । अग्नि । सूर्य । (त्रि.) पर-सन्तापी ।
कुषीद, (न.) ब्याज । सूद ।
कुष्ठ-कुष्ट, (न.) कोढ़ का रोग । एक प्रकार का विष ।
कुष्ठकेतु, (पुं.) खेखसा का साग ।
गोदारण, (न.) लाङ्गल । हल । कुदाल ।

गोदावरी, (स्त्री.) दक्षिण भारत की एक नदी जिसके तट पर बसे हुए मुख्य नगरों में से एक नासिक है ।

गोधा, (स्त्री.) भुजा को बचाने के लिये चमड़े का पट्टा जिसे धनुषधारी भुजा पर बाँधते हैं ।

गोधूम, (पुं.) कनक । गेहूँ । एक प्रकार का धान ।

गोधूलि, (पुं.) गोचर भूमि से गौओं के आने की वेला । सूर्यास्त का समय । साँझ ।

गोनर्दीय, (पुं.) गोनर्द देश के समीप उत्पन्न हुआ । व्याकरणकर्त्ता पाणिनि मुनि ।

गोनस, (पुं.) जिसकी नासा गौ के समान है । एक प्रकार का साँप ।

गोपति, (पुं.) गौओं का पति । बैल । साण्ड । शिव । पृथिवीपति । श्रीकृष्ण । सूर्य । इन्द्र । ऋषभ नाम औषध ।

गोपा, (स्त्री.) श्यामा लता ।

गोपानसी, (स्त्री.) छज्जा । परदा डालने के लिये दीवार पर गड़ी हुई लकड़ी ।

गोपाल, (पुं.) गोप । अहीर । राजा । नन्द-राजा का पुत्र ।

गोपुर, (न.) पुरद्वार । शहर का द्वार ।

गोप्य, (गु.) रक्षा के योग्य । छिपाने योग्य । (पुं) गोपीसमूह ।

गोमती, (स्त्री.) नदीविशेष । वेद का मंत्र विशेष ।

गोमय, (पुं. न.) गोबर । गौ जैसा ।

गोमायु, (पुं.) शृगाल । गीदड़ । सियार । गन्धर्व ।

गोमिन्, (त्रि.) गौओं का स्वामी । गीदड़ ।

गोमुख, (पुं.) यक्षविशेष । नक्र । तेंदुआ । तिरछा घर । एक प्रकार का बाजा । लेपन । जपमाला की गोमुखी । गुप्ती । गङ्गोत्री ।

गोमूत्रिका, (स्त्री.) लताविशेष । काव्य की रचनाविशेष । गणित में ग्रहस्पष्ट की एक रेखा ।

गोमेद, (पुं.) मणिविशेष । जवाहर । द्वीप भेद । टापू ।

गोमेध, (पुं.) यज्ञविशेष जिसमें पशु के स्थान पर गौ रखी जाती है ।

गोरोचना, (स्त्री.) हल्दी जो गौ से उत्पन्न हुई हो । गौ के मस्तक से निकला पीले रङ्ग का पदार्थ ।

गोल, (पुं.) चारों ओर से गोल । मदन का पेड़ । पति के मरने पर जार से उत्पन्न हुआ पुत्र । भूगोल । आकाशमण्डल । एक राशि पर छः ग्रहों का एकत्र होना । गोलक । लकड़ी की गेंद ।

गोलाङ्गूल, (पुं.) गौ के समान काली पूँछ वाला। लङ्गूर । वानरविशेष।

गोलोक, (पुं. न.) वैकुण्ठ की दहिनी ओर का स्थान। लोकविशेष।

गोवर्द्धन, (पुं.) व्रज का एक पर्वतविशेष। गौओं को बढ़ाने वाला।

गोवर्द्धनधर, (पुं.) पर्वत उठाने वाला। श्रीकृष्ण। गोवर्धननाथ। गिरिधारी।

गोविन्द, (पुं.) श्रीकृष्ण। बृहस्पति। गौओं का स्वामी।

गोष्ठ, (क्रि.) इकट्ठा होना।

गोष्ठ, (न.) गौशाला। ग्वाल। गूजर।

गोष्ठी, (स्त्री.) सभा। समिति।

गोष्पद, (न.) गौ के खुर का चिह्न जो नम धरती पर बन जाता है। देश जिसे गौएँ सेवन करती हों।

गोसेव, (पुं.) गोमेध यज्ञ।

गोस्तन, (पुं.) गौ के स्तन जैसा गुच्छा वाला। गौ का स्तन। चार लड़ों का हार।

गोस्तनी, (स्त्री.) एक प्रकार की दाख।

गोस्थानक, (न.) देखो गोष्ठ।

गौड, (पुं.) नगरविशेष। जो बङ्गाल से भुवनेश तक है। उस देश के अधिवासी। विन्ध्याचल के उत्तर जो देश है उसमें बसने वाले ब्राह्मणविशेष।

गौडी, (स्त्री.) मद्यविशेष। मिठाई। अलङ्कार में एक रीतिविशेष।

गौण, (त्रि.) अप्रमुख्य। छोटा। दूसरा। व्याकरण में प्रधान का विरोधी।

गौणपक्ष, (पुं.) निर्बल पक्ष।

गौणिक, (त्रि.) छोटा। लघु। तीन गुणों (सत्त्व, रज, तम) वाला।

गौतम, (पुं.) गौतम के वंशधर अथवा उनकी शिष्यपरम्परा के लोग। नचिकेता का पिता जिसका नाम शतानन्द था। शाक्यसिंह। भरद्वाज ऋषि। बुद्धदेव का नाम। न्यायशास्त्र के प्रणेता।

गौतमी, (स्त्री.) गौतमसम्बन्धी। गौतमरचित सोलह पदार्थों वाली विद्या। गोदावरी नदी। राक्षसीविशेष। द्रोण की स्त्री कृपी। बुद्धदेव की विद्या। गोरोचना। कण्व मुनि की बहिन। दुर्गा।

गौधार, (पुं.) गोधापुत्र। गिरगिट।

गौर, (पुं.) सफेद वर्ण। एक मुनि का। चन्द्र। धव वृक्ष। विशुद्ध। सा० ।

गौरव, (न.) बड़प्पन। मान।

गौरी, (स्त्री.) पार्वती। शिवपत्नी। रजरहित आठ वर्ष की अविवाहिता कन्या की संज्ञा। हल्दी। गोरोचना। नदी। मजीठ। तुलसी। सुवर्ण कदली। आकाशमाँसी। रागिनीविशेष।

गौरीशिखर, (न.) हिमालय की एक चोटी। जहाँ पर गौरी ने तप किया था।

गौष्ठीन, (न.) पुरानी गौशाला।

ग्रथ्, (क्रि.) टेढ़ा करना। तिरछा करना। गूँथना। रचना।

ग्रथित, (त्रि.) गुम्फित। मारा गया। बनाया गया।

ग्रन्थ, (पुं.) गुम्फन। धन। शास्त्र। अनुष्टुप् छन्द वाला पद्य। पुस्तकरचना।

ग्रन्थि, (पुं.) गाँठ। वृक्षविशेष। बंधन। रोगविशेष। थैली। धन। पोशाक। शरीर के जोड़। ढिठाई। झूठ।

ग्रन्थिभेद, (पुं.) गठकटा। चोर।

ग्रन्थिमूल, (न.) गाजर।

ग्रन्थिल, (न.) गठीला। पिप्पलीमूल। मद्य। अदरक।

ग्रस्, (क्रि.) खाना।

ग्रस्त, (न.) खाया गया। आधा बोला हुआ वाक्य।

ग्रह्, (क्रि.) पकड़ना।

ग्रह, (पुं.) सूर्य्यादि नवग्रह। हठके वशीवर्ती होकर पकड़ना। अनुग्रह। युद्ध का उद्यम। बालकों को दुःखदायी पूतनादि बालग्रह।

ग्रहण, (न.) स्वीकृति । मान लेना । लेना । आदर । बन्धन । चन्द्र व सूर्य्य का ग्रास । इन्द्रिय ।

ग्रहिणीहर, (न.) लौंग । ग्रहणी रोग को दूर करने वाली ।

ग्रहपति, (पुं.) ग्रहों का स्वामी । सूर्य ।

ग्रहाधार, (पुं.) ग्रहों का आधार । ध्रुव नामक नक्षत्रविशेष ।

ग्राम, (पुं.) गाँव । समूह । स्वरभेद । राग का उठान । ब्राह्मणादि वर्णों का वासस्थान । वह स्थान जहाँ खेत हों और जहाँ विशेष कर शूद्र रहते हों ।

ग्रामगृह्या, (स्त्री.) ग्राम की रक्षा के लिये ग्राम के बाहिर रहने वाली सेना ।

ग्रामणी, (पुं.) नापित । नाई । पति । प्रधान । कोतवाल । वेश्या । नीतिका (स्त्री) ।

ग्रामधर्म, (पुं.) गाँव का धर्म । मैथुन ।

ग्रामयाजक, (पुं.) ग्रामवासी अनेक वर्णों को यज्ञ कराने वाला नीचकोटि का ब्राह्मण ।

ग्रामीण, (पुं.) गाँव का । कुत्ता । काक । ग्राम का शूकर । ग्रामोत्पन्न ।

ग्राम्य, (त्रि.) ग्रामोत्पन्न । गाँव का । प्राकृत । गँवार । नीच । मूढ़ । मिथुनादि राशिभेद । भाण्ड आदि का गालीसूचक वचन ।

ग्रावन्, (पुं) पत्थर । बादल । दृढ़ ।

ग्रास, (पुं.) कवर । कौर ।

ग्राह, (पुं.) पकड़ना । लेना । जानना । मगर । नक्र । जलजीव ।

ग्राहक, (पुं.) सपेरा । राजपक्षी । मोल लेने वाला ।

ग्राह्य, (त्रि.) लेने योग्य । उपादेय ।

ग्रीवा, (स्त्री.) गरदन ।

ग्रीष्म, (पुं.) निदाघ । पसीना । पसीना निकालने वाला सूर्य्यताप आदि जेठ का महीना ।

ग्रुच्, (क्रि.) चोरी करना ।

ग्रैव, (न.) गले का आभूषणविशेष । ग्रीवा सम्बन्धी ।

ग्रैवेय, (न.) कण्ठाभरण । गले का गहना ।

ग्लस्, (क्रि.) खाना ।

ग्लह्, (क्रि.) पकड़ना । जु ।

ग्लह, (पुं.) जुए का दाँव । जुआ । पाँसा ।

ग्लानि, (स्त्री.) घृणा । घबराहट । थकान । हानि । बीमारी ।

ग्लास्नु, (त्रि.) ग्लानियुक्त । थका हुआ । घबराया हुआ ।

ग्लुच, (क्रि.) चोरी करना ।

ग्लुञ्च्, (क्रि.) चोरी करना और जाना ।

ग्लेप्, (क्रि.) देना । निर्धन होना । दुःखी होना । कोपना । जाना । हिलना ।

ग्लेव्, (क्रि.) सेवा करना । पूजा करना ।

ग्लेष्, (क्रि.) ढूँढ़ना । खोजना ।

ग्लै, (क्रि.) कष्ट का अनुभव करना । घबड़ाना । थक जाना ।

ग्लौ, (पुं.) चन्द्रमा । कपूर । पृथिवी ।

घ

घ, कवर्ग का चौथा अक्षर ।

घ, (पुं.) घण्टा । घर्घर शब्द । यह समास में शब्द के पीछे जोड़ा जाता है । मारना । ताड़न करना । नाश करना ।

घष्, (क्रि.) प्रकाश डालना । बहना ।

घग्घ, (क्रि.) हँसना । उपहास करना । चिढ़ाना ।

घट्ट, (क्रि.) काम करना । यत्न करना । शब्द करना ।

घट, (पुं.) घड़ा । जलघड़ी । कुम्भराशि का सङ्केत । परिमाणविशेष ।

घटक, (त्रि.) दलाल । वाक्य के बीच में पड़ने वाला पदार्थ । दियासलाई बनाने वाला ।

घटना, (स्त्री.) एकत्र करना । जोड़ना । हाथियों का समूह । रचना । यत्न । बनाना ।

घटा, (स्त्री.) यत्न । सभा । समूह । बादलों का समूह ।

घटिका, (स्त्री.) साठ पल का समय । घड़ी । नितम्ब । चूतड़ । पानी का छोटा घड़ा या डोलची । एड़ी ।

घटी, (स्त्री.) एक छोटा बरतन । जलघड़ी ।

घटीयंत्र, (न.) कूप में से जल निकालने का यंत्र । गिर्री । उद्घाटन । खोलना ।

घट्ट, (क्रि.) हिलना ।

घट्ट, (पुं.) घाट । महसूल उगाहने का स्थान ।

घट्टित, (त्रि.) निर्मित । बना हुआ । रंगा गया । हिलाया गया । घोटा गया ।

घण्, (क्रि.) दीप्ति । चमकना ।

घण्ट्, (क्रि.) बोलना । चमकना ।

घण्टा, (स्त्री.) घण्टी । घड़ियाल । अति-बला । नागबला ।

घण्टापथ, (पुं.) नगर का मुख्य मार्ग ।

घण्टिका, (स्त्री.) छोटी घण्टी । छोटी घण्टी के आकार की होने के कारण तालु-वर्त्तिनी जीभ ।

घन, (पुं.) मेघ । बादल । मोथा । प्रवाह । दृढ़ । कठिन । फैलाव । शरीर । लोहे का मुद्गर । कफ । अभ्रक । समान जाति के तीन अङ्कों का आपस में गुणन । गाढ़ा । भरा हुआ । बाजा । मध्यम नाच । लोहा ।

घनकफ, (पुं.) ओले ।

घननाभि, (पुं.) धुआँ ।

घनपदवी, (स्त्री.) आकाश अर्थात् बादलों का पथ ।

घनरस, (पुं.) बादलों का रस अर्थात् जल । कपूर ।

घनवल्ली, (स्त्री.) बिजली या बादलों की बेल ।

घनसार, (पुं.) कपूर । पारा । जल । एक प्रकार का वृक्ष

घनागम, (पुं.) वर्षाकाल ।

घनाघन, (पुं.) इन्द्र । बरसाऊ बादल । मत्त हस्ती । एक दूसरे का परस्पर धकियाना । निरन्तर ।

घनात्यय, (पुं.) वह समय जब बादल छिप जाँय अर्थात् शरत्काल ।

घनामय, (पुं.) खजूर का पेड़ ।

घनोपल, (पुं.) ओला । सिल ।

घम्ब्, (क्रि.) जाना । हिलना ।

घरट्ट, (पुं.) जाँता । चक्की ।

घर्घर, (पुं.) नद । द्वार । एक प्रकार का स्वर ।

घर्घरिका, (स्त्री.) छोटी घण्टी । एक बाजा । भुने हुए धान । एक नद ।

घर्व्, (क्रि.) जाना ।

घर्म्म, (पुं.) पसीना । धूप । गरमी ।

घर्षणी, (स्त्री.) हल्दी ।

घस्, (क्रि.) खाना ।

घस्मर, (त्रि.) खाने वाला । खाऊ ।

घस्र, (पुं.) दिन । मारने वाला ।

घाण्टिक, (पुं.) घण्टा बजाने वाला । धतूरा ।

घात, (पुं.) प्रहार । चोट । मारना । गुणना । गुना करना । अङ्क को पूर्ण करना । तीर ।

घातिन्, (त्रि.) मारने वाला । घातक ।

घातुक, (त्रि.) क्रूर । मारने वाला । हिंसा करने वाला ।

घार, (पुं.) सेचन । सींचना । छिड़कना ।

घार्तिक, (पुं.) घी का बना खाद्यविशेष ।

घास, (पुं.) गौ आदि के खाने योग्य चारा ।

घु, (क्रि.) शब्द करना ।

घुट्, (क्रि.) लौटना । पीछे हटना ।

घुट, (पुं.) चरणग्रन्थि । घुटना । एड़ी ।

घुण्, (क्रि.) घूमना । लेना ।

घुण, (पुं.) घुन । लकड़ी खाने वाला कीड़ा ।

घुर्, (क्रि.) शब्द करना । बड़ा शब्द करना । गुर्राना ।

घुर्घुर, (पुं.) शूकर का शब्द ।
घुष्, (क्रि.) प्रशंसा करना । प्रकट करना ।
घुसृण, (न.) केसर । कुङ्कुम ।
घूक, (पुं.) उल्लू । पेचक ।
घूर्, (क्रि.) मारना । पुराना पड़ना ।
घूर्ण्, (क्रि.) घूमना ।
घृ, (क्रि.) सींचना ।
घृण, (क्रि.) चमकना ।
घृणा, (स्त्री.) कारुण्य । दया । निन्दा । घिन ।
घृणि, (पुं.) तरङ्ग । लहर । किरन । सूर्य ।
घृत, (न.) चमक । घी । पानी ।
घृतकुमारी, (स्त्री.) घीकुआर । जिमींकन्द । औषधविशेष ।
घृताची, (स्त्री.) अप्सराविशेष । राब । घी वाली । चमकने वाली ।
घृष्, (क्रि.) रगड़ना ।
घृष्टि, (पुं.) बराह । सुअर ।
घोट-क, (पुं) अश्व । घोड़ा ।
घोटकारि, (पुं.) भैंसा ।
घोणा, (स्त्री.) घोड़े के नथुने । नाक ।
घोणिन्, (पुं.) लम्बी नाक वाला । सुअर ।
घोर, (पुं.) शिव । ऋषिविशेष । विष । सख्त । भयानक । दुर्गम ।
घोररासन, (पुं.) भयानक शब्द वाला । सियार । गीदड़ ।
घोल, (पुं. न.) मट्ठा । लस्सी ।
घोष, (पुं.) अहिरों या गोपों का गाँव । बादलों की गर्जन । लताविशेष । व्याकरण में बाह्यप्रयत्न का एक भेद ।
घोषणा, (स्त्री.) डौंड़ी । ढिंढोरा ।
घ्रा, (क्रि.) गन्ध लेना । सूँघना ।
घ्राणतर्पण, (पुं.) सुगन्धि ।
घ्रातव्य, (त्रि.) सूँघने योग्य ।

ङ

ङ, इस अक्षर से आरम्भ होने वाला कोई शब्द नहीं है ।

ङ, (पुं.) विषयेच्छा । भोगलिप्सा । शिव जी का नाम ।
ङ्, (क्रि.) शब्द करना ।

च

च, (अव्य.) और । पादपूर्ण । (पुं.) चन्द्रमा । शिव का नाम । कछुआ । चोर । (गु.) बुरा । दुष्ट ।
चक्, (क्रि.) चमकना । प्रसन्न होना । तृप्त होना ।
चकास्, (क्रि.) चमकना ।
चकित, (न.) भय । डर । डरा हुआ । हैरान हुआ । विस्मित । एक छन्द जिसके प्रत्येक पाद में सोलह अक्षर होते हैं ।
चकोर, (पुं.) एक पक्षी ।
चक्क, (क्रि.) पीड़ित होना । कष्ट उठाना ।
चक्र, (न.) चकवा पक्षी । पहिया । सैनिक । राज । एक प्रकार का पाखण्ड । चाक । जिससे कुम्हार बरतन बनाता है । एक प्रकार का अस्त्र । भँवर । काव्यरचना विशेष । कोल्हू । समूह । गाँव । पुस्तक का भाग । नदी का शब्द ।
चक्रक, (पुं.) जिसकी पहिया घूमने जैसा शब्द निकलता हो । एक दोष । एक प्रकार का तर्क ।
चक्रधर, (पुं.) विष्णु । सर्प । राजा ।
चक्रधारा, (स्त्री.) पहिये का अग्रभाग ।
चक्रपाणि, (पुं.) विष्णु ।
चक्रपादः, (पुं.) रथ । गाड़ी ।
चक्रबन्धु, (पुं.) सूर्य्य ।
चक्रभेदिनी, (स्त्री.) रात ।
चक्रभ्रम, (पुं.) पीसने की चक्की ।
चक्रवर्तिन्, (पुं.) महाराजाधिराज । राजाओं का अधीश्वर । आसमुद्रान्त भूमण्डल का स्वामी । मुख्य ।
चक्रवाक, (पुं.) स्वनाम प्रसिद्ध पक्षी ।
चक्रवाड, (पुं.) लोकालोक पर्वत । मण्डल ।

चक्रवृद्धि, (स्त्री.) सूद दर सूद। ब्याज पर ब्याज।

चक्रव्यूह, (पुं) युद्धक्षेत्र में शत्रु से लड़ने के लिये विशेष विधि से सेना खड़ा करना।

चक्रा, (स्त्री.) नागरमौथा। काकड़ासिंगी।

चक्राङ्ग, (पुं.) रथ। गाड़ी। हंस।

चक्रिन्, (पुं.) विष्णु। साँप। चकवा। कुम्हार। चुगलखोर। सूचक। तेली। चक्रवर्ती। अवनीपति। चक्र वाला।

चक्रीवत्, (पुं.) सदा घूमने वाला। गधा। राजा विशेष।

चक्ष्, (क्रि.) कहना। छोड़ना। विचारना।

चक्षण, (न.) कहना। बोलना। भूख बढ़ाने वाली एक प्रकार की चटनी।

चक्षुस्, (न.) देखना। आँख। प्रकाश।

चक्षुःश्रवस्, (पुं.) ऐसा जीव जो आँखों ही से सुनता हो अर्थात् साँप।

चक्षुष्य, (पुं.) सुरमा। काजल।

चङ्क्रमण, (न.) बहुत घूमना। बार बार घूमना।

चञ्चरी, (स्त्री.) भौंरी।

चञ्चल, (पुं.) विषयी। वायु। चपल। अस्थिर। कामुक।

चञ्चा, (स्त्री.) चटाई। चौकी। घास की गुड़िया।

चञ्चु, (पुं.) पक्षियों की चोंच।

चट्, (क्रि.) मारना। तोड़ना। फोड़ना। ढाकना।

चटक, (पुं.) चिड़िया।

चटकाशिरस्, (पुं.) पिप्पलीमूल। मद्य।

चटु, (पुं.) प्रियवचन। व्रतियों का एक आसन। उदर। पेट।

चटुल, (त्रि.) चञ्चल। फुरतीला। बिजुली।

चड्, (क्रि.) क्रोध करना।

चण्, (क्रि.) जाना। मारना। शब्द करना। देना।

चणक, (पुं.) चने। तृणभेद। एक मुनि का नाम जिसके वंश में चाणक्य का जन्म हुआ था।

चण्ड, (पुं.) इमली का वृक्ष। यमदूत। दैत्यविशेष। तीक्ष्ण। तेज।

चण्डांशु, (पुं.) सूर्य। दिनकर। प्रभाकर।

चण्डात्मक, (पुं. न.) कुत्ती। छोटा कोट।

चण्डाल, (पुं.) सङ्करवर्ण जिसका जन्म ब्राह्मण पिता और शूद्रा माता द्वारा हो। जातिविशेष।

चण्डी, (स्त्री.) दुर्गा देवी। क्रोध वाली। सप्तशती में चण्डी देवी की कथा होने से उस पुस्तक का नाम ही चण्डी पड़ गया है।

चत्, (क्रि.) माँगना। जाना।

चतुःशाला, (स्त्री.) चौखण्डी। चार खण्ड का मकान।

चतुर्, (त्रि.) चार की गिनती। चार संख्या वाला।

चतुर, (पुं.) हाथीखाना। काम में कुशल। दक्ष। आँखों के सामने। चालाक।

चतुरङ्ग, (न.) जिसके चार अङ्ग हों। हाथी, घोड़ा, गाड़ी, पैदल इन चार अङ्गों से सुसज्जित सेना।

चतुरश्र, (त्रि.) चतुष्कोण। चौकोना। चार कोने वाला। ज्योतिष में लग्न से चौथा तथा आठवाँ स्थान।

चतुरानन, (पुं.) चार मुख वाला। ब्रह्मा। चतुर्मुख।

चतुर्थ, (त्रि.) चौथा।

चतुर्थांश, चौथा भाग। चार भागों में से एक।

चतुर्थी, (स्त्री.) चौथ तिथि।

चतुर्दन्त, (पुं.) चार दाँत वाला। इन्द्र का ऐरावत नामक हाथी।

चतुर्दशन, (त्रि.) चौदह ।
चतुर्द्धा, (अव्य.) चार प्रकार से ।
चतुर्भद्र, (न.) धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—चार कल्याण ।
चतुर्भुज, (पुं.) चार हाथ वाला । विष्णु ।
चतुर्युग, (न.) सत्य, त्रेता, द्वापर और कलिरूप चारो युग ।
चतुर्वर्ग, (पुं.) चार प्रकार का पुरुषार्थ अर्थात् अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष ।
चतुर्विंशति, (स्त्री.) चौबीस ।
चतुर्विद्य, (पुं.) चारों वेदों का जानने वाला ।
चतुर्विध शरीर, (न.) जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिद—ये चार प्रकार के शरीर हैं ।
चतुर्व्यूह, (पुं.) उत्पत्ति आदि कार्य के लिये चार विभाग वाला अर्थात् वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध रूप विष्णु ।
चतुष्क, (न.) चार खम्भों वाला घर ।
चतुष्टय, (त्रि.) चार हिस्से वाला ।
चतुष्पथ, (पुं.) चौराहा । चार आश्रमों वाला ।
चतुष्पद, (पुं.) चौपाया । चार पैर वाला एक करण ।
चतुष्पदी, (स्त्री.) चार पाँव वाली । चार चरणों का श्लोक जिसमें ३२ अक्षर होते हैं ।
चतुस्त्रिंशत्, (त्रि.) चौतीस ।
चत्वर, (न.) यज्ञ के लिये शुद्ध पृथिवी । आँगन । बाड़ा ।
चत्वारिंशत्, (स्त्री.) चालीस ।
चत्वाल, (पुं.) होमकुण्ड । कुश ।
चद्, (क्रि.) माँगना । प्रसन्न होना । चमकना ।
चन्, (क्रि.) मारना । शब्द करना ।
चन, (अव्य) अपूर्ण । जो कुछ भी ।
चरञ्च्, (क्रि.) जाना ।
चन्दन, (पुं. न.) चन्दन । एक बानर । एक बूटी ।
चन्दनधेनु, (स्त्री.) चन्दन लगी गौ । ऐसी गौ उसे कहते हैं जो सधवा और सन्तानवती स्त्री द्वारा मृत्यु के अनन्तर स्वर्गप्राप्ति की कामना से दी जाती है ।
चन्द्र, (पुं.) कपूर । हींग । पानी । सुन्दर । काला रङ्ग । मोर का चाँद । बड़ी इलायची । चन्द्रमा । मृगशिर नक्षत्र ।
चन्द्रक, (पुं.) सफेद मिर्च । मछलीविशेष ।
चन्द्रकला, (स्त्री.) चन्द्र का सोलहवाँ अंश । द्रविड़ देश का वाद्यविशेष ।
चन्द्रकान्त, (पुं.) मणिविशेष । कमल । चन्दन । रात । चाँदनी । चन्द्र की स्त्री ।
चन्द्रकान्ति, (न.) चाँदी । चन्द्रमा की चमक ।
चन्द्रकिन्, (पुं.) मयूर । मोर ।
चन्द्रगुप्त, (पुं.) मगध देश का एक राजा विशेष । चित्रगुप्त ।
चन्द्रबाला, (स्त्री.) बड़ी इलायची ।
चन्द्रभागा, (स्त्री.) काश्मीर देश की एक नदी का नाम ।
चन्द्रमण्डल, (न.) चाँद का गोल आकार ।
चन्द्रमस्, (पुं.) चन्द्रमा । चाँद ।
चन्द्रमौलि, (पुं.) शिव । शङ्कर ।
चन्द्रवल्लरी, (स्त्री.) सोमलता ।
चन्द्रव्रत, (न.) चान्द्रायण नामक व्रत ।
चन्द्रशाला, (स्त्री.) प्रासादोपरिस्थ गृह ।
चन्द्रशेखर, (पुं.) शिव जी । पूर्व देश का एक पर्वत ।
चन्द्रसम्भव, (पुं.) बुध । नर्म्मदा नदी । बड़ी इलायची ।
चन्द्रहास, (पुं.) खड्ग । रूपा । (स्त्री.) गुडूची । गिलोय ।
चन्द्रा, (स्त्री.) एला । चन्द्रातप । चन्दोवा ।
चन्द्रापीड, (पुं.) शिव । तारापीड राजा का पुत्र ।

चन्द्रिका, (स्त्री.) चाँदनी। बड़ी इलायची। छन्द जिसके प्रत्येक पाद में तेरह अक्षर होते हैं।

चन्द्रोपल, (पुं.) चन्द्रकान्तमणि।

चप्, (क्रि.) पीसना। शान्ति देना। उत्तेजित करना।

चपल, (पुं.) पारा। मछली। क्षणिक। चञ्चल। घबड़ाया हुआ। दुर्विनीत। अशिक्षित। लक्ष्मी। बिजली। कुलटा स्त्री। पीपल। भोग। मदिरा। जीभ। छन्दविशेष।

चपेट, (पुं.) थप्पड़।

चम्, (क्रि.) खाना।

चमत्कार, (पुं.) विलक्षण। विस्मयकारी। अपामार्ग वृक्ष।

चमर, (पुं.) भैंसे के रूप रङ्ग जैसा हिरन। जिसकी पूँछ के बाल के चँवर बनाये जाते हैं।

चमस, (पुं. न.) लकड़ी का बना हुआ यज्ञीय एक पात्र। लड्डू। चमचा।

चमीकर, (पुं.) सोने के उपजने का स्थान।

चमू, (स्त्री.) सेना।

चमूरु, (पुं.) मृगविशेष। कचनार का वृक्ष।

चम्पक, (पुं.) केला। ढेउ का वृक्ष। चम्पे का फूल।

चम्पकमाला, (स्त्री.) स्त्रियों के गले का आभूषण विशेष। चम्पाकली। छन्दोविशेष।

चम्पाधिप, (पुं.) चम्पा देश का स्वामी। कर्ण राजा।

चम्पू, (स्त्री.) काव्यविशेष। जिसमें गद्यपद्य मिश्रित हों।

चम्व्, (क्रि.) जाना।

चय, (पुं.) कोट। समूह। चौकी।

चयन, (न.) एक प्रकार की रचना। चुनना। एकत्र करना।

चर्, (क्रि.) जाना।

चर, (पुं.) राजदूत। भेदिया। ज्योतिष में लग्नविशेष। (त्रि.) चलने वाला। जाने वाला।

चरक, (पुं.) वैद्यकाचार्यविशेष। चार। छिपा हुआ दूत। पापड़। भिक्षुक। संन्यासी।

चरण, (पुं. न.) पैर। वेद का एक भाग। शाखारूपी ग्रन्थविशेष, उसको पढ़ने वाला। गोत्र। (क्रि.) जाना। खाना। (न.) आचार। स्वभाव।

चरणग्रन्थि, (पुं.) पाँव की गाँठ। गुल्फ।

चरणायुध, (पुं.) पाँव है आयुध जिसका, अर्थात् मुर्गा। कुक्कुट।

चरणव्यूह, (पुं) वह ग्रन्थ जिसमें वेद की शाखाओं का विशदरूप से वर्णन है। वेदव्यास का रचा ग्रन्थविशेष।

चरम, (त्रि.) अन्त। अवसान। पश्चिम। अन्तिम।

चराचर, (न.) चलने और न चलने वाला। दुनिया। जगत्। (पुं.) स्थावर जङ्गम। आकाश। शिव जी की जटा।

चरित, (त्रि.) चला गया। पा लिया। कर लिया। जाना गया। अनुष्ठान। काम। सञ्चार। विचारना। लीला। कहानी। चाल-चलन। स्वभाव। व्रतादि कर्म में यत्नवान् होना।

चरिष्णु, (त्रि.) चलने वाला। चालाक। इतस्ततः डोलने हारा।

चरु, (पुं.) होम में डालने का पदार्थ विशेष, यह अन्न घी में राँधा जाता है और ऊपर से उसमें दूध छिड़का जाता है।

चर्च्, (क्रि.) पढ़ना। कहना। झिड़कना।

चर्चरी, (स्त्री.) टेढ़े बाल। हर्ष से खेलना। अभिमान युक्त वचन। छन्दविशेष।

चर्चा, (स्त्री.) दुर्गा। चन्दनादि शरीर पर लगाना। चिन्ता। विचार। जिक्र।

चर्व्, (क्रि.) जानी। खाना।

चर्म्मकार, (पुं.) चमार। मोची।

चर्म्मण्वती, (स्त्री.) नदीविशेष।

चर्म्मदण्ड, (पुं) चाबुक। हण्टर। कोड़ा।

चर्म्मन्, (न.) ढाल । चाम । छूने वाली इन्द्रिय ।

चर्म्मपादुका, (स्त्री.) जूता । जूती ।

चर्म्मप्रसेविका, (स्त्री.) लुहार की धौंकनी । भस्त्रा ।

चर्म्मिन्, (पुं) ढाल बाँधने वाला । भोजपत्र वाला वृक्ष । भृङ्गरीट । केला । चमड़े वाला । सैनिक । सिपाही ।

चर्य्या, (स्त्री.) नियम पालन गुरूपदिष्ट उपदेशानुसार व्रतादि का पालन । विचरना । गाड़ी में बैठ कर घूमना फिरना । व्यवहार । स्वभाव । खाना ।

चर्व्व, (क्रि.) चबाना ।

चर्षणि, (पुं.) जन । (वेद) देखना । विचारना । चालाक । मनुष्य ।

चल्, (क्रि.) जाना ।

चला, (स्त्री.) चलने वाली, स्त्री ।

चलाचल, (त्रि.) अत्यन्त चञ्चल । काक । कौआ ।

चष्, (क्रि.) खाना । मारना ।

चषक, (पुं. न.) मदिरा पीने का पात्र । शहद । मद्यविशेष ।

चषाल, (पुं.) यज्ञपशु बाँधने का खूँटा ।

चह्, (क्रि.) ठगना ।

चाकचक्य, (न.) उज्ज्वलता । चमक । प्रकाश ।

चाक्षुष, (न.) नेत्रोत्पन्न ज्ञान । देखना । दृष्टि । छठेवें मनु ।

चाट, (पुं.) प्रथम विश्वास दिला कर पीछे धन ले जाने वाला चोर ।

चाटकेर, (पुं.) चिड़िया का बच्चा ।

चाटु, (पुं. न) प्रिय वचन । चापलूसी से भरा वचन ।

चाटुपटु, (पुं.) चापलूस । भाण्ड । विदूषक । मसखरा ।

चाणक्य, (पुं) एक प्रसिद्ध नीति बनाने वाला ब्राह्मण । ग्रन्थविशेष ।

चाणूर, (पुं.) कंस राजा का एक नामी पहलवान जो श्रीकृष्ण द्वारा मारा गया था ।

चाणूरसूदन, (पुं.) चाणूरहन्ता । श्रीकृष्ण ।

चाण्डाल, (पुं.) श्वपच । नीचातिनीच जाति का मनुष्य । घातक ।

चातक, (पुं.) पपीहा ।

चातुरी, (स्त्री.) चतुराई । छल । कार्यपटुता ।

चातुर्मास्य, (न.) वर्षा के चार मासों में किये गये । चार मास में पूर्ण होने वाला, यज्ञ या व्रत ।

चातुर्वर्ण्य, (न.) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र—चारों वर्ण ।

चान्द्र, (पुं.) चन्द्रकान्तमणि । चन्द्रमा की तिथियों से गिना जाने वाला मास । चान्द्रायण व्रत । चन्द्रलोक । चन्द्रकथित व्याकरण विशेष । चान्द्र व्याकरण पढ़ने वाला ।

चान्द्रायण, (न.) वह व्रत या कर्म जिससे चन्द्रलोक प्राप्त हो । व्रतविशेष ।

चाप, (पुं.) धनुष । ज्योतिष की नवमी राशि ।

चापल, (न) चपल होना । मन को सुख न मिलना । विना विचारे किसी कार्य के करने में लग जाना । निष्प्रयोजन-हाथ पैर हिलाना । अनवस्थान ।

चामर, (पुं. न.) चमर । मृग की पूँछ का बना चँवर ।

चामीकर, (न.) सोना । धतूरा ।

चामुण्डा, (स्त्री.) आकाशादिरूपी सेना को ग्रहण करने वाली । दुर्गा । देवी । चण्ड मुण्ड को लाने वाली ।

चाम्पेयक, (न.) चम्पे का फूल । नागकेसर । सोना । किञ्जल्क ।

चाय्, (क्रि.) दर्शन करना । देखना ।

चारण, (पुं.) यश को फैलाने वाला । भाट । यशसञ्चारक ।

चारु, (पुं.) बृहस्पति । सुन्दर । मनोहर ।

चार्चिक्य, (न.) शरीर को चन्दनादि सुगन्धयुक्त द्रव्यों से चर्चित करना।

चार्म्म, (पुं.) चारों ओर चमड़े से मढ़ी गाड़ी या रथ।

चार्व्वाक, (पुं.) वह लोग जिसका वचन सारे संसार को रुचे।

चालनी, (स्त्री.) चलनी। धान आदि छानने की छन्नी।

चाष, (पुं.) नीलकण्ठ।

चि, (क्रि.) चुनना।

चिकित्सक, (पुं.) वैद्य। डाक्टर। हकीम।

चिकित्सा, (स्त्री.) बीमारी का इलाज। रोग दूर करने की प्रक्रिया।

चिकित्स्य, (न.) साध्य रोगी। इलाज के योग्य रोगी।

चिकुर, (पुं.) बाल सिर के। वृक्षविशेष। पहाड़। सरीसृप जीवजन्तु। चञ्चल। तरल।

चिक्ष्, (क्रि.) दुःख देना। कष्ट देना।

चिक्कण, (पुं.) चिकना। गुवाक का पेड़ या फल।

चिच्छक्ति, (स्त्री.) मन और बुद्धि की सामर्थ्य। चैतन्य।

चिञ्चा, (स्त्री.) इमली का पेड़।

चिट्, (क्रि.) भेजना।

चित्, (क्रि.) जानना।

चित्, (स्त्री.) ज्ञान। चैतन्य।

चित्, (अव्य.) अपूर्ण। थोड़ा। जैसे किञ्चित्।

चित, (त्रि.) चिता।

चिति, (स्त्री.) चिता। समुदाय। वेदान्त-मतानुसार ऐसा ज्ञान, जिसका कोई विषय न हो। अग्निस्थानविशेष।

चित्त, (न.) मन। बुद्धि। अनुसन्धान। चिता की लकड़ी।

चित्तविक्षेप, (पुं.) चित्त में विक्षेप डालने वाले। योग से जो हटा लें—ऐसी बातें।

चित्तविप्लव, (पुं.) उन्माद रोग।

चित्य, (पुं.) आग। चिता।

चित्र्, (क्रि.) लिखना। आश्चर्य होना।

चित्र, (पुं.) यमविशेष (वृकोदराय चित्राय)। अशोक वृक्ष। चित्रक वृक्ष। अण्डी का पेड़। आकाश। एक प्रकार का कुष्ठ। कई रङ्ग वाला। तिलक। शब्दसम्बन्धी अलङ्कारविशेष। भेड़ियाविशेष।

चित्रकण्ठ, (पुं.) कबूतर। घुग्घू। उल्लू।

चित्रकर, (पुं.) मूर्त्ति बनाने वाला। दोगला। तसवीर वाला।

चित्रकूट, (पुं.) जिसके शिखर पर चित्र हों। बाँदा के पास का एक स्थान।

चित्रगुप्त, (पुं.) यमराज के पेशेकार।

चित्रपट, (पुं.) रङ्गबिरङ्गा कपड़ा। चित्र। मूर्त्ति। तसवीर।

चित्रपादा, (स्त्री.) सारिका पक्षी। मैना।

चित्रभानु, (पुं.) अग्नि। सूर्य। चित्रक पेड़। आक का रूख।

चित्ररथ, (पुं.) सूर्य। गन्धर्वविशेष। गायक देवता।

चित्रलेखा, (स्त्री.) कुभाण्ड की कन्या-अप्सराविशेष। उषा की सखी। छन्द विशेष जिसके प्रत्येक पाद में अठारह अक्षर होते हैं।

चित्रशिखण्डिन्, (पुं.) शिखा वाला। सप्तर्षि यथा—
१ मरीचि। २ अङ्गिरा। ३ अत्रि। ४ पुलस्त्य। ५ पुलह। ६ क्रतु। ७ वसिष्ठ।

चित्राङ्गद, (पुं.) शान्तनु राजा का पुत्र और विचित्रवीर्य का भाई। एक गन्धर्व।

चित्राङ्गी, (स्त्री.) विलक्षण अङ्ग वाली। मजीठ। कर्णजलौका।

चिदूरूप, (पुं.) आत्मा। परमात्मा। जीवात्मा।

चिदाकाश, (न.) शुद्ध ब्रह्म।

चिदाभास, (पुं.) बुद्धि पर आत्मा की परछाईं । जीव ।

चिन्ता, (स्त्री.) संस्कार को जागरूक करने वाली। देखे हुए पदार्थ का फिर स्मरण दिलाने वाली ।

चिन्तामणि, (पुं.) विचारते ही अभिलषित वस्तु को प्रदान करने वाली मणि । ब्रह्म । बुद्धदेव ।

चिन्मय, (पुं.) चैतन्यरूप ईश्वर । परब्रह्म ।

चिपिट, (पुं.) भोजनविशेष । चपटी नाक वाला ।

चिरम्, (अव्य.) दीर्घ । बहुत दिनों से ।

चिरक्रिय, (त्रि.) दीर्घसूत्री । ढिल्लड़ । आलसी ।

चिरजीविन्, (पुं.) दीर्घकाल तक जीने वाला । काक । सेंवल का वृक्ष । मार्कण्डेय ऋषि । अश्वत्थामा । बलि । हनुमान् । व्यास । विभीषण । कृपाचार्य । परशुराम ।

चिरणटी, (स्त्री.) पित्रालय में बहुत दिनों तक रहने वाली युवती ।

चिरत्न, (गु.) चिरन्तन । पुराना । पुरातन ।

चिरन्तन, (गु.) पुराना । पुरातन ।

चिरायुस्, (पुं.) बड़ी उम्र वाला । देवता ।

चिर्भटी, (स्त्री.) ककड़ी । खीरा । तर ।

चिल्ल्, (क्रि.) ढीला पड़ना ।

चिल्ल, (पुं.) चील नामक पक्षी । पीड़ित नेत्र वाला ।

चिल्लाभ, (पुं.) चोर ।

चिबुक, (न.) ठोड़ी । मुचकुन्द वृक्ष ।

चिह्न, (न.) लाञ्छन । लक्षण । धब्बा । पताका ।

चीन, (पुं.) देशविशेष । हिरनविशेष । महीन वस्त्रविशेष ।

चीत्कार, (पुं.) चीखना । चिल्लाना ।

चीभ्, (क्रि.) प्रशंसा करना । बड़ाई करना ।

चीर, (न.) वस्त्रखण्ड । कपड़े का टुकड़ा ।

चीर्ण, (त्रि.) कृत । किया हुआ । एकत्र किया । सीखा हुआ । काटा गया ।

चीव्, (क्रि.) लेना । ढाँकना । चमकना ।

चीवर, (न.) कफनी जिसे फकीर पहनते हैं । संन्यासियों की कौपीनादि वस्त्र ।

चुक्क्, (क्रि.) कष्ट देना । उत्पीड़ित करना ।

चुट्ट्, (क्रि.) कम होना ।

चुड्, (क्रि.) काटना ।

चुत्, (क्रि.) बहना । चूना । टपकना ।

चुत, (न.) गुह्यदेश । मलद्वार ।

चुद्, (क्रि.) प्रेरणा करना । भेजना । फेंकना ।

चुप्, (क्रि.) धीरे धीरे चलना ।

चुब्, (क्रि.) चूमना । चुम्बन करना ।

चुम्बक, (पुं.) अयस्कान्तमणि । धूर्त । ठग । चूमने वाला ।

चुर्, (क्रि.) चुराना ।

चुरा, (स्त्री.) चोरी ।

चुल्, (क्रि.) उठना । ऊँचा होना । बढ़ना । डुबकी मारना ।

चुलुक, (पुं.) निबिड़ । पङ्क । एक प्रकार का बर्तन । हाण्डी । डूबने योग्य जल ।

चुल्ल, (पुं.) सजल नयन वाला ।

चुल्लि, (स्त्री.) चूल्हा ।

चूड़ा, (स्त्री.) मौरशिखा ।

चूड़ामणि, (पुं.) शिर की मणि ।

चूड़ाल, (गु.) चुटीला । चोटीवाला । नागरमोथा ।

चूण्, (क्रि.) सकोड़ना । सङ्कीर्ण करना ।

चूत, (पुं.) चुसा हुआ । आम । घर का द्वार । कूपक । गुदा । योनि ।

चूर्ण्, (क्रि.) पीसना ।

चूर्ण, (पुं.) चूना । पिसी कुटी वस्तु ।

चूर्णक, (पुं.) चूरा । गद्यविशेष । छन्दोविशेष ।

चूर्णकुन्तल, (पुं.) शिर के छोटे छोटे बाल । छल्लेदार बाल ।

चूर्णी, (पुं.) पतञ्जलि का महाभाष्य। शिव जी की जटा।

चूलिका, (स्त्री.) हाथी के कान की जड़। नाटकाङ्गविशेष।

चूष्, (क्रि.) चूसना। पीना।

चूषा, (स्त्री.) चाम की लगाम। चूसना।

चूष्य, (गु.) चूसने योग्य।

चृत्, (क्रि.) मारना। गाँठना।

चेट, (पुं.) नौकर। सेवक। दास।

चेत्, (अव्य.) यदि। सन्देह न होने पर भी सन्दिग्ध हो कर कहना।

चेतन, (पुं.) आत्मा। जीव। परमेश्वर। प्राणी। चैतन्य।

चेतस्, (न.) चित्त। मन। आत्मा।

चेतोमुख, (पुं.) जिसका चित्त द्वार हो। जीव।

चेदि, (पुं.) देशविशेष। उस देश के निवासी।

चेदिपति, (पुं.) दमघोष राजा का पुत्र।

चेल्, (क्रि.) जाना। चलना। हिलना। चञ्चल होना।

चेल, (न.) कपड़ा।

चेलप्रक्षालक, (पुं.) धोबी।

चेल्ल, (क्रि.) चालन। हिलना। जाना।

चेष्ट, (क्रि.) जीवन के चिह्न दिखाना। पूरा करना। यत्न करना।

चेष्टा, (स्त्री.) यत्न। आत्मा से इच्छा, इच्छा से यत्न और यत्न से चेष्टा उत्पन्न होती है।

चैतन्य, (न.) चेतना। ब्रह्म। प्रकृति। माया।

चैत्य, (न.) महावृक्ष। विदेश। देवता के रहने का पेड़। बुद्धभेद। मन्दिर। चिता का चिह्न। जनसभा। यज्ञीय स्थान। बिम्ब। विश्रामस्थान।

चैत्यगृह, (न.) चैत्य का घर।

चैत्र, (पुं.) मास जिसमें चित्रा नक्षत्र में पूर्णिमा हो। चैत का महीना।

चैत्रक, (पुं.) पहाड़विशेष।

चैत्ररथ, (पुं.) कुबेर का उद्यान जिसे चित्ररथ ने बनाया था।

चैद्य, (पुं.) शिशुपाल।

चोदना, (स्त्री.) प्रवर्त कराने के लिये कहा हुआ वाक्य। उपदेश।

"चोदनालक्षणोर्थो धर्मः।"

प्रेरणा। झिड़की।

चोद्य, (न.) प्रश्न। पूर्वपक्ष विलक्षण। प्रेरणा योग्य।

चोर, (पुं.) चोरी करने वाला। गन्धद्रव्य विशेष।

चोल, (न.) चोली। अङ्गिया। द्राविड़ और कलिङ्ग देशों के मध्य का देश।

चोली, (स्त्री.) अङ्गिया।

चोष्य, (न.) चूसने योग्य। गन्ना। पौंड़ा।

चौड़, (न.) चूड़ा संस्कार।

च्यवन, (न.) धीरे धीरे चूना। ऋषिविशेष।

च्यु, (क्रि.) जाना। हसना। सहन करना। सहारना।

च्युत्, (क्रि.) देखो च्युत्।

च्युति, (स्त्री.) झरन। टपकन। च्युअन। नाश।

च्यौत्न, (त्रि.) जाने वाला। छोड़ा हुआ। गुणहा। धर्मरहित। अण्डे से उत्पन्न। त्याग के योग्य। चूरचूर। प्रयत्न। उद्योग। प्रबन्ध। सामर्थ्य। बल।

छ

छ, (गु.) विशुद्ध। स्वच्छ। छेदक। काटने वाला। चञ्चल।

छगल, (पुं.) छाग। बकरा।

छटा, (स्त्री.) प्रकाश। चमक। परम्परा। लगातार।

छत्र, (पुं.) छाता। सोये का साग।

छत्रक, (पुं.) वृक्षविशेष। पक्षीभेद। मधुमक्खी का छत्ता।

छत्रभङ्ग, (पुं.) नृपनाश। वैधव्य। पराधीनता।

छत्राक, (न.) शिलीन्ध्र ।
छद्, (क्रि.) छाना । ढाकना ।
छद, (पुं.) पत्र । चिड़िया का पर । तमाल वृक्ष । ग्रन्थिवर्ण ।
छदन, (न.) पत्र । पर । छाल । चमड़ा ।
छदपत्र, (पुं.) भोजपत्र ।
छदि, (पुं.) छत्ते । भोजपत्र ।
छद्मतापस, (पुं.) दाम्भिक तपस्वी ।
छद्मन्, (न.) कपट । छल ।
छन्द, (पुं.) अभिलाषा । चाह । अधीनता । विषविशेष ।
छन्दस्, (न.) वेद । स्वेच्छाचार । गायत्री आदि छन्द । पद्य । वृत्त ।
छन्दोग, (पुं.) सामवेद गाने वाला ब्राह्मण । स्वच्छन्दचारी । वेदमार्ग से चलने वाला ।
छर्द्, (क्रि.) वमन करना ।
छर्दन, (पुं.) नीम का पेड़ । मदन का वृक्ष । वमन ।
छर्दि, (स्त्री.) वमन करने का रोग । वान्ति । के ।
छल, (न.) कपट ।
छलना, (स्त्री.) छल । दूसरे को ठगना ।
छल्ली, (स्त्री.) छाल । वल्कल । बेल । लता । सन्तान ।
छवि, (स्त्री.) शोभा । कान्ति । चमक । दमक । भड़क ।
छाग, (पुं.) छागल । बकरा ।
छागवाहन, (पुं.) अग्नि का वाहन बकरा है, इससे अग्नि ।
छात, (त्रि.) छिन्न । कटा हुआ । दुर्बल ।
छात्र, (त्रि.) शिष्य । मधुमक्खी का छत्ता ।
छान्दस, (पुं.) वेद पढ़ने वाला ।
छान्दोग्य, (न.) सामवेदीय उपनिषद् ।
छाया, (स्त्री.) धूप का अभाव । प्रतिबिम्ब । परछाहीं । पालन । घूँस । पंक्ति । सूर्य की स्त्री । छन्द जिसके पाद में उन्नीस अक्षर होते हैं ।
छायातनय, (पुं.) शनैश्चर ।
छायापुरुष, (पुं.) अपने आप शरीर की छाया को देखते देखते सहसा आकाश की ओर देखने से एक पुरुष दिखलाई पड़ता है, उसीका नाम छायापुरुष है ।
छिकनी, (स्त्री.) नकछिकनी । एक औषध जिसका चूर्ण सूँघने से छींकें आने लगती हैं ।
छिक्का, (स्त्री.) छींक ।
छिल्लर, (त्रि.) शत्रु । धूर्त्त । काटने वाला ।
छिद्, (क्रि.) काटना ।
छिदिर, (पुं.) कुल्हाड़ा । अग्नि । रस्सी । तलवार् ।
छिदुर, (त्रि.) शत्रु । वञ्चक । ठग । काटने वाला । काटने का औज़ार ।
छिद्र, (न.) दोष । त्रुटि । छेद । आकाश । ज्योतिष में लग्न से आठवाँ स्थान ।
छिन्नमस्ता, (स्त्री.) जिसका सिर कटा हो । दस महाविद्याओं में से एक । दुर्गा देवी ।
छिन्नरुह, (पुं.) तिलवृक्ष । गुर्च । गिलोय । स्वर्णकेतकी ।
छुद्, (क्रि.) काटना ।
छुर्, (क्रि.) छेदना । काटना । लेप करना ।
छुरिका, (स्त्री.) छुरी । चाकू ।
छुद्, (क्रि.) भड़काना । चमकाना । खेलना ।
छेक, (पुं.) पालतू चिड़िया या पशु । हिरन । चतुर । नागर ।
छेकानुप्रास, (पुं.) अनुप्रास का भेद । शब्दसम्बन्धी अलङ्कार ।
छेकोक्ति, (स्त्री.) चतुरा स्त्री का वचन । पेचीली बात । रूपालङ्कार का भेद ।
छेद्, (क्रि.) छेदना । काटना ।
छेद, (पुं.) काटना । तोड़ना । काटने वाला । तोड़ने वाला ।
छेमण्ड, (पुं.) अनाथ ।
छेलक, (पुं.) बकरा ।
छैदिक, (पुं.) छड़ी । बेत ।
छो, (क्रि.) काटना ।
छोटिका, (स्त्री.) चुटकी ।

छोटिन्, (पुं.) मछुआ । धीमर ।
छोलग, (पुं.) चूना ।
छ्यु, (क्रि.) जाना ।

ज

ज, (पुं.) समास के अन्त में आता है और तब इसका अर्थ होता है—" उससे या इससे उत्पन्न हुआ । " जैसे " पङ्कज " । बना हुआ । सम्बन्धी । विजयी । पिता । जन्म । विष । कान्ति । विष्णु । शिव । भोग । गति । वेग । गण ।
जक्ष्, (क्रि.) खाना ।
जगच्चक्षु, (पुं.) सूर्य । भास्कर ।
जगत्, (पुं.) लोक । वायु ।
जगत्प्राण, (पुं.) वायु । पवन ।
जगत्साक्षिन्, (पुं.) सूर्य्य । चन्द्र । पृथिवी । वायु । यम ।
जगती, (स्त्री.) धरती । भुवन । जन । लोक । जम्बुद्वीप । एक छन्द जिसका बारह अक्षर वाला पाद हो ।
जगदाधार, (पुं.) वायु । जगत् का सहारा ।
जगद्धात्री, (स्त्री.) जगत् की माँ । जगदम्बा । लक्ष्मी जी । दुर्गा ।
जगद्योनि, (पुं.) जगत् की उत्पत्ति करने वाला । हिरण्यगर्भ । कुमार । विष्णु । शिव । पृथिवी ।
जगन्नाथ, (पुं) जगत् के स्वामी । विष्णु । विष्णु का क्षेत्र । तान्त्रिकों के मतानुसार विमला पीठ का भैरव । यथा —
" विमला भैरवी यत्र जगन्नाथस्तु भैरवः " ।
जग्ध, (त्रि.) खाया हुआ । भुक्त ।
जग्धि, (स्त्री.) एकत्र बैठ कर भोजन करना । भोजन । खाना ।
जघन, (न.) जाँघ । पद ।
जघन्य, (त्रि.) अधम । नीच । सबसे पिछला । शूद्र । पुरुष का गुह्याङ्ग ।
जघन्यज, (पुं) शूद्र । कनिष्ठ । सबसे छोटा ।
जङ्गम, (त्रि.) चलने की शक्ति वाला । लिङ्गायित सम्प्रदाय के गुरु जङ्गम कहलाते हैं ।
जङ्गल, (न.) वन । बेहड़ । अकेला । (पुं.) मांस ।
जङ्घा, (स्त्री.) जाङ्घ । गुल्फ और जानु के बीच का देश ।
जङ्घाकरिक, (त्रि.) डाकिया । चर । दूत । दौड़ने वाला ।
जाङ्घाल, (त्रि.) बड़ी वेग वाली जङ्घा वाला । दौड़इया । कई एक पशु ।
जज्, (क्रि.) लड़ना ।
जट्, (क्रि.) जुड़ना । एकत्र होना ।
जटा, (स्त्री.) जूड़ा । शेर के अयाल । वृक्षादि की जड़ । जटामांसी । वेद का पाठविशेष । लता । शतावरी ।
जटाजूट, (पुं.) जटाओं का समुदाय ।
जटामांसी, (स्त्री.) सुगन्धिद्रव्यविशेष ।
जटायु, (पुं.) बड़ी आयु वाला । पक्षी-विशेष । गूगल । जठौर ।
जटाल, (पुं.) वट । गूगल । कपूर । (स्त्री) जटामांसी । जटा वाला (त्रि.) ।
जटिन्, (पुं.) पाकुर का वृक्ष । जटा वाला ।
जटिल, (पुं.) जटा वाला । सिंह । ब्रह्मचारी । जटामांसी । पिप्पली । बच । दमन वृक्ष (गु.) उलझन डालने वाला ।
जठर, (न.) पेट । कुक्षि । बढ़ा हुआ तथा कठिन ।
जड, (त्रि.) अच्छा बुरा न जानने वाला । मूक । बुद्धिहीन । मूर्ख । जल और सीसा ।
जतु, (न.) लाख ।
जत्रु, (न.) काँख । बगल । गले के नीचे की दो हड्डियाँ ।
जन्, (क्रि.) उत्पन्न होना ।
जन, (पुं.) लोग । सर्व साधारण लोग । नीच लोग । जीव । महालोक से ऊपर का लोक ।
जनक, (पुं.) पिता । बाप । मिथिलानगरी का एक राजा । कारण । हेतु । सीता के पिता ।

जनकसुता, (स्त्री.) सीता । श्रीरामचन्द्र की धर्मपत्नी ।

जनता, (स्त्री.) भीड़ । बहुत जन ।

जननि, (स्त्री.) माता । माँ । औषध । लाख का रङ्ग । मजीठ । जटामांसी ।

जनपद, (पुं.) देश । नगर ।

जनमेजय, (पुं.) राजा परीक्षित् के पुत्र । अर्जुन का पौत्र ।

जनयित्, (पुं.) उत्पादक । पिता । माता ।

जनलोक, (पुं.) जगत्विशेष । वह लोक जो महालोक के ऊपर है ।

जनश्रुति, (स्त्री.) लोकप्रवाद । किंवदन्ती । अफ़वाह ।

जनस्थान, (न.) दण्डकवन के समीप एक स्थान । जहाँ खर दूषण की चौकी थी । लोगों के रहने का स्थान ।

जनार्दन, (पुं.) विष्णु । नारायण ।

जनाश्रय, (पुं.) मण्डप । घर । कुटी । झोंपड़ी ।

जनि-नी, (स्त्री.) उत्पत्ति । नारी । माँ । स्नुषा । बहू । जाया । औषधविशेष । जतुका ।

जनुस्, (न.) उत्पत्ति ।

जनु-नू, (स्त्री.) उत्पत्ति ।

जन्तु, (पुं.) प्राण वाला । अविद्या के कारण शरीर में आत्माभिमान करने वाला जीव ।

जन्तुघ्न, (पुं.) बायविडङ्ग । हींग । जीवों को मारने वाला ।

जन्तुफल, (सं.) उदुम्बर । गूलर ।

जन्तुला, (स्त्री.) काही । बहुत कीड़ों वाली ।

जन्मन्, (न.) उत्पत्ति । अपूर्व शरीरादि का सम्बन्ध । जन्मलग्न । जन्मनक्षत्र ।

जन्मान्तर, (न.) दूसरा जन्म । देहान्तर ।

जन्माष्टमी, (स्त्री.) श्रीकृष्ण के जन्म की तिथि । भादों मास की कृष्णाष्टमी ।

जन्मी, (पुं) प्राणधारी । जीव ।

जन्य, (त्रि.) उत्पन्न हुए । उत्पन्न होने योग्य । पिता । अटारी । बदनामी । प्रीति । युद्ध । शरीर । नयी विवाहिता स्त्री के जाति भाई । माँ की सहेली ।

जप्, (क्रि.) मन ही मन उच्चारण करना ।

जप, (पुं.) वेद के मन्त्रों को बार बार उच्चारण करना ।

जपा, (स्त्री.) वृक्षविशेष के फूल ।

जभ्, (क्रि.) मैथुन करना । जमुहाई लेना ।

जम्, (क्रि.) भक्षण करना । खाना ।

जमदग्नि, (पुं.) परशुराम का पिता । मुनिविशेष ।

जम्पती, (पुं.) स्त्री और पुरुष का जोड़ा । दम्पती ।

जम्बाल, (पुं.) कीचड़ । सिवार । केतकी । केवड़ा ।

जम्बालिनी, (स्त्री.) नदी जिसमें जम्बाल हो ।

जम्बु-म्बू, (स्त्री.) जामुन का फल ।

जम्बुक, (पुं.) जामुन का पेड़ । गीदड़ । शृगाल ।

जम्बुद्वीप, (पुं.) सप्तद्वीपों में से एक ।

जम्बूक, (पुं.) शृगाल । नीच । वरुण । जामुन । दास ।

जम्भ, (पुं.) एक दैत्य । दाँत । अंश । ठोड़ी । तर्कस । (क्रि.) खाना । जमुहाई लेना ।

जम्भभेदिन्, (पुं.) इन्द्र ।

जम्भला, (स्त्री.) एक राक्षसी । कहते हैं, इसका नाम लेने से ज्वर और ज्वर के पूर्व जमुहाई का आना नष्ट हो जाता है ।
"समुद्रस्योत्तरे तीरे जम्भला नाम राक्षसी।"

जय, (पुं.) जीत । नारायण का द्वारपाल । युधिष्ठिर का कल्पित नाम जो उन्होंने अज्ञात वासके समय रखा था । देवी (स्त्री.) ।

जयढक्का, (स्त्री.) विजयवाद्य । विजयसूचक बाजा ।

जयद्रथ, (पुं.) सिन्धुदेश का राजा । दुर्योधन का बहनोई । अभिमन्यु का मारने वाला । यह अर्जुन द्वारा मारा गया था ।

जयन्त, (पुं.) इन्द्र के पुत्र का नाम जिसने काक बन कर सीता जी के चोंच से घाव किया था। चन्द्रमा। शिव। अज्ञात वास में भीम का नाम।

जयन्ती, (स्त्री.) दुर्गा। झण्डा। इन्द्र की कन्या का नाम। बुढ़ापा। वृक्षविशेष। भगवान् श्रीरामचन्द्र श्रीकृष्ण आदि के जन्मोत्सव का दिन।

जयपत्र, (न.) विजयसूचक पत्र। अश्वमेध के घोड़े के माथे पर जो पत्र बाँधा जाता था उसे जयपत्र कहते थे।

जयपाल, (पुं.) वृक्षविशेष। इन्द्रा। विष्णु। राजा। जमालगोटे का पेड़।

जया, (स्त्री.) हड़। जयन्ती। दुर्गा। भाँग। झण्डी। नील दुर्गा। शान्ता वृक्ष। ज्योतिष में त्रयोदशी, अष्टमी और तृतीया जया तिथि कही जाती हैं।

जय्य, (त्रि.) जीतने योग्य। जो जीता जा सके।

जरठ, (त्रि.) कठोर। कड़ा। कर्कश।

जरत्, (त्रि.) वृद्ध। बूढ़ा। पुराना।

जरत्कारु, (पुं.) मनसादेवी का पति। एक मुनिविशेष। मनसादेवी (स्त्री.)।

जरद्गव, (पुं) बूढ़ा बैल। पञ्चतंत्र का एक गीध।

जरन्त, (पुं.) भैंसा। बूढ़ा। पुराना। ढीला।

जरा, (स्त्री.) बुढ़ापा।

जरायुज, (त्रि.) वे प्राणी जो जरा से युक्त उपजते हैं। यथा—मनुष्य, मृग, आदि।

जरासन्ध, (पुं.) मगध देश का प्रसिद्ध बलवान् राजा कहा जाता है जब यह उत्पन्न हुआ था, तब इसके शरीर के दो भाग पृथक् पृथक् थे। किन्तु जरा नाम की राक्षसी ने उन दोनों को एक कर दिया, इससे इसका नाम जरासन्ध पड़ा।

जर्ज-र्ई, (क्रि.) कहना। झिड़कना। घुड़कना।

जर्जर, (पुं.) बूढ़ा। अतिप्राचीन। बहुत से पुराना। इन्द्र का झण्डा। शक्रध्वजा।

जर्भृ, (क्रि.) निन्दा करना।

जल्, (क्रि.) छोंकना। तेज होना।

जल, (त्रि.) जड़। मूर्ख। पेट। ठण्डा। गन्धद्रव्य। लग्न से चौथा घर। पूर्वाषाढ़ नक्षत्र। पाँच तत्त्वों में से एक तत्त्व जल भी है।

जलकण्टक, (पुं.) सिंघाड़ा। नक्र। संसार।

जलकपि, (पुं.) घड़ियाल। शिशुमार।

जलकरङ्क, (पुं.) नारियल। बादल। कमल का फूल। शङ्ख। लहर।

जलकाक, (पुं.) पानी का कौआ। पान-कौड़ी।

जलकुन्तल, (पुं.) सिवार घास। शैवाल।

जलचर, (पुं.) जल में रहने वाले जीवजन्तु।

जलज, (पुं.) सिवार। मछली। कमल। शङ्ख। या पानी में उत्पन्न हुई कोई भी वस्तु।

जलद, (पुं.) बादल। कपूर। जल देने वाला।

जलदागम, (पुं.) वर्षा ऋतु।

जलधर, (पुं.) बादल। कपूर। समुद्र। पानी रखने वाला।

जलधि, (पुं.) समुद्र। चार। संख्या विशेष।

जलधिजा, (स्त्री.) लक्ष्मी।

जलनिधि, (पुं.) समुद्र। चार।

जलबुद्बुद, (न.) बुलबुला।

जलमार्ग, (पुं.) मोरी। नाली।

जलमुच्, (पुं.) मेघ। बादल।

जलयंत्र, (न.) फुआरा। पानी की कल।

जलवेतस, (पुं.) पानी में उत्पन्न हुआ बेत।

जलव्याल, (पुं.) साँप। क्रूरकर्म्मा जीव।

जलशायिन्, (पुं.) विष्णु। नारायण।
जलशुक्ति, (स्त्री.) जलजीव। घोंघा। सीप।
जलहस्तिन्, (पुं.) मगर। ग्राह।
जलहास, (पुं.) फेन। झाग। समुद्रफेन।
जलाधार, (पुं.) तालाब। समुद्र। सिंघाड़ा। उशीर। चन्दन।
जलावर्त्त, (पुं.) भँवर।
जलूका, (स्त्री.) जोंक।
जलेचर, (पुं.) हंस। बतक आदि जल में विचरने वाले जीव।
जलेन्धन, (पुं.) समुद्री आग। वाड़वानल।
जलेश्वर, (पुं.) वरुण। समुद्र।
जलोच्छ्वास, (पुं.) बहुत पानी का चारों ओर बहना।
जलोदर, (पुं.) उदरामय रोग। वह बीमारी जिसके कारण पेट में पानी भर जाता और पेट बढ़ जाता है।
जलौकस्, (स्त्री.) जोंक।
जलौका, (स्त्री.) जोंक।
जल्प्, (क्रि.) बोलना। कहना। बकना।
जल्प, (पुं.) दूसरे की बात को काट कर, अपनी बात रखने वाला वचन। बात। गप्प।
जल्पाक, (त्रि.) बड़े बुरे वचन कहने वाला। बकवादी। बकी। वाचाल। बहुत बोलने वाला।
जव, (पुं.) वेग। तेज।
जवन, (पुं.) वेगवान् घोड़ा। देशविशेष। जातिविशेष।
जवनिका, (स्त्री.) परदा। कनात।
जवस, (न.) घास। " जवस " का " यवस् " भी होता है।
जविन्, (पुं.) घोड़ा। ऊँट।
जष्, (क्रि.) मारना। छुड़ाना।
जहत्स्वार्था, (स्त्री.) लक्षणाविशेष। जिसे अपना अर्थ छोड़ता है।
जह्नु, (पुं.) चन्द्रवंशीय एक राजा। जो गङ्गा को पी गया था।
जह्नुतनया, (स्त्री.) गङ्गा।
जागर, (पुं.) निद्राऽभाव। नींद का न आना। जागना। कवच।
जागरित, (न.) जागा हुआ।
जागरूक, (त्रि.) सावधान। जागा हुआ।
जागर्य्या, (स्त्री.) जागना।
जागृ, (क्रि.) जागना।
जाग्रत, (न.) जागा हुआ।
जाङ्गल, (पुं.) कपिञ्जल पक्षी। निर्जल देश। हिरन आदि पशु। कुरुदेश का समीपवर्त्ती देश, या उस देश के रहने वाले।
जाङ्घिक, (त्रि.) धावक। हलकारा। ऊँट। घोड़ा।
जात, (न.) समूह। व्यक्त। प्रकट। जन्म। अच्छा। प्रशस्त।
जातक, (न.) उत्पन्न प्राणी का शुभाशुभ अदृष्ट बतलाने वाला। ज्योतिष का एक ग्रन्थ। एक प्रकार का संस्कार।
जातरूप, (न.) सुन्दर। सुरूप। सुवर्ण।
जातवेदस्, (पुं.) वह्नि। आग। चित्रा। चित्रक वृक्ष।
जाति, (स्त्री.) जन्म। षड्ज आदि सात स्वर। अलङ्कारविशेष। चुली। आडला। छन्दभेद। मालती। फूलदार वृक्षविशेष।
जातिब्राह्मण, (पुं.) केवल जाति से ब्राह्मण किन्तु कर्म द्वारा नहीं। तप और वेदहीन ब्राह्मण। निन्दा योग्य विप्र।
जातिस्मर, (त्रि.) पहले जन्म का स्मरण रखने वाला।
जातीफल, (न.) जायफल।
जातीय, (त्रि.) जातिसम्बन्धी। सजातीय।
जातु, (अव्य.) कदाचित्। कभी। निन्दा। निषेध। निस्सन्देह।
जातुधान, (पुं.) जो अवसर पा कर कभी पकड़ा जाता है। राक्षस।

जातुष, (त्रि.) लाख का पदार्थ ।
जातूकर्ण, (पुं.) शिव । मुनिविशेष ।
जातेष्टि, (स्त्री.) उत्पन्न हुए के संस्कारार्थ किया गया एक यज्ञ । संस्कारभेद ।
जातोक्ष, (पुं.) युवा । साँड़ ।
जात्य, (त्रि.) कुलीन । श्रेष्ठ । सुन्दर ।
जात्यन्ध, (त्रि.) प्रज्ञाचक्षु । जन्म का अन्धा ।
जात्युत्तर, (न.) झूठा जवाब । असत् उत्तर ।
जानकी, (स्त्री.) जनक की कन्या । सीता ।
जानपद, (त्रि.) देश का । देश से आया हुआ ।
जानु, (पुं. न.) घुटना ।
जामदग्न्य, (पुं.) जमदग्नि का पुत्र । परशुराम ।
जामातृ, (पुं.) जमाई । स्वामी । प्रिय । लड़की का पति ।
जामि, (स्त्री.) भगिनी । बहिन । बहू । कुलस्त्री ।
जाम्बवत्, (पुं.) जाम्बवान् । रीछों के राजा ।
जाम्बवती, (स्त्री.) श्रीकृष्ण की भार्या । जाम्बवान् की कन्या । सर्पों को वश में करने वाली ।
जाम्बूनद, (न.) सोना । धत्तूरा । जम्बूनद में उत्पन्न ।
जाया, (स्त्री.) स्त्री । औरत । लग्न से सातवाँ घर ।
जायु, (पुं.) दवा । औषध । बूटी ।
जार, (पुं.) उपपति । जार । यार ।
जारज, (त्रि.) उपपति से उत्पन्न सन्तान । कुण्ड । गोलक ।
जाल, (पुं.) मच्छी पकड़ने का जाल । कदम का पेड़ । झरोखा । छिद्र । फरेब । ठगई । धूर्त्तता । दम्भ । समूह । मोचकफल । नवीन कलियों का समूह ।
जालिक, (पुं.) फन्दा फँसाने वाला । धीवर । मल्लाह । मकड़ी । मर्कटक ।
जाल्म, (त्रि.) पामर । नीच । मूर्ख । क्रूर । बेरहम । आवला ।
जाबाल, (पुं.) जबाल ऋषि की सन्तान ।
जाह्नवी, (स्त्री.) गङ्गा । भागीरथी ।
जि, (क्रि.) जीतना ।
जिगीषा, (स्त्री.) जय करने की इच्छा । प्रकर्ष । उद्यम ।
जिज्ञासु, (गु.) ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा करने वाला । मुमुक्षु ।
जित, (न.) जय । जीत । पराजित । वशीकृत ।
जितकाशिन्, (त्रि.) जयी । विजयी । जीतने वाला ।
जितात्मन्, (त्रि.) जिसने मन अथवा इन्द्रियों को अपने वश में कर लिया है । जितेन्द्रिय ।
जितेन्द्रिय, (त्रि.) देखो जितात्मन् ।
जित्वर, (त्रि.) जयशील । जीतने वाला ।
जिन, (पुं.) संसार को जीतने वाला । बुद्ध । विष्णु । जैनियों के पूज्यविशेष ।
जिष्, (क्रि.) सींचना ।
जिष्णु, (पुं.) अर्जुन । इन्द्र । विष्णु । सूर्य्य । अष्टवसु । जीतने वाला ।
जिह्म, (त्रि.) कुटिल । तिरछा । मन्द । मूर्ख । तगर का वृक्ष ।
जिह्मग, (पुं.) जो टेढ़ा हो कर चलता है । सर्प । साँप । मदन का वृक्ष । कुटिल ।
जिह्वा, (स्त्री.) रसना । जीभ ।
जिह्वामूलीय, (पुं.) अक्षर जो जिह्वा की जड़ से उच्चारित किये जाते हैं ।
जिह्वारद, (पुं.) दन्तहीन । जीभ ही से चाबने वाला पक्षी ।
जीन, (त्रि.) वृद्ध । बूढ़ा ।
जीमूत, (पुं.) मेघ । मोथा । पर्वत । देवताड़ वृक्ष । इन्द्र ।
जीर, (पुं.) जीरा । खड्ग । छोटा ।
जीर्णोद्धार, (पुं.) संस्कार । मरम्मत ।

जीव्, (क्रि.) प्राण धारण करना । जीना ।
जीव, (पुं.) प्राणी । जीवन का उपाय । वृक्षविशेष ।
जीवघन, (पुं.) हिरण्यगर्भ ।
जीवजीव, (पुं.) जीवों को जिलाने वाला । चकोर चिड़िया ।
जीवन, (न.) वृत्ति । जीविका । जल । टटका मखाना ।
जीवन्ती, (स्त्री.) हर्र । गुरुच । जीवाख्य शाक ।
जीवन्मुक्त, (त्रि.) जीते जी संसार को छोड़ने वाला । आत्मा का साक्षात् करने वाला ।
जीवस्थान, (न.) जीव का स्थान । मर्म-स्थान ।
जीवा, (स्त्री.) रोदा । पृथिवी । वचा । जल ।
जीवातु, (पुं.) अन्न । जीवन । मुर्दे को जीवित करने वाली औषधि ।
जीवात्मन्, (पुं.) देहाभिमानी जीव ।
जीविका, (स्त्री.) जीवन का उपाय । वृत्ति । रोजी । आजीविका ।
जीवितेश, (पुं.) यम । चन्द्रमा । सूर्य । प्रिय । स्वामी ।
जीवोपाधि, (पुं.) जीव की उपाधि । स्वप्न, जाग्रत्, सुषुप्ति अवस्था ।
जु, (क्रि.) जोर से चिल्लाना ।
जुग, (क्रि) त्यागना । छोड़ना ।
जुगुप्सा, (स्त्री.) निन्दा करना ।
जुटिका, (स्त्री.) शिखा । जुटे हुए बाल ।
जुड्, (क्रि.) बाँधना । जाना ।
जुत्, (क्रि.) चमकना ।
जुन्, (क्रि.) गति । जाना ।
जुष्, (क्रि.) प्रसन्न होना ।
जुष्ट, (न.) जूठा । सेवित ।
जुहू (स्त्री.) होम करने का पात्रविशेष । श्रवा ।
जूति, (स्त्री.) वेग । तेजी से चलना ।
जूर्, (क्रि.) बूढ़ा होना ।
जूर्ति, (स्त्री.) ज्वर । ताप । बुखार ।
जूष्, (क्रि.) मारना ।
जृभ, (क्रि.) मुँ खोलना । जमुहाई लेना ।
जृम्भ, (पुं.) जमुहाई ।
जृम्भकास्त्र, (न.) शत्रुदल में सुस्ती फैलाने वाला अस्त्र ।
जॄ, (क्रि.) बूढ़ा होना ।
जेमन, (न.) भोजन । खाना ।
जेय, (त्रि.) जीतने योग्य ।
जै, (क्रि.) क्षय होना । नाश होना ।
जैत्र, (त्रि.) विजयी । जीतने वाला । पारा । औषध । दवाई ।
जैन, (पुं.) अर्हत् का उपासक । जैनी ।
जैमिनि, (पुं.) व्यासशिष्य एक मुनि विशेष, जिसने वेद पर मीमांसा के सूत्र रचे हैं ।
जैवातृक, (पुं.) चन्द्रमा । औषध । कपूर । बड़ी उम्र वाला ।
जोषम्, (अव्य.) सुख । प्रशंसा । बड़ाई । चुपचाप । लाँघना ।
जोषा, (स्त्री.) नारी । स्त्री । औरत ।
जोषित्, (स्त्री.) नारी । स्त्री ।
जोषिका, (स्त्री.) कलियों का गुच्छा । स्त्री ।
ज्ञप्, (क्रि.) प्रसन्न करना ।
ज्ञपित, (त्रि.) जनाया गया । मारा गया ।
ज्ञप्ति, (स्त्री.) बुद्धि । जानना । सूचना ।
ज्ञा, (क्रि.) बोध होना । जानना ।
ज्ञाति, (पुं.) पिता के वंश में उत्पन्न । सपिण्ड । बिरादरी ।
ज्ञान, (न.) जानकारी । बोध ।
ज्ञानयोग, (पुं.) निष्ठाविशेष । ब्रह्म की प्राप्ति का उपाय ।
ज्ञानवापी, (स्त्री.) काशी में एक तीर्थ विशेष ।

ज्ञानापोह, (पुं.) विस्मरण। भूलना। ज्ञान का जाता रहना।
ज्ञानाभ्यास, (पुं.) ज्ञान का अभ्यास।
ज्ञानिन्, (त्रि.) तत्त्वज्ञानी। जानने वाला। यथार्थ बात को जानने वाला।
ज्ञानेन्द्रिय, (न.) ज्ञान की इन्द्रिय। यथा—कान, आँख, नाक, जीभ, अन्तःकरण, मन।
ज्या, (क्रि.) बूढ़ा होना।
ज्या, (स्त्री.) ग़ोदा। धनुष चढ़ाने की डोरी।
ज्यानि, (स्त्री.) जीर्णत्व। बुढ़ापा। पुरातनत्व। हानि। नदी।
ज्यायस्, (त्रि.) बहुत बुड्ढा।
ज्युत्, (क्रि.) चमकना।
ज्येष्ठ, (त्रि.) बड़ा। सब की अपेक्षा बड़ा। अग्रज। बहुत अच्छा। (स्त्री.) गङ्गा। अलक्ष्मी। अठारहवाँ नक्षत्र।
ज्येष्ठतात, (पुं.) पिता से बड़ा काका या चाचा।
ज्यैष्ठाश्रम, (पुं.) गृहस्थाश्रम।
ज्यैष्ठी, (पुं.) जेठ मास। ज्येष्ठा नामक चान्द्रमास।
ज्यैष्ठ्य, (न.) ज्येष्ठत्व। बड़प्पन।
ज्योक्, (अव्य.) अब। शीघ्र। प्रश्न।
ज्योतिरिङ्ग, (पुं.) प्रकाश की भाँति चमकने वाला। खद्योत।
ज्योतिर्विद्, (पुं.) ज्योतिष विद्या जानने वाला। गणक।
ज्योतिश्चक्र, (न.) सूर्य्यादि ज्योतिर्मण्डल। सत्ताइस नक्षत्र वाला राशिचक्र।
ज्योतिःशास्त्र, (न.) ग्रह और नक्षत्र आदि की गति और स्वरूप का निश्चय कराने वाला शास्त्र।
ज्योतिष्, (न.) ग्रहादि की गति, स्थिति, आदि जनाने वाला शास्त्रविशेष। वृद्धि। बढ़ती।
ज्योतिष्टोम, (पुं.) यज्ञविशेष जिसे सम्पन्न करने के लिये सोलह कर्मकाण्डी विद्वानों की आवश्यकता होती है।
ज्योतिष्मत्, (पुं.) सूर्य। प्लक्षद्वीप का एक पहाड़। मालकाङ्गनी लता। रात्रि। ज्योतिष वाला। चित्त की एक वृत्ति विशेष।
ज्योतिस्, (पुं.) सूर्य। अग्नि। मैथी का शाक। आँख की पुतली। पदार्थ। नक्षत्र। प्रकाश। स्वयं प्रकाशमान। चैतन्य।
ज्योत्स्ना, (स्त्री.) कौमुदी। चाँदनी। चन्द्रमा की किरन। चाँदनी रात।
ज्यौतिषक, (पुं.) दैवज्ञ। गणक। ज्योतिषी।
ज्रि, (क्रि.) दबाना। तिरस्कार करना।
ज्री, (क्रि.) बूढ़ा होना।
ज्वर्, (क्रि.) रोगी होना।
ज्वर, (पुं.) ताप। बुखार।
ज्वरघ्न, (पुं.) ताप दूर करने वाला। गिलोय। चिरायता।
ज्वरापहा, (स्त्री.) बिल्वपत्र। ज्वरनाशक। बुखार दूर करने वाला।
ज्वरित, (त्रि.) ज्वरयुक्त।
ज्वल्, (क्रि.) चमकना। चलना।
ज्वलन, (पुं.) वह्नि। आग। दीप्ति। चमकना। दाह। जलना।
ज्वलनाश्मन्, (पुं.) सूर्यकान्तमणि।
ज्वलित, (त्रि.) दग्ध। जला हुआ। उज्ज्वल। चमकीला।
ज्वाल, (पुं.) आग की शिखा।
ज्वालजिह्व, (पुं.) आग।
ज्वालामुखी, (स्त्री.) दुर्गा का स्थान।
ज्वालावक्त्र, (पुं.) शिव नाम। आग।
ज्वालिन्, (त्रि.) शिव जी का नाम। जलता हुआ। चमकता हुआ।

झ

झ, (पुं.) झंझावात। बृहस्पति। इन्द्र। ध्वनि। आवाज़। नष्टद्रव्य। हिराई हुई वस्तु। बन्द करना।

झग-ति, (अव्य.) शीघ्र । एक बार ही ।
झङ्कार, (पुं.) भौंरे की गूंज ।
झङ्कृति, (स्त्री.) काँसे के बर्तन का शब्द ।
झञ्झा, (स्त्री.) एक प्रकार का शब्द । बड़ा वायु, जिसके साथ जल भी हो ।
झट्, (क्रि.) एकत्र होना ।
झटिति, (अव्य.) शीघ्र । उसी समय । तत्क्षण ।
झणत्कार, (पुं.) नूपुर, कङ्कण आदि का शब्द ।
झम्प, (पुं.) वेगपूर्वक ऊपर से नीचे गिरना । कूदना ।
झर, (पुं.) झरना ।
झर्च, (क्रि.) कहना । घुड़कना ।
झर्चर, (पुं.) ढोल । कलियुग । नदविशेष । बाजा ।
झल्लरी, (स्त्री.) वाद्यविशेष । साफ़ । गीला । ढोल ।
झष्, (क्रि.) मारना । लेना । बन्द करना ।
झष, (पुं.) मच्छ । ताप । धूप । वन ।
झषकेतु, (पुं.) मछली का निशान वाला । कामदेव ।
झाट, (पुं.) लताच्छादित स्थान । फोड़ा को धोना ।
झामक, (न.) बहुत पकी हुई ईंट ।
झिङ्गिनी, (स्त्री.) वृक्षविशेष । उल्का ।
झिल्ली, (स्त्री.) झींगुर ।
झुण्ट, (पुं.) स्तम्ब । झाड़ी ।
झू, (क्रि.) पुराना पड़ना । बूढ़ा होना ।
झोंड, (पुं.) सुपारी का वृक्ष ।
झ्यु, (क्रि.) जाना । डोलना ।

ञ

ञ, (पुं.) बैल । शुक । तिरछे हो कर गमन करना । सङ्गीत । गाना । घर्घर शब्द । घुरघुराना ।

ट

ट, (पुं.) टङ्कार (धनुष की) । बौना । चतुर्थांश । शपथ । पृथिवी । नारियल की नरेरी ।
टक्, (क्रि.) बाँधना ।
टक्कर, (पुं.) शिव जी ।
टगर, (गु.) तिरछी आँख वाला । गड़बड़ी । क्रीड़ा ।
टङ्क्, (क्रि.) बाँधना । जोड़ना । ढकना ।
टङ्क, (पुं.) कुदाली । कुल्हाड़ी । खड्ग । खड्ग की म्यान । उतार । कोप । अहङ्कार । अभिमान । टाङ्क । दरार । दर्रा । बनैले सेव का वृक्ष । सुहागा । चाँदी का माप जो चार माशे होता है । अङ्कित मुद्रा ।
टङ्कक, (पुं.) चाँदी का रुपया । मोहर ।
टङ्कन, (पुं.) खारविशेष । सुहागा ।
टङ्कटीक, (पुं.) शिव जी का नाम ।
टङ्कार, (पुं.) धनुष के रोदे को खींच कर छोड़ने पर जो शब्द होता है उसे टङ्कार कहते हैं ।
टङ्किका, (स्त्री.) कुल्हाड़ी । कुदाली ।
टट्टनी, (स्त्री.) घरेलू छोटी छिपकली ।
टट्टरी, (स्त्री.) वाद्ययंत्रविशेष । हँसी की बात । झूठ । ढोल ।
टट्टुर, (पुं.) ढोल का शब्द ।
टल्, (क्रि.) गड़बड़ में पड़ना ।
टाङ्कम्, (सं.) मद्यविशेष ।
टाङ्कर, (पुं.) लम्पट । व्यभिचारी पुरुष ।
टाङ्कार, (सं.) झनङ्कार । टङ्कार ।
टार, (पुं.) घोड़ा । बालमैथुनकारी ।
टिक्, (क्रि.) जाना । डोलना ।
टिटि (ट्टि) भ, (पुं.) टि टि बोलने वाला टिटहरी चिड़िया ।
टिप्, (क्रि.) प्रेरणा करना । चलाना । फेंकना । ढालना ।
टिप्पणी-नी, (स्त्री.) टीका ।
टीक्, (क्रि.) जाना ।
टीका, (स्त्री.) कठिन पदों का सरल अर्थ अथवा भाषान्तर ।
टु, (सं.) सोना । वह जो इच्छानुसार अपना रूप बदल सके । कामदेव ।

डुएटक, (गु.) छोटा। स्वल्प। दुष्ट। निर्दय। कठोर।

टेर-टेरक, (पुं.) टेढ़ा। जिसकी दृष्टि तिरछी हो।

टोर, (पुं.) छोटा। स्वल्प।

डुल, (क्रि.) गड़बड़ी में पड़ जाना।

ठ

ठ, (पुं.) रव। चन्द्र अथवा सूर्य्य मण्डल। वृत्त। शून्य। पवित्रस्थान। मूर्त्ति। देव। शिव जी का नाम।

ठक्कुर, (पुं.) देवप्रतिमा। ठाकुर। प्रतिष्ठा-सूचक एक उपाधि। काव्यप्रदीप के ग्रन्थकार का नाम।

ठार, (पुं.) पाला। बरफ़।

ठालिनी, (स्त्री.) पटका। कमरबन्द।

ड

ड, (पुं.) शब्दविशेष। एक प्रकार का ढोल या मृदङ्ग। वाडवाग्नि। समुद्र की आग। भय। शिव। चाष पक्षी।

डक्कारी, (सं.) चाण्डाल का बाजा। बीन। सारङ्गी या तम्बूरा।

डप्, (क्रि.) एकत्र करना। इकट्ठा करना।

डम्, (क्रि.) शब्द करना। बजाना।

डम, (पुं.) डोम। नीच जाति।

डमर, (पुं.) विप्लव। गदर। लड़ाई। शत्रु को भावभङ्गी और ललकार से डराना। डर कर भाग निकलना।

डमरु, (पुं.) एक प्रकार का बाजा जो शिव जी को बड़ा प्रिय है। कापालिक सम्प्रदाय के शैवियों का वाद्ययंत्र।

डम्ब्, (क्रि.) फेंकना। भेजना। देखना। आज्ञा देना।

डम्बर, (गु.) प्रसिद्ध। (सं.) सभा। समूह। दिखावट। समानता। अहङ्कार।

डम्भ्, (क्रि.) एकत्र करना।

डलक-डल्लक, (न.) डलिया। डला।

डवित्थ, (पुं.) लकड़ी का हिरन।

डाकिनी, (स्त्री.) काली देवी की एक सहचरी।

डांकृति, (स्त्री.) घण्टे का नाद। झालर का शब्द।

डामर, (पुं.) इस नाम का शिवकथित एक तंत्रग्रन्थ है। (गु.) भयानक। आश्चर्य-प्रद दृश्य। कोलाहल। वर्णसङ्कर जाति विशेष।

डाहल, (पुं.) देशविशेष के अधिवासी।

डाहुक, (पुं.) जलकुक्कुट।

डिकरी, (स्त्री.) युवती।

डिङ्गर, (पुं.) नौकर। गुण्डा। धूर्त्त। ठग। नीच पुरुष। मोटा आदमी। अपचार।

डिण्डिम, (पुं.) छोटा ढोल। वृक्षविशेष।

डिण्डिर, (पुं.) समुद्रफेन।

डित्थ, (पुं.) काठ का बना हाथी। सुस्वरूप। श्यामवर्ण वाला। विद्वान्। सम्पूर्ण शास्त्रों के रहस्य को जानने वाला।

डिप्, (क्रि.) एकत्र करना। फेंकना। डालना। भेजना। निर्देश करना।

डिव्, (क्रि.) प्रेरणा करना। चलाना।

डिम्, (क्रि.) मारना। चोटिल करना। घायल करना।

डिम, (पुं.) दस प्रकार के दृश्य काव्यों अर्थात् नाटकों में से एक।

डिम्ब, (पुं.) बच्चा। विप्लव। डर कर चीत्कार करना। अण्डा। गोला। गेंद। गोलाकार पुष्प। तिल्ली।

डिम्बिका, (स्त्री.) दुश्चरित्रा स्त्री।

डिम्भ, (पुं.) शिशु। बच्चा। बछड़ा। मूर्ख। मूढ़।

डी, (क्रि.) उड़ना। आकाश में गमन करना।

डीन, (न.) पक्षियों का उड़ान।

डुण्डुभ-म, (पुं.) सर्पविशेष जो विषैला नहीं होता।

डुण्डुल, (पुं.) छोटी जाति का उल्लू।

डुन्दुक, (पुं.) जलपक्षी विशेष ।
डोम, (पुं.) चाण्डाल । नीचजातिविशेष ।
डोर, (पुं.) कलाई में बाँधने का डोरा । डोर । डोरी ।
ड्वल्, (क्रि.) मिलाना । संमिश्रण करना ।

ढ

ढ, (पुं.) शब्दविशेष । बड़ा ढोल । कुत्ते की पूँछ । कुत्ता । सर्प । निर्गुण ।
ढक्का, (स्त्री.) बड़ा ढोल । अन्तर्धान होने की क्रिया ।
ढामरा, (स्त्री.) हंस ।
ढालम्, (न.) ढाल ।
ढालिन्, (पुं.) योद्धा जिसके पास ढाल हो ।
ढुण्ढनम्, (न.) ढूँढ़ । खोज ।
ढुण्ढि, (पुं.) गणेश जी ।
ढौल, (पुं.) ढोल या मृदङ्ग ।
ढौक्, (क्रि.) जाना । समीप पहुँचना ।
ढौकन, (त्रि.) भेंट । चढ़ौती । घूँस ।

ण

संस्कृत भाषा में ऐसे शब्दों का अभाव ही समझना चाहिये जिनके आरम्भ में "ण" हो।

धातुपाठ में कुछ धातु हैं जो "ण" से लिखे जाते हैं । किन्तु वास्तव में वे "ण" से न लिखे जा कर "न" से लिखे जाते हैं । "ण" के साथ लिखे जाने का कारण यह है कि इससे यह सूचित होता है कि "न" कतिपय उपसर्गों के पूर्व आने से "ण" के साथ भी परिवर्तित होता है ।

ण, (पुं.) ज्ञान । निर्णय । भूषण । जल । जल का स्थान । बुरा मनुष्य । शिव । न । देना । भेंट ।
णट्, (क्रि.) भाव दिखा कर नाचना । मारना ।
णद्, (क्रि.) ऐसा शब्द करना जो समझ में न आवे ।
णश्, (क्रि.) छिपाना । नाश होना ।
णह्, (क्रि.) बाँधना ।
णिज्, (क्रि.) शोधना । साफ करना ।
णिस्, (क्रि.) चूसना ।
णी, (क्रि.) पहुँचाना । ले जाना ।
णु, (क्रि.) स्तुति करना । स्तव करना । प्रशंसा करना ।

त

त, (पुं.) पूँछ । गीदड़ की पूँछ । छाती । गर्भाशय । टोहनी । योद्धा । चोर । दुष्टजन । जातिच्युत । बर्बर । बौद्ध । रक्त । अमृत । छन्द में गणविशेष ।
तक्, (क्रि.) दुःखी होना । उड़ना । झपटना । हँसना । चिढ़ाना । सहन करना ।
तक्र, (न.) छाछ । माठा ।
तक्ष्, (क्रि.) काटना ।
तक्षक, (पुं.) बढ़ई । लकड़कटा । नाटक का मुख्य पात्र । विश्वकर्मा । नाग का नाम । कश्यपपुत्र ।
तक्षन, (पुं.) बढ़ई । लकड़हारा । विश्वकर्मा ।
तक्षशिला, (स्त्री.) सिन्ध देश की एक नगरी ।
तगर, (पुं.) एक पेड़ का नाम ।
तङ्कन, (न.) कष्ट सहित जीवन व्यतीत करना ।
तच्छील, (त्रि.) उस स्वभाव वाला कोई जीव ।
तट्, (क्रि.) ऊँचा होना ।
तट, (त्रि.) किनारा । तीर । नदी का गर्भ । शिव जी का नाम । क्षेत्र ।
तटस्थ, (त्रि.) तीरवर्त्ती । समीप का । उदासीन पुरुष ।
तटाक, (पुं.) कम जल वाला तालाब ।
तटाग, (पुं.) तालाब ।
तट्टा-घात, (पुं.) हाथी का सूँड़ ऊँची कर के उसे पटकना । कुञ्जरक्रीड़ा ।

तटिनी, (स्त्री.) नदी ।
तडाग, (पुं.) तालाब । हिरन फँसाने का फन्दा ।
तड़ित्, (स्त्री.) बिजली । दामिनी ।
तडित्वत्, (पु.) बादल ।
तण्डक, (पुं.) झाग । बहुसमासयुक्त वाक्य । मायावी ।
तण्डुल, (पुं.) चावल ।
तत्, (अव्य.) हेतु । इस लिये । इस कारण ।
तत, (न.) वायु । हवा । वीणा । घिरा हुआ । फैला हुआ ।
ततस्त्य, (त्रि.) वहाँ का । वहाँ होने वाला ।
तति, (स्त्री.) श्रेणी । पंक्ति । पतीर । समूह । फैलाव ।
तत्काल, (पुं.) उसी समय । वर्त्तमान काल । हो रहा समय ।
तत्कालधी, (त्रि.) सिर पर आयी आपत्ति को निवारण करने की बुद्धि ।
तत्क्रियः, (त्रि.) अवैतनिक काम करने वाले ।
तत्क्षण, (पुं.) उसी समय । झट ।
तत्त्व, (न.) सच्चाई । निष्कर्ष । यथार्थरूप । परमात्मा । ब्रह्मत्व । नाचना । बजाना । गाना । चित्त । वस्तु । सांख्य के मतानुसार पच्चीस पदार्थ ।
तत्पर, (त्रि.) तद्गत । तैयार । सन्नद्ध ।
तत्परायण, (त्रि.) तदासक्त । उसीमें लगा हुआ ।
तत्पुरुष, (पुं.) परमात्मा । समासविशेष ।
तत्र, (अव्य.) उस समय । उस जगह । वहाँ ।
तत्रत्य, (अव्य.) वहाँ होने वाला । वहाँ की वस्तु ।
तत्रभवत्, (त्रि.) पूज्य । पूजा के योग्य ।
तथा, (अव्य.) साम्य । वैसे ही । निश्चय ।
तथाच, (अव्य.) जैसा कि ।
तथाहि, (अव्य.) दृष्टान्त । उदाहरण ।
तथ्य, (न.) सत्य ।
तद्, (त्रि.) पहिले कहा हुआ ।
तदा, (अव्य.) उस समय । तब ।
तदात्मन्, (त्रि.) उस रूप वाला ।
तदानीम्, (अव्य.) तब । उस समय ।
तद्गत, (त्रि.) तत्पर । किसी कार्य में लगा हुआ ।
तद्गुण, (पुं.) अर्थालङ्कारभेद ।
तद्धन, (त्रि.) कृपण । सूम ।
तद्धित, (पुं.) उसके लिये हितकर । नाम के आगे लगने वाले प्रत्यय ।
तद्वत्, (अव्य.) उसके समान ।
तन्, (क्रि.) फैलना । विस्तृत होना ।
तनय, (पुं.) पुत्र । बेटा । बेटी । लता । बेल । सूरन । जिमींकन्द ।
तनिमन्, (पुं.) छुटाई । मिहीन । कोमलता ।
तनु, (स्त्री.) शरीर । देव । मूर्ति । आकार । (पु.) थोड़ा । बिरला । लटा । मिहीन ।
तनुच्छाया, (पुं.) शरीर की परछाईं या शोभा । थोड़ी छाया वाला । बबूर का पेड़ ।
तनुत्र, (न.) कवच ।
तनुभस्त्रा, (स्त्री.) नासिका । नाक ।
तनुभृत्, (पुं.) जीव । शरीर को अपना । मानने वाला ।
तनुवार, (न.) कवच । सन्नाह ।
तनुस्, (न.) शरीर । देह । काया ।
तनूनपात्, (पुं.) अग्नि । आग ।
तनूरुह, (न.) रोम । रोएँ । चिड़ियों के पर, जो शरीर पर उगें ।
तञ्ज्, (क्रि.) सिकोड़ना ।
तन्तु, (पुं.) आह । सन्तान । सूत । तान ।
तन्तुनाभ, (पुं.) मकड़ी ।
तन्तुनिर्यास, (पुं.) ताल वृक्ष ।
तन्तुपर्वन्, (न.) यज्ञोपवीत धारण करने कराने का पर्व । श्रावणी पूर्णिमा । सलूनो ।

तन्तुर, (न.) ताँत वाला। मृणाल।
तन्तुवाप, (पुं.) जुलाहा। कोरी।
तन्तुवाय, (पुं.) जुलाहा। कोरी। कपड़ा बिनने वाला।
तन्तुविग्रह, (स्त्री.) केला।
तन्तुशाला, (स्त्री.) सूत बिनने का घर।
तन्तुसन्तत, (त्रि.) सिला हुआ कपड़ा।
तंत्र, (न.) सिद्धान्त। निर्णय। औषध। कुनबा। प्रधान। बड़ा। जुलाहा। कोरी। परिच्छद। पराधीन हो कर काम करने वाला। हेतु। अर्थसिद्धकारी। ताँत। स्वराज्य चिन्ता। परिजन। नौकर। प्रबन्ध। शपथ। धन। घर। बोने का उपस्कर। कुल। वेद की शाखाविशेष। शास्त्रविशेष। शिव जी कथित शास्त्रविशेष।
तंत्रक, (न.) नया कपड़ा।
तंत्रावाप, (पुं.) जुलाहा। कोरी।
तंत्रिका, (स्त्री.) गुर्च। गिलोय।
तंत्री, (स्त्री.) वीणाविशेष। गिलोय। शरीर की नाड़ी। रस्सी। नदी। युवती।
तन्द्रा, (स्त्री.) उँघाई। नींद।
तन्द्रालु, (त्रि.) बहुत सोने वाला।
तन्मय, (त्रि.) उसीमें निवेशित चित्त वाला। उसीमें लगा हुआ।
तन्मात्र, (त्रि.) वही। उसी आकार का।
तन्वी, (स्त्री.) बेलविशेष। कृशाङ्गी। कोमल प्रकृति की स्त्री। पतली कटि वाली स्त्री। छन्दविशेष।
तप्, (क्रि.) जलाना। तपाना।
तपती, (स्त्री.) सूर्य की स्त्री, जिसका नाम छाया है। एक नदी (तापती) सूर्य्य-तनया, जिसके योग से कुरु तापत्य बोले जाते हैं।
तपन, (पुं.) ताप। सूर्य। भिलावे का पेड़। नरकविशेष। गर्मी की ऋतु। मदार का पेड़। सूर्य्यकान्तमणि।
तपनतनय, (पुं.) यम। यमुना। शनि।
तपनी, (स्त्री.) गोदावरी।
तपनीय, (न.) सोना। तपने योग्य।
तपस्, (पुं.) माघ मास। शिशिर ऋतु। जनलोक के ऊपर का लोक। आलोचन। अपने आश्रम का शास्त्रविहित कर्मानुष्ठान। चान्द्रायण आदि व्रत। लग्न से नवम गृह।
तपस्य, (पुं.) फागुन मास। कुन्द का पुष्प। तप में संलग्न।
तपस्या, (स्त्री.) तप। व्रतचर्या।
तपस्विन्, (त्रि.) तापस। तपस्वी। तप करने वाला। दीन। चिड़िया।
तपस्विनी, (स्त्री.) तप करने वाली। दीना। दुःखिनी। जटामांसी।
तपात्यय, (पुं.) वर्षाकाल। शरत्काल।
तपोधन, (पुं.) तपस्वी। तपन नामक वृक्षविशेष।
तपोवन, (न.) तपस्वियों के तपने का वन। तीर्थविशेष।
तप्तकुम्भ, (पुं.) नरकभेद।
तप्तकृच्छ्र, (न.) व्रतविशेष।
तम्, (क्रि.) थक जाना। कष्ट उठाना।
तम, (पुं.) तमोगुण। राहु। तमाल का वृक्ष।
तमस्, (न.) अन्धकार। शोक। पाप। कार्याकार्य का विचार न करना। गुण विशेष। राहु।
तमस्विनी, (स्त्री.) रात।
तमाल, (पुं.) वृक्ष। तिलक, वरुण वृक्ष। खड्ग।
तमि, (स्त्री.) अन्धेरे वाली। रात।
तमिस्र, (न.) अन्धकार। अन्धेरा। कोप। गुस्सा। अज्ञान। अन्धकारमयी रजनी।
तमिस्रपक्ष, (पुं.) अन्धेरा पक्ष।
तमोघ्न, (पुं.) सूर्य। अग्नि। चन्द्र। बुद्ध। विष्णु। शिव।
तमोज्योतिस्, (पुं.) जुगनू। खद्योत।
तमोपह, (पुं.) ज्ञान। सूर्य। चन्द्र। आग

तरक्षु, (पुं.) भेड़िया। मार्ग रोकने वाला।
तरङ्ग, (पुं.) लहर।
तरङ्गिणी, (स्त्री.) तरङ्ग वाली। नदी।
तरङ्गित, (त्रि.) लहरों वाला। चञ्चल।
तरण, (पुं.) डोङ्गा। स्वर्ग। (क्रि.) तरना
तरणि, (पुं.) सूर्य। डोङ्गा। अर्कवृक्ष। किरन। ताँबा। नौका। जिमींकन्द।
तरतम, (त्रि.) न्यून, अधिक भाव वाला। अर्थ।
तरपण्य, (न.) नदी की उतराई। पार जाने का महसूल।
तरल, (पुं.) हार। चपल। कामी। विस्तार। चमकीला। पनीला। मद्य। लस्सी।
तरवारि, (पुं.) तलवार। शत्रु की गति को रोकने वाली।
तरस्, (न.) जल। वेग।
तरसा, (अव्य) झट। अति शीघ्र।
तरस्विन्, (पुं.) हवा। गरुड़। शीघ्रगामी वीर।
तरि-री, (स्त्री.) नाव। पिटारी। पलङ्ग।
तरु-ष-खण्ड, (पुं.) वृक्षसमूह या वृक्षों के टुकड़े।
तरुण, (पुं.) अण्डी का पेट। जीरा। पुष्प विशेष। नया। युवा। फिर से उदित। गर्म। कोमल। सद्यः। युवती नारी।
तरुणज्वर, (पुं.) सात दिन चढ़ा रहने वाला ज्वर। तुरन्त चढ़ा हुआ ज्वर। खूब चढ़ा हुआ बुखार।
तरुविलासिनी, (स्त्री.) नवमल्लिका।
तर्क, (पुं.) आकांक्षा। वितर्क। विचार। सम्भावना।
तर्क्, (क्रि.) चमकना।
तर्कु, (पुं.) यंत्रविशेष। बेलना। कातने का साधन।
तर्ज, (क्रि.) झिड़कना।
तर्जनी, (स्त्री.) अङ्गूठे के पास की उङ्गली।
तर्ण्य, (पुं.) वत्स। प्रिय। सद्यःप्रसूत शिशु। गौ का हाल का ब्याना बच्चा।
तर्द्, (क्रि.) मारना।
तर्दू, (स्त्री.) लकड़ी की कर्छी।
तर्पण, (न.) प्रसन्न करना। पितृयज्ञ। उदक-क्रिया। तृप्त करना।
तर्व्, (क्रि.) जाना।
तर्ष, (पुं.) अभिलाष।
तर्हि, (अव्य.) तो। तदा। उस समय।
तल्, (क्रि.) स्थिर होना। पूरा करना। प्रतिज्ञा पूर्ण करना।
तल, (पुं. न.) स्वरूप। निचला भाग। थपेड़। ताल का वृक्ष। तलवार की मुठिया। आधार और स्वभाव।
तलप्रहार, (पुं.) थप्पड़ मारना। चनकटा मारना।
तलातल, (न.) पाँचवाँ पाताल लोक।
तलित, (न.) भुना मांस।
तलुन, (पुं.) वायु। युवा। पट्ठा। (ी) युवती स्त्री।
तल्प, (पुं.) खाट। सेज। दारा। स्त्री।
तल्लज, (पुं.) प्रशस्त। बहुत अच्छा।
तष्ट, (त्रि.) छोटा किया गया।
तष्टृ, (पुं.) बढ़ई। विश्वकर्मा जातिविशेष।
तस्, (क्रि.) सजाना। ऊपर फेंकना।
तस्कर, (पुं.) चोर। दमनक पेड़।
ताच्छिल्य, (न.) निर्दिष्ट स्वभाव वाला।
ताटस्थ्य, (न.) उदासीन होना। पास होना।
ताडका, (स्त्री.) राक्षसीविशेष। जो रामचन्द्र जी द्वारा मारी गयी थी।
ताड़नी, (स्त्री.) चाबुक। हण्टर।
ताण्डव, (न.) पुरुष का नाच। घासविशेष। ज़ोर से नाचना।
ताण्डवप्रिय, (पुं.) शिव।
तात, (न.) पिता। पुत्र। दया। करने योग्य। काका। चाचा। पूजने योग्य।
तात्पर्य, (न.) आशय। निष्कर्ष। अभिप्राय।
तादर्थ्य, (न.) उसके लिये।
तादात्म्य, (न.) अभेद। एक ही रूप वाला।

तादृक्ष, (त्रि.) उस प्रकार का। उस जैसा।
तान, (पुं.) एक धागा। कमल का डोरा। उच्चस्वर। फैलाव। विस्तार।
तांत्रिक, (त्रि.) तंत्रशास्त्र को जानने वाला। ब्रह्मवादी।
ताप, (पुं.) सन्ताप। गर्मी। शोक। कठिन। दुःख।
तापस, (न.) तप करने वाला। दमनक वृक्ष।
तापसतरु, (पुं.) इङ्गुदी का पेड़।
तापिञ्छ, (पुं.) ताप दूर करने वाला पेड़। तमाल वृक्ष।
तापी, (स्त्री.) विन्ध्य पर्वत की एक नदी जिसका वर्त्तमान प्रसिद्ध नाम तापती है।
तामरस, (न.) पद्म। कमल। सोना। धतूरा। छन्द जिसके पाद में बारह अक्षर होते हैं।
तामस, (पुं.) साँप। उल्लू। नीच। अविद्याग्रस्त। राहु की सन्तान। रात। जटामांसी।
तामिस्र, (पुं.) अन्धेरे वाला। नरकविशेष। राक्षस। वस्तु को उल्टा दिखाने वाला अज्ञान।
ताम्बूल, (न.) नागवल्ली का पत्ता। पान। गुवाक।
ताम्बूल-करङ्क, (पुं.) पान का बिलहरा।
ताम्बूलिक, (पुं.) पान बेचने वाला। तमोली।
ताम्र, (न.) ताँबा। लाल रङ्ग।
ताम्रकर्णी, (स्त्री.) पश्चिम दिशा की हथिनी। एक नदी।
ताम्रकार, (पुं.) कसेरा।
ताम्रकूट, (न.) तमाखू।
ताम्रचूड, (पुं.) मुर्गा। कुक्कुट।
ताम्रपट्ट, (न.) ताँबे का पटरा।
ताम्रपर्णी, (स्त्री.) नदीविशेष।
ताम्रपल्लव, (स्त्री.) मजीठ। लाल बेल
ताम्रबीज, (पुं.) लाल बीज वाला।
ताम्रशिखिन्, (पुं.) कुक्कुट। मुर्गा।
ताम्रसार, (पुं.) ताँबे की भस्म। लाल चन्दन का बुरादा।
ताम्रिक, (पुं.) एक जाति।
ताम्, (क्रि.) पालन करना।
तार, (पुं.) प्रेरणा। सञ्चालन। वानर विशेष। शुद्ध मोती। प्रणव (ओं)। देवी का प्रणव (ह्रीं)। तरना। तारा। पुतली। ऊँचा शब्द। निर्म्मल। महाविद्या विशेष। बृहस्पति की स्त्री।
तारक, (पुं.) तारने वाला। मल्लाह। दैत्यविशेष। तारा। पुतली।
तारकजित्, (पुं.) तारकासुर को जीतने वाला कार्तिकेय।
तारकित, (न.) तारों वाला। आकाश।
तारतम्य, (न.) न्यूनाधिक्य। थोड़ा बहुत। भेद। अन्तर।
तारापति, (पुं.) तारा का स्वामी। शिव। चन्द्रमा। बृहस्पति। वाली। सुग्रीव।
तारापथ, (पुं.) आकाश।
तारापीड, (पुं.) चन्द्रमा। राजाविशेष।
ताराभ्र, (पुं.) कपूर।
तारिणी, (स्त्री.) तारने वाली। पार्वती। दूसरी महाविद्या।
तार्किक, (पुं.) तर्कशास्त्री। नैयायिक पण्डित।
तार्क्ष्य, (पुं.) तार्क्ष्य की औलाद। गरुड़। अरुण। साँप। घोड़ा। सोना। रथ।
तार्तीयक, (न.) तीसरा। तृतीय।
ताल, (पुं.) वृक्षविशेष। हड़ताल। देवी का सिंहासन। राग का माप। ताली बजाना। काँसे का बना हुआ बाजा। खड्ग की मूठ। ताला।
तालक, (न.) ताला। हड़ताल।
तालध्वज, (पुं.) बलभद्र। बलराम।

तालवृन्त, (न.) पङ्खा । बीजना ।
तालाङ्क, (पुं.) बलभद्र । बलदेव ।
तालिक, (पुं.) थप्पड़ । हथेली ।
तालु, (न.) मुख में जीभ के ऊपर का भाग ।
तालुजिह्व, (पुं.) तालु ही जिसकी जिह्वा है । कुम्भीर । नक्र के जीभ न होने पर भी वह तालु ही से जिह्वा का काम लेता है ।
तावत्, (अव्य.) तब तक । इतना । निश्चय । प्रशंसा । वाक्य का भूषण । तब । इतना बड़ा ।
तिक्, (क्रि.) जाना ।
तिक्त, (पुं.) कसैला । खट्टा ।
तिग्म, (न.) तीक्ष्ण । तेज ।
तिग्मरश्मि, (पुं.) सूर्य्य । तेजस्वी ।
तिघ्, (क्रि.) हनन करना ।
तिज्, (क्रि.) क्षमा करना ।
तितउ, (पुं.) चलनी । छोटा छाता ।
तितिक्षा, (स्त्री.) क्षमाशीलता । सहनशीलता ।
तितिक्षु, (त्रि.) सहनशील । शीतादि सहने वाला ।
तितिभ, (पुं.) जुगनू । खद्योत । इन्द्रगोप ।
तित्तिर-तितिरः, (पुं.) तीतर नामक पक्षी ।
तिथ, (पुं.) आग । प्रेम । समय । वर्षाऋतु । शरत्काल ।
तिथि, (पुं. स्त्री.) चन्द्रमान की गणना से दिनों की गिनती । पन्द्रह की संख्या ।
तिथिक्षय, (पुं.) जिसमें चन्द्रमा की तिथि का नाश होता है । अमावास्या । तिथिनाश ।
तिथिपत्री, (स्त्री.) पञ्चाङ्ग । जन्त्री ।
तिथिप्रणी, (पुं.) चन्द्रमा ।
तिनिश, (पुं.) वृक्षविशेष ।
तिन्तिड-डी, (स्त्री. न.) इमली का पेड़ । खट्टी चटनी ।
तिन्दु-तिन्दुलः, तिन्दुक, (पुं.) वृक्ष विशेष । मापविशेष ।
तिष्, (क्रि.) छिड़कना । बून्दें टपकाना । छानना । उड़ेलना । चुआना । बचाना ।
तिम्, (क्रि.) भिगोना । नम करना ।
तिमि, (पुं.) ह्वेल जैसे शरीर की बड़ी मछली ।
तिमिङ्गिल, (पुं.) बड़ा भारी मच्छ जो तिमि को भी निगल जाता है ।
तिमित, (त्रि.) गीला ।
तिमिर, (न.) अन्धकार । एक प्रकार का नेत्ररोग । लोहे का चूरा ।
तिमिरमय, (पुं.) राहु की उपाधि । ग्रहण ।
तिरयति, (क्रि.) छिपाना । गुप्त रखना । बाधा देना । रोकना । जीतना ।
तिरश्चीन, (त्रि.) टेढ़ा हो गया ।
तिरस्, (अव्य.) अन्तर्धान । छिपना ।
तिरस्करणी, (स्त्री.) परदा । कनात । अदृश्य हो जाने की विद्या ।
तिरस्कार, (पुं) अनादर । अपमान ।
तिरोधा, (क्रि.) अदृश्य होना । छिपना । जीतना । हटाना ।
तिरोधान, (न.) अन्तर्धान, छिपना । पिछौरा । बुरका । परदा ।
तिरोहित, (त्रि.) छिपा हुआ । ढका हुआ ।
तिरोभाव, (पुं.) छिपाव । ढकाव ।
तिर्य्यक्, (अव्य.) टेढ़ा । रुका हुआ । योनिविशेष । पशु, पक्षी, वनस्पति आदि ।
तिल्, (क्रि.) चीकन करना । चिकनाना ।
तिल, (पुं.) स्वनामख्यात वृक्षविशेष । तिली ।
तिलक, (पुं.) तिल का वृक्ष । घोड़ा विशेष । रोगविशेष । टीका जो मस्तक पर लगाया जाता है ।
तिलकर, (न.) तिली की क्षार । तिली का चूरा ।
तिलकल्क, (पुं.) तिली का चूरा । तिल की चटनी ।

तुङ्गभद्र, (पुं.) मदचूर्णित हाथी । (ा) (स्त्री.) दक्षिण भारत की एक नदी का नाम जो कृष्णा नदी में गिरती है ।

तुङ्गमुख, (पुं.) गैंड़ा ।

तुङ्गशेखर, (पुं.) पहाड़ ।

तुङ्गी, (स्त्री.) रात्रि । हल्दी ।

तुच्, (पुं. स्त्री.) सन्तान । औलाद । वैदिक प्रयोग ।

तुच्छ, (पुं.) रीता । रहित । व्यर्थ । हल्का । छोटा । त्यक्त । क्षुद्र । दीन । अभागा । (न.) भूसी रहित धान्य । तुष

तुच्छफल, (पुं.) एरण्ड वृक्ष ।

तुज्, (क्रि.) मारना । घायल करना ।

तुट्, (क्रि.) झगड़ा करना । झगड़ना । चोटिल करना ।

तुटम, (पुं.) चूहा । घूँस ।

तुटितुट, (पुं.) शिव का नाम ।

तुड्, (क्रि.) तुच्छ समझना । अपमान करना ।

तुण्, (क्रि.) टेढ़ा करना । झुकाना । धोका देना । छलना । ऐंठना ।

तुण्ड्, (क्रि.) दबाना ।

तुण्ड, (न.) मुख । चोंच । (सुअर की) थूँथनी ।

तुण्डिका, (स्त्री.) नाभि । ढुड्डी ।

तुण्डिकेरी, (स्त्री.) कपास का पौधा । तालु की सूजन ।

तुण्डिन्, (पुं.) शिव जी के नादिया का नाम ।

तुण्डिभ, (पु.) बातूनी । बड़ी नाभि वाला ।

तुत्थ्, (क्रि.) प्रशंसा करना । ढकना । ओट करना । फैलाना ।

तुत्थ, (पुं.) अग्नि । एक प्रकार का अञ्जन । पत्थर । (ा) (स्त्री.) छोटी इलायची । नील का पौधा ।

तुत्थक, (पुं.) तूतिया ।

तुद्, (क्रि.) चोटिल करना । छुभोना । कुरेदना । खेंख करना । पीड़ा करना । तङ्ग करना । अत्याचार करना ।

तुन्द, (पुं.) पेट । तोंद ।

तुन्दकूपी, (स्त्री.) नाभि । ढुड्डी ।

तुन्न, (पुं.) वृक्ष । पीड़ित । काटा गया ।

तुन्नवोम, (पुं.) कटे हुए को जोड़ने वाला ।

तुम्, (क्रि.) मारना । घायल करना ।

तुमुल, (पुं.) कलिवृक्ष । (गु) घबड़ाया हुआ । भम्भरिहा । शोर गुल मचाने वाला ।

तुम्ब्, (क्रि.) कष्ट देना । मारना ।

तुम्ब, (पुं.) कूष्माण्ड । तुम्बड़ी । तौ भी ।

तुम्बरु, (पुं.) गन्धर्वविशेष । वाद्ययंत्र विशेष । तमूरा ।

तुर्, (क्रि) शीघ्रता करना पकड़ लेना । भागना ।

तुरकिन्, (पुं.) तुर्की । तुर्क देश का ।

तुरक्कः, (पुं.) तुर्कदेशवासी । तुर्क ।

तुरग, (पुं.) घोड़ा । मन । विचार ।

तुरगरक्ष, (पुं.) साईस ।

तुरङ्ग, (पुं.) घोड़ा । सात की संख्या । मन ।

तुरी, (स्त्री.) जुलाहे का यन्त्रविशेष ।

तुरीय, (त्रि.) चौथा । चार भाग वाला । आत्मा की चतुर्थ दशा । ब्रह्म ।

तुरीयवर्ण, (पुं.) शूद्र वर्ण ।

तुरुष्क, (पुं.) गन्धद्रव्यविशेष । तुरुक ।

तुर्य्य, (त्रि.) चौथा ।

तुर्व्, (क्रि.) मारना ।

तुर्वसु, (पुं.) ययाति राजा का पुत्र ।

तुल्, (क्रि.) तोलना । मापना ।

तुलसी, (स्त्री.) वृक्षविशेष । जो विष्णु को परम प्रिय है ।

तुला, (स्त्री.) तराजू । सादृश्य । माप । बड़ा पात्र । सातवीं राशि ।

तुलाकोटि, (स्त्री.) बिछिया । पायजेब । झाञ्झन । मापविशेष ।

तुलाधार, (त्रि.) बया । तोलने वाला ।

तुलापुरुष, (पुं.) सोलह प्रकार के महादानों में से एक प्रकार का दान ।

तुलित, (त्रि.) परिमित। मापा गया। समान किया गया।

तुल्य, (त्रि.) बराबर। सदृश। समान।

तुल्ययोगिता, (स्त्री.) अर्थालङ्कार का एक भेद।

तुवर, (पुं.) एक प्रकार का धान। कसैले स्वाद का।

तुष्, (क्रि.) प्रसन्न करना।

तुष, (पुं.) बहेड़े का वृक्ष। धान का छिकला। भूसी।

तुषानल, (पुं) तिनकों की आग। प्राचीन समय में दण्ड का एक विधान था जिसे प्राणदण्ड दिया जाता उसके शरीर में घास लपेट कर बाँध दी जाती थी और फिर उसमें आग लगा कर वह जला डाला जाता था।

तुषार, (पुं.) बर्फ। ओद। कुहासा। कपूर।

तुष्टि, (स्त्री.) सन्तोष।

तुह्, (क्रि.) मारना।

तुहिन, (न.) हिम। बर्फ। चन्द्रमा का तेज।

तुहिनांशु, (पुं.) चन्द्रमा। चाँद।

तूण्, (क्रि.) सिकोड़ना। भरना।

तूण-णी, (पुं. स्त्री.) तरकस।

तूणीर, (पुं.) तरकस।

तूर्ण, (न.) शीघ्र। त्वरा वाला।

तूर्य्य, (क्रि.) मारना (न.) वाद्ययन्त्र विशेष। तुरही बाजा।

तूल्, (क्रि.) भरना। पूर्ण करना।

तूल, (पुं. न.) एक प्रकार का कपास। आकाश। तुन्द नामक वृक्ष।

तूलिका, (स्त्री.) शय्या का साधन।

तूवर, (पुं.) बेसींग वाली गौ। बेदाढ़ी मूँछ का पुरुष। कसैला रस।

तूष्णीक, (त्रि.) चुप रहने वाला।

तूष्णीम्, (अव्य.) मौन। चुप चाप।

तूस्त, (न.) जटा। लट। धूर। महीन।

तृण्, (क्रि.) खाना।

तृण, (न.) तिनका। घास।

तृणकाण्ड, (न.) तिन अथवा घास का ढेर।

तृणद्रुम, (पुं.) नारियल। ताल। खजूर।

तृणधान्य, (सं.) विना जोती हुई भूमि में उत्पन्न धान। नीवार। धान्यविशेष।

तृणराज, (पुं.) ताल का वृक्ष।

तृणौकस्, (न.) तिनकों का बना हुआ घर।

तृणय, (स्त्री.) तिनकों का ढेर।

तृतीय, (त्रि.) तीसरा।

तृतीयप्रकृति, (स्त्री.) हिजड़ा। नपुंसक।

तृतीया, (स्त्री.) तीज।

तृतीयाकृत, (त्रि.) तिगुना किया गया।

तृद्, (क्रि.) अनादर किया गया।

तृन्ह, (क्रि.) मारना।

तृप्, (क्रि.) तृप्त होना।

तृप्ति, (स्त्री.) पेट भर जाना। प्रसन्न होना। सन्तुष्ट होना।

तृफ्, (क्रि.) प्रसन्न होना।

तृफला, (स्त्री.) हर्र, बहेरा, आमला का संयोग तृफला कहलाता है।

तृष्, (क्रि.) चाहना। तृष्णा करना।

तृषाभू, (स्त्री.) क्लोम। हृदय का एक स्थान।

तृषित, (त्रि.) प्यासा। चाह वाला।

तृष्णाक्षय, (पुं.) मन को रोकना। चाह का नाश।

तृह्, (क्रि.) मारना।

तॄ, (क्रि.) तरना। पार होना। उछलना। दबाना।

तेज्, (क्रि.) तेज करना। पैना करना।

तेजःफल, (पुं.) तेजबल का वृक्ष।

तेजस्, (न.) उष्ण। अग्नि आदि द्रव्य। आग। प्रकाश। पराक्रम। वीर्य। घी। तपाने वाला। ज्योति। सूर्य। कान्ति (शरीर की)। सुवर्ण आदि धातु द्रव्य।

पित्त। अपमान आदि का न सहना। घोड़ों का स्वाभाविक बल। ब्रह्म। सत्त्व-गुण (सांख्यमतानुसार)।

तेजस्विनी, (स्त्री.) तेजबल। ज्योतिष्मती बेल। तेज वाली स्त्री।

तेजीयस्, (त्रि.) तेज वाला।

तेजोमय, (त्रि.) ज्योतिर्मय। प्रकाशमय। प्रधान तेज वाला।

तेजोमात्रा, (स्त्री.) सत्त्वगुण का अंश। इन्द्रियसमूह।

तेष्, (क्रि.) काँपना। गिरना।

तेम, (पुं.) आर्द्रीभाव। गीला होना।

तेमन, (न.) चूल्हाविशेष। भाजी। गीला करना।

तैजस, (न.) तेज का विकार। घी। चमकीला। सूक्ष्म शरीर।

तैतिल, (पुं.) गैंड़ा।

तैत्तिरीया, (स्त्री.) यजुर्वेद की शाखा विशेष। कृष्णयजुः।

तैत्तिरीय, (त्रि.) तैत्तिरीय शाखा का पढ़ने वाला या जानने वाला।

तैमिरिक, (न.) पुरुष जिसकी आँख में जाला हो गया हो।

तैर्थिक, (त्रि.) दर्शनशास्त्र का रचने वाला। कपिल कणाद प्रभृति।

तैल, (न.) तेल।

तैलकार, (पुं.) तेली।

तैलक्लिट्ट, (न.) तेल का मैल। खली।

तैलङ्ग, (पुं.) कर्णाटक, तैलङ्ग देश के वासी।

तैलफला, (स्त्री.) इङ्गुदी का पेड़।

तैलम्पाता, (स्त्री.) श्राद्ध। तैलमिश्रित।

तैलीन, (त्रि.) तिलों का खेत।

तैष, (पुं.) पूस मास। पौष मास की पूर्णिमा।

तोक, (न.) अपत्य। सन्तान। पुत्र। बेटा। लड़की। बेटी।

तोटक, (न.) छन्द जिसका बारह अक्षर का पाद होता है।

तोड्, (क्रि.) अनादर करना। अप्रतिष्ठा करना। बेइज्जत करना।

तोत्र, (न.) छड़ी। गौ हाँकने की साँटी। चाबुक। हण्टर। अंकुश।

तोदन, (न.) मुख। मूँ। व्यथा। पीड़ा।

तोमर, (पुं.) एक प्रकार का लोहे का डंडा जिससे लड़ाई में शत्रुसंहार करने के अर्थ काम लिया जाता था।

तोयकाम, (पुं) पानी चाहने वाला। पानी का बैत।

तोयद, (पुं.) बादल। मोथा। घास।

तोयधि, (पुं.) समुद्र।

तोयसूचक, (पुं.) मेढ़क।

तोरण, (पुं. न.) बाहिरी द्वार। द्वार का बाहिरी प्रदेश। गर्दन।

तोल, (पुं. न.) तोलक। मापविशेष। एक तोला।

तौर्य्य, (न.) मृदङ्ग तबला आदि बाजों का शब्द।

तौर्य्यत्रिक, (न.) नाचना, गाना और बजाना तीनों काम।

तौलिक, (पुं.) चित्रकार। मूर्ति बनाने वाला। मानचित्र। नकशा।

त्यज्, (क्रि.) छोड़ना। दान देना।

त्यक्त, (गु.) छोड़ा हुआ। त्यागा हुआ।

त्याग, (पुं.) उत्सर्ग। छुड़ाव। पृथक्त्व। दान। उदारता।

त्यागिन्, (त्रि.) दाता। शूर। वर्ज्जनशील। त्यागी। कर्मफल छोड़ने वाला।

त्याज्य, (त्रि.) त्यागने योग्य। छोड़ने योग्य। बाहिर निकालने योग्य।

त्रक्, (क्रि.) जाना।

त्रप्, (क्रि.) लज्जित होना।

त्रपा, (स्त्री.) लज्जा। कुलटा स्त्री। कुल। कीर्ति। यश।

त्रपु, (न.) टीन । सीसा ।
त्रपुटी, (स्त्री.) छोटी इलायची ।
त्रपुस्, (न.) राँगा । टीन ।
त्रय, (न. स्त्री.) तीनों का भाग । तीन भाग वाला । तीन संख्या वाला । वेदत्रयी । देवत्रयी । कुटुम्बिनी स्त्री । अच्छी बुद्धि ।
त्रयीधर्म, (पुं.) वेदत्रयी से विधान किया गया धर्म । वैदिक धर्म ।
त्रयोदशन, (त्रि.) तेरह । त्रयोदशी ।
त्रस्, (कि.) डरना । भय खाना ।
त्रसरेणु, (पुं.) सूर्य की किरण में व्याप्त परमाणु का छठवाँ अंश । सूर्य्य की स्त्री का नाम ।
त्रस्त, (त्रि.) भीत । डरा हुआ । चकित । हैरान । जल्दी । त्वरा ।
त्रस्नु, (त्रि.) डरपोंक । भीरु ।
त्रापुष, (त्रि.) राँगे अथवा टीन का पात्र ।
त्रि, (त्रि.) तीन ।
त्रिंश, (त्रि.) तीस या तीसवाँ ।
त्रिक, (न.) तीन का समुदाय । पीठ की हड्डी के नीचे का प्रदेश । त्रिफला । त्रिकट । (सोंठ, मद्य, मिरच) ।
त्रिककुद्, (पुं.) त्रिकूट पर्वत ।
त्रिकाल, (न.) भूत । भविष्यत् । वर्त्तमान ।
त्रिकालज्ञ, (पुं.) ज्योतिषी । सर्वज्ञ । सब कुछ जानने वाला ।
त्रिकूट, (पुं.) लङ्का जिस पर्वत पर बसी हुई है वह सुवेल पर्वत ।
त्रिकोण, (त्रि.) त्रिभुज । लग्न से नवाँ और पाँचवाँ स्थान ।
त्रिगर्त, (पुं.) तीन गढ़े । देशविशेष । उस देश के रहने वाले ।
त्रिगुण, (न.) रज, सत्त्व और तमस् ।
त्रिगुणाकृत, (त्रि.) तिगुना खींचा गया या जोता गया खेत आदि ।
त्रिगुणात्मक, (त्रि.) त्रिगुणमय । त्रिगुण रूप । (न.) अज्ञान । ' प्रधान ' नामक तत्त्व ।
त्रिजटा, (स्त्री.) एक राक्षसी ।
त्रितय, (न.) तीन वस्तुओं का समूह । तीन ।
त्रिदण्ड, (न.) संन्यासियों का चिह्न ।
त्रिदण्डी, (पुं.) संन्यासीविशेष ।
त्रिदश, (पुं.) देवता ।
त्रिदशाधिप, (पुं.) इन्द्र । परमात्मा । विष्णु ।
त्रिदशालय, (पुं) देवतों के रहने का स्थान । स्वर्ग ।
त्रिदिव, (पुं.) आकाश । स्वर्ग ।
त्रिदोष, (पुं.) सन्निपात की अवस्था, जब वात पित्त श्लेष्मा तीनों में दोष हो जाता है ।
त्रिधा, (अ.) तीन तरह । तीन टुकड़े ।
त्रिधामा, (पुं.) अग्नि । शिव । विष्णु ।
त्रिनयन, (पुं.) शिव (त्रि.) तीन आँख वाला । (स्त्री.) दुर्गा । क्रोधी ।
त्रिनेत्र, (पुं.) महादेव जी ।
त्रिपथगा, (स्त्री.) गंगा । तीन रास्तों से जाने वाली । मन्दाकिनी आदि नामों वाली ।
त्रिपदी, (स्त्री.) लताविशेष । एक वैदिक छन्द । हाथी के पैर बाँधने की साँकल । तिपाई । एक भाषा का छन्द ।
त्रिपर्ण, (पुं.) ढाक । बेल का वृक्ष ।
त्रिपात्, (पुं.) विष्णु । ज्वर ।
त्रिपुट, (पुं.) दोना । हथेली । धनुष । चमेली । छोटी इलायची । गोखरू ।
त्रिपुण्ड्र, (न.) मस्तक में भस्म की तीन लकीरों का तिलक । आड़ा तिलक ।
त्रिपुर, (पुं.) दैत्यविशेष । मयासुर के बनाये असुरों के तीन सोने चाँदी और लोहे के पुर, जिन्हें शिव जी ने बाण मार कर भस्म कर दिया ।
त्रिपुरभैरवी, (स्त्री.) देवीविशेष ।
त्रिपुरारि, (पुं.) शिव ।
त्रिपुष्कर, (पुं) एक ज्योतिष का योग । (न.) पुष्करक्षेत्र ।

त्रिफला, (स्त्री.) हड़, बहेड़ा, आँवला।
त्रिभंगी, (स्त्री.) एक प्रकार का मात्राछन्द।
त्रिभुज, (न.) तीन कोने वाला क्षेत्र।
त्रिभुवन, (न.) स्वर्ग, पृथ्वी, पाताल—ये तीनों लोक।
त्रिमधु, (न.) घी, मिश्री, शहद।
त्रिमार्गगा, (स्त्री.) गंगा। आकाश, पृथ्वी और पाताल तीनों रास्ता से जाने वाली।
त्रिमूर्ति, (पुं.) ब्रह्मा, विष्णु, शिव।
त्रियामा, (स्त्री.) रात। हल्दी। नील। यमुना।
त्रियुग, (पु.) यज्ञपुरुष।
त्रिरात्र, (न.) तीन रातें।
त्रिरुक्त, (न.) तीन बार कह कर प्रतिज्ञा करना।
त्रिरेख, (पुं.) शंख। (त्रि.) तीन रेखा वाला।
त्रिलोकी, (स्त्री.) तीनों लोक। त्रिभुवन।
त्रिलोकेश, (पुं.) विष्णु। शिव। सूर्य।
त्रिलोचन, (पुं.) शिव।
त्रिवर्ग, (पुं.) धर्म,अर्थ,काम। सत्त्व,रज,तम। आमदनी, खर्च और बढ़ती।
त्रिविक्रम, (पुं.) वामन अवतार से रूप बढ़ाने वाले श्रीविष्णु। तीनों लोक नाप कर भी एक पाँव घट रहने से त्रिविक्रम नाम हुआ।
त्रिविध, (त्रि.) तीन तरह का।
त्रिविष्टप, (न.) स्वर्ग।
त्रिवृत्, (पुं.) मन, प्रणव, ओंकार।
त्रिवेणी, (स्त्री.) प्रयाग में स्थित गंगा यमुना सरस्वती का संगमस्थल।
त्रिवेणु, (पुं.) रथ का धुरा।
त्रिशंकु, (पुं.) एक सूर्यवंशी राजा। टीड़ी। जुगनू। बिल्ली। पपीहा।
त्रिशिख, (पुं.) एक राक्षस। बिल्वपत्र। (न.) त्रिशूल। किरीट मुकुट। (त्रि.) तीन नोकों वाला।
त्रिशिरा, (पुं.) बुखार। कुबेर। राक्षस विशेष।
त्रिशूल, (न.) तीन नोकों वाला अस्त्र।
त्रिशूली, (पुं.) शिव।
त्रिष्टुप्, (स्त्री.) एक वैदिक छंद।
त्रिसन्ध्या, (स्त्री.) सबेरे, दोपहर और शाम।
त्रिसवन, (न.) त्रिकाल।
त्रिहायणी, (स्त्री.) तीन बरस की गऊ। द्रौपदी।
त्रुटि, (स्त्री.) लेश। संशय। जितनी देर में आँख झपकती है उतना समय। कमी। हानि। गल्ती।
त्रुटित, (त्रि.) टूटा हुआ।
त्रेता, (स्त्री.) सत्ययुग के बाद का (दूसरा) युग।
त्रेधा, (अ.) तीन तरह। तीन रूप।
त्रैगुण्य, (न.) संसार। तीन (सत्त्व, रज, तम) गुण।
त्रैमासिक, (त्रि.) तीन महीने का।
त्रैराशिक, (न.) गणितविशेष।
त्रैलोक्य, (न.) त्रिलोकी।
त्रैवर्णिक, (त्रि.) द्विज। ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य वर्ण का।
त्र्यक्ष, (पुं.) तीन नेत्र वाला। शिव।
त्र्यक्षर, (पुं.) ओंकार।
त्र्यङ्गुल, (न.) तीन अंगुल की माप।
त्र्यम्बक, (पुं.) शिव। त्रिनेत्र। त्रिलोचन।
त्र्यम्बकसखा, (पुं.) शिव का मित्र। कुबेर।
त्र्यहस्पर्श, (पुं.) वह दिन जिसमें तीन तिथियों का समावेश हो जाय।
त्वक्, (स्त्री.) खाल। छाल।
त्वक्सार, (पुं.) बाँस। तेजपात। दालचीनी। गुर्च। (त्रि.) जिसमें केवल छाल ही छाल हो ऐसा वृक्ष अथवा प्राणी।
त्वक्सुगन्ध, (पुं.) नारङ्गी।
त्वचा, (स्त्री.) खाल। छाल।
त्वदीय, (त्रि.) तुम्हारा।

त्वद्विध, (त्रि.) तुम्हारे ऐसा ।
त्वरा, (स्त्री.) जल्दी । फुर्ती । शीघ्रता ।
त्वष्टा, (पुं.) विश्वकर्मा । १२ आदित्यों में से एक आदित्य । बढ़ई । चित्रा नक्षत्र ।
त्वादृश, (त्रि.) तुम्हारा ऐसा ।
त्वाष्ट्र, (पुं.) विश्वकर्मा का पुत्र । वृत्रासुर ।
त्विष्, (स्त्री.) शोभा । कान्ति । प्रकाश ।
त्विषांपति, (पुं.) सूर्यदेव ।
त्सरु, (पुं.) तलवार की मूठ । कब्जा ।
त्सरुक, (त्रि.) तलवार पकड़ने या चलाने में चतुर ।

थ

थ, (पुं.) पहाड़ । बचाने वाला । रोगभेद । भयचिह्न । भक्षण । (न.) मंगल । साहस ।
थुत्कार, (पुं.) थूकने का शब्द ।
थूथू, (अ.) निन्दासूचक शब्द ।
थैथै, (अ.) नाच के समय मृदंग के बोल ।

द

द, (पुं.) यह समास के पीछे आता है । देना । उत्पन्न करना । काटना । नष्ट करना । पृथक् करना । भेंट । पहाड़ । (स्त्री.) भार्य्या । गर्मी । पश्चात्ताप ।
दंश, (क्रि.) डसना । काटना । डङ्क मारना ।
दंश, (पुं.) बनैली मक्खी । मर्म । गुप्त भाग । दोष (रत्न का) । दाँत । कवच । अङ्ग ।
दंशन, (न.) डसना । डङ्क मारना । कवच पहने हुए ।
दंशित, (त्रि.) कवच पहने हुए ।
दंशेर, (पुं.) हानिकारक ।
दंष्ट्रा, (स्त्री.) दाढ़ ।
दंष्ट्रिन्, (पुं.) शूकर । साँप । कुत्ता आदि दाढ़ वाला ।
दक, (न.) जल । जैसे " दकोदर " ।
दक्ष्, (क्रि.) उगना । बढ़ना । करना । चोटिल करना ।
दक्ष, (त्रि.) निपुण । पटु । कार्यकुशल । " नाट्ये च दक्षा वयम् " ।
दक्षकन्या, (स्त्री.) सती । दक्ष प्रजापति की कन्या । अश्विनी आदि नक्षत्र ।
दक्षिण, (पुं.) नायकविशेष । मध्य देश के दक्षिण वाला देश । शरीर का दहिना भाग । सरल । दूसरे की इच्छानुसार चलने वाला । उदार स्वभाव ।
दक्षिणतस्, (अव्य.) दक्षिण दिशा या देश ।
दक्षिणपूर्वा, (स्त्री.) अग्निकोण ।
दक्षिणमार्ग, (पुं.) पितृमार्ग । मार्ग जिससे पितृलोक में जीव जाता है । तंत्र का विधानविशेष ।
दक्षिणस्थ, (पुं.) रथवान । सारथि ।
दक्षिणा, (स्त्री.) यमराज की दिशा । यज्ञान्त में कर्मसमाप्ति के अर्थ दिया जाने वाला द्रव्य । यज्ञपत्नी । प्रतिष्ठा । रुचि प्रजापति की कन्या ।
दक्षिणाग्नि, (पुं) यज्ञीय अग्निभेद ।
दक्षिणाचार, (पुं.) आचारविशेष ।
दक्षिणात्, (अव्य.) दक्खिन से ।
दक्षिणापथ, (पुं.) अवन्ती । दक्षिण दिशा का देश । दहिनी ओर का रास्ता ।
दक्षिणामूर्त्ति, (पुं.) शिव की मूर्ति विशेष ।
दक्षिणायन, (न.) कर्क संक्रान्ति से मकर राशि पर्यन्त जब सूर्य जाते हैं तब सूर्य का जो अयन बदलता है, उसे दक्षिणायन कहते हैं । इस अयन में सूर्य छः मास रहते हैं ।
दक्षिणावर्त्त, (त्रि.) दहिनी ओर घूमा हुआ ।
दक्षिण्य, (त्रि.) दक्षिणा के योग्य ।
दग्ध, (त्रि.) भस्म किया हुआ । जलाया हुआ ।

दघ्, (क्रि.) मारना । विनष्ट करना ।

दण्ड, (न.) लाठी । डण्डा । घोड़ा । सेना । साठ पल का कालविशेष । भूमि का माप विशेष । सूर्य का अनुचर । राजाओं की चौथी नीति ।

दण्डका, (स्त्री.) दण्डक वन के अन्तर्गत जनस्थान नामक स्थानविशेष ।

दण्डकारण्य, (न.) दण्डक नामक राजा का देश जो शुक्र के शाप से वन हो गया था । तीर्थविशेष ।

दण्डधर, (पुं.) यमराज । राजा । कुम्हार ।

दण्डनायक, (पुं.) कोतवाल । सिपाही ।

दण्डनीति, (स्त्री.) नीतिविशेष । फौजदारी की आईन ।

दण्डपारुष्य, (न.) स्मृतिकथित अठारह प्रकार के झगड़ों में से एक । राजाओं का दुर्व्यसनविशेष ।

दण्डवत्, (पुं.) दण्ड ले जाने वाला । बड़ी सेना वाला । दण्ड की तरह सतर खड़ा होने वाला । पसर कर प्रणाम करने वाला ।

दण्डादण्डि, (अव्य.) लाठमलाठी ।

दण्डाहत, (न.) माठा । तक्र । छाछ ।

दण्डिन्, (पुं.) राजा । यमराज । द्वारपाल । सूर्य्य के पास विचरने वाला । संन्यासी । चौथे आश्रम वाला । कविविशेष ।

दत्त, (त्रि.) दिया गया । रखा गया । छोड़ा गया । बारह प्रकार के पुत्रों में से एक । वैश्य की उपाधिविशेष । दत्तात्रेयी नामक भगवदवतारविशेष ।

दत्ताप्रदानिक, (न.) दी हुई वस्तु को पुनः ले लेने का झगड़ा । नारदकथित व्यवहारभेद ।

दत्तात्मन्, (पुं.) पुत्रविशेष ।

दत्रिम, (त्रि.) दत्तक पुत्र । गोद आया लड़का ।

दद्, (क्रि.) देना । धीरज बँधाना ।

दद्रु, (पुं.) दाद रोग । कछुआ ।

दद्रुघ्न, (पुं.) दाद को दूर करने वाली दवा ।

दद्रुण, (त्रि.) दाद का रोगी ।

दद्रू, (पुं.) दाद ।

दध्, (क्रि.) देना । धारण करना ।

दधि, (न.) दही । एक प्रकार का दूध का विकार ।

दधिकूर्चिका, (स्त्री.) गर्म दूध में खट्टा दही डाल कर जो एक पदार्थ तैयार किया जाता है ।

दधिसार, (पुं.) दही का सार । मक्खन ।

दधीचि, (पुं.) अथर्व मुनि का औरस पुत्र । मुनि जिसकी हड्डी से वृत्र दैत्य के मारने को वज्र बनाया गया था ।

दनु, (स्त्री.) कश्यपपत्नी । दक्ष प्रजापति की कन्या । दानव माता । राक्षसमाता । दैत्यमाता ।

दनुज, (पुं.) असुर । दैत्य ।

दन्त, (पुं.) दाँत ।

दन्तक, (त्रि.) दातों में लगा हुआ । नागदन्त ।

दन्तकाष्ठ, (न.) दतवन । मुखारी । दन्तधावन ।

दन्तच्छद, (पुं.) होंठ ।

दन्तधावन, (पुं.) खदिर और बकुल का पेड़ । दतौन । दतवन ।

दन्तपत्रक, (न.) दाँत की तरह जिसके सफेद पत्र हों । कुन्दपुष्प । कुन्द का फूल ।

दन्तवक्र, (पुं.) बड़े बड़े दाँतों वाला । श्रीकृष्ण जी का विरोधी राजाविशेष ।

दन्तबीजक, (पुं.) अनार । दाडिम ।

दन्तालिका, (स्त्री.) लगाम ।

दन्तावल, (पुं.) हाथी ।

दन्तिन्, (पुं.) दाँतों वाला । हाथी ।

दन्तुर, (त्रि.) ऊँचे दाँत वाला । नीची ऊँची जगह ।

दन्त्य, (त्रि.) दाँतों की सहायता से बोले जाने वाले अक्षर । दाँतों के लिये हितकर ।

दन्दशूक, (पुं.) साँप ।

दम्भ्, (कि.) चोट्टि करना । छलना । धोखा देना ।

दभ्र, (गु.) छोटा । थोड़ा । (पुं.) समुद्र ।

दम्, (कि.) अधीन करना । अपने वश में करना ।

दम, (पुं.) बाहिर की वृत्तियों का रोकना दम कहलाता है । बुरे कामों से मन को हटाना । कीचड़ । रोकना ।

दमघोष, (पुं.) शिशुपाल का पिता । चन्द्रवंशीय एक राजा ।

दमयन्ती, (स्त्री.) नल राजा की पत्नी । दमघोष की लड़की । भद्रमल्लिका ।

दमित, (त्रि.) रोकने वाला । सहने वाला । इन्द्रियों की वृत्तियों को अपने वश मे करने वाला ।

दमु-भू, (पुं.) अग्नि । शुक्राचार्य ।

दम्पती, (पुं.) पति पत्नी । जोड़ा ।

दम्भ, (पुं.) कपट । छल । धूर्तता । पाप । अभिमान । घमंड ।

दम्भोलि, (पुं.) वज्र नाम अस्त्र । एक प्रकार का हथियार । योग की कष्टसाध्य मुद्राविशेष ।

दम्य, (पुं.) वयस्क । बोझा उठाने योग्य । बछड़ा । बैल । वश करने योग्य ।

दय्, (कि.) जाना । मारना । देना । पालन करना ।

दया, (स्त्री.) कृपा । किसी को दुःखी देख कर उसका दुःख दूर करने की इच्छा ।

दयालु, (त्रि.) दया वाला । कृपालु ।

दयित, (पुं.) पति । प्यारा ।

दर, (अव्य.) थोड़ा । डर । गढा ।

दरकारिटका, (स्त्री.) शतावरी ।

दरद्, (स्त्री.) जलप्रपात । डर । पहाड़ । बाण । हृदय । म्लेच्छजातिभेद । खस जाति ।

दरिद्र, (पुं.) निर्धन । धनरहित । दीन ।

दरिद्रा, (कि.) बुरी दशा को प्राप्त होना । गरीब होना ।

दर्दुर, (पुं.) बादल । मेंडक । बाजा विशेष । पहाड़ । मिट्टी का पात्रविशेष । एक प्रकार के चावल ।

दर्दू, (स्त्री.) रोगभेद । एक प्रकार की बीमारी ।

दर्प, (पुं.) अहङ्कार । गर्व । अभिमान । घमण्ड । असारत्व । हिरन विशेष । छल ।

दर्पक, (पुं.) अभिमान उत्पन्न करने वाला । कामदेव ।

दर्पण, (पुं.) बट्टा । आदर्श । आईना । एक पर्वत का नाम ।

दर्भ, (पुं.) कुश आदि छः प्रकार की घास ।

दर्भर, (सं.) निज का कमरा ।

दर्व, (पुं.) हिंस्र । शैतान । सर्प का फन ।

दर्वर, (पुं.) गाँव का चौकीदार । पुलिस का अफसर । द्वारपाल ।

दर्वरीक, (पुं.) इन्द्र की उपाधि । एक प्रकार का बाजा । वायु । पवन ।

दर्विक-का, (स्त्री.) कलछी । चमचा । चंमच ।

दर्वी-र्वि, (स्त्री.) कलछी । चमचा । सर्प का फैला हुआ फन ।

दर्वीकर, (पुं.) साँप । सर्प ।

दर्श, (पुं.) अमावास्या तिथि । यज्ञविशेष । " दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत—" श्रुतिः । देखना । देखने वाला ।

दर्शक, (पुं.) आये हुओं को राजा का दर्शन कराने वाला ।

दर्शन, (न.) आँख । स्वप्न । बुद्धि । धर्म । शीशा । शास्त्रविशेष ।

दर्शनीय, (त्रि.) देखने योग्य । मनोहर ।

दर्शयितृ, (त्रि.) द्वारपाल । दरवान ।

दल्, (क्रि.) फूट जाना । बीच से फट जाना । दरार होना ।

दल, (न.) टुकड़ा । मियान । पत्ता । बादल । तमाल वृक्ष । आधा । अस्त्र की धार । सेना का भाग । मिलावट ।

दलप, (पुं.) अस्त्र । सुवर्ण ।

दल्भ, (पुं.) पहिया । छल । ऋषि । कपट ।

दल्मि, (पुं.) इन्द्र की उपाधि । वज्र ।

दलिक, (पुं.) लकड़ी का टुकड़ा । शहतीर । तख्ता ।

दलित, (त्रि.) तोड़ा गया । टूटा हुआ । तड़का हुआ । कुचला हुआ । रुँधा हुआ । प्रस्फुटित । प्रकट ।

दव्, (क्रि.) जाना ।

दव, (पुं.) वन । जङ्गल । वन की आग । गर्मी । ज्वर । पीड़ा ।

दवथु, (पुं.) गर्मी । अग्नि । पीड़ा । चिन्ता । कष्ट । आँख की सूजन ।

दवाग्नि, (पुं.) वन की आग । दावानल ।

दविष्ठ, (त्रि.) बहुत दूर ।

दश्, (क्रि.) चमकना । डसना । काटना ।

दशक, (न.) दस की संख्या ।

दशकण्ठ, (पुं.) रावण । दशकण्ठ वाला ।

दशत्, (पुं.) दसों का समूह ।

दशधा, (अव्य.) दस प्रकार का ।

दशन, (पुं.) दाँत । शिखर । कवच । (क्रि.) डसना । दाँत से काटना ।

दशकर्म, (न.) दस प्रकार के संस्कार ।

दशभुजा, (स्त्री.) दुर्गा देवी ।

दशम, (त्रि.) दसवाँ ।

दशमिन्, (त्रि.) बहुत बूढ़ा ।

दशमी, (स्त्री.) दसमी तिथि । कामदेव की दसवीं अवस्था । बहुत बूढ़ी उम्र ।

दशमीस्थ, (त्रि.) अति वृद्ध । बहुत बूढ़ा । स्मृतिहीन ।

दशमूल, (न.) दस प्रकार की जड़ों का बना काढ़ा या चूर्ण ।

दशरथ, (पुं.) जिसका रथ दसों दिशाओं में घूम फिर आया हो । सूर्यवंशी एक राजा जिनके प्रसिद्ध पुत्र श्रीरामचन्द्र जी थे ।

दशहरा, (स्त्री.) जो दस जन्म के अर्जित पापों को नष्ट करे । गङ्गा का जन्मदिन । जेठ मास की शुक्ला दशमी । विजया दशमी कुआँर और चैत्र के शुक्ल पक्ष की दशमी ।

दशा, (स्त्री.) अवस्था । आँचल । जवानी । बालावस्था । वृद्धावस्था । ज्योतिष में ग्रह और योगिनी की दशा ।

दशाकर्ष, (पुं.) दीवा । आँचल ।

दशार्ण, (पुं.) देशविशेष । एक नदी का नाम ।

दशार्ह, (पुं.) राजा यदु का देश । उस देश के रहने वाले ।

दशावतार, (पुं.) दस अवतार वाला । विष्णु ।

दशाश्व, (पुं.) दस घोड़ों के रथ वाला । चन्द्रमा ।

दशाश्वमेधिक, (पुं.) जहाँ ब्रह्मा ने दस अश्वमेध यज्ञ किये हैं । काशी वा प्रयाग में स्थानविशेष ।

दशाह, (पुं.) दस दिन । दसवाँ दिन ।

दशेन्धन, (पुं.) दीपक, चिराग ।

दष्ट, (त्रि.) काटा गया । डँसा गया ।

दस्यु, (पुं.) चोर । शत्रु । बड़ा साहसी ।

दस्र, (पुं.) गधा । अश्विनीकुमार ।

दहन, (पुं.) अग्नि । बहेड़ा । कबूतर ।

दहर, (पुं.) मूसा । चाँदी सोना गलाने की घरिया । थोड़ा । सूक्ष्म । हृदय ।

दह, (पुं.) दावानल । हृदय के भीतर का अग्नि ।

दा, (क्रि.) दान ।
दाक, (पुं.) यजमान । दाता ।
दाक्षायणी, (स्त्री.) सती । शिव की स्त्री ।
दाक्षाय्य, (पुं.) गिद्ध ।
दाक्षिणात्य, (त्रि.) दक्खिनी । दक्षिण दिशा का । नारियल ।
दाक्षिण्य, (न.) अनुकूलता ।
दाक्षी, (स्त्री.) व्याकरणाचार्य पाणिनि की माता ।
दाक्ष्य, (न.) दक्षता । निपुणता ।
दाघ, (पुं.) घाम । उष्णता ।
दाड़क, (पुं.) दन्त ।
दाड़िम, (पुं.) अनार । इलायची ।
दाड़िम्ब, (पुं.) अनार ।
दाढ़ा, (स्त्री.) दाढ़ । अभिलाषा । समूह ।
दाण्डा, (स्त्री.) पटेबाजी का खेल ।
दात, (त्रि.) कटा । शुद्ध । साफ़ ।
दाता, (त्रि.) दानी । देने वाला ।
दात्यूह, (पुं.) चातक । जलकाग । मेघ ।
दात्र, (न.) कुल्हाड़ी । आरी ।
दान, (न.) हाथी का मदजल । पालन । देना । सफ़ाई ।
दानक, (न.) निन्दित दान ।
दानपति, (पुं.) अक्रूर । सदा देने वाला ।
दानव, (पुं.) असुर ।
दानवारि, (पुं.) देवता लोग । इन्द्र । विष्णु ।
दानशील, (त्रि.) स्वाभाविक दानी ।
दानशौण्ड, (त्रि.) दानशूर । उदार ।
दान्त, (त्रि.) जितेन्द्रिय ।
दापित, (त्रि.) दिलाया गया । दण्डित । वश किया गया ।
दाम, (स्त्री. न.) रस्सी । माला । लड़ ।
दामिनी, (स्त्री.) बिजली ।
दामोदर, (पुं.) श्रीकृष्ण ।
दाम्भिक, (त्रि.) पाखण्डी ।
दाय, (पुं.) दहेज । बाप दादे की सम्पत्ति । विरसा । बँटने की जायदाद ।
दायभाग, (पुं.) बाप दादे की सम्पत्ति का हिस्सा बाँट ।
दायाद, (पुं.) पुत्र । सगोत्र । सम्बन्धी ।
दारक, (पुं.) बालक । पुत्र । शूकर ।
दारकर्म, (न.) विवाह ।
दारण, (न.) फाड़ना ।
दारद, (पुं.) विष । पारा । हींग । समुद्र ।
दारा, (नित्य पुं.) स्त्री । भार्या ।
दारिका, (स्त्री.) बालिका ।
दारिद्र्य, (न.) दरिद्रता । ग़रीबी ।
दारी, (स्त्री.) बेवाँई ।
दारु, (न.) पीतल । लकड़ी । देवदारु । कारीगर ।
दारुक, (पुं.) कृष्ण का सारथी ।
दारुका, (स्त्री.) कठपुतली ।
दारुण, (त्रि.) भयानक । घोर ।
दारुसार, (न.) चन्दन । लकड़ी के भीतर का सार चूर्ण । बुरादा ।
दारुसिता, (स्त्री.) दालचीनी ।
दार्दुर, (न.) दक्षिणावर्त शंख ।
दार्वट, (न.) सलाह करने का स्थान । कचहरी ।
दार्वण्ड, (पुं.) मयूर ।
दार्वाघाट, (पुं.) कठफोरवा पक्षी ।
दार्वी, (स्त्री.) लकड़ी की ।
दाल, (पुं.) कोदौ । मधुविशेष ।
दाल्भ्य, (पुं.) एक मुनि ।
दाव, (पुं.) जंगल की आग । वन ।
दावानल, (पुं.) दाव । वन में लगी हुई आग । दवाड़ ।
दाश, (पुं.) धीवर । मल्लाह ।
दाशरथ-थि, (पुं.) दशरथ के पुत्र श्रीरामचन्द्र, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ।
दाशार्ह, (पुं.) श्रीकृष्ण । विष्णु ।
दाशेयी, (स्त्री.) वेदव्यास की माता ।
दाशेरक, (पुं.) मालवा देश ।
दाश्व, (पुं.) दाता ।

दास, (पुं.) नौकर । गुलाम । शूद्र ।
दासकर्म, (न.) नौकरी । गुलामी । सेवा । टहल ।
दासी, (स्त्री.) टहलुई । चाकरानी ।
दासेय, (पुं.) दास का लड़का ।
दासेर, (पुं.) ऊँट । धीवर ।
दास्य, (न.) सेवकाई ।
दास्र, (न.) अश्विनी नक्षत्र ।
दाह, (पुं.) जलन । जलना ।
दाहक, (त्रि.) जलाने वाला ।
दाहज्वर, (पुं.) ज्वरविशेष ।
दाहन, (न.) जलाना ।
दाहसर, (पुं.) मसान ।
दिक्क, (पुं.) बीस वर्ष का हाथी ।
दिक्कर, (पुं.) नौजवान ।
दिक्पति, (पुं.) इन्द्र आदि १० दिक्पाल ।
दिक्पाल, (पुं.) दिशाओं के स्वामी ।
दिक्शूल, (न.) भिन्न २ दिशाओं की यात्रा में निषिद्ध भिन्न २ दिन ।
दिगन्त, (पुं.) दिशा का छोर ।
दिगम्बर, (त्रि.) नंगा । (पुं.) शिव । बौद्ध भिक्षु विशेष । अन्धकार ।
दिग्गज, (पुं.) ऐरावत आदि आठ दिशाओं में पृथ्वी के रक्षक दिग्गज । गजराज ।
दिग्दर्शन, (न.) कंपास । इशारा ।
दिग्दाह, (पुं.) सूर्यास्त के समय कभी २ दिखने वाली आकाश की ललाई ।
दिग्ध, (पुं.) विष-बुझा तीर । आग । स्नेह । प्रबन्ध । (त्रि.) लिपा हुआ ।
दिग्विजय, (पुं.) बल या विद्या से सब दिशाओं को जीत लेना ।
दिङ्मात्र, (न.) एक देश । एक हिस्सा ।
दिति, (स्त्री.) दैत्यमाता । कश्यप ऋषि की स्त्री ।
दितिज, (पुं.) दैत्य ।
दित्सा, (स्त्री.) देने की इच्छा ।
दिदृक्षा, (स्त्री.) देखने की इच्छा ।
दिधिषाप्य, (पुं.) मदिरा ।
दिधिषु, (पुं.) दुबारा ब्याही गई स्त्री का पति ।
दिधिषू, (स्त्री.) दुबारा ब्याही गई स्त्री ।
दिन, (न.) दिन ।
दिनकर, (पुं.) सूर्य ।
दिनक्षय, (पुं.) तिथि का घट जाना ।
दिनपति, दिनमणि, } (पुं.) सूर्य ।
दिनमुख, (न.) प्रातःकाल । सबेरा ।
दिनान्त, (पुं.) सायंकाल ।
दिनावसान, (न.) सायंकाल ।
दिलीप, (पुं.) सूर्यवंश का एक राजा ।
दिलीर, (न.) धरती का फूल ।
द्यौः, (स्त्री) स्वर्ग । आकाश ।
दिव, (न.) स्वर्ग । आकाश । दिन । जंगल ।
दिवस, (पुं. न.) दिन ।
दिवस्पति, (पुं.) इन्द्र ।
दिवा, (अ.) दिन ।
दिवाकर, (पुं.) सूर्य । मदार का वृक्ष । कौआ ।
दिवाकीर्ति, (पुं.) नाई । चंडाल ।
दिवाटन, (पुं.) कौआ ।
दिवान्ध, (पुं.) उल्लू पक्षी ।
दिवान्धकी, (स्त्री.) छछूँदर ।
दिवाभीत, (पुं.) चोर । चन्द्रमा । उल्लू पक्षी ।
दिवामणि, (पुं.) सूर्य ।
दिवामध्य, (न.) दोपहर ।
दिवास्वाप, (पुं.) दिन को सोना ।
दिविज, (त्रि.) स्वर्गीय । स्वर्ग में होने वाला ।
दिविषद्, (पुं.) देवता ।
दिवोदास, (पुं.) चन्द्रवंशी काशी का राजा ।
दिवौकस्, (पुं.) देवता ।

दिव्य, (न.) लवंग। चन्दन। कसम। (पुं.) गूगल। जव। (त्रि.) अद्भुत। अलौकिक। मनोहर। सुन्दर।

दिव्यस्त्री, (स्त्री.) अप्सरा। सुन्दर स्त्री।

दिव्या, (स्त्री.) आँवला। सनावर। ब्राह्मी। सफ़ेद दूब। हड़।

दिशा, (स्त्री.) पूर्व आदि चार दिशाएँ।

दिष्ट, (न.) भाग्य। समय।

दिष्टान्त, (पुं.) मरण।

दिष्ट्या, (अ.) हर्ष। मंगल। बड़े भाग्य से।

दिष्णु, (त्रि.) दाता।

दीक्षा, (स्त्री.) नियम। मन्त्र लेना। संस्कार।

दीक्षागुरु, (पुं.) मन्त्रोपदेश करने वाला गुरू।

दीक्षित, (त्रि.) दीक्षा ले चुका।

दीधिति, (स्त्री.) किरण।

दीन, (त्रि.) दुर्गति को प्राप्त। दरिद्र। डरा हुआ। शोचनीय।

दीनार, (पुं.) सोने का गहन्ना। सोने का सिक्का (मोहर)। ३२ रत्ती सोना।

दीप, (पुं) दीवा। चिराग।

दीपक, (पुं.) दीवा। एक राग। काव्य का एक अर्थालंकार। बाज पक्षी। कुंकुम। एक छन्द।

दीपकूपी, (स्त्री.) पलीता।

दीपध्वज, (पुं.) काजल।

दीपन, (पु.) प्याज। तगर की जड़। केसर। मेथी।

दीपमालिका, (स्त्री.) दीवाली। दीपकों की माला।

दीप्त, (पुं.) सिंह। नींबू। (न.) सुवर्ण। हींग। (त्रि.) प्रकाशित।

दीप्तजिह्वा, (स्त्री.) स्यारी।

दीप्तलोचन, (पुं.) बिलाव।

दीप्ताग्नि, (पुं.) अगस्त्य मुनि।

दीप्ति, (स्त्री.) प्रभा। कान्ति। चमक।

दीप्यमान, (त्रि.) प्रकाशमान। चमक रहा।

दीयमान, (त्रि) दिया जा रहा।

दीर्घ, (पुं.) ऊँट। दो मात्रा का अक्षर। (त्रि.) लम्बा।

दीर्घकण्टक, (पुं.) बबूल।

दीर्घकण्ठ, (पुं.) बगला।

दीर्घकन्द, (पुं.) मूली।

दीर्घकेश, (पुं.) भालू। रीछ।

दीर्घग्रन्थि, (पुं.) ईख। गन्ना।

दीर्घजिह्व, (पुं.) सर्प।

दीर्घतरु, (पुं.) ताड़ का वृक्ष।

दीर्घदर्शी, (पुं.) पण्डित। दूरदर्शी। दूर-अन्देश। गिद्ध। भालू।

दीर्घनाद, (पुं.) शंख।

दीर्घनिद्रा, (स्त्री.) मरण।

दीर्घपल्लव, (पुं.) सन का पेड़।

दीर्घपादप, (पुं.) लंबा पेड़। सन का पेड़। सुपारी का पेड़।

दीर्घफला, (स्त्री.) काली दाख।

दीर्घराग, (स्त्री.) हल्दी।

दीर्घसत्र, (न.) यज्ञविशेष। बहुत दिनों में होने वाला यज्ञ।

दीर्घसूत्र, **दीर्घसूत्री**, (पुं.) ढिलंगा। किसी काम मे बहुत देर लगाने वाला।

दीर्घायु, (पुं.) मार्कण्डेय ऋषि। (त्रि.) चिरजीवी। बड़ी उमर वाला।

दीर्घिका, (स्त्री.) बावली।

दीर्घिमा, (स्त्री.) लम्बाई।

दीर्ण, (त्रि.) फटा हुआ। डरा हुआ।

दुःख, (न.) पीड़ा। कष्ट। तकलीफ़।

दुःखग्राम, (पुं.) संसार।

दुःखत्रय, (न.) आध्यात्मिक। आधिभौतिक और आधिदैविक संज्ञक तीन दुःख।

दुःखावसान, (न.) दुःख का अन्त।

दुःखित, **दुःखी**, (त्रि.) दुखिया। दुःख पाया हुआ।

दुःशकुन, (न.) असगुन ।
दुःशासन, (पुं.) दुर्योधन का छोटा भाई । धृतराष्ट्र का लड़का ।
दुःशील, (त्रि.) बुरे स्वभाव का । बद-मिज़ाज ।
दुःसह, (त्रि.) असह्य ।
दुःसाक्षी, (त्रि.) बुरा गवाह । झूठा गवाह ।
दुःसाधी, (पुं.) द्वारपाल ।
दुःसाध्य, (त्रि.) कष्टसाध्य । कठिनाई से होने वाला ।
दुःस्थ, **दुःस्थित**, (त्रि.) दुर्गति में पड़ा हुआ । दीन । मूर्ख ।
दुःस्पर्श, (त्रि.) जो छुआ न जा सके ।
दुकूल, (न.) महीन कपड़ा । रेशमी वस्त्र । दुपट्टा । चिकना वस्त्र ।
दुग्ध, (न.) दूध । अमृत । (त्रि.) दुहा गया ।
दुग्धफेन, (पुं.) दूध का फेना । झाग ।
दुग्धिका, (स्त्री.) दूधी नाम की घास ।
दुन्दुभि, (पुं.) नगाड़ा । एक राक्षस । विष । (स्त्री.) पाँसे ।
दुम्बक, (पुं.) दुम्बा भेड़ा ।
दुर्, (अ.) निषेध । दुष्ट । दुःख । निन्दा ।
दुरक्ष, (पुं.) कपट के पाँसे ।
दुरतिक्रम, **दुरत्यय**, (त्रि.) दुस्तर । जिसे नाँघना या पार जाना कठिन हो ।
दुरदृष्ट, (न.) दुर्भाग्य । बदक़िस्मती ।
दुरधिगम, (त्रि.) दुःख से जो मिल सके ।
दुरन्त, (त्रि.) बुरे फल वाली जुआ, मद्य-पान, शिकार आदि की आदतें । दुर्ज्ञेय । अथाह ।
दुराग्रह, (पुं.) बुरा हठ । व्यर्थ हठ ।
दुराचार, (पुं.) दुष्ट आचार । बुरा चलन ।
दुरात्मा, (त्रि.) नीच । दुष्ट ।
दुराधर्ष, (त्रि.) दुष्प्राप्य । जिस पर हमला करना कठिन हो ।
दुराप, (त्रि.) दुर्लभ ।
दुरारोह, (त्रि.) जिस पर चढ़ना कठिन हो ।
दुरासद, (त्रि.) दुष्प्राप्य । दुर्धर्ष ।
दुरित, (न.) पाप ।
दुरुक्त, (न.) शाप । गाली ।
दुरूह, (त्रि.) बड़ी कठिनता से जो जाना जा सके ।
दुरोदर, (न.) जुआ । चौसर ।
दुर्ग, (न.) गढ़ । कोट । एक असुर ।
दुर्गत, (त्रि.) दुर्दशाग्रस्त ।
दुर्गति, (स्त्री.) दुर्दशा । दारिद्र्य । नरक ।
दुर्गन्ध, (पुं.) बदबू ।
दुर्गम, (त्रि.) जहाँ जाना कठिन हो ।
दुर्गा, (स्त्री.) देवी ।
दुर्गाध्यक्ष, (पुं.) सेनापति । सिपहसालार ।
दुर्घट, (त्रि.) जिसका होना बहुत ही कठिन हो ।
दुर्जन, (त्रि.) दुष्ट । बुरा आदमी ।
दुर्जय, (त्रि.) जिसे जीतना कठिन हो ।
दुर्जर, (त्रि.) जो कठिनता से जीर्ण हो ।
दुर्जात, (न.) संकट । असमंजस ।
दुर्दर्श, (पुं.) बड़े कष्ट से दिखलाई पड़ने वाला ।
दुर्दान्त, (पुं.) ऊधमी । उपद्रवी ।
दुर्दिन, (न.) बदली का दिन ।
दुर्धर, (पुं.) विष्णु । (त्रि.) जिसे धारण करना या पकड़ रखना कठिन हो ।
दुर्द्धर्ष, (त्रि.) जिसका तिरस्कार न हो सके । जो पकड़ा न जा सके ।
दुर्नाम, (न.) बदनामी ।
दुर्बल, (त्रि.) दुबला । कमज़ोर ।
दुर्भग, (त्रि.) अभागा ।
दुर्भाग्य, (न.) अभाग्य ।
दुर्भिक्ष, (न.) अकाल । क़हत । सूखा ।
दुर्मति, (त्रि.) दुष्ट बुद्धि वाला । मूर्ख ।
दुर्मना, (त्रि.) उदास । घबड़ाया ।

दुर्मर्षण, (त्रि.) डाह रखने वाला । न सह सकने वाला ।

दुर्मुख, (पुं.) घोड़ा । बानर । एक दैत्य । (त्रि.) बुरे मुख वाला । अप्रिय वचन बोलने वाला ।

दुर्मेधा, (त्रि.) कुबुद्धि वाला ।

दुर्योधन, (पुं.) धृतराष्ट्र का बड़ा लड़का ।

दुर्लभ, (त्रि.) दुष्प्राप्य ।

दुर्वर्ण, (न.) धोबी । रँगरेज । (त्रि.) बुरे रंग वाला । मैला ।

दुर्वाक्, (स्त्री) दुष्ट वाणी ।

दुर्वाच्य, (न.) गाली आदि न कहने की बातें ।

दुर्वाद, (पुं.) बदनामी । निन्दा ।

दुर्वासा, (पुं.) ऋषिविशेष ।

दुर्विज्ञेय, (त्रि.) जो न जाना जा सके ।

दुर्विध, (त्रि.) दरिद्र । नीच । मूर्ख ।

दुर्विनीत, (त्रि.) ढीठ ।

दुर्विभाव्य, (त्रि.) अतर्क्य । अचिन्तनीय ।

दुर्वृत्त, (त्रि.) दुर्जन । दुष्ट ।

दुर्हृद्, (त्रि.) दुष्ट हृदय वाला ।

दुल्, (क्रि.) ऊपर फेंकना । लुकाना ।

दुलि-ली, (स्त्री.) कमठी । मादा कच्छप । मुनिविशेष ।

दुश्चर्म्मन्, (पुं.) बुरे चमड़े वाला । महापातक से उत्पन्न चिह्नों वाला ।

दुश्च्यवन, (पुं.) इन्द्र । च्यवन ऋषि के कोप से एक बार इन्द्र को च्युत होना पड़ा था ।

दुष्, (क्रि.) बदल जाना । वैर करना ।

दुष्कर, (न.) कठिनता से करने योग्य । आकाश ।

दुष्कर्मन्, (न.) पाप । पापी । बुरा काम । बुरे काम करने वाला ।

दुष्कृत, (न.) पाप । पापी ।

दुष्ट, (त्रि.) नीच । अधम । दुर्जन । कोढ़ । दुर्बल । (•) (स्त्री.) व्यभिचारिणी स्त्री ।

दुष्य-(ष्म) न्त, (पुं.) चंद्रवंशी एक राजा । भरत राजा का पिता । शकुन्तला का पति ।

दुःषम, (पुं.) बुरा । भूला ।

दुस्, (उप.) इसे संज्ञा और क्रियाओं के पहले लगाने से उनका अर्थ बुरा, दूषित, दुष्ट, नीच, कठिन, कठोर आदि हो जाया करते हैं ।

दुस्तर, (त्रि.) कठिनता से पार होने योग्य ।

दुह्, (क्रि.) दुहना । निचोड़ना । वध करना । मारना ।

दुहितृ, (स्त्री.) बेटी । लड़की ।

दू, (क्र.) दुःखी होना । कष्ट सहना ।

दूत, (पुं.) सँदेशा ले जाने वाला ।

दूति-ती, (स्त्री.) कुटनी ।

दूत्य, (न.) दूतपना ।

दून, (त्रि.) थका हुआ । तपा हुआ । दुःखित ।

दूर, (त्रि.) दूर । अगोचर । आँखों से परे ।

दूरग, (त्रि.) दूर तक फैला हुआ ।

दूरद, (पुं.) कड़ा ।

दूरदर्शन, (पुं.) दूर से देखने वाला । गीध ।

दूरदर्शिन्, (पुं.) पण्डित । दूर से देखने वाला ।

दूर्वा, (स्त्री.) एक प्रकार की घास जो घोड़ों को खिलाई जाती है । बहुत फैलने वाली । गणेशजी की पूजा की प्रधान और प्रिय सामग्री । रक्तशुद्धि करने वाली घास ।

दूषण, (पुं. न.) एक राक्षस जो रावण की मौसी का बेटा था और जनस्थान की चौकी पर जो रहता था । हानिकारक । दोष ।

दूषिका, (स्त्री.) आँख का कीचर ।

दूषित, (त्रि.) बुरा । दोषयुक्त । निन्दित ।

दूष्य, (न.) तम्बू । रुई । दूषण देने योग्य । (स्त्री.) हाथी की मादा बच्ची ।

दृ, (क्रि.) मारना । आदर करना ।

दृक्छत्र, (न.) पलक ।

दृक्प्रसाद, (पुं.) कुलत्था, इसका बना हुआ अञ्जन आँख में लगाने से नेत्र साफ़ होते हैं।

दृढ़, (न.) कड़ा। बहुत मोटा। गाढ़ा। सबल। लोहा।

दृढ़मुष्टि, (पुं.) खड्ग। कृपण। सूम। कञ्जूस।

दृढ़व्रत, (पुं.) दृढ़ प्रतिज्ञा वाला। पक्का नियमिष्ठ।

दृता, (स्त्री.) जीरा।

दृति, (पुं.) चमड़े की मसक। चरस। एक प्रकार की मच्छी।

दृन्भू, (पुं.) राजा। वज्र। सूर्य्य। साँप। पहिया।

दृप्, (क्रि.) कष्ट देना। भड़काना। प्रसन्न होना। घमण्ड करना। पागल होना।

दृप्त, (त्रि.) गर्वीला। अहङ्कारी। घमण्डी।

दृफ्, (क्रि.) कष्ट उठाना।

दृब्ध, (त्रि.) गुथा हुआ। डरा हुआ।

दृभ्, (क्रि.) गूँथना। गाँठना।

दृश-दृश्, (क्रि.) देखना।

दृश्, (न.) नेत्र। आँख। दो की संख्या। साक्षी। जानने वाला।

दृशीका, (स्त्री.) सूरत।

दृश्य, (गु.) प्रत्यक्ष। नाटक का सीन।

दृश-(ष) द्, (स्त्री.) पत्थर। सिल।

दृश-(ष) द्वती, (स्त्री.) वैदिक साहित्य की एक नदी का नाम जो सरस्वती में गिरती है।

दृषत्करण, (पुं.) चमकीला पत्थर। बिल्लौर पत्थर। पेबिल।

दृषद्, (स्त्री.) चट्टान।

दृषन्नो, (स्त्री.) पत्थर की नौका।

दृष्ट, (न.) देखा गया। लौकिक। अपनी अथवा शत्रु की सेना का भय। ज्ञान। बोध।

दृष्टकूट, (न.) कूट प्रश्न। कठिन प्रश्न। पहेली।

दृष्टान्त, (पुं.) उदाहरण। अर्थालङ्कार विशेष। मृत्यु। शास्त्र।

दृष्टि, (स्त्री.) निगाह। दर्शन। बुद्धि। नेत्र। आँख। दो की संख्या। मानसिक व्यापार।

दृह्, (क्रि.) बढ़ाना।

दे, (क्रि.) पालन करना, बचाना।

देव्, (क्रि.) खेलना।

देव, (पुं.) अमर। स्वर्गीय। देवता। ब्राह्मण की उपाधि। इन्द्रिय। पूज्य। नाट्योक्ति में राजा।

देवक, (पुं.) श्रीकृष्ण के मातामह (नाना) देवकी का पिता।

देवकी, (स्त्री.) देवक राजा की बेटी। वसुदेव की स्त्री और श्रीकृष्ण की मा।

देवकी-नन्दन, (पुं.) श्रीकृष्ण।

देवकुसुम, (न.) लौङ्ग। लवङ्ग।

देवकुल, (न.) मन्दिर।

देवखात, (न.) अकृत्रिम तालाब। जिसको देवताओं ने बनाया हो।

देवखातबिल, (न.) गुहा। गुफा। देवताओं का खोदा हुआ छिद्र।

देवगायन, (पुं.) गन्धर्व।

देवगुरु, (पुं.) देवताओं का गुरु। बृहस्पति। कश्यप की उपाधि।

देवच्छन्द, (पुं.) सौ लरों का हार।

देवतरु, (पुं.) मदार। पारिजात। कल्पतरु। हरिचन्दन।

देवता, (स्त्री.) इन्द्रादि देवता।

देवतुमुल, (न.) दैवी उपद्रव। आँधी पानी।

देवदत्त, (पुं.) देवता का दिया हुआ। देवता को अर्पण किया हुआ। अर्जुन का शङ्ख। जमुहाई उत्पन्न करने वाला वायु।

देवदारु, (न.) एक वृक्ष।

देवदासी, (स्त्री.) इन्द्रिय को मारने वाली। वेश्या। बनैला। तर्बूज।

देवदीप, (पुं.) नेत्र ।
देवदेव, (पुं.) महादेव । शङ्कर ।
देवन, (पुं.) पाँसा । पाश का खेल चमक । स्तुति । व्यवहार । जुआ । जीतने की कामना ।
देवनदी, (स्त्री.) देवताओं की नदी । गङ्गा ।
देवपति, (पुं.) इन्द्र । देवताओं का स्वामी ।
देवपथ, (पुं.) उत्तर का रास्ता । छायापथ ।
देवपुरोधस्, (पुं.) देवताओं का पुरोहित । बृहस्पति । देवगुरु ।
देवभवन, (न.) स्वर्ग । देवों का स्थान ।
देवभूय, (न.) देवत्व । देवसायुज्य ।
देवमणि, (पुं.) शिव । कौस्तुभमणि ।
देवयान, (न.) देवरथ । अर्चिरादि मार्ग । (ी) शुक्राचार्य की कन्या ।
देवयात्रा, (स्त्री.) यात्रोत्सव ।
देवयु, (पुं.) पवित्र ।
देवयोनि, (पु.) देवताओं के अंश से उत्पन्न विद्याधर आदि नौ योनियाँ प्रधान हैं । जैसे–विद्याधर, अप्सरा, यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, किन्नर, पिशाच, गुह्यक और सिद्ध ।
देवर, (पुं.) पति का छोटा भाई ।
देवराज, (पुं.) इन्द्र ।
देवरात, (पुं.) अभिमन्युपुत्र । परीक्षित् ।
देवर्षि, (पुं.) नारदादि मुनि । देवताओं के ऋषि ।
देवल, (पुं.) एक मुनि । पुजारी । जिसकी जीविका देवपूजन से चलती हो ।
देवलोक, (पुं.) स्वर्ग ।
देववर्द्धकि, (पुं.) विश्वकर्म्मा ।
देवव्रत, (पुं.) भीष्म ।
देवसात्, (अव्य.) देवताओं के अधीन ।
देवसायुज्य, (न.) देव के साथ मेल । देव के साथ एकासन होने की योग्यता ।
देवसेना, (स्त्री.) इन्द्रकन्या । कार्तिकेय की स्त्री षष्ठी । सोलह माताओं में से एका । इन्द्रादि देवताओं की फौज ।
देवसेनापति, (पुं.) कार्तिकेय । इन्द्रपुत्र । शिवपुत्र ।
देवस्व, (न.) देवताओं का धन ।
देवहूति, (स्त्री.) स्वायम्भुव मनु की कन्या । कर्दम मुनि की स्त्री । कपिल भगवान् की माता ।
देवाजीव, (त्रि.) देवता की प्रतिमा के द्रव्य से जीने वाला ।
देवात्मन्, (पुं.) पीपल का वृक्ष । देवता जैसा ।
देवानांप्रियः, (पुं.) देवताओं का प्यारा । बकरा । मूर्ख ।
देवापि, (पुं.) चन्द्रवंशीय एक राजा ।
देवार्ह, (न.) देवताओं के योग्य । सहदेवी लता ।
देवालय, (पुं.) स्वर्ग । देवमन्दिर ।
देविका, (स्त्री.) नदीविशेष ।
देवी, (स्त्री.) दुर्गा । ब्राह्मणियों की उपाधि ।
देवृ, (पु.) देवर । पति का छोटा भाई ।
देवेश, (न.) महादेव । देवदेव । विष्णु ।
देवेष्ट, (पुं.) गुग्गुल । वनबीजपूरक ।
देवैनस, (न.) देवशाप ।
देवोद्यान, (न.) वैभ्राज । मिश्रक । सिधकरण और नन्दन–ये चार देवोद्यान हैं ।
देव्यायतन, (न.) दुर्गा देवी का मन्दिर ।
देश, (पुं.) भूमण्डल का कोई विभाग । भाग । स्थान ।
देशान्तर, (न.) अन्य देश । और देश ।
देशिक, (पु.) पथिक । बटोही । गुरु । उपदेश देने वाला ।
देशिनी, (स्त्री.) तर्जनी । अंगूठे के पास वाली अंगुली ।
देश्य, (न.) प्रथम सम्मति । पूर्व पक्ष ।
देह, (पुं.) शरीर । वपु । बदन ।
देहधारक, (पुं.) हड्डी ।
देहभृत्, (पुं.) जीवात्मा । शरीर का रक्षक ।

देहयात्रा, (स्त्री.) आजीविका । शरीर की रक्षा का साधन । भोजन । मरण ।
देहली, (स्त्री.) ड्योढ़ी । घर का प्रवेश-स्थान । मर्यादा ।
देहसार, (पुं.) मज्जा ।
देहात्मवादिन्, (पुं.) चार्वाक । नास्तिक ।
देहिन्, (त्रि.) शरीर वाला । प्राणी । जीव ।
दैप्, (क्रि.) साफ करना ।
दैतेय, (पुं.) असुर । दैत्य ।
दैत्यगुरु, (पुं.) शुक्राचार्य । दैत्यों का गुरु ।
दैत्यनिसूदन, (पुं.) विष्णु । दैत्यों के वधकर्ता ।
दैत्यमेदज, (पुं.) गुग्गुल । पृथिवी । भूमि ।
दैत्या, (स्त्री.) सुरा । दैत्य की स्त्री ।
दैत्यारि, (पुं.) दैत्यों के शत्रु । विष्णु ।
दैन, (न.) दीनपन । कायरपन ।
दैनन्दिन, (त्रि.) प्रतिदिन होने वाला ।
दैनन्दिनप्रलय, (पुं.) रचे हुए सम्पूर्ण पदार्थों का क्षय ।
दैन्य, (न.) दीनता । कायरता ।
दैव, (न.) भाग्य । देवसम्बन्धी ।
दैवज्ञ, (पुं.) गणक । ज्योतिषी । भूत-भविष्य का जानने वाला । भाग्य का ज्ञाता ।
दैवत, (पुं.) देवसमूह ।
दैवतन्त्र, (त्रि.) भाग्याधीन ।
दैवपर, (त्रि.) भाग्य पर निर्भर । कायर । कामचोर ।
दैववाणी, (स्त्री.) आकाशवाणी ।
दैवात्, (अव्य.) हठात् । अचानक । ईश्वरेच्छा से ।
दैविक, (न.) देवसम्बन्धी । विचित्र । विलक्षण ।
दैवी, (स्त्री.) देवता की सात्त्विक ।
दैवोदासी, (पुं.) दिवोदास का सन्तान । प्रतर्दन राजा ।
दैव्य, (न.) भाग्य । देवता का ।
दैशिक, (त्रि.) देश का । विशेषण सम्बन्ध ।
दैष्टिक, (त्रि.) भाग्याधीनतावादी ।
दैहिक, (त्रि.) शरीरसम्बन्धी ।
दो, (क्रि.) छेद करना । काटना ।
दोःशिखर, (न.) कन्धा । मुट्ठा ।
दोग्धृ, (पुं.) दुहैया । अहीर । बछड़ा । सोने वाला ।
दोर्दण्ड, (पुं.) भुजदण्ड ।
दोर्मूल, (न.) कक्ष । बगल ।
दोल, (पुं.) दोलयात्रा । डोली ।
दोलायमान, (त्रि.) झूलता हुआ ।
दोष, (पुं.) पाप । वैद्यक में वात, पित्त और कफ के तीन दोष होते हैं । अलङ्कार में रसादि बिगाड़ने वाले शब्द । न्याय में राग, द्वेष, मोह ।
दोषग्राहिन्, (त्रि.) दोष देखने वाला ।
दोषज्ञ, (पुं.) पण्डित । चिकित्सक ।
दोषत्रय, (न.) तीन दोष—वात, पित्त, कफ ।
दोषन्, (अ०) बिगड़ा हुआ ।
दोषस्, (न.) साँझ । अन्धेरा ।
दोषा, (स्त्री.) रात ।
दोषाकर, (पुं.) चन्द्रमा । दोषों का समूह ।
दोषैकदृक्, (त्रि.) केवल दोष ही को देखने वाला । नीच । खल ।
दोस्-षा, (पुं.) भुजा । बाहु ।
दोह, (पु.) दूध । दुधैड़ी । चीनी का बर्तन (क्रि.) दुहना ।
दोहद, (पुं.) लालसा । गर्भ का लक्षण ।
दोहदिनी, (स्त्री.) गर्भवती । दो हृदय वाली ।
दोहनी, (स्त्री.) दुधैड़ी या दूध दुहने का पात्र ।

दोहा, (स्त्री.) मात्रा छन्द विशेष जिसका प्रयोग प्रायः भाषा की कविता में हुआ करता है।

दौत्य, (न.) दूतपना। दूत का काम।

दौरात्म्य, (न.) खुटाई। खलता।

दौर्गत्य, (न.) दीनता। दरिद्रता। दुर्गति में जाना।

दौर्जन्य, (न.) दौरात्म्य। दुष्टता।

दौर्भाग्य, (न.) अभाग्यपना। मन्द-भाग्यत्व।

दौर्मनस्य, (न.) उदासी। चिन्ताजन्य घबराहट। बुरा परामर्श।

दौर्वृत्य, (न.) अवज्ञा। दुष्ट वृत्ति से रहना।

दौवारिक, (पुं.) द्वारपाल। दरवाजे का रक्षक।

दौष्कुलेय, (त्रि.) छोटी जाति का। नीच।

दौर्हृद, (पुं.) गुण्डा। बुरे कर्म द्वारा पेट पालने वाला। धूर्त। बदमाश।

दौहित्र, (न.) दोहता। कन्या का पुत्र।

द्यावापृथिवी, (स्त्री.) भूमि-आकाश।

द्यु, (पुं.) अग्नि। सूर्य। मदार वृक्ष। आकाश। दिन।

द्युत्, (क्रि.) चमकना।

द्युति-ती, (स्त्री.) कान्ति। शोभा। चमक।

द्युपति, (पुं.) सूर्य। मदार का वृक्ष।

द्युम्न, (पुं.) धन। बल।

द्युयोषित्, (स्त्री.) अप्सरा।

द्यू, (पुं.) चौसर या पाँसे का खेल।

द्यूत, (न.) जुआ। कैतव। छल।

द्यूतकर, (त्रि.) जुवारी।

द्यूतपूर्णिमा, (स्त्री.) आश्विन की पूर्णिमा।

द्यौ, (स्त्री.) स्वर्ग। आकाश।

द्योत, (पुं.) प्रकाश। धूप। चमक।

द्योतनिका, (स्त्री.) व्याख्या। प्रकरण-पत्रिका।

द्योतिस्, (न.) नक्षत्र। तारा।

द्रङ्ग, (पुं.) कसबा। जनपद।

द्रढिमन्, (पुं.) दृढ़ता। पक्कापन।

द्रधस्, (न.) कपड़ा।

द्रप्स-य-स, (न.) छाछ। मठा। बूँद।

द्रव, (पुं.) रस। पतला। पनीला।

द्रवत्व, (न.) पतलापन। पनीलापन।

द्रवद्रव्य, (न.) दूध, दही, घी आदि बहने वाले पदार्थ।

द्रवन्ती, (स्त्री.) नदी। शतमूलिका। मूषिकपर्णी।

द्रविड, (पुं.) एक देश।

द्रविण, (न.) सोना। पराक्रम। बल।

द्रव्य, (न.) पीतल। धन। लेपन पदार्थ। लाख। विनय। मदिरा। वृक्षविकार। दवा।

द्रष्टृ, (त्रि.) विचारकुशल। चतुर। साक्षी। देखने वाला।

द्रा, (क्रि.) सोना। भागना।

द्राक्, (अव्य.) शीघ्र।

द्राक्षा, (स्त्री.) अङ्गूर। मुनक्का। किसमिस।

द्राघय, (क्रि.) देर करना।

द्राघिमन्, (पुं.) लम्बाई।

द्राघिष्ठ, (त्रि.) अति लम्बा।

द्रावक, (पुं.) जार। उपपति। चन्द्रकान्त मणि।

द्राविड़ी, (स्त्री.) द्रविड़ में उत्पन्न हुई। छोटी इलायची।

द्राह्, (क्रि.) जागना।

द्रु, (क्रि.) जाना।

द्रु, (पुं.) ऊपर बहने वाला या जाने वाला। वृक्ष। पेड़।

द्रुघण, (पुं.) कुल्हाड़ी।

द्रुड़, (क्रि.) डुबकी मारना।

द्रुण, (क्रि.) टेढ़ा करना।

द्रुणस्, (त्रि.) लम्बी नाक वाला।

द्रुणी, (स्त्री.) कनखजूरा।

द्रुत, (पुं.) तेज। झट। भागा हुआ।
द्रुपद, (पुं.) चन्द्रवंशीय एक राजा जो द्रौपदी का पिता था। खम्भा।
द्रुम, (पुं.) पेड़। पारिजात। कुबेर।
द्रुह्, (क्रि.) बुरा चीतना। द्रोह करना।
द्रुहिण, (पुं.) जगत्स्रष्टा। ब्रह्मा।
द्रेक्, (क्रि.) शब्द करना। उत्साहित करना।
द्रै, (क्रि.) सोना।
द्रोण, (पुं.) पाण्डव राजकुमारों के गुरु। द्रोणाचार्य। काक विशेष। बिच्छू। बादल विशेष। एक वृक्ष। चौंतीस सेर की तौल विशेष। आठ सौ गज लम्बा तालाब विशेष। कूँड़ा। नोंद।
द्रोणि, (स्त्री.) एक देश। एक नदी। नील का वृक्ष। एक पहाड़।
द्रोह, (पुं.) बुरा चीतना। वैर।
द्रोणायन, (पुं.) द्रोणाचार्य की औलाद। अश्वत्थामा।
द्रौपदी, (स्त्री.) द्रुपदराज की कन्या। पाण्डवों की धर्मपत्नी।
द्वन्द्व, (पुं.) रहस्य। कलह। जोड़ा। विवाद। रोगविशेष। समासविशेष। शोक। हर्ष। शीत। उष्ण।
द्वन्द्वचर, (पुं) जो साथ साथ जोड़ा हो कर विचरे। चकवा चकई।
द्वय, (न.) दो की संख्या।
द्वाः-द्वास्थ, (पुं.) दरवान। द्वारपाल।
द्वाचत्वारिंशत्, (स्त्री.) ४२।
द्वादश, (त्रि.) बारह।
द्वादशकर, (पुं.) कार्तिकेय और बृहस्पति।
द्वादशनेत्र, (पुं.) कार्तिकेय।
द्वादशाङ्गुल, (पुं.) बिलस्त का नाप।
द्वादशात्मन्, (पुं.) सूर्य्य। मदार का पेड़।
द्वापर, (पुं.) संशय। युग विशेष जो सत्य और त्रेता के पीछे आता है।
द्वामुष्यायण, (पुं.) गौतम मुनि।
द्वार, (स्त्री.) द्वार। उपाय। वसीला।
द्वारका, (स्त्री.) द्वारावती। सात पुरियों में से एक। श्रीकृष्ण की बसाई राजधानी।
द्वारकेश, (पुं.) श्रीकृष्ण। द्वारकाधीश। रणछोड़।
द्वारप, (त्रि.) द्वारपाल।
द्वारयंत्र, (न.) ताला।
द्वारावती, (स्त्री.) द्वारका।
द्वारिन्, (त्रि.) द्वारपाल। दरवान।
द्वाविंशति, (स्त्री.) बाइस।
द्वि, (त्रि.) दो।
द्विक, (पुं.) काक। कौआ। दो संख्या वाला।
द्विककुत्, (पुं.) ऊँट।
द्विगु, (पुं.) संख्यावाचक शब्द पहले आने वाला समास। दो गौओं का स्वामी।
द्विगुण, (त्रि.) दुगुना।
द्विज, (पुं.) संस्कार और जन्म से दो बार जन्मा। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य। त्रैवर्णिक। दाँत। अण्डज जीव। तुम्बुरू का एक वृक्ष। संस्कारित ब्राह्मण।
द्विजदेव, (पुं.) ब्राह्मण। ऋषि। चन्द्रमा।
द्विजन्मन्, (पुं.) देखो द्विज।
द्विजबन्धु, (पुं.) कर्म से रहित जन्ममात्र से जीने वाले ब्राह्मणादि प्रथम तीन वर्ण।
द्विजराज, (पुं.) द्विजों का राजा। चन्द्र। अनन्त। गरुड़।
द्विजवर, (पुं.) उच्च विप्र। ब्राह्मण।
द्विजाति, (पुं.) देखो द्विजन्मा।
द्विजिह्व, (पुं.) दो जीभ वाला। सर्पविशेष। खल। चुगल। चोर। भूँठा।
द्विजेन्द्र, (पुं.) ब्राह्मणश्रेष्ठ। कर्मिष्ठ ब्राह्मण।
द्वितय, (त्रि.) दो की संख्या वाला।
द्वितीय, (त्रि.) दूसरा।
द्वितीयाकृत, (त्रि.) दुबारा जोता हुआ खेत।

द्विदत्, (त्रि.) दो दाँत वाला । घोड़ा । बैल आदि ।
द्विदैव, (पुं.) विशाखा नामी नक्षत्र ।
द्विधा, (अव्य.) दो प्रकार ।
द्विप, (पुं.) हाथी । मुँह और सूँड से पीने वाला ।
द्विपद्, (पुं.) मनुष्य । देवता । पक्षी । राक्षस । राशि । दो पैर वाला ।
द्विपदा, (त्रि.) ऋग्वेदीय मंत्र विशेष ।
द्विमातृक, (पुं.) गणेश । जरासन्ध ।
द्विमुख, (पुं.) दो मुख वाला । राजसर्प । कुचलैड़ । चुगलखोर ।
द्विरद, (पुं.) दो दाँतों वाला । हाथी ।
द्विरागमन, (न.) गौना । विवाह के पश्चात् दूसरी बार दुलहिन का घर आना ।
द्विरुक्त, (त्रि.) दुहराया हुआ ।
द्विरूढ़ा, (स्त्री.) दो बार की विवाही स्त्री ।
द्विरेफ, (पुं.) भौंरा ।
द्विवचन, (न.) दो वचन ।
द्विशफ, (पुं.) गौ बकरी या वे जानवर जिनके खुर फटे हुए हैं ।
द्विशस्, (अव्य.) दो बार जो देता या कर्ता ।
द्विष्, (स्त्री.) वैर करना ।
द्विषत्, (पुं.) शत्रु । बैरी ।
द्विषन्तप, (पुं.) शत्रु को तपाने वाला ।
द्विष्ठ, (त्रि.) दो के बीच का । संयोगादि पदार्थ ।
द्विस्, (अव्य.) दो बार । दुहरा ।
द्विसप्तति, (स्त्री.) बहत्तर ।
द्विहल्य, (त्रि.) दुबारा जोता हुआ खेत ।
द्विहायनी, (स्त्री.) दो वर्ष की गौ ।
द्विहृदया, (स्त्री.) गर्भवती ।
द्वीप, (न) पानी से चारों ओर घिरा स्थल । टापू । चीते का चमड़ा । बाघ । दुरङ्गा ।
द्वीपिन्, (पुं.) चीता ।
द्वीपिनी, (स्त्री.) नदी ।
द्वृ, (क्रि.) संवरण करना । रोकना । ढाँकना ।
द्वेधा, (अव्य.) दो प्रकार से ।
द्वेष, (पुं.) वैर । विरोध ।
द्वेषण, (त्रि.) वैरी । शत्रु ।
द्वेष्य, (त्रि.) शत्रु । बैरी ।
द्वैगुणिक, (त्रि.) सूदखोर । ब्याज खाने वाला ।
द्वैत, (न.) दो प्रकार के भेद वाला ।
द्वैतवन, (न.) वनविशेष ।
द्वैतवादिन् (त्रि.) जीव और ईश्वर में भेद मानने वाले ।
द्वैध, (पुं.) दो प्रकार ।
द्वैप, (पुं.) चीता का चमड़ा । चीते के चमड़े से ढका हुआ रथ ।
द्वैपायन, (पुं.) व्यासदेव । व्यास । पुराण कर्त्ता । या जिसकी जन्मभूमि द्वीप हो ।
द्वैमातुर, (पुं.) जिनकी दो मातायें हों । गणेश । जरासन्ध ।
द्व्यणुक, (न.) दो परमाणुओंसे उत्पन्न पदार्थ ।
द्व्याष्, (सं.) ताँबा । ताँमा ।
द्व्यामुष्यायण, (पुं.) एक प्रकार का गोद लिया हुआ पुत्र ।

ध

ध, (पुं.) धर्म । कुबेर । ब्रह्मा । धन ।
धक्, (क्रि.) नाश करना ।
धट, (पुं.) तुला । लकड़ी । तराजू ।
धटक, (पुं.) ४२ रत्ती की एक तौल ।
धण्, (क्रि.) ध्वनि करना । शब्द करना ।
धत्तूर, (पुं.) धतूरा ।
धन्, (क्रि.) धानों को उत्पन्न करना । शब्द करना ।
धन, (न.) सम्पत्ति । दौलत । लूट का माल ।
धनञ्जय, (पुं.) धन को जीतने वाला । अर्जुन । वह्नि । हाथी । शरीर को पुष्ट करने वाला । वायु । वृक्षविशेष ।

धनद, (पुं.) कुबेर। हिजल वृक्ष।
धनदानुचर, (पुं.) यक्ष।
धनदानुज, (पुं) कुबेर का छोटा भाई। रावण। कुम्भकर्ण और विभीषण।
धनाधिप, (पुं.) कुबेर।
धनिक, (पुं.) धनी। साहूकार।
धनिष्ठा, (स्त्री.) बहुत धन वाली। नक्षत्र विशेष।
धनु, (पुं.) कमान। धनुष।
धनुर्गुण, (पुं) रोदा। कमान की रस्सी।
धनुर्द्धर, (पुं.) तीर चलाने वाला।
धनुर्वेद, (पुं.) वेद विशेष जिसमें धनुष चलाने की विद्या का वर्णन है।
धनुष्क, (पुं.) तीर चलाने वाला।
धनुष्मत्, (पुं) तीरन्दाज।
धनुस्, (पुं.) धनुष्। तीर। मेष से नवमी राशि। बन। चार हाथ का नाप।
धन्य, (पुं.) धन के लिये हितकर। अश्वकर्ण वृक्ष। सराहने योग्य। कृतार्थ। पुण्यशील। धन देने वाला। धनी।
धन्याक, (न.) धनिया नामक पेड़ विशेष।
धन्वन्, (न.) धनुष। तीर। मरुदेश। रेगिस्तान।
धन्वन्तरि, (पुं.) श्रीविष्णु के चौबीस अवतारों में एक अवतार। देवताओं का वैद्य। इस नाम के कई वैद्य और कई पण्डित भी हो चुके हैं।
धन्वी, (पुं.) अर्जुन। विदग्ध। चतुर। धनुषधारी। बकुल वृक्ष।
धम्, (क्रि.) धौंकना। फूँकना।
धमक, (पुं.) फूँकने या धौंकने वाला। लुहार।
धमनि, (स्त्री.) नाड़ी। शिरा। ग्रीवा।
धम्मिल्ल, (पुं.) स्त्रियों के गुहे हुए केश। जूड़ा।
धय, (क्रि.) चूसना।
धर, (पुं.) पकड़ना। धरना। पहाड़। कच्छपराज। वसुओं में से एक। कपासी सूत। धागा।
धरण, (पुं.) पहाड़। लोक। गुण। धान। सूर्य। पुल। चौबीस रत्ती की तौल।
धरणि, (स्त्री.) पृथिवी। बनकन्द। (पुं.) पहाड़। विष्णु। कच्छप।
धरा, (स्त्री.) पृथिवी। गर्भाशय। जरायु। मेद को उठाने वाली नाड़ी।
धराधर, (पुं.) पृथ्वी को धारण करने वाला। पर्वत। विष्णु। शेष।
धरामर, (पुं.) ब्राह्मण। पृथ्वी पर का देवता।
धरित्री, (स्त्री.) पृथिवी। भूमि।
धरिमन्, (पुं.) तराजू।
धर्णसि, (शु.) मजबूत। दृढ़।
धर्त्तृ, (पुं.) सहारा। अवलम्ब।
धर्म्म, (पुं.) वेदविहित कर्म। वह कर्म जिसके करने से अपना अभ्युदय हो और मोक्ष मिले।
धर्मक्षेत्र, (न.) कुरुक्षेत्र।
धर्मचारिणी, (स्त्री.) धर्मपत्नी। भार्य्या। एक लता।
धर्मद्रवी, (स्त्री.) गङ्गा। महानदी।
धर्मध्वजिन्, (त्रि.) जिसका झण्डा धर्म हो। अपनी जीविका के लिये धर्मचिह्नधारी।
धर्मपत्नी, (स्त्री.) भार्या। कीर्ति। स्मृति। मेधा। धृति। क्षमा।
धर्मपुत्र, (पुं.) युधिष्ठिर।
धर्मराज, (पुं.) युधिष्ठिर,। यमराज।
धर्मशास्त्र, (न) धर्म का कर्तव्य अकर्तव्य का यथार्थ उपदेशक शास्त्र। मनुस्मृति आदि ग्रन्थ।
धर्मशील, (त्रि.) धार्मिक।
धर्मसंहिता, (स्त्री.) देखो धर्मशास्त्र।
धर्मात्मन्, (पुं.) धर्मात्मा। धार्मिक।
धर्माधिकरण, (पुं.) विचारालय। कचहरी।
धर्माध्यक्ष, (पुं.) न्यायकर्त्ता। विचारक।
धर्मासन, (न.) न्यायासन।
धर्मिन्, (त्रि.) धार्मिक।
धर्मिष्ठ, (त्रि.) धर्मात्मा। साधु।

धर्म्य, (त्रि.) धर्म वाला।
धर्ष, (पुं.) चतुराई। कोप। मेल। मारना।
धर्षक, (पुं.) आक्रमणकारी।
धर्षण, (न.) तिरस्कार। अभिसारिका स्त्री। (प्रियतम से मिलने के लिये पूर्व साङ्केतिक स्थान पर गयी हुई स्त्री)।
धर्षित, (न.) अपमानित। (स्त्री) कुलटा स्त्री।
धव्, (क्रि.) जाना।
धव, (पुं.) पति। धूर्त। वृक्ष। काँपना।
धवल, (पुं.) इतना सफेद जिस पर दृष्टि न ठहरे और आँखें चौंधिया जाँय। धव वृक्ष। अच्छा बैल। चीनी कपूर।
धवलपक्ष, (पुं.) हंस। शुक्लपक्ष।
धवलमृत्तिका, (स्त्री.) खड़ी मिट्टी। सफेद मिट्टी।
धवलोत्पल, (न.) कुमुद। रात को खिलने वाला कमल।
धयित्र, (न.) पङ्ख।
धा, (क्रि.) धारण करना। पकड़ना। पोसना। बढ़ाना। देना।
धाटी, (स्त्री.) अचानक। आक्रमण। आश्चर्य।
धाणक, (पुं.) मोहर।
धातकी, (स्त्री.) धाई नामक लता।
धातु, (पुं.) शब्दार्थ को बताने वाला वर्ण-समूह। मुख्य पदार्थ। तत्त्व। सार। स्वर्ण लोहा आदि नौ पदार्थ। परमात्मा।
धातुघ्न, (न.) काञ्जी। जिससे धातुओं का असर जाता रहे।
धातुद्रावक, (न.) सुहागा। धातुओं को गलाने वाला।
धातुभृत्, (पुं.) पर्वत। वीर्य। धातु बढ़ाने वाली वस्तु।
धातुमारिणी, (स्त्री.) सुहागा।
धातुवैरिन्, (पुं.) गन्धक।
धातुशेखर, (न.) कसीस।
धातृ, (पुं.) पालने वाला। ब्रह्मा। विष्णु।
धात्री, (स्त्री.) माता। धाई। आँवला। राई।
धाना, (स्त्री.) धनिआँ। सत्तू। भुने हुए जौ।
धानी, (स्त्री.) बर्तन। स्थान। पोषण। मुख्य स्थान। पीलू का पेड़। बिना साफ किये चाँवल।
धानुष्क, (त्रि.) धनुषधारी।
धानुष्य, (त्रि.) धनुर्द्धर।
धानेय, (न.) धनिया।
धान्य, (न.) तुष सहित चाँवल। चार तिला का परिमाण। धनिया।
धान्यत्वच्, (स्त्री.) भूसी।
धान्यवीर, (पुं.) माष।
धान्याचल, (पुं.) (दान के लिये) धानों का पहाड़।
धान्योत्तम, (पुं.) चाँवल।
धान्यकोष्ठ, (क.) धानों का गोला।
धामन्, (न.) किरन। आसरा। स्थान। जन्म। घर। देह। तेज। ज्योति। प्रभाव। स्वयं प्रकाशित।
धामनिधि, (पुं.) सूर्य। आक का पेड़।
धाम्या, (स्त्री.) लकड़ी आग जलाने वाला ऋग्वेदीय मंत्र। (:) (पुं.) कुल-पुरोहित।
धार, (न.) पानी का प्रवाह। मेह का जल।
धारणा, (स्त्री.) आत्मा में चित्त की स्थिति। मर्य्यादा। उचित मार्ग में ठहरना। निश्चय। नाडी। श्रेणी।
धारा, (स्त्री.) घड़े आदि का छेद। अस्त्र की तेज कोर। उत्कर्ष। यश। बहुत वर्षा। समान। एक पुरी। घोड़ों की पाँच प्रकार की गति। सेना के आगे का स्कन्ध।
धाराङ्कुर, (पुं.) ओला।
धाराञ्चल, (पुं.) अस्त्र की पैनी कोर।
धाराट, (पुं.) चातक। घोड़ा। बादल। मस्त हाथी।

धाराधर, (पुं.) बादल । मेह ।
धाराचाहिन्, (त्रि.) निरन्तर गिरने वाला ।
धारासम्पात, (पुं.) महावृष्टि।मूसलाधार वर्षा ।
धारिका, (स्त्री.) खम्भी । धुनकिया ।
धारिणी, (स्त्री.) भूमि । सिम्बल का पेड़ ।
धारिन्, (पुं.) पीलू का पेड़ । आसरा देने वाला ।
धार्तराष्ट्र, (पुं.) एक सर्प । एक हंस । धृतराष्ट्र की सन्तान । दुर्योधन आदि ।
धार्मिक, (त्रि.) धर्मशील । धर्मात्मा । धर्म्मी ।
धाव्, (क्रि.) भागना । जल्दी चलना ।
धावक, (पुं.) दौड़ने वाला । दूत । धोबी ।
धावन, (न.) साफ करना । शीघ्र जाना ।
धाष्ट्र्य, (न.) ढिठाई । निर्लज्जता ।
धि, (क्रि.) पकड़ना । रखना । सन्तुष्ट करना ।
धिक्, (अव्य.) झिड़कना । निन्दा ।
धिक्कार, (पुं.) तिरस्कार । निरादर ।
धिक्कृत, (त्रि.) झिड़का गया । निन्द्य । तिरस्कृत ।
धिक्ष्, (क्रि.) जगाना । रहना ।
धिग्दण्ड, (पुं.) लानत मलामत ।
धियंधा, (पु.) चतुर ।
धिषण, (पुं.) देवगुरु । बृहस्पति ।
धिषणा, (स्त्री.) बुद्धि । तसला ।
धिष्ण्य, (न.) जगह । घर । शक्ति । तारा । आग । (पुं.) शुक्र । ऊँचे पद के योग्य (त्रि.) ।
धी, (स्त्री.) बुद्धि । समझ ।
धीन्द्रियम्, (न.) आँख, कान आदि ज्ञानेन्द्रिय ।
धीमत्, (पुं.) प्रज्ञावान् । बृहस्पति । बुद्धि वाला । पण्डित ।
धीति, (स्त्री.) पीना । चूमना । अनुभव । भक्ति ।
धीर्, (क्रि.) अपमान करना ।
धीर, (त्रि.) धीरज वाला । नम्र । बल वाला तथा पण्डित । राजा बलि । बुद्धि को प्रेरने वाला । बुद्धिसाक्षी । परमेश्वर । केसर । एक नायिका । प्रतिष्ठित प्रज्ञा ।
धीरोदात्त, (पुं.) एक नायक । धीर और शान्त पुरुष ।
धीवर, (पुं.) कैवर्त्त । मच्छी पकड़ने वाला ।
धीशक्ति, (स्त्री.) शुश्रूषा आदि आठ गुण ।
धीसचिव, (पुं.) मन्त्री । अमात्य ।
धु, (क्रि.) काँपना ।
धुंक्ष्, (क्रि.) जगाना । रहना ।
धुत, (त्रि.) छोड़ा गया । काँप गया । त्यक्त । कम्पित ।
धुनि-नी, (स्त्री.) तूफानी । नदी ।
धुन्धुमान, (पुं.) बृहदश्व राजा का पुत्र । बीरबहूटी । इन्द्रगोप कीड़ा ।
धुर-रा, (स्त्री.) चिन्ता । रथ की धुरी ।
धुरन्धर, (त्रि.) बोझा ढोने वाला । मुख्य । बैल ।
धुरीण, (त्रि.) श्रेष्ठ । अच्छा ।
धुर्य, (त्रि.) भार उठाने वाला । अच्छा । सर्वोत्तम । प्रथम । मुख्य ।
धुर्व्, (क्रि.) मारना ।
धुवित्र, (न.) यज्ञादि में अग्नि का सुलगाना ।
धुवन, (सं.) वधस्थान । हिलना ।
धू, (क्रि.) काँपना ।
धूत, (त्रि.) काँप गया । छोड़ा गया । त्यक्त । झिड़का गया ।
धूप्, (क्रि.) चमकना । तपना ।
धूप, (पुं.) एक प्रकार का चूर्ण जिसे जलाने से सुगन्ध युक्त धुआँ निकलता है । इसके पञ्चाङ्ग, दशाङ्ग, षोडशाङ्ग आदि कई भेद हैं। वस्तुभेद से नामभेद है ।
धूपित, (त्रि.) थका हुआ । सन्तप्त । धूप दिया हुआ ।
धूम, (पुं.) धुआँ ।

धूमकेतन, (पुं.) अशुभसूचक तारों का समूह। पूँछ वाला तारा।

धूमयोनि, (पुं.) मेघ। मौथा। आग। गीली लकड़ी।

धूमल, (पुं.) काले और लाल रङ्ग वाला।

धूम्या, (स्त्री.) धुएँ का साधन।

धूम्र, (पुं.) धुमैला। काल और लाल रङ्ग वाला।

धूम्रक, (पुं.) ऊँट।

धूम्रलोचन, (पुं.) कबूतर। महिषासुर नामक एक सेनापति।

धूम्रवर्ण, (पुं.) धुमैला रङ्ग या धुमैले रङ्ग वाला।

धूमावती, (स्त्री.) देवीविशेष।

धूमिका, (स्त्री.) बाफ। कोहरा। ओद।

धूर्, (क्रि.) मारना। जाना।

धूर्जटि, (पुं.) जहाँ तीनों लोक की चिन्ता एकत्र हो रही हो। शिव।

धूर्त्त, (पुं.) धतूरे का पेड़। ठग। वञ्चक। मायावी। जुआरी। नायकविशेष।

धूर्त्तक, (पुं.) शृगाल। गीदड़।

धूर्त्तकितव, (पुं.) जुआरी।

धूर्वह, (त्रि.) बोझ उठाने वाला।

धूलि-ली, (स्त्री.) पराग। धूल।

धूलिध्वज, (पुं.) वायु। हवा।

धूसर, (पुं.) ऊँट। कबूतर। पीले रङ्ग वाला।

धूसरित, (गु.) धुमैला।

धृ, (क्रि.) गिरना। ठहरना। धारण। करना।

धृत, पकड़ना।

धृतराष्ट्र, (पुं.) चन्द्रवंशी एक राजा। दुर्योधन का पिता। साँप। पक्षी।

धृतात्मन्, (गु.) दृढ़। मजबूत।

धृति, (स्त्री.) तुष्टि। प्रसन्न होना। पकड़ना। यज्ञ। आठवाँ योग। सुख। धारणा। सहनशीलता। छन्दविशेष जिसके पाद में अठारह अक्षर होते हैं। १२ की संख्या।

धृतोत्सेक, (गु.) गुस्सैल। क्रोधी।

धृष्, (क्रि.) चतुराई दिखाना। बल को रोकना। क्रोध करना। दबाना।

धृष्ट, (त्रि.) ढीठ। निर्लज्ज। एक नायक।

धृष्टद्युम्न, (पुं.) गम्भीर बल वाला। द्रुपदराजा का पुत्र।

धृष्टि, (पुं.) चीमटा। (स्त्री.) बहादुरी। वीरता।

धृष्णु, (गु.) चतुर। वीर। निर्लज्ज।

धेनु, (स्त्री.) नई ब्याई हुई गाय।

धेनुक, (पुं.) असुरविशेष जिसे श्रीकृष्ण ने मारा था। (स्त्री.) हथिनी। धेनु।

धेनुका, (स्त्री.) दुधार गाय।

धेनुदुग्धकर, (पुं.) गाजर।

धेनुष्या, (स्त्री.) गिरनी रखी हुई गौ।

धैनुक, (पुं.) गौओं का झुण्ड।

धैर्य्य, (न.) धीरज। ऊँचाई।

धैवत, (पुं.) गले से निकला एक प्रकार का शब्द।

धोर, (क्रि.) चतुराई दिखाना। चाल चलना।

धोरण, (न.) हाथी। घोड़ा। गाड़ी आदि सवारी। घोड़े की एक प्रकार की चाल।

धौत, (गु.) धुला हुआ। उत्तेजित।

धौतकौषेय, (न.) धोया हुआ वस्त्र। कीड़ों के कोष से उत्पन्न वस्त्र।

धौरेय, (त्रि.) बैल आदि बोझा ढोने वाले। घोड़ा।

ध्मा, (क्रि.) आँच को फूँकना।

ध्मात, (त्रि.) फूँका गया। भड़काया गया।

ध्माक्ष, चाहना। घोर रव। डरावना शब्द।

ध्माङ्क्ष, (पुं.) काक। मछलियों को खाने वाला। भिक्षुक। भिखारी।

ध्रु, (क्रि.) टिकना। पक्का होना। जाना। चलना। मारना।

ध्रुव, (पुं.) शङ्कु । विष्णु । महादेव । राजा उत्तानपाद का पुत्र । योगविशेष । नासिका के आगे का भाग । भूगोल के दोनों केन्द्रों के ऊपर के भाग । ताराविशेष । पक्का । तर्क । आकाश । लगातार । स्थिर । एक गीत ।

ध्रौव्य, (न.) पक्का होना । स्थिर होना ।

ध्वंस, (पुं.) विनाश । गिरना ।

ध्वज्, (क्रि.) जाना ।

ध्वज-जा, (पुं.) झण्डा । निशान । कलवार । सेना । पुरुष का चिह्न ।

ध्वजिन्, (पुं.) राजा । रथ । ब्राह्मण । घोड़ा । साँप । कलवार । मोर ।

ध्वजिनी, (स्त्री.) सेना ।

ध्वन्, (क्रि.) शब्द करना ।

ध्वन, (पुं.) सुर । शब्द ।

ध्वनि, (पुं.) धीमा सुर । अलङ्कार का एक उत्तम काव्य ।

ध्वंस्, (क्रि.) जाना । विनाश होना । गिरना ।

ध्वस्त, (त्रि.) नष्ट । चला गया । नाश हो गया ।

ध्वांक्ष्, (क्रि.) चाहना । डरावना शब्द करना ।

ध्वांक्ष, (पुं.) काक । बगला । फ़कीर । घर ।

ध्वान, (पुं.) शब्द ।

ध्वान्त, (न.) अन्धकार । अन्धेरा ।

ध्वान्तारि, (पुं.) सूर्य्य । आक का वृक्ष । चन्द्रमा । आग ।

ध्वृ, (क्रि.) झुकाना । मारना ।

न

न, (अ.) पतला । अतिरिक्त । रिक्त । रीता । एक ही सा । वही । प्रशंसित । अविभाजित । मोती । गणेश । धन । सम्पत्ति । दल । गाँठ । युद्ध । बुद्धदेव का नाम । भेंट । नहीं ।

नंशुक, (गु.) हानिकारी । नाशकारक । छोटा । मिहीन । पतला । भटका हुआ । खोया हुआ ।

नकुर, (न.) नाक

नकुल, (त्रि.) न्यौला । चौथे पाण्डव का नाम । शिव । जटामांसी । केसर ।

नक्त, (न.) रात्रि । व्रतविशेष ।

नक्तचारिन्, (पुं.) उल्लू । बिलार । चोर । राक्षस । चमगीदड़ । या रात में विचरने वाला कोई भी जीव ।

नक्तञ्चर, (पुं.) देखो नक्तचारिन् ।

नक्तन्दिव, (न.) रात और दिन ।

नक्तम्, (अव्य.) रात ।

नक्र, (पुं.) नाका । मगर । कुम्भीर । द्वार के आगे का काठ । नासिका (ा) बर्रइयों अथवा शहद की मक्खियों का झुण्ड ।

नक्षत्र, (न.) अश्विनी आदि अट्ठाईस नक्षत्र । तारा ।

नक्षत्रचक्र, (न.) आकाशमण्डल में दीखने वाला ताराओं का राशिचक्र ।

नक्षत्रनेमि, (पुं.) ध्रुव नक्षत्र । चन्द्रमा । विष्णु ।

नक्षत्रमाला, (स्त्री.) तारों की नाई माला । २७ मोतियों वाला हार । तारों की पंक्ति ।

नक्षत्रसूचक, (पुं.) कुगणक । पञ्चाङ्ग देख कर मुहूर्त्तादि बताने वाला । कम पढ़ा सिद्धान्त न जानने वाला ज्योतिषी । सिद्धान्त ग्रन्थों में नक्षत्रसूची का मुख देखने से प्रायश्चित्त करना लिखा है । पूरा गणित-विशारद ज्योतिषी ही ज्योतिष-सम्बन्धी कार्य कर सकता है ।

नक्षत्रेश, (पुं.) चन्द्रमा । नक्षत्रों का स्वामी ।

नक्षत्रविद्या, (स्त्री.) ज्योतिषविद्या । खगोल विद्या ।

नख्, (क्रि.) जाना । चलना । सरकना ।

नख, (पुं. न.) जहाँ सूराख हो । नाखून । हो ।

नखकुट्ट, (पुं.) नाई । हज्जाम ।

नखर, (पुं. न.) पञ्जे के आकार का ।

नखरायुध, (पुं.) सिंह । व्याघ्र । चीता भेंड़िया । कुत्ता । बिल्ली ।

नखानखि, (अव्य.) परस्पर नखों की लड़ाई ।

नग, (पुं.) पहाड़ । वृक्ष ।

नगण, (पुं.) छन्दोशास्त्र में एक गण विशेष ।

नगभिद्, (पुं.) इन्द्र । पहाड़ को तोड़ने वाला ।

नगभू, (स्त्री.) पहाड़ से उत्पन्न होने वाली । नदी । पत्थर ।

नगर, (न.) पुर । नगरी । शहर ।

नगरन्ध्रकर, (पुं.) कार्त्तिकेय ।

नगरी, (स्त्री.) पुरी ।

नगरौकस्, (पुं.) नगरवासी ।

नगाट, (पुं.) बन्दर ।

नगाधिप, (पुं.) हिमालय । नगेन्द्र । गजराज ।

नगेन्द्र, (पुं.) नगाधिप । हिमालय । गजराज ।

नगौकस्, (पुं.) पक्षी । सिंह । शरभ आदि ।

नगाग्र, (पुं.) पर्वतशिखर ।

नग्न, (गु.) नङ्गा । जैनियों का एक भेद । तीन वेद रूपी परदों को डालने वाला जन । "नग्नक्षपणके देशे रजकः किं करिष्यति ।"

नग्निका, (स्त्री.) नङ्गी । वह स्त्री जो रजस्वला न हुई हो । निर्लज्ज स्त्री ।

नञ्, (क्रि.) लजाना । शर्माना ।

नञ्, (अव्य.) नहीं । रोकना । स्वल्पत्व । बुरा । लाँघना । थोड़ा । बराबर । विरोध । अन्तर ।

नट्, (क्रि.) नाचना । मारना ।

नट, (पुं.) नाचने वाला । तमाशा करने वाला । नाटक का पात्र । स्त्री के सहारे जीने वाला । वर्णसङ्कर विशेष । अशोक वृक्ष ।

नटन, (न.) नृत्य । नाच ।

नटी, (स्त्री.) नट की स्त्री । नाटकपात्री । वेश्या ।

नड्, (क्रि.) गिरना ।

नड़, (पुं.) नरकुल । चूड़ीगर ।

नत, (गु.) झुका हुआ । ठेढ़ा । (न.) तगर की जड़ ।

नतनासिका, (गु.) चिपटी नाक वाला ।

नताङ्गी, (स्त्री.) स्तन और जघन के बोझ से झुकी हुई स्त्री ।

नति, (स्त्री.) नम्रता । नवन ।

नद्, (क्रि.) सन्तोष करना । प्रसन्न होना ।

नद, (पुं.) बड़ा जलप्रवाह ।

नदी, (स्त्री.) स्रोतस्विनी । नदी उसे कहते हैं जो १००८ धनुष दूर तक बहे ।

नदीज, (पुं.) अर्जुन वृक्ष । अग्निमंथ वृक्ष—यह नदी में जमता है ।

नदीन, (पुं.) समुद्र । वरुण ।

नदीमातृक, (त्रि.) नदी जिसे माता की नाईं पालती है । नदी के जल से सींचे हुए धानों से पला हुआ देश ।

नदीष्ण, (त्रि.) नदी में स्नान करने में पटु ।

नद्ध, (त्रि.) बँधा हुआ । मिला हुआ ।

नद्धी, (स्त्री.) चमड़े की बनी हुई रस्सी ।

ननन्द, (स्त्री.) सेवा करने पर भी जो प्रसन्न न हो । नन्द । ननद । स्वामी की बहिन ।

ननु, (अव्य.) प्रश्न । निश्चय रूप से बुलाना । सम्बोधन । निन्दा ।

नन्द, (पुं.) एक गोप । श्रीकृष्ण के पोषण करने वाले पिता ।

नन्दकी, (पुं.) विष्णु की तलवार । मेंडक । आनन्ददायी । कुलपालक ।

नन्दयु, (पुं.) आनन्द ।

नन्दन, (पुं.) प्रसन्न करने वाला । पुत्र । मेंढ़क । एक पहाड़ । एक पर्वत ।

नन्दनन्दन, (पुं.) नन्दजी को प्रसन्न करने वाले । नन्दकुमार । श्रीकृष्ण ।

नन्दनन्दिनी, (स्त्री.) नन्द की कन्या । दुर्गा ।

नन्दा, (स्त्री.) गौरी। पार्वती । तिथि विशेष (१ दा। ११ शी। ६ ठी)। ननद।

नन्दि, (पुं.) वृक्ष विशेष। आनन्द। महादेव का पार्श्वचर। नन्दिकेश्वर। विष्णु। शिव।

नन्दिन्, (पुं.) शिवजी का एक द्वारपाल।

नन्दिनी, (स्त्री.) वसिष्ठजी की धेनु का नाम। लड़की। सुता। पार्वती। गङ्गा। ननद। व्याडि की माता। रेणुका औषध।

नन्दिनीसुत, (पुं.) व्याकरण का संग्रह-कर्त्ता। व्याडि मुनि।

नन्दिपुराण, (न.) नन्दी कथित पुराण। एक उपपुराण।

नन्दीश, (पुं.) शिवजी का द्वारपाल।

नपुंसक, (पुं. न.) हिजड़ा। जनखा। क्लीब।

नप्तृ, (पुं.) पौत्र। पोता। दौहिता।

नभ, (न.) आकाश। सावन का महीना।

नभःसद्, (पुं.) देवता। आकाश-निवासी।

नभश्चर, (पुं.) आकाशचारी। बादल। वायु। पक्षी। सूर्य्य, चन्द्रादि ग्रह। राक्षस।

नभस, (न.) आकाश।

नभस्, (न.) बादल। श्रावण मास।

नभस्य, (पुं.) भादों अर्थात् जिसमें वर्षा अच्छी हो।

नभस्वत्, (पुं.) वायु। हवा।

नभोमणि, (पुं.) सूर्य्य। सूरज।

नभोरजस्, (न.) अन्धकार। अंधेरा।

नभ्राज्, (पुं.) मेघ। बादल।

नमस्, (अव्य.) नति। झुकना। छोड़ना। शब्द करना।

नमस्कार, (पुं.) प्रणाम। अभिवादन।

नमस्य, (त्रि.) प्रणाम करने योग्य।

नमुचि, (पुं.) शुम्भ निशुम्भ का छोटा भाई। जो युद्ध को न छोड़े।

नमेरु, (पुं.) सुरपुन्नाग वृक्ष। रुद्राक्ष।

नम्ब्, (क्रि.) जाना।

नम्र, (त्रि.) नत। झुका हुआ। विनयान्वित।

नम्रक, (पुं.) बेंत।

नय्, (पुं.) जाना।

नय, (पुं.) नीति। शुक्राचार्यादि से रचा हुआ एक शास्त्र। नेता। न्याय्य। एक प्रकार का जुआ।

नयन, (न.) नेत्र। आँख।

नर, (पुं.) परमात्मा (आपो वै नरसूनवः) विष्णु। मनुष्य का अवतार। मनुष्य। अर्जुन। एक ऋषि। धूम घड़ी की एक पिन (Pin.) कील।

नरक, (पुं.) पृथिवी का बीच। वराह से उत्पन्न एक दैत्य। पापियों के दुःख भोगने का स्थान विशेष। रौरव आदि २८ प्रकार के नरक बतलाये जाते हैं। कुल संख्या हजारों है।

नरकजित्, (पुं.) नरकान्तक। श्रीकृष्ण।

नरदेव, (पुं.) राजा।

नरनारायण, (पुं.) भगवान् का एक अवतार। ऋषभदेव। श्रीकृष्ण और अर्जुन।

नरपति, (पुं.) नरदेव। राजा। नृपति।

नरपुङ्गव, (पुं.) मनुष्यों में श्रेष्ठ। राजा।

नरमाला, (स्त्री.) मनुष्यों के कटे सिरों की माला।

" नरमाला विभूषणा " इति चण्डी।

नरमेध, (पुं.) एक यज्ञ जिसमें नर के मांस से होम किया जाता है।

नरयान, (सं.) पालकी। पीनस। डोली। तामझाम। कण्डी।

नरवाहन, (पुं.) कुबेर।

नरसिंह, (पुं.) विष्णु भगवान् का नर और सिंह के रूपों से मिला हुआ एक अवतार जो प्रह्लाद की रक्षा के लिये हुआ था।

नरस्कन्ध, (पुं.) बहुत से मनुष्य।

नरेन्द्र, (पुं.) राजा। विषवैद्य। २१ अक्षरों के पाद वाला एक छन्द।

नरेश, (पुं.) राजा। नराधिप।
नरोत्तम, (पुं.) राजा। वैरागी। पुरुषोत्तम।
नर्तक, (पुं.) चारण। कत्थक। नचैया।
नर्त्तन, (न.) नाच।
नर्द, (क्रि.) शब्द करना।
नर्म्मद, (पुं.) विदूषक। मसखरा। (ा) नदी विशेष।
नर्म्मन्, (न.) परिहास। क्रीड़ा।
नलकिनी, (स्त्री.) जङ्घा। लात।
नलकूबर, (पुं.) कुबेरपुत्र जिसका शापोद्धार श्रीकृष्ण ने किया था।
नलिका, (स्त्री.) नाड़ी। नाली। सुगन्धि द्रव्य।
नलिनीखण्ड, (न.) कमलिनियों का समूह।
नल्व, (पुं.) एक नाप जो चार सौ हाथ का होता है।
नव, (पुं.) नूतन। नया। स्तव। प्रशंसा।
नवग्रह, (पुं.) सूर्य्य आदि नौ ग्रह।
नवति, (स्त्री.) नब्बे की संख्या।
नवदल, (न.) नया पत्ता। कमल की कर्णिका के पास का पत्ता।
नवदुर्गा, (स्त्री.) शैलपुत्री आदि नौ दुर्गाओं की प्रतिमायें।
नवद्वारपुर, (न.) नौ द्वार वाला पुर। शरीर। देह।
नवधा, (अव्य.) नौ प्रकार।
नवधातु, (पुं.) सोना आदि नौ धातु।
नवन्, (त्रि.) नौ की संख्या।
नवनीत, (न.) नया निकाला गया। मक्खन।
नवमल्लिका, (स्त्री.) बहुत फूलों वाला वृक्ष।
नवम, (त्रि.) नवाँ। नवमी।
नवरत्न, (न.) नौ रत्नों का मेल। विक्रमादित्य की सभा के प्रसिद्ध नौ पण्डित।
नवरात्र, (न.) नौ रातें। आश्विन तथा चैत्र शुक्ला १दा से ९मी तक।
नववस्त्र, (न.) नया कपड़ा जो पहली बार ही पहना गया हो।
नवशायक, (पुं.) माली, तेली, नाई आदि जातियाँ।
नवश्राद्ध, (न.) एकादशा श्राद्ध। ग्यारहवें दिन करने योग्य श्राद्ध।
नवसूतिका, (स्त्री.) नई ब्याई गाय।
नवान्न, (न.) नया नाज या नये अनाज के आने का समय।
नवीन, (त्रि.) नूतन। नया।
नवोदक, (न.) नया पानी या नया पानी बरसने का समय।
नवोद्धृत, (न.) ताज़ा मक्खन।
नव्य, (त्रि.) नूतन। नया।
नष्ट, (त्रि.) तिरोहित। छिपा हुआ। जिसका पता न हो।
नष्टचेष्टता, (स्त्री.) संज्ञाशून्य। अचेत। बेहोशी।
नष्टाग्नि, (पु.) प्रमाद से अग्निहोत्र करना छोड़ने वाला। निरग्नि। मन्दाग्निरोगी।
नष्टेन्दुकला, (स्त्री.) चतुर्दशी से मिली हुई अमावास्या।
नस्य, (न.) सूँघनी।
नस्योत, (पुं.) नथा हुआ। बैल।
नहि, (अव्य.) निषेध। रोकना। नहिं।
नहुष, (पुं.)चन्द्रवंश का एक राजा। सर्प विशेष।
नहुषात्मज, (पुं.) नहुषपुत्र। राजा ययाति।
ना, (अव्य.) देखो नहि।
नाक, (पुं.) स्वर्ग। बड़े सुख का स्थान।
नाकिन्, (पुं.) देवता। स्वर्गवासी जीव।
नाग, (पुं.) फन और पूँछ वाले साँप। हाथी। बादल। नागकेसर। मोथा। वायु विशेष जिससे पेट में डकार आती है।
नागदन्त, (पुं.) हाथीदाँत।
नागपाश, (पुं.) वरुणदेव का एक अस्त्र।
नागर, (त्रि.) नगर का। विदग्ध। होशियार। नागरमोथा।

नागरक, (पुं.) चोर । चितेरा । मूर्त्ति बनाने वाला । कारीगर ।

नागराज, (पुं.) साँपों या हाथियों का राजा । अनन्तनामी सर्प । सर्प । हाथी । ऐरावत हाथी ।

नागलता, (स्त्री.) सर्प के आकार वाली लता । पान की बेल । पुरुषचिह्न । मूत्रनाली । शिश्न ।

नागलोक, (पुं.) पाताल । नागों के रहने का लोक ।

नागाशन, (पुं.) गरुड़ ।

नागाह्व, (पुं.) हस्तिनापुर । हाथी के नाम वाला ।

नाचिकेतस्, (पुं.) एक ऋषि । आग ।

नाट, (पुं.) नृत्य । नाच । कर्णाट देश ।

नाटक, (पुं.) पहाड़ जो कामरूप देश में है । दृश्य काव्य ।

नाटार, (पुं.) नट का पुत्र ।

नाटिका, (स्त्री.) दृश्य काव्य भेद । सुखान्त छोटा उपरूपक ।

नाटेय-र, (सं.) नटीपुत्र ।

नाट्य, (न.) नट का काम । अभिनय । कृत्य ।

नाट्यशाला, (स्त्री.) अभिनयशाला । नट-मन्दिर । नाचघर ।

नाडि-डी, (स्त्री.) शिरा । धमनी । नाड़ी । वृक्ष की शाखा । धड़ी । नली ।

नाडिन्धम, (पुं.) सुनार ।

नाडीचक्र, (न.) नाभि में रहने वाला नाड़ियों का चक्र ।

नाडीजङ्घ, (पुं.) कौआ । ब्रह्मा का प्रिय एक पुत्र ।

नाणक, (पु.) प्रशस्त । अच्छा । सिक्का ।

नाथ्, (क्रि.) गरम होना । तपना । माँगना ।

नाथ, (पुं.) अधिप । स्वामी । मालिक । शिवजी । प्रार्थना करने योग्य ।

नाथवत्, (त्रि.) पराधीन । परतंत्र । बचाने वाला ।

नाद, (पुं.) शब्द । चन्द्रबिन्दु । बड़ी ऊँची आवाज़ । एक प्रकार का प्राणवायु ।

नादेय, (न.) सैन्धा नमक । काँस । बेत । नदी अथवा नद का जल ।

नाध्, (क्रि.) माँगना ।

नाना, (अव्य.) विना । अनेक । दोनों । "नाना नारी निष्फला लोकयात्रा ।"

नानार्थ, (त्रि.) अनेक नाम और अर्थ वाला ।

नान्तरीयक, (त्रि.) अवश्यम्भावी । न टलने वाला । व्याप्त । फैला हुआ ।

नान्दी, (स्त्री.) अभ्युदयक । सम्पदा । नाटक में मङ्गलाचरण करने वाला ।

नान्दीमुख-श्राद्ध, (पुं.) अभ्युदयक श्राद्ध । श्राद्ध या पितृपूजन जो किसी मङ्गलकार्य के आरम्भ में किया जाता है ।

नान्दीवादिन्, (पुं.) नाटक के आरम्भ में मङ्गलपाठ करने वाले या कराने वाले सूत्रधार के लिये तुरही आदि बजाने वाला ।

नापित, (पुं.) नाई ।

नाभि, (पु.) द्वादश नृपों के चक्र का बीच । पहिये की धुरी । प्रधान राजा । (स्त्री.) कस्तूरी । टुड्डी ।

नाभिज, (पुं.) ब्रह्मा ।

नाम, (अव्य.) स्वीकार । आश्चर्य । स्मरण । सम्भावना । निन्दा । विकल्प । झूठ । क्रोध ।

नामकरण, (न.) एक संस्कार । जिसमें दसवें दिन नवजात कुमार का नाम रखा जाता है ।

नामधेय, (न.) नाम । संज्ञा ।

नामन्, (न.) नाम ।

नाम्य, (न.) लचीला ।

नाय, (पुं) नेता ।

नायक, (पुं.) अगुआ । नेता । स्वामी । हार के बीच की मणि । सेनापति । शृङ्गार रस का अवलम्ब रूप पति या उपपति । पहुँचाने वाला ।

नायिका, (स्त्री.) शृङ्गार रस की मुख्य पात्री । प्रेमासक्त युवती । दुर्गारूपिणी शक्ति ।

नार, (पुं.) पानी । बालक । नरों का समुदाय ।

नारक, (पुं.) नरकसम्बन्धी यातना ।

नारकिन्, (त्रि.) नरक की पीड़ा को भोगने वाला जीव । नरकवासी ।

नारङ्ग, (पुं.) रसविशेष । गाजर । सन्तरे का पेड़ ।

नारद, (पुं.) ब्रह्मदेव का मानस पुत्र । अज्ञान भङ्ग कर ज्ञान को देने वाला । मुनिविशेष । देवर्षि विशेष ।

नारसिंह, (न.) एक उपपुराण जिसमें नृसिंहजी की कथा है ।

नाराच, (न.) बाण । तीर ।

नारायण, (पुं.) नर " स्वरूप और प्रवाह से नित्य जीव-समूह स्थान हैं जिसका " अर्थात् सब का अन्तर्यामी । अथवा जलशायी । मनुस्मृति आदि स्मृतिकर्ताओं ने यहां अर्थ किया है । " आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः । ता यदस्यायनं प्रोक्तं तेन नारायणः स्मृतः ॥ " इत्यादि प्रमाणों से प्रतिपाद्य । नरों का आश्रय श्रीविष्णुभगवान् ।

नारायणक्षेत्र, (न.) गङ्गाजी के दोनों ओर की दो दो हाथ जगह इस क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध है । बदरिकाश्रम ।

नारायणबलि, (पुं.) दशगात्र-विधि होने पर अशौच निवृत्ति और मरे हुए प्राणी के उद्धार के लिये धर्मशास्त्रोक्त प्रायश्चित्त विशेष । नारायण की विशेष पूजा ।

नारायणी, (स्त्री.) विष्णु की शक्ति । लक्ष्मी । गङ्गा । शतावरी ।

नारिकेल, (पुं.) नारियल का फल या पेड़ ।

नारी, (स्त्री.) स्त्री ।

नाल, (न.) कमल की डण्डी ।

नालिक, (सं.) चौबीस मिनिट का समय ।

नालीक, (पुं.) तीर विशेष ।

नाविक, (पुं.) मल्लाह । माँझी ।

नाव्य, (त्रि.) नाव द्वारा पहुँचने वाला देश । नाव चलाने योग्य ।

नाश, (पुं.) पलायन । अदर्शन । मरण । निधन । न मिलना ।

नासत्य, (पुं.) अश्विनीकुमार ।

नास्, (स्त्री.) नथुना ।

नासा, (स्त्री.) नासिका ।

नासापुट, (पुं.) नथुना ।

नासिक्य, (त्रि.) नासिका से उत्पन्न अश्विनीकुमार ।

नास्ति, (अव्य.) नहीं । न होना ।

नास्तिक, (त्रि.) अविश्वासी । स्वर्ग । स्वर्गप्राप्ति का साधन और ईश्वर को न मानने वाला । वेद की निन्दा करने वाला । " नास्तिको वेदनिन्दकः । " चार्वाक ।

नास्तिकता, (स्त्री.) मिथ्या दृष्टि । नास्तिक होना ।

नि, (अव्य.) नीचे । बहुत । सदा । सन्देह । कौशल । फेंकना । छुटाई । हटाव । पास । आदर । देना । छुटाव । रुकाव ।

निःशलक, (त्रि.) निर्जन । एकान्त ।

निःशेष, (त्रि.) निखिल । सकल । सब । सारा ।

निःश्रयणी, (स्त्री.) सीढ़ी । नसेनी ।

निःश्रेणि-णी, (स्त्री.) बाँस की सीढ़ी या नसेनी ।

निःश्रेयस, (न.) मोक्ष । छुटकारा । मङ्गल । विज्ञान । भक्ति । शिव ।

निःश्वास, (पुं.) मुख और नाक से निकला हुआ वायु । सांस ।

निःसत्त्व, (त्रि.) धीरज रहित। कमज़ोर।
निःसम्पात, (पुं.) आधीरात।
निःसरण, (न) घर का द्वार। मरना। बुझना।
निःसार, (पुं.) सारशून्य। केले का पेड़।
निःसारण, (न.) घर से निकलने का रास्ता।
निःस्नेहा, (स्त्री.) प्रेमरहित। अतसी का वृक्ष।
निःस्व, (पुं.) निर्धन। ग़रीब।
निकट, (न.) समीप। पास।
निकर, (पुं.) समूह। सार। धन।
निकष-स, (पुं.) कसौटी। सिल्ली। सान।
निकर्षण, (न.) वास स्थानों के बाहिर घूमने फिरने का स्थान।
निकषा, (अव्य.) निकट। मध्य। राक्षसों की माता।
निकषोपल, (न.) सान। सिल्ली। कसौटी।
निकाम, (न.) इच्छानुसार। बहुत। घर। परमात्मा।
निकाय, (न.) निवास। एक धर्म वालों का समुदाय।
निकाय्य, (न.) घर।
निकार, (स.) तिरस्कार। अपमान। अपकार। छाँटना। कूटना।
निकाश, (पुं.) दृष्टि। दृश्य।
निकुञ्ज, (न.) उपवन। लता आदि से ढका हुआ स्थान।
निकुम्भ, (पुं.) कुम्भकर्ण का पुत्र। दन्ती पेड़।
निकुम्भिला, (स्त्री.) लङ्का में स्थापित एक देवीविशेष।
निकुरम्ब, (न.) समुदाय। समूह। अतिशय। बहुतसा।
निकृत, (त्रि.) तिरस्कृत। वञ्चित। धूर्त। नीच।
निकृति, (स्त्री.) धूर्तता। तिरस्कार। अपमान। निर्धनता।
निकृष्ट, (त्रि.) जाति और आचार से निन्दित। नीच। अधम।
निकेतन, (न.) घर।
निकोच, (पुं.) सिकुड़न।
निक्रमण, (सं.) कुचलना।
निक्व-क्वा-ण, (पुं.) वीणा का शब्द।
निक्षिप्त, (त्रि.) फेंका गया। स्थापित।
निक्षेप, (पुं.) धरोहर। ठीक करने के लिये शिल्पी के हाथ में सौंपी गयी वस्तु।
निखनन, (न.) खोद कर गाड़ना।
निखर्व, (पुं.) बौना। दस हज़ार करोड़। दस खर्ब संख्या।
निखात, (त्रि.) गढ़ा। खोदा हुआ।
निखिल, (त्रि.) सम्पूर्ण। सकल।
निगड, (पुं.) शृङ्खला। सकरी। हथकड़ी। बेड़ी।
निगडित, (त्रि.) बँधा हुआ।
निगद, (पुं.) भाषण। चिल्ला कर पाठ करना?
निगम, (पुं.) निश्चय। प्रतिज्ञा। वेद। न्याय शास्त्र के पञ्च अवयवों में से अन्तिम अवयव। व्यापार। वेद की शाखा। हाट। मार्ग।
निगमन, (न.) न्याय शास्त्र का अवयव विशेष।
निगा-र, (पुं.) भोजन। आहार।
निगाल, (पुं.) घोड़े के गले का स्थान।
निगुः, (पुं.) मन। मल। विष्ठा। मूल विशेष। चित्रण।
निगृहीत, (त्रि.) रोका हुआ। पीड़ित। भिड़का हुआ।
निग्रन्थन, (न.) मारण। वध।
निग्रह, (पुं.) भिड़कना। सीमा। बन्धन। कोप। मारना। प्रवृत्ति से हटाना। रोक। तिरस्कार।

निग्रहस्थान, (न.) रोकने का स्थान। गौतम कथित षोडश पदार्थों में से अन्तिम पदार्थ।

निग्राह, (पुं.) शाप। कटुवचन।

निघ्न, (पुं.) गेंद। वृक्ष। वृत्त। जितना ऊँचा उतना ही चौड़ा। पाप।

निघण्टु, (पुं.) अर्थ सहित शब्दसंग्रह। विशेष कर के वैदिक शब्दों का संग्रह। जिसे यास्क मुनि ने निरुक्त में किया है। वैद्यक का कोश जिसमें हर एक वस्तु के नाम और गुण-दोष हैं।

निघस, (पुं.) भोजन। आहार।

निघ्न, (त्रि.) अधीन। गुणा गया। " द्विगुणान्त्यनिघ्न- "लीलावती।

निचय, (पुं.) बढ़ा हुआ। ढेर। समूह।

निचाय, (पुं.) राशीकृत। समूह।

निचित, (त्रि.) पूरित। भरा हुआ। फैला हुआ। सङ्कीर्ण। मिला हुआ। रचा हुआ।

निचोल, (पुं.) डोली का परदा। दुपट्टा। चादर।

निज, (न.) अपना।

निटल, (न.) कपाल। माथा।

निलय, (न.) छिपा हुआ। गुप्त। रहस्यमय।

नितम्ब, (पुं.) कटिदेश। चूतड़। कन्धा। तट। किनारा। कमर।

नितम्बिनी, (स्त्री.) स्त्री।

नितरां, (अव्य.) सदैव। अतिशय। विशेष कर के।

नितल, (न.) बहुत नीचा। पाताल विशेष।

नितान्त, (न.) एकान्त। असाधारण। अतिशय। बहुत। सघन।

नित्य, (न.) निरन्तर। अनन्त। अक्षर। अन्त रहित। (पुं.) समुद्र।

नित्यकर्म, (न.) सन्ध्यावन्दनादि प्रतिदिन करने योग्य कर्म।

नित्यदा, (अव्य.) सदा। सदैव। रोजरोज।

विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिये नित्य किया जाय। कोई सामयिक कृत्य जो समय पर सदैव किया जाय।

नित्यमुक्त, (पुं.) परमात्मा। और शेष विष्वक्सेन आदि सूरिगण जिन्हें वेदों में "तद्विष्णोःपरमं पदꣳसदा पश्यन्ति सूरयः।" इत्यादि कहा है।

नित्ययज्ञ, (पुं.) बलि-वैश्वदेव। अग्निहोत्रादि।

नित्यसत्त्वस्थ, (त्रि.) धैर्य्यवान्।

नित्यसमास, (पुं.) समासविशेष।

नित्यानध्याय, (पुं.) वेद न पढ़ने का नियत दिन। प्रतिपदा आदि।

नित्याभियुक्त, (त्रि.) केवल शरीर की रक्षा करने वाला। योगाभ्यास में निरत।

निदर्शन, (न.) उदाहरण। अर्थालङ्कार।

निदाघ, (पुं.) गरम। पसीना। गर्मी की ऋतु।

निदाघकर, (पुं.) सूर्य्य।

निदान, (न.) आदिकारण। शुद्धि। बछड़े की रस्सी। अवसान। रोग निर्णय करने वाला। रोग का मूल कारण और सामान्य लक्षण तथा परिणामनिदर्शक ग्रन्थ विशेष। जैसे-" निदाने माधवः प्रोक्तः। " माधवनिदान ग्रन्थ। तथा और भी वैद्यक के ग्रन्थविशेष। रोग का कारण तपःफल की याचना।

निदिग्ध, (त्रि.) उपचित। बढ़ा हुआ। तेल मला गया।

निदिध्यासन, (न.) ध्यान विशेष। विचारे हुए अर्थ में निमग्न होना।

निदेश, (पुं.) शासन। आज्ञा। कथन। पास। वर्तन।

निद्रा, (स्त्री.) नींद।

निधन, (पुं.) मरण। नाश। कुल। लग्न से आठवाँ स्थान।

निधान, (न.) आश्रय। धनागार।

निधि, (पुं.) धन । वह धन जिसका कोई पानेवाला या स्वामी नहीं । अवलम्ब । जैसे " दयानिधिः " । " वारिधिः " ।

निधीश, (पुं.) कुबेर ।

निधुवन, (न.) सुरत । क्रीड़ा । संयोग । मैथुन ।

निनद, **निनाद,** } (पुं.) ध्वनि । शब्द । रथ या गाड़ी का शब्द ।

निन्दा, (स्त्री.) बुराई । अपवाद । दोष ।

निन्दक, (पुं.) निन्दा करने वाला ।

निन्द्य, (त्रि.) निन्दा करने योग्य । बुरा ।

निपत्या, (स्त्री.) युद्धभूमि ।

निपात, (पुं.) मरण । व्याकरण में च, प्र आदि अजीव-वाचक अव्यय ।

निपान, (न.) कुएँ का हौद । डुबैड़ी ।

निपीडित, (त्रि.) निचोड़ा गया ।

निपुण, (त्रि.) प्रवीण । चतुर ।

निबन्ध, (पुं.) किसी वस्तु का किसी नियत समय पर देने की प्रतिज्ञा । ग्रन्थ या प्रबन्धरचना । मूत्ररोगविशेष । बन्धन । नीम का पेड़ । अनाह रोग जिसमें मल-मूत्र रुक जाते हैं ।

निबन्धन, (न.) हेतु । बाँधना । वीणा का ऊपरी भाग ।

निभ, (पुं.) बहाना । सदृश । समान ।

निभृत, (त्रि.) गुप्त । निर्जन । एकान्त । अस्तोन्मुख । विनीत । धीं । निश्चल ।

निमज्जथु, (पुं.) अवगाहन । स्नान करना । चुपचाप स्थित रहना ।

निमज्जन, (न.) चुप रहना निश्चल रहना । जल में घुसना ।

निमंत्रण, (न.) बुलावा । आह्वान ।

निमान, (न.) मूल्य । मोल ।

निमि, (पुं.) चन्द्रवंशीय एक राजा का नाम ।

निमित्त, (न.) हेतु । कारण । चिह्न । होने वाले शुभ अशुभ को बताने वाला । शकुन । उद्देश्य ।

निमित्त कारण, (न.) न्याय शास्त्र का कारण विशेष । जो निमित्तमात्र हो जैसे घड़ा, दीपक आदि का कुम्हार, चाक, सूत्र आदि निमित्त कारण हैं । मट्टी उपादान कारण ।

निमिष, **निमेष,** } (पुं.) वह समय जितने में आँख का पलक झपकै ।

निमीलन, (न.) आँख का झपकाना । समेटना ।

निम्न, (त्रि.) गभीर । नीचा । गहरा । गढ़ा । खोल ।

निम्नगा, (स्त्री.) नदी । गहरी बहने वाली ।

निम्नोन्नत, (त्रि.) ऊँचा नीचा । दबा हुआ और उठा हुआ । असम ।

निम्ब, (पुं.) नीम का पेड़ ।

निम्लोचन, (न.) अस्तप्राय ।

नियत, (त्रि.) निश्चित । पक्का । नित्य । आचार वाला । नियम वाला । नित्य का काम ।

नियति, (स्त्री.) नियम । भाग्य ।

नियन्तृ, (पुं.) सारथि । गाड़ीवान् । प्रभु । दण्ड देने वाला ।

नियन्तृत, (त्रि.) अबाध । रुका हुआ । भले प्रकार वश में किया गया ।

नियम, (पुं.) प्रतिज्ञा । निश्चय । व्रत । शौच । सन्तोष । तप । वेदाध्ययन । ईश्वर में चित्त लगाना ।

नियामक, (पुं.) आज्ञादाता । स्वामी । माँझी ।

नियुत, (न.) दस लाख ।

नियोग, (पुं.) अवधारण । जताना । काम । काम में लगाना ।

नियोग्य, (त्रि.) प्रभु । स्वामी ।

नियोज्य, (त्रि.) जिसे काम दिया जा सकता है । भेजने योग्य । नौकर । दास । परिचारक ।

नियोजन, (न.) लगाना । आज्ञा देना । मिलाना । स्थिर करना ।

निर्, (अव्य.) निषेध । नहीं । निश्चय । बाहिर ।

निरंश, (त्रि.) अंशरहित । पतित ।

निरग्नि, (पुं.) अग्निरहित । अग्नि द्वारा किये जाने वाले वैदिक कर्म्मों से रहित ।

निरङ्कुश, (त्रि.) जो अङ्कुश से भी न माने। जो वश में न हो। वज्रहठी ।

निरञ्जन, (त्रि.) निर्मल । परब्रह्म ।

निरतिशय, (त्रि.) परमोत्कृष्ट । सर्वोत्तम । जिससे बढ़ कर कोई न हो ।

निरत्यय, (त्रि.) नाशरहित । न रुकने वाला । अमायिक । छलरहित ।

निरन्तर, (त्रि.) लगातार । निविड । सघन ।

निरपत्रप, (त्रि.) निर्लज्ज ।

निरर्गल, (त्रि.) न रुकने वाला । अबाध ।

निरर्थक, (त्रि.) व्यर्थ । निष्प्रयोजन ।

निरवग्रह, (त्रि.) बेरोक ।

निरवद्य, (त्रि.) दोषरहित । अच्छा ।

निरवयव, (पुं.) आकाररहित ।

निरवशेष, (त्रि.) सब । सारा ।

निरवसित, (त्रि.) चाण्डाल आदि नीच वर्ण ।

निरसन, (न.) परित्याग । छोड़ना । मारना । निकालना । तिरस्कार करना ।

निरस्त, (त्रि.) थूका गया । चोटिल किया गया । तिरस्कृत ।

निराकरण, (न.) निवारण । दूर करना । तिरस्कार करना ।

निराकरिष्णु, (त्रि.) निकाल देने वाला ।

निराकृति, (स्त्री.) हटाव । निवारण ।

निरामय, (त्रि.) रोग से निकला । रोग-रहित । वन का बकरा और सूकर ।

निरुक्त, (न.) वेद का एक अङ्ग विशेष । कहा हुआ । निश्चय किया हुआ ।

निरुक्ति, (स्त्री.) निर्वचन । कथन ।

निरुपाख्य, (त्रि.) अस्फुट स्वरूप ।

निरूढ, (पुं.) अविवाहित ।

निरूढ लक्षण, (स्त्री.) शक्तितुल्या । लक्षणा ।

निरूढि, (स्त्री.) प्रसिद्धि । ख्याति ।

निरूपण, (न.) तत्त्वज्ञान के अनुकूल शब्द का प्रयोग करने वाला विचार ।

निरूपित, (त्रि.) वर्णित । नियुक्त । रचित ।

निरोध, (पुं.) नाश । प्रलय । प्रतिरोध । रोक ।

निरोधन, (न.) कारागार में बन्द कर के रोकना । बन्द करना ।

निर्ऋति, (पुं.) दक्षिण और पश्चिम दिशा का पति । अलक्ष्मी । जहाँ अवश्य घृणा उत्पन्न हो । निरुपद्रव ।

निर्गुण, (पुं.) सम्पूर्ण धर्मों से शून्य । गुणहीन । मूर्ख । प्राकृत गुणरहित ईश्वर ।

निर्गुण्डी, (स्त्री.) नीरस । सूखा । कमल की जड़ । कली । सिन्धुवार का पेड़ ।

निर्ग्रन्थ, (पुं.) क्षपणक दिगम्बर । जुआरी । निर्धन । मूर्ख । असहाय । वैरागी । मुनि विशेष ।

निर्ग्रन्थिक, (पुं.) निर्गुण । कौपीन तक न पहिनने वाला । ग्रन्थिहीन ।

निर्घात, (पुं.) दो पवनों के टकराने से उत्पन्न शब्द । नाश । तूफान । भूकम्प ।

निर्घृण, (त्रि.) निर्दयी । दयाशून्य ।

निर्घोष, (पुं.) हर तरह का शब्द ।

निर्जन, (त्रि.) विजन । एकान्त ।

निर्जर, (पुं.) देवता । अमृत । बुढ़ापे से शून्य ।

निर्जरा, (स्त्री.) गुर्च । गिलो । तालपर्णी ।

निर्झर, (पुं.) झरना ।

निर्झरिणी, (स्त्री.) नदी ।

निर्णय, (पुं.) निश्चय । ज्ञान । निष्कर्ष ।

निर्णिक्त, (त्रि.) साफ । संशोधित । संस्कारित ।

निर्णेजक, (पुं.) धोबी । साफ करने वाला ।

निर्दहन, (पुं.) अग्निरहित ।

निर्दिष्ट, (त्रि.) उपदिष्ट । बतलाया हुआ । ठहराया हुआ । कहा हुआ । दिखलाया हुआ ।

निर्देश, (पुं.) शासन । आज्ञा । वेतन । " कालमेव प्रतीक्षेत निर्देशं भृतको यथा ।" देश से बाहिर हुआ ।

निर्धन, (पुं.) धन से रहित । गरीब ।

निर्धारण, (न.) पृथक्करण । निश्चय करना ।

निर्धारित, (त्रि.) निश्चय किया हुआ ।

निर्द्वन्द्व, (त्रि.) द्वन्द्वों से रहित । बेफिक्र ।

निर्बन्ध, (पुं.) हठ । प्रार्थना । आग्रह । अभिनिवेश ।

निर्बाध, (त्रि.) निरुपद्रव । बाधाशून्य । कष्टरहित ।

निर्भय, (पुं.) भयरहित । अच्छा घोड़ा ।

निर्भर, (न.) अवलम्बित । अतिमात्र ।

निर्मक्षिक, (अव्य.) मक्खी का अभाव । एकान्त ।

निर्म्मम, (त्रि.) ममताशून्य ।

निर्म्मल, (त्रि.) शुद्ध । मलरहित ।

निर्म्माल्य, (न.) देवोच्छिष्ट । विष्णु के सिवाय अन्य देवताओं को अर्पण किया पदार्थ जो उनका जूठा हो चुका हो ।

निर्मुक्त, (पुं.) बन्धनशून्य । छुटा हुआ ।

निर्मोक, (पुं.) साँप की केंचुली छोड़ने की क्रिया । सन्नाह । आकाश ।

निर्याण, (न.) हाथी के नेत्र का एक कोन । पशु के पाँव बाँधने की रस्सी । शृङ्खला । यात्रा । मोक्ष ।

निर्यातन, (न.) वैर निकालना । लौट कर देना । समर्पण । अमानत देना ।

निर्यास, (पुं.) गोंद । वृक्ष का रस । काढ़ा ।

निर्यूह, (पुं.) कील । द्वार । गोंद । मुकुट । चोटी ।

निर्वचन, (न.) धातु एवं प्रत्यय के विभाग से अर्थ कहने वाली निरुक्ति । अर्थ का निष्कर्ष ।

निर्वपण, (न.) बीज बोना । दान । पितृ श्राद्ध ।

निर्वर्तित, (त्रि.) निष्पादित । अन्त तक पहुँचाया हुआ ।

निर्वहण, (न.) कथा की समाप्ति । अन्त । नाश । नाटक की एक संधि ।

निर्वाण, (न.) मोक्ष । छुटकारा । विनाश । गजस्नान । कीचड़ । शान्त । विश्रान्त ।

निर्वाद, (पुं.) लोकापवाद । बदनामी । लोकनिन्दा ।

निर्वापण, (न.) मार डालना । देना ।

निर्वासन, (न.) निकालना । देशनिकासा देना । मारना । विसर्जन । छोड़ना ।

निर्वाह, (पुं.) कार्यसम्पादन । निष्पत्ति । अन्त । जीविका ।

निर्विकल्प, (त्रि.) जानने योग्य ज्ञान । अलौकिक अनुभव रूप ज्ञान ।

निर्विकार, (पुं) विकार अथवा परिवर्तन रहित । परमात्मा ।

निर्बीजा, (स्त्री.) एक प्रकार की सांख्य शास्त्र के मतानुसार समाधि । बेदाना ।

निर्वृति, (स्त्री.) सुस्थिति । आराम से रहना । मोक्ष । छुटकारा ।

निर्वृत्त, (त्रि.) निष्पन्न । पूरा किया हुआ ।

निर्वेद, (पुं.) अनुपाय । अवमान । उदासी । वैराग्य ।

निर्वेश, (पुं.) भोग । वेतन । विवाह । प्राप्ति ।

निर्व्यूढ, (त्रि.) त्यक्त । असमाप्त । पूरा दिखलाया गया ।

निर्हार, (पुं.) तीर के निकालने की क्रिया । मल मूत्रादि का त्याग । मृतकक्रिया ।

समूलोत्पाटन । छोड़ना । इच्छानुसार लगाना ।

निर्हारिन्, (पुं.) शव को जलाने के लिये ले जाने वाला ।

निर्ह्राद, (पुं.) शब्द ।

निलय, (पुं.) घर । आवासस्थान । रहने की जगह ।

निवपन, (न.) पिता आदि के नाम पर किसी वस्तु का देना ।

निवर्त्तन, (न.) हटाना । सौ वर्ग गज भूमि ।

निवर्हण, (न.) मारना ।

निवसति, (स्त्री.) गृह । घर ।

निवसथ, (पुं.) ग्राम । गाँव ।

निवसन, (न.) घर । कपड़ा ।

निवह, (पुं.) समुदाय । समूह । झुण्ड ।

निवात, (पुं.) वातरहित देश । कवच ।

निवातकवच, (पुं.) एक देव । प्रह्लाद का पुत्र ।

निवाप, (पुं.) पितरों के लिये दान ।

निवास, (पुं.) घर । आसरा ।

निविड, (त्रि.) घन । मोटा ।

निवीत, (न.) कण्ठ में पड़ा हुआ जनेऊ । कपड़े पहने हुए ।

निवृत्त, (न.) निरत । हटा हुआ । लौट गया । चुपचाप ।

निवृत्ति, (स्त्री.) उपरम । हटना । विरति ।

निवेदन, (न.) सम्मानपूर्वक विज्ञप्ति ।

निवेश, (पुं.) विन्यास । धरना । छावनी । विवाह । स्थान ।

निवेशन, (न.) घर । प्रवेश । रहना ।

निश्, (स्त्री.) रात । हल्दी ।

निशा, (स्त्री.) रात । हल्दी । मेष आदि राशि समूह ।

निशाकर, (पुं.) चन्द्रमा । मुर्गा ।

निशाचर, (पुं.) राक्षस । उल्लू । साँप । पिशाच । चकवा । चोर । रात को विचरने वाला ।

निशान, (न.) तीक्ष्णीकरण । तेज करना ।

निशान्त, (न.) घर ।

निशापति, (पुं.) चन्द्रमा ।

निशीथ, (पुं.) आधीरात । रात ।

निशीथिनी, (स्त्री.) रात ।

निशुम्भ, (पुं.) शुम्भ दैत्य का भाई । एक दैत्य । मलना ।

निश्चय, (पुं.) संशयरहित सिद्धान्त । निर्णय । पक्का ।

निश्चल, (त्रि.) स्थिर । पक्का । भूमि । (स्त्री.) शालपर्णी ।

निश्वास, (पुं.) साँस ।

निषङ्ग, (पुं.) तर्कस ।

निषङ्गिन्, (त्रि.) धनुषधारी ।

निषद्या, (स्त्री.) हाट । बाज़ार । दूकान । छोटा खटोला । मण्डी ।

निषद्वर, (पुं.) कीच । कामदेव ।

निषध, (पुं.) कठिन । एक देश । निषाद स्वर ।

निषाद, (पुं.) वीणा या गले का स्वर । चाण्डाल । वर्णसङ्कर विशेष ।

निषादिन्, (पुं.) महावत । हस्तिप ।

निषिद्ध, (त्रि.) बुरा । रोका हुआ । हटाया हुआ ।

निषेक, (पुं.) गर्भाधान ।

निष्क, (कि.) मापना ।

निष्क, (पुं.) सोलह माशे की तौल । १०८ रत्ती भर सोना । सोने का बर्तन ।

निष्कर्ष, (पुं.) निचोड़ । निश्चय । सार । तत्त्व ।

निष्कल, (त्रि.) कलाशून्य । जो हुनर न जानता हो । (पुं.) आश्रय ।

निष्कासित, (त्रि.) निकाला हुआ ।

निष्कुट, (पुं.) घर के पास का उपवन । खेत । अन्तःपुर । (स्त्री.) इलायची ।

निष्कुषित, (त्रि.) खण्डित । तोड़ा गया । खाल उतारा गया ।

निष्कृति, (स्त्री.) छुटकारा। मुक्ति।
निष्कृष्ट, (त्रि.) निकाला गया। खींचा गया। सारांश। निचोड़।
निष्कोषण, (न.) भीतर के हिस्सों या अंगों को बाहर निकालना।
निष्क्रमण, (न.) बाहर निकलना। एक वैदिक संस्कार।
निष्क्रय, (पुं.) बिक्री। तनख्वाह।
निष्क्रान्त, (त्रि.) निकला।
निष्क्रिय, (त्रि.) बेकार। कुछ न करने वाला।
निष्क्वाथ, (पुं.) रसा। जूस।
निष्ठा, (स्त्री.) विश्वास। दृढ़ता। अन्त।
निष्ठीवन, (न.) थूक। खखार।
निष्ठुर, (न.) निठुर। बेरहम।
निष्ठ्यूत, (त्रि.) फेंका गया। थूका गया।
निष्णात, (त्रि.) पारंगत। निपुण। नहाया हुआ।
निष्पत्ति, (स्त्री.) निपटेरा। समाप्ति। सिद्धि।
निष्पदयान, (न.) नौका। नाव।
निष्पन्न, (त्रि.) पूर्ण। समाप्त। सिद्ध।
निष्परिग्रह, (त्रि.) संन्यासी। परमहंस। अपने पास कुछ न रखने वाला।
निष्पादन, (न.) सम्पादन। पूर्ण करना।
निष्पादित, (त्रि.) समाप्त किया गया। पूरा किया गया।
निष्पाप, (त्रि.) पापरहित।
निष्प्रतिभ, (त्रि.) मूर्ख। जड़।
निष्प्रभ, (त्रि.) प्रभारहित। फीका।
निष्फल, (त्रि.) बेकार। व्यर्थ। वृथा।
निस्, (अ.) निषेध। सफलता। निश्चय। पूरा पूरा।
निसर्ग, (पुं.) स्वभाव। रूप।
निसूदन, (न.) मारना। जान लेना।
निसृष्ट, (त्रि.) न्यस्त। मध्यस्थ। पैदा किया। छोड़ा।
निसृष्टार्थ, (पुं.) दोभाषिया।
निस्तत्त्व, (त्रि.) तत्त्वशून्य। असार।
निस्तरण, (न.) उपाय। निस्तार। तैरना।
निस्तल, (त्रि.) गोल। बे पेंदे का।
निस्तार, (पुं.) उद्धार। उबार। छुटकारा।
निस्तुषित, (त्रि.) त्यागा हुआ। त्वचा-हीन।
निस्तेज, (त्रि.) तेज रहित।
निस्तोद, (पुं.) पीड़ा। व्यथा। दर्द।
निस्त्रिंश, (पुं.) खड्ग। खाँड़ा।
निस्त्रैगुण्य, (त्रि.) निष्काम।
निस्नेह, (त्रि.) रूखा। बेमुरौवत।
निस्पन्द, (पुं.) धड़कन। हिलना।
निस्पृह, (त्रि.) लापर्वाह। कोई चाह न रखने वाला।
निस्यन्द, (पुं.) टपकना। बहना।
निस्राव, (पुं.) चावल का माँड़।
निस्व, (त्रि.) उत्साहरहित। कंगाल। निर्धन। निर्बल।
निस्वन, (पुं.) शब्द।
निस्सारित, (त्रि.) निकाला गया।
निस्सीम, (त्रि.) सीमारहित। बेहद।
निहत, (त्रि.) मारा गया।
निहनन, (न.) वध करना। मार डालना।
निहन्ता, (त्रि.) मारने वाला।
निह्व, (पुं.) बुलाना। पुकारना।
निहित, (त्रि.) भीतर रक्खा हुआ।
निह्नव, (पुं.) छिपाना। कपट।
निह्नुत, (त्रि.) छिपाया गया।
निह्राद, (पुं.) अस्पष्ट भारी शब्द।
नीकार, (पुं.) तिरस्कार।
नीकाश, (पुं.) निश्चय। समान।
नीच, (त्रि.) छोटी जाति का और छोटे खोटे हृदय का।
नीचीन, (त्रि.) अधोमुख। औंधा।

नीचैः, (अ.) नीचे । थोड़ा । क्षुद्र ।
नीड़, (पुं.) झोंझ । घोंसला ।
नीड़ज, (पुं.) पक्षी । चिड़िया । घोंसले में पैदा होने वाला ।
नीत, (त्रि.) लाया गया । पहुँचाया गया ।
नीति, (स्त्री.) एक शास्त्र । न्याय । उचित व्यवहार ।
नीतिशास्त्र, (न.) नीति के ग्रन्थ ।
नीतिज्ञ, (त्रि.) नीति को जानने वाला ।
नीप, (पुं.) कदम्ब । नीला अशोक । दुपहरिया ।
नीयमान, (त्रि.) पहुँचाया जा रहा । लिया जा रहा ।
नीर, (न.) जल । रस ।
नीरज, (न.) कमल । मोती । जलजीव । (त्रि.) रज से रहित ।
नीरद, (पुं.) बादल । मोथा । (त्रि.) बे दाँत वाला ।
नीराधि, **नीरनिधि**, (पुं.) समुद्र ।
नीरन्ध्र, (त्रि.) गाढ़ा । घना । छिद्र रहित ।
नीरस, (त्रि.) रूखा । रसहीन ।
नीराजन, (न.) आरती उपतारना ।
नीरुक्, (पुं.) रोगरहित । आराम ।
नील, (पुं.) नीला । वानर विशेष । निधि विशेष । पर्वत विशेष । लाञ्छन । कलंक । नीलम मणि ।
नीलक, (न.) काला नमक ।
नीलकण्ठ, (पुं.) महादेव । एक पक्षी । पपीहा । मोर ।
नीललोहित, (पुं.) महादेव । काला और लाल मिला हुआ रंग ।
नीलाम्बर, (पुं.) बलदाऊजी । शनैश्चर । राक्षस । (न.) नीले रंग का कपड़ा ।
नीलोत्पल, (न.) नीले रंग का कमल ।
नीवार, (पुं.) तृणधान्य । तिन्नी के चावल ।
नीवी, (स्त्री.) पूँजी । स्त्रियों के लहँगे का नाला ।
नीवृत्, (पुं. स्त्री.) जनपद । देश ।
नीशार, (पुं.) पर्दा । क़नात । तंबू ।
नीहार, (पुं.) कुहासा । कुहरा ।
नु, (अ.) तर्कणा । विकल्प । अपमान । अनुनय । प्रश्न । कारण । व्यतीत ।
नुति, (स्त्री.) स्तुति । पूजा ।
नुत्त, (त्रि.) प्रेरित ।
नुन्न, (त्रि.) अस्त । प्रेरित । निरस्त ।
नूतन, (त्रि.) नया ।
नूल, (त्रि.) नया ।
नूद, (पुं.) शहतूत का दरख्त ।
नून, (त्रि.) समूचा ।
नूनम्, (अ.) निश्चय । तर्कणा । स्मरण । उत्प्रेक्षा । वचनपूर्ति ।
नूपुर, (पुं.) नेवर । बिछिया ।
नृ, (पुं.) पुरुष । मनुष्य ।
नृकरोटिका, (स्त्री.) मनुष्य की खोपड़ी ।
नृग, (पुं.) एक बड़े दानी राजा ।
नृति, (स्त्री.) नाचना ।
नृत्त, **नृत्य**, (न.) ताल लय के साथ नाचना ।
नृप, (पुं.) राजा ।
नृपति, (पुं.) राजा । कुबेर ।
नृपशु, (पुं.) पशु की तरह विवेकरहित मनुष्य ।
नृपाध्वर, (पुं.) राजसूय यज्ञ ।
नृशंस, (त्रि.) क्रूर । नीच । खूनी ।
नृसिंह, (पुं.) विष्णु का एक अवतार । मनुष्यों में शेर ।
नेजक, (पुं.) धोबी ।
नेता, (त्रि.) अगुआ । मुखिया । मालिक ।
नेत्र, (न.) मथानी की रस्सी । आँख । रथ ।
नेत्रच्छद, (पुं.) पलकें ।
नेत्रबन्ध, (पुं.) आँखमिचौनी का खेल ।
नेत्राम्बु, (न.) आँसू ।

नेदिष्ठ, (त्रि.) अत्यन्त निकटवर्ती।
नेदीयान्, (त्रि.) बहुत ही नज़दीकी।
नेप, (पुं.) पुरोहित।
नेपथ्य, (न.) रंगभूमि। स्टेज। वेशभूषा बनाने का स्थान।
नेपाल, (पुं.) नैपाल देश।
नेम, (पुं.) समय। अवधि। खण्ड। अकार। छल कपट। गढ़ा।
नेमि, (स्त्री.) गरारी। पहिये की लकीर। जैनियों के एक देवता।
नेमिश, (न.) नैमिषारण्य (नीमखार) क्षेत्र।
नेमी, (स्त्री.) पहिये की लकीर। गरारी।
नेष्ट, (त्रि.) निषिद्ध। अप्रिय। नापसन्द।
नैकट्य, (न.) निकटता।
नैकृतिक, (त्रि) चुगलखोर।
नैगम, (पुं.) उपनिषद्। ब्रह्मविद्या। बनिया। व्यापारी।
नैज, (त्रि.) अपना।
नैत्य, (न.) नित्यता।
नैपुण्य, (न.) निपुणता। चातुरी।
नैमित्तिक, (त्रि.) विशेष कारण से होने वाला (कर्म)।
नैमिष, (न.) नीमखार क्षेत्र। नैमिषारण्य। वायुपुराणोक्त वह स्थान, जहाँ ब्रह्मा का दिया हुआ मानसचक्र आरा टूट कर गिर गया और तपस्या आदि के लिये सर्वोत्तम स्थान माना गया। "निमिःशीर्यत्यस्मिन्।"
नैयायिक, (त्रि.) न्याय शास्त्र को पढ़ने या जानने वाला।
नैरन्तर्य, (न.) निरन्तरता। अखण्डता।
नैराश्य, (न.) नाउम्मैदी। आशा न रहना।
नैरुक्त, (पुं.) निरुक्तसम्बन्धी।
नैर्ऋत, (पुं.) राक्षस। पश्चिम-दक्षिण दिशा के स्वामी।
नैर्गुण्य, (न.) निर्गुणता। मुक्ति।
नैवेद्य, (न.) निवेदन (अर्पण) करने की सामग्री। भगवान् का भोग।
नैश, (त्रि.) रात का।
नैषध, (पुं.) महाराज नल। श्रीहर्ष कविराज का बनाया महाकाव्य।
नैष्कर्म्य, (न.) कर्म न करना। बेकाम रहना।
नैष्ठिक, (पुं.) बालब्रह्मचारी।
नैसर्गिक, (त्रि.) स्वाभाविक। स्वभावसिद्ध।
नो, (अ.) नहीं। अभाव। निषेध।
नोचेत्, (अ.) नहीं तो।
नोदना, (स्त्री.) प्रेरणा।
नौ, (स्त्री.) नाव। बेड़ा।
नौका, (स्त्री.) नाव।
नौकादण्ड, (पुं.) डाँड़।
न्यक्कार, (पुं.) अनादर। धिक्कार।
न्यग्रोध, (पुं.) बर्गद का पेड़।
न्यङ्कु, (पुं.) मुनिविशेष। बारहसिंगा।
न्यञ्चित, (त्रि.) औंधा।
न्यस्त, (त्रि.) रक्खा गया। त्यक्त।
न्यस्तदण्ड, (पुं.) संन्यासी।
न्यस्तशस्त्र, (त्रि.) त्यक्तशस्त्र। निहत्था।
न्याय, (पुं.) उचित। इन्साफ़। नीति। छः दर्शन शास्त्रों में से एक दर्शन शास्त्र।
न्याय्य, (त्रि.) युक्तियुक्त। मुनासिब।
न्यास, (पुं.) धरोहर। अमानत। संन्यास। रखना।
न्युब्ज, (पुं.) कुशनिर्मित स्रुवा। (न.) कमरख। (त्रि.) कुबड़ा। औंधा।
न्यून, (त्रि.) कम। निन्दा योग्य।

प

प, पीना। बचाना। वायु। पत्ता। अण्डा।
पक्क, (त्रि.) पका हुआ। दृढ़।
पक्कण, (न.) भील का घर। चाण्डाल की झोपड़ी।
पक्ष, (पुं.) १५ दिन। पखवाड़ा। पंख। सहाय। तरफ़।
पक्षक, (पुं.) खिड़की। पक्खा या कोट। दीवार।

पक्षति, (स्त्री.) पखवाड़े की आरम्भ तिथि। पड़वा। प्रतिपदा तिथि। पक्षियों के पंखों की जड़।

पक्षपात, (पुं.) तरफ़दारी। पक्ष का गिर जाना। पंख झड़ जाना।

पक्षान्त, (पुं.) अमावस और पूनों का दिन। जिसमें पखवाड़ा समाप्त हो।

पक्षिल, (त्रि.) सहायता देने वाला। वात्स्यायन मुनि।

पक्षी, (पुं.) चिड़िया। तीर। पखवाड़े वाला। महीना।

पक्ष्म, (न.) पलक।

पङ्क, (पुं. न.) कीचड़। पाप।

पङ्कज, (न.) कमल। (त्रि.) जो कीचड़ में पैदा हो।

पङ्किल, (त्रि.) मैला। कीचड़ वाला।

पङ्केरुह, (न.) कमल। सारस पक्षी।

पङ्क्ति, (स्त्री.) पाँति। क़तार। श्रेणी।

पङ्क्तिदूषक, (पुं.) धूर्त। चार आदमियों में न बैठने लायक़। अनाचारी। जिसके साथ भोजन करने से अशुद्धता हो जाय।

पङ्क्तिपावन, (पुं.) विद्वान्। गुणी। सदाचारी जिसके साथ भोजन को बैठने वाले पवित्र हो जायँ।

पङ्क्तिशः, (अ.) क़तार की क़तार। अनुक्रम से।

पङ्गु, (त्रि.) लँगड़ा। (पुं.) शनैश्चर ग्रह।

पचन, (न.) पकाना। अन्नादि का पचना।

पञ्च, (पुं.) शूद्र।

पञ्चक, (न.) पाँच का समूह। धनिष्ठा के उत्तरार्ध से रेवती तक पाँच नक्षत्र।

पञ्चकषाय, (पुं.) जामुन। सेमर। बेर आदि पाँच कसैली चीज़ें।

पञ्चकोष, (पुं.) अन्नमय। प्राणमय। मनोमय। विज्ञानमय और आनन्दमय—ये शरीर के भीतरी पाँच भाग।

पञ्चगव्य, (न.) गौ की पाँच चीज़ें—दूध, दही, घी, गोमूत्र, गोबर। त्रिवर्ण इसको पी कर अपनी देहशुद्धि मानते हैं।

पञ्चचूड़ा, (स्त्री.) एक अप्सरा।

पञ्चजन, (पुं.) एक दैत्य। पाँच आदमी। पुरुष।

पञ्चतत्त्व, (न.) पाँच तत्त्व—पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश।

पञ्चवटी, (स्त्री.) दण्डकारण्य का एक स्थान। जहाँ वनवास में रामचन्द्र ने निवास किया था। सीताहरण का स्थान।

पञ्चबाण, (पुं.) पाँच बाण वाला। कामदेव के पाँच बाण ये हैं—

"अरविन्दमशोकञ्च चूतं च नवमल्लिका।
नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्च बाणस्य सायकाः॥"

अर्थात्—कमल, अशोक, आम, नयी मालती (मधुमालती) और नीले रंग का कमल ये पाँच बाण हैं।

अथवा—

"उन्मादनस्तापनश्च स्तम्भनः शोषणस्तथा।
संमोहनश्च कामस्य पञ्च बाणाः प्रकीर्तिताः॥"

अर्थात्—पागल कर देना। सन्तप्त कर देना। कर्तव्यशून्य करना। शरीर सुखा देना और मोहित (आशक) कर देना ये पाँच बाण हैं। कामदेव।

पञ्चशाख, (पुं.) पन्शाखा। हाथ।

पञ्चसूना, (स्त्री.) चूल्हा, चक्की, बुहारी, लीपना और चलना—इनसे होने वाली जीवों की हत्या।

पञ्चाग्नि, (पुं.) चारों तरफ़ आग जला कर ऊपर से सूर्य का ताप सहना। पाँच आगें तपस्वी गरमी में दोपहर के वक़्त तापते हैं।

पञ्चाङ्ग, (न.) जिसमें तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण ये पाँच अङ्ग हों। पत्रा। तिथिपत्र। (पुं.) कछुआ। (त्रि.) पाँच अंग वाला।

पञ्चामृत, (न.) दूध, दही, घी, खाँड़ और शहद पाँचो वस्तु मिलाया हुआ एक पदार्थ।

पञ्चाल, (पुं.) पंजाब।

पञ्चाली, (स्त्री.) गुड़िया। द्रौपदी। पञ्चाल देश के राजा की कन्या।

पञ्चाशत्, (स्त्री.) पचास।

पञ्चेन्द्रिय, (न.) पाँच इन्द्रियाँ—आँख, नाक, कान, जीभ, त्वचा।

पञ्जर, (पुं. न.) हड्डियों का ढाँचा। पिंजड़ा।

पञ्जी, (स्त्री.) सूत की अड्डी। तिथिपत्र। जन्त्री।

पञ्चतय, (न.) पाँच की संख्या।

पञ्चतन्मात्र, (न.) इन्द्रियों से ग्रहण किये जाने वाले पाँच विषय—शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध।

पञ्चत्व, (न.) मरण। मृत्यु। पाँच तत्त्वों में लुप्त हो जाना।

पञ्चदश, (त्रि.) पन्द्रह।

पञ्चदशी, (स्त्री.) वेदान्त का एक ग्रन्थ। पूनों और अमावस्या तिथि। पन्द्रहवीं तिथि।

पञ्चधा, (अ.) पाँच तरह।

पञ्चनख, (पुं.) पाँच नख वाले व्याघ्र आदि जीव।

पञ्चनद, (पुं.) पञ्जाब प्रदेश।

पञ्चभूत, (न.) पञ्चतत्त्व।

पञ्चम, (त्रि.) पाँचवाँ। (पुं.) स्वरविशेष। पंचम राग।

पञ्चमकार, (न.) तन्त्रोक्त मद्य-मांस-मुद्रा-मत्स्य-मैथुन।

पञ्चमहायज्ञ, (पुं.) स्वाध्याय, अग्निहोत्र, अतिथिपूजन, तर्पण, बलिवैश्वदेव।

पञ्चमास्य, (पुं.) कोयल।

पट, (पुं.) कपड़ा।

पटकार, (पुं.) जुलाहा।

पटकुटी, (स्त्री.) तंबू।

पटच्चर, (न.) फटा पुराना कपड़ा (पुं.) चोर।

पटल, (न.) छत। पर्दा। आँख की बीमारी (फुल्ली)। ग्रन्थ विशेष।

पटह, (पुं. न.) ढोल।

पटीर, (न.) चलनी। खेत। मेघ। वंश-लोचन। कत्था। पेट। कामदेव। चंदन।

पटीयान्, (त्रि.) काम करने में होशियार।

पटोल, (पुं.) पर्वल।

पट्ट, (न.) प्रधान। नगर। चौराहा। पटा। पटड़ा। ढाल। राजा का सिंहासन। रेशम। पीसने का पत्थर।

पट्टज, (न.) रेशमी वस्त्र।

पट्टदेवी, (स्त्री.) पटरानी।

पट्टन, (न.) भारी शहर। बड़ा मुल्क।

पठ्, (क्रि.) पढ़ना। बाँचना। पाठ करना।

पड्, (क्रि.) जाना।

पण्, (क्रि.) व्यवहार करना। मोल लेना और बेचना। स्तुति करना।

पण, (पुं.) मूल्य। दाम। ताम्बा। मजदूरी। नियम। व्यवहार। अस्सी कौड़ियाँ। चार काकिनी।

पणन, (न.) बेचना।

पणव, (पुं. स्त्री.) एक प्रकार का ढोल। "पणवानकगोमुखाः"—भगवद्गीता।

पणाया, (स्त्री.) व्यवहार। मण्डी। व्योपार का लाभ। जुआ। स्तुति।

पणायित, (त्रि.) सराहा गया। प्रशंसित।

पणितव्य, (त्रि.) मोल लेने योग्य। स्तुति करने योग्य।

पण्डित, (पुं.) तत्त्व पहचानने वाली बुद्धि-वाला। विद्वान्। समझदार।

पण्डितम्मन्य, (पुं.) अपने को पण्डित मानने वाला।

पण्यवीथी, (स्त्री.) मण्डी। गञ्ज। दूकान। हाट।

पण्यस्त्री, (स्त्री.) वेश्या । रण्डी ।
पण्याजीव, (पुं.) बनिया । व्यापारी ।
पत्, (क्रि.) जाना । गिरना । नीचे आना ।
पतग (पुं.) पक्षी । चिड़िया ।
पतङ्ग, (पुं.) सूर्य्य । मकरी । पक्षी । महुए का पेड़ ।
पतञ्जलि, (पुं०) मुनिविशेष । व्याकरण के भाष्यकार ।
पतत्, (पुं.) पक्षी ।
पतत्र, (पुं.) बाजू । डहना । पर ।
पतत्रि, (पुं.) पक्षी ।
पतत्रिन्, (पुं.) पक्षी । पर वाला ।
पतद्ग्रह, (पुं.) नारद पाञ्चरात्रोक्त पञ्च कटोरी की पूजा में पाँचो पात्रों का जल गिरने का पात्र विशेष । पीकदान । खकारदान । उगालदान ।
पतयालु, (त्रि.) गिरने वाला ।
पताका, (स्त्री.) झण्डी । सौभाग्य नाटक का एक अङ्ग । छन्द का एक चक्र ।
पताकिन्, (त्रि.) पताकाधारी ।
पति, (पुं.) भर्त्ता । स्वामी । अधिपति । रक्षक ।
पतित, (त्रि.) गिरा हुआ । नीच । जातिभ्रष्ट ।
पतिम्बरा, (स्त्री.) अपनी इच्छानुसार पति को स्वीकार करने वाली कन्या । काला जीरा ।
पतिवत्नी, (स्त्री.) सधवा । सौभाग्यवती स्त्री । मकोय ।
पतिव्रता, (स्त्री.) सती । पति की आज्ञानुवर्तिनी स्त्री । पति ही का नियम धारण करने वाली ।
पत्ति, (पुं.) सेना जिसमें एक रथ, एक हाथी, ३ घोड़े, ३ पैदल सिपाही हों ।
पत्नी, (स्त्री.) विधिपूर्वक ब्याही हुई स्त्री ।
पत्र, (न.) चिट्ठी । कागज़ । पत्ता ।
पत्रभङ्ग, (पुं.) शरीर को सजाने के लिये चित्रविचित्र लिखने । रचनाविशेष । सजावट ।
" कस्तूरीवरपत्रभङ्गनिकरो सृष्टो न गण्डस्थले।"
पत्ररथ, (पुं.) पक्षी ।
पत्रसूचि, (स्त्री.) काँटा । कण्टक ।
पत्राञ्जन, (न.) मसी । स्याही ।
पत्रिन्, (पुं.) पक्षी । तीर । बाज़ पक्षी । रथी। पर्वत । ताल ।
पथ्, (क्रि.) जाना ।
पथ, (पुं.) मार्ग । रास्ता ।
पथिक, (पुं.) बटोही । राहगीर । राही ।
पथिन्, (पुं.) पथ । मार्ग ।
पथ्य, (त्रि.) रोगी के खाने के योग्य वस्तु । हितकर वस्तु । हर्र का पेड़ ।
" हरीतकी सदा पथ्या कुपथ्यं बदरीफलम् । "
पद्, (क्रि.) गल जाना । हिलना ।
पद, (न.) श्लोक का चौथा चरण । किरण । स्थान । चिह्न । उद्यम । पाँव । चरण । निश्चय । रक्षा ।
पद्ग, (त्रि.) पैदल ।
पदवि–वी, (स्त्री.) पद । रास्ता ।
पदाजि, (पुं.) पाँव से चलने वाला ।
पदाति, (पुं.) पैदल ।
पदार्थ, (पुं.) अभिधेय । वस्तुमात्र । पदों का अर्थ ।
पद्वन, (पुं.) पैदल ।
पद्धति–ी, (स्त्री.) पगडण्डी । पथ । रास्ता । पंक्ति । पूजन आदि की विधि की पुस्तक । रिवाज ।
पद्म, (न.) कमल । सेनाचक्र विशेष । दस अर्ब की संख्या । धातु । पुष्करमूल । सीसा । नाड़ीचक्र ।
पद्मकेशर, (पुं.) कमल की तिरी ।
पद्मगर्भ, (पुं.) ब्रह्मा । कमल का मध्य ।
पद्मनाभ, (पुं.) विष्णु । जिनकी नाभि में कमल हो ।

पद्मपुराण, (न.) अठारह पुराणों में से एक।
पद्मबन्ध, (पुं.) शब्दसम्बन्धी अलङ्कार विशेष।
पद्मबन्धु, (पुं.) सूर्य्य। भौंरा।
पद्मभू, (पुं.) पद्मोद्भव। ब्रह्मा।
पद्मराग, (न.) माणिक। लाल।
पद्मलाञ्छन, (पुं.) सूर्य्य। ब्रह्मा। राजा। कुबेर।
पद्मा, (स्त्री.) लक्ष्मी। लवङ्ग। मनसा देवी। कुसुम्भ का पुष्प।
पद्मासन, (न.) बैठक भेद। आसन विशेष।
पद्मिनी, (स्त्री.) कमलों का समूह। कमलों वाला देश। स्त्रीविशेष।
पद्मिन्, (पुं.) हाथी। कमलों वाला।
पद्मेशय, (पुं.) विष्णु।
पद्य, (न.) श्लोक। कविता। कवियों की छन्दोबद्ध रचना।
पन्, (क्रि.) स्तुति करना।
पनस, (पुं) कटहर। काँटाल। कण्टकीफल।
पन्न, (त्रि.) गला हुआ। गिरा हुआ।
पन्नग, (पुं.) साँप। सर्प।
पन्नगाशन, (पुं.) गरुड़। साँप का खाने वाला। सर्पभोगी।
पन्नद्धा, (स्त्री.) पाँव में बाँधी गयी। चर्म्मपादुका। जूती।
पम्पा, (स्त्री.) दक्षिणी एक तालाब। पम्पा सरोवर। जहाँ श्रीरामचन्द्र और सुग्रीव की भेट हुई थी। नदीविशेष।
पय्, (क्रि.) जाना।
पयस, (न.) दूध। जल। पानी।
पयस्य, (त्रि.) दुग्धविकार। दही, मलाई इत्यादि। बिल्ला। अर्कपुष्पिका और कुटन्विनी स्त्री।
पयस्विनी, (स्त्री.) दूध वाली। गौ। नदी। काकोली। बकरी। जीवन्ती। रात्रि।
पयोधर, (पुं.) मेघ। स्त्री का स्तन। नारियल।
पयोधि, (पुं.) समुद्र।
पयोव्रत, (न.) बारह दिन का व्रतविशेष जिसमें केवल दूध पिया जाता है।
पर, (त्रि.) भिन्न। और। दूसरा। अगला। दूर। सर्वोत्तम। छुटकारा। केवल। (न.) ब्रह्म। (पुं.) शत्रु।
परःशत, (न.) सौ से अधिक।
परःश्वस्, (अव्य.) परसों का दिन।
परःसहस्र, (न.) एक हजार से ऊपर की गिन्ती।
परकीय, (त्रि.) दूसरे का। (ा) (स्त्री.) उपनायिका।
परच्छन्द, (पुं.) दूसरे की इच्छा। पराधीन।
परजात, (त्रि.) दूसरे से उत्पन्न।
परतंत्र, (त्रि.) पराधीन। दूसरे के अधीन।
परत्व, (न.) वैशेषिक मतानुसार सिद्ध गुण विशेष एवं भेद।
परपिण्डाद्, (त्रि.) परान्नोपजीवी। दूसरे के अन्न से जीने वाला।
परपुष्ट, (पुं.) कोइल (स्त्री.) वेश्या।
परपूर्वा, (स्त्री.) दूसरा पति करने वाली स्त्री।
परभाग, (पुं.) दूसरे का हिस्सा।
परभृत्, (पुं.) काक। कौवा।
परम्, (अव्य.) नियोग। क्षेप। केवल। अनन्तर।
परम, (त्रि.) प्रधान। उत्कृष्ट। बड़ा। पहला। ओङ्कार।
परमम्, (अव्य.) अनुज्ञा। स्वीकार करना।
परमर्षि, (पुं.) ब्रह्मवेत्ता। श्रेष्ठ सन्त।
परमहंस, (पुं.) कुटीचक आदि संन्यासियों में से एक प्रकार का सबसे ऊँचा अन्तिम श्रेणी का संन्यासी।
परमाणु, (पुं.) बहुत महीन अणु।

परमात्मन्, (पुं.) परब्रह्म ।

परमान्न, (न.) खीर । दूध में पका हुआ अन्न । क्षीरान्न । देवप्रिय होने से परम संज्ञा है ।

परमायुस्, (न.) १०० वर्ष की पूरी आयु ।

परमेश्वर, (पुं.) जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और पालन का हेतु अर्थात् परमात्मा । चक्रवर्त्ती राजा ।

परम्परा, (स्त्री.) वंश । व्यवधान । सन्तति ।

परम्पराक, (न.) यज्ञार्थ पशुहनन ।

परम्परीण, (त्रि.) क्रमागत । अविच्छेद । सन्तत । त्याग ।

परवश, (त्रि.) पराधीन ।

परवत्, (त्रि.) परवश । दूसरे के अधीन ।

परशु, (पुं.) कुल्हाड़ा ।

परशुराम, (पुं.) जमदग्निपुत्र । एक ऋषि । भगवान् का चौबीस में से एक अवतार विशेष ।

परश्वध, (पुं.) कुल्हाड़ा ।

परस्पर, (त्रि.) आपस में ।

परस्मैपद, (न.) जिससे दूसरे के लिये फल का ज्ञान हो । व्याकरण में कथित तिप् आदि ।

परा, (अव्य.) उलटा । बड़ाई । बुरे वचन कहना । सामने । देना । बहादुरी । नितान्त । जाना । टूटना । तिरस्कार । लौटना ।

पराक, (पुं.) व्रतविशेष । स्वप्न । रोग विशेष । छोटा ।

पराक्रम, (पुं.) बल । जोर । वीरता ।

पराग, (पुं.) पुष्परज । उपराग । चन्दन ।

पराङ्मुख, (त्रि.) विमुख । मुँह मोड़े । नाराज ।

परांचित, (त्रि.) दूसरे द्वारा घिरा या पुष्ट हुआ । दूसरे से पाला हुआ ।

पराचीन, (त्रि.) पराङ्मुख । परकालिक । पुराना ।

पराजय, (पुं.) पराभव । तिरस्कार । दबाव । विनाश ।

परामर्श, (पुं.) युक्ति । विवेचन । सलाह ।

परायण, (न.) तत्पर और प्रिय ।

परारि, (अव्य.) व्यतीत तृतीय वर्ष । बड़ा शत्रु ।

परार्द्ध, (न.) चरम संख्या । ब्रह्मा की आयु का आधा भाग, उनके ५० वर्ष ।

परार्द्ध्य, (त्रि.) श्रेष्ठ । बहुत अच्छा ।

परावर्त, (पुं.) बदला । बदलना । विनिमय ।

पराशर, (पु.) व्यासदेव के पिता का नाम ।

परासन, (न.) मारना ।

परासु, (त्रि.) मरा हुआ । मृत ।

परास्त, (त्रि.) निरस्त । पराजित ।

पराह्न, (पुं.) परदिन । अगला दिन । दूसरा दिन ।

पराह्ण, (पुं.) दिन का पिछला हिस्सा ।

परि, (अव्य.) चारों ओर से । वर्जना । बीमारी । शेष । निकालना । पूजा । भूषण । शोक । सन्तोष । बोलना । बहुत । त्याग एवं नियम ।

परिकर, (पुं.) परिवार । पर्य्यङ्क । समारम्भ । समूह । विवेक । कमर कसना । साथी ।

परिकर्म्मन्, (न.) देह का संस्कार । भूषण । उबटन लगाना । सेवक ।

परिक्रम, (पुं.) परिक्रमा । खेल आदि ।

परिक्षित्, (पु.) अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु का पुत्र । कुरुवंश का एक राजा । परीक्षित् । इसने पाँच वर्ष की अवस्था में श्रीकृष्ण को परीक्षा से जान लिया था ।

परिखा, (स्त्री.) खाई ।

परिगत, (त्रि.) प्राप्त । ज्ञात । विस्मृत । वेष्टित । घिरा हुआ । चला गया ।

परिग्रह, (पुं.) सेना का पिछला भाग । भार्य्या । परिजन ।

परिघ, (पुं.) लोहे का मुग्दर । लोहे से मढ़ा हुआ लट्ठ । शूल । घड़ा । घर । योगों में एक योग ।

परिचय, (पुं.) पहचान । संस्तव । प्रणय ।

परिचर्य्या, (स्त्री.) सेवा । अधीनता । पूजा ।

परिचार्य्य, (पुं.) यज्ञ की आग ।

परिचारक, (पुं.) सेवक ।

परिच्छद, (पुं.) सामान । परिवार ।

परिच्छेद, (पुं.) विशेषरूप से सीमा बाँधना । सर्ग । अध्याय । सीमा । विचार ।

परिजन, (पुं.) परिवार । प्रतिपाल्यजन ।

परिणत, (त्रि.) परिपक्व । बढ़ा हुआ । किसी काम के अन्तिम फल का लाभ । टेढ़े दाँत चलाने वाला हाथी ।

परिणय, (पुं.) विवाह ।

परिणाम, (पुं.) विकार । प्रकृति का अन्यथा भाव । शेष । अर्थालङ्कार । अन्तिम फल ।

परिणाह, (पुं.) विस्तार । फैलाव ।

परिणेतृ, (पुं.) विवाह करने वाला । भर्ता । पति ।

परितस्, (अव्य.) चारों ओर से ।

परिताप, (पुं.) तपन । दुःख । शोक । गर्मी । भय । कम्प । नरकविशेष ।

परित्राण, (न.) रक्षण । बचाना । हटाना ।

परिदान, (न.) विनिमय । एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु देना ।

परिदेवन, (न.) बारम्बार सोचना । विलाप । पश्चात्ताप ।

परिधान, (न.) पहिनने का कपड़ा । पहिरना ।

परिधि, (पुं.) चन्द्र अथवा सूर्य का मण्डल । परिवेश । गोल । गूलर वृक्ष की शाखा । चारों ओर । पास ।

परिधिस्थ, (त्रि.) परिचारक । सेवक । टहलुआ । रथी की रक्षा के लिये रणभूमि में चारों ओर खड़ी सेना ।

परिपन, (न.) मूलधन । पूञ्जी ।

परिपन्थक, (पुं.) शत्रु ।

परिपन्थिन्, (पुं.) शत्रु ।

परिपाक, (पुं.) चतुराई ।

परिपाटि-टी, (स्त्री.) अनुक्रम । रीति ।

परिप्लव, (न.) चञ्चल । अस्थिर ।

परिबर्ह, (पुं.) राजा के चढ़ने योग्य घोड़ा, हाथी ।

परिभ-भा+व, (सं.) अनादर । तिरस्कार ।

परिभाषण, (न.) गालीगलौज । नियम ।

परिभाषा, (स्त्री.) कृत्रिम संज्ञा विशेष नाम ।

परिभूत, (त्रि.) तिरस्कृत । अपमानित ।

परिमण्डल, (त्रि.) गोल आकार का । गोल ।

परिमल, (पुं.) केसर चन्दनादि का उबटन । सुगन्धि ।

परिमाण, (न.) माप । बराबरी । प्रमाण । समता । तौल ।

परिमित, (त्रि.) मापा हुआ । युक्त । ठीक । तौला ।

परि-री+रम्भ, (पुं.) छाती से लगाना ।

परिवर्जन, (न.) छोड़ना । देना । मारना ।

परि-री+वर्त्त, (पुं.) बदली । विनिमय । युगान्त काल । अध्याय आदि ।

परिवह, (पुं.) सप्तवायु में से एक ।

परि-री+वाद, (पुं.) अपवाद । निन्दा । बदनामी ।

परिवादिनी, (स्त्री.) निन्दा करने वाली स्त्री ।

परि-री+वाप, (न) मुण्डन । हजामत ।

परिवापित, (त्रि.) मुड़ा हुआ ।

परि-री+वार, (पुं.) तलवार की म्यान । परिजन । कुटुम्बी ।

परिविन्न, (त्रि.) वह भाई जिसके छोटे भाई का विवाह, उसके पूर्व हो गया हो । ऐसी ही ज्येष्ठा भगिनी ।

परिविक्ति, (पुं.) अविवाहित बड़े भाई का विवाहित छोटा भाई। विवाहित छोटे भाई का अविवाहित बड़ा भाई।

परिवृत, (त्रि.) घिरा हुआ। युक्त।

परिवृढ, (त्रि.) स्वामी। मालिक।

परिवेदन, (न.) बड़े भाई से पहले छोटे का व्याह हो जाना।

परिवेश, (पुं.) घेरा। सूर्य और चन्द्रमा के बिम्ब के चारों ओर कभी २ दिखलाई पड़ने वाला मण्डल।

परिवेषण, (न.) परोसना। घेरा घेरना।

परिव्राट्, (पुं.) संन्यासी। यती।

परिव्राजक, (पुं.) संन्यासी। यती।

परिव्यय, (पुं.) चटनी।

परिशङ्कनीय, (त्रि.) शंका के योग्य। विश्वासपात्र नहीं।

परिशिष्ट, (न.) बच गया। रह गया। कोड़पत्र।

परिश्रम, (पुं.) मेहनत।

परिश्रय, (पुं.) सभा। समिति। कमेटी।

परिषद्, (स्त्री.) सभा। धर्मसभा। विद्वानों की सभा।

परिषद्वल, (त्रि.) सभासद्। मेंबर।

परिष्क, (त्रि.) परपालित। दूसरे के द्वारा पाला गया।

परिष्कार, (पुं.) साफ सुथरा।

परिष्टि, (पुं.) कष्ट।

परिष्यन्द, (पुं.) धार।

परिष्वंग, (पुं.) लिपटना। भेंटना।

परिसर, (पुं.) नदी। नगर और पहाड़ के आसपास की जगह। मौत। नियम।

परिसर्ग, (पुं.) चारों ओर से लपेटना। चारों ओर जाना।

परिसर्या, (स्त्री.) चारों ओर जाना।

परिसंवत्सर, (पुं.) पूरा साल।

परिस्कन्द, (पुं.) गाड़ी के पीछे दौड़ते चलने वाला नौकर।

परिस्यन्द, (पुं.) हिलना। टपकना। सफाई। परिवार। नौकर।

परिहार, परीहार, (पुं.) त्यागना। दोष दूर करना।

परिहास, परीहास, (पुं.) हँसी। मसखरी।

परीक्षक, (त्रि.) परीक्षा लेने वाला। परखैया।

परीक्षण, (न.) परखना। परीक्षा लेना।

परीक्षा, (स्त्री.) परखना। जाँचना। इम्तिहान।

परीक्षित्, (पुं.) पाण्डवों के पौत्र का नाम।

परीक्षित, (त्रि.) परखा गया। जाँचा गया। समझा गया।

परिताप, परीताप, (पुं.) पछतावा। गर्मी।

परीप्सा, (स्त्री.) जल्दी।

परु, (पुं.) अंग। जोड़।

परुत्, (अ.) पिछला साल। गत वर्ष।

परुष, (त्रि.) कठोर। कड़ा।

परुषेतर, (त्रि.) कोमल। नर्म।

परुस्, (न.) गाँठ। जोड़।

परेत, (त्रि.) मर गया। दूर गया।

परेतर, (त्रि.) विश्वासी। विश्वस्त।

परेतराज, (पु.) यमराज।

परेद्युः, (अ.) दूसरे दिन। कल।

परोक्ष, (अ.) अपने पीछे। आँखों की ओट में।

परोपकार, (पुं.) पराया उपकार। दूसरे की भलाई।

पर्क, (पुं.) मेल।

पर्जन्य, (पुं.) बादल। इन्द्र।

पर्ण, (न.) पत्ते। पर। पंख। पान।

पर्णशाला, (स्त्री.) पत्तों की झोपड़ी।

पर्णास, (पुं.) तुलसी।

पर्पट, (पुं.) पापड़।

पर्यङ्क, (अ.) चारों ओर ।
पर्यङ्क, (पुं.) खाट । पलँग ।
पर्यटक, (पुं.) घूमने वाला । यात्री । संन्यासी ।
पर्यटन, (न.) घूमना । फिरना । यात्रा करना ।
पर्यन्त, (पुं.) तक । तलक ।
पर्यय, (पुं.) चक्कर । लौट पौट । अनाचार ।
पर्यवधारण, (न.) दृढ़ निश्चय । दृढ़ विचार ।
पर्यवस्था, (स्त्री.) विरोध ।
पर्यश्रु, (अ.) आँसुओं से तर ।
पर्यस्त, (त्रि.) उलझापुलझा । अस्तव्यस्त । गिरा हुआ । अस्त हुआ ।
पर्याण, (न.) घोड़े की काठी ।
पर्याप्त, (न.) यथेष्ट । काफ़ी ।
पर्याय, (पुं.) बारी बारी । सिलसिला ।
पर्यालोचन, (न.) अच्छी तरह देखना-विचारना ।
पर्यावृत्त, (त्रि.) लौटा हुआ ।
पर्यास, (पुं.) किनारा ।
पर्युक, (न.) छिड़कना ।
पर्युक्षण, (न.) छिड़कना ।
पर्युदञ्चन, (न.) ऋण । क़र्ज़ ।
पर्युदस्त, (त्रि.) निवारित । रोका गया । हटाया गया ।
पर्युदास, (पुं.) निवारण । रोकना । हटाना ।
पर्युषित, (त्रि.) बासी ।
पर्येषणा, (स्त्री.) खोज । तलाश ।
पर्वत, (पुं.) पहाड़ ।
पर्वतीय, (त्रि.) पहाड़ी ।
पर्व, (न.) त्यौहार । गाँठ । हिस्सा । खंड । भाग ।
पर्वसन्धि, (पुं.) जोड़ । सूर्य और चन्द्रमा के 'ग्रहण' का समय ।
पर्शान, (पुं.) खादी । गुफा ।
पर्शु, (स्त्री.) पसली ।
पर्शुका, (स्त्री.) पसली की हड्डी ।
पर्षद्, (स्त्री.) सभा । धर्मोपदेशक पण्डितों का समाज ।
पल, (न.) एक छोटी तौल । बहुत सूक्ष्म काल । सेकंड । मांस ।
पलल, (न.) कीचड़ । मांस ।
पलाण्डु, (पुं.) प्याज ।
पलायन, (न.) भागना ।
पलाल, (पुं. न.) पुआल । पैरा ।
पलाश, (न.) पत्ता । ढाँक । हरा रंग । राक्षस ।
पलिक्नी, (स्त्री.) बुढ़िया । बचपन में ही गर्भ धारण करने वाली स्त्री ।
पलित, (न.) बालों का पकना । बदन की झुर्रियाँ ।
पल्यङ्क, (पुं.) पलँग ।
पल्लव, (पुं.) वृक्षों की कोपल । नई पत्तियां । महावर ।
पल्ली, (स्त्री.) छोटा गाँव । खेरा ।
पवन, (पुं.) हवा । (न.) साफ़ करना ।
पवनात्मज, (पुं.) हनुमान् । भीमसेन । आग ।
पवनाश, (पुं.) साँप ।
पवमान, (पुं.) वायु । हवा ।
पवि, (पुं.) वज्र । पहिए का 'हाल' ।
पवित्र, (त्रि.) शुद्ध ।
पवित्री, (स्त्री.) कुशों की बनी पैंती ।
पशु, (पुं.) मृग कुत्ता बिल्ली आदि जानवर । देवता ।
पशुपति, (पुं.) महादेव ।
पशुराट्, (पुं.) शेर । सिंह ।
पश्चात्, (अ.) पीछे ।
पश्चात्ताप, (पुं.) पछतावा । सोच ।
पश्चार्ध, , (पुं.) पिछला आधा हिस्सा ।
पश्चिम, (पुं.) पूर्व के सामने की दिशा । पछाँह ।
पश्यतोहर, (पुं.) सुनार । गिरहकट ।

पश्यन्ती, (स्त्री.) नाड़ीविशेष ।
पह्लव, (पुं.) म्लेच्छों की एक जाति ।
पा, (क्रि.) पीना, रक्षा करना ।
पांशु, (पुं.) धूलि । राख । रज ।
पांशुल, (त्रि.) मटमैला । पापी ।
पाक, (पुं.) पकना । एक दैत्य ।
पाकशाला, (स्त्री.) रसोईघर ।
पाकशासन, (पुं.) इन्द्र ।
पाक्षिक, (त्रि.) एक पक्ष का । एक पखवाड़े का ।
पाचक, (पुं.) रसोइया ।
पाचन, (न.) पचाने वाला । चूरन वगैरह ।
पाञ्चजन्य, (पुं.) विष्णु का शङ्ख ।
पाञ्चाल, (पुं.) पंजाब ।
पाटच्चर, (पुं.) चोर ।
पाटल, (पुं.) गुलाबी रंग ।
पाटलिपुत्र, (पुं.) पटना शहर ।
पाटव, (न.) होशियारी । तन्दुरुस्ती ।
पाठ, (पुं.) सबक । पढ़ना ।
पाठक, (पुं) पढ़ाने वाला । ब्राह्मणों की एक जाति ।
पाठशाला, (स्त्री.) पढ़ने की जगह । मदर्सा । स्कूल ।
पाठीन, (पुं.) पढ़िना मछली ।
पाणि, (पुं.) हाथ ।
पाणिगृहीती, (स्त्री.) भार्या । जोरू ।
पाणिग्रहण, (न.) हाथ पकड़ना । विवाह संस्कार ।
पाणिनि, (पुं.) व्याकरण के आचार्य एक प्रसिद्ध मुनि ।
पाणिनीय, (न.) पाणिनिरचित व्याकरण ।
पाणिसंग्र्या, (स्त्री.) रस्सी ।
पाण्डव, (पु.) राजा पाण्डु के लड़के युधिष्ठिर आदि ।
पाण्डु, (पुं.) चन्द्रवंशी एक राजा । पीला ।
पाण्डुर, (पुं.) पीला । कोढ़ का रोग ।
पाण्ड्य, (पुं.) एक देश ।
पात, (पुं.) पतन । गिरना । रक्षित ।
पातक, (न.) पाप ।
पातञ्जल, (न.) पतञ्जलि कथित योगशास्त्र ।
पाताल, (न.) पृथिवी के नीचे का लोक ।
पातुक, (त्रि.) गिरने वाला ।
पात्र, (न. स्त्री.) बर्तन । आधार । नाटक में अभिनय करने वाला ।
पात्रीय, (त्रि.) यज्ञीय द्रव्य ।
पाथ, (न.) जल । अग्नि । सूर्य ।
पाथस्, (न.) जल । अन्न । वायु । आकाश ।
पाथेय, (त्रि.) रास्ते में खाने के लिये भोजन ।
पाद, (पुं.) चरण । पैर । चतुर्थांश । वृक्ष की जड़ ।
पादकटक, (पुं.) नूपुर । पाँजेब । झाँझन ।
पादकृच्छ्र, (पुं.) एक प्रकार का व्रत । एक दिवस का उपवास ।
पादग्रहण, (न.) पालागन ।
पादचारिन्, (पुं.) पैरों चलने वाला । पैदल ।
पादत्राण, (न.) जूता । खड़ाऊँ ।
पादप, (पुं.) पेड़ । पीढ़ा ।
पादमूल, (न.) पैर का तलवा ।
पादविक, (त्रि.) पथिक । बटोही । पैदल ।
पादाङ्गद, (न.) बिछिया । पायजेब । झाँझन ।
पादात, (न.) सैन्य समूह ।
पादुका, (स्त्री.) जूते । खड़ाऊँ ।
पाद्य, (न.) पैर धोने का जल ।
पान, (न.) पीना । शराब । पीने का बर्तन । रक्षा । नहर ।
पानगोष्ठी, (स्त्री.) शराबियों की मण्डली ।
पानभाजन, (न.) पानपात्र । मदिरा पीने का प्याला या गिलास ।
पानीय, (न.) जल । पीने योग्य ।

पानीयशालिका, (स्त्री.) पौसाला। पौसला।
पान्थ, (पुं.) पथिक। बटोही।
पाप, (न.) बुरे कर्म।
पापघ्न, (पुं.) पाप नाश करने वाला। तिल।
पापपुरुष, (पुं.) पापी जन। दुष्ट कर्म करने वाला मनुष्य।
पापात्मन्, (पुं.) पापी।
पाप्मन्, (पुं.) पाप।
पामन, (न.) खाज।
पामघ्न, (पुं.) गन्धक।
पामन, (त्रि.) खजुहा। खाज का रोगी।
पामर, (त्रि.) नीच। मूर्ख। खल।
पायस, (पुं.) खीर।
पायु, (पुं.) गुदा। गुह्यद्वार।
पार, (क्रि.) काम समाप्त करना।
पारक्य, (त्रि.) परलोक हितकारी कर्म।
पारग, (त्रि.) दूसरे पार जाने वाला।
पारण, (न.) व्रतोद्यापन। व्रत की समाप्ति में भोजन।
पारतन्त्र्य, (पुं.) पराधीनता।
पारत्रिक, (त्रि.) परलोक के लिये हितकर।
पारद-त, (पुं.) पारा।
पारदार्य्य, (पुं.) परदार गमन।
पारमार्थिक, (त्रि.) कल्याण साधक कर्म।
पारम्पर्य्य, (न.) लगातार चला आना।
पारलौकिक, (त्रि.) दूसरे लोक का।
पारशव, (पुं.) दोगला। लोहा। कुल्हाड़े का।
पारसीक, (पुं.) देश विशेष। फारसी।
पारस्त्रैणेय, (त्रि.) परस्त्री में उत्पन्न पुत्र। जारज।
पारापत, (पुं.) कबूतर। परेवा।
पारापा-वा + र, (न.) समुद्र। पारावार।
पारायण, (न.) किसी ग्रन्थ का साद्यन्त पाठ।
पारावारीण, (त्रि.) समुद्र पार जाने वाला।
पाराशर्य, (पुं.) वेदव्यास।
पाराशरिन्, (पुं.) भिक्षुक। संन्यासी।
पाराशर्य्य, (पुं.) वेदव्यास।
पारिकाङ्क्षिन्, (पुं.) मौनव्रतधारी। ब्रह्मज्ञान चाहने वाला।
पारिजात, (पुं.) देवताओं का एक वृक्ष। नन्दनकानन का वृक्ष विशेष।
पारिणाम, (त्रि.) विवाह के समय प्राप्त धन।
पारिपन्थिक, (पुं.) चोर। डाँकू। ठग।
पारिपा-या+त्र, (पुं.) मालव देशकी सीमा का एक पर्वत।
पारिपार्श्वक, (पुं.) सूत्रधार के पास रहने वाला नट।
पारिप्लव, (न.) चञ्चल। आकुल।
पारिभाव्य, (न.) जामिन। एक प्रकार की औषधि।
पारिभाषिक, (गु.) प्रचलित। चलतू। साधारण। जगत्मान्य। विशेष अर्थवाची।
पारिमाण्डल्य, (न.) सर्वत्र विद्यमानत्व। अणु।
पारिमित्य, (सं.) सीमा। परिमित स्थान या संख्या।
पारिमुख्यिक, (गु.) मुँह के सामने। समीप।
पारियानिक, (पुं.) यात्रा करने की गाड़ी।
पारिरक्क, (पुं.) साधु। तपस्वी।
पारिविवित्य, (गु.) छोटे भाई के व्याहे जाने पर भी जो बड़ा भाई अनव्याहा रहे।
पारिशील, (पुं.) चपाती। रोटी।
पारिषद, (त्रि.) सभास्थ। सभ्य। असेसर। राजा का सहचारी।
पारिहार्य्य, (पुं.) कड़ा। पहुँची। ककना।
पारिहास्य, (न.) हँसी-खेल।
पारी, (स्त्री.) हाथी का पैर बाँधने की रस्सी। जल पीने का पात्र। प्याला। घड़ा। दुधेड़ी।

पारीण, (त्रि.) पारग । निष्णात ।
पारीणाह्य, (न.) घरेलू सामान । बर्तन आदि ।
पारीन्द्र, (पुं.) शेर । बड़ा सर्प ।
पारीरण, (पुं.) कछुवा । छड़ी । कपड़ा ।
पारु, (पुं.) सूर्य । अग्नि ।
पारुष्य, (न.) कड़ाई । निष्ठुरता ।
पारेरक, (पुं.) तलवार ।
पारोक्ष, (पुं.) अबोध । रहस्यमय । गुप्त ।
पार्घट, (न.) धूलि ।
पार्जन्य, (न.) वर्षासम्बन्धी ।
पार्थ, (पुं.) पृथापुत्र । युधिष्ठिरादि, पर विशेष कर अर्जुन ।
पार्थक्य, (न.) पृथक्त्व । जुदाई । भिन्नता ।
पार्थव, (न.) बड़प्पन । बहुतायत । चौड़ाई ।
पार्थिव, (पुं.) पृथिवी का । पृथिवी का अधिपति । राजा ।
पार्पर, (पुं.) अञ्जलि भर चावल । क्षयरोग । राक्षस । यम का नाम ।
पार्यन्तिक, (न.) अन्तिम ।
पार्वण, (त्रि.) पूर्णिमा आदि में होने वाला । श्राद्ध विशेष ।
पार्वत, (पुं.) पहाड़ी । पर्वत-सम्बन्धी ।
पार्वती, (स्त्री.) हिमालय की कन्या । शिव की स्त्री । पर्वत की वनस्पति ।
पार्वतीनन्दन, (पुं.) गणेश । कार्तिकेय ।
पार्शव, (पुं.) कुल्हाड़ा से सुसज्जित सिपाही ।
पार्शुका, (स्त्री.) पसली ।
पार्श्व, (पुं.) काँख । बगल । पास । पहिया । चक्र ।
पार्षत, (पुं.) द्रुपद और उसके पुत्र धृष्टद्युम्न की पदवी ।
पार्षद्, (पुं.) सभ्य । सभास्थ जन ।
पार्ष्णि, (पुं. स्त्री.) गिट्टे के नीचे का भाग । एड़ी । सेना का पिछला भाग ।
पार्ष्णिग्राह, (पुं.) शत्रु जो पीछे हो । सेनापति जो सेना के पिछले भाग का संचालन करता हो ।
पाल्, (क्रि.) रक्षण करना । पालन करना ।
पाल, (त्रि.) रक्षा करने वाला । रक्षक ।
पालक, (पुं.) रक्षक । राजा । चित्रक पेड़ ।
पालङ्क, (पुं.) पलङ्ग । पलकी का साग । कुन्दुरू का वृक्ष ।
पालाश, (न.) पलाशसम्बन्धी । तेजपात ।
पावक, (पुं.) आग । बिजली की आग ।
पावकी, (पुं.) अग्निपुत्र । कार्तिकेय ।
पावन, (पुं.) अग्नि । व्यासदेव । गोमय । प्रायश्चित्त । गङ्गा । हर्र । तुलसी ।
पाश, (पुं.) पशु और पक्षियों को फँसाने वाला फन्दा ।
पाशक, (पुं.) पाँसा ।
पाशपाणि, (पुं.) वरुण ।
पाशुपत, (पुं.) व्रतविशेष । अस्त्रविशेष । शिवभक्त ।
पाशुपाल्य, (न.) पशुओं का पालना । वैश्य जाति का धर्म ।
पाश्चात्त्य, (त्रि.) पश्चिम देश का ।
पाश्या, (स्त्री.) बहुत से फन्दे ।
पाष-ख+एड, (पुं.) ढोंग ।
पाषण्डिन्, (पुं.) वेदाचारत्यागी । ढोंगी ।
पाषाण, (पुं.) पत्थर ।
पाषाणदारक, (पुं.) टाँकी जिससे पत्थर फोड़े जाते हैं ।
पि, (स्त्री.) जाना ।
पिक, (पुं.) कोकिल । कोइल ।
पिकबन्धु, (पुं.) आम का पेड़ ।
पिङ्ग, (पुं.) मूसा । हरताल ।
पिङ्गल, (पुं.) नाग । रुद्र । सूर्य के समीप रहने वाला । बन्दर । खजाना एक मुनि । मङ्गलग्रह । छन्दोग्रन्थ का रचयिता । एक आचार्य । नाड़ी । राजनीति । वेश्या (स्त्री.) ।

पिङ्गाक्ष, (पुं.) शिव। सुदर्शन।
पिचण्ड, (पुं.) उदर। पेट।
पिचु, (पुं.) कपास। कुष्ठ विशेष।
पिच्च, (क्रि.) काटना। छेद करना।
पिच्छ, (न.) मोर की पूँछ और चोटी। सिंवल का पेड़। सुपारी। कोष। पंक्ति।
पिज्, (क्रि.) चमकना।
पिञ्ज, (न.) बल। काफूर। (त्रि.) विकल। (स्त्री.) हल्दी। अहिंसा।
पिञ्जट, (पुं.) कीचड़।
पिञ्जर, (न.) हरताल। सोना। नागकेसर। पिञ्जड़ा। ठठरी। घोड़ा विशेष। पीला और लाल रङ्ग।
पिट्, (क्रि.) इकट्ठा होना। शब्द करना।
पिटक, (पुं.) डलिया। पिटारी। फोड़ा।
पिठ्, (क्रि.) कष्ट उठाना। मारना।
पिठर, (पुं.) बर्तन। मथानी। थाली।
पिण्ड, (त्रिं) शरीर का एक भाग। घर का एक भाग। श्राद्ध का एक अङ्ग का बना गोलाकार सामान। हाथी का माथा। मदन पेड़। आजीवन। लोहा।
पिण्डखर्जूर, (पुं.) वृक्ष विशेष।
पिण्डयस, (न.) तेज लोहा।
पिण्डार, (पुं.) क्षपणक। गोप। गूजर।
पिण्डी, (स्त्री.) गेंद। चक्र की धुरी। पिंडुरी। अशोक वृक्ष। घर। पीढ़ा। वेदी।
पिण्डीशूर, (पुं) गृहशूर।
पिण्याक, (न.) तिलों का चूरा। हींग। खल।
पितामह, (पु.) बाबा। दादा। ब्रह्मा का नाम।
पितृ, (पुं.) पिता। बड़े लोग।
पितृकानन, (न.) श्मशान।
पितृतीर्थ, (न.) गया। तर्जनी और अङ्गूठे का मध्यभाग।
पितृपति, (पुं.) यमराज।
पितृष्वसृ, (स्त्री.) साँझ। दादी।
पितृयज्ञ, (पुं.) पितृतर्पण।
पितृयाण, (पुं.) पितरों के जाने का मार्ग।
पितृलोक, (पुं.) चन्द्रलोक से ऊपर पितरों के रहने योग्य लोक।
पितृबन्धु, (पु.) पिता के मामा के लड़के।
पितृव्य, (पुं.) चाचा। काका।
पितृष्वस्रीय, (पुं. स्त्री.) बुआ का बेटा या बेटी।
पितृसन्निभ, (पुं.) जो पिता के समान हो।
पित्त, (न.) देहस्थ धातु विशेष। गर्मी।
पित्तल, (न.) पीतल धातु। पित्त वाले स्वभाव का।
पित्र्य, (त्रि.) मधु। मघा नक्षत्र। अमावास्या।
पित्सन, (पुं.) गिरने की इच्छा वाला।
पिधान, (न.) परदा। ओढ़ना। पिछौरी।
पिनद्ध, (त्रि.) पहना हुआ। बँधा हुआ।
पिनाक, (पुं. न.) कमान। धूलि की वर्षा।
पिनाकिन्, (पुं.) महादेव।
पिपासा, (स्त्री.) पीने की इच्छा। प्यास।
पिपासु, (त्रि.) प्यासा।
पिपीलक, (पुं.) चींटा।
पिप्पल, (न.) पीपल का पेड़। जल। कपड़े का टुकड़ा। पक्षी।
पियाल, (पुं.) वृक्ष विशेष।
पिल, (क्रि.) चलाना।
पिव्, (क्रि.) सींचना।
पिश, (क्रि.) हिंसा करना।
पिशङ्ग, (पुं.) कमल की धूलि के सदृश रङ्ग वाला पीला रङ्ग।
पिशाच, (पुं.) देवयोनिभेद।
पिशित, (न.) मांस। जटामांसी।
पिशुन, (न.) क्रूर। चुगलखोर। केसर। नारद और कौआ।
पिष्, (क्रि.) पीसना।
पिष्ट, (न.) पीठी। सीसा। दला गया।

पिष्टक, (पुं. न.) चावल के चूरे का बना हुआ। पीठी।
पिष्टप, (पुं. न.) भुवन। जगत्। स्वर्ग।
पिष्टात, (पुं.) केसर आदि गन्धद्रव्य।
पिस्, (क्रि.) जाना। चमकना। सुगन्धि लगाना। बल करना। मारना। देना।
पिहित, (त्रि.) छिपा हुआ।
पी, (क्रि.) पीना।
पीठ, (पुं. न.) पीढ़ा। वेदी। चौकी।
पीड्, (क्रि.) वध करना। प्रवेश करना।
पीडन, (न.) दबाव। कष्ट। आक्रमण।
पीड़ा, (स्त्री.) व्यथा। दुःख।
पीड़ित, (त्रि.) दुःखित।
पीत, (न.) हल्दी के रङ्ग जैसा।
पीतक, (न.) केसर। हरताल। पीतल।
पीतवासस्, (पुं.) श्रीकृष्ण।
पीन, (त्रि.) स्थूल। मोटा। बूढ़ा। सम्पन्न।
पीनोध्नी, (स्त्री.) बहुत मोटे थन वाली गौ।
पीनस, (पुं.) नासिका का रोग जिसमें नाक से कीड़े झरते हैं। नाक गल कर गिर जाती है। खाँसी। जुकाम।
पीय्, (क्रि.) प्रसन्न होना।
पीयूष, (न.) अमृत। दूध।
पील्, (क्रि.) रोकना।
पीलु, (पुं.) हाथी। हड्डियों का टुकड़ा। फूल।
पीष्, (क्रि.) मोटा होना।
पीवन्, (त्रि.) स्थूल। मोटा। बल वाला। (पुं.) वायु।
पीवर, (त्रि.) युवती गौ। शतपर्णी। अश्वगन्धा। स्थूल।
पुंलिङ्ग, (न.) पुरुष का चिह्न।
पुंश्चली, (स्त्री.) असती स्त्री। दुश्चरित्रा स्त्री।
पुंस्, (क्रि.) मलना।
पुंसवन, (न.) गर्भ का संस्कार विशेष। दूध।
पुंस्त्व, (पुं.) पुरुषत्व। अङ्ग विशेष। शुक्र।
पुक्कस-श, (पुं.) चाण्डाल। अधम।
पुङ्ख, (पुं.) तीर का सिरा। पूरा।
पुङ्गव, (पुं.) बैल। किसी शब्द के पीछे आने पर इसका अर्थ उत्तम होता है जैसे नरपुङ्गव।
पुच्छ्, (क्रि.) नापना। मापना।
पुच्छ, (न.) पूँछ। द्रुम।
पुञ्ज, (पुं.) राशि। समूह। ढेर।
पुट्, (क्रि.) चमकना। जुड़ना। मिलना।
पुट, (न.) जायफल। मिट्टी के प्याले। ढँकना। दोना।
पुटभेद, (पुं.) नगर। बाजा। दरार। हड्डी का बवण्डर।
पुटिका, (स्त्री.) इलायची।
पुटित, (त्रि.) गुँथा हुआ। सम्पुट दिया हुआ।
पुड्, (क्रि.) अपमान करना।
पुड्, (क्रि.) मलना। पीसना।
पुण्, (क्रि.) धर्मकार्य करना।
पुण्डरीक, (पुं.) अग्निकोण का दिग्गज। भेड़िया। चिरा कमल का फूल। दवाई।
पुण्डरीकाक्ष, (पुं.) कमल-नयन। श्रीविष्णु। श्रीकृष्ण।
पुण्ड, (पुं.) एक प्रकार का गन्ना। माधवी लता। चित्रक। दैत्य विशेष।
पुण्य, (न.) अच्छा काम। धर्म।
पुण्यजन, (पुं.) राक्षस।
पुण्यजनेश्वर, (पु.) कुबेर।
पुण्यभूमि, (स्त्री.) आर्यावर्त्त। विन्ध्य और हिमालय के मध्य की भूमि।
पुण्यश्लोक, (त्रि.) जिसका चरित्र पुण्यदायक है। प्रसिद्ध। शुद्धयशस्वी।
"पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः।
पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः॥"

पुण्याह, (न.) पुण्य उपजाने वाला दिन। पवित्र दिन।

पुण्याहवाचन, (न.) वैदिक कर्म विशेष।

पुत्तिका, (स्त्री) छोटी मक्खी।

पुत्र, (पुं.) बेटा। तनय।

पुत्रक, (पुं.) कृत्रिम पुत्र। धूर्त। शरभ। पहाड़ विशेष।

पुत्रदा, (स्त्री.) वन्ध्या। कर्कटी। लक्ष्मण-कन्द।

पुत्रिकापुत्र, (पुं.) पुत्र के अभाव में पुत्र के स्थान में स्वीकृत लड़की। लड़की का लड़का।

पुत्रेष्टि, (स्त्री.) पुत्र के लिये यज्ञ।

पुथ्, (क्रि.) मारना। हानि पहुँचाना।

पुद्गल, (पुं.) परमाणु। शरीर। आत्मा। शिवजी का एक नाम।

पुनःपुनर, (अव्य.) धीरे धीरे। बार बार।

पुनःपुना, (पुं.) एक नदी।

पुनःसंस्कार, (पुं.) दूसरी बार संस्कार।

पुनर्, (अव्य.) भेद। फिर। अधिकार।

पुनरुक्तवदाभास, (पुं.) अलङ्कार विशेष।

पुनर्नव, (पुं.) नख। नौं।

पुनर्भू, (स्त्री.) दुबारा व्याही हुई। फिर पैदा हुआ।

पुनर्वसु, (पुं.) विष्णु। शिव। अश्विनी से सातवाँ नक्षत्र।

पुन्नाग, (पुं.) वृक्ष विशेष। श्वेत कमल। जायफल। श्रेष्ठ मनुष्य।

पुन्नाम नरक, (पुं.) नरक विशेष।

पुमान्, (पुं.) पुरुष।

पुरकोट्ट, (न.) गढ़ी।

पुरः, (अ.) आगे।

पुरःसर, (त्रि.) आगे जाने वाला।

पुर, (न.) नगर। शहर।

पुरञ्जन, (पुं.) जीव।

पुरञ्जय, (पुं.) सूर्यवंशी एक राजा। शिव। इन्द्र। (त्रि.) पुर को जीतने वाला।

पुरतः, (अ.) आगे।

पुरन्दर, (पुं.) इन्द्र। चोर।

पुरद्वार, (न.) नगर का सदर फाटक।

पुरन्धि, (स्त्री.) उत्साह।

पुरन्ध्रि, (स्त्री.) दाई। बहुत परिवार वाली स्त्री।

पुरश्चरण, (न.) किसी कार्य की सिद्धि के लिए नियमित देवपूजा। प्रयोग।

पुरस्कार, (पुं.) पूजा। इनाम। आगे करना।

पुरस्कृत, (त्रि.) आगे किया गया। इनाम को प्राप्त।

पुरस्तात्, (अ.) आगे।

पुरा, (अ.) पहले।

पुराकथा, (स्त्री.) पुरानी कथा।

पुराण, (त्रि.) पुराना। (न.) व्यासरचित अट्ठारह ग्रंथ।

पुराणपुरुष, (पुं.) विष्णु। (त्रि.) बूढ़ा आदमी।

पुरातन, (त्रि.) पुराना।

पुराधिप, (पुं.) शहर का हाकिम।

पुरावित्, (पुं.) पुरानी बातें जानने वाला। इतिहासज्ञ।

पुरावृत्त, (न.) इतिहास। तवारीख।

पुरी, (स्त्री.) नगरी।

पुरीतत्, (स्त्री.) आँत। नाड़ी।

पुरीष, (न.) विष्ठा। मैला।

पुरु, (पुं.) चन्द्रवंश का एक राजा। एक दैत्य। एक नदी। स्वर्ग। (त्रि.) बहुत।

पुरुष, (पुं.) जीव। मर्द।

पुरुषकार, (पुं.) पौरुष। हिम्मत। उद्योग।

पुरुषसिंह, (पुं.) श्रेष्ठ पुरुष। बहादुर आदमी।

पुरुषार्थ, (पुं.) शक्ति। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष।

पुरुषोत्तम, (पुं.) विष्णु । उत्तमपुरुष ।
पुरुहानि, (स्त्री.) बड़ी हानि ।
पुरुहूत, (पुं.) इन्द्र ।
पुरूरवा, (पुं.) एक चन्द्रवंशी राजा ।
पुरोग, (त्रि.) अग्रगामी ।
पुरोडाश, (पुं.) यज्ञ का देव-भाग ।
पुरोधा, (पुं.) पुरोहित । पाधा ।
पुरोभागी, (त्रि.) सबसे पहले भाग पाने वाला ।
पुलक, (पुं.) रोमाञ्च । कीड़ा । मणिचिह्न । अँगूठा । शराब का प्याला । राई । हाथी का भोजन ।
पुलस्त्य, (पुं.) एक मुनि । रावण और कुबेर का दादा ।
पुलह, (पुं.) एक मुनि ।
पुलाक, (पुं.) अन्न-शून्य ।
पुलिन, (न.) समुद्र नदी आदि का तट ।
पुलिन्द, (पुं.) चाण्डाल जाति विशेष ।
पुलोमजा, (स्त्री.) इन्द्र की स्त्री ।
पुलोमा, (पुं.) एक असुर ।
पुष्कर, (न.) एक तीर्थ । हाथी की सूँड़ । कमल । एक द्वीप । (पुं.) एक दिग्गज । एक राजा । एक पहाड़ । एक रोग ।
पुष्करिणी, (स्त्री.) कमलिनी । तलैया । पालकी ।
पुष्कल, (न.) बहुत । भरत का पुत्र ।
पुष्ट, (त्रि.) मज़बूत ।
पुष्टि, (स्त्री.) पुष्ट होना ।
पुष्प, (न.) फूल । कुबेर का विमान । एक नेत्ररोग । स्त्री का रज ।
पुष्पकरण्डक, (न.) फूलों की टोकरी । झाबा ।
पुष्पचाप, (पुं.) कामदेव । फूलों का बना धनुष ।
पुष्पदन्त, (पुं.) एक दिग्गज । एक विद्याधर जो शिव का भारी भक्त और 'महिम्न' स्तोत्र का रचने वाला हुआ है ।
पुष्पपुर, (न.) पटना शहर ।
पुष्पमास, (पुं.) चैत का महीना ।
पुष्पलिह, (पुं.) भौंरा ।
पुष्पशरासन, (पुं.) कामदेव ।
पुष्पिताग्रा, (स्त्री.) एक छन्द ।
पुष्य, (पुं. स्त्री) एक नक्षत्र ।
पुष्पलिक, (पुं.) कस्तूरी मृग ।
पुस्त, (न.) लिखना । ग्रन्थ । पलस्तर ।
पुस्तक, (पुं.) पोथी । किताब ।
पुस्तिका, (स्त्री.) पोथी । किताब ।
पूग, (पुं.) समूह । सुपारी । छन्द । काँटेदार पेड़ ।
पूगीफल, (न.) सुपारी ।
पूजक, (पुं.) पुजारी, पूजा करने वाला ।
पूजन, (न.) पूजा । पूजा करना ।
पूजा, (स्त्री.) पूजना ।
पूजनीय, (त्रि.) मान्य । पूजा करने योग्य ।
पूजार्ह, (त्रि.) पूजा के योग्य ।
पूज्य, (पुं.) ससुर । पूजा के योग्य ।
पूरय्, (क्रि.) इकट्ठा करना ।
पूत, (न.) पवित्र । सत्य । शङ्ख ।
पूतक्रतायी, (स्त्री.) शची । इन्द्राणी ।
पूतक्रतु, (पुं.) जिसने सौ यज्ञ किये हों । देवराज । इन्द्र ।
पूतना, (स्त्री) एक राक्षसी जो श्रीकृष्ण द्वारा मारी गई । हर्र । रोगविशेष ।
पूति, (स्त्री.) पवित्रता ।
पूतिक, (न.) विष्ठा । वृक्ष विशेष ।
पूतिगन्ध, (पुं.) गन्धक । इङ्गुदीवृक्ष । दुर्गन्ध ।
पूप, (पुं.) बड़ा । कचौरी ।
पूपाष्टका, (स्त्री.) अगहन बदी ८ मी को किया हुआ श्राद्ध । बड़ों की ८ मी ।
पूय्, (क्रि) बदबू उठना । फाड़ना ।
पूय, (न.) पीप । राल ।
पूर्, (क्रि.) भरना । प्रसन्न होना ।
पूर, (पुं.) नदी का चढ़ाव । सरोवर । घाव

का भराव । एक प्रकार की रोटी । नाक के द्वारा स्वाँस को धीरे धीरे खींचना । वृक्ष विशेष । गन्ध विशेष ।

पूरक, (पुं.) एक प्रकार का नींबू । प्रेत के शरीर को पूरा बनाने वाला । दसवाँ पिण्ड ।

पुरुष, (पुं.) नर । आदमी ।

पूर्ण, (त्रि.) भरा हुआ ।

पूर्णपात्र, (न.) भरा हुआ बर्तन । हर्ष का काल । यज्ञ में २५६ मुट्ठी चावलों से भरा एक पात्र विशेष ।

पूर्णमास, (पुं.) पूर्णिमा के दिन करने योग्य यज्ञ विशेष ।

पूर्णिमा, (स्त्री) पूर्णमासी ।

पूर्त्त, (न.) तालाब । कूप । भरना । समय । ढका हुआ । पूरित ।

पूर्व–र्व, (क्रि.) बसना । बुलाना ।

पूर्व–र्व, (त्रि.) प्रथम । समस्त । सारा । ज्येष्ठ भाई ।

पूर्व–र्व+देव, (पुं.) असुर । दैत्य । अच्छा देवता ।

पूर्वदेश, (पुं.) पुरबिया देश ।

पूर्वपक्ष, (पुं.) पहिला पक्ष ।

पूर्वपद, (न.) पहिला पद ।

पूर्वपर्वत, (पुं.) उदयाचल ।

पूर्वफाल्गुनी, (स्त्री.) अश्विनी से ग्यारहवाँ नक्षत्र ।

पूर्वभाद्रपद, (पुं. स्त्री.) अश्विनी से २५ वाँ नक्षत्र ।

पूर्वरङ्ग, (पुं.) अभिनय (नाटक) में पहला अभिनय ।

पूर्वरूप, (न.) रोग का निदान ।

पूर्ववादिन्, (पुं.) मुद्दई । वादी ।

पूर्वा–र्वा–षाढ़ा, (स्त्री.) अश्विनी से तीसवाँ नक्षत्र ।

पूर्वाह्ण, (पुं.) पहला आधा दिन ।

पूर्वेद्युस्, (अव्य.) पहिला दिन ।

पूल, (क्रि.) इकट्ठा करना ।

पूष्, (क्रि.) बढ़ाना ।

पूषन्, (पुं.) सूर्य्य ।

पृ, (क्रि.) काम करना । प्रसन्न होना । पालन करना ।

पृच्, (क्रि.) जोड़ना । मिलना । छूना । इकट्ठा होना ।

पृच्छा, (स्त्री.) प्रश्न । भविष्य के विषय में प्रश्न ।

पृतना, (स्त्री.) विशेष संख्या वाली सेना ।

पृथ, (क्रि.) फेंकना । फैलाना ।

पृथक्, (अव्य.) भिन्न । बिना । नानारूप वाला ।

पृथक्जन, (पुं.) नीच । मूर्ख । पामर ।

पृथग्विध, (त्रि.) नानारूप । नाना प्रकार ।

पृथा, (स्त्री.) कुन्ती ।

पृथिवी, पृथ्वी, (स्त्री.) धरा । भूमि ।

पृथिवीपति, (पुं.) भूपति । राजा ।

पृथु, (पुं) मोटा । राजा विशेष ।

पृथुक, (न०) चिड़वा । (पुं.) बालक ।

पृथुल, (त्रि.) स्थूल । मोटा ।

पृथूदर, (पुं.) थोंदिल । बड़े पेट वाला । मेढ़ा ।

पृथ्वी, (स्त्री.) धरती । भूमि । बड़ी इलायची । जीरा ।

पृदाकु, (पुं) साँप । बीछी । भेड़िया । हाथी । चित्रक वृक्ष ।

पृश्नि, (त्रि.) बौना । पतला । कमजोर । थोड़ा । श्रीकृष्ण की माँ देवकी ।

पृश्निगर्भ, (पुं.) श्रीकृष्ण ।

पृष्, (क्रि.) सींचना ।

पृषत्, (न.) बिन्दु । दाग । सींचने वाला ।

पृषत, (पुं.) चित्तादार हिरन । बून्द ।

पृषत्क, (पुं.) बाण । तीर ।

पृषदश्व, (पुं.) वायु । हवा ।

पृषदाज्य, (न.) दधिमिश्रित घृत ।
पृषन्ति, (पुं.) बून्द ।
पृषोदर, (त्रि.) धब्बों वाला ।
पृष्ठ, (न.) पीठ । स्तोत्र विशेष ।
पृष्ठतस्, (अव्य.) पीछे पीछे ।
पृष्ठदृष्टि, (पुं.) भालू । रीछ ।
पृष्ठवंश, (पुं.) पीठ की हड्डी । मेरुदण्ड ।
पृष्ठ्य, (न.) यज्ञ विशेष । घोड़ा । बैल ।
पेचक, (पुं. न.) उल्लू । हाथी की पूँछ का सिरा । पर्यङ्क । जूँ । मेघ ।
पेटक, (पुं. न.) पेटी । सन्दूक । टोकरी । थैला । ढेर ।
पेलू, (क्रि.) काँपना ।
पेल, (न.) अङ्ग विशेष । अण्डकोष ।
पेलव, (त्रि.) कोमल । नरम । सुन्दर ।
पेश-स+ल, (त्रि.) सुन्दर । दक्ष । कोमल ।
पेशि-शी, (स्त्री.) अण्डा । मांसखण्ड । तलवार की म्यान । नदी विशेष । राक्षसी विशेष । इन्द्र का वज्र । जूता ।
पेषू, (क्रि.) सेवा करना । निश्चय करना ।
पेषण, (न.) पीसना । नीच ।
पेषणि, (स्त्री.) पीसने की सिल ।
पेस, (क्रि.) जाना ।
पै, (क्रि.) सूखना । मुर्झाना ।
पैङ्गि, (पुं.) यास्क का नाम ।
पैङ्गूष, (पुं.) कान ।
पैठर, (त्रि.) पिठर में उबला हुआ ।
पैठीनसि, (पुं.) एक मुनि का नाम ।
पैण्डिक्य, (न.) भिक्षुक । भिखारी ।
पैतृक, (न.) दाय । पुरखों का ।
पैतृमत्य, (पुं.) अनब्याही स्त्री का पुत्र । किसी नामी आमी का पुत्र ।
पैतृष्वसेय, (पुं.) बुआ का बेटा ।
पैत्तल, (त्रि.) पीतल धातु का ।
पैत्र, (न.) पिता या पितरों का । पितृतीर्थ ।
पैशाच, (पुं.) अष्ट प्रकार के विवाहों में से एक दैत्य विशेष ।
पैष्टी, (स्त्री.) आटे से निकाली गयी मदिरा । गौडी ।
पो, (पुं.) पवित्र । स्वच्छ ।
पोगण्ड, (त्रि.) पाँच और दस वर्ष के बीच की अवस्था का । विकलाङ्ग । पौगण्ड ।
पोट, (पुं.) घर की नींव । संमिश्रण ।
पोटा, (स्त्री.) मर्दानी अर्थात् मूँछ दाढ़ी वाली स्त्री ।
पोटक, (पुं.) सेवक । नौकर ।
पोटिक, (पुं.) एक फोड़ा ।
पोटी, (स्त्री.) एक बड़ा मगर । गुदा ।
पोट्टलिका, (स्त्री.) पोटली । पारसल ।
पोडु, (पुं.) खोपड़ी के ऊपर वाली खोपड़ी ।
पोत, (पुं.) जहाज । किसी जानवर का बच्चा । दस वर्ष की अवस्था का हाथी । कपड़ा । छोटा पेड़ । घर की नींव ।
पोतवणिज्, (पुं.) जहाज द्वारा व्यापार करने वाला व्यापारी ।
पोतवाह, (पुं.) मल्लाह । माँझी ।
पोतास, (पुं.) एक प्रकार का कपूर ।
पोतृ, (पुं.) यज्ञ कराने वाले सोलह प्रकार के यज्ञकर्त्ताओं में से एक विष्णु का नाम ।
पोत्या, (पुं.) नावों का बेड़ा ।
पोत्रं, (न.) घुरघुराहट (शूकर की) । नाव । जहाज । बादल की गड़गड़ाहट । कपड़ा ।
पोत्रिन्, (पुं.) सूअर ।
पोथकी, (स्त्री.) आँख के पलकों पर लाल फुंसियाँ । रोहे ।
पोल, (पुं.) ढेर ।
पोलिका, (स्त्री.) गेहूँ के आटा की रोटी ।
पोलिन्द, (पुं.) जहाज का मस्तूला ।
पोष, (पु.) पालन । वृद्धि । उन्नति ।

पोषण, (न.) पालना । सेवा ।
पोषयित्नु, (पुं.) कोइल ।
पोष्यवर्ग, (पुं.) वे कुटुम्बी जिनका पालन पोषण करना कर्त्तव्य है यथा माता, पिता, गुरु, स्त्री, सन्तान, अतिथि आदि ।
पौंड्र, (पुं.) एक देश का नाम । उस देश के निवासी । ईख विशेष । भीम के शङ्ख का नाम ।
पौंड्रक, (पुं.) एक प्रकार के पौंड़े । वर्णसङ्कर विशेष ।
पौतव, (न.) एक प्रकार का माप ।
पौत्तिक, (न.) पीले रङ्ग का मधु । शहद ।
पौत्र, (पुं.) नाती । पुत्र का पुत्र ।
पौनःपुनिक, (न.) बारम्बार । दुहराया गया ।
पौनर्भव, (पुं.) दुबारा ब्याही हुई स्त्री में उत्पन्न । बारह प्रकार के पुत्रों में से एक ।
पौर, (न.) नगरसम्बन्धी । नगरवासी ।
पौरव, (पु) पुरु नामी चन्द्रवंशीय राजा का पुत्र ।
पौरस्त्य, (त्रि.) पूर्वी । पहला । आगे का ।
पौराणिक, (पुं.) पुराणज्ञ । पुराण जानने वाला ।
पौरुष, (न.) विक्रम । वीरता । उद्यम ।
पौरोगव, (पुं.) राजा के रसोईघर का अध्यक्ष ।
पौर्णमास, (पु.) पूर्णिमा को किया गया एक प्रकार का यज्ञ ।
पौर्विक, (पु.) पहला । पैतृक । पुराना ।
पौलस्त्य, (पुं.) रावण आदि ।
पौलि, (पुं.) एक प्रकार की रोटी ।
पौलोमी, (स्त्री.) शची । इन्द्राणी ।
पौष, (पु.) पूस महीना ।
प्यै, (क्रि.) बढ़ना ।
प्र, (अव्य,) आरम्भ । गति चारों ओर से । प्रथमत्व । उत्पत्ति । प्रसिद्धि । व्यवहार ।
प्रकट, (त्रि.) स्पष्ट । प्रकाश ।
प्रकम्पन, (पुं.) हवा । वायु । नरक विशेष । बहुत काँपने वाला ।
प्रकर, (पुं.) समूह । अधिकार ।
प्रकरण, (न.) प्रस्ताव । प्रसङ्ग । दृश्य काव्य विशेष । ग्रन्थ-सन्धि ।
प्रकर्ष, (पुं.) उत्कर्ष । बढ़ती । बड़ाई । उत्तमता ।
प्रकाण्ड, (पुं.) वृक्ष का वह भाग जो उसकी जड़ से शाखा पर्यन्त होता है । प्रशस्त । अच्छा ।
प्रकाम, (त्रि.) बहुत ही । इच्छानुसार । (अव्य.) मन की प्रसन्नता प्रकट करना ।
प्रकार, (पुं.) सादृश्य । भेद ।
प्रकाश, (पु.) चमक । उजियाला । विकाश ।
प्रकाशात्मन्, (पुं.) सूर्य्य । परमात्मा ।
प्रकीर्ण, (न.) बिखरा हुआ । चामर । भिन्न भिन्न जातियों का एकत्व ।
प्रकृत, (त्रि.) आरब्ध । आरम्भ कियाहुआ ।
प्रकृति, (स्त्री.) स्वभाव । चिह्न । अज्ञान । मित्र । स्वामी । पुरवासी । दुर्ग । बल । कारीगर । शक्ति । स्त्री । परमात्मा । जीव । छन्द विशेष । माता । धातु ।
प्रकृष्ट, (त्रि.) प्रधान । उत्तम ।
प्रकोष्ठ, (पुं) मणिबन्ध का अन्त । सहन । कमरा ।
प्रक्रम, (पुं.) क्रम । सिलसिला । उपक्रम ।
प्रक्रिया, (स्त्री.) रीति । भांति । राजचिह्नों का लेना । उच्च पदवी । किसी ग्रन्थ का अध्याय । जैसे " उणादि प्रक्रिया " । अधिकार विशेष । किसी ग्रन्थ का उपोद्घात का अध्याय । शब्द बनाने के नियम ।
प्रक्व-का+ण, (पुं.) वीणा का शब्द ।
प्रक्ष्वेडन, (पुं.) लोहे का तीर ।
प्रखर, (त्रि.) बड़ा पैना । घोड़े का साज । मुर्गा । कुत्ता । खच्चर ।

प्रगण्ड, (पुं.) उत्तम कपोल । कोहनी । दुर्ग की दीवाल ।

प्रगल्भ, (त्रि.) प्रतिभाशाली । हाजिर-जवाब । नायिकाविशेष ।

प्रगाढ, (त्रि.) बहुत गाढ़ा । मजबूत ।

प्रगुण, (त्रि.) दक्ष । सीधे स्वभाव का ।

प्रगृह्य, (न.) स्मृति । वाक्य । व्याकरण में स्वर सन्धि न होने योग्य पद ।

प्रगे, (अव्य.) तड़का । बड़े सबेरे ।

प्रघण, (न.) बराण्डा । लोहे का मूसल ।

प्रग्रह, (पुं.) पकड़ । घोड़े आदि की रस्सी । लगाम । किरण । बन्दी भाट । बाजू ।

प्रचण्ड, (त्रि.) दुरन्त । प्रतापी ।

प्रचय, (पुं.) एकीकरण । ढेर । जोड़ । उन्नति । वृद्धि । एक श्रुति ।

प्रचुर, (त्रि.) बहुत ।

प्रचेतस, (पुं.) वरुण । मुनि विशेष ।

प्रचेतृ, (पुं.) सारथी । रथवान् ।

प्रचेल, (न.) पीला चन्दन काष्ठ ।

प्रचेलक, (पुं.) घोड़ा ।

प्रच्छ, (क्रि.) पूँछना ।

प्रच्छद्, (क्रि.) ढकना । लपेटना । पर्दा डालना ।

प्रच्छन्न, (न.) छिपा हुआ । गुप्त ।

प्रच्छर्दिका, (स्त्री.) वमन ।

प्रच्छादन, (न.) पिछौरी ।

प्रच्छान, (न.) तीता करना ।

प्रच्छाय, (न.) घनी छाया । छायादार स्थान ।

प्रच्छिल, (त्रि.) शुष्क । जलरहित ।

प्रच्यु, (क्रि.) चला जाना । लौट जाना ।

प्रजन, (पुं.) उत्पत्ति ।

प्रजा, (स्त्री.) रियाया । सन्तान ।

प्रजापति, (पुं.) ब्रह्मा । दक्ष आदि । जामाता । सूर्य । अग्नि । विश्वकर्मा । त्वष्टा ।

प्रजावती, (स्त्री.) सन्तानवती स्त्री । भौजाई ।

प्रज्ञा, (स्त्री.) बुद्धि । सरस्वती । (पुं.) पण्डित ।

प्रज्ञान, (न.) बुद्धि । चिह्न ।

प्रञ्जु, (त्रि.) टेढ़ी जानु वाला ।

प्रड्डीन, (न.) पक्षियों की चाल या उड़ान ।

प्रणय, (पुं.) प्रीति । उत्पत्ति । स्नेह । विश्वास । निर्वाण । शान्ति ।

प्रणयिन्, (पुं.) प्रेम करने वाला । भर्त्ता । नायक ।

प्रणव, (पुं.) ओंकार ।

प्रणाद, (पुं.) कान की बीमारी ।

प्रणाम, (पुं.) झुकना । नवना । नमस्कार ।

प्रणाय्य, (त्रि.) प्रीतिश्लघ्य । शत्रु । साधु । प्रिय ।

प्रणिधान, (न.) प्रयत्न । अभिनिवेश ।

प्रणिधि, (पुं.) चर । दूत । अनुचर । माँगना ।

प्रणिपात, (पुं.) झुकना । प्रणाम ।

प्रणिहित, (त्रि.) प्राप्त । पाया । स्थापित ।

प्रणीत, (त्रि.) फेंका हुआ । बनाया हुआ । यज्ञ । संस्कारित अग्नि । यज्ञीय पात्र विशेष ।

प्रणेय, (त्रि.) अधीन ।

प्रतति, (स्त्री.) विस्तार । वल्ली । बेल ।

प्रतन, (पुं.) पुरानी वस्तु ।

प्रतल, (न.) खुली हुई अङ्गुली वाला हाथ । चाँटा ।

प्रताप, (पुं.) ताप । गर्मी । आक का पेड़ ।

प्रतारण, (न.) ठगना । धोखा देना ।

प्रति, (अव्य.) व्याप्ति । लक्षण । भाग । उलट कर देना । को । ओर । फिर ।

प्रतिकर्म्मन्, (न.) बनावटी टीमटाम ।

प्रति-ती+कार, (पुं.) बदला । चिकित्सा ।

प्रति-ती+काश-स, (त्रि.) सदृश । चमक ।

प्रतिकूल, (त्रि.) विरुद्ध ।

प्रतिकृति, (स्त्री.) प्रतिमा । सादृश्य । प्रतिनिधि । फोटो ।

प्रतिक्षण, (अव्य.) बारम्बार ।

प्रतिक्षिप्त, (त्रि.) भेजा हुआ। झिड़का हुआ । बाधित । टूट गया । तिरस्कृत ।

प्रतिग्रह, (पुं.) स्वीकार । दान लेना । सेना की पीठ । सूर्य ।

प्रतिघातन, (न.) मारना ।

प्रतिछन्दस्, (न.) आशय के अनुसार । प्रतिरूप ।

प्रतिच्छाया, (स्त्री.) प्रतिमा । सादृश्य । चित्र । प्रतिलिपि । लेख की नकल ।

प्रतिज्ञा, (स्त्री.) वचनदान । नियम लेना ।

प्रतिज्ञात, (त्रि.) वचनबद्ध । वचन दिया हुआ ।

प्रतिदान, (न.) विनिमय । बदला । तुल्य दान । धरोहर सौंपना ।

प्रतिध्वनि, (पुं.) गूञ्ज । झाँई ।

प्रतिध्वान, (पुं.) गूञ्ज । झाँई ।

प्रतिनिधि, (पुं.) प्रतिरूप ।

प्रतिपक्ष, (पुं.) विरुद्ध पक्ष वाला ।

प्रतिपत्ति, (स्त्री.) धीरज । चतुराई । गौरव । कर्त्तव्य ज्ञान । पद प्राप्ति ।

प्रतिपद्, (स्त्री.) पड़वा । प्रतिपदा । पाँव पाँव पर । बारबार ।

प्रतिपन्न, (त्रि.) अवगत । जाना हुआ । माना हुआ । बलवान् ।

प्रतिपादन, (न.) दान देना । समझाना । अपने कथन की पुष्टि ।

प्रतिबन्ध, (पुं.) अड़चन । रोक ।

प्रतिबल, (पुं.) शत्रु । बैरी ।

प्रतिभय, (त्रि.) भयानक । डरावना ।

प्रतिभा, (स्त्री.) बुद्धि ।

प्रतिभू, (पुं.) लग्नक । जामिन ।

प्रतिमा, (स्त्री.) मूर्त्ति ।

प्रतिमान, (न.) प्रतिबिम्ब । परछाही ।

प्रतिमुक्त, (त्रि.) पहिना गया । छोड़ा हुआ । जकड़ा गया । लगाया गया ।

प्रतियत्न, (पुं.) इच्छा । उपग्रह । निग्रह । संस्कार । लेना । परिश्रमी ।

प्रतियातना, (स्त्री.) प्रतिमा । तसवीर ।

प्रतियोगिन्, (त्रि.) विरुद्ध सम्बन्ध वाला ।

प्रतिरूप, (न.) प्रतिबिम्ब । परछाही ।

प्रतिविरोध, (पुं.) बाधा । रोक । अड़चन ।

प्रतिलोम, (त्रि.) उलटा । विपरीत ।

प्रतिलोमज, (पुं.) वर्णसङ्कर । दोगला ।

प्रतिवचन, (न.) उत्तर । जवाब ।

प्रतिवादिन्, (पुं.) विपक्षी । प्रतिवादी ।

प्रतिवासी, (त्रि.) पड़ोसी ।

प्रतिविधान, (न.) प्रतीकार । उपाय । यत्न ।

प्रतिबिम्ब, (न.) परछाही ।

प्रतिशासन, (न.) विरुद्ध आज्ञा ।

प्रतिश्रय, (पुं.) यज्ञशाला । सभा । घर । आसरा ।

प्रतिश्रव, (पुं.) स्वीकार । गूञ्ज ।

प्रतिश्रुत, (स्त्री.) प्रतिज्ञा ।

प्रतिषेध, (पुं.) निषेध ।

प्रतिष्टम्भ, (पुं.) रोक । अड़चन ।

प्रतिष्ठा, (स्त्री.) क्षिति । पृथिवी । छन्द जिसके प्रत्येक पाद में चार अक्षर हों । प्रतिष्ठा । आश्रय । सदा के लिये स्थिरता करना जैसे मूर्त्तिप्रतिष्ठा ।

प्रतिसर, (पुं.) सेना का पिछला भाग । हस्तसूत्र ।

प्रतिसर्ग, (पुं.) विरुद्ध रचना । प्रलय ।

प्रतिसीरा, (स्त्री.) परदा । क़नात ।

प्रतिसृष्ट, (त्रि.) तिरस्कृत । भेजा गया ।

प्रतिहत, (त्रि.) रोका गया । उलट कर मारा हुआ ।

प्रति-ती+हार, (पुं.) उलट कर चोट मारना । द्वार । द्वारपाल । दर्वान ।

प्रतीक, (पुं.) अवयव । प्रतिरूप ।

प्रतीक्षा, (स्त्री.) आवश्यकता । आशा । बाट ।
प्रतीक्ष्य, (त्रि.) पूज्य । प्रतिष्ठा योग्य ।
प्रतीचीन, (त्रि.) पश्चिमी ।
प्रतीच्छक, (पुं.) पाने वाला ।
प्रतीति, (स्त्री.) निश्वास । ख्याति । आदर । हर्ष ।
प्रतीत्त, (त्रि.) फेरा हुआ । वापिस किया गया ।
प्रतीन्धक, (पुं.) विदेह देश ।
प्रतीनाह, (पुं.) झण्डा । निशान ।
प्रतीप, (त्रि.) प्रतिकूल । चन्द्रवंशी एक राजा ।
प्रतीपदर्शिनी, (स्त्री.) स्त्री । औरत ।
प्रतीर, (न.) तट । किनारा ।
प्रतोद, (पुं.) चाबुक ।
प्रतोली, (स्त्री.) गली ।
प्रत्न, (त्रि.) पुराना ।
प्रत्यक्ष, (अव्य.) आँख के सामने ।
प्रत्यग्र, (त्रि.) नया । साफ़ हुआ ।
प्रत्यच्, (त्रि.) पिछला समय । पश्चिम दिशा ।
प्रत्यन्तपर्वत, (पुं.) बड़े पहाड़ के पास की पहाड़ी ।
प्रत्यभियोग, (पुं.) वादी पर अभियोग ।
प्रत्यभिवाद, (पुं.) आशीर्वाद ।
प्रत्यय, (पुं.) शपथ । विश्वास । अधीन । शब्द । छिद्र । आधार । निश्चय । कारण । व्याकरण का शब्द विशेष ।
प्रत्ययित, (त्रि.) प्राप्त । विश्वासी । लौटा ।
प्रत्यर्थिन्, (त्रि.) शत्रु । प्रतिवादी ।
प्रत्यर्पण, (न.) प्रतिदान । लौटाना ।
प्रत्यवसान, (न.) भोजन । खाना ।
प्रत्यवसित, (त्रि.) भुक्त । खाया हुआ ।
प्रत्यवस्कन्द, (पुं.) आईनी चार प्रकार के जवाबों में से एक । औषध विशेष ।
प्रत्यवस्थातृ, (त्रि.) शत्रु । प्रतिवादी ।
प्रत्यवाय, (पुं.) पाप । दोष । अड़चन । लोप । हताश ।
प्रत्याख्यात, (त्रि.) अस्वीकृत । उत्तर दिया गया ।
प्रत्याख्यान, (न.) अस्वीकार । उत्तर दे देना ।
प्रत्यादिष्ट, (त्रि.) निकाला गया । तिरस्कृत । अस्वीकृत ।
प्रत्यादेश, (पुं.) निकालना । अस्वीकार करना ।
प्रत्यालीढ, (न.) धनुषधारी का पैंतरा । चाटा हुआ ।
प्रत्यासन्न, (त्रि.) अति निकटस्थ ।
प्रत्याहार, (पुं.) वापिस लेना ।
प्रत्युत्क्रम, (पुं.) युद्ध की तयारी । काम करना ।
प्रत्युत्तर, (न.) उत्तर का उत्तर ।
प्रत्युत्थान, (न.) विरुद्ध खड़े होना । अगवानी । आगत व्यक्ति के सम्मानार्थ निज आसन छोड़ कर उठना ।
प्रत्युत्पन्नमति, (त्रि.) समय पर उचित बुद्धि का उत्पन्न होना ।
प्रत्युद्गमनीय, (न.) उपस्थान के योग्य । पूजा के योग्य ।
प्रत्यूष, (पुं.) प्रभात । सबेरा । आठ वसुओं में से एक ।
प्रत्यूह, (पुं.) विघ्न । रुकावट ।
प्रथ्, (कि.) प्रसिद्ध होना ।
प्रथम, (त्रि.) पहिला । प्रधान ।
प्रथित, (त्रि.) प्रसिद्ध ।
प्रथिमन्, (पुं.) मुटाई । बड़प्पन ।
प्रदर, (पुं.) फाड़ना । योनि का रोग विशेष ।
प्रदीप, (पुं.) दीप । दीवा ।
प्रदीपन, (पुं.) उदराग्नि को भड़काने वाला ।

प्रदेश, (पुं.) एक देश । दीवाल ।
प्रदेश-शि+नी, (स्त्री.) तर्जनी अङ्गुली ।
प्रद्युम्न, (पुं.) कामदेव । श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ पुत्र का नाम । भगवान् के प्रधान चार व्यूहों में से एक ।
प्रद्रव, (पुं.) भागना ।
प्रधन, (न.) युद्ध । लड़ाई ।
प्रधान, (न.) मुख्य । परमात्मा । प्रशस्त । वज़ीर ।
प्रधि, (पुं.) पहिया । धुरा ।
प्रपञ्च, (पुं.) संसार । उलटापन । इकट्ठा । ठगना ।
प्रपथ्या, (स्त्री.) हरीतकी । हर्र ।
प्रपद्, (न.) पाँव के आगे का भाग ।
प्रपन्न, (त्रि.) शरणागत ।
प्रपा, (स्त्री.) पौसाला । पौंसला ।
प्रपात, (पुं.) झरना । कूल । किनारा । आश्रय-दान ।
प्रपितामह, (पुं.) बाबा का पिता । ब्रह्मा ।
प्रपौत्र, (पुं.) पौत्र का बेटा । परती ।
प्रफुल्ल, (त्रि.) खिला हुआ ।
प्रबन्ध, (पुं.) सन्दर्भ । ग्रन्थादि की रचना ।
प्रवाल, (न.) नया पत्ता । लाल रङ्ग । मूँगा । बीन का डण्डा ।
प्रबोध, (पुं.) अच्छी समझ । ज्ञान ।
प्रबोधन, (न.) जागना । चेतना । समझना ।
प्रबोधनी, (स्त्री.) कार्तिक शुक्ला ११ । जगाने वाली वस्तु ।
प्रभञ्जन, (न.) वायु । हवा ।
प्रभद्र, (पुं.) नीम का पेड़ ।
प्रभव, (पुं.) उत्पादक । बल । जन्म ।
प्रभा, (पुं.) चमक । दीप्ति ।
प्रभाकर, (पुं.) सूर्य । मीमांसा शास्त्र के रचने वाले ।
प्रभात, (न.) सवेरा ।
प्रभाव, (पुं.) राजाओं का कोष और दण्ड से उत्पन्न तेज । सामर्थ्य ।
प्रभास, (पुं.) एक तीर्थ "प्रभासक्षेत्र जिसकी कथा श्रीमद्भागवत में है" ।
प्रभिन्न, (पुं.) मस्त हाथी । अन्तर वाला ।
प्रभु, (पुं.) विष्णु । पारा । शक्र । स्वामी ।
प्रभूत, (पुं.) प्रचुर । बहुत ऊँचा ।
प्रभृति, (अव्य.) तब से ले कर ।
प्रमथ, (पुं.) शिव का एक अनुचर । घोड़ा । (स्त्री.) हर्र ।
प्रमथन, (न.) वध । क्लेश देना ।
प्रमथाधिप, (पुं.) शिव । प्रमथादि गणों का स्वामी ।
प्रमदवन, (न.) राजा का विलासवन ।
प्रमदा, (स्त्री.) सुन्दरी स्त्री ।
प्रमनस्, (त्रि.) जिसका मन बहुत खुश होता है ।
प्रमा, (स्त्री.) यथार्थ ज्ञान ।
प्रमाण, (न.) मर्यादा । शास्त्र । हेतु । प्रमाता ।
प्रमातामह, (पुं.) नाने का पिता ।
प्रमाद, (पुं.) अनवधानता । असावधानी । लापरवाही ।
प्रमापण, (न.) मारना ।
प्रमिति, (स्त्री.) प्रमा । यथार्थ ज्ञान ।
प्रमीत, (त्रि.) मर गया । यज्ञार्थ मारा हुआ पशु ।
प्रमीला, (स्त्री.) तन्द्रा ।
प्रमुख, (त्रि.) मान्य । समूह । सुपारी । अच्छा । आरम्भ ।
प्रमुदित, (त्रि.) प्रसन्न ।
प्रमेह, (पुं.) एक प्रकार का रोग ।
प्रमोद, (पुं.) हर्ष ।
प्रयत, (त्रि.) पवित्र । साफ़ । शुद्ध ।
प्रयत्न, (पुं.) विशेष चेष्टा । प्रयास । आदर ।

प्रयाग, (पुं.) गङ्गा और यमुना के सङ्गम का प्रसिद्ध तीर्थ। इन्द्र। घोड़ा।
प्रयास, (पुं.) प्रयत्न।
प्रयुत, (न.) दस लाख।
प्रयोक्तृ, (त्रि.) प्रयोग करने वाला। ऋण-दाता। लगाने वाला।
प्रयोग, (पुं.) अनुष्ठान। निदर्शन। मसाल। घोड़ा। कार्य अथवा औषधादि की योजना।
प्रयोजक, (पुं.) लगाने वाला। प्रेरक।
प्रयोजन, (न.) हेतु। मतलब। अभिप्राय।
प्रयोज्य, (त्रि.) लगाने योग्य।
प्ररूढ़, (त्रि.) बढ़ा हुआ। उत्पन्न हुआ।
प्रलम्ब, (पुं.) एक दैत्य।
प्रलम्बघ्न, (पुं.) प्रलम्ब को मारने वाले बलदेवजी।
प्रलय, (पुं.) नाश। छिपना।
प्रलाप, (पुं.) अनर्थक वाक्य। बकवाद।
प्रवचन, (न.) वेदार्थ ज्ञान।
प्रवण, (पुं.) चौराहा। चौड़ा। नम्र। झुका हुआ। निर्बल।
प्रवयस्, (त्रि.) बड़ी उम्र वाला। बूढ़ा।
प्रवर, (पुं.) श्रेष्ठ। अगुरुचन्दन।
प्रवर्ग, (पुं.) होमाग्नि विशेष।
प्रवर्त्तक, (त्रि.) काम में लगाने वाला।
प्रवर्त्तना, (स्त्री.) व्यापार। काम में लगाना।
प्रवर्ह, (त्रि.) श्रेष्ठ। अच्छा।
प्रवह, (पुं.) वायु विशेष।
प्रवहण, (न.) डोली। पालकी।
प्रवाद, (पुं.) गौगा। अफवाह।
प्रवास, (पुं.) विदेश वास।
प्रवासन, (त्रि.) विदेश वास। मारना।
प्रवासिन्, (त्रि.) परदेशी।
प्रवाह, (पुं.) जल की धार। व्यवहार। अच्छा घोड़ा।
प्रविदारण, (न.) युद्ध। लड़ाई।
प्रवीण, (त्रि.) निपुण। चतुर। बीन का गवैया।
प्रवृत्ति, (स्त्री.) बात। अवन्ती आदि देश।
प्रवृद्ध, (त्रि.) बढ़ा हुआ। प्रौढ़। गाढ़ा।
प्रवेक, (त्रि.) प्रधान। सर्दार। बड़ा।
प्रवेणि-णी, (स्त्री.) स्त्रियों के केश का जूड़ा। चित्रित कम्बल। जहाज़।
प्रवेश, (पुं.) भीतर जाना।
प्रवेशन, (न.) प्रधान द्वार। बड़ा द्वार। सिंहद्वार।
प्रव्रजित, (पुं.) संन्यासी। जैन का शिष्य।
प्रव्रज्या, (स्त्री.) संन्यास।
प्रव्रज्यावसति, (पुं.) यति। संन्यासी।
प्रशंसा, (स्त्री.) गुणों को प्रकट करने वाले वाक्य। तारीफ।
प्रशमन, (न.) वध। मारना। हटाना। ठंढा करना।
प्रशस्त, (त्रि.) प्रशंसा के योग्य। अच्छा। चौड़ा। योग्य।
प्रश्न, (पुं.) जिज्ञासा। सवाल।
प्रश्रय, (पुं.) स्नेह। प्यार।
प्रश्रित, (त्रि.) विनीत। सीखा हुआ। भला।
प्रष्ठ, (त्रि.) आगे जाने वाला।
प्रष्ठवाह, (पुं.) घोड़ा। बैल।
प्रसक्त, (त्रि.) प्रसङ्ग। जुड़ा हुआ।
प्रसक्ति, (स्त्री.) आपत्ति और अनुमति। प्रसङ्ग। लगन।
प्रसङ्ग, (पुं.) आपत्ति। मेल। मैथुन।
प्रसन्न, (त्रि.) निर्मल। साफ। सन्तुष्ट।
प्रसत्ति, (स्त्री.) सफाई। प्रसन्नता।
प्रसभ, (न.) बलात्कार। हठपूर्वक।
प्रसर, (पुं.) उत्पत्ति। वेग। समूह। युद्ध। नीवार। पास जाना। फैला हुआ।
प्रसर्पण, (न.) सेना के लोगों का चारों

ओर फैलना । किसी विषय जल आदि का फैलना ।

प्रसव, (पुं.) गर्भमोचन । उत्पत्ति । फल ।

प्रसवित्री, (स्त्री.) जननी । माता । जच्चा ।

प्रसव्य, (त्रि.) विरुद्ध । विपरीत ।

प्रसह्य, (अव्य.) हठात् । जोरावरी ।

प्रसह्यचौर, (पुं.) धाड़ा मारने वाला । चोर ।

प्रसाद, (पुं.) अनुग्रह । सफाई । देवताओं को नैवेद्य लगाया हुआ ।

प्रसादना, (स्त्री.) सेवा । प्रसन्न करने की खटपट करना ।

प्रसाधक, (त्रि.) सजाने वाला । पूरा करने वाला ।

प्रसाधन, (न.) सजावट । वेश । भेस ।

प्रसाधित, (त्रि.) पूरा किया गया । अलंकृत किया गया ।

प्रसारण, (न.) फैलाव । विस्तारकरण ।

प्रसारिन्, (त्रि.) फैलाने वाला ।

प्रसित, (त्रि.) आसक्त । जुड़ा हुआ ।

प्रसिति, (स्त्री.) रस्सी ।

प्रसिद्ध, (त्रि.) ख्यात । भूषित ।

प्रसू, (स्त्री.) जननी । जच्चा । केला । लता । घोड़ी ।

प्रसूति, (स्त्री.) पेट । माता । औलाद । सन्तान की उत्पत्ति ।

प्रसूतिका, (स्त्री.) जच्चा । सन्तान की माता ।

प्रसूतिज, (न.) प्रसव काल का दुःख । प्रसव काल का उत्पन्न बालक ।

प्रसून, (न.) पुष्प । फूल । फल ।

प्रसृत, (पुं.) आधी अञ्जली ।

प्रसेवक, (पुं.) तूँबा (वीणा का) ।

प्रस्कन्न, (पुं.) एक ऋषि । गिरा हुआ ।

प्रस्तर, (पुं.) पाषाण । पत्थर ।

प्रस्तार, (पुं.) फैलाव । प्रक्रिया । तृणवन ।

प्रस्ताव, (पुं.) प्रकरण । प्रसङ्ग । मज़मून ।

प्रस्तावना, (स्त्री.) उत्थानिका । आरम्भ का कथन ।

प्रस्तुत, (त्रि.) प्रासङ्गिक । उपस्थित । उद्यत । बहुत स्तुति किया गया ।

प्रस्थ, (पुं.) एक सेर की तौल । पहाड़ । फैलाव ।

प्रस्थान, (न.) जयेच्छु की रणयात्रा । यात्रा । जाना । चल देना ।

प्रस्फोटन, (न.) चोट लगाना । खिलाना । फोड़ना ।

प्रस्रवण, (न.) झरना । पसीना । टपकना । एक पर्वत का नाम ।

प्रस्राव, (पुं.) मूत्र । पेशाव । बहना ।

प्रहर, (पुं.) पहर । दिन का आठवाँ हिस्सा ।

प्रहरण, (न.) चोट लगाना । अस्त्र । सन्दूक (गाड़ी का) युद्ध । प्रहार । वशीभूत करना ।

प्रहसन, (न.) हास्य । एक प्रकार का नाटक ।

प्रहसन्ती, (स्त्री.) लता । वासन्ती ।

प्रहर्षिणी, (स्त्री.) हल्दी । बारह अक्षरों के पाद वाला एक छन्द ।

प्रहस्त, (पुं.) रावण के एक अमात्य एवं सेनापति का नाम ।

प्रहि, (पुं.) कूप । खाँ जिसमें नाज दाबा जाता है ।

प्रहित, (त्रि.) भेजा हुआ । फेंका हुआ । दाल ।

प्रहेलिका, (स्त्री.) पहेली । बुझौअल ।

प्रह्लाद, (पुं.) हिरण्यकशिपु दैत्य का पुत्र एक प्रसिद्ध भगवद्भक्त जिसके लिये भगवान् को नरसिंह अवतार लेना पड़ा ।

प्रह्व, (त्रि.) नम्र । विनीत ।

प्रांशु, (त्रि.) ऊँचा । उन्नत ।

प्राकाम, (न.) आठ सिद्धियों में से एक ।

प्राकार, (पुं.) प्राचीर । नगरकोट ।

प्राकृत, (त्रि.) नीच । स्वभावसिद्ध । बिगड़ी हुई बोली जो नाटकों में प्रायः काम में लाई जाती है ।

मसिधान, (न.) दवात ।

मसिपरय, (पुं.) मुंशी । बाबू । लेखक ।

मसिप्रसू, (स्त्री.) लेखनी । स्याही की बोतल ।

मसिक, (पुं.) साँप का बिल ।

मसिन, (त्रि.) अच्छे प्रकार पिसा हुआ ।

मसीना, (स्त्री.) अलसी ।

मसूर, (पुं.) मसूर की दाल । तकिया । वेश्या ।

मसूरक, (पुं.) तकिया । इन्द्र की ध्वजा का आभूषण विशेष ।

मसूरिका, (स्त्री.) चेचक का रोग । कुटनी । मसहरी ।

मसूरी, (स्त्री.) छोटी माता या चेचक ।

मसृण, (त्रि.) चिकना । कोमल । नरम । प्यारा ।

मस्क्, (क्रि.) जाना । गति ।

मस्कर, (पुं.) बाँस । पोला बाँस । ज्ञान । जाना ।

मस्करिन्, (पुं.) संन्यासी । चन्द्रमा ।

मस्ज्, (क्रि.) नहाना । डुबकी मारना । डूबना ।

मस्त,
मस्तक, } (न.) माथा ।

मस्तकस्नेह, (पुं.) भेजा । मगज ।

मस्ति, (स्त्री.) नापना । तौलना ।

मस्तिष्क, (न.) मगज । भेजा ।

मस्तमूलक, (न.) गरदन । गला ।

मस्तु, (न.) खट्टी मलाई । दही का पानी ।

मह्, (क्रि.) मान करना । पूजा करना चमकना । बढ़ना ।

मह, (पुं.) उत्सव । तेज । यज्ञ । भैंसा ।

महक, (पुं.) प्रसिद्ध पुरुष । कच्छप । विष्णु ।

महक्क, (पुं.) दूर तक फैली हुई गन्ध ।

महत्, (त्रि.) विपुल । बड़ा । बूढ़ा ।

महती, (स्त्री.) नारद बाबा की वीणा ।

महत्तत्त्व, (न.) बड़ा तत्त्व । बुद्धि ।

महर्लोक, (पुं.) भू आदि ऊपर के सात लोकों में से एक ।

महर्षि, (पुं.) वेदव्यास आदि बड़े ऋषि ।

महस्, (न.) तेज । यज्ञ । उत्सव ।

महा, (स्त्री.) गौ । बड़ा ।

महाकाय, (पुं.) बड़े शरीर वाला । शिवजी का नन्दी । हाथी । स्थूल शरीर वाला ।

महाकार्तिकी, (स्त्री.) रोहिणी नक्षत्र वाली कार्तिक की पूर्णिमा ।

महाकाल, (पुं.) शिवजी । एक बैल । भैरव विशेष ।

महाकाव्य, (न.) आठ से अधिक सर्ग वाला काव्य ।

महाकुल, (न.) बड़ा कुल । जिसमें दस पीढ़ी तक वेद का पढ़ना पढ़ाना चला आता हो ।

महागन्ध, (न.) हरिचन्दन । (स्त्री.) नागबला ।

महागुरु, (पुं.) माता । पिता । आचार्य । दान की गयी कन्या का पति ।

महाग्रीव, (पुं.) ऊँट ।

महाङ्ग, (पुं.) ऊँट । गोक्षुरक ।

महाच्छाय, (पुं.) वट वृक्ष ।

महाजन, (पुं.) वेद के वाक्यों में विश्वास करने वाला पुरुष । आस्तिक । श्रेष्ठ पुरुष ।

महाज्यैष्ठी, (स्त्री.) विशेष लक्षण वाली जेठ मास की पूर्णिमा ।

महाढ्य, (पुं.) कदम्ब का पेड़ । बड़ा धनी ।

महातल, (न.) नीचे के लोकों में से पाँचवाँ पाताल ।

महातारा, (स्त्री.) जैनियों की देवी ।

महातीक्ष्ण, (स्त्री.) मिलावा । बहुत तेज ।

महातेजस्, (पुं.) पारा । अतितेजस्वी । कार्त्तिकेय । अग्नि ।

महात्मन्, (त्रि.) बड़े आशय वाला ।

महादान, (न.) बड़ा दान ।

महादेव, (पुं.) शिव ।

महाद्रुम, (पुं.) अश्वत्थ वृक्ष ।

महाधन, (पुं.) सुवर्ण ।

महाधातु, (पुं.) सोना ।

महानदी, (स्त्री.) गङ्गा ।

महानन्द; (पुं.) मोक्ष । माघ शुक्ला ६मी । सुरा । अतिशय आनन्द । एक नदी ।

महानन्दि, (पुं.) कलियुग का अन्तिम भारतवर्षीय नरेश ।

महानवमी, (स्त्री.) आश्विन मास की शुक्ला नवमी ।

महानस, (न.) पाकस्थान । रसोईघर ।

महानाटक, (न.) हनुमन्नाटक । नाटक विशेष ।

महानाद, (पुं.) बड़े शब्द वाला । हाथी । सिंह । बादल । ऊँट ।

महानिद्रा, (स्त्री.) बड़ी नींद । मृत्यु । मौत ।

महानिशा, (स्त्री.) रात्रि के मध्यभाग के दो प्रहर ।

महानुभाव, (पुं.) महाशय । बड़े विचार वाला ।

महापथ, (पुं.) बड़ा मार्ग । बड़ी सड़क । हिमालय के उत्तर स्वर्ग जाने का मार्ग ।

महापद्म, (पुं.) नाग विशेष । कुबेर का भण्डार । एक राजा ।

महापातक, (न.) ब्रह्महत्या, सुरापान, चोरी, गुर्वङ्गनागमन और इन चारों के साथ मेल रखना—ये महापातक हैं ।

महापुराण, (न.) सृष्टि आदि दश लक्षण युक्त व्यास रचित पुराण ।

महापुरुष, (पुं.) सुरश्रेष्ठ । नारायण ।

महाप्रलय, (पुं.) ब्रह्मा के आयुष्य की समाप्ति में जब वे अपने रचे सब पदार्थों को विलीन करते हैं । घोर प्रलय ।

महाप्रसाद, (पुं.) जगन्नाथजी का प्रसाद ।

महाप्राण, (पुं.) द्रोण नामक एक काक । अक्षरोच्चारण का बाह्यप्रयत्न विशेष ।

महाफल, (पुं.) बेल । (स्त्री.) इन्द्रवारुणी ।

महाबल, (पुं.) बड़े बल वाला । वायु । बुद्ध । सीसा ।

महाभारत, (पुं. न.) संस्कृत का वेदव्यास रचित इतिहास का बड़ा ग्रन्थ । इसमें १ लक्ष श्लोक हैं । इसका दूसरा नाम पञ्चम वेद भी है ।

महाभीता, (स्त्री.) छुईमुई । लज्जालु लता । बहुत डरी हुई ।

महाभूत, (न.) पाँच तत्त्व—पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश ।

महामनस्, (त्रि.) उदार । महाशय ।

महामात्र, (त्रि.) बहुत बड़ा । प्रधानामात्य ।
"मन्त्रे कर्मणि भूषायां वित्ते माने परिच्छदे ।
मात्राच महती यैषा महामात्रास्तु ते स्मृताः॥"
हाथियों को आज्ञा देने वाला । महावत ।

महामहावारुणी, (स्त्री.) शनिवार । शतभिषा नक्षत्र । शुभ योग सहित चैत्र की कृष्णा १३शी ।

महामाया, (स्त्री.) दुर्गा ।

महामाष, (पुं.) उर्द । राजमाष ।

महामृग, (पुं.) बड़ा पशु । हाथी । शरभ ।

महामृत्युञ्जय, (पुं.) शिव का एक प्रकार का वेदोक्त ओं जूं सः बीजयुक्त " त्र्यम्बकं यजामहे० " मन्त्र ।

महामेद, (पुं. स्त्री.) औषध विशेष ।

महामोह, (पुं.) अज्ञान विशेष ।

महायज्ञ, (पुं.) बड़ा यज्ञ ।

महारथ, (पुं.) शिव । बड़ा योद्धा ।

महारस, (पुं.) गन्धा । पारा । काञ्ची ।

महाराज, (पुं.) राजों के राजा । जैनियों के गुरु विशेष । हाथ की उङ्गली का नख ।

महाराजिक, (पुं.) विष्णु का नाम । पर जब यह बहुवचनान्त होता है तब उन देवताओं का अर्थ देता है जिनकी संख्या २२० या २३६ बतलाई जाती है ।

महाराज्ञी, (स्त्री.) महारानी । पटरानी । दुर्गा का नाम ।

महारात्रि, (स्त्री.) महाकल्प । अर्द्धरात्रि के पीछे की दो घड़ी । होली, दीवाली की दो रातें ।

महाराष्ट्र, (पुं.) मरहटों का देश । गजपिप्पली । बोली विशेष ।

महारोग, (पुं.) मिरगी आदि आठ रोग ।

महारौरव, (पुं.) बड़ा नरक विशेष ।

महार्घ, (त्रि.) बड़े मूल्य वाला । महँगा ।

महार्णव, (पुं.) महासागर ।

महालय, (पुं.) पितृपक्ष । परमात्मा । विहार ।

महालक्ष्मी, (स्त्री.) बड़ी लक्ष्मी । अठारह भुजा वाली दुर्गा की शक्ति का भेद । लक्ष्मी विशेष । जगन्माता । रमा ।

महावराह, (पुं.) विष्णु का अवतार विशेष ।

महावरोह, (पुं.) वट वृक्ष । ताड़ वृक्ष ।

महावाक्य, (न.) वेदवाक्य । बहुत से वाक्यों के स्वरूप में एक वाक्य ।

महाविद्या, (स्त्री.) दस महाविद्याएँ ।

महाविषुव, (न.) सूर्य की मेष राशी स्थिति ।

महावीचि, (पुं.) एक नरक ।

महावीर, (पुं.) बड़ा बहादुर । गरुड़ । हनुमान् । सिंह । यज्ञाग्नि । वज्र । चिट्टा । घोड़ा । कोकिल । धनुर्धारी ।

महावीर्य्य, (पुं.) बड़े वीर्य्य वाला । वाराहीकन्द । परमात्मा ।

महाव्याधि, (पुं.) बड़ा रोग । कोढ़ आदि ।

महाव्याहृति, (स्त्री.) वैदिक मंत्र विशेष ।

महाव्रण, (न.) बड़ा फोड़ा ।

महाव्रत, (न.) बारह वर्ष का व्रत विशेष ।

महाशङ्ख, (पुं.) बड़ा शङ्ख । तान्त्रिक माला विशेष जो मनुष्यों की खोपड़ी से बनती है । कान और आँख के बीच की हड्डी ।

महाशठ, (पुं.) धतूरा । बड़ा धूर्त्त ।

महाशय, (त्रि.) बड़े आशय वाला । महानुभाव । उदार ।

महाशूद्र, (पुं.) आभीर । जाति विशेष ।

महाश्मशान, (न.) काशी । बड़ा मरघटा ।

महाष्टमी, (स्त्री.) आश्विन के शुक्ल पक्ष की अष्टमी ।

महासन्तपन, (न.) सात दिन में समाप्त होने वाला व्रत ।

महासेन, (पुं.) बड़ी सेना के पति । कार्त्तिकेय ।

महि, मही, (स्त्री.) पृथिवी । मालवा देश की एक नदी ।

महिका, (स्त्री.) हिम । बर्फ ।

महित, (त्रि.) प्रतिष्ठित । पूज्य ।

महिन्धक, (पुं.) चूहा । मूसा ।

महिमन्, (पुं.) बड़प्पन । बड़ाई ।

महिर, मिहिर, (पुं.) सूर्य्य । अर्क वृक्ष ।

महिला, (स्त्री.) स्त्री । मस्त स्त्री । प्रियङ्गु लता । रेणुका नाम्नी गन्धद्रव्य ।

महिष, (पुं.) भैंसा । एक असुर ।

महिषध्वज, (पुं.) यमराज ।

महिषमर्दिनी, (स्त्री.) एक देवी । दुर्गा ।

महिषासुर, (पुं.) एक असुर जो दुर्गा के हाथ से मारा गया था ।

महिषी, (स्त्री.) भैंस । पटरानी ।

महिष्ठ, (त्रि.) सब से बड़ा ।

मही, (स्त्री.) पृथिवी । खंबात की खाड़ी में गिरने वाली एक नदी । एक बड़ी सेना ।

महीक्षित्, (पुं.) नृप । राजा ।

महीज, (न.) अदरक । मङ्गल ग्रह । नरकासुर ।

महीध्र, (पुं.) पर्वत । पहाड़ ।

महीप्राचीर, (न.) समुद्र ।

महीभृत्, (पुं.) पर्वत । राजा ।

महीयस्, (त्रि.) बहुत बड़ा ।

महीय्यमान, (त्रि.) पूज्य । श्रेष्ठ ।

महीरुह, (पुं.) वृक्ष । शाक ।

महेच्छ, (त्रि.) महाशय । महानुभाव ।

महेन्द्र, (पुं.) इन्द्र । परमेश्वर । जम्बुद्वीप का एक पर्वत ।

महेन्द्रपुरी, (स्त्री.) अमरावती ।

महेश, (पुं.) शिव ।

महेशवन्धु, (पुं.) बिल्व वृक्ष ।

महैला, (स्त्री.) मोटी इलायची ।

महोक्ष, (पुं.) बड़ा बैल ।

महोत्सव, (पुं.) बड़ा उत्सव ।

महोत्साह, (त्रि.) बड़ा साहसी ।

महोदधि, (पुं.) समुद्र ।

महोदय, (पुं.) कन्नौज देश । आनन्द । प्रताप ।

महोन्नत, (पुं.) बहुत ऊँचा । ताल वृक्ष ।

महोरग, (पुं.) एक प्रकार का बड़ा सर्प ।

महौषधि, (स्त्री.) दूब । लाजवन्ती । स्नान की औषधियाँ ।

मा, (क्रि.) मापना । सीमाबद्ध करना । गरजना । दिखाना । बनाना । नपवाना ।

मा, (अव्य.) यह निषेधार्थ में आता है । (स्त्री.) लक्ष्मी । माता । माप विशेष ।

मांस, (न.) मास । आमिष ।

मांसज, (न.) चर्बी ।

मांसल, (त्रि.) मोटा । पुष्ट । बलवान् ।

मांससार, (पुं.) मेद । चर्बी ।

मांसिक, (त्रि.) कसाई । बूचर ।

माकन्द, (पुं.) आम का पेड़ । आँवले का पेड़ । पीला चन्दन । गङ्गातटवर्त्ती एक नगर का नाम ।

माकर, माकरी, (पुं. स्त्री.) मकर राशि प्राप्त सूर्य्य के समय की । समुद्री जन्तु मकर सम्बन्धी ।

माकलि, (पुं.) इन्द्र के सारथि का नाम । चन्द्रमा ।

माक्ष्, (क्रि.) चाहना ।

माक्षिक, माक्षीक, (न.) उपधातु विशेष । मधु ।

माक्षिकज, (न.) मोम ।

माख–ी, (त्रि.) यज्ञसम्बन्धी ।

मागध, (पुं.) सफेद जीरा । भाट । वर्णसङ्कर विशेष । मगध देश जात । छोटी इलायची । खाण्ड । बोली विशेष ।

माघ, (पुं.) एक मास का नाम । शिशुपाल-वध नामक काव्य और उसके निर्माता का नाम ।

माघ्य, (न.) कुन्दपुष्प ।

माङ्गल्य, (न.) शुभ । हितकर ।

माच, (पुं.) मार्ग ।

माचल, (पुं.) चोर । बटमार ।

माचिका, (स्त्री.) मक्खी ।

माजल, (पुं.) पक्षी विशेष।

माञ्जिष्ट, माञ्जिष्ठ, (न.) लाल रङ्ग।

माठ, (पुं.) मार्ग। रास्ता।

माठर, (पुं.) व्यास का नाम। ब्राह्मण विशेष। सूर्य्य का पार्श्ववर्त्ती एक गण।

माठी, (स्त्री.) कवच।

माड, (पुं.) वृक्ष विशेष। तौल। माप।

माडि, (पुं.) राजप्रासाद।

माडुक, माडुकिक, (पुं.) ढोल बजाने वाला।

माढि, (स्त्री.) शोक। निर्द्धनता। आँवे। गोट। सज्जाफ। नया निकला वृक्ष का पत्ता। कोपल।

माणव, (पुं.) छोकरा। लड़का। सोलह लड़ का मोतियों का हार।

माणवक, (पुं.) छोकरा। बौना। खोटा मनुष्य। ब्रह्मचारी। सोलह या बीस लड़ का हार।

माणविका, (स्त्री.) छोकरी। अप्सरा।

माणवीज, (त्रि.) लड़कपन। छोकरापन।

माणव्य, (न.) छोकरों का दल या समूह।

माणिका, (स्त्री.) माप विशेष जो आठ पल के बराबर है।

माणिक्य, (न.) लाल मणि।

माणिक्या, (स्त्री.) छिपकली। बिसखोपरा।

माणिबन्ध, (न.) सेंधा या पहाड़ी नोन।

माण्डलिक, (त्रि.) एक प्रान्त का शासक।

मातङ्ग, (पुं.) हाथी। चाण्डाल। किरात। पीपल का वृक्ष।

मातङ्गी, (स्त्री.) दस महाविद्याओं में से एक।

मातरपितृ, (स्त्री.) माता पिता।

मातरिपुरुष, (पुं.) भीरु। डरपोक।

मातरिश्वन्, (पुं.) वायु।

मातलि, (पुं.) इन्द्र का सारथि।

माता, (स्त्री.) माता।

मातामह, (पुं.) नाना।

मातुल, (पुं.) मामा।

मातुलक, (पुं.) मामा। धतूरे का फल।

मातुला, मातुलानी, मातुली, (स्त्री.) मामी। सन।

मातुलेय, (पुं.) मामा का पुत्र।

मातुलेयी, (स्त्री.) मामा की बेटी।

मातुलिङ्ग, मातुलुङ्ग, (पुं.) बीजपुर। नींबू। अनार।

मातृ, (स्त्री.) माता। गौ। लक्ष्मी। दुर्गा। आकाश। पृथिवी। देवी। रेवती। आखुकर्णी, इन्द्रकर्णी, जटामांसी आदि रूखरी। अष्टमातृकाएँ यथा—

"ब्राह्मी माहेश्वरी चण्डी वाराही वैष्णवी तथा।
कौमारी चैव चामुण्डा चर्चिकेत्यष्टमातरः॥"

किन्तु किसी किसी के मतानुसार आठ की जगह सात ही हैं। यथा—

"ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी तथा।
माहेन्द्री चैव वाराही चामुण्डा सप्त मातरः॥"

कोई कोई सोलह मातृका तक मानते हैं। आठ प्रकार की पितृलोकनिवासिनी माताएँ। सात माताओं की पूजा वसुधारा में और षोडश मातृकाओं की ग्रहमख आदि माङ्गलिक कृत्यों में होती है। जीव। ज्ञाता।

मातृबन्धु, (पुं.) मातृबन्धुओं में इनकी गणना है। यथा—

"मातुः पितुः स्वसुः पुत्रा मातुर्मातुः स्वसुः सुताः।
मातुर्मातुलपुत्राश्च विज्ञेया मातृबन्धवः॥"

मातृष्वसृ, (स्त्री.) मौसी।

मातृष्वस्रेय, (पुं.) मौसी का लड़का।

मात्र, (न.) अल्प। माप। परिमाण। धन। ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत आदि। लघुवर्ण को उच्चारण करने का एक अवयव। इन्द्रियों की वृत्तियाँ।

मात्रा, (स्त्री.) माप विशेष। फुट। पल। अणु। अंश। धन। नागरी वर्णमाला के स्वरों के चिह्न जो अक्षरों के ऊपर नीचे अगल बगल लगाये जाते हैं। कान में पहनने की बाली। रत्न।

मात्सर्य्य, (न.) ईर्ष्या।

मात्स्यिक, (पुं.) मछली पकड़ने वाला। धीमर। मल्लाह।

माथ, (पुं.) पन्था। मार्ग। (क्रि.) बिलोना। नष्ट करना। मारना।

माथुर, (त्रि.) मथुरा में उत्पन्न। मथुरा में आया हुआ।

माद्, (पुं.) नशा। दर्प। हर्ष।

मादक, (त्रि.) नशैला। नशा उत्पन्न करने वाला। पपीहा।

मादन, (न.) लौंग। कामदेव। मदन वृक्ष। (स्त्री.) भाँग।

मादृक्ष, **मादृशी**, (त्रि.) मेरे समान।

माद्री, (स्त्री.) मद्रदेशसम्भूत पण्डुराज की दूसरी स्त्री।

माधव, (पुं.) नारायण। लक्ष्मीपति। वसन्त ऋतु। वैशाख मास। महुआ का पेड़। (स्त्री.) वासन्ती लता। इन्द्र। परशुराम। यादव। सायन के साथी और ऋग्वेद के टीकाकार।

माधवक, (पुं.) मद्य विशेष जो मधु से बनाई जाती है।

माधविका, (स्त्री.) एक लता।

माधवी, (स्त्री.) एक प्रकार की मदिरा। वासन्ती लता। कुटनी।

माधुर, (न.) मालती का पुष्प।

माध्य, (त्रि.) बीच का।

माध्यन्दिन, (न.) दिन का मध्य भाग। यजुर्वेद की एक शाखा।

माध्याह्निक, (त्रि.) दोपहर सम्बन्धी।

माध्व, (पु.) मध्व के अनुयायी।

मान्, (क्रि.) विचार करना। पूजा करना।

मान, (न.) सम्मान। प्रतिष्ठा। अभिमान। (अच्छे भाव में) क्रोध। माप। हाथ। तौलना। प्रमाण। गीत का अङ्ग।

मानग्रन्थि, (पुं.) अपराध। भूल चूक।

मानरन्ध्रा, (स्त्री.) एक प्रकार का समय-सूचक यंत्र।

माननीय, (गु.) मान के योग्य। प्रतिष्ठित।

मानःशिल, (न.) मनसिल का।

मानव, (पुं.) मनुष्य। मनु के वंशधर।

मानवधर्मशास्त्र, (न.) मनु का बनाया धर्मशास्त्र।

मानस, (न.) मन। मानसरोवर।

मानसव्रत, (न.) अहिंसा, सत्य आदि व्रत, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य्य धारण, लालच न करना—ये मानस व्रत कहलाते हैं।

मानसिक, (न.) मन सम्बन्धी।

मानसौकस्, (पुं.) हंस।

मानिका, (स्त्री.) मदिरा विशेष। तौल विशेष।

मानिनी, (स्त्री.) मान करने वाली स्त्री। फली वाला वृक्ष।

मानुष, (पुं.) आदमी। मानव।

मानुषी, (स्त्री.) स्त्री। नारी।

मानुष्य, (न.) मनुष्यत्व। आदमीपन।

मानोन्नक, (न.) सुन्दरता।

मान्त्रिक, (पुं.) मन्त्र जानने वाला।

मान्थ्, (क्रि.) चोटिल करना।

मान्थर्य्य, (न.) सुस्ती। थकावट। निर्बलता।

मान्दार, (पुं.) वृक्ष विशेष।

मान्द्य, (न.) जड़पना। सुस्ती। बीमारी। न्यूनता।

मान्धातृ, (पुं.) सूर्य्यवंशी एक राजा का नाम। यह युवनाश्व का पुत्र था और अपने बाप के पेट से उत्पन्न हुआ था। पेट से उसके निकलते ही ऋषियों ने कहा था—"कं एष धास्यति ?" इस पर इन्द्र ने प्रकट हो कर कहा—"मां धास्यति।" तब ही से इसका नाम मान्धातृ या मान्धाता पड़ा।

मान्य, (पुं.) पूज्य ।
मापत्य, (पुं.) कामदेव ।
माम, (सर्व.) मुझे । मेरा (सम्बोधन में) चाचा ।
मामक, मामिका, (त्रि.) मेरा । स्वार्थी । लालची ।
माय, (पुं.) बाजीगर । राक्षस ।
माया, (स्त्री.) अज्ञान विशेष । भ्रम । कृपा । दम्भ । लक्ष्मी । बुद्धदेव की माता । ईश्वर की उपाधि ।
मायाकृत, (पुं.) मदारी । बाजीगर ।
मायादेवीसुत, (पुं.) बुद्धदेव ।
मायाविन्, (त्रि.) ऐन्द्रजालिक । मदारी ।
मायिक, (त्रि.) मदारी । कपटी । छली ।
मायु, (पुं.) सूर्य्य । देहस्थ पित्त । रोग विशेष ।
मायूर, (न.) मोर सम्बन्धी । मोरों का झुण्ड ।
मार, (पुं.) मरण । मौत ।
मारक, (पुं.) मारण । महामारी । कामदेव । घातक । बाज पक्षी ।
मारकस्थान, (पुं.) वधस्थल । जन्मकुण्डली में लग्न से सातवाँ और दूसरा स्थान ।
मारि, (स्त्री.) महामारी ।
मारीच, (पुं.) ताडका राक्षसी का बेटा । एक राक्षस जिसे रामचन्द्र ने विश्वामित्र के यज्ञ में चारु सौ योजन फेंका था । जिसने माया-मृग बन कर सीता का हरण कराया था ।
मारुतात्मज, (पुं.) वायु का पुत्र, हनुमान् और भीमसेन ।
मार्कण्ड, (पुं.) एक मुनि । मृकण्ड की सन्तान जो सदैव १४ ही वर्ष के रहते हैं ।
मार्ग, (क्रि.) ढूँढना । साफ करना ।
मार्गण, (न.) अन्वेषण । खोज । याचन । प्रणय ।
मार्गशिर, मार्गशीर्ष, (पुं.) अगहन ।
मार्गित, (त्रि.) खोजा हुआ ।
मार्गिन्, (पुं.) नेता । अग्रसर होने वाला ।
मार्ज्, (क्रि.) बुहारना । बटोरना । धोना । पोंछना । साफ करना ।
मार्जन, (न.) पोंछ कर साफ करना ।
मार्जनी, (स्त्री.) बुहारी । झाड़ू ।
मार्जार, मार्जाल, (पुं.) बिलार । मोर ।
मार्जारी, (स्त्री.) बिल्ली ।
मार्जारीय, (पुं.) बिल्ली । शूद्र । काय-शोधन ।
मार्जित, (पुं.) साफ किया हुआ । सजाया हुआ ।
मार्जिता, (स्त्री.) एक प्रकार की चटनी, जो दही में चीनी तथा अन्य मसालों के मिश्रण से बनायी जाती है ।
मार्तण्ड, (पुं.) सूर्य्य । अर्क वृक्ष । सूअर । बारह की संख्या । मरे अण्डे में उत्पन्न ।
मार्तिक, (पुं.) मिट्टी का बना । ढेला । घड़े का ढकना ।
मार्त्य, (त्रि.) मरणशील ।
मार्दङ्ग, (पुं.) ढोलची । ढोल बजाने वाला । नगर विशेष ।
मार्दाङ्गिक, (पुं.) ढोल बजाने वाला ।
मार्दव, (न.) कोमलता । कोमल या दयालु हृदय वाला ।
मार्द्वीक, (न.) शराब । मदिरा ।
मार्मिक, (त्रि.) मर्म जानने वाला ।
मार्ष्टि, (स्त्री.) शोधन । सफाई ।
माल, (पुं.) बङ्गाल के एक नगर का नाम । जङ्गली लोगों की जाति । विष्णु ।
मालक, (पुं.) नीम का पेड़ । आम के समीप का वन । नारियल की लकड़ी का बना पात्र ।
मालकौश, (पुं.) राग विशेष ।
मालति, मालती, (स्त्री.) चमेली । कली । अविवाहिता युवती । रात्रि । चाँदनी ।
मालतीरज, (पुं.) सुहागा ।

मालतीपत्री, (स्त्री.) जावित्री।
मालतीफल, (न.) जायफल।
मालय, मालयी, (पुं. स्त्री.) मलय पर्वत का। चन्दन।
मालव, (पुं.) एक देश जिस पर लक्ष्मीजी की कृपा हो (श्रायाः लवो यस्मिन्) दुर्भिक्षादि वर्जित मालवा प्रान्त। राग विशेष। (बहुवचन में) मालवा प्रान्त वासी।
मालविका, (स्त्री.) त्योंरी।
मालसी, (सं.) मौलसिरी का पेड़।
माला, (स्त्री.) हार। गजरा। गुच्छा। डोरी। गुञ्ज।
मालाकार, (पुं.) माली।
मालादीपक, (न.) अलङ्कार में अर्थालङ्कार विशेष।
मालिक, (पुं.) माली। रङ्गरेज। रङ्गइया। पक्षी विशेष।
मालिका, (स्त्री.) मालती की बेल। गरदन का गहना। अलसी। पुत्री। राजभवन। घुरा। पक्षी विशेष। नदी विशेष। फूलों की माला।
मालिन, (पुं.) मालाकार। १५ अक्षर के पाद वाला छन्द। गौरी। चम्पा नगरी। आकाशगङ्गा। कण्व के आश्रम के निकट की एक नदी। अग्निशिखा वृक्ष।
मालेय, (त्रि.) माला की रचना में चतुर। माली।
माल्य, (न.) पुष्प। फूल। माथे पर डालने की पुष्पमाला।
माल्यवत्, (त्रि.) माला वाला। केतुमाल और इलावृत वर्ष की सीमा का पहाड़। सुकेश राक्षस का बेटा। रावण का मंत्री। एक राक्षस।
मालिन्यं, (न.) मैलापन। मैल।
मालु, (स्त्री.) लताविशेष। स्त्री।
मालूर, (पुं.) बेल और कैथे का पेड़।
मालेया, (स्त्री.) बड़ी इलायची।
माल्ल, (पुं.) वर्णसङ्कर जाति विशेष।
माल्लवी, (स्त्री.) कुश्ती के जोड़।
माशब्दिक, (त्रि.) निषेध करने वाला।
माष, (पुं.) मासा (तौल का)। मूर्ख। उर्द की दाल। सुहाँसा।
माषक, (पुं.) फली। सेम। मासा (तौलका)।
माषवर्द्धक, (पुं.) सुनार।
माषिक, माषिकी, (पु. स्त्री.) मासा भर।
माषीण, (न.) उर्द का खेत।
मास, (पुं.) चन्द्रमा। तीस दिन का समय।
मास, महीना।
मासन, (न.) सोमराजी लता।
मास्तर, (पुं.) चावल का उबला हुआ पानी। माण्ड।
मासल, (पुं.) वर्ष।
मासान्त, (पुं.) महीने का अन्त।
मासिक, (त्रि.) महीने का।
मासुरी, (स्त्री.) डाढ़ी।
मासूर, मासूरी, (न. स्त्री.) मसूर की दाल का।
मास्म, (अव्य.) हटाना। रोकना।
माह्, (क्रि.) नापना मापना।
माहा, (स्त्री.) गौ।
माहाकुल, (त्रि.) बड़े कुल वाला।
माहाकुली, (स्त्री.) कुलीन स्त्री।
माहात्म्य, (न.) महिमा।
माहिष, (न.) भैंस का दूध।
माहिष्य, (पुं.) सङ्कर। दोगला।
माहेन्द्र, (पुं.) इन्द्र का। योग विशेष। पूर्व दिशा। इन्द्र की स्त्री। गौ।
माहेय, (पुं.) पृथिवी की सन्तान। मङ्गल ग्रह। नरकासुर। गौ।
माहेश्वर, (त्रि.) शिव सम्बन्धी। शिव-पूजक।
माहेश्वरी, (स्त्री.) पार्वती।

मि, (क्रि.) फेंकना ।
मिच्छ, (क्रि.) रोकना । चिढ़ाना ।
मित्, (स्त्री.) खम्भा ।
मित, (त्रि.) परिमित । मापा हुआ । निर्दिष्ट । सीमाबद्ध ।
मितङ्गम, (पुं.) धीरे धीरे चलना । हाथी ।
मितद्रु, (पुं.) समुद्र ।
मितम्पच, (पुं.) सूम ।
मिति, (स्त्री.) ज्ञान । माप । प्रमाण । साध्य । संकल्प ।
मित्र, (न.) सुहृद् । दोस्त ।
मित्रविन्द, (पुं.) अग्नि ।
मित्रता, **मित्रत्व**, (सं.) मैत्री । दोस्ती ।
मित्रयु, (पुं.) मित्रवत्सल ।
मिथ्, (क्रि.) मिलना । मारना । समझना । काटना । पकड़ना ।
मिथिस्, (अव्य.) अकेले । आपस में ।
मिथिला, (स्त्री.) तिरहुत । राजा जनककी पुरी ।
मिथुन, (न.) स्त्री पुरुष का जोड़ा । मेष से तीसरी राशि । विषय के अर्थ मिलन ।
मिथ्या, (अव्य.) असत्य । झूठ ।
मिथ्यादृष्टि, (स्त्री.) भूल ।
मिथ्यानिरसन, (न.) शपथ खा कर अस्वीकार करना या मुकरना ।
मिथ्याभियोग, (पुं.) झूठी फरियाद ।
मिथ्याभिशंसन, (न.) झूठा कलङ्क ।
मिथ्याभिशाप, (पुं.) झूठा अपवाद ।
मिथ्यामति, (स्त्री.) भ्रम । भूल ।
मिद्, (क्रि.) स्नेह करना ।
मिल्, (क्रि.) मिलना ।
मिलिन्द, (पुं.) मधुमक्षिका ।
मिलिन्दक, (पुं.) सर्प विशेष ।
मिलीमिलिन्, (पुं.) शिव का नाम ।
मिश्, (क्रि.) शब्द करना ।
मिश्र, (क्रि.) मिलाना । हाथी विशेष । एक देश । पदवी । श्रेष्ठ ।
मिश्रव्यवहार, (पुं.) गणितविद्याकी क्रिया विशेष ।
मिष्, (क्रि.) दूसरों को नीचा दिखाने की अभिलाषा । आँख मारना । नम करना ।
मिष, (न.) स्पर्द्धा । छल । कपट ।
मिषिका, (स्त्री.) जटामांसी ।
मिष्ट, (त्रि.) मीठा ।
मिह्, (क्रि.) सींचना । प्रस्राव या पेशाब करना । वीर्य निकालना ।
मिहिका, (स्त्री.) पाला । बर्फ ।
मिहिर, (पुं.) सूर्य । आक का पेड़ । वृद्ध । मेघ । चन्द्रमा । वायु ।
मिहिराण, (पुं.) शिव ।
मी, (क्रि.) मारना । कम करना । बदलना । भङ्ग करना । खोना । भटकना । जाना । जानना । मरना । नष्ट होना ।
मीढ, (त्रि.) मूता हुआ ।
मीढुष्टम, (पुं.) शिव । सूर्य । चोर ।
मीन, (पुं.) मछली । बारहवीं राशि ।
मीनकेतन, (पुं.) कामदेव ।
मीनगन्ध, (पुं.) सत्यवती ।
मीनाण्डा, (स्त्री.) मिश्री । परिष्कृत शर्करा । मछली का अण्डा ।
मीम्, (क्रि.) शब्द करना ।
मीमांसक, (पुं.) मीमांसा शास्त्र के ज्ञाता अथवा उसके पढ़ने वाले । परीक्षक । सिद्धान्ती । निर्णयकर्त्ता ।
मीमांसा, (स्त्री.) गूढ़ विचार । अनुसन्धान । भारतवर्षीय षड्दर्शनों में से एक दर्शन का नाम । यह दर्शन दो भागों में विभक्त है एक पूर्वमीमांसा है, जिसके बनाने वाले जैमिनिजी हैं । इस भाग में कर्म का प्रतिपादन किया गया है । दूसरे भाग का नाम उत्तरमीमांसा है । इसके रचयिता बादरायणजी हैं । इसमें ब्रह्मविद्या का निरूपण है । विचार । परीक्षा ।
मीर, (पुं.) समुद्र । सीसा । शर्वत । पर्वत का अग्र विशेष ।

मील, (क्रि.) पलकों को बन्द करना। मुर्झाना। मिलना।

मीलन, (न.) सकोड़ना। बन्द करना।

मीलित, (त्रि.) अनखिला। संकुचित। अलङ्कार विशेष।

मीव्, (क्रि.) जाना। मोटा होना।

मीवर, (त्रि.) अहितकर। मान्य। सेनापति।

मीवा, (स्त्री.) पवन।

मु, (पुं.) शिव। चिता। भूरा रङ्ग।

मुकुट, (पुं.) शिरोभूषण। ताज।

मुकु, (पुं.) छुटकारा। उत्सर्ग। त्याग। मोक्ष।

मुकुन्द, (पुं.) मोक्षदाता। विष्णु। पारा। बहुमूल्य रत्न विशेष। कुबेर की नव निधियों में से एक। एक प्रकार का ढोल।

मुकुम्, (अव्य.) मोक्ष। निर्विकल्पक समाधि।

मुकर, (पुं.) शीशा। दर्पण। बकुल वृक्ष। कुम्हार का डण्डा। मालती का पेड़। कली।

मुकुल, (पुं. न.) अधखिली कली। आत्मा। शरीर।

मुकुष्ठ, मुकुष्ठक, (पुं.) एक प्रकार की सेम या छीमी।

मुक्त, (त्रि.) छुटकारा प्राप्त। आनन्दयुक्त।

मुक्तसङ्ग, (त्रि.) परिव्राजक। संन्यासी।

मुक्तहस्त, (त्रि.) उदार। बहुदानशील।

मुक्ता, (स्त्री.) मोती।

मुक्ताप्रसू, (स्त्री.) सीप।

मुक्ताफल, (न.) मोती। कपूर। सीताफल। वोपदेव कृत ग्रन्थ विशेष, जिसमें भक्ति का विशेष वर्णन है।

मुक्तावली, (स्त्री.) मोतियों की माला। इस नाम का न्यायशास्त्र ग्रन्थ।

मुक्तास्फोट, (पुं. स्त्री.) सीप।

मुक्ति, (स्त्री.) छुटकारा। मोक्ष।

मुक्तिक्षेत्र, (न.) काशी धाम।

मुक्त्वा, (अव्य.) छुटकारा पाकर। अतिरिक्त। छोड़ कर।

मुख, (न.) मुँह। थूँथन। थूथड़। सामने या आगे का भाग। तीर का अग्रभाग। द्वार। उपोद्घात। आद्य। प्रधान।

मुखज, (पुं.) विप्र।

मुखनिरीक्षक, (त्रि.) मुँह की ओर देखने वाला। आलसी। खुशामदी।

मुखपूरण, (न.) अञ्जलि भर जल।

मुखभूषण, (न.) पान। बीड़ा।

मुखर, (त्रि.) कह डालने वाला। वाचाल। बहुत शब्द करने वाला। अपशब्द बोलने वाला। अप्रियवादी। काक। शङ्ख।

मुखरित, (त्रि.) शब्द करने वाला।

मुखलाङ्गल, (पुं.) शूकर।

मुखवल्लभ, (पुं.) अनार का पेड़।

मुखवास, (पुं.) गन्ध तृण। काफूर।

मुखवासन, (पुं.) मुख को सुगन्धियुक्त करने वाला।

मुखव्यादान, (पुं.) मुख खोलना। मूँदना। जमुहाई।

मुखशोधन, (न.) दालचीनी।

मुखस्राव, (पुं.) लार।

मुखाग्नि, (पुं.) ब्राह्मण। दावानल।

मुख्य, (त्रि.) प्रधान। अग्रज।

मुग्ध, (त्रि.) मूढ़। सादा। सीधा। आकर्षक। सुन्दर।

मुग्धा, (स्त्री.) नायिका भेद।

मुच्, (क्रि.) ठगना। छोड़ना।

मुचकुन्द, मुचुकुन्द, (पुं.) पुष्प वाला वृक्ष विशेष। राजा मान्धाता के पुत्र का नाम।

मुचकुन्दप्रसादक, (पुं.) श्रीकृष्ण।

मुचिर, (त्रि.) उदार। (पुं.) देव विशेष। नेकी। पवन।

मुचिलिन्द, (पुं.) एक प्रकार का पुष्प ।

मुचुटी, (स्त्री.) चाँमटी ।

मुज्, } (क्रि.) साफ करना । बजाना ।
मुञ्ज्, } शब्द करना ।

मुञ्ज, (पुं.) मूंज । जिससे ब्राह्मणों के लिये मेखला बनायी जाती है । मेखला । धार नगरी के एक राजा का नाम । जो भोज के चाचा थे ।

मुञ्जाट, }
मुञ्जाटक, } (पुं.) एक प्रकार का पौधा ।

मुञ्जर, (न.) कमल की जड़ ।

मुट्, (क्रि.) तोड़ना । पीसना । दबाना ।

मुड्, (क्रि.) बालों का काटना, या मलना ।

मुण्ड, (पुं. न.) मस्तक । एक दैत्य । नाई । शाखापत्रहीन वृक्ष ।

मुण्डक, (पुं.) नाई ।

मुण्डफल, (पुं.) नारियल ।

मुण्डिन्, (पुं.) नाई ।

मुण्ड्, (क्रि.) वचन हारना । प्रतिज्ञा करना ।

मुत्य, (न.) मोती ।

मुद्, (क्रि.) प्रसन्न होना ।

मुद, }
मुदा, } (स्त्री.) हर्ष ।

मुदिर, (पुं.) बादल । कामुक । कामी । पाला ।

मुदी, (स्त्री.) चाँदनी । जुन्हाई ।

मुद्ग, (पुं.) मूँग । पक्षी विशेष । जलकाक ।

मुद्गर, (न.) मालती भेद । मुग्दर । कली ।

मुद्गल, (पुं.) एक ऋषि का नाम । एक प्रकार की घास । राजा विशेष ।

मुद्गष्ठ, (पुं.) छीमी या सेम विशेष ।

मुद्रा, (स्त्री.) मोहर । चिह्न । टकसाल में ढले रुपये पैसे । पूजन में अंगुली आदि को विशेष रूप से मोड़ने सिकोड़ने की क्रिया ।

मुद्रालिपि, (स्त्री.) छापे के अक्षर । पाँच प्रकार की लिखावटों में से एक ।

मुद्रिका, (स्त्री.) अंगूठी । मोहर । रुपया ।

मुद्रित, (त्रि.) चिह्नित । छापा हुआ । बन्द ।

मुधा, (अव्य.) मिथ्या । झूठ । व्यर्थ । वृथा ।

मुनि, (पुं.) पवित्र पुरुष । ऋषि । सात की गिन्ती ।

मुनिभेषज, (न.) हर्र । अगस्त्य । कुछ न खाना ।

मुनीन्द्र, (पुं.) ऋषिश्रेष्ठ । सांख्य मुनि । भरत । शिव ।

मुन्थ्, (क्रि.) जाना ।

मुन्था, (स्त्री.) ज्योतिष के ताजिक (वर्ष फल) भाग में प्रयुक्त होने वाला एक विशेष ग्रह । दसवाँ ग्रह ।

मुन्यन्न, (न.) नीवार । कन्द ।

मुमुक्षा, (स्त्री.) मोक्ष की कामना ।

मुमुक्षु, (त्रि.) मोक्ष की इच्छा वाला ।

मुमुचान, (पुं.) बादल ।

मुमुषिषु, (पुं.) चोर ।

मुमूर्षु, (त्रि.) आसन्नमृत्यु ।

मुर्, (क्रि.) घेर लेना । फँसा लेना ।

मुर, (पुं.) दैत्य विशेष । वेष्टन । गन्धद्रव्य ।

मुरज, (पुं.) मृदङ्ग । कुबेरपत्नी ।

मुरारिपु, (पुं.) विष्णु । मुरारि ।

मुरला, (स्त्री.) केरल देश की एक नदी का नाम ।

मुरली, (स्त्री.) बंसी । वेणु ।

मुरलीधर, (पुं.) श्रीकृष्ण । वंशीधर ।

मुर्च्छ्, (क्रि.) मूर्च्छित होना ।

मुर्मुर, (पुं.) तुषाग्नि । सूर्य का घोड़ा ।

मुशली, }
मुसली, } (स्त्री.) छिपकली ।

मुशलिन्, (पुं.) बलराम ।

मुष्, (क्रि.) मूँसना। लूटना।

मुषल, मुशल, मुसल, (पुं.) मूसल जिससे अनाज उखली में डाल कर छरा जाता है।

मुषित, (त्रि.) छुराया हुआ द्रव्य। वह मनुष्य जिसका द्रव्य चोर छुरा ले गये हों।

मुष्क, (पुं.) अण्डकोष। चोर। वृक्ष विशेष। मोटा आदमी।

मुष्कशून्य, (पुं.) खोजा। नपुंसक।

मुष्टि, (पुं. स्त्री.) मुट्ठी। माप विशेष। मूठ या मुठिया। लिङ्ग। (स्त्री.) छुराना।

मुष्टिमुष्टि, (अव्य.) घूँसों की लड़ाई।

मुष्टिक, (पुं.) कंस का एक पहलवान। सुनार। डोम।

मुष्टिकान्तक, (पुं.) बलदेव। मुष्टिकासुर मल्ल के काल।

मुष्टिन्धय, (पुं.) बालक। बच्चा। मूठी चूँबने वाला।

मुष्टिबन्ध, (पुं.) मुट्ठी बाँधना। मुट्ठी भर।

मुष्ठक, (पुं.) काली सरसों। राई।

मुस्, (क्रि.) टुकड़े टुकड़े करना। चीरना। बाँटना।

मुसल, (पुं.) मूसल।

मुसलिन्, (पुं.) बलराम। मुसलधारी।

मुसलीका, (स्त्री.) विसतुइया। छिपकली।

मुस्त्, (क्रि.) देर करना। एकत्र करना।

मुस्त, (पुं.) मोथा। तृणविशेष।

मुस्र, (न.) लोढ़ा। मूसल। दरार।

मुह्, (क्रि.) बेसुध होना। अचेत होना। मूर्च्छित होना। हैरान होना। गड़बड़ी में पड़ना।

मुहिर, (पुं.) कामदेव। मूर्ख।

मुहुक, (न.) (वैदिक प्रयोग) क्षण। पल।

मुहुस्, (अव्य.) प्रायः। बार बार।

मुहूर्त, (पुं. न.) ४८ मिनिट का काल विशेष। किसी कार्य के लिये नियत समय।

मुहेर, (पुं.) मूर्ख। ज्योतिषी।

मू, (क्रि.) बाँधना।

मूक, (पुं.) मत्स्य। मछली। गूँगा। दीन। दैत्य विशेष।

मूकिमन्, (पुं.) गूँगापन।

मूत, (त्रि.) बँधा हुआ। घिरा हुआ।

मूत्र, (न.) पेशाब।

मूत्रकृच्छ्र, (सं.) पेशाब की बीमारी जिसमें पेशाब बड़े कष्ट से उतरता है।

मूर, (त्रि.) मूर्ख। नाश करना।

मूर्ख, (त्रि.) बुद्धिहीन। गँवार।

मूर्च्छना, (स्त्री.) बेसुध होना।

मूर्च्छा, (स्त्री.) मोह। अचैतन्यावस्था। वृद्धि।

मूर्च्छाल, (त्रि.) मूर्च्छित। बेसुध। अचेत।

मूर्त, (त्रि.) अचेत। बेसुध।

मूर्ति, (स्त्री.) प्रतिमा। विग्रह।

मूर्तिमत्, (पुं.) आकारसम्पन्न। शरीर। कड़ा।

मूर्धन्, (पुं.) माथा। सर्वोच्च स्थान। नेता। अगला। आधार।

मूर्धज, (पुं.) केश। बाल।

मूर्धन्य, (त्रि.) माथे में उत्पन्न होने वाले। ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष ये मूर्धन्य कहलाते हैं।

मूर्धाभिषिक्त, (पुं.) क्षत्रिय। राजा। वर्णसङ्कर। मंत्री।

मूर्वा, मूर्वी, मूर्विका, (स्त्री.) एक लता, जिसके द्वारा धनुषों की प्रत्यञ्चा और क्षत्रियों की करधनी बनायी जाती हैं।

मूल्, (क्रि.) स्थित होना। पक्का होना। लगाना। उगना।

मूल, (न.) जड़। नींव। आधार। यथार्थ। मुख्य। परम्परागत प्राप्त सेवक। धनमूल। निकुञ्ज। पूँजी। समीपी। पिप्पलीमूल। उन्नीसवाँ नक्षत्र।

मूलक, (न.) एक प्रकार का कन्द। मूली।

मूलकर्म्मन्, (न.) मुख्य काम। जादू। मंत्र और औषधि से किये जाने वाले कर्म।

मूलकृच्छ्र, (न.) व्रतविशेष।
मूलप्रकृति, (स्त्री.) प्रधान प्रकृति। युद्ध के चार सिद्धान्त, जिन पर युद्ध के समय ध्यान दिया जाता है, यथा—विजिगीषु, अरि, मध्यम और उदासीन।
मूलिन्, (पुं.) वृक्ष।
मूलविभुज, (पुं.) रथ। गाड़ी। छकड़ा।
मूलाधार, (पुं.) नाभि। लिङ्ग का मध्य भाग। तंत्र का त्रिकोण वाला एक चक्र।
मूल्य, (न.) दाम। क़ीमत।
मूष्, (क्रि.) लूटना।
मूषक, **मूष**, } (पुं. स्त्री.) मूसा। चूहा।
मूषिक, (पुं.) चूहा।
मूषी, (स्त्री.) घरिया जिसमें रख कर सोना आदि पिघलाया जाता है।
मृ, (क्रि.) मरना। मारना।
मृकण्डु, (पुं.) एक मुनि का नाम।
मृग्, (क्रि.) खोजना। पीछा करना। आखेट खेलना।
मृग, (पुं.) पशुमात्र। हिरन। हाथी। चन्द्रलाञ्छन। अश्विनी से पाँचवाँ नक्षत्र। माँगना। यज्ञ। कस्तूरी। मकर राशि। शाकद्वीप का एक नगर।
मृगगामिनी, (स्त्री.) औषध विशेष।
मृगजीवन, (पुं.) शिकारी। व्याध।
मृगणा, (स्त्री.) नष्ट द्रव्य को खोजना।
मृगतृष्णा, (स्त्री.) जल की भ्रान्ति।
मृगदंशक, (पुं.) कुत्ता।
मृगधूर्तक, (पुं.) शृगाल। सियार।
मृगनाभि, (पुं.) कस्तूरी।
मृगनेत्रा, (स्त्री.) हिरन के समान नेत्र वाली स्त्री।
मृगपति, (पुं.) सिंह।
मृगवधाजीव, (पुं.) व्याध। शिकारी।
मृगबन्धनी, (स्त्री.) जाल। फन्दा।
मृगमद, (पुं.) कस्तूरी।
मृगया, (स्त्री.) अहेर। शिकार।
मृगयु, (पुं.) बहा। शृगाल।
मृगराज, (पुं.) सिंह। चन्द्रमा।
मृगलक्षण, (पुं.) चन्द्रमा।
मृगवाहन, (पुं.) वायु।
मृगव्यथ, (न.) शिकार। अहेर।
मृगशिरस्, (न. पुं.) अश्विनी से पाँचवाँ नक्षत्र।
मृगाक्षी, (स्त्री.) विशल्या। हिरन के समान नेत्र वाली स्त्री।
मृगाण्डजा, (स्त्री.) कस्तूरी।
मृगादन, (पुं.) छोटा भेड़िया।
मृगारति, (पुं.) सिंह। भेड़िया। कुत्ता।
मृगाविध, (पुं.) व्याघ्र। शिकारी।
मृगित, (त्रि.) माँगा गया।
मृगेन्द्र, (पुं.) सिंह।
मृगेन्द्रचटक, (पुं.) श्येन। बाज पक्षी।
मृज्, (क्रि.) साफ़ करना। सजाना।
मृजा, (स्त्री.) साफ़ करना।
मृड्, (क्रि.) क्षमा करना। प्रसन्न होना।
मृड, (पुं.) शिव।
मृडा, **मृडानी**, **मृडी**, } (स्त्री.) पार्वती।
मृडीक, (पुं.) शिव। हिरन। मछली।
मृण्, (क्रि.) मारना।
मृणाल, (न.) कमल की डण्डी का सूत।
मृणालिन्, (पुं.) कमल।
मृणालिनी, (स्त्री.) कमलिनी। कमलों का समूह। वह स्थान जहाँ बहुतसे कमल के फूल हों।
मृत, (न.) मरण।
मृतक, (न.) मरा हुआ पुरुष। मुर्दा।

मृतकल्प, (त्रि.) मृतप्राय।
मृतवत्सा, (स्त्री.) मरी हुई सन्तान वाली स्त्री।
मृतसञ्जीवनी, (स्त्री.) एक बूटी। तांत्रिक विद्या विशेष।
मृतस्नात, (त्रि.) मरने पर नहाने वाला।
मृतण्ड, (पुं.) सूर्य्य।
मृतालक, (न.) एक प्रकार की मिट्टी।
मृति, (स्त्री.) मौत।
मृत्तिका, (स्त्री.) मिट्टी।
मृत्यु, (पुं.) मरण। मौत। कंस। कामदेव।
मृत्युनाशक, (पुं.) मौत को नाश करने वाला।
मृत्युञ्जय, (पुं.) शिव।
मृत्स्ना, (स्त्री.) बहुत सफ़ मिट्टी। धूल।
मृद्, (क्रि.) चूर करना।
मृद, **मृदा**, (स्त्री.) मृत्तिका।
मृदङ्कर, **मृदङ्कुरु**, (पुं.) हरे रङ्ग का कपोत या कबूतर।
मृदङ्ग, (पुं.) एक प्रकार की ढोलक।
मृदाकर, (पुं.) वज्र। कुलिश।
मृदु, (त्रि.) कोमल। निर्बल। मोथरा। धीमा। शनिग्रह।
मृदुत्वच्, (पुं.) भोजपत्र।
मृदुल, (न.) जल। (त्रि.) कोमल।
मृद्वीका, (स्त्री.) दाख। किशमिश।
मृदुन्नक, (न.) सोना।
मृध्, (क्रि.) गीला करना।
मृध, (न.) लड़ाई।
मृश्, (क्रि.) छूना।
मृष्, (क्रि.) क्षमा करना।
मृषा, (अव्य.) मिथ्या।
मृषार्थक, (न.) झूठे अर्थ वाला।
मृषालक, (पुं.) आम का पेड़।
मृषावाद, (पुं.) झूठी बात।
मृषोद्य, (न.) मिथ्या कथन।
मृष्ट, (न.) शोधित। मिर्च।
मृष्टेरुक, (त्रि.) स्वार्थी। उदार।
मृ, (क्रि.) वध करना।
मे, (क्रि.) बदलना। विनिमय।
मेक, (पुं.) बकरा।
मेकल, **मेखल**, (पुं.) पर्वत विशेष। बकरा।
मेकलाद्रिजा, **मेकलकन्यका**, **मेकलकन्या**, (स्त्री.) नर्मदा नदी। [मेकलकी जगह "मेखल" भी होता है]।
मेखला, (स्त्री.) कमरपेटी। करधनी। प्रथम तीन वर्णों के पहरने का कटिसूत्र। तलवार का परतला। घोड़े का तंग। नर्मदा। होमकुण्ड।
मेखलाल, (पुं.) शिव।
मेखलिन्, (पुं.) शिव। ब्रह्मचारी।
मेघ, (पुं.) बादल। मोथा। राग विशेष। राक्षस विशेष। रोग भेद।
मेघजीवन, (पुं.) चातक पक्षी। पपीहा।
मेघज्योतिस्, (न.) बिजली।
मेघनाद, (पुं.) वरुण। रावण का पुत्र। मेघगर्जन।
मेघयोनि, (स्त्री.) धूम।
मेघवर्त्मन्, (न.) आकाश।
मेघवह्नि, (पुं.) बिजली।
मेघवाहन, (पुं.) इन्द्र।
मेघागम, (पुं.) वर्षाऋतु।
मेघनन्दिन्, (पुं.) मयूर। मोर।
मेघान्त, (पुं.) शरत्काल।
मेचक, (न.) काला। मयूर। चन्द्रक। बादल। काला रङ्ग। या काले रङ्ग वाला। धूम। थुथनी। रत्न विशेष।
मेचकआपगा, (स्त्री.) यमुना नदी।
मेट्, **मेड्**, (क्रि.) पगलाना। उन्मत्त होना।
मेटुला, (स्त्री.) आमलकी।

मेठ, (पुं.) मेढ़ा। महावत।

मेठि, मेथि, } (पुं.) खम्भा। खूँटा।

मेढ्र, मेढ्रक, } (पुं.) मेढ़ा। लिङ्ग।

मेथिका, मेथिनी, } (स्त्री.) तृण विशेष। मेथी।

मेद, (क्रि.) मोटा। अलम्बुषा। सर्परूपी दानव विशेष।

मेदस्, (न.) चर्बी।

मेदस्कृत्, (पुं.) मांस।

मेदिनी, (स्त्री.) पृथिवी।

मेदुर, (त्रि.) मोटा। चिकना। घना।

मेध, (त्रि.) देखो मेदुर।

मेध, (पुं.) बलि, यथा—नरमेध, अश्वमेध। यज्ञपशु। बलि। मांस का रस।

मेधज, (पुं.) विष्णु।

मेधा, (स्त्री.) धारणावती बुद्धि। सरस्वती का रूप विशेष। बलि। शक्ति। सामर्थ्य। याग।

मेधाविन्, (पुं.) बड़ी बुद्धि वाला। जिसकी धारणा शक्ति बहुत अच्छी हो। तोता। मदिरा विशेष।

मेधातिथि, (पुं.) अरुन्धती का पिता। मनुस्मृति का एक टीकाकार।

मेधिर, (त्रि.) अच्छी बुद्धि वाला।

मेधिष्ठ, (त्रि.) बड़ा बुद्धिमान्।

मेध्य, (त्रि.) छाग। खदिर। जौ। केतकी। शङ्खपुष्पी। (स्त्री.) रोचना। शमी।

मेनका, (स्त्री.) एक अप्सरा का नाम। जिसके गर्भ से शकुन्तला का जन्म हुआ था। हिमालय की स्त्री।

मेनकात्मजा, (स्त्री.) पार्वती।

मेना, (स्त्री.) हिमालयपत्नी। नदी विशेष। पितरों के मन से उत्पन्न हुई कन्या।

मेनाद, (पुं.) मोर। बिल्ली। बकरा।

मेन्धिका, मेन्धी, } (स्त्री.) मेंहदी।

मेय, (त्रि.) मापने योग्य। जानने योग्य। ज्ञेय।

मेरक, (पुं.) विष्णु के एक शत्रु का नाम। छाल से ढका आसन।

मेरु, (पुं.) एक शास्त्र-कल्पित पर्वत जिसके चारों ओर समस्त नक्षत्र घूमा करते हैं और जो कई एक द्वीपों का मध्य भाग समझा जाता है। कहा जाता है यह सुवर्ण और रत्नों का बना है। जयमाला के ऊपर का दाना।

मेरुक, (पुं.) गन्ध द्रव्य।

मेरुसावर्णि, (पुं.) ग्यारहवें मनु का नाम।

मेलक, (त्रि.) विवाह। सङ्ग।

मेला, (स्त्री.) स्याही। नील का पेड़। सुर्मा। मिलाना।

मेलान्धु, (पुं.) दवात।

मेव्, (क्रि.) पूजा करना। सेवा करना।

मेष, (पुं.) मेढ़ा। भेड़। पहिली राशि। ज्योतिषचक्र का बारहवाँ भाग।

मेषा, (स्त्री.) छोटी इलायची।

मेषाण्ड, (पुं.) इन्द्र।

मेषिका, मेषी, } (स्त्री.) मेढ़ी।

मेह, (पुं.) पेशाब। प्रमेह का रोग। सुजाक रोग। मेढ़ा। बकरा।

मेहन्ती, (स्त्री.) हलदी।

मेहन, (न.) मूत्रोत्सर्ग। लिङ्ग।

मैत्र, (न.) मित्र का। मित्र का दिया हुआ। मित्रभाव से। वर्णसङ्कर जाति विशेष। गुदा। मित्र। मित्र देवता। अनुराधा।

मैत्रावरुण, मैत्रावरुणि, } (पुं.) वाल्मीकि। अगस्त्य। वशिष्ठ।

मैत्री, (स्त्री.) मित्रता। दोस्ती।

मैत्रेय, (त्रि.) मित्रा की सन्तति। बुद्धदेव। (पुं.) सङ्कर जाति विशेष।

मैत्रेयिका, (स्त्री.) मित्रयुद्ध।

मैत्र्य, (न.) दोस्ती। मैत्री।

मैथिल, (पुं.) मिथिला का एक राजा । मिथिला राज्यवासी ।
मैथिली, (स्त्री.) सीता ।
मैथुन, (न.) जोड़ा । विवाह द्वारा मिलन । भोगसम्बन्धी । विवाह । सम्बन्ध । अन्याधान ।
मैधावक, (न.) बुद्धि ।
मैनाक, (पुं.) हिमालय के औरस से मेनका के गर्भ से उत्पन्न पहाड़ । केवल इसीके पर रह गये हैं । इसीने हनुमान् का लङ्का जाते समय आतिथ्य करना चाहा था ।
मैनाकस्वसृ, (स्त्री.) पार्वती ।
मैनाल, (पुं.) मछली मारने वाला । धीवर ।
मैन्द, (पुं.) एक दैत्य जो कृष्ण द्वारा मारा गया था ।
मैरेय, (पुं.) मदिरा भेद ।
मैलिन्द, (पुं.) मधुमक्षिका ।
मोक, (न.) पशु का अलग कियाहुआ चर्म ।
मोक्षू, (क्रि.) छूटना । खोलना । फेंकना । अलग करना ।
मोक्ष, (पुं.) मुक्ति ।
मोक्षद्वार, (पुं. न.) सूर्य ।
मोक्षपुरी, (स्त्री.) मोक्ष देने वाली पुरी काञ्ची । काशी । मोक्ष देने वाली सात पुरियाँ हैं ।

" अयाध्या मथुरा माया काशी काञ्ची अवन्तिका ।
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः ॥ "

मोघ्, (त्रि.) निरर्थक । त्यक्त ।
मोघोलि, (पुं.) बाड़ा । घेरा ।
मोच, (पुं.) केले का पेड़ । शोभाञ्जन वृक्ष ।
मोचक, (पुं.) मोक्ष । वैराग्यसम्पन्न । केले का पेड़ । सुहांजन । वृक्ष ।
मोटक, (न.) कुशा के बने और श्राद्ध के काम के पट्ठे ।
मोट्टायित, (न.) अनुपस्थित मित्र से मिलने के लिये स्त्री की अभिलाषा विशेष ।
मोर्ण, (पुं.) सूखा फल विशेष । साँप के रखने की पिटारी ।
मोद, (पुं.) हर्ष । प्रसन्नता ।
मोदक, (पुं.) लड्डू । प्रसन्न करने वाला । कहार ।
मोदिनी, (स्त्री.) अजमोदा । अजवाइन । मल्लिका । कस्तूरी । मदिरा ।
मोरट, (पुं.) पेवसी । गन्ने की जड़ । अङ्कोल वृक्ष का फूल ।
मोष, (पुं.) चोर । चोरी । डाँकू । चोरी की वस्तु ।
मोषक, (पुं.) चोर । डाँकू ।
मोषण, (न.) लूटना । चुराना । काटना । मारना ।
मोह, (पुं.) मूर्च्छा । अज्ञान । दुःख । शरीर में आत्माभिमान ।
मोहन, (पुं.) मोहोत्पादक । कामदेव का एक तीर ।
माहरात्रि, (स्त्री.) ब्रह्मा का पचासवाँ साल । जन्माष्टमी की रात्रि ।
मोहिनी, (स्त्री.) एक अप्सरा का नाम । बड़ी सुन्दरी स्त्री । विष्णु ने जिस स्त्री का रूप भस्मासुर के लिये धारण किया था उसका नाम । चमेली का पुष्प ।
मौकलि, मौकुलि, (पुं.) काक । कौआ ।
मौक्तिक, (न.) मोती ।
मौक्तिकप्रसवा, (स्त्री.) सीप ।
मौक्तिकसर, (पुं.) मोतियों का हार ।
मौक्य, (न.) गूँगापन ।
मौख्य, (न.) प्राधान्य ।
मौखरि, (पुं.) एक वंश का नाम ।
मौखर्य, (न.) बातूनीपन । गाली ।
मौघ्य, (न.) व्यर्थता । निरर्थकता ।
मौच, (न.) केले की झींमी ।
मौञ्जी, (स्त्री.) कटिसूत्र ।
मौञ्जीबन्धन, (पुं.) जिसमें यज्ञसूत्र के साथ धारण किया जाता है ।

मौड्य, (न.) गञ्जापन। सिर के बालों का मुण्डन।
मौढ्य, (न.) लड़कपन। मूढ़ता।
मौद्गलि, (पुं.) काका।
मौद्गल्य, (पुं.) मुद्गलमुनि की एक सन्तान। एक मुनि विशेष।
मौद्गीन, (न.) मूँग उपजाने योग्य एक क्षेत्र।
मौन, (न.) चुपचाप। स्मृति का वचन है कि नीचे लिखे काम चुपचाप करे अर्थात् इन कामों को करते समय बातचीत न करे या बोले नहीं। १ उच्चार। २ मैथुन। ३ प्रश्राव। ४ दन्तधावन। ५ स्नान, भोजन।
मौनिन्, (पुं.) मौनी। मुनि।
मौरजिक, (त्रि.) ढोल वाला। मृदङ्ग बजाने वाला।
मौर्ख्य, (न.) मूर्खता। जड़ता।
मौर्वी, (स्त्री.) मूर्वनाम्नी बेल से बनी। धनुष का रोदा। अजशृङ्गी।
मौल, (त्रि.) पुराना। पहले का। सदवंशोद्भव।
मौलि, (पुं. स्त्री.) चोटी। मुकुट। अशोक का पेड़। भूमि।
मौषल, (न.) मूसलों वाला। महाभारत का पर्व विशेष जिसमें मूसल द्वारा एक कुल का नाश वर्णन किया गया है।
मौहूर्त, (पुं.) ज्योतिषी।
म्ना, (क्रि.) बारम्बार मन ही मन कहना। याद करना।
म्नात, (त्रि.) दुहराया हुआ। याद किया हुआ। अध्ययन किया हुआ।
म्रक्ष्, (क्रि.) मलना। इकट्ठा करना। मारना। चोटिल करना। मिलाना। अस्पष्ट रूप से बोलना।
म्रक्ष, (पुं.) दम्भ। ढोंग।
म्रक्षण, (न.) तेल मलना। एकत्र करना।
म्रद्, (क्रि.) चूर्ण करना। कुचलना।
म्रदिमन्, (पुं.) कोमलता। निर्बलपन।
म्रदिष्ठ, (त्रि.) अति कोमल।
म्रुच्; (क्रि.) जाना।
मुञ्च्, (क्रि.) जाना।
म्रेट्, **म्रेड्**, (क्रि.) पगलाना।
म्रियमाण, (त्रि.) मृतकल्प। मृतसदृश।
म्लक्ष्, (क्रि.) काटना या विभाग करना।
म्लानि, (स्त्री.) कुम्हलाना। मुरझाना।
म्लिष्ट, (न.) अस्पष्ट। जड़ली। मुरझाया हुआ।
म्लुच्, **म्लुञ्च्**, (क्रि.) जाना।
म्लेच्छ्, **म्लेछ्**, (क्रि.) अस्पष्ट या बुरी तरह बोलना।
म्लेच्छ, (पुं.) अनार्य। नीच और दुष्कर्मरत जाति विशेष। पामर जाति। ताँबा।
म्लेच्छकन्द, (पुं.) लहसन। प्याज़।
म्लेच्छजाति, (स्त्री.) गोमांस खाने वाली जाति।
म्लेच्छमुख, (न.) ताँबा।
म्लेट्, **म्लेड्**, (क्रि.) पगलाना।
म्लेव, (क्रि.) पूजना। सेवा करना।
म्लै, (क्रि.) मुरझाना।

य

य, (पुं.) जाने वाला। गाड़ी। हवा। सम्मिलन। कीर्ति। जौ। रोक। बिजली। त्याग। गण विशेष। यम का नाम।
यकन्, **यकृत्**, (न.) दहिनी कोख का मांसपिण्ड।
यक्ष्, (क्रि.) पूजा करना। सजाना।
यक्ष, (पुं.) देवयोनि विशेष जो कुबेर के वशवर्त्ती हैं। इन्द्र के राजभवन का नाम।

यक्षकर्दम, (पुं.) लेप जिसमें कपूर, केसर, कस्तूरी, चन्दन, शीतलचीनी, अगुरु मिला हुआ है।
यक्षतरु, (पुं.) वट वृक्ष।
यक्षधूप, (पुं.) धूप विशेष।
यक्षराज, (पुं.) कुबेर।
यक्षरात्रि, (त्रि.) कार्तिकी पूर्णिमा की रात।
यक्षामलक, (न.) पिण्डखजूर का फल।
यक्षिणी, (स्त्री.) यक्ष की स्त्री। कुबेरपत्नी।
यक्ष्म, यक्ष्मन्, (पुं.) लंई रोग।
यक्ष्मघ्नी, (स्त्री.) दाख। अङ्गूर।
यज्, (क्रि.) यज्ञ करना। यजन करना। पूजन करना। दान देना और सत्कार करना।
यजति, (पुं.) एक प्रकार का यज्ञ।
यजन, (पुं.) यज्ञ।
यजमान, (पुं.) जो यज्ञ करता और यज्ञ कराने वालों को दक्षिणा देता।
यजुर्वेद, (पुं.) वेद का नाम।
यजुस्, (न.) यजुर्वेद।
यज्ञपशु, (पुं.) घोड़ा। बकरा।
यज्ञपुरुष, (पुं.) विष्णु।
यज्ञभूषण, (पुं.) सफेद कुश।
यज्ञयोग्य, (पुं.) उदुम्बर का पेड़, जिसकी लकड़ी यज्ञ के काम में आती है।
यज्ञवल्ली, (स्त्री.) सोमलता।
यज्ञवराह, (पुं.) भगवान् का अवतार विशेष।
यज्ञवाट, (पुं.) यज्ञस्थान।
यज्ञसूत्र, (न.) यज्ञोपवीत। जनेऊ।
यज्ञाङ्ग, (पुं.) उदुम्बर, खदिर, सोम वेल की लकड़ी व पत्ते।
यज्ञान्त, (पुं.) यज्ञ का अन्त।
यज्ञांक, (पुं.) द्वापर युग।
यज्ञियप्रदेश, (पुं.) वह देश जिसमें काले हिरन घूमा करते हैं।
यज्ञेश्वर, (पुं.) विष्णु।
यज्ञोपवीत, (न.) जनेऊ।
यज्वन्, (पुं.) विधिपूर्वक यज्ञ कराने वाला।
यत्, (क्रि.) यत्न करना।
यतम, (त्रि.) कौन। कई एकों में कौन सा।
यतर, (त्रि.) कौन या दो में से कौन सा।
यतस्, (अव्य.) जिससे। क्योंकि।
यतिन्, (पुं.) परिव्राजक। संन्यासी।
यतिनी, (स्त्री.) विधवा स्त्री।
यत्न, (पुं.) उद्योग।
यत्र, (अव्य.) जहाँ।
यथा, (अव्य.) जैसे।
यथाकाम, (अव्य.) इच्छानुसार।
यथाक्रम, (अव्य.) क्रमानुसार।
यथाजात, (त्रि.) मूर्ख। नीच।
यथार्थ, (अव्य.) ठीक। सत्य।
यथार्ह, (अव्य.) जैसे का तैसा।
यथार्हवर्ण, (पुं.) दूत।
यथाशक्ति, (अव्य.) शक्त्यनुसार।
यथाशास्त्र, (अव्य.) शास्त्रानुसार।
यथास्थित, (अव्य.) सत्य। ज्यों का त्यों।
यथेप्सित, (अव्य.) इच्छानुसार।
यथोचित, (अव्य.) उचित।
यद्, (सर्वनाम) जो।
यदा, (अव्य.) जब।
यदि, (अव्य.) अगर। जो।
यदु, (पुं.) राजा ययाति के औरस और देवयानी के गर्भजात ज्येष्ठ पुत्र और यादवों का पूर्वपुरुष। मथुरा के समीप का एक देश।
यदुनन्दन, यदुनाथ, यदुश्रेष्ठ, (पुं.) श्रीकृष्ण।

यदृच्छा, (स्त्री.) देवात् ।
यन्तृ, (पुं.) सारथि । गाड़ीवान ।
यन्त्र, (न.) रोक । देवता का आसन । कल । पात्र विशेष ।
यन्त्रगृह, (न.) तेल निकालने की कल का घर ।
यन्त्रण, (न.) नियमन । रोक ।
यभ्, (क्रि.) मैथुन करना ।
यम्, (क्रि.) रोकना । हटाना । वश करना । दबाना । नियमन करना ।
यम, (पुं.) यमज । जुड़े हुए। रोक । दबाव । आत्मनिग्रह । योग के आठ अङ्ग । धर्मराज । शनि । काका । दो की संख्या ।
यमकोटि, (पुं. स्त्री.) लङ्का से पूर्व देवताओं की निर्माण की हुई एक पुरी ।
यमज, (त्रि.) एक गर्भ में एक साथ दो बालक ।
यमद्रुम, (पुं.) यमराज के द्वार पर शाल्मली का वृक्ष है।
यमद्वितीया, (स्त्री.) कार्तिकशुक्ला २ ।
यमदग्नि, (पुं.) मुनि विशेष ।
यमन, (न.) बन्धन ।
यमराज, (पु.) धर्मराज ।
यमल, (न.) जोड़ा । वृन्दावन के समीप का एक वृक्ष ।
यमवाहन, (पुं.) भैंसा ।
यमानी, (स्त्री.) अजमोदा । अजवाइन ।
यमुना, (स्त्री.) यमभगिनी । जमना नदी ।
ययाति, (पुं.) नहुषपुत्र । एक राजा ।
यवि, } (पुं.) अश्वमेध के योग्य घोड़ा ।
यवी, } मार्ग । शिव । बादल ।
ययुः, (पुं.) घोड़ा । यज्ञीय अश्व ।
यव, }
यवक, } (पुं.) जौ ।
यवक्य, (न.) जौ बोने योग्य क्षेत्र ।
यवन, (पुं.) देश विशेष । यूनानी । वेग । शीघ्रगामी घोड़ा । गोधूम ।
यवनप्रिय, (न.) मिर्च ।
यवनानी, (स्त्री.) यवन की स्त्री ।
यवमध्य, (न.) एक प्रकार का चान्द्रायण व्रत ।
यवस, (न.) घास ।
यवागू, (स्त्री.) लप्सी । खिचड़ी ।
यवास, (पुं.) खदिर भेद ।
यविष्ठ, (त्रि.) बहुत छोटा । छोटा भाई ।
यव्य, (न.) जौ बोने योग्य खेत ।
यशद, (न.) धातु विशेष ।
यशःपटह, (पुं.) एक प्रकार का बाजा ।
यशःशेष, (त्रि.) मृत ।
यशस्, (न.) कीर्ति । गौरव ।
यशस्या, (स्त्री.) जीवन्ती बूटी ।
यशोद, (पुं.) पारा । यश देने वाला ।
यशोदा, (स्त्री.) नन्द की पत्नी ।
यष्टि, (स्त्री.) लकड़ी । छड़ी । ताँत । मुलहठी ।
यष्टृ, (पुं.) भक्त । यज्ञ या पूजा करने वाला ।
यस्, (क्रि.) यत्न करना ।
यर्हि, (अव्य.) जब । जब कभी ।
यह्व, (त्रि.) बड़ा । बालक । पुत्र ।
यह्व, (त्रि.) बड़ा । बलवान् । अविराम । उद्योगशील ।
यह्वी, (स्त्री.) नदी । आकाश पृथिवी । दिन रात । प्रातः सायं ।
या, (क्रि.) जाना ।
याग, (पुं.) यज्ञ ।
यागसन्तान, (पुं.) जयन्त का नाम ।
याचू, (क्रि.) माँगना ।
याचक, (पुं.) भिखारी । मँगता ।
याचन, (न.) माँग ।
याचनक, (त्रि.) मँगता ।

याचित, (न.) माँगा हुआ। आवश्यक।
याचितक, (न.) माँग कर पायी हुई वस्तु।
याच्ञा, (स्त्री.) प्रार्थना। माँग।
याज, (पु.) यज्ञ करने वाला। भात। साधारणतः भोजन।
याजक, (पुं.) यज्ञ कराने वाला। पुरोहित। राजा का हाथी। मस्त हाथी।
याजुष, (पुं.) यजुर्वेदी।
याज्ञवल्क्य, (पुं.) ऋषि विशेष। योगिराज।
याज्ञसेनी, (स्त्री.) द्रौपदी।
याज्ञिक, (पुं.) कुश। खदिर। पलाश। अश्वत्थ। याजक। ऋत्विग्। यजमान।
याज्य, (न.) यज्ञस्थान। देवप्रतिमा। दाय-भाग।
यातना, (स्त्री.) पीड़ा।
यातयाम, (त्रि.) पुराना। बासा। जूठा।
यातव्य, (पुं.) जाने योग्य।
यातायात, (न.) जाना आना।
यातु, (पुं.) राक्षस। जाने वाला। अस्त्र विशेष।
यातुघ्न, (पुं.) गुग्गुल। राक्षस को मारने वाला।
यातुधान, (पुं.) राक्षस। भूत।
यात्रु, (स्त्री.) द्योरानी। देवर की बहू।
यात्रा, (स्त्री.) जाना। देवता का उत्सव विशेष।
यात्रिक, (त्रि.) उत्सव। यात्रा के लिये हितकर। मामूली। यात्रा करने वाला। यात्री।
यथातथ्य, (न.) यथार्थ। ठीक ठीक। ज्यों का त्यों।
याथार्थ्य, (न.) असली। ठीक।
यादःपति, (पुं.) वरुण। समुद्र।
यादव, (पुं.) यदुवंशी। कृष्ण का नाम। गोधन।
यादवी, (स्त्री.) दुर्गा।
यादस्, (न.) जलजीव। जल। नदी। वीर्य। अभिलाष।
यादसांपति, **यादसांनाथ,** } (पुं.) वरुण। समुद्र।
यादृक्ष, **यादृश,** } (त्रि.) जैसा।
यादृच्छिक, (त्रि.) स्वतन्त्र। स्वेच्छाचारी। अचानक।
यान, (न.) गमन। जाना। आक्रमण। रथ। गाड़ी। सवारी।
यानक, (न.) सवारी।
यापन, (न.) विताना।
याप्ययान, (न.) पालकी। पीनस। तामझाम।
याम, (पुं.) समय। प्रहर।
यामघोष, (पुं.) कुक्कट। समयसूचक यंत्र।
यामलम्, (न.) जोड़ा। तन्त्रशास्त्र विशेष।
यामवती, (स्त्री.) तीन प्रहर वाली रात। हल्दी।
यामातृ, (पुं.) जामातृ। जमाई।
यामि, **यामी,** } (स्त्री.) बहिन।
यामित्र, (न.) लग्न से सातवाँ स्थान।
यामित्रवेध, (पुं.) सातवें स्थान में किसी पापग्रह का योग।
यामिनी, (स्त्री.) रात।
यामिनीपति, (पुं.) चन्द्रमा। कपूर।
यामी, (स्त्री.) दक्षिण दिशा।
याम्य, (पुं.) अगस्त्य। चन्दन वृक्ष। दक्षिणी। यमसम्बन्धी। शिव। विष्णु। भरणी नक्षत्र।
याम्यायन, (न.) दक्षिणायन सूर्य।
याम्योद्भूत, (पुं.) ताल का पेड़।
यायजूक, (पुं.) बार बार यज्ञ करने वाला।
यायावर, (पुं.) अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा। जरत्कारु। राजशेखर के वंश का नाम। परिव्राजक का जीवन।

यावत्, (त्रि.) जब तक ।

यावन्, (पुं.) घुड़चढ़ा । सवार । आक्रमणकारी । जाना ।

यावनाल, (पुं.) जुआर नामक अनाज । यवनाल से निकाली हुई चीनी । एक देश का नाम ।

याष्टीक, (पुं.) लाठी से लड़ने वाला ।

यावस, (पुं.) घास का ढेर । चारा ।

यास, (पुं.) यत्न । उद्योग ।

यास्क, (पुं.) निरुक्त के रचयिता का नाम ।

यु, (क्रि.) मिलाना । अलग करना । बाँधना । पूजा करना ।

युक्त, (त्रि.) मिला हुआ । जुड़ा हुआ । नधा हुआ । साथ । योगी । न्यायपूर्वक प्राप्त द्रव्य ।

युक्ति, (न.) न्याय । व्यवहार । अनुमान । नाटक का अङ्ग विशेष ।

युक्तितः, (अव्य.) चतुरतापूर्वक । ठीक रीति से ।

युग, (न.) जोड़ा । दो । सत्य, त्रेता, द्वापर और कलि नामक युग विशेष । वृद्धि नाम दवा । माप विशेष (चार हाथ का) गाड़ी अथवा हल का अवयव विशेष । पाँच वर्ष का काल ।

युगपद्, (अव्य.) एक साथ ही । एक काल ।

युगपार्श्वग, (पुं.) हल के समीप बँधा हुआ बैल ।

युगल, (न.) जोड़ा ।

युगान्त, (पुं.) युग का अन्त । प्रलय ।

युग्म, (न.) जोड़ा । दो की संख्या वाला । दो तिथि । का योग विशेष । समान राशियाँ ।

युग्य, (न.) वाहन । सवारी । घोड़ा ।

युच्छ्, (क्रि.) प्रमाद करना । भूलना । असावधानी करना ।

युज्, (क्रि.) जुड़ना । समाधि लगाना ।

युज, (पुं.) समाधि लगाने वाला । मिला हुआ ।

युज्ञान, (पुं.) गाड़ीवान । मोक्षार्थी योग लग्न ब्राह्मण ।

युत्, (क्रि.) चमकना ।

युत, (त्रि.) संयुक्त । मिला हुआ ।

युतक, (पुं.) युग । जोड़ा । मिला हुआ । मैत्री । स्त्रियों के पहरने का वस्त्र विशेष । मैत्री करना । सूप का किनारा । पैर का अग्रभाग । सन्देह । दहेज़ । दायजा ।

युतवेध, (पुं.) विवाह आदि शुभ कार्यों में चन्द्रमा के साथ पापग्रहों का त्याज्य योग ।

युध्, (क्रि.) लड़ना । युद्ध में जीतना । सामना करना । जय प्राप्त करना ।

युद्ध, (न.) लड़ाई ।

युधान, (पुं.) क्षत्रिय । योद्धा ।

युधिष्ठिर, (पुं.) लड़ाई में पक्का । पाण्डवाग्रगण्य ।

युयुधान, (पुं.) इन्द्र । क्षत्रिय । योद्धा । सात्यकि का नाम ।

युयु, (पुं.) घोड़ा ।

युवति, **युवती**, (स्त्री.) जवान औरत ।

युवन्, (त्रि.) जवान । दृढ़ । सर्वोत्तम ।

युवनाश्व, (पुं.) सूर्य्यवंश में उत्पन्न मान्धाता का पिता । एक राजा ।

युवराज, (पुं.) राजा का उत्तराधिकारी । राजा के समक्ष राज्यकार्य निरीक्षण करने वाला भविष्य राजा । वर्तमान राजप्रतिनिधि ।

युष्, (क्रि.) सेवा करना ।

युष्मद्, (सर्वनाम) तुम्हारा ।

यूक, (पुं. स्त्री.) खटमल । जूँ ।

यूति, (स्त्री.) मिलाप । मिलाना ।

यूथ, (न.) समूह ।

यूथनाथ, (पुं.) बनैले हाथियों का सरदार। किसी भी झुंड का मालिक। यूथपति।

यूप, (न.) यज्ञपशु को बाँधने की लकड़ी। यज्ञ का स्तम्भ। मामूली खम्भा।

योक्त्र, (न.) रस्सी। जुएँ और हल में बाँधने की रस्सी। जोता।

योग, (पुं.) जोड़। मिलान। उपाय। कवच धारण। मन की वृत्तियों का निरोध। युक्ति। छल। गाड़ी। कवच। धन।

योगक्षेम, (न.) अप्राप्त वस्तु की प्राप्ति और प्राप्त वस्तु की रक्षा। अन्न-वस्त्र।

योगदान, (न.) छल या उपाधि से देना।

योगनिद्रा, (स्त्री.) ऊँघना। दुर्गा। पार्वती।

योगपट्ट, (न.) योगियों के योग्य सूत्र।

योगपीठ, (न.) योगासन।

योगमाया, (स्त्री.) दुर्गा। पार्वती।

योगारूढ, (पुं.) योगी विशेष।

योगासन, (न.) योगशास्त्रोक्त आसन।

योगिन्, (त्रि.) योगी। याज्ञवल्क्य। अर्जुन। विष्णु। शिव। सङ्करजाति विशेष। (स्त्री.) डाइन।

योगीश्वर, (पुं.) याज्ञवल्क्य मुनि। (स्त्री.) दुर्गा। योगिराज। श्रीभागवतोक्त नव योगेश्वर जो ऋषभदेव के भरतादि सौ पुत्रों में से नव योगेश्वर हुए। "कवि-र्हरिरन्तरिक्षः प्रबुद्धः पिप्पलायनः। आ-विर्होत्रोऽथ द्रुमिलश्चमसः करभाजनः॥" आत्मविद्यानिपुण।

योगेश्वर, (पुं.) श्रीकृष्ण। "यत्र योगेश्वरः कृष्णो"।

योग्य, (त्रि.) उचित। निपुण। पुष्य नक्षत्र। ऋद्धि नाम्नी औषधि। समर्थ। बड़ा।

योग्यता, (स्त्री.) सामर्थ्य। पहुँच। शक्ति।

योजन, (न.) संयोग। मेल। चार कोस का एक योजन।

योजनगन्धा, (स्त्री.) करतूरी। सीता। सत्यवती।

योधसंराव, (पुं.) सैनिकों की युद्धार्थ बुलाहट।

योनि, (पुं. स्त्री.) गर्भाशय। भग। स्त्री-चिह्न। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र। उत्पत्ति-स्थान। मिश्रित हो कर रहने वाली इन्द्रिय विशेष। चौरासी लाख योनियाँ। "वृक्षा विंशतिलक्षयोनिकथिता लक्षाश्च दिक्-पक्षिणां लक्षाः खाग्निमिताः पशोर्निगदिता लक्षा नवैवाम्बुजाः। लक्षा रुद्रमितास्तथा कृमिगणा लक्षाब्धयो मानवाः पूर्वं पुण्य-समाहितं भवति चेद् ब्राह्मण्ययोनीयते॥" अर्थात्—वृक्ष २०, पक्षी १०, पशु ३०, जलचर ९, कीड़े ११, मनुष्य ४ लाख, कुल ८४ लाख हैं।

योनिज, (न.) मनुष्यादि चौरासी लाख योनियों में जन्म लेने वाले।

योनिमुद्रा, (स्त्री.) योग की मुद्रा विशेष। सन्ध्या के जपान्त की आठ मुद्राओं में से एक।

योपन, (न.) मिटाना। सोखना।

योषणा, (स्त्री.) युवती लड़की।

योषा, (स्त्री.) स्त्री। नारी।

यौक्तिक, (त्रि.) युक्तिसिद्ध। योग्य।

यौगिक, (त्रि.) काम का। ठीक। उचित। धातु और प्रत्यय से समझने योग्य। योगसम्बन्धी।

यौट्, **यौड्,** (क्रि.) साथ मिलाना।

यौतक, (न.) विवाह के समय मिला हुआ द्रव्य। दायजा।

यौतव, (न.) माप विशेष।

यौथिक, (पुं.) साथी। सङ्गी।

यौधेय, (पुं.) योद्धा।

यौन, (त्रि.) योनिसम्बन्धी। लम्पट। पापी।

यौवत, (न.) युवती स्त्रियों का समूह।
यौवनकण्टक, (पुं. न.) युवावस्था का घोड़ा। मुँहासा। मुँहरसा।
यौवनदशा, (स्त्री.) युवावस्था। जवानी।
यौवनलक्षण, (न.) स्तन। उरोज। जवानी के चिह्न।
यौवराज्य, (न.) युवराज का पद।
यौवनाश्व, (पुं.) युवनाश्व का पुत्र राजा मान्धाता।
यौषिण्य, (न.) स्त्रीत्व।
यौष्माक, यौष्माकीन, (त्रि.) आपका।

र

र, (पुं.) अग्नि। गर्मी। प्रेमाभिलाष। गति। गण विशेष।
रंसु, (त्रि.) प्रसन्न।
रंह्, (क्रि.) तेज़ी के साथ जाना।
रंहस्, (न.) वेग। शीघ्रता।
रक्, (क्रि.) चखना। पाना।
रक, (पुं.) चकमक। बिल्लौर पत्थर। झड़ी।
रक्त, (न.) कुङ्कुम। ताँबा। सिन्दूर। लोहू। अनुराग। लाल रङ्ग। रत्ती।
रक्तकन्द, (पुं.) मूँगा।
रक्तचन्दन, (न.) लाल चन्दन।
रक्तचूर्ण, (न.) सिन्दूर। कुंकू। पिसा हिंगुल।
रक्ततुण्ड, (पुं.) तोता।
रक्तदन्तिका, (स्त्री.) दुर्गा।
रक्तदृश्, (पुं.) कबूतर।
रक्तधातु, (पु.) लोहू। गेरू। ताँबा।
रक्तप, (पुं.) राक्षस।
रक्तपित्त, (न.) एक प्रकार की बीमारी।
रक्तमोक्षण, (न.) लोहू का निकलवाना।
रक्तयष्टि, (स्त्री.) मजीठ।
रक्तवर्ग, (पुं.) अनार। लाख। हल्दी। सोना।
रक्तवृष्टि, (स्त्री.) लोहू की वर्षा।
रक्तसरोरुह, (न.) लाल कमल।
रक्तसर्षप, (पुं.) राजिका। लाल सरसों। रत्ती।
रक्तसार, (न.) लाल चन्दन। अम्लवेत।
रक्तसौगन्धिक, (न.) लाल रङ्ग का कमल।
रक्ताक्ष, (पुं.) कबूतर। भसा। चकोर। सारस। क्रूर।
रक्ताङ्ग, (न.) केसर। मङ्गल ग्रह। मूँगा। मजीठ। जिस वस्तु के भीतर लाल रङ्ग हो।
रक्तिका, (स्त्री.) घुँघची। रत्ती।
रक्तिमन्, (पुं.) ललामी।
रक्तृ, (पुं.) रङ्गरेज़। रँगइया।
रक्ष्, (क्रि.) रक्षा करना। बचाना।
रक्षःसम, (न.) राक्षसों का समूह।
रक्षक, (त्रि.) रख वाला।
रक्षस्, (न.) राक्षस।
रक्षा, (स्त्री.) बचाव। लाख। भस्म।
रक्षापत्र, (पुं.) भोजपत्र।
रक्षित, (स्त्री.) रखवाली किया हुआ।
रक्षिवर्ग, (पुं.) रक्षकों का दल।
रक्षोघ्न, (न.) राक्षसों को मारने वाला।
रक्षोहन्, (पुं.) गुग्गुल। सफेद सरसों।
रख्, (क्रि.) जाना।
रग्, (क्रि.) सन्देह करना।
रघ्, (क्रि.) जाना।
रघु, (पुं.) सूर्यवंशी राजा दिलीप का पुत्र। यह राजा वंशप्रवर्त्तक है और इसके वंश के रघुवंशी क्षत्रिय अब तक प्रसिद्ध हैं। तेज। हल्का। चञ्चल। उत्कण्ठित।

रघुनन्दन, रघुनाथ, रघुपति, रघुवर, रघुश्रेष्ठ, रघुसिंह, रघूद्वह, (पुं.) रामचन्द्र के लिये ये शब्द विशेष आते हैं। किन्तु रघुकुल के सभी राजाओं को भी इन शब्दों से सम्बोधन होता है।

रघुवंश, (पुं.) रघुकुल । कालिदास का बनाया उन्नीस सर्ग का महाकाव्य । रघुराजा का कुल ।
रघुवंशतिलक, (पुं.) श्रीरामचन्द्र ।
रङ्क, (त्रि.) कृपण । मन्द । मूर्ख । भिखारी ।
रङ्कु, (पुं.) हिरन । बारहसिंहा ।
रङ्ग्, (क्रि.) जाना । डोलना ।
रङ्ग, (पुं.) वर्ण । अभिनयस्थान । नाट्यस्थान । प्रतिमा बनाने वाला ।
रङ्गज, (न.) सेन्दूर ।
रङ्गजीवक, (पुं.) रङ्गइया । रङ्गरेज ।
रङ्गद, (पुं.) सुहागा ।
रङ्गभूमि, (स्त्री.) अखाड़ा । नृत्यशाला ।
रङ्गमातृ, (स्त्री.) लाख । लाल रङ्ग । लाख का कीट ।
रङ्गशाला, (स्त्री.) नाट्यगृह । नाचघर ।
रङ्गाजीव, (पुं.) नट । नाटक का पात्र । रङ्गरेज । चितकार ।
रङ्गावतारक, (पुं.) नृत्य करने वाला ।
रङ्ह्, (क्रि.) शीघ्र जाना ।
रङ्हस्, (न.) शीघ्र गति । वेग ।
रच्, (क्रि.) क्रम में लाना । तैयार करना ।
रचना, (स्त्री.) बनाना । सङ्कलन करना ।
रचित, (त्रि.) बनाया हुआ । संग्रह किया हुआ ।
रजक, (पुं.) धोबी । तोता ।
रजका, (स्त्री.) धोबिन ।
रजकी, (स्त्री.) धोबिन । रजस्वला स्त्री की तीसरे दिन की संज्ञा विशेष ।
रजत, (न.) चाँदी का । सफेद । चाँदी । मोती का हार । रक्त । हाथीदाँत । पर्वत ।
रजन, (न.) किरन । रङ्गना ।
रजनी, (स्त्री.) रात्रि । हल्दी । लाल रङ्ग । दुर्गा का नाम ।
रजनीकर, (पुं.) चन्द्रमा ।
रजनीचर, (पुं.) राक्षस । चोर । चौकीदार ।
रजनीजल, (न.) बर्फ ।
रजनीमुख, (न.) प्रदोष । सूर्य्यास्त के बाद एक घण्टे का समय ।
रजस्वल, (त्रि.) गर्दीला । रजोयुक्त । मस्त । भैंसा ।
रजस्वला, (स्त्री.) ऋतुमती स्त्री । विवाह योग्य लड़की ।
रज्जु, (स्त्री.) रस्सी । डोरी । चोटी ।
रञ्ज्, (क्रि.) प्रेम में पड़ना । चमकना । सन्तुष्ट करना ।
रञ्जक, (न.) रङ्गना । चित्रण ।
रञ्जन, (न.) मजीठ । हल्दी । प्रेम को उपजाने वाला । मूञ्ज ।
रट्, (क्रि.) चिल्लाना । चीख मारना ।
रटन, (न.) रटना ।
रटन्ती, (स्त्री.) माघकृष्ण चतुर्दशी ।
रद्, (क्रि.) बोलना ।
रण्, (क्रि.) शब्द करना । बजाना । जाना । प्रसन्न करना ।
रण, (न.) युद्ध । लड़ाई ।
रणरणक, (पुं.) उद्वेग । घबराहट । बहुत ।
रणसङ्कुल, (न.) बड़ा भारी युद्ध ।
रण्ड, (पुं.) वह मनुष्य जो निस्सन्तान मरता है । वृक्ष जिसमें फल न लगे ।
रण्डक, (पुं.) बे फल का वृक्ष ।
रण्डाश्रमिन्, (पुं.) स्त्रीहीन पुरुष ।
रत, (न.) रमण । स्त्री पुरुष का सङ्गम । भोग । गुदा प्रेमासक्त ।
रति, (स्त्री.) राग । प्रीति । कामदेव की स्त्री ।
रतिपति, (पुं.) कामदेव ।
रत्न, (न.) मणि । श्रेष्ठ । हीरा ।
रत्नकूट, (पुं.) पहाड़ ।

रत्नगर्भा, (पुं.) समुद्र । कुबेर । पृथिवी । अच्छे लड़के वाली स्त्री ।
रत्नद्वीप, (पुं. न.) द्वीप विशेष ।
रत्नपारायण, (न.) समस्त रत्नों का पूरा पूरा स्थान ।
रत्नमुख्य, (न.) हीरा ।
रत्नवती, (स्त्री.) पृथिवी ।
रत्नसानु, (पुं.) सुमेरु नामक पहाड़ ।
रत्नसू, (स्त्री.) पृथिवी । रत्नगर्भा ।
रत्नाकर, (पुं.) समुद्र । रत्नों की खान ।
रत्नाभरण, (न.) जड़ाऊ गहना ।
रत्नावली, (स्त्री.) रत्नों की माला । वत्सराज की पत्नी । श्रीहर्ष की बनायी एक नाटिका ।
रत्नि, (पुं. स्त्री.) कोहनी । माप विशेष ।
रथ, (पुं.) सवारी । गाड़ी । शरीर । पाँव । बेत ।
रथकड्या, (स्त्री.) रथों का समूह ।
रथकार, (पुं.) बढ़ई । सङ्कर जाति विशेष । रथ बनाने वाला ।
रथगुप्ति, (स्त्री.) रथ का वह काठ या लोहे का भाग जिससे दूसरे रथ की टक्कर बच सके ।
रथन्तर, (त्रि.) रथ ले जाने वाला ।
रथयात्रा, (स्त्री.) आषाढ की शुक्ला द्वितीया के दिवस का जगन्नाथ का उत्सव विशेष ।
रथाङ्ग, (न.) पहिया । चकवा । चक्र ।
रथाङ्गपाणि, (पुं.) विष्णु ।
रथाम्र, (पुं.) नरकुल । बेत ।
रथारोहिन्, (पुं.) रथी । रथ पर बैठ कर लड़ने वाला ।
रथिक, (पुं.) रथ पर बैठ कर युद्ध करने वाला ।
रथोपस्थ, (न.) रथ का मध्य भाग ।
रथ्य, (पुं.) रथ का घोड़ा ।
रथ्या, (स्त्री.) सड़क ।
रद्, (क्रि.) चीरना । खोदना । उखाड़ना ।
रद, (पुं.) दाँत । हाथी का दाँत ।
रदच्छद, (पुं.) ओठ ।
रदन, (पुं.) दाँत । विदारण । फाड़ना ।
रदनिन्, रदिन्, (पुं.) हाथी ।
रध्, (क्रि.) मारना । पकाना ।
रन्तिदेव, (पुं.) चन्द्रवंश का एक राजा । कुत्ता । विष्णु ।
रन्तु, (पुं.) रास्ता । नदी ।
रन्ध्र, (न.) छेद । त्रुटि । दोष । (ज्योतिष में) लग्न से आठवाँ स्थान ।
रन्ध्रबभ्रु, (पुं.) बिल्ली ।
रन्ध्रवंश, (पुं.) पोला बाँस ।
रप्, (क्रि.) स्पष्ट स्पष्ट बोलना ।
रपस्, (न.) दोष । अवगुण । पाप । चोट । हानि ।
रभ्, (क्रि.) आरम्भ करना । कोरियाना । छाती से लगाना । उत्सुक होना । बे विचारे किसी काम को सहसा करना ।
रभस, (पुं.) बरजोरी । औत्सुक्य । बड़ी उत्कण्ठा । अनविचारे किसी काम को कर बैठना ।
रम्, (क्रि.) खेलना । भोग विलास करना ।
रम, (पुं.) प्रसन्नकर । हर्षप्रद । प्रिय । पति । कामदेव । अशोक वृक्ष ।
रमक, (पुं.) प्रेमिक ।
रमठ, (न.) हींग ।
रमण, (पुं.) प्रेमिक । पति । कामदेव । अरुण । गधा । अण्डकोश । नीम । जघन । मैथुन । नारी ।
रमणा, (स्त्री.) पत्नी ।
रमणी, (स्त्री.) सुन्दरी युवती स्त्री ।
रमणीय, (त्रि.) चित्त प्रसन्न करने वाला ।

रोहिण, (न.) रोहिणी नक्षत्र में उत्पन्न। विष्णु। वट। रोहितक। भूतृण आदि वृक्षों के नाम।

रोहिणिका, (पुं.) लाल मुख वाली स्त्री। गले की सूजन।

रोहिणी, (स्त्री.) लाल रङ्ग की गौ। दक्ष की कन्या। नक्षत्र विशेष। बलराम की जननी और वसुदेव की भार्या। प्रथम बार हुई ऋतुमती लड़की। बिजली। गले की सूजन। मजीठ। हर्र।

रोहिणीपति, (पुं.) वासुदेव। चन्द्रमा।

रोहिणीव्रत, (न.) जन्माष्टमी। श्रीकृष्ण-जयन्ती।

रोहित्, (पुं.) सूर्य। रोहू मछली। (स्त्री.) लाल घोड़ी। हिरनी।

रोहित, (त्रि.) लाल। लाल रङ्ग का। (पुं.) लाल रङ्ग। लोमड़ी। मृग विशेष। लाल घोड़ा। हरिश्चन्द्र के पुत्र का नाम। मछली। (न.) लोहू। केसर। इन्द्र-धनुष।

रोहिताश्व, (पुं.) अग्नि।

रोहिन्, (त्रि.) लम्बा। निकला हुआ। बढ़ा हुआ। (पुं.) रोहितक। वट। अश्वत्थ आदि वृक्ष।

रोहिष, (पुं.) एक प्रकार की मछली। एक प्रकार का हिरन।

रौक्म, (त्रि.) / **रौक्मी,** (स्त्री.) सुनहला।

रौक्ष्य, (न.) कठोर। कड़ा। रूखापन। निठुरपन।

रौचनिक, (त्रि.) / **रौचनिकी,** (स्त्री.) कुछ कुछ पीला।

रौच्य, (पुं.) बिल्व वृक्ष का डण्डा। बिल्व वृक्ष की लकड़ी का दण्ड रखने वाला संन्यासी।

रौढ्, / **रौढ्,** (क्रि.) अनादर करना।

रौद्र, (न.) आठ रसों में से एक। रुद्र देवता का। गुस्सैल। सूर्य्यताप। भयानक। विपद-जनक। (पुं.) रुद्र का पूजने वाला। गर्मी। क्रोध। व्यसन। यम। जाड़ा।

रौद्रकर्मन्, (त्रि.) भयानक काम करने वाला। साहसी। अविचारी।

रौद्रदर्शन, (त्रि.) भयङ्कर रूप वाला। कुरूप।

रौधिर, (त्रि.) खूनी। रुधिर से उत्पन्न।

रौप्य, (त्रि.) चाँदी। चाँदी का बना। चाँदी जैसा। (न.) चाँदी।

रोम, (न.) साँभर नोन।

रौरव, (पुं.) नरक विशेष। जङ्गली। (त्रि.) रुरु के चर्म का बना। भयानक। बेई-मान। छली।

रौहिण, (त्रि.) रोहिणी नक्षत्र में उत्पन्न। (पुं.) चन्दन का वृक्ष। बड़ का वृक्ष। अग्नि।

रौहिणेय, (पुं.) बछड़ा। बलराम। बुध ग्रह। शान ग्रह। (न.) मरकत मणि।

रौहिष्, (पुं.) मृग विशेष। तृण विशेष। लता। दूर्वा घास विशेष। मछली भेद।

ल

ल, (पुं.) इन्द्र। छन्दशास्त्र में आठ गणों में से एक गण। व्याकरण में समय विभाग के लिये पाणिनि ने दस लकार माने हैं, जैसे—लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लेट्, लोट्, लङ्, लिङ्, लुङ् और लृङ्।

लक्, (क्रि.) स्वाद लेना। चखना। पाना।

लक, (पुं.) माथा। बनैले चावलों की बाल।

लकच, / **लुकच,** (पुं.) वृक्ष विशेष। मदार का पेड़ या उसका फल।

लकुट, (पुं.) छड़ी। लकड़ी।

लक्कक, (पुं.) लाख। चिथड़ा। फटा कपड़ा।

लक्ष्मिका, (स्त्री.) छिपकली। बिस्तुइया।
लक्ष्य, (क्रि.) देखना। पहिचानना। चिह्न करना।
लक्ष, (न.) एक लाख। चिह्न। दिखावट। छल। तीर का चिह्न।
लक्षक, (त्रि.) चिह्न। लक्षणा से अर्थ को बतलाने वाला।
लक्षण, (न.) चिह्न। पहिचान। लक्ष्मण का नाम। परिभाषा।
लक्षित, (त्रि.) अनुमान किया गया। जाना हुआ।
लक्ष्मन्, (न.) चिह्न या दाग या लाञ्छन जो सदा के लिये हो जाय। सारस पक्षी। प्रधान।
लक्ष्मण, (पुं.) दशरथ के पुत्र का नाम। सुमित्रानन्दन। सौमित्रि। (ग) एक औषधि जिसको नव वन्ध्या को चतुर्थ दिन नाक में भरने से गर्भाधान होता है।
लक्ष्मी, (स्त्री.) विष्णुपत्नी। हल्दी। शोभा। धन। मोती। वृक्ष विशेष। सुन्दरता। चन्द्र की ग्यारहवीं कला।
लक्ष्मीकान्त, (पुं.) विष्णु। राजा।
लक्ष्मीगृह, (न.) लाल कमल का फूल।
लक्ष्मीनाथ, **लक्ष्मीपति,** } (पुं.) विष्णु। राजा।
लक्ष्मीपुत्र, (पुं.) घोड़ा। कुश और लव का नाम। कामदेव।
लक्ष्मीपुष्प, (पुं.) माणिक।
लक्ष्मीपूजन, (न.) **लक्ष्मीपूजा,** (स्त्री.) } लक्ष्मी के पूजन का समय अर्थात् कार्तिकी अमावस की रात। दीपमालिका। दीवाली।
लक्ष्मीफल, (पुं.) बिल्वफल। बेल। नारियल।
लक्ष्मीरमण, (पुं.) विष्णु।
लक्ष्मीवत्, (पुं.) शोभा वाला। कटहर का पेड़। भाग्यवान्। धनी।
लक्ष्मीवसति, (स्त्री.) लाल कमल।
लक्ष्मीवार, (पुं.) गुरुवार।
लक्ष्मीवेष्ट, (पुं.) तारपीन।
लक्ष्मीसहज, **लक्ष्मीसहोदर,** } (पुं.) लक्ष्मी का प्यारा। चन्द्रमा। इन्द्र का घोड़ा। उच्चैःश्रवस्। पाञ्चजन्य शङ्ख। समुद्रमन्थन के समय निकलने वाले, कौस्तुभ मणि। पारिजात वृक्ष। धन्वन्तरि। ऐरावत हाथी। (ग) मदिरा। सुधा (अमृत)। कामधेनु।
लक्ष्य, (न.) उद्देश्य। अनुमान योग्य। जानने योग्य। निशाना लगाने योग्य।
लक्ष्यभेद, (पुं.) निशाना मारना। उद्देश्य में भेद। मतभेद।
लक्ष्यवेध, (पुं.) निशाना मारना। उद्देश्य की सिद्धि।
लक्ष्यवीथि, (स्त्री.) ब्रह्मलोक का मार्ग। देख कर चलने के योग्य मार्ग जैसे बदरीनारायण का रास्ता आदि।
लक्ष्यहन्, (पुं.) तीर। उद्देश्यभ्रष्ट। बे परवाह।
लख्, **लङ्,** } (क्रि.) जाना।
लग्, (क्रि.) चिपकना। लगना। मिलना। छूना। रोकना। चखना। पाना।
लगित, (त्रि.) लगा हुआ। मिला हुआ। प्राप्त।
लग्न, (न.) मेषादि राशियों का उदय। (त्रि.) लक्षित। लगा हुआ। स्तुतिपाठ करने वाला। जामिन।
लग्नक, (पुं.) जामिनी। जमानत। प्रतिभू।
लग्निका, (स्त्री.) नग्निका का अशुद्ध रूप। अट्टरजस्का स्त्री।
लगड, (त्रि.) प्यारा। सुन्दर।
लगुड, **लगुर,** **लगुल,** } (पुं.) छड़ी। डण्डा। कूबड़ी।
लघ्, (क्रि.) कुछ न खाना। मर्याद लाँघ कर जाना।

लघट्, (पुं.) हवा । पवन ।
लघिमन्, (पुं.) हल्कापन । ईश्वर का एक प्रकार का ऐश्वर्य । लाघव ।
लघिष्ठ, (त्रि.) अत्यन्त हल्का ।
लघु, (त्रि.) हल्का । थोड़ा । छोटा । अकिञ्चन । नीच । निर्बल । अभागा । चञ्चल । तेज । सहज । (छन्द में) लघु । कोमल । अनुकूल । साफ । अवस्था में छोटा । (पुं.) हस्त, पुष्य और अश्विनी नक्षत्रों के नाम ।
लघ्वी, (स्त्री.) बड़ी कोमल प्रकृति स्त्री । गाड़ी । लघु शब्द का स्त्रीवाचक अर्थ ।
लङ्का, (स्त्री.) कुबेर की प्रधान राजधानी जिसको रावण ने हठ से छीन लिया था, और जहाँ रावण मारा गया था । रण्डी । वेश्या । डाली । शाखा । अन्न विशेष ।
लङ्काधिप, **लङ्काधिपति**, (पुं.) कुबेर । रावण । विभीषण ।
लङ्कास्थायिन्, (पुं.) लङ्का में रहने वाले ।
लङ्कादाहिन्, (पुं.) हनुमान् ।
लङ्केश, **लङ्केश्वर**, (पुं.) रावण और उसका भाई विभीषण ।
लङ्घनी, (स्त्री.) लगान ।
लङ्घ्, (क्रि.) जाना । लङ्घाना ।
लङ्ग, (पुं.) लँगड़ापन । सम्मिलनी । प्रेमिक । प्रेमी ।
लङ्गक, (पुं.) प्रेमी । जार ।
लङ्गल, (न.) हल ।
लङ्गूल, (न.) पूँछ ।
लङ्घ्, (क्रि.) उछलना । फलाङ्ग मार कर जाना । कूदना । चढ़ना । आर पार होना । अनाहार रहना । सुखाना । कम करना । पकड़ना ।
लङ्घन, (न.) निराहार । उपवास । फाँका । कड़ाका । उछलना । चढ़ना ।
लच्छ्, (क्रि.) चिह्न करना ।
लज्, (क्रि.) शर्मिन्दा होना । कलङ्कित करना । दोषारोपण करना । चमकना । ढकना । छिपाना ।
लज्ज्, (क्रि.) लज्जित होना ।
लज्जका, (स्त्री.) बनले कपास का पेड़ ।
लज्जरी, (स्त्री.) एक प्रकार का सफेद पौधा ।
लज्जा, (स्त्री.) शर्म । लाज । लाजवन्ती बेल ।
लज्जालु, (स्त्री.) शर्मीला । लजीला ।
लज्जाशील, (त्रि.) लजीला । लजाने वाला ।
लज्जित, (पुं.) व्रीडित । शरमाया हुआ । लजाया हुआ ।
लञ्ज्, (क्रि.) दोष लगाना । भूनना । घायल करना । मार डालना । देना । बोलना । दृढ़ होना । रहना । चमकना । प्रकट होना ।
लञ्जा, (स्त्री.) घास । व्यभिचारिणी । लक्ष्मी । निद्रा ।
लञ्जिका, (स्त्री.) रण्डी । वेश्या ।
लट्, (क्रि.) लड़कपन करना । तुतलाना । चिल्लाना । रोना ।
लट्, पाणिनि का व्यवहृत वर्त्तमान लकार के लिये शब्द विशेष ।
लट, (पुं.) मूर्ख । दोष । चोर । डाकू ।
लटपर्ण, (पुं.) दालचीनी ।
लट्ट, (पुं.) बदमाश । गुण्डा ।
लठ, (पुं.) घोड़ा । नाचने वाला बालक । राग विशेष । एक जाति का नाम । पक्षी विशेष । गौरीला । बाजा । खेल । असली स्त्री ।
लड्, (क्रि.) खेलना । फेंकना । उछालना । जिह्वा को ऐंठना । छेड़ छाड़ करना । थपथपाना ।
लडह, (त्रि.) सुन्दर ।
लडु, **लडुक**, (पुं.) लड्डू । लड्डुआ । मिष्टान्न विशेष ।

लण्ड्, (क्रि.) ऊपर उछालना। बोलना।
लण्ड, (न.) विष्ठा। पाखाना। गू।
लण्ड्, (पुं.) लण्डन नगर।
लता, (स्त्री.) बेल। शाखा। प्रियङ्गु। माधवी। मुश्क। चाबुक की रस्सी। माला का डोरा। स्त्री। दूर्वा घास।
लतार्क, (पुं.) हरा प्याज।
लताजिह्व, **लतारसन**, (पुं.) सर्प। साँप।
लतातरु, (पुं.) साल का पेड़। ताल वृक्ष। नारिङ्गी का पेड़।
लतापनस, (पुं.) खरबूजा। तरबूज।
लतापर्ण, (पु.) विष्णु।
लताभवन, (न.) लतामण्डप।
लतामणि, (पुं.) मूङ्गा।
लतायष्टि, (स्त्री.) मजीठ।
लतावृक्ष, (पुं.) नारियल का पेड़।
लतावेष्ट, (पुं.) एक प्रकार के मैथुन की विधि।
लतावेष्टन, **लतावेष्टितक**, (न.) एक प्रकार से छाती से लगाना।
लतिका, (स्त्री.) छोटी बेल।
लत्तिका, (स्त्री.) एक प्रकार की छोटी छिपकली।
लप्, (क्रि.) बोलना। बातचीत करना। तुतलाना। काना फूँसी करना। कराहना।
लपन, (न.) मुख। बातचीत।
लपित, (त्रि.) कथित। कहा गया।
लब्, (क्रि.) पकड़ना। सहारा देना।
लब्ध, (त्रि.) प्राप्त। पाया।
लब्धवर्ण, (पुं.) पण्डित। चतुर।
लभ्, (क्रि.) पाना। रखना। लेना। पकड़ना। मिलना। फिर से पाना। उगाहना। जानना। सीखना।
लमक, (पुं.) जार। प्रेमी। विषयी।
लम्पट, (पुं.) विषयी। व्यभिचारी। लबार।
लम्ब, (पुं.) नाचने वाला। सुन्दर। घूँस। अङ्कगणित के त्रिभुज आदि क्षेत्र। (त्रि.) लम्बा। लटका हुआ।
लम्बकर्ण, (पुं.) बकरा। हाथी। राक्षस। बाज। अङ्कोट वृक्ष। गधा।
लम्बकेश, (त्रि.) लम्बे बालों वाला। (पुं.) कुश का आसन।
लम्बबीजा, (स्त्री.) मदिरा। लङ्का में उत्पन्न। लम्बे बीज वाली।
लम्बोदर, (पुं.) गणेश जी। बड़े पेट वाला। बहुत खाने वाला।
लय, (क्रि.) जाना।
लय, (पुं.) विनाश। गीत। काल। ईश्वर।
लयपुत्री, (स्त्री.) नाटक की एक पात्री। नटी। नाचने वाली स्त्री।
लर्च्, (क्रि.) जाना।
लल्, (क्रि.) चाहना। खेलना। थपथपाना।
लल, (त्रि.) खिलाड़ी। इच्छा करने वाला।
ललजिह्व, (पुं.) हिल रही जीभ वाला। कुत्ता। ऊँट। हिंसक जन्तु।
ललन्तिका, (स्त्री.) लम्बी गले की माला। छिपकली या गिरगिट।
ललना, (पुं.) महिला। स्त्री। नारी।
ललनाप्रिय, (पुं.) कदम्ब वृक्ष। स्त्रियों का प्यारा।
ललाक, (पुं.) लिङ्ग। पुरुष चिह्न।
ललाट, (न.) माथा। कपाल।
ललाटन्तप, (पुं.) सूर्य्य।
ललाटिका, (स्त्री.) माथे का भूषण।
ललाम, (त्रि.) सुन्दर। प्यारी। मनोहारिणी। माथे की सुन्दरता बढ़ाने के लिये कृत्रिम चिह्न विशेष। (न.) माथे का आभूषण। सर्वोत्तम कोई वस्तु। चिह्न। ध्वजा। पंक्ति। रेखा। पूँछ। अयाल। गौरव। सौन्दर्य। सींग। (पुं.) घोड़ा।
ललित, (न.) सुन्दर। चाहा हुआ।

ललिता, (स्त्री.) स्त्री । कस्तूरी । दुर्गा का एक रूप ।

ललितापञ्चमी, (स्त्री.) आश्विनशुक्ला पञ्चमी ।

ललितासप्तमी, (स्त्री.) भाद्रशुक्ला सप्तमी ।

लव, (पुं.) छेदन । लेश । श्रीरामचन्द्र के एक पुत्र का नाम । परिमाण विशेष । गौ की पूँछ के बाल । हानि । लौंग । सुपारी ।

लवङ्ग, (न.) लौंग का पेड़ या फल ।

लवङ्गकलिका, (स्त्री.) लौंग । लौंग की कली जो आगे चौकोनी रहती है ।

लवङ्गक, (न.) लौंग ।

लवण, (त्रि.) नमकीन । प्यारा । सुन्दर । (पुं.) नमकीन स्वाद । खारी पानी का समुद्र । एक असुर का नाम जिसे शत्रुघ्न ने मारा था । नरक विशेष । (न.) नमक । नोन । समुद्री नमक ।

लवणक्षार, (पुं.) खार विशेष ।

लवली, (स्त्री.) एक प्रकार की बेल ।

लवाक, (पुं.) हँसिया । काटने का औज़ार ।

लवि, (त्रि.) तेज़ धार वाला ।

लवित्र, (न.) हँसिया ।

लशुन, **लशून,** (पुं. न.) लहसन ।

लष्, (क्रि.) इच्छा करना । चाहना ।

लष्व, (पुं.) नाटक का पात्र । नाचने वाला ।

लस्, (क्रि.) चमकना । खेलना ।

लसिका, (स्त्री.) लार । थूक ।

लसित, (त्रि.) खेला हुआ । प्रकट हुआ ।

लसीका, (स्त्री.) लार । गन्ने का रस ।

लस्त, (त्रि.) चिपटाया हुआ । कोरियाया हुआ । पटु । चतुर ।

लस्ज्, (क्रि.) लजाना ।

लस्तक, (पुं.) धनुष का वह हिस्सा जो हाथ से थामा जाता है ।

लस्तकिन्, (पुं.) धनुष ।

लहरि, **लहरी,** (स्त्री.) लहर । समुद्र की बड़ी लहर ।

ला, (क्रि.) पकड़ना ।

लाकुटिक, (त्रि.) लगुड या डण्डा बाँधे हुए । (पुं.) चौकीदार ।

लाक्षकी, (स्त्री.) शीतला ।

लाक्षणिक, (त्रि.) लक्षण-युक्त । चिह्न वाला ।

लाक्षण्य, (त्रि.) भले बुरे लक्षणों को जानने वाला ।

लाक्षा, (स्त्री.) लाख ।

लाक्षारस, (पुं.) लाख का रस । अलकतरा । लाख का रङ्ग ।

लाख्, (क्रि.) सुखाना । सजाना । देना । हटाना । पर्य्याप्त होना ।

लाघ्, (क्रि.) समान या बराबर होना । पूर पाड़ना ।

लाघव, (न.) हलकापन । अल्पत्व । अविचारत्व । अपमान । शीघ्रता । वेग । स्वास्थ्य । उद्यतता ।

लाङ्गल, (न.) हल । ताड़ वृक्ष । पुष्पविशेष । चन्द्रमा के विशेष दर्शन । शहतीर ।

लाङ्गलदण्ड, (पुं.) हलके मध्य में लगा हुआ लकड़ी का डण्डा ।

लाङ्गलपद्धति, (स्त्री.) रेखा । डण्डी । सीता ।

लाङ्गलिन्, (पुं.) बलराम । नारियल का पेड़ । सर्प ।

लाङ्गली, (स्त्री.) नारियल का पेड़ ।

लाङ्गुल, (न.) पूँछ ।

लाङ्गूल, (न.) पूँछ । अनाज की खत्ती ।

लाङ्गूलिन्, (पुं.) बन्दर । लङ्गूर ।

लाज्, (क्रि.) झिड़कना । भूनना । तलना ।

लाञ्छ्, (क्रि.) पहिचान के लिये चिह्नित करना । सजाना ।

लाञ्छन, (न.) चिह्न । नाम । नित्य चिह्न जो कई स्त्री पुरुष आदि के देह में होता है ।

लाट, (पुं.) देश विशेष । पुराने फटे कपड़े । लड़कों जैसी भाषा । विद्वान् पुरुष ।

लाटानुप्रास, (पुं.) अलङ्कार में शब्द सम्बन्धी । अनुप्रास ।

लाभ, (पुं.) नफा । व्याज ।

लालन, (न.) प्रेम के साथ पालना । लाड़ लड़ाना ।

लालसा, (स्त्री.) चाहना । गर्भ वाली स्त्री की चाहना । गर्भचिह्न ।

लाला, (स्त्री.) लार ।

लालाटिक, (पुं.) अपने मालिक के भाग्य पर जाने वाला । काम न कर सकने वाला । भाग्याधीन ।

लालित्य, (न.) सौन्दर्य ।

लाव, (पुं.) एक प्रकार का पक्षी ।

लावण, (न.) नमकीन ।

लावणिक, (न.) नमक बेचने वाला । नमक ।

लावण्य, (न.) सलोनापन । सौन्दर्य विशेष ।

लासिका, (स्त्री.) नाचने वाली ।

लास्य, (न.) बाजा । नाच । गीत ।

लिकुच, (पुं.) मन्दार का पेड़ ।

लिक्का, लिक्षा, (स्त्री.) जुए का अण्डा । माप विशेष । लीख जो अक्सर स्त्रियों के बालों में जूँ की जाति की छोटी छोटी पड़ जाती हैं ।

लिख्, (क्रि.) लिखना ।

लिखन, (न.) लेखन । लिपि । लेख ।

लिखित, (न.) लिखा हुआ । एक मुनि का नाम ।

लिग्, (क्रि.) जाना ।

लिङ्ग, (पुं.) पुरुषत्व का प्रधान चिह्न । पुरुष, स्त्री और नपुंसक का भेददर्शक चिह्न । सामान्य चिह्न । अनुमान सिद्धि का कारण । प्रकट । शब्द में स्थित यथार्थ्य दर्शक धर्म । अर्थप्रकाशन का सामर्थ्य । शिवजी की मूर्त्ति । व्याप्य ।

लिङ्गवर्धिनी, (स्त्री.) अपामार्ग ।

लिङ्गवृत्ति, (पुं.) कपटी या दाम्भिक संन्यासी ।

लिङ्गिन्, (त्रि.) चिह्न वाला ।

लिप्, (क्रि.) लीपना ।

लिपि, लिखी, (स्त्री.) लेख ।

लिपिकर, लिपिकार, (पुं.) लेखक। लिखने वाला ।

लिप्त, (त्रि.) लिपटा हुआ । सना हुआ । एक कला । विषमिश्रित (तीर का अग्रभाग) । खाया हुआ । मिला हुआ ।

लिप्तक, (पुं.) विष में बुझा तीर ।

लिप्सा, (स्त्री.) चाहा । लाभ की चाहना ।

लिम्पाक, (पु.) वृक्ष विशेष । गधा ।

लिह्, (क्रि.) चाटना । चखना ।

ली, (क्रि.) जुड़ना । मिलना । टिकना ।

लीढ, (स्त्री.) चाटा गाया । चक्खा गया ।

लीन, (त्रि.) डूबा हुआ । निमग्न । लगा हुआ ।

लीला, (स्त्री.) केलि । भोग विलास ।

लीलावती, (स्त्री.) भास्कराचार्य की बेटी । उसका बनाया अङ्कगणित का एक ग्रन्थ । न्यायशास्त्र का एक ग्रन्थ, जिसमें प्रसिद्ध पदार्थों का प्रतिपादन किया गया है । पुराण प्रसिद्ध । वेश्या विशेष ।

लीलोद्यान, (न.) देवताओं का एक वन ।

लुक्कायित, (त्रि) गुप्त । छिपा हुआ । लुका हुआ ।

लुञ्चित, (त्रि.) नोचा हुआ । तोड़ा गया ।

लुट्, (क्रि.) चमकना । कष्ट सहना । बोलना । भूमि पर लोटना । लूटना ।

लुठ्, (क्रि.) मारना । मार कर गिरा देना । जमीन पर लोटना । सामना करना । लूट लेना ।

लुठन, (न.) लोटना । इधर उधर घूमना ।

लुण्टक, (त्रि.) डाँकू ।

लुण्टाक, (त्रि.) डाँकू । बटमार ।

लुण्ठक, (त्रि.) चोर ।
लुञ्च्, (क्रि.) तोड़ना । उखाड़ना ।
लुप्, (क्रि.) घबड़ाना । तोड़ना । लूटना ।
लुप्त, (न.) नष्ट । छिप गया । टूट गया ।
लुब्ध, (पुं.) लम्पट । लोलुप । विषयों में आपादमस्तक डूबा हुआ ।
लुभ्, (क्रि.) घबरा जाना । चाहना ।
लुलाप, लुलाय, } (पुं.) भैंसा ।
लुलित, (त्रि.) हिलाया गया । चलाया गया ।
लुप्, (क्रि.) चोरी करना ।
लुषभ, (पुं.) मस्त हाथी ।
लुह्, (क्रि.) चाहना ।
लू, (क्रि.) काटना । अलग करना । तोड़ना । बाँटना । इकट्ठा करना । पकाना ।
लूता, (स्त्री.) मकड़ी । चींटी ।
लूतामर्कटक, (पुं.) लटूर । एक प्रकार की चमेली ।
लूतिका, (स्त्री.) मकड़ी ।
लून, (त्रि.) काटा हुआ । तोड़ा हुआ । नष्ट किया हुआ । घायल । (न.) पूँछ ।
लूम, (न.) पूँछ ।
लेख, (पुं.) लिपि ।
लेखक, (पुं.) लिखने वाला ।
लेखन, (न.) भोजपत्र । अक्षरों का लिखना । लिखने का साधन । (स्त्री.) कलम आदि ।
लेखनिक, (पुं.) लिखने वाला ।
लेखर्षभ, (पुं.) देवताओं में श्रेष्ठ । इन्द्र ।
लेखहार, (पुं.) चिट्ठीरसाँ । चिट्ठी ले जाने वाला ।
लेखिनी, (स्त्री.) कलम । चमचा ।
लेख्य, (त्रि.) लिखने योग्य । निज स्वत्व-सूचक व्यवहारसम्बन्धी एक पत्र । दीप ।
लेप, (पुं.) भोजन । लीपना ।
लेपक, (पुं.) राज । थवई ।
लेलिहान, (पुं.) साँप । बारम्बार चाटने वाला ।
लेश, (पुं.) थोड़ा । टुकड़ा ।
लेह, (पुं.) आहार । चाटना ।
लेहिन, (पुं.) सुहागा ।
लेह्य, (त्रि.) अमृत । चाटने योग्य ।
लैङ्ग, (न.) अष्टादश पुराणों में से एक ।
लैङ्गिक, (त्रि.) अनुमित । (पुं.) मूर्ति बनाने वाला ।
लैय्, (क्रि.) जाना । पास जाना । भजना । कोरियाना ।
लोक्, (क्रि.) देखना । जाना । अभिज्ञ होना ।
लोक, (न.) भुवन । जन । दुनिया ।
लोकपाल, (पुं.) लोकरक्षक इन्द्रादि राजा ।
लोकबान्धव, (पुं.) सूर्य्य ।
लोकमातृ, (स्त्री.) लक्ष्मी ।
लोकलोचन, (पुं.) सूर्य्य ।
लोकबाह्य, (त्रि.) लोक से बाहर ।
लोकायत, (न.) चार्वाक मत ।
लोकायतिक, (पुं.) नास्तिक । चार्वाक ।
लोकालोक, (पुं.) देखा जाता और नहीं देखा जाता । एक पहाड़ जिसकी एक ओर प्रकाश और दूसरी ओर अन्धकार रहता है ।
लोकेश, (पुं.) ब्रह्मा । राजा । पारा ।
लोग, (पुं.) मिट्टी का ढेला ।
लोच्, (क्रि.) देखना ।
लोच, (न.) आँसू ।
लोचक, (पुं.) मूर्ख पुरुष । आँखों की पुतली । काजल । कान में पहनने की एक प्रकार की बाली । काला या नीला लिबास । माथे का आभूषण विशेष जिसे स्त्रियाँ पहनती हैं । मांसपिण्ड । सर्प की केंचली । झुर्रीदार खाल । तनी हुई भौं । केला ।
लोचन, (न.) नेत्र । देखना ।
लोट्, (क्रि.) मूर्ख या पागल होना ।
लोट्, व्याकरण का समय का अर्थबोधक एक लकार जो आशिष और प्रार्थना में आता है ।

लोटन, (न.) लोट पोट।

लोटा, लोटिका, (स्त्री.) शाक। पीताभ।

लोठ, (पुं.) भूमि पर लोट पोट करना।

लोड्ड, (क्रि.) पागल या मूर्ख होना।

लोडन, (न.) हिलाना जुलाना। गन्दला करना। आन्दोलन करना।

लोणार, (पुं.) एक प्रकार का नमक।

लोत, (पुं.) आँसू। चिह्न। (न.) लूट का माल। नमक।

लोत्र, (न.) लूट का माल।

लोध, लोध्र, (पुं.) वृक्ष विशेष, जिसमें लाल या सफेद फूल लगते हैं। पठानी लोध, इसकी पोटली बाँध कर कपूर और फिटकरी डाल कर ठंढे पानी में भिगो कर आँखों में लगाते हैं। उठी आँख आराम हो जाती है।

लोप, (पुं.) छिपाव। लुकाव। दुराव। काटना। घबराहट।

लोपा, लोपामुद्रा, (स्त्री.) अगस्त्य मुनि की स्त्री।

लोप्त्र, (न.) चोरी का माल।

लोभ, (पुं.) लालच।

लोभिन्, (पुं.) लालची।

लोभ्य, (पुं.) मूँग।

लोम, (पुं.) पूँछ। शरीर के रोम।

लोमकर्ण, (पुं.) शशक।

लोमकूप, (पुं.) रोओं के छेद।

लोमघ्न, (न.) रोग विशेष। नाऊ। दवा जिससे बाल गिर जायँ "चूने की कली और हरताल"।

लोमपाद, (पुं.) अङ्ग देश का राजा।

लोमश, (त्रि.) रोओं वाला। (पुं.) एक मुनि विशेष यह बड़े आयुष्मान् हैं, ब्रह्मा के मरने पर एक बाल छाती का उखाड़ फेंकते हैं इसी कारण इनका नाम लोमश है।

लोमहर्षण, (न.) रोमाञ्च। व्यास के एक शिष्य का नाम। सूतवंशोद्भव इस नाम का एक पौराणिक। सूत का पिता जिसको बलराम ने मार डाला था।

लोल, (त्रि.) लालची। चञ्चल। (स्त्री.) जिह्वा। लक्ष्मी।

लोलुप, लोलुभ, (त्रि.) बड़ा लालची।

लोष्ट्र, (क्रि.) इकट्ठा करना।

लोष्ट, (पुं. न.) मिट्टी का ढेला। लोहे का मैल।

लोष्टम्न, (पुं.) मूँगरी या मुग्दर।

लोह, (पुं. न.) लोहा।

लोहकार, (पुं.) लोहार।

लोहकिट्ट, (न.) लोहे का मैल। मण्डूर।

लोहद्राविन्, (पुं.) सुहागा।

लोहित, (न.) लोहू। लाल चन्दन। लाल सुहांजन। (पुं.) लाल रङ्ग। (त्रि.) लाल रङ्ग वाला।

लोहिताक्ष, (पुं.) लाल आँखों वाला। विष्णु। कोकिल।

लोहिताङ्ग, (पुं.) मङ्गल ग्रह। वृक्ष विशेष।

लोहितायस, (पुं.) ताँबा। लाल लोहा विशेष।

लोहिनी, (स्त्री.) लाल रङ्ग वाली स्त्री।

लोहोत्तम, (न.) सोना।

लौकायतिक, (न.) नास्तिक मत का जानने वाला।

लौकिक, (त्रि.) लोक प्रसिद्ध। लोक विदित।

लौकिकाग्नि, (पुं.) अविधिपूर्वक संस्कारित अग्नि।

लौड्ड, (क्रि.) पागल होना।

लौह, (पुं.) लोहा।

लौहकार, (पुं.) लुहार।

लौहज, (न.) मण्डूर। लोहे का मैल।

लौहभाण्ड, (पुं.) लोहे का खल्ल और लोढ़ा। इमामदस्ता। लोहे का बर्तन।

लौहशङ्कु, (पुं.) लोहे की कील।

लौहित, (पुं.) शिव का त्रिशूल ।
लौहतिक, (त्रि.) ललोहा । कुछ कुछ लाल रङ्ग का ।
लौहित्य, (न.) लाल रङ्ग। एक नदी ।
ल्पी, ल्यी, } (क्रि.) मिलना ।
ल्वी, (क्रि.) जाना ।

व

वं, (त्रि.) बलवान् । दृढ़ । (पुं.) हवा । बाह । वरुण । समुद्र । आवास । चीता । कपड़ा । मान । राहु । वरुण का आवास-स्थान । कमल की जड़ । कल्याण । सान्त्वन ।
वंश, (पुं.) एक प्रकार का बाँस । कुल । जाति । बाँसुरी । समूह । मेरुदण्ड । साल वृक्ष । दस हाथ का माप । गन्ना ।
वंशकर्पूररोचना, (स्त्री.) वंशलोचन ।
वंशज, (न.) कुलीन ।
वंशधर, (त्रि.) कुल चलाने वाला। सन्तान ।
वंशशर्करा, (स्त्री.) तवाखीर । वंशलोचन ।
वंशस्थविल, (न.) एक छन्द जिसके प्रत्येक पाद में बारह अक्षर होते हैं ।
वंशाग्र, (न.) कुल में सब से बड़ा या पहिला । वंश में पूज्य ।
वंशीधर, (पुं.) श्रीकृष्ण ।
वंश्य, (त्रि.) कुलीन ।
वक्, (क्रि.) टेढ़ा होना । तिरछा होना ।
वक (बक), (पुं.) बगला । पुष्पदार वृक्ष । कुबेर । एक राक्षस जो भीम द्वारा मारा गया था । दवा निकालने की क्रिया विशेष । इस नामका एक दैत्य जिसे श्रीकृष्ण ने माराथा ।
वकपञ्चक (वकपञ्चक), (न.) कार्तिकशुक्ल ११शी से १५शी तक की पाँच तिथियाँ ।
वकवृत्ति (वकवृत्ति), (पुं.) दाम्भिक वृत्ति ।
वकव्रतिन् (बकव्रतिन्), वकव्रतिक (बकव्रतिक), } (पुं.) ढोंगी । दम्भी । ठग ।
वकुल (बकुल), (पुं.) एक वृक्ष मौलसिरी।
वक्तव्य, (न.) कथन । (त्रि.) निन्दित । दीन । दुष्ट ।
वक्तृ, (त्रि.) उचित । बकवादी।
वक्त्र, (न.) मुख । वस्त्र विशेष । छन्द विशेष ।
वक्त्रासव, (पुं.) अधर रस ।
वक्र, (न.) नदी का घुमाव । शनैश्चर । मङ्गल । रुद्र । त्रिपुर दैत्य । तिरछा जाना । (त्रि.) तिरछा ।
वक्राङ्ग, (पुं.) हंस । (त्रि.) कुटिल अङ्ग वाला । (त्रि.) कुटिल । टेढ़ा ।
वक्रिम, (न.) टेढ़ापन ।
वक्रतुण्ड, (पुं.) गणेश जी ।
वक्रोक्ति, (स्त्री.) अलङ्कार विशेष । आक्षेप । कटाक्ष ।
वक्ष्, (क्रि.) क्रोध करना ।
वक्षस्, (न.) छाती ।
वक्षस्थल, वक्षःस्थल, } (न.) अच्छी छाती ।
वक्षी, (स्त्री.) अङ्गारा ।
वक्षोज, (पुं.) स्तन ।
वक्षोरुह, (पुं.) स्तन ।
वख्, (क्रि.) जाना ।
वगाह, (पुं.) स्नान ।
वघ्, (क्रि.) जाना ।
वङ्क, (पुं.) नदी की मोड़ ।
वङ्किल, (पुं.) काँटा ।
वङ्क्षि, (पुं.) पसली । धनु ।
वंक्षण, (न.) घुटना ।
वंक्षु, (पु.) गङ्गा की नहर ।
वङ्ग्, (क्रि.) जाना ।
वङ्गा, (पुं.) [बहुवचनान्त] बङ्गाल हाता ।
वङ्ग, (न.) राँगा । (पुं.) रुई । लीची का पेड़ ।
वङ्गज, (न.) पीतल । सिन्दूर ।
वङ्गशुल्वज, (न.) काँसा ।
वङ्गसेन, (पुं.) वक वृक्ष ।

वङ्गारि, (पुं.) हरताल ।
वच्, (क्रि.) कहना ।
वचन, (न.) वाक्य । संख्यावाची । सोंठ। उपदेश ।
वचनग्राहिन्, (त्रि.) वशीभूत ।
वचनीय, (त्रि.) निन्दा योग्य । लोकापवाद।
वचनस्थित, (त्रि.) अपनी बात को पालने वाला । आज्ञाकारी । वश में आया हुआ ।
वचस्, (न.) वाक्य । वचन ।
वचसांपति, (पुं.) देवगुरु । बृहस्पति ।
वचस्कर, (त्रि.) आज्ञाकारी वंश में उत्पन्न ।
वचा, (स्त्री.) पदार्थ विशेष ।
वज्, (क्रि.) गति ।
वज्र, (पुं. न.) इन्द्र का अस्त्र विशेष ।
वज्रचर्म्मन्, (पुं.) गेंड़ा ।
वज्रदन्त, (पुं.) शूकर । मूसा ।
वज्रधर, (पुं.) इन्द्र ।
वज्रनिर्घोष, (पुं.) गर्जन ।
वज्रपाणि, (पुं.) इन्द्र ।
वज्रपुट, (न.) औषध पाचन पात्र । दवा पकाने का बर्तन ।
वज्रमय, (त्रि.) वज्र स्वरूप ।
वज्रिन्, (पुं.) इन्द्र ।
वञ्चक, (पुं.) गीदड़ । छली । दगाबाज । धूर्त्त ।
वञ्चन, (न.) ठगना । छलना । फँसा लेना ।
वञ्जुल, (पुं.) अशोक का पेड़ । बैत । पक्षी । (त्रि.) टेढ़ा ।
वट्, (क्रि.) घेरना । हिस्सा करना । कहना । चोरी करना ।
वट, (पुं.) एक वृक्ष । सन की रस्सी ।
वटक, (पुं.) बरा । पकोड़ी । मुँगौरा । कचोड़ी ।
वटी, (स्त्री.) गोली । टिकिया ।
वटु, (पुं.) बालक । ब्रह्मचारी ।
वटुक, (पुं.) एक देवता । भैरव ।
वठ्, (क्रि.) बली होना ।
वठर, (पुं.) मूर्ख । वर्णसङ्कर विशेष । शठ ।
वड्, (क्रि.) बाँटना ।
वडभि, **वडभी,** (स्त्री.) छज्जा । घर की चोटी । महल के शिखर का घर ।
वड, (त्रि.) बड़ा । श्रेष्ठ । अच्छा ।
वण्टक, (पुं.) विभाजक । हिस्सा करने वाला ।
वत्, (अव्य.) सादृश्य । समानता ।
वत, (अव्य.) कष्ट । दया । खुशी । विस्मय । आमन्त्रण ।
वतंस, (पुं.) असल में अवतंस शब्द है । अकार का लोप होने से आभूषण । चोटी । हर प्रकार का गहना । कर्णफूल ।
वतण्ड, (पुं.) एक मुनि का नाम ।
वतोका, (स्त्री.) सन्तान रहित स्त्री ।
वत्स, (न.) वक्षःस्थल । वत्सर । वर्षा । (पुं.) बछड़ा । पुत्र । प्रिय । बच्चा ।
वत्सक, (न.) इन्द्रजौ । (पुं.) बछड़ा । देखो वत्स शब्द ।
वत्सतर, (पुं. स्त्री.) छोटा बछड़ा । छोटा साण्ड ।
वत्सनाभ, (पुं.) एक विष । बचनाग । सर्प के काटने पर घी के साथ पिलाने से सर्पविष नष्ट होता है ।
वत्सपत्तन, (न.) कौशाम्बी नाम नगरी ।
वत्सपाल, (पुं.) श्रीकृष्ण । ग्वाल । बछड़ों का रक्षक ।
वत्सर, (पुं.) वर्ष । साल ।
वत्सराज, (पुं.) चन्द्रवंशी एक राजा । बढ़िया दिखनौटा बछड़ा ।
वत्सरान्तक, (पुं.) वर्ष समाप्ति का महीना । फाल्गुन मास ।
वत्सल, (त्रि.) स्नेह युक्त । प्रेमी । दयालु ।
वत्सिन्, (पुं.) लड़कपन । युवावस्था ।
वत्सीय, (पुं.) गोपालक । चरवाहा ।
वद्, (क्रि.) बोलना । कहना ।
वदन, (न.) चेहरा । मुख । कथन ।
वदन्य, **वदान्य,** (पुं.) उदार पुरुष । बहुत देने वाला ।

वदाम (बदाम), (पुं.) बादाम ।
वदावद, (पुं.) बहुत बोलने वाला ।
वदि, कृष्ण पक्ष । जैसे ज्येष्ठ वदि ।
वद्य, (त्रि.) कहने योग्य । कृष्ण पक्ष । निन्द्य ।
वध्, (क्रि.) मार डालना ।
वधस्तम्भ, (पुं.) फाँसी का खम्भ ।
वधक, (पुं.) जल्लाद । फाँसी लगाने वाला ।
वधित्र, (न.) कामदेव ।
वधु, वधुका, (स्त्री.) लड़के की स्त्री । बहू ।
वधू, (स्त्री.) दुलहिन । भार्य्या । बहू ।
वधूजन, (पुं.) स्त्रियाँ ।
वधुटा, वधूटी, (स्त्री.) कम उम्र की स्त्री । बहू ।
वध्य, (त्रि.) मारने योग्य ।
वध्रिका, (पुं.) नपुंसक । हिजड़ा ।
वभ्रुय, (पुं.) जूता ।
वन्, (क्रि.) मान करना । उपकार करना । माँगना । सेवा करना ।
वन, (न.) जङ्गल । जलस्रोत । निवास । जल । मेघ । प्रकाश । घर । काठ का बर्तन ।
वनकदली, (स्त्री.) काष्ठकदली ।
वनचन्दन, (न.) वन का चन्दन ।
वनज, (न.) पद्म । मोथा ।
वनमाला, (स्त्री.) पैरों तक लम्बी वनमाला ।
वनमालिन्, (पुं.) श्रीकृष्ण । वाराहीलता ।
वनलक्ष्मी, (स्त्री.) केले का वृक्ष ।
वनवासिन्, (पुं.) वाराहीकन्द । शाल्मली-कन्द ।
वनशोभन, (न.) पद्म । कमल ।
वनस्पति, (पुं.) अश्वत्थ आदि वृक्ष ।
वनायु, (पुं.) अरब देश । वह देश जहाँ अच्छे घोड़े उत्पन्न हों ।
वनायुज, (पुं.) अच्छा घोड़ा । अरबी घोड़ा ।
वनिता, (स्त्री.) प्यारी स्त्री ।
वनिन्, (पुं.) वानप्रस्थ आश्रम वाला । वृक्ष । सोमलता ।
वनी, (स्त्री.) जङ्गल ।
वनीयक, (पुं.) भिखारी ।
वनेचर, (पुं.) वन में घूमने वाला । भील । जङ्गली । वनमानुष । जलमानुष ।
वनौकस, (पुं.) बन्दर । रीछ ।
वञ्च्, (क्रि.) ठगना ।
वन्दन, (न.) प्रणाम ।
वन्दनीय, (त्रि.) नमनीय । नमस्कार करने योग्य । पूज्य । मान्य ।
वन्द्र, (पुं.) पुजारी ।
वन्दारु, (त्रि.) नमस्कार करने का स्वभाव वाला । देवता ।
वन्दि, वन्दी, (स्त्री.) कैदी । नमस्कार । (पुं.) भाट ।
वन्द्य, (त्रि.) वन्दनीय । (स्त्री.) गोरोचना ।
वन्य, (न.) दारचीनी । वाराहीकन्द । (स्त्री). जल का समूह ।
वप्, (क्रि.) बीज बोना ।
वपन, (न.) बीज की बुआई । मूड़ मुड़ाना ।
वपनी, (स्त्री.) नाई का घर ।
वपिल, (पुं.) पिता ।
वपु, (पुं.) शरीर ।
वपुन, (पुं.) देवता ।
वपुष्, वपुस्, (न.) सुन्दर । शरीर । आश्चर्य्य । जल ।
वप्तृ, (पुं.) पिता । किसान । बीज बोने वाला ।
वप्र, (पुं. न.) मिट्टी की दीवाल । नगर की रक्षा के लिये चहारदीवारी । खेत । किनारा । सीसा । प्राचीर । पहाड़ का उतार । खाई । (पुं.) पिता । प्रजापति ।
वप्रि, (पुं.) खेत । समुद्र । दुर्गति ।
वप्री, (स्त्री.) टीला ।
वभ्र, (क्रि.) जाना ।
वम्, (क्रि.) वमन करना । कै करना ।
वमन, (न.) मर्दन । अर्दन । छर्दन । बहुत निकलना ।

वमनीया, (स्त्री.) मक्खी, जिसके पेट में जाने से कै हो जाय।
वमि, (स्त्री.) कै। अग्नि।
वमित, (पुं.) कै की गयी।
वम्भ, (पुं.) बाँस।
वम्भारव, (पुं.) पोहों का बोल।
वम्र, (पुं.) चींटा। लाल चींटा जो वृक्षों पर पीले रङ्ग का होता है, बीछू के समान विषैला होता है।
वम्री, (स्त्री.) चींटी।
वय्, (क्रि.) जाना।
वय, (पुं.) जुलाहा। कोरी। बुनने वाला।
वयन, (न.) बुनना। बुनावट।
वयस्, (पुं.) उम्र। युवावस्था। पक्षी। काक। शक्ति। बलिदान का पदार्थ।
वयस्थ, (पुं.) मित्र। सहयोगी।
वयस्य, (पुं.) समान अवस्था वाला।
वयस्या, (स्त्री.) सखी। सहेली।
वयाक, (पुं.) लता। छोटी शाखा। डाली।
वयुन, (न.) ज्ञान। बुद्धि। समझने की शक्ति। देवालय। (पुं.) नियम्। आज्ञा। रीति भाँति। सफ़ाई।
वयोधस्, (पुं.) तरुण। युवा।
वयोधा, (त्रि.) बली। (स्त्री.) बल। शक्ति।
वयोरङ्ग, (न.) सीसा।
वर्, (क्रि.) चुनना। माँगना। पाने के लिये खोजना। चाहना।
वर, (न.) केसर। इच्छा। माँग। परदा। घेरा। (त्रि.) अभीष्ट। प्यारा। श्रेष्ठ। (पुं.) गुग्गुल। यार। जमाई। दुलहा। वरदान। अनुग्रह। पति।
वरट, (न.) कुन्द का फूल। कीड़ा विशेष। हंस। बर्रइया। अन्न विशेष।
वरण, (न.) चुनाव। ढकाव। पूजन। वरना। माँगना। किसी पूजा अनुष्ठानादि करने के लिये नियत समय के लिये उसी काम में लगे रहने का अनुरोध करना। अलगाव। रोक। निषेध। (पुं.) नगर का परकोटा। पुल। वरुण वृक्ष। ऊँट। धनुष की सजावट विशेष। इन्द्र।
वरणमाला, (स्त्री.) जयमाल। स्वामित्व-स्वीकार की सूचक माला। वरमाला।
वरणसी, वाराणसी, (स्त्री.) काशी। विश्वनाथ की पुरी।
वरण्ड, (पुं.) समूह। मुँहासाँ। बरण्डा। घास का ढेर। मछली पकड़ने की बंसी की डोर। सीसा। जेव।
वरण्डालु, (पुं.) एरण्ड वृक्ष।
वरत्रा, (स्त्री.) चमड़े का तस्मा। हाथी अथवा घोड़ा बाँधने की चमड़े की रस्सी।
वरत्वच, (पुं.) नीम का पेड़।
वरद, (त्रि.) अभीष्टदाता। प्रसन्न। (स्त्री.) कन्या। अश्वगन्धा। आदित्यभक्ता। दुर्गा।
वरदाचतुर्थी, (स्त्री.) माघशुक्ला चतुर्थी।
वरम्, (अव्य.) थोड़ा। प्यारा। बहुत अच्छा। बेहतर।
वररुचि, (त्रि.) अच्छी प्रीति वाला। कात्यायन मुनि। विक्रमादित्य की सभा के नव-रत्न कवियों में से एक का नाम।
वरलब्ध, (त्रि.) वरदान पाये हुए। (पुं.) चम्पक वृक्ष।
वरवर्णिनी, (स्त्री.) सुन्दरी स्त्री। लाख। लक्ष्मी। दुर्गा। सरस्वती। प्रियङ्गु लता। हल्दी।
वराक, (पुं.) शिव। (न.) युद्ध। (त्रि.) छोटा। शोच्य। बेचारा।
वराङ्ग, (न.) श्रेष्ठ पूज्य अङ्ग। मस्तक। माथा। गुदा। योनि। कुश। (पुं.) हाथी। विष्णु। कामदेव। (स्त्री.) दालचीनी। हल्दी। (ा) अच्छे अङ्गों वाली स्त्री।
वराङ्गिन्, (पुं.) अच्छे अङ्गों वाला। अम्लवेतस।
वराट, (पुं.) कौड़ी। रस्सा।

वराटक, (पुं.) कौड़ी । रस्सी । डोरी ।
वराटकरञ्जस्, (पुं.) नागकेसर वृक्ष ।
वराटिका, (स्त्री.) कौड़ी ।
वराण, (पुं:) इन्द्र ।
वरारक, (न.) हीरा ।
वरारोह, (पुं.) हाथी । (स्त्री.) अच्छे नितम्ब वाली ।
वराशि, वरासि, (पुं.) मोटा कपड़ा ।
वरासन, (न.) जवा पुष्प । उत्तम आसन । (पुं.) जघ्र । दरबान । द्वारपाल ।
वराह, (पुं.) शूकर । एक पर्वत । मोथा । शिशुमार । भगवान् विष्णु का अवतार विशेष । मेढ़ा । बैल । बादल । नक्र । वराह । व्यूह । माप विशेष । वराहमिहिर । अष्टादश पुराणों में से एक ।
वराहकर्ण, (पुं.) एक प्रकार का तीर ।
वराहकल्प, (पुं.) वराहावतार का समय ।
वराहद्वादशी, (स्त्री.) माघशुक्ला द्वादशी ।
वराहश्रृङ्ग, (पुं.) शिव ।
वराहु, (पुं.) सूअर ।
वरिमन्, (पुं.) सर्वोत्तमता । चौड़ाई ।
वरिवस्, (न.) पूजन । सम्मान । सम्पत्ति । स्थान । आनन्द ।
वरिवस्या, (स्त्री.) पूजना । शुश्रूषा ।
वरिशी, (स्त्री.) मछली पकड़ने की बंसी ।
वरिष्ठ, (त्रि.) सर्वोत्तम । सब से बड़ा । सब से अधिक भारी । (पुं.) तीतर । नारिङ्गी का पेड़ । (न.) ताँबा । काली मिर्च ।
वरी, (स्त्री.) शतावरी । सूर्यपत्नी छाया ।
वरीयस्, (त्रि.) बहुत अच्छा । (पुं.) सत्ताइस योगों में से एक ।
वरीवर्द, वलीवर्द (बलीवर्द), (पुं.) बैल । साँड ।
वरीषु, (पुं.) कामदेव ।
वरुड, (पुं.) एक प्रकार की नीच जाति ।
वरुण, (पुं.) पश्चिम दिशा के पाल । जल का अधिष्ठाता देवता । एक आदित्य । समुद्र । आकाश । सूर्य्य । वरुण वृक्ष ।
वरुणपाश, (पुं.) वरुण का फन्दा । मछली विशेष ।
वरुणलोक, (पुं.) जल । पाताल ।
वरुणानी, (स्त्री.) वरुण की स्त्री ।
वरुणावि, (स्त्री.) लक्ष्य ।
वरुत्र, (न.) लबादा । चुग्गा ।
वरूत्, (पुं.) रक्षक । देवता ।
वरूथ, (न.) कवच । रथ की रक्षा के लिये काठ या लोहे का बना बाड़ा । ढाल । समूह । रक्षा । बचाव । वंश । घर । (पुं.) कोयल । समय ।
वरूथिनी, (स्त्री.) सेना ।
वरेण्य, (न.) । केसर (त्रि.) सर्वोत्तम । प्रार्थनीय ।
वर्ग, (पुं.) जाति । समूह । भाग । त्याग ।
वर्गमूल, (न.) घात का साधन, जैसे १६ का ४ ; ९ का ३ ।
वर्गोत्तम, (पुं.) क्षेत्र आदि छः वर्गों में उत्तम अर्थात् नवाँ भाग । नवांश (ज्योतिष में) ।
वर्च्, (क्रि.) चमकना ।
वर्चस्, (न.) रूप । शुक्र । तेज । विष्ठा ।
वर्च्चस्विन्, (त्रि.) तेजस्वी ।
वर्ज्जन, (न.) त्याग । हिंसा ।
वर्ण, (क्रि.) स्तुति करना । प्रशंसा करना । फैलना । शुक्रादि वर्ण करना । उद्योग करना । चमकाना । बयान करना ।
वर्ण, (न.) केसर । जाति । रूप । भेद । अकारादि अक्षर । यश । गुण । अङ्गराग । सोना । व्रत विशेष । उपटन । स्तुति । सङ्गीत क्रम विशेष । मूर्ति ।
वर्णक, (पुं. न.) हरताल । चन्दन । हींग । मण्डन । ग्रन्थ विशेष ।
वर्णकूपिका, (स्त्री.) दवात ।

वर्णतूति, वर्णतूली, (स्त्री.) लेखनी। कलम।
वर्णधर्म, (पुं. न.) ब्राह्मणादि वर्णों का धर्म।
वर्णसङ्कर, (पुं.) दोगला।
वर्णाङ्का, (स्त्री.) लेखनी। कलम।
वर्णात्मन्, (पुं.) अक्षरों के स्वरूप वाला।
वर्णिका, (स्त्री.) लेखनी। पेन्सिल।
वर्णित, (त्रि.) भेष बदले हुए।
वर्णिन्, (पुं.) चितेरा। चित्रकार। ब्रह्मचारी।
वर्त्तक, (पुं.) बतख पक्षी। घोड़े का घुम।
वर्त्तन, (न.) आजीविका। (पुं.) काक।
वर्त्तनी, (स्त्री.) पथ। वाट। पीसना।
वर्त्तमान, (पुं.) हाल। मौजूद।
वर्त्ति, वर्त्ती, (स्त्री.) लेख। काजल। बत्ती।
वर्त्तिक, (पुं.) बटेर पक्षी। भार। बोझ।
वर्त्तिन्, (त्रि.) वर्त्तनशील। रहने वाला।
वर्त्तिष्णु, (त्रि.) वर्त्तनशील।
वर्तुल, (त्रि.) गोल। (न.) गाजर।
वर्त्मन्, (न.) पथ। आँख का परदा। रीति। आचार।
वर्द्ध्, (क्रि.) काटना। पूरा करना।
वर्द्धक, (पुं.) काटने वाला। पूरा करने वाला।
वर्द्धकिन्, (पुं.) बढ़ई।
वर्द्धन, (न.) काटना। पूरा करना। बढ़ाना। (त्रि.) बढ़ा हुआ।
वर्द्धनी, (स्त्री.) झाड़ू।
वर्द्धमान, (त्रि.) वृद्धिशील। (पुं.) रेड़ी का पेड़। सराबा। विष्णु। एक देश। एक नगर। धनियों का घर।
वर्द्धिष्णु, (त्रि.) बढ़ा हुआ।
वर्म्मन्, (न.) कवच। क्षत्रियों की उपाधि।
वर्म्महर, (पुं.) तरुण।
वर्म्मित, (त्रि.) कवचधारी। साहसी।
वर्वणा, (स्त्री.) स्याह मक्खी।
वर्वर, (न.) हीन। पीला चन्दन। (त्रि.) मूर्ख। नीच। पामर। (पुं.) एक देश। श्यामा तुलसी।
वर्ष, (पुं.) बरसात। जम्बुद्वीप का एक भाग। मेघ। साल।
वर्षपर्वत, (पुं.) वर्ष देश के पहाड़।
वर्षवर, (पुं.) खोजा। नपुंसक। हिजड़ा।
वर्षवृद्धि, (पुं.) जन्मतिथि।
वर्षा, (स्त्री.) वर्षा ऋतु।
वर्षापगम, (पुं.) शरत्काल।
वर्षाभू, (पुं.) मेंढ़क। वीरबहूटी। (स्त्री.) महीलता। पुनर्नवा। (त्रि.) वर्षा में उत्पन्न होने वाली।
वर्षामद, (पुं.) मयूर।
वर्षिष्ठ, (त्रि.) अतिशय वृद्ध।
वर्षीयस्, (त्रि.) अतिवृद्ध।
वर्षुक, (त्रि.) बरसने वाला।
वर्षोपल, (पुं.) ओला।
वर्ष्मन्, (न.) शरीर।
वर्ह्, (क्रि.) मारना। चमकना।
वर्ह(बर्ह),(न.)मोर का पर। आग। चमक। यज्ञ।
वर्हिण (बर्हिण), (पुं.) मयूर। मोर।
वर्हिर्मुख (बर्हिर्मुख), (पुं.) अग्नि।
वर्हिषद् (बर्हिषद्), (पुं.) पितृगण भेद।
वर्हिष्केश(बर्हिष्केश), (पुं.) वह्नि। आग।
वर्हिस् (बर्हिस्), (पुं.न.) आग। ग्रन्थिपर्णि। चित्रक। कुश। (त्रि.) चमकीला।
वल्, (क्रि.) रोकना। ढाँपना।
वल, (न.) सैन्य। सेना के लोग।
वलक्ष, (पुं.) धवल वर्ण। सफेद रङ्ग। स्वच्छ।
वलय, (पुं. न.) हाथ के कड़े। घेरा। गोल। गले का रोग।
वलयित, (त्रि.) घिरा हुआ।
वलाक, (पुं. स्त्री.) बगला।
वलाहक, (पुं.) मेघ। बादल।
वल्क, (न.) बक्कल। मछली का काँटा। खण्ड।

वल्कल, (न.) छिलका । छाल । दारचीनी ।
वल्किल, (पुं.) काँटा ।
वल्कुट, (न.) छाल ।
वल्गू, (कि.) जाना । कूदना । नाचना । प्रसन्न होना । खाना ।
वल्गा, (स्त्री.) घोड़े की लगाम । रास ।
वल्गु, (पुं.) बकरा । (त्रि.) सुन्दर । मधुर । मूल्यवान् । (न.) चन्दन । वन । पैसा ।
वल्गुल, (पुं.) दौड़ती हुई लोमड़ी ।
वल्भ्, (कि.) भोजन करना ।
वल्मिकि, (पुं.) दीमकों का बनाया मिट्टी का ढेर ।
वल्मी, (स्त्री.) चींटी ।
वल्मीक, (पुं. न.) (दीमकों या चींटियों का घर) छोटी मिट्टी की टिलिया । फीलपाँ का रोग । वाल्मीकि ऋषि, जिन्होंने रामायण की रचना की ।
वल्यूल्, (कि.) काट डालना । साफ करना ।
वल्ल, (पुं.) दो रत्ती भर । फटकन । एक माशा चांदी ।
वल्लकी, (स्त्री.) बीन । सारङ्गी । तम्बूरा ।
वल्लभ, (पुं.) प्यारा । स्वामी । अच्छा घोड़ा ।
वल्लरि, **वल्लरी**, (स्त्री.) लता । मञ्जरी । मेथी ।
वल्लव, (पुं.) ग्वाला । रसोइया । भीमसेन ।
वल्लि, **वल्ली**, लता । बेल । पृथिवी ।
वल्लुर, (न.) कुञ्ज । मञ्जरी । क्षेत्र । निर्जन स्थान । गहन ।
वल्लूर, (त्रि.) सूखा मांस । खेत । सवारी । बाँझर भूमि ।
वल्ल्या, (स्त्री.) आँवला का पेड़ ।
वश्, (पुं. न.) अधीन होना । प्रभुत्व ।
वशंवद, (त्रि.) प्रियवाक्यवादी । अधीन ।
वशक्रिया, (स्त्री.) वश में करना ।
वशग, (त्रि.) वशीभूत ।
वशवर्त्तिन्, (त्रि.) अधीन । वशीभूत ।
वशा, (स्त्री.) स्त्री । पत्नी । लड़की । ननँद । गौ । बाँझ स्त्री । इथिनी ।
वशित्व, (न.) स्वाधीनता । ईश्वर का एक ऐश्वर्य ।
वशिन्, (त्रि.) स्वाधीन । जितेन्द्रिय ।
वशिष्ठ, **वसिष्ठ**, (पुं.) इन्द्रियों को सर्वथा वश में रखने वाला । मुनि विशेष ।
वशीकरण, (न.) जिसके द्वारा ऐसे को वश में किया जाय, जो कभी वश ही में न हो सके । तान्त्रिक विधान विशेष । पान का बीड़ा । खुशामद । प्रार्थना ।
वश्य, (न.) वश में आया हुआ । लौंग ।
वषट्, (अव्य.) देवोद्देश्य से घी आदि का देना वा छोड़ना ।
वषट्कार, (पुं.) यज्ञ विशेष ।
वषट्कृत, (त्रि.) होम किया हुआ ।
वष्क, (कि.) जाना ।
वष्कय, (पुं.) एक वर्ष का बछड़ा ।
वस्, (कि.) ढाँकना । रहना ।
वसन, (न.) कपड़ा । परदा । बसना । रहना ।
वसति, **वसती**, (स्त्री.) वास । रहना । रात । स्थान । घर ।
वसन्त, (पुं.) ऋतु विशेष जो चैत्र और वैशाख में होती है । एक प्रकार का राग । चेचक की बीमारी ।
वसन्ततिलक, (न.) (। पुं.) छन्द जिसका पद चौदह अक्षर का होता है ।
वसन्तदूत, (पुं.) कोकिल । कोइल । आम का पेड़ । पाँचवाँ स्वर ।
वसन्तसख, (पुं.) कामदेव । वसन्त का मित्र ।
वसा, (स्त्री.) चर्बी । बेल ।
वसु, (न.) धन । रत्न । सुवर्ण । जल । वस्तु । नमक विशेष । (त्रि.) सूखा । धनी । अच्छा । देवता विशेष । इन देवताओं की संख्या आठ है—

"आपो ध्रुवो ध्रुवः सोमः अहश्चैवानिलोऽनलः ।
प्रत्यूषश्च प्रभासश्च वसवोऽष्टाविति स्मृताः॥ "

आठ की संख्या । कुबेर । शिव । अग्नि का नाम । वृक्ष विशेष । सरोवर । सूर्य । (स्त्री.) किरन । प्रकाश । चमक । मूल विशेष ।

रमति, (पुं.) कामदेव । प्रेमिक । स्वर्ग । समय । काक ।

रमल, (न.) एक प्रकार का ज्योतिःशास्त्र ।

रमा, (स्त्री.) लक्ष्मी । सौभाग्य । धन । दीप्ति ।

रमाकान्त, रमानाथ, रमापति, रमाप्रिय, (पुं.) विष्णु ।

रमाप्रियम्, (न.) कमल ।

रमावेष्ट, (पुं.) तारपीन ।

रम्भ्, (क्रि.) गौओं का (राम्भना) शब्द करना ।

रम्भ, (पुं.) गौओं का शब्द । गरजन । आधार । लकड़ी । बाँस । धूलि । दैत्य विशेष ।

रम्भा, (स्त्री.) केला । गौरी । नलकूबर की स्त्री का नाम । यह अप्सरा स्वर्ग की सब अप्सराओं से सुन्दरता में चढ़ बढ़ कर समझी जाती है । वेश्या । एक प्रकार के चाँवल ।

रम्य, (त्रि.) प्रसन्नकारक । सुन्दर । प्रिय । जम्बुद्वीप के नौ वर्षों में से एक । चम्पक का पेड़ । वक वृक्ष । पटोलमूल ।

रम्यपुष्प, (पुं.) शाल्मली वृक्ष ।

रम्यश्री, (पुं.) विष्णु ।

रम्या, (स्त्री.) रात ।

रय्, (क्रि.) जाना ।

रय, (पुं.) नदी की धार । वेग । उत्कण्ठा ।

रयि, (पुं. न.) जल । सम्पत्ति (वैदिक प्रयोग) ।

रयिष्ठ, (पुं.) कुबेर । अग्नि । ब्राह्मण ।

रलक, (पुं.) कम्बल । पलक । हिरन ।

रव्, (क्रि.) जाना ।

रव, (पुं.) चीख । चिल्लाहट । मिनमिनाना । पक्षियों की बोली । कोलाहल । घण्टा का शब्द । बादल का गरजना ।

रवण, (पुं.) गर्जन तर्जन । तेज़ । गरम । चञ्चल । ऊँट । कोयल । पीतल ।

रवणक, (पुं.) बाँस का बना जल साफ करने का यंत्र ।

रवि, (पुं.) सूर्य्य । पहाड़ । अर्क वृक्ष । बारह की संख्या ।

रविकान्त, (पुं.) सूर्य्यकान्तमणि ।

रविज, रवितनय, रविपुत्र, रविसूनु, (पुं.) शनि ग्रह । कर्ण । वालि । वैवस्वत मनु । यम । सुग्रीव ।

रविनेत्र, (पुं.) विष्णु ।

रविप्रिय, (न.) लाल कमल का फूल । ताँबा ।

रविरत्न, (न.) मानक ।

रविलोचन, (पुं.) विष्णु । शिव ।

रविलौह, रविसंज्ञक, (न.) ताँबा ।

रविसंक्रान्ति, (स्त्री.) रवि का एक राशि से दूसरी राशि पर जाना ।

रवीषु, (पुं.) कामदेव । कन्दर्प ।

रशना, रसना, (स्त्री.) रस्सी । लगाम । रास । कमरबन्द । जिह्वा ।

रश्मि, (पुं.) डोरी । रस्सी । लगाम । रास । अङ्कुश । चाबुक । किरन । नापने का फीता । अङ्गुली ।

रश्मिकलाप, (पुं.) ५४ लर का मोती का हार ।

रश्मिमुच, (पुं.) सूर्य्य ।

रस्, (क्रि.) गरजना । कोलाहल करना । गाना । चखना । जानना । प्यार करना ।

रस, (पुं.) रसा । जल । मदिरा । स्वाद । रस छः प्रकार के बतलाये जाते हैं (यथा— कटु, अम्ल, मधुर, लवण, तिक्त और कषाय) । चटनी । प्रेम । स्नेह । सुन्दरता । भाव । सर्वोत्कृष्ट अंश । वीर्य । पारा । विष । गन्ने का रस । दूध । घी । अमृत । कढ़ी । छः की संख्या । जीभ । सुवर्ण ।

रसकर्पूर, (न.) पारा आदि विषों के योग से बनाया विष विशेष ।
रसगन्ध, (पुं.) सुहागा ।
रसज, (न.) रक्त । लोहू । (पुं.) गुड़ । मद्यकीट ।
रसज्ञा, (स्त्री.) जिह्वा ।
रसतेजस्, (न.) रक्त । लोहू ।
रसन, (न.) स्वाद । ध्वनि ।
रसना, (स्त्री.) जिह्वा । रस्सी ।
रसराज, (पुं.) पारा ।
रसवती, (स्त्री.) पाकस्थान । रसोईघर ।
रसशोधन, (न.) सुहागा ।
रसा, (स्त्री.) पृथिवी । दाख ।
रसातल, (न.) भूमि के नीचे का सातवाँ परदा ।
रसाभास, (पुं.) जो यथार्थ न हो पर रस जैसा जान पड़े ।
रसाय्य, (न.) माठा । कटि । विष भेद । दवाई ।
रसायनफला, (स्त्री.) हर्र ।
रसाल, (न.) आम का वृक्ष । दूर्वा । द्राक्षा । ईख । मेथी ।
रसाला, (स्त्री.) जिह्वा । दही जिसमें शक्कर तथा अन्य मसाले मिले हों । दूर्वा । द्राक्षा ।
रसालसा, (स्त्री.) नस ।
रसास्वादिन्, (पुं.) भौंरा ।
रसिक, (त्रि.) स्वादिष्ठ । सुन्दर । हँसोड़ । विषयी । (पुं.) सुन्दरता का भक्त । हाथी । घोड़ा । सारस पक्षी ।
रसिका, (स्त्री.) गन्ने का रस । जिह्वा । स्त्री के लहँगे का नारा या कमरबन्द ।
रसेन्द्र, (पुं.) पारा ।
रसोत्तम, (पुं.) शृंग । दूध ।
रस्य, (न.) रुधिर । पतला । रसदार ।
रश्न, (न.) वस्तु । पदार्थ ।
रंह्, (क्रि.) जाना ।
रंहस्, (न.) वेग । जोर ।
रह्, (क्रि.) छोड़ना । त्यागना ।
रहण, (न.) त्याग । वियोग ।
रहस्, (न.) एकान्तता । वैराग्य । रहस्य ।
रहस्य, (त्रि.) छिपाने योग्य । गूढ़ । शुद्ध ।
रहाट, (पुं.) सचिव । भूत ।
रहित, (त्रि.) वर्जित ।
रा, (क्रि.) देना ।
राका, (स्त्री.) पूर्णिमा । पूर्णिमा की अधिष्ठात्री देवी । हाल की हुई रजस्वला लड़की । लाज । खर तथा शूर्पणखा की माता ।
राक्षस, (पुं.) पिशाच । नन्द के मंत्री का नाम ।
राक्षसी, (स्त्री.) पिशाचिनी । लङ्का । रात । डाढ़ । हाथी का दाँत ।
राक्षसेन्द्र, (पुं.) रावण ।
राक्षा, (स्त्री.) लाख ।
राख्, (क्रि.) सूखना । सजाना । रोकना । योग्य होना । पर्य्याप्त होना ।
राग, (पुं.) रङ्गना । लाल रङ्ग । ललामी । प्रेम । अनुराग । उत्कण्ठा । उत्तेजना । आनन्द । क्रोध । सुन्दरता । गाने का राग । शोक । लालच । जातीयता । पारा बनाने की एक प्रक्रिया । राजा । सूर्य । चन्द्रमा ।
रागाङ्गी, (स्त्री.) मजीठ ।
रागिणी, (स्त्री.) गीत का अङ्ग । अनुराग करनेवाली स्त्री । क्रोधयुक्ता । चाहने वाली ।
राध्, (क्रि.) समर्थ होना ।
राध, (पुं.) योग्य अथवा सर्वाङ्गीन पूर्ण पुरुष ।
राघव, (पुं.) रघु की सन्तान, विशेष कर श्रीरामचन्द्र । बड़ी जाति की एक मछली । समुद्र ।
राङ्कल, (पुं.) काँटा ।
राङ्कव, (न.) हिरन के रोम का बना वस्त्र विशेष ।

राज्, (क्रि.) चमकना।

राज्, } (पुं.) राजा। नरपति। अपनी श्रेणी
राज, } या जाति में उत्तम।

राजक, (न.) राजाओं का समूह। चमकने वाला। (पुं.) छोटा राजा।

राजकल्प, (पुं.) नृपतुल्य। राजा के समान।

राजकीय, (त्रि.) राजा का।

राजकुमार, (पुं.) राजपुत्र। राजा का लड़का।

राजगिरि, (पुं.) मगध देश का एक पर्वत।

राजघ्, (त्रि.) तेज। राजा का मारने वाला।

राजजम्बु, (स्त्री.) पिण्डखजूर।

राजजक्ष्मन्, } (पुं.) रोग विशेष।
राजयक्ष्मन्, }

राजतरु, (पुं.) कनेर का पेड़।

राजताल, (पुं.) सुवाक वृक्ष।

राजदन्त, (पुं.) ऊपर की पंक्ति के बीच वाले दो दाँत।

राजदेशीय, (पुं.) राजा के तुल्य।

राजधर्म्म, (पुं.) प्रजापालनादि कर्म्म।

राजधानी, (स्त्री.) महानगरी। जहाँ राजा का नित्य निवास हो।

राजन्, (पुं.) नृप। राजा। चन्द्रमा। पवित्र। क्षत्रिय। यक्ष। इन्द्र। जब यह शब्द किसी शब्द के पहिले या पीछे आता है, तब यह श्रेष्ठत्व का वाचक होता है। राजमाशः ऋषिराज।

राजनीति, (स्त्री.) जिसमें राजा या राज्य सम्बन्धी चाल-चलन आदि का स्पष्ट वर्णन हो। राजाओं और राज-पुरुषों का अनुकरणीय शास्त्र। अथवा ग्रन्थ जैसे "कामन्दक स्मृति" आदि।

राजन्य, (पु.) क्षत्रिय। राजपुत्र। अग्नि। क्षीरिका का पेड़।

राजन्यक, (न.) क्षात्रवा या राजाओं का समूह।

राजवत्, (त्रि.) सुन्दर राजा वाला देश।

राजन्वत्, (त्रि.) धार्मिक राजा वाला देश।

राजपथ, (पुं.) बड़ा रास्ता।

राजपुत्र, (पुं.) राजा का पुत्र। बुध ग्रह। दोगला। रायपूत। क्षत्रिय का पुत्र।

राजभूय, (न.) राजा का असाधारण धर्म्म।

राजभोग्य, (न.) सुपारी। राजाओं के भोगने योग्य वस्तु।

राजराज, (पुं.) सम्राट्। चन्द्रमा।

राजर्षि, (पुं.) क्षत्रिय ऋषि।

राजवंश्य, (त्रि.) एक जाति विशेष।

राजवर्त्मन्, (न.) राजा के करने योग्य काम।

राजवीजिन्, (त्रि.) राजा के वंश में उत्पन्न।

राजशाक, (पुं.) बथुए का शाक।

राजस्, (त्रि.) रजोगुण की प्रेरणा से प्रसिद्धि के लिये किया गया कर्म।

राजसभा, (स्त्री. न.) नृप की सभा। राज-दरबार।

राजसूय, (पुं.) यज्ञ विशेष। जो पृथ्वी के सब राजाओं को जीत लेने का द्योतक है।

राजस्व, (न.) राजा का कर।

राजहंस, (पुं.) कलहंस। जिनके पैर लाल हों वरन सफेद हो।

राजादन, (न.) क्षीरिका। केतु।

राजाम्र, (पुं.) आम्र विशेष। बड़ा आम। राय आम।

राजाम्ल, (पुं.) खट्टा बेत।

राजार्ह, (न.) जम्बू। जामन।

राजि, } (स्त्री.) कतार। पंक्ति। रेखा।
राजी, } सफेद सरसों।

राजिल, (पुं.) जल का साँप ।

राजीव, (न.) कमल का फूल । हिरन । मच्छ । हाथी । सारस ।

राजेन्द्र, (पुं.) एक प्रकार का बड़ा राजा । चक्रवर्ती । महाराज ।

राज्ञी, (स्त्री.) रानी ।

राज्य, (न.) राजपाट । अमलदारी ।

राज्यधुरा, (स्त्री.) प्रजापालनादि राज्य का भार ।

राज्याङ्ग, (न.) राज्य रक्षा के उपाय । ये छः होते हैं, यथा—स्वामी, अमात्य, सुहृत्, कोष, राष्ट्र, दुर्गबल (किले की मजबूती) ।

राढ, (पुं.) एक देश ।

राढा, (स्त्री.) एक नगरी का नाम । विषय-वासना ।

राणिका, (स्त्री.) लगाम ।

रात्रन्ती, (स्त्री.) पौषशुक्ला चतुर्दशी का उत्सव विशेष ।

राति, (त्रि.) उदार । अनुकूल । उद्यत । (स्त्री.) मित्र । भेंट । पुरस्कार ।

रात्रि, रात्री, (स्त्री.) रात । अन्धेरा । हलदी ।

रात्रिकर, (पुं.) चन्द्रमा । कपूर ।

रात्रिचर, रात्रिञ्चर, (पुं.) राक्षस । चोर । चौकीदार । उल्लू चिड़िया ।

रात्रिमणि, (पुं.) चन्द्रमा । तारा ।

रात्रितमस्, (न.) अन्धकार ।

रात्रिविगम, (पुं.) प्रभात । सवेरा । तड़का ।

रात्रिहास, (पुं.) सफेद कमल ।

रात्र्यन्ध, (त्रि.) काक आदि पक्षी ।

राद्ध, (त्रि.) रींधा हुआ । सफलमनोरथ । पका हुआ ।

राद्धान्त, (पुं.) फल । परिणाम । सिद्धान्त ।

राध्, (क्रि.) मारने की इच्छा करने वाला । पकाना ।

राधन, (न.) पूरा करना । पाना । प्रसन्न होना । पूजा करना ।

राधा, (स्त्री.) एक गोपकन्या जो पूर्वजन्म की वृन्दा थी और भगवान् के शाप से दूसरे जन्म में वृषभानु की कन्या हुई थी । जो भगवान् की तीसरी शक्ति लीला देवी का अवतार हैं । जिनको श्रीकृष्ण क्षणमात्र के लिये अपने से जुदा न होने देते थे । गर्ग-संहिता में जिनकी कथा है । जो नित्य वैकुण्ठ की नित्या लक्ष्मी और श्रीकृष्णावतार की स्त्री थीं । कर्ण की वह माता जिसने उसे पाला था ।

राधाकान्त, (पुं.) श्रीकृष्ण । राधावल्लभ ।

राधातनय, (पुं.) कर्ण । जो कुमारी अवस्था में कुन्ती से मन्त्र द्वारा सूर्य के आगमन से उत्पन्न और राधा से रक्षित हुआ था ।

राधेय, (पुं.) राधा का लड़का । कर्ण ।

राभस्य, (न.) प्रसन्नता । हर्ष । बरजोर ।

राम, (त्रि.) जिसमें योगिजन रमें वह परब्रह्म (रमन्ते योगिनो यस्मिन्) । प्रसन्न-कर । सुन्दर । काला । सफेद । (पुं.) तीन प्रसिद्ध पुरुषों के नाम जमदग्निपुत्र परशुराम, वसुदेवपुत्र बलराम और दशरथ-नन्दन श्रीराम ।

रामगिरि, (पुं.) रामचन्द्र का प्रिय प्रधान पर्वत । चित्रकूट ।

रामचन्द्र, (पुं.) राम । दशरथनन्दन । जो विष्णु के दश अवतारों में सातवें थे ।

रामजननी, (स्त्री.) तीनों रामों की मातायें; परशुराम की ' रेणुका ' जो जमदग्नि की स्त्री थी, श्रीराम की माता दशरथ की पट्टरानी ' कौसल्या ' बलराम की माता वसुदेव की स्त्री ' रोहिणी ' ।

रामतरुणी, (स्त्री.) दो रामों की स्त्रियाँ रामचन्द्र की सीता, बलराम की रेवती । सेउती का फूल ।

रामदूत, (पुं.) हनुमान् । रामचन्द्र का दूत ।

रामनवमी, (स्त्री.) चैत्रशुक्ला नवमी।
रामभद्र, (पुं.) श्रीराम।
रामवल्लभ, (न.) भोजपत्र।
रामसख, (पुं.) रामचन्द्र का मित्र सुग्रीव। वह रामभक्त जो सख्य भाव की भक्ति करें।
रामा, (स्त्री.) अशोक। गोरोचना। हींग। नारी। नदी। लड़की।
रामायण, (न.) वाल्मीकिविरचित ग्रन्थ विशेष जिसमें राम की लीलाओं का वर्णन है। इसी चरित्र के प्रतिपादक अन्यान्य रामायण ग्रन्थ। अध्यात्म, अद्भुत, बाल, रामायण आदि।
राव, (पुं.) चीख। चिल्लाहट।
रावण, (पुं.) देवता आदिकों को रुलाने वाला, विश्रवा का पुत्र, पुलस्त्य का नाती, कुम्भकर्ण का और कुबेर का भाई। राक्षसराज।
रावणगङ्गा, (स्त्री.) लङ्का की एक नदी, जिसको रावण ने बनाया था।
रावणारि, (पुं.) श्रीरामचन्द्र।
रावणि, (पुं.) रावण के पुत्र मेघनाद आदि। प्रधानतया एक इन्द्रजित् ही।
राशि, (पुं.) ढेर। समूह।
राशिचक्र, (न.) वायु की प्रेरणा से निरन्तर घूमने वाला आकाशस्थित द्वादश राशियों का ज्योतिश्चक्र।
राशिभोग, (पुं.) सूर्य्य आदि ग्रहों का निज गति के अनुसार राशियों पर गमन।
राष्ट्र, (न.) देश। राज्य। एक जाति के लोग। जातीय उपद्रव।
राष्ट्रि, राष्ट्री, (स्त्री.) शासन करने वाली स्त्री। रानी।
राष्ट्रिक, (पुं.) किसी राज्य वा देश का निवासी या प्रजा।
राष्ट्रिय, राष्ट्रीय, (पुं.) किसी राज्य का। राजा। राजा का साला।
रास्, (क्रि.) शब्द करना।
रास्, (पुं.) कोलाहल। शब्द। एक प्रकार का खेल जो श्रीकृष्ण वृन्दावन की गोपिकाओं के साथ किया करते थे। रासक्रीड़ा, जो कामदेव का मद भङ्ग करने और ब्रह्मचर्य का अखण्ड प्रभाव दिखाने के लिये ब्रह्मा की एक रात के बराबर रात कर श्रीकृष्ण ने की थी। सकरी। साँकल।
रासक, (न.) छोटा नाटक।
रासन, रासनी, (त्रि.) (स्त्री) जिह्वासम्बन्धी।
रासभ, (पुं.) गधा।
रासमण्डल, (न.) रासक्रीड़ा के लिये चक्करदार आवर्त। रासक्रीड़ा में खड़े रहने का एक झुकाव।
रासेश्वरी, (स्त्री.) राधिका। रासक्रीड़ा की स्वामिनी।
रास्ना, (स्त्री.) लता विशेष। कटिसूत्र।
राहित्य, (न.) विवर्जित्व। विहीनत्व। शून्यत्व।
राहु, (पुं.) विप्रचित्त और सिंहिका का पुत्र। एक दैत्य जो समुद्र मथ कर अमृत निकाला जाने पर विष्णु ने मोहिनी अवतार ले कर देवताओं को अमृत और दैत्यों को सुरा पिलायी थी तब देव पंक्ति में घुस कर अमृत पीने के कारण चक्र से जिसका मस्तक काट कर मस्तक का राहु और धड़ का केतु कर देवताओं में मिला दिया गया। छोड़ना। छोड़ने वाला।
राहुदर्शन, (न.) चन्द्र और सूर्य के ग्रहण-समय जिनमें राहु दीखता है।
राहुमूर्द्धभिद्, (पुं.) विष्णु।
राहुरत्न, (न.) गोमेद रत्न।
रि, (क्रि.) जाना। निकालना। देना। अलग करना।
रिक्त, (त्रि.) खाली। सूना। निरर्थक।
रिक्ता, (स्त्री.) कृष्ण और शुक्ल पक्षों की ४थी, ९मी और १४शी।

रिक्तभाण्ड, (न.) खाली बर्तन।
रिक्तहस्त, (त्रि.) खालीहाथ। निर्द्धन।
रिक्थ, (न.) मरते समय छोड़ी हुई सम्पत्ति। अप्रतिबन्ध दाय।
रिक्थहारिन्, (त्रि.) दायहारी। हिस्सेदार।
रिख्, (क्रि.) सरकना। रेंगना।
रिग्, (क्रि.) जाना।
रिङ्गण, (न.) खिसकना। रेंगना।
रिच्, (क्रि.) रीता करना। अलगाना।
रिज्, (क्रि.) भूनना। तलना।
रिटि, (पुं.) कोयलों की कड़क। काला नोन। एक प्रकार का बाजा। शिव का एक अनुचर।
रिध्म, (पुं.) प्रेम।
रिपु, (पुं.) शत्रु। वैरी। कुण्डली में लग्न से छठवाँ स्थान।
रिपुघातिन्, रिपुघ्न, (न.) वैरी मारने वाला।
रिपुघातिनी, (स्त्री.) एक प्रकार की बेल।
रिपुञ्जय, (त्रि.) एक राजा। शत्रुविजयी। शूर।
रिप्र, (त्रि.) गुरा। दूषित। (न.) पाप। मैल। अपवित्रता।
रिफ्, (क्रि.) गाली देना।
रिम्फ, (क्रि.) मारना। वध करना।
रिम्फ, (पुं.) लग्न से १२वाँ स्थान।
रिरंसा, (स्त्री.) रमणेच्छा। विहार की लालसा।
रिरी, (स्त्री.) पीली पीतल।
रिश्, (क्रि.) फाड़ना। खाना। चोटिल करना।
रिरिक्षत्, (पुं.) शत्रु।
रिश, (पुं.) शत्रु। वैरी।
रिश्य, रिष्य, (पुं.) मृग विशेष।
रिष्, (क्रि.) घायल करना। मारना।
रिष, (स्त्री.) चोट। हानि।
रिष्ट, (न.) मङ्गल। सम्पत्ति। पाप। हानि। नाश। दुर्भाग्य। चोट। (पुं.) तलवार।
रिष्टि, (स्त्री.) तलवार। छेद।
रिष्प, (त्रि.) हानिकारक।
री, (क्रि.) बहना।
रीठा, (स्त्री.) रीठा। करञ्जा।
रीढ़ा, (स्त्री.) अक्खा।
रीण, (त्रि.) बहा हुआ। क्षरित।
रीति, (स्त्री.) बहना। धार। नदी। सीमा। प्रथा। चाल। ढङ्ग। पीतल।
रीतिका, (स्त्री.) पीतल।
रु, (क्रि.) ध्वनि करना। शब्द करना।
रुक्प्रतिक्रिया, (स्त्री.) रोग दूर होने का उपाय। दवाई करना। पथ्यकायामादि।
रुक्म, (न.) सोना। धतूरा। लोहा। नागकेसर।
रुक्मकारक, (पुं.) सुनार।
रुक्मरथ, (पुं.) द्रोण का नाम।
रुक्मिन्, (पुं.) भीष्मक के ज्येष्ठ पुत्र और रुक्मिणी के भाई श्रीकृष्ण के साले का नाम। सुवर्ण का स्वामी।
रुक्मिणी, (स्त्री.) भीष्मक की कन्या और श्रीकृष्ण की पटरानी। लक्ष्मी का अवतार यथा—
"राघवत्वेऽभवत्सीता रुक्मिणी कृष्णजन्मनि"।
रुक्ष, रूक्ष, (त्रि.) रूखा। कठोर। निःस्नेह। चमकीला।
रुग्ण, (त्रि.) रोगी। टेढ़ा।
रुच्, (क्रि.) प्रसन्न होना। चमकना।
रुचक, (न.) अश्वाभरण। माला। सुहागा। नमक। दन्त। कपोत।
रुचा, (स्त्री.) प्रकाश। शोभा।
रुचि, रुची, (स्त्री.) अनुराग। शोभा। किरण। इच्छा। भूख। गोरोचना। (पुं.) प्रजापति विशेष।

रुचिर, (त्रि.) मनोहर (न.) केसर । लौंग ।

रुच्य, (त्रि.) सुन्दर । पति । कतक वृक्ष ।

रुज्, (कि.) तोड़ना ।

रुज्, रुजा, (स्त्री.) रोग । भङ्ग । मेढ़ी । कोढ़ ।

रुजाकर, (न.) काया । राङ्गा । फल । रोग करने वाला ।

रुट्, (कि.) टक्कर मारना । बचाव करना । चमकना । कष्ट सहना । रोकना । बोलना ।

रुट्, (कि.) देखो रुट् ।

रुण्डकरा, (स्त्री.) सींधी गौ, जो सहज में दुह ली जाय ।

रुण्ड, (पुं.) कबन्ध । मस्तकशून्य शरीर ।

रुत, (न.) रव । पशु और पक्षी आदि की बोली ।

रुदित, (न.) चिल्लाना । रोना ।

रुद्ध, (त्रि.) रोका गया । बन्द किया हुआ ।

रुद्र, (पुं.) भयानक । बड़ा । प्रशंस्य । ग्यारह की संख्या । अग्नि । शिव ।

रुद्रज, (पुं.) रुद्र से उपजा । पारा । गणेश । कार्तिकेय ।

रुद्रजटा, (स्त्री.) शङ्कर के सिर के लम्बे केश 'कपर्द' । लता विशेष ।

रुद्रप्रिया, (स्त्री.) हरीतकी । दुर्गा । पार्वती ।

रुद्रविंशति, (स्त्री.) प्रभव आदि साठ वर्षों में से अन्त की बीसी ।

रुद्रसावर्णि, (पुं.) चौदह मनुओं में से बारहवाँ मनु ।

रुद्राक्रीड़, (न.) शिव जी का विहारस्थान । श्मशान । मरघट ।

रुद्राक्ष, (पुं.) एक वृक्ष । जिसकी माला शैव पहनते हैं ।

रुद्राणी, (स्त्री.) पार्वती । ग्यारह वर्ष की लड़की । रुद्र की वे ग्यारह स्त्रियाँ जो रुद्र ने उत्पन्न होते ही ब्रह्मा के सन्मुख रो दिया और ब्रह्मा ने समझा कर स्थान और स्त्रियाँ दीं, यथा—"धी, वृत्ति, उशना, उमा, नियुत्सर्पि, इला, अम्बिका, इरावती, सुधा, दीक्षा और रुद्राणी" ।

रुद्रारि, (पुं.) महादेव का शत्रु । कामदेव । त्रिपुरासुर ।

रुद्रावास, (पुं.) कैलास । काशी । श्मशान ।

रुध्, (कि.) रोकना । पकड़ना । घेरना । छिपाना । पीड़ित करना ।

रुधिर, (न.) लाल रङ्ग । मङ्गल ग्रह । रक्त ।

रुधिरपाथिव, (पुं.) राक्षस विशेष ।

रुधिराख्य, (पुं.) बहुमूल्य रत्न विशेष ।

रुधिरानन, (न.) मङ्गल की पाँच गतियों में से एक ।

रुप्, (कि.) घबड़ाना । बिगाड़ना । बड़ी पीड़ा सहन करना ।

रुमा, (स्त्री.) सुग्रीव की स्त्री । लवण राक्षस का स्थान । एक देश ।

रुम्र, (त्रि.) चमकीला ।

रुरु, (पुं.) मृग विशेष ।

रुरु, रुरुक, रुरूक, (पुं.) अण्डउआ का पेड़ ।

रुश्, (कि.) चिढ़ाना । वध करना ।

रुष्, (कि.) क्रुद्ध होना । चिढ़ना ।

रुषा, (स्त्री.) क्रोध ।

रुषित, रुष्ट, (त्रि.) क्रुद्ध । रूठा हुआ ।

रुष्टि, (स्त्री.) क्रोध । नाराजगी ।

रुह्, (कि.) उपजना । निकलना ।

रुह, (त्रि.) उपजा । (स्त्री.) दूर्वा ।

रुह्न, (पुं.) पौधा । पेड़ ।

रूक्षु, (कि.) रूखा होना । कठोर होना ।

रूक्ष, (त्रि.) रूखा । जो चिकना न हो । पेड़ । (स्त्री.) दन्ती वृक्ष ।

रूक्षगन्ध, (पुं.) गुग्गुल ।

रूढ़, (त्रि.) उत्पन्न हुआ ।

रूढि, (स्त्री.) जन्म । प्रसिद्धि ।

रूप्, (क्रि.) आकार बनाना ।

रूप, (न.) आकार । स्वभाव । सौन्दर्य । पशु । नाम । शब्द । जाति । समानता । बानगी । १ की संख्या । रूपक ।

रूपक, (न.) अभिनय विशेष । आकार वाला । अर्थ अलङ्कार विशेष । तीन रत्ती की तौल । चाँदी ।

रूपधारिन्, (त्रि.) रूप वाला । सुन्दर । दूसरा वेष धारण करने वाला । नट ।

रूपवत्, (त्रि.) सौन्दर्य युक्त ।

रूपाजीव, (स्त्री.) वेश्या । रण्डी । बहुरूपिया ।

रूप्य, (न.) चाँदी । रुपया । (पुं.) सुन्दर । चाँदी का सिक्का ।

रूप्याध्यक्ष, (पुं.) खजाञ्ची ।

रूवुक, (पुं.) एरण्ड वृक्ष ।

रूष्, (क्रि.) सजाना । काँपना ।

रूषित, (त्रि.) सजा हुआ । मिला हुआ । ढका हुआ । फैला हुआ । रूखा बनाया हुआ । सुवासित ।

रे, (अव्य.) तिरस्कार-युक्त सम्बोधन में प्रयुक्त शब्द विशेष । इसका प्रयोग अपने से नीच को बुलाने या डाँटने के समय होता है ।

रेक्, (क्रि.) सन्देह करना ।

रेक, (पुं.) सन्देह । जातिच्युत पुरुष । नीच जाति का पुरुष । रीता । खुलना । कोहरा ।

रेकणस्, (न.) सोना । (वैदिक प्रयोग में) मरे हुए की सम्पत्ति ।

रेखा, (स्त्री.) लकीर । पूर्णता । छल ।

रेखागणित, (न.) एक विद्या जिसमें रेखा और उनसे बने अनेक प्रकार के आकारों का वर्णन है और उनके बनाने की प्रक्रिया सिद्ध की गयी है ।

रेचक, (न.) स्वांस लेना । दस्तावर । पिचकारी । सोरा ।

रेज्, (क्रि.) चमकना । हिलाना ।

रेज्, (पुं.) अग्नि ।

रेट्, (क्रि.) बोलना । माँगना । प्रार्थना करना ।

रेणु, (पुं. स्त्री.) पराग । धूलि ।

रेणुका, (स्त्री.) परशुराम की माता । जमदग्नि की स्त्री । रेणु की काया ।

रेणुकासुत, (पुं.) परशुराम । रेणुका का पुत्र ।

रेणुरूषित, (पुं.) धूलिधूसरित । गधा ।

रेतस्, (न.) वीर्य्य । (वैदिक प्रयोग में) प्रवाह । धार । सन्तति । सन्तान । पारा । पाप ।

रेत,
रेतन, } (न.) वीर्य्य । धातु ।

रेत्य, (न.) धातु विशेष ।

रेत्र, (न.) वीर्य्य । पारा । सोरा । सुवासित चूर्ण ।

रेप्, (क्रि.) जाना । ध्वनि करना ।

रेपस्, (त्रि.) नीचा । दुष्ट । निष्ठुर । जङ्गली । (न.) धब्बा । दोष । पाप ।

रेफ, (पुं.) रकार का चिह्न । कुत्सित । दुष्ट । कृपण ।

रेवत, (पुं.) जम्बीर । नीबू । बलराम के ससुर ।

रेवती, (स्त्री.) बलराम की स्त्री । अश्विनी से सत्ताइसवाँ नक्षत्र ।

रेवतीरमण, (पुं.) बलराम ।

रेवा, (स्त्री.) रति का नाम । नर्म्मदा नदी ।

रेष्, (क्रि.) हिनहिनाना । चीख मारना ।

रेष, (क्रि.) शब्द करना । भौंकना ।

रै, (पुं.) धन । सम्पत्ति । सोना । शब्द विशेष ।

रैवत, (पुं.) शिव का नाम । शनि का नाम । स्वर्णालु वृक्ष । द्वारका के समीप का एक पहाड़ ।

वसुकीट, वसुकृमि, (पुं.) भिखारी।
वसुदा, (स्त्री.) पृथिवी।
वसुदेव, (पुं.) यदुवंशोद्भव राजा सूर के पुत्र और श्रीकृष्ण के पिता।
वसुधा, (स्त्री.) भूमि।
वसुधारा, (स्त्री.) कुबेर की राजधानी। मङ्गल कार्य्यों में मातृकाओं के ऊपर घी की धार।
वसुन्धरा, (स्त्री.) पृथिवी।
वसुमती, (स्त्री.) पृथिवी।
वसुल, (पुं.) एक देवता।
वसूरा, (स्त्री.) रण्डी। वेश्या।
वस्क्, (क्रि.) जाना।
वस्करादिका, (स्त्री.) बिच्छू।
वस्त्, (क्रि.) जाना। मारडालना। मांगना। उत्पीड़न करना।
वस्त, (न.) आवास स्थान। (पुं.) बकरा।
वस्ति, (पुं. स्त्री.) तरेट। मूत्राशय। पिचकारी। कपड़े का पल्ला।
वस्तिमल, (न.) मूत्र। पेशाब।
वस्तु, (न.) द्रव्य। पदार्थ।
वस्त्य, (न.) गृह। घर।
वस्तुतस्, (अव्य.) असल में। वास्तव में।
वस्त्रकुट्टिम, (न.) तम्बू। डेरा। कनात।
वस्त्रग्रन्थि, (पुं.) नीवी। धोती की गांठ।
वस्न, (न.) वेतन। मजूरी। वस्तु। धन। मौत। छिकला (पुं.) मूल्य।
वस्नसा, (स्त्री.) स्नायु। अतड़ी। नारा।
वह्, (क्रि.) पहुँचाना। चमकना। लेजाना।
वह, (पुं.) बैल का कन्धा। घोड़ा। सवारी। रास्ता। नद। माप विशेष। वायु।
वहल, (पुं.) जहाज। (त्रि.) दृढ़।
वहित्र, (न.) पानी पर की सवारी। नाव। जहाज।
वहिरङ्ग (बहिरङ्ग), (न.) बाहिर का अङ्ग। (त्रि.) बाहिरी।
वहिरिन्द्रिय (बहिरिन्द्रिय), (न.) बाहिर का काम करने वाली इन्द्रिय।
वहिर्मुख (बहिर्मुख), (त्रि.) विमुख।
वहिस् (बहिस्), (अव्य.) बाहर।
वह्नि, (पुं.) आग। चित्रक वृक्ष। मिलावा। नीम। मरुत का नाम। सोम।
वह्निकरी, (स्त्री.) शरीर की आग को भड़कानेवाला। आँवला।
वह्निगर्भ, (पुं.) बांस। शमी वृक्ष।
वह्निनी, (स्त्री.) जटामाँसी। बूटी विशेष।
वह्निभोग्य, (न.) घृत। घी।
वह्निमित्र, (पुं.) वायु। हवा।
वह्निरेतस्, कार्त्तिकेय।
वह्निवधू, (स्त्री.) अग्निदेव की बहू।
वह्निसख, (पुं.) जीरा।
वह्य, (न.) छकड़ा। गड्डा। वाहन मात्र। हरप्रकार की सवारी।
वा, (क्रि.) सुखपाना। जाना। हिंसा करना।
वांशिक, (पुं.) बंसी बजाने वाला।
वाक, (पुं.) वचन कहना। (न.) बगुलों का उड़ान।
वाक्पारुष्य, (न.) गालीगलौज।
वाक्य, (न.) कई शब्दों से मिल कर वाक्य बनता है। उक्ति।
वाक्ष्, (क्रि.) चाहना।
वागर, (पुं.) ऋषि। विद्वान्। ब्राह्मण। वीरपुरुष। कसौटी। अटकाव। निश्चय। संकल्प। समुद्री आग। भेड़िया।
वागा, (स्त्री.) लगाम।
वागारु, (त्रि.) धोखेबाज।
वागाशनि, (पुं.) बुद्ध देव।
वागुरावृत्ति, (पुं.) व्याध। शिकारी।
वागुरिक, (पुं.) शिकारी। व्याध।
वाग्डम्बर, (पुं.) बहुत सी बातें कहना।
वाग्दण्ड, (पुं.) धिक्कार। फटकार।
वाग्दत्ता, (स्त्री.) लड़की जिसकी सगाई होगयी है।

वाग्दुष्ट, (त्रि.) बुरे शब्दों को (गालियों को) प्रयोग करने वाला ।

वाग्देवता, (स्त्री.) सरस्वती ।

वाग्मिन्, (त्रि.) अच्छा वक्ता ।

वाग्मत, (त्रि.) मौनी ।

वाङ्मय, (त्रि.) वक्तृत्व शक्ति विशिष्ट । वाग्मी ।

वाङ्मनसी, (स्त्री.) नदी विशेष ।

वाच, (पुं.) एक प्रकार की मछली ।

वाचंयम, (त्रि.) जिसने अपनी जिह्वा को वश में कर रक्खा है । ऋषि ।

वाचक, (पुं.) पढ़ने वाला । कहने वाला ।

वाचक, (पुं.) बोलने वाला । व्याख्यान दाता । पाठक ।

वाचनिक, (त्रि.) ज़बानी ।

वाचस्पति, (पुं.) बृहस्पति । पुष्य नक्षत्र ।

वाचा, (स्त्री.) वाणी ।

वाचाट, (त्रि.) बहुत बकवादी ।

वाचिक, (त्रि.) वाणी से किया हुआ ।

वाच्य, (न.) दूषण । कथन । दोष योग्य ।

वाछ्, (क्रि.) चाहना ।

वाज, (न.) बाजू । पर । तीर के पर । लड़ाई । शब्द । यज्ञ । वेग ।

वाजपेय, (न.) यज्ञ विशेष जिसमें अन्न खाया और घी पान किया जाता है ।

वाजसनेयिन्, (पुं.) याज्ञवल्क्य का नाम जो शुक्ल यजुर्वेद के प्रादुर्भाव कर्ता हैं । शुक्ल यजुर्वेदी । वाजसनेयिनों के अनुयायी।

वाजिन्, (त्रि.) तेज । दृढ़ । (पुं.) घोड़ा। तीर । वाजसनेयिन शाखा का अनुयायी । इन्द्र । बृहस्पति तथा अन्य देवता ।

वाजिन, (न.) बल । वीरता । सामर्थ्य । द्वन्द्व युद्ध । फटे दूध का जल ।

वाजिनी, (स्त्री.) घोड़ी । उषा । भोजन ।

वाजिभक्ष, (पुं.) चना ।

वाजीकरण, (न.) एक प्रकारकी औषध जिसके सेवन से मनुष्य अश्व की तरह मैथुन करने में समर्थ होता है । पौष्टिक दवाई । पुष्टाई ।

वाञ्छा, (स्त्री.) अभिलाषा । इच्छा । चाह ।

वाट, (पुं.) बाड़ा । घेरा । वाटिका । उद्यान । रास्ता । अन्न विशेष ।

वाटिका, (स्त्री.) निवास का स्थान । बगिया । हिङ्गुपत्री ।

वाड्, (क्रि.) स्नान करना । डुबकी मारना ।

वाडव, (पुं.) समुद्र की आग । ब्राह्मण । (न.) घोड़ियों का समूह ।

वाढ, (न.) अतिशय । बहुतही । (अव्य.) हाँ । प्रतिज्ञा । स्वीकृति ।

वाण (बाण), (पुं.) तीर । एक दैत्य । वह्नि । कवि विशेष । मूल्य । केवल ।

वाणवार (बाणवार), (पुं.) कवच ।

वाणहन् (बाणहन्), (पुं.) बाणासुर के मदभञ्जक । श्रीकृष्ण ।

वार्णि, (स्त्री.) बुनना । बुनने का चरखा । वचन । शब्द । सरस्वती ।

वाणिज, (पुं.) व्यापारी । बनिया ।

वाणिजिक, (पुं.) व्यापारी । गुण्डा । ठग । समुद्र की आग ।

वाणिज्य, (न.) व्यापार ।

वाणिनी, (स्त्री.) बड़ी चतुर या उत्पात करने वाली स्त्री । नाचने वाली स्त्री । नटी । मदमस्त स्त्री ।

वाणी, (स्त्री.) शब्द । भाषा । प्रशंसा । सरस्वती ।

वात, (क्रि.) जाना । सेवा करना । सुखी करना ।

वात, (त्रि.) फूँका हुआ । चाहा हुआ । (पुं.) हवा । पवनदेव । गठिया । जोड़ों की सूजन । विश्वास शून्य प्रेमिक । ढीठ नायिक ।

वातकिन, (त्रि.) गठिया के रोग वाला ।

वातकेतु, (पुं.) धूल । गर्दा ।

वातध्वज, (पुं.) मेघ । धूल ।

वातप्रमी, (पुं. स्त्री.) तेज़ हिरन ।

वातरक्त, (न.) गठिया रोग । एक प्रकार का रोग ।

वातरायण, (पुं.) उन्मत्त। पागल। निकम्मा मनुष्य। काण्ड। आरा। सरल का पेड़।
वातल, (त्रि.) तूफ़ानी। वायु उत्पन्न करने वाला। (पुं.) वात। रोग भेद।
वातव्याधि, (पुं.) बाई की बीमारी।
वातार, (पुं.) बादाम। फलदार पेड़।
वातापि, (पुं.) दैत्य विशेष जो अगस्त्य द्वारा मारा गया था।
वातापिसूदन, (पुं.) अगस्त्य मुनि।
वातामोद, (स्त्री.) कस्तूरी।
वातायन, (न.) झरोखा। खिड़की। (पुं.) घोड़ा।
वातायु, (पुं.) हिरन।
वातारि, (पुं.) एरण्ड का पेड़। शतमूली। शेफालिका। यवानी। भार्ङ्गी। सुहीं। विडङ्ग। शूरण जन्तु का लाख।
वाति, (पुं.) वायु। हवा।
वातिक, (पुं.) बाई की बीमारी।
वातीय, (न.) काँजी।
वातुल, (त्रि.) वात उत्पन्न करने वाला। उन्मत्त। (पुं.) अन्धड़। हवा का भँवर।
वातूल, (त्रि.) देखो वातुल।
वात्या, (स्त्री.) तूफान।
वात्सक, (न.) बछड़ों का समूह।
वात्सल्य, (न.) स्नेह जो अपने से छोटों—जैसे पुत्रादि,—में होता है।
वात्सि, वात्सी, (स्त्री.) ब्राह्मण के औरस से उत्पन्न शूद्रा के गर्भ से उत्पन्न लड़की।
वात्स्य, (पुं.) वत्स की सन्तान।
वात्स्यायन, (पुं.) काम सूत्र के रचयिता। न्यायसूत्र के एक टीकाकार।
वाद, (पुं.) बातचीत। वर्णन। वाद विवाद। तर्कना। न्याय का पारिभाषिक शब्द विशेष।
वाद्दन, (न.) बाजे का शब्द।
वादर, (न.) सूती कपड़ा।
वादरायण, (पुं.) वेदव्यास।
वादाम (बादाम), (न.) फल विशेष।
वादित्र, (न.) मृदङ्ग आदि बाजा।
वादिन्, (पुं.) बोलने वाला। वक्ता। वादी। विवाद कर्त्ता।
वाद्य, (न.) हर प्रकार का बाजा।
वाधू, (क्रि.) बिगाड़ना। खिजाना। कष्ट देना। विवश करना।
वाध, (पुं.) टूट। रोक। रुकावट। विघ्न।
वाधुक्य, वाधूक्य, (न.) विवाह।
वाध्रीणस, (पुं.) गेंड़ा।
वान, (त्रि.) सूखा। बनैला। (न.) सूखे फल।
वानप्रस्थ, (पुं.) तीसरा आश्रम।
वानर, (पुं.) बन्दर।
वानरेन्द्र, (पुं.) सुग्रीव। बाली।
वानस्पत्य, (पुं.) आम का पेड़।
वानायु, (पुं.) अरब देश।
वानायुज, (पुं.) अरबी घोड़े।
वानीर, (पुं.) एक प्रकार के बेत।
वानीरक, (पुं.) मूञ्ज।
वान्त, (त्रि.) उगला हुआ।
वाप, (पुं.) बुनाव। मुण्डन। बीज आदि का लगाना।
वापि, वापी, (स्त्री.) बाँवली। बड़ा कूप जिसमें जल तक पहुँचने को चक्करदार सीढ़ियां हों।
वापीह, (पुं.) चातक। पपीहा।
वाप्य, (न.) कुष्ठरोग की औषध। (त्रि.) बाँवली का।
वाम, (त्रि.) बायां। उल्टा। दुष्ट। प्यारा। मनोहर। छोटा। (पु.) जीवधारी। शिव। कामदेव। सर्प। छाती। निषिद्ध कर्म यथा मद्यपानादि। (न.) धन। अधिकार।
वामदेव, (पुं.) ऋषि विशेष। शिव।

वामन, (त्रि.) बौना । छोटा । अल्प । घटाया हुआ । कम किया गया । झुकाया गया । (पुं.) विष्णु का पाँचवा अवतार। दक्षिण दिक्कुञ्जर । काशिका वृत्ति के रचयिता का नाम ।

वामनी, (स्त्री.) बौनी स्त्री । घोड़ी । योनि का रोग विशेष ।

वामलूर, (पुं.) वल्मीक । वल्मी ।

वामलोचना, (स्त्री.) सुन्दर नेत्र वाली स्त्री ।

वामा, (स्त्री.) स्त्री । बड़ी प्यारी स्त्री । गौरी। लक्ष्मी ।-सरस्वती ।

वामाचार, (पुं.) उल्टी चाल । तन्त्र का आचार विशेष ।

वामी, (स्त्री.) घोड़ी । गधी । थिनी । गदिहनी ।

वामोरु, (स्त्री.) सुन्दर वस्त्र वाली स्त्री ।

वायवी, (स्त्री.) उत्तर पश्चिम दिशा ।

वायव्य, (त्रि.) पवन सम्बन्धी ।

वायस, (पुं.) काक । तारपीन ।

वायसारातिं, (पुं.) उल्लू ।

वायु, (पुं.) पवन । पवनदेव । प्राणवायु ।

वायुपुत्र, (पुं.) हनुमान् । भीमसेन ।

वायुभक्ष, (पुं.) सर्प ।

वायुवर्त्मन, (न.) आकाश ।

वायुवाह, (पुं.) धूआं । धूम ।

वायुवाहिनी, (स्त्री.) शरीर की नाडी विशेष ।

वायुसख, (पुं.) अग्नि । आग ।

वायवास्पद, (न.) आकाश ।

वार्, (न.) पानी । जल ।

वार, (पुं.) ढकना । समूह । झुण्ड । गिरोह । दिवस जैसे रविवार आदि । समय । बारी । अवसर । द्वार । नदी का दूसरा सामने वाला तट । शिव । पूँछ । (न.) जलसंघ मदिरा रखने का पात्र ।

वारक, (त्रि.) रोकने वाला । हटाने वाला । घोड़े की चाल विशेष । घोड़े का विष ।

वारण, (न.) रोक । निषेध । पकड़ (पुं.न.) हाथी । कवच ।

वारणवुशा, **वारणवुसा**, (स्त्री.) केले का पेड़ ।

वारणवल्लभा, (स्त्री.) केला । हथिनी ।

वारमुख्या, (स्त्री.) वेश्या ।

वारंवार, (अव्य.) बेर बेर ।

वारयितृ, (पुं.) पति । मालिक । (त्रि.) हटाने वाला ।

वारयोषा, (स्त्री.) वेश्या । रण्डी ।

वारबाण, (पुं. न.) कवच ।

वाराङ्गना, (स्त्री.) रण्डी ।

वाराणसी, (स्त्री.) काशी ।

वाराह, (पुं.) शूकर । वृक्ष विशेष । (त्रि.) शूकर सम्बन्धी ।

वाराहकल्प, (पुं.) जिस कल्प के प्रारम्भ में वाराह अवतार पहले हुआ हो । वर्तमान कल्प में श्वेत वाराह अवतार हुआ था इस लिये इसका नाम श्वेत वाराह कल्प है ।

वाराहपुराण, (न.) अठारह पुराणों में से एक ।

वाराही, (स्त्री.) सुअरिया । भूमि । पृथिवी । शूकर के रूप में विष्णु की शक्ति । मान विशेष ।

वाराहीकन्द, (पुं.) एक प्रकार का कन्द ।

वारि, (न.) पानी । रस । गन्ध । पदार्थ ।

वारिचर, (पुं.) पानी में चलने वाले जीवधारी जन्तु ।

वारिज, (न.) कमल । लौंग । निमक । गौर सुवर्ण । (पुं.) शङ्ख । घोंघा ।

वारित्र, (स्त्री.) छाता । घृत आदि वह वस्तु जो पानी के भीगने से बचावे ।

वारिद, (न.) मेघ । बादल । मोथा । (त्रि.) पानी देने वाला ।

वारिधि, (पुं.) समुद्र ।

वारिमसि, (पुं.) मेघ। बादल।
वारिराशि, (पुं.) समुद्र।
वारिरुह, (न.) कमल।
वारिवाह, (पुं.) मेघ।
वारिश, (पुं.) विष्णु।
वारीश, (पुं.) समुद्र। वरुण।
वारु, (पुं.) विजय कुञ्जर।
वारुठ, (पुं.) अर्थी। ठठरी। यान जिसपर मुर्दा लादा जाता है।
वारुण, (त्रि.) वरुण सम्बन्धी। (पुं.) भारतवर्ष के नौ खण्डों में से एक। (न.) जल।
वारुणि, (पुं.) अगस्त्य। भृगु।
वारुणी, (स्त्री.) पश्चिम दिशा। मदिरा शतभिषज। दूर्वा घास। वरुण पत्नी।
वारुण्ड, (पुं.) सर्पराज (न.) आँख और कान का मैल। नाव से पानी उलीचने का पात्र।
वारुण्डी, (स्त्री.) द्वार की सीढ़ी।
वार्णिक, (पुं.) लेखक। क्लार्क।
वार्तिका, (स्त्री.) बटेर पक्षी।
वार्त्त, (त्रि.) तन्दुरुस्त। हट्टा। निर्बल। असार। पेशे वाला। (न.) स्वास्थ्य। चातुर्थ्य।
वार्त्ताक, (पुं.) बैंगन। भटा।
वार्त्तावह, (पुं.) दूत। जासूस।
वार्त्तिक, (न.) वृत्ति स्वरूप में रचा गया ग्रन्थ विशेष। गद्य ग्रन्थ।
वार्द्धक्य, (न.) बुढ़ापा।
वार्द्धि, (पुं.) समुद्र।
वार्द्धुषि, (पुं.) सूदखोर। ब्याज खाने वाला।
वार्द्धुषिन्, (त्रि.) ब्याज पर जीने वाला।
वार्द्धुष्य, (न.) ऋण दान।
वार्द्धीणस, (पुं.) गेंड़ा। जङ्गली बकरा जिसके लम्बे कान होते हैं।
वार्मण, (न.) कवच पहिने हुए लोगों का समूह।
वार्मुच, (पुं.) मेघ। बादल।
वार्षिक, (त्रि.) सालाना। बर्सातो। (न.) एक औषध विशेष।
वार्षिला, (स्त्री.) नरक विशेष।
वार्ष्णेय, (पुं.) कृष्ण। नल के सारथि का नाम।
वार्हद्रथ (बार्हद्रथ), **वार्हद्रथि (बार्हद्रथि)**, } (पुं.) जरासन्ध।
वालि (बालि), (पुं.) सुग्रीव का बड़ा भाई।
वालुका (बालुका), (स्त्री.) रेती। चूर्ण। कपूर।
वालुकाका, **वालुकाकी**, } (स्त्री.) ककड़ी।
वाल्क, (न.) छाल का बना कपड़ा।
वाल्मीकि, (पुं.) रामायण बनाने वाले मुनि का नाम। इस नाम का एक चाण्डाल। महाभारत में पाण्डवों के अश्वमेध की साङ्गता द्योतक शंख इसी की पूजा और भोजन होने पर बजा था।
वावदूक, (त्रि.) वक्ता। बातूनी।
वावव, (पुं.) तुलसी या उसी प्रकार का तीव्र गन्ध वाला वृक्ष।
वावुट, (पुं.) नाव। डोंगी।
वावृत्, (क्रि.) चुनना। प्यार करना। खोजना। सेवा करना।
वाश्, (क्रि.) गुर्राना। गरजना। चीखना। (पशु पक्षियों की बोली) बुलाना।
वाशित, (न.) पक्षियों की बोली। बुलाना। पुकारना।
वाशिता, (स्त्री.) हथिनी। स्त्री।
वाशिष्ठ, **वासिष्ठ**, } (न.) वसिष्ठमुनि का उपदेश दिया हुआ योग विद्या का ग्रन्थ। योगवासिष्ठ।
वाश्र, (न.) घर। चौराहा। (पुं.) दिन।
वाष्प, **वास्प**, } (पुं.) भाफ। आँसू। तकिया।
वास्, (क्रि.) सुगन्धित करना।
वास, (पुं.) घर। वस्त्र। रहना। सुगन्ध।
वासक, (पुं.) वृक्ष विशेष। अड़ूसा। दमे की उत्तम औषधि।

वासकसज्जा, (स्त्री.) नायिका विशेष।
वासगृह, (न.) घर के बीच का कमरा।
वासतेयी, (स्त्री.) रात।
वासन, (न.) धूप देना। कपड़ा। रहने का स्थान। ज्ञान।
वासना, (स्त्री.) प्रत्याशा। भरोसा। खुशबूदार करना।
वासन्त, (पुं.) ऊंट। हाथी का बच्चा। कोयल। दक्षिणी वायु जो मलय पर्वत पर होकर चलता है। मूँग।
वासन्ती, (स्त्री.) एक प्रकार की चमेली। बड़ी मिर्च। पुष्प विशेष। एक उत्सव जो कामदेव का कहलाता है। लता विशेष।
वासर, (पुं. न.) दिन। नाग भेद।
वासवदत्ता, (स्त्री.) ग्रन्थ विशेष। एक नायिका का नाम जिसका परिचय भिन्न भिन्न ग्रन्थों में भिन्न भिन्न प्रकार का पाया जाता है।
वासस्, (न.) कपड़ा। वस्त्र।
वासागार, (न.) रहने योग्य गृह।
वासि, वासी, (स्त्री.) एक प्रकार की कुल्हाड़ी। रहने वाला।
वासित, (त्रि.) सुरभीकृत। बसाया गया। सुगन्ध युक्त किया गया।
वासु, (पुं.) विष्णु।
वासुकि, (पुं.) सर्पराज।
वासुदेव, (पुं.) श्रीकृष्ण। विष्णु।
वासू, (स्त्री.) सोलह वर्ष की लड़की।
वास्तव, (न.) असल। सत्य।
वास्तविक, (त्रि.) असल में। सत्य सत्य।
वास्तव्य, (त्रि.) रहने वाला। रहने योग्य।
वास्तु, (पुं.) घर बनाने योग्य भूमि। घर। बथुआ का शाक।
वास्तेय, (त्रि.) रहने योग्य।
वास्तोष्पति, (पुं.) इन्द्र। घर का मालिक।
वास्त्र, (पुं.) कपड़े के पर्दे से ढका रथ।
वाह, (कि.) यत्न करना।
वाह, (पुं.) कुली। मजूर। ढोने वाले जानवर। घोड़ा बैल भैंसा आदि। गाड़ी। रथ। बाँह। हवा। चार भार का माप विशेष।
वाहन, (न.) सवारी।
वाहिनी, (स्त्री.) सेना। नदी।
वाहिनीपति, (पुं.) सेना का मालिक। समुद्र।
वाहीक, (पुं.) जाति विशेष।
वाहु (बाहु), (पुं.) बाह। रेखा विशेष।
वाहुमूल (बाहुमूल), (न.) काँख। बगल।
वाह्य, (न.) अश्वादि सवारी। बन्दर। (त्रि.) बाहिर का।
वाह्लिक, वाह्लीक, (पुं.) बलखबुखारा देश। इस देश में उत्पन्न हुआ घोड़ा। (न.) केसर। हींग।
वि, (अव्य.) नियोग। विशेष। असहन। निग्रह। हेतु। अव्याप्ति। ईषत्। परिभव। शुद्धि। अवलम्बन। ज्ञान। गति। आलस्य। पालन। इसको संज्ञा के पूर्व लगाने से उसके अनेक प्रकार के अर्थ हो जाते हैं।
वि, (पुं. स्त्री.) पक्षी। घोड़ा। जानेवाला। सोम।
विंश, (त्रि.) बीसवाँ।
विंशक, (न.) बीस।
विंशति, (स्त्री.) कोड़ी। बीस।
विंशतिक, (त्रि.) बीस के योग्य अथवा बीस के मूल्य का।
विंशतितम, (त्रि.) बीसवाँ।
विक, (न.) दूध, उस गाय का जो हालही में ब्यानी हो।
विकच, (पुं.) नागा। बौद्ध संन्यासी। बहुत बाल वाला। ध्वज। केतु। झगड़ा। खिला हुआ। (त्रि.) केशशून्य।
विकट, (त्रि.) विकृत। विशाल। बिगड़ा हुआ। सुन्दर। नीचे ऊपर। (पुं.) फोड़ा।
विकण्टक, (पुं.) वृक्ष विशेष। (त्रि.) शत्रु रहित।

विकत्थन, (न.) आत्मश्लाघा। बढ़ कर बोलना।

विकर्तन, (पुं.) सूर्य। अर्क वृक्ष। छुरी चलाना।

विकर्मस्थ, (पुं. त्रि.) निन्द्य आचरण में लिप्त। अनाचारी।

विकल, (त्रि.) व्याकुल। घबराया हुआ। बिगड़ा हुआ।

विकलाङ्ग, (त्रि.) न्यूनाधिक अङ्ग वाला।

विकल्प, (पुं.) सन्देह। पक्षान्तर प्राप्त।

विकश्वर, } (त्रि.) प्रकाशशील। चमकने
विकस्वर, } वाला।

विकषा, (स्त्री.) मजीठ।

विकशित, } (त्रि.) प्रकाश युक्त।
विकसित, } खिला हुआ।

विकार, (पुं.) परिवर्तन। बीमारी।

विकाल, (पुं.) विरुद्ध समय अर्थात् वह समय जिसमें देव पितृ कोई भी कार्य न किया जाय। सांझ।

विकाश, (न.) अकेले। प्रकाश। चमक। आकाश। स्वर्ग।

विकाशिन्, (त्रि.) खिला हुआ।

विकिर, (पुं.) पक्षी। कुश। सफेद सरसों जो विघ्न विनाशनार्थ इधर उधर छितराई जाती है।

विकिरण, (न.) फेंकना। मारना। जानना। (पुं.) आक का पेड़। (त्रि.) किरण रहित।

विकीर्ण, (त्रि.) विक्षिप्त।

विकुर्वाण, (त्रि.) बिगड़ा हुआ।

विकुक्षि, (पुं.) सूर्यवंशी एक राजा।

विकृत, (त्रि.) बीभत्स। निन्द्य। मलिन। रोगी।

विक्रम, (पुं.) बहुत उत्साह करने वाला। त्रिविक्रम। भगवान्। राजा विक्रमादित्य। चरण। बड़ी वीरता। साठ वर्षों में से एक। बिलकुल अनुक्रम से।

विक्रमादित्य, (पुं.) उज्जयिनी का एक राजा विशेष, जिस के नाम का संवत् चल रहा है।

विक्रमिन्, (पुं.) विष्णु। सिंह। (त्रि.) वीर।

विक्रय, (पुं) बेचना।

विक्रयिक, (पुं.) बेचने वाला।

विक्रयिन्, (त्रि.) बेचने वाला।

विक्रान्त, (पुं.) शेर। वीर। विक्रम। बहादुरी।

विक्रिया, (स्त्री.) विकार। बदलना। वस्तु का अन्यथा परिणाम।

विक्रेय, (त्रि.) बेचने योग्य पदार्थ।

विक्लव, (त्रि.) घबराहट।

विक्लिन्न, (त्रि.) गीला। टूटा हुआ। पुराना।

विक्षेप, (पुं.) त्याग। प्रेरणा। फेंकना।

विक्षेपशक्ति, (स्त्री.) ब्रह्माण्ड को रचने वाली शक्ति। वेदान्त के अनुसार अविद्या की एक शक्ति।

विख्य, (त्रि.) नकटा।

विख्यात, (त्रि.) प्रसिद्ध।

विगणन, (न.) गणना करना। गिनना।

विगत, (त्रि.) बीता हुआ। प्रमाद रहित।

विगतार्त्तवा, (स्त्री.) वह स्त्री जिसका मासिक धर्म बन्द हो गया हो।

विगम, (पुं.) नाश। दूर होना।

विगर्हण, (न.) निन्दन। आरोप।

विगर्हित, (त्रि.) निन्दित।

विगाढ, (त्रि.) स्नात। नहाया हुआ।

विगान, (न.) निन्दा। विशेष गाया हुआ। प्रशंसा करना।

विगीत, (त्रि.) निन्दित। गाया हुआ। प्रशंसा किया हुआ।

विगुण, (त्रि.) गुणरहित। विशेष गुणवान्।

विगृहीत, (त्रि.) पकड़ा हुआ। जुदा किया। व्युत्पत्ति किया हुआ शब्द।

विघ्र, (त्रि.) नकटा।

विग्रह, (पुं.) लड़ाई। विशेष ज्ञान। समास।

विघटिका, (स्त्री.) एक पल।

विघटित, (त्रि.) वियोजित । विशेष रीत्या बनाया हुआ ।
विघट्टित, (त्रि.) जुदा किया हुआ ।
विघस, (पुं.) आहार (न.) मांस ।
विघसाशिन्, (त्रि.) देव पितृ कार्य से बचा हुआ खाने वाला ।
विघात, (पुं.) व्याघात । चोट । रुकावट । विघ्न ।
विघातिन्, (त्रि.) निवारक । हटाने वाला । नाश करने वाला । मारने वाला । हत्यारा ।
विघ्न, (पुं.) व्याघात । रुकावट । कृष्ण पाक फला नामक एक बूटी ।
विघ्ननाशक, (पुं.) विघ्नों को मिटाने वाला । गणेश ।
विघ्नराज, (पुं.) गणेश ।
विघ्नित, (त्रि.) जिसमें विघ्न होगया हो ।
विचु, (क्रि.) अलग करना ।
विचक्षण, (पुं.) पण्डित । चतुर । (स्त्री.) नाग दन्ती ।
विचयन, (न.) खोज । चुनाव ।
विचर्चिका, (स्त्री.) खाज । खुजली ।
विचार, (पुं.) तत्त्वनिर्णय । विवेक । सोचना ।
विचारणं, (न.) मीमांसा करना । विचार करना ।
विचि, विची, (पुं. स्त्री.) तरङ्ग । लहर ।
विचिकित्सा, (स्त्री.) सन्देह । तर्क ।
विचित्र, (न.) अद्भुत । धब्बे दार । भिन्न भिन्न प्रकार का । सुन्दर ।
विचित्रवीर्य्य, (पुं.) शान्तनु राजा का बेटा । (त्रि.) अद्भुत पराक्रम वाला ।
विचित्राङ्ग, (पुं.) चीता । व्याघ्र । (त्रि.) अद्भुत शरीर वाला ।
विचेतस्, (त्रि.) ज्ञानशून्य । मूर्ख । अज्ञानी । विकल । शोकान्वित । दुष्ट ।
विचेष्टित, (त्रि.) चेष्टाशून्य ।
विच्छ्, (क्रि.) चमकना । जाना ।
विच्छन्दक, (पुं.) ईश्वर गृह । कई खण्ड का बड़ा भवन ।
विच्छाय, (न.) पक्षियों के समूह की छाया । (त्रि.) छाया रहित ।
विच्छित्ति, (स्त्री.) अङ्गराज । एक प्रकार का चन्दन । हार विशेष । छेद । टूट । नाश । विच्छेद । स्त्रियों की चेष्टा विशेष ।
विच्छिन्न, (त्रि.) विभक्त । पाया हुआ । छेदन ।
विच्छेद, (पुं.) वियोग । विछोह । विभाग । अलगाव ।
विज्, (क्रि.) पृथक् करना । डरना । काँपना ।
विजन, (त्रि.) निर्जन । एकान्त । अकेला स्थान ।
विजनन, (न.) गर्भमोचन । प्रसव । निकलना ।
विजय, (पुं.) अर्जुन । विमान । यमराज । जीत । अपमान पूर्वक पकड़ना ।
विजयकुञ्जर, (पुं.) राज वाहन गज । वह प्रधान हाथी जिस पर बैठ कर रण में विजय किया जाय ।
विजया, (स्त्री.) आश्विन शुक्ला १० मी । उमा की एक सखी । दुर्गा । जयन्ती । शेफालिका । मजीठ । भाँग । द्वादशी विशेष । सप्तमी विशेष ।
विजातीय, (त्रि.) भिन्न जाति वाला ।
विजिगीषा, (स्त्री.) जीतने की अभिलाषा । निज उदर पूर्ति की इच्छा से पर निन्दा में प्रवृत्त होना ।
विजित, (न.) वन । जङ्गल । वृक्ष समूह ।
विजृम्भण, (न.) विकाश । जमुहाई ।
विजृम्भित, (त्रि.) विकसित । खिलाहुआ । प्रकाश । चमक ।
विज्ञ, (पुं.) प्रवीण । पण्डित ।
विज्ञात, (त्रि.) प्रसिद्ध । जाना हुआ ।

विज्ञान, (न.) विशेष ज्ञान । वेदान्त में कहा हुआ अविद्या की वृत्ति का भेद ।

विज्ञानमय कोष, (पुं.) ज्ञान की इन्द्रिय और बुद्धि ।

विज्ञानिक, (त्रि.) विज्ञान जानने वाला ।

विट्, (क्रि.) चिल्लाना । शब्द करना ।

विट, (पुं.) गुण्डा । जार । पर्वत विशेष । चूहा । खदिर वृक्ष । नारङ्गी का वृक्ष ।

विटङ्क, (न.) कबूतरों की काबुक । कबूतरों के बैठने की छतरी ।

विटप, (पुं. न.) शाखा । पल्लव विस्तार । (त्रि.) विटपालक ।

विटपिन्, (पुं.) वृक्ष । पेड़ ।

विटि, विटी, (स्त्री.) पीत चन्दन ।

विट्चर, (पुं.) गाँव का पालतू सूअर ।

विट्पत्ति, (पुं.) जमाई ।

विड्, (क्रि.) चिल्लाना ।

विड, (न.) लवण भेद । एक प्रकार का नोन ।

विडङ्ग, (पुं. न.) कृमिनाशक एक औषधि । बाय विडङ्ग । (त्रि.) अभिज्ञ । जानने वाला ।

विडम्बन, (न.) तिरस्करण । अनुकरण । (स्त्री.) हँसी ।

विड़ाल (बिडाल), (पुं.) बिल्ला । नेत्र का गोला । नेत्र की औषधि विशेष ।

विड्डीन, (न.) पक्षिओं की एक प्रकार की गति ।

विडोजस, विडौजस, (पुं.) इन्द्र ।

विड्वराह, (पुं.) ग्राम शूकर ।

वितँस, (पुं.) पक्षियों को बाँधने का फन्दा आदि ।

वितण्डा, (स्त्री.) एक प्रकार के वाद प्रतिवाद का ढङ्ग । शास्त्र की अल्पज्ञता छिपाने के लिये मन गढ़न्त बातों से वाद विवाद करना । अपना पूर्वपक्ष समर्थन करने के विना ही परपक्ष को हठ से दबाना । झूठा झगड़ा । व्यर्थ का झगड़ा । बकवाद ।

वितथ, (त्रि.) झूठा । अयथार्थ ।

वितद्रु, (स्त्री.) पञ्जाब की एक नदी ।

वितरण, (न.) दान । देना । बाँटना । मुफ्त देना ।

वितर्क, (पुं.) सन्देह । तर्क । बात की यथार्थता पर ऊहापोह करना ।

वितर्दि, (स्त्री.) वेदी ।

वितल, (न.) पातालल विशेष ।

वितस्ति, (पुं. स्त्री.) बालिश्त । बारह अङ्गुल का माप ।

वितान, (न. पुं.) चन्दौवा । शामियाना । वृत्ति विशेष । अवसर । यज्ञ । फैलाव ।

वित्, (क्रि.) त्यागना ।

वित्त, (न.) धन । (त्रि.) विचारा गया । जाना गया । पाया गया ।

वित्ति, (स्त्री.) ज्ञान । लाभ । विचार ।

वित्तेश, (पुं.) कुबेर । धन का स्वामी ।

वित्थ्, (क्रि.) मांगना ।

विद्, (क्रि.) लाभ होना । पाना । विचार करना । होना । जानना ।

विदग्ध, (त्रि.) नगरवासी । होशियार । पण्डित । चतुर ।

विदग्धा, (स्त्री.) नायिका विशेष । चतुर और चलती स्त्री ।

विद्, (पुं.) पण्डित । वेत्ता । बुध ग्रह ।

विदथ, (पुं.) योगी । कृतकृत्य । सफल मनोरथ ।

विदर्भ, (पुं. स्त्री.) वह देश जहां दर्भ न हों । रुक्मिणी के पिता भीष्मक की राजधानी, जो हाल में अमझरा नाम से

प्रसिद्ध है । यह उज्जैन ज़िले में है रुक्मिणी-हरण के चिह्न भी वहां के पर्वत में हैं । वही प्राचीन समय में कुण्डिनपुर था जो रुक्मैया ने इटारो लौट कर बसाया था । राजधानी धारा और अमझरा ।

विदल, (न.) दो भाग किया हुआ अनार ।

विदा, (स्त्री.) बुद्धि ।

विदार, (पुं.) पानी का प्रवाह । विदारण ।

विदारक, (न.) पानी ठहरने का गढ़ा । (त्रि.) फाड़ने वाला । (पुं.) पानी के बीच का वृक्ष ।

विदारण, (न.) फाड़ना । मारना । (पुं.) कनेर का पेड़ ।

विदाहिन्, (न.) जलाने वाली वस्तु ।

विदित, (त्रि.) जाना हुआ । प्रार्थित ।

विदिश्, (स्त्री.) कोण ।

विदुर, (त्रि.) नागर । (पुं.) कौरवों के मन्त्री का नाम ।

विदूर, (न.) बहुत दूर । (पुं.) मूँगा के उत्पन्न होने का स्थान ।

विदूरथ, (पुं.) सूर्य्य वंशी एक राजा ।

विदूराद्रि, (पुं.) एक पर्वत ।

विदूषक, (पुं. त्रि.) शृङ्गार रस का सहायक विशेष । नाटक का मसखरा पात्र । नट । निन्दक । अपनी ही हाँकने वाला ।

विदेश, (पुं.) देशान्तर । परदेश ।

विदेह, (पुं. त्रि.) निमिराजा के देह त्याग के उपरान्त के राजा । जनक । कुशध्वज आदि । मैथिल देश । (२) मिथिलापुरी । जनकपुरी । (त्रि.) मुमुक्षु और शरीर सम्बन्ध से शून्य ।

विदेहकैवल्य, (न.) मोक्ष विशेष जो दत्तात्रेय के उपदेश से जनक राजा को प्राप्त हुआ था ।

विद्ध, (त्रि.) छिदित । क्षिप्त । बाधित । ताड़ित । बेधा गया ।

विद्यमान, (पुं.) वर्तमान काल । (त्रि.) मौजूद ।

विद्या, (स्त्री.) ज्ञान । मन्त्र विशेष ।

विद्याचन, **विद्याचण**, (त्रि.) विद्या में प्रसिद्ध ।

विद्याचक्षु, (पुं.) विद्या द्वारा प्रसिद्धि प्राप्त ।

विद्यादान, (न.) पढ़ाना । पुस्तक का दान ।

विद्याधन, (न.) विद्या द्वारा उपार्जित धन (शास्त्रार्थ करके या विद्या दिखा कर) ।

विद्याधर, (पुं.) देवता विशेष ।

विद्युत्, (स्त्री.) बिजली । संध्या ।

विद्युत्प्रिय, (न.) काँसा धातु । रेशम । कोयला ।

विद्युन्माला, (स्त्री.) छन्द जिसका प्रत्येक पद आठ अक्षर वाला होता है । बिजलियों की कतार ।

विद्रव, **विद्राव**, (पुं.) पलायन । बहाव । युद्ध । लड़ाई ।

विद्रुत, (त्रि.) बहा हुआ । भागा हुआ ।

विद्रुम, (पुं.) मूँगे का पेड़ ।

विद्वत्कल्प, (त्रि.) थोड़ी सी कसर वाला पण्डित ।

विद्वत्तम, (पुं.) बहुत विद्वान् ।

विद्वद्देशीय, (त्रि.) थोड़ी कसर वाला पण्डित ।

विद्वस्, (त्रि.) पण्डित । आत्मज्ञानी ।

विद्विष्, (पुं.) शत्रु । वैरी ।

विद्वेष, (पुं.) शत्रुता ।

विद्वेषण, (न.) तान्त्रिक अभिचार विशेष । शत्रुओं में परस्पर विद्वेष उत्पन्न कराने की प्रक्रिया ।

विधवा, (स्त्री.) राँड । वह स्त्री जिसका पति मर गया हो ।

विधातृ, (पुं.) प्रजापति । ब्रह्मा । कामदेव । मदिरा । भृगु मुनि के पुत्र । कार्यकर्ता ।

विधान, (न.) विधि । प्रकार । कार्य का निर्देश । गजभक्ष्यान्न ।

विधानज्ञ, (पुं.) पण्डित । विधि जानने वाला । कार्यकुशल । होशियार ।

विधायक, (त्रि.) विधानकर्त्ता । कार्य का व्यवस्थापक ।

विधि, (पुं.) ब्रह्मा । भाग्य । क्रम । प्रवर्त्तना रूप नियोग । विष्णु । कर्म्म । गजभक्ष्यान्न । वैद्य । नयी आज्ञा देना । व्याकरण का सूत्र विशेष । आईन ।

विधिज्ञ, (त्रि.) विधि को जानने वाला ।

विधित्सा, (स्त्री.) करने की चाह ।

विधिदेशक, (पुं.) गुरु । सदस्य ।

विधिवत्, (अव्य.) विधि के अनुसार । यथाविधि ।

विधु, (पुं.) चन्द्रमा । विष्णु । ब्रह्मा । शङ्कर । कपूर । वायु ।

विधुत, (त्रि.) काँपा हुआ । त्यक्त ।

विधुनन, (न.) हिलाना । कँपाना । फटकारना ।

विधुन्तुद, (पुं.) राहु । बादल ।

विधुर, (त्रि.) विश्लिष्ट । विकल । (न.) अलग होना ।

विधुवन, (न.) कम्पन ।

विधूत, (त्रि.) कम्पित । त्यक्त ।

विधेय, (त्रि.) करने योग्य । आज्ञाकारी । समझाया हुआ ।

विध्वंस, (पुं.) नाश ।

विनत, (त्रि.) प्रणत । झुका हुआ । टेढ़ा । शिक्षित । गरुड़ की माता । कश्यप की स्त्री ।

विनतासूनु, (पुं.) अरुण और गरुड़ ।

विनय, (पुं.) शिक्षा । प्रणाम । अनुनय । (त्रि.) निभृत । क्षिप्त । जितेन्द्रिय ।

विनयग्राहिन्, (त्रि.) अधीन । आज्ञाकारी ।

विनयस्थ, (त्रि.) कहना मानने वाला ।

विनशन, (न.) विनाश । कुरुक्षेत्र ।

विना, (अव्य.) बगैर । वर्जन ।

विनाकृत, (त्रि.) त्यक्त । रहित ।

विनायक, (पुं.) गणेश । गरुड़ । विघ्न । (त्रि.) गुरु । विनय वाला । नम्र ।

विनाश, (पुं.) ध्वंस ।

विनाशोन्मुख, (त्रि.) नष्टप्राय । विनाश के लिये उद्यत ।

विनाह, वीनाह, (पुं.) कूप का ढकना ।

विनिद्र, (त्रि.) जागा हुआ ।

विनिमय, (पुं.) बदला । बटाना । बन्धक । अमानत । एक वस्तु देकर दूसरी वस्तु लेना ।

विनियोग, (पुं.) काम में लगाना ।

विनीत, (त्रि.) विनय युक्त । दण्ड पाया हुआ । फेंका गया । दूर किया हुआ । (पुं.) सिखाया हुआ । अश्व । वृक्ष विशेष ।

विनेतृ, (पुं.) शिक्षक । राजा ।

विनेय, (त्रि.) सिखाने योग्य । पाने योग्य ।

विनोक्ति, (स्त्री.) अलङ्कार विशेष ।

विनोद, (पुं.) खेल । कौतूहल । खण्डन ।

विन्दु (बिन्दु), (पुं.) कण । बिन्दी । अनुस्वार । चिह्न । (त्रि.) जानने वाला । जानने योग्य ।

विन्दुजाल (बिन्दुजाल), (न.) हाथी की सूँड पर का बिन्दु के समान चिह्न ।

विन्दुपत्र (बिन्दुपत्र), (पुं.) भोजपत्र ।

विन्दुसरस् (बिन्दुसरस्), (न.) एक तालाब जो कर्दमऋषि की तपस्या से सन्तप्त हो कर दयार्द्र हो कर श्रीविष्णु ने आसू बहाये उनका भर गया । " बिन्दु सरोवर " यह गुजरात में सरस्वती नदी के किनारे सिद्धपुर में प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है ।

विन्ध्य, (न.) व्याध । इलायची । पर्वत विशेष ।

विन्ध्यवासिनी, (स्त्री.) मार्कण्डेय पुराणानुसार एक देवी । श्रीमद्भागवत के अनुसार यशोदा के गर्भ से उत्पन्न विष्णु की माया । यह स्थान मिरजापुर जिले में इसी नाम से प्रसिद्ध विन्ध्याचल पहाड़ पर है ।

विन्ध्याटवी, (स्त्री.) विन्ध्याचल का जङ्गल ।

विन्न, (त्रि.) विचारा हुआ । पाया हुआ । ठहरा हुआ ।

विन्यास, (पुं.) ठिकाना । रचना । तान्त्रिक क्रिया विशेष । अङ्गन्यास आदि ।

विपक्किम, (त्रि.) बहुत पक कर तयार हुआ ।

विपक्ष, (त्रि.) शत्रु । वैरी । शत्रु पक्ष को ग्रहण करने वाला ।

विपञ्ची, (स्त्री.) वीणा ।

विपण, (पुं.) बिक्री करना ।

विपणि, (पुं. स्त्री.) दुकान । हाट ।

विपत्ति, (स्त्री.) आपद ।

विपथ, (पुं.) निन्दित मार्ग ।

विपद्, **विपदा**, (स्त्री.) विपत्ति ।

विपन्न, (त्रि.) विपद में फँसा हुआ ।

विपरीत, (त्रि.) प्रतिकूल ।

विपर्य्यय, (पुं.) उलटा ।

विपर्य्यस्त, (त्रि.) व्यतिक्रान्त । उलटा हुआ ।

विपर्य्यास, (पुं.) विपरीत । उल्टापन ।

विपल, (पुं.) अति सूक्ष्म समय ।

विपश्चित्, (पुं.) शिक्षित । दाता । पण्डित । ऋषि । ज्ञानी ।

विपाक, (पुं.) पकाना । पसीना ।

विपाश्, **विपाशा**, (स्त्री.) व्यास नदी ।

विपिन, (न.) वन ।

विपुल, (त्रि.) विस्तीर्ण । अगाध । बहुत । सुमेर की पश्चिम दिशा का एक पहाड़ । मेरु हिमालय । (स्त्री.) आर्य्या । छन्द विशेष ।

विप्र, (पुं.) ब्राह्मण । पीपल का पेड़ ।

विप्रकार, (पुं.) अपकार । बुराई । तिरस्कार ।

विप्रकर्ष, (पुं.) दूर होना ।

विप्रकृत, (त्रि.) अपमानित । उत्पीडित ।

विप्रकृष्ट, (त्रि.) दूर रहने वाला ।

विप्रचित्ति, (स्त्री.) एक दैत्य । एक राक्षस ।

विप्रतिपत्ति, (स्त्री.) विरोध । संशय ।

विप्रतिपन्न, (त्रि.) सन्देह युक्त । कृत विरोध ।

विप्रतिसार, **विप्रतीसार**, (पुं.) अनुताप । पछतावा । रोष ।

विप्रयुक्त, (त्रि.) विरहित । बिछुड़ा हुआ ।

विप्रयोग, (पुं.) ठगी । विरोध । झगड़ा । वियोग ।

विप्रलब्ध, (त्रि.) ठगा हुआ । (स्त्री.) एक प्रकार की नायिका ।

विप्रलम्भ, (पुं.) विसंवाद । झगड़ा । ठगी । विक्षोह । शृङ्गार की एक अवस्था ।

विप्रलाप, (पुं.) विरोधोक्ति । झगड़ा । विवाद ।

विप्रश्निका, (स्त्री.) दैव को जानने वाली स्त्री । ज्योतिषिनी । टोनहाइन ।

विप्रसात्, (अव्य.) ब्राह्मण को देना ।

विप्रस्व, (न.) ब्राह्मण का धन ।

विप्रिय, (पुं.) अपराध । अनप्यारा । वैरी ।

विप्रुष, (स्त्री.) बिन्दु । बूंद । वेदाध्ययन काल में मुख से निकली पानी की बूंद ।

विप्रोषित, (त्रि.) निर्वासित । देश से निकाला हुआ । परदेश में गया ।

विप्लव, (पुं.) घबराहट । उपद्रव । बिगाड़ । खलबली । गदर ।

विप्लाव, (त्रि.) घोड़े की गति विशेष। डूबा। चारों ओर से पानी का उमड़ाव।

विप्लुत, (त्रि.) आफत में फँसा हुआ। बिगड़ा हुआ। उपद्रुत।

विफल, (त्रि.) निरर्थक। निष्फल।

विफला, (स्त्री.) केतकी। केवड़ा।

विबध, (पुं.) एकत्र किये हुए चावल आदि।

विबन्ध, (पुं.) रोग विशेष।

विबुध, (पुं.) पण्डित। देवता।

विभङ्ग, (त्रि.) बाँटा हुआ।

विभक्ति, (स्त्री.) विभाग। व्याकरण में सुप् तिङ् प्रत्यय।

विभव, (पुं.) धन। मोक्ष। ऐश्वर्य। एक वर्ष का नाम।

विभा, (स्त्री.) किरण। शोभा। प्रकाश।

विभाकर, (पुं.) सूर्य्य। अर्कवृक्ष।

विभाग, (पुं.) भाग। हिस्सा। बटखरा।

विभाज्य, (त्रि.) विभाग योग्य।

विभाण्डक, (पुं.) मुनि विशेष। शृङ्ग ऋषि के पिता।

विभात, (न.) प्रभात।

विभाव, (पुं.) परिचित। मित्र। उत्तेजन देने वाला।

विभावना, (स्त्री.) एक प्रकार का अलङ्कार, जिसमें कारण के विना कार्य्य की उत्पत्ति प्रतीत होती है।

विभावरी, (स्त्री.) रात्रि। हल्दी। कुट्टनी।

विभावसु, (पुं.) सूर्य्य। आक का वृक्ष। आग। चित्रक वृक्ष।

विभाषा, (स्त्री.) निषेध। विकल्प।

विभिन्न, (त्रि.) प्रकाशित। चमका हुआ। विदलित। खिला हुआ।

विभीतक, (पुं.) बहेड़े का पेड़। बहुत डरा हुआ।

विभीषण, (पुं.) शत्रुओं को बहुत डराने वाला। रावण का छोटा भाई। नल तृण।

विभीषिका, (स्त्री.) भय प्रदर्शन।

विभु, (पुं.) प्रभु। महादेव। बलवान्। ब्रह्म।

विभूति, (स्त्री.) भस्म। खाक। अणिमा आदि आठ प्रकार का ऐश्वर्य।

विभूषा, (स्त्री.) शोभा। भूषण। सजावट।

विभ्रम, (पुं.) स्त्रियों के शृङ्गार का अङ्ग विशेष। चेष्टा विशेष। शोभा। सन्देह। भ्रमण। स्त्रियों का विलास।

विभ्राज्, (त्रि.) भूषण।

विमत, (त्रि.) वैरी। शत्रु।

विमनस्, विमनस्क, (त्रि.) व्याकुल चित्त।

विमर्द, (पुं.) मलना। बटना।

विमर्शन, (न.) परामर्श। वितर्क। विचार।

विमर्ष, (पुं.) विचार। नाटक का एक अङ्ग।

विमल, (त्रि.) स्वच्छ। साफ। निर्मल।

विमातृ, (स्त्री.) सौतेली माता।

विमातृज, (पुं.) सौतेला भाई।

विमान, (पुं. न.) माप विशेष। चक्रवर्ती का एक घर। घोड़ा। देवताओं का यान।

विमार्ग, (पुं.) बुरा रास्ता। कुपथ। निन्दिताचार।

विमुद्र, (त्रि.) खिला हुआ। विकसित।

विम्ब(बिम्ब), (पुं. न.) दर्पण। परछाहीं। कमण्डल। सूर्य्य आदि का मण्डल। बिम्बिका फल। कुँदुरू।

वियत्, (न.) आकाश। आसमान।

वियद्गङ्गा, (स्त्री.) स्वर्गगङ्गा। आकाश-गङ्गा।

वियात, (त्रि.) धृष्ट। ढीठ। बेशरम। निर्लज्ज।

वियोग, (पुं.) विच्छेद। बिछोह।

वियोगिन्, (पुं.) चक्रवाक। चकवा पक्षी।

विरक्त, (त्रि.) विरत। हटा हुआ।

विरचित, (त्रि.) बनाया गया। निर्मित।

विरजस्तमस्, (त्रि.) सत्त्व प्रधान।

विरजस्, (स्त्री.) ऋतु रहिता स्त्री।

विरजा, (स्त्री.) एक नदी जो श्रीवैकुण्ठ लोक में है । दूर्वा । दूब । गोलोक वासिनी राधिका की एक सहेली ।

विरञ्च, विरञ्चि, (पुं.) विधाता । ब्रह्मा ।

विरत, (त्रि.) विरक्त । हटा हुआ ।

विरति, (स्त्री.) निवृत्ति । हटाव ।

विरल, (त्रि.) अवकाश । खाली । थोड़ा ।

विरह, (पुं.) विच्छेद । अभाव । बिछोह । विप्रलम्भ नाम की शृङ्गार रस की अवस्था विशेष ।

विरहित, (त्रि.) त्यक्त ।

विराग, (पुं.) रागाभाव ।

विराज, (पुं.) क्षत्रिय । छन्द विशेष । ब्रह्म की प्रथम सन्तान । सौन्दर्य । प्रकाश ।

विराट, (पुं.) एक देश । उस देश का राजा । अज्ञात वास की अवधि पाण्डवों ने द्रौपदी सहित इन्हीं राजा के यहां रूप बदल कर बिताई थी ।

विराणिन्, (पुं.) हाथी ।

विराध, (पुं.) एक राक्षस ।

विराधन, (न.) पीड़ा ।

विराम, (पुं.) अवसान । अन्त । चुप होना ।

विराव, (पुं.) शब्द । शब्द रहित ।

विरिञ्चि, (पुं.) विष्णु । ब्रह्मा । शिव ।

विरूढ, (त्रि.) फूटा । अङ्कुरित ।

विरूप, (त्रि.) दुष्ट रूप वाला । (न.) पीपलामूल ।

विरूपाक्ष, (पुं.) महादेव । (त्रि.) डरावने नेत्रों वाला ।

विरेक, (पुं.) अतिरेक । जुलाब ।

विरेचन, (न.) मल आदि का निकालना । (त्रि.) फाड़ने वाला । जुलाब ।

विरोक, (पुं. न.) छेद । सूर्य्य की किरण ।

विरोचन, (पुं.) सूर्य्य । आक का पेड़ । राजा बलि के पिता का नाम । प्रह्लाद का पुत्र । एक दैत्य । चन्द्रमा । रुचिकर ।

विरोध, (पुं.) वैर ।

विरोधिन्, (पुं.) रिपु । शत्रु । प्रभवादि साठ संवत्सरों में एक ।

विरोधोक्ति, (स्त्री.) अलङ्कार विशेष । विरुद्ध वचन । उलटा बोलना ।

विल्, (क्रि.) ढांकना । छिपाना ।

विल, (न.) छेद । गुफा ।

विलक्ष, (त्रि.) हैरान । चिह्न रहित । लज्जित ।

विलक्षण, (त्रि.) विशेष लक्षण वाला । विभिन्न । अद्भुत । (न.) कमर । मेष आदि उदित राशियां ।

विलम्ब, (पुं.) देर । अबेर । प्रतीक्षा के योग्य समय ।

विलम्बित, (त्रि.) लटकता हुआ । धीमा ।

विलय, (पुं.) प्रलय । नाश ।

विलशय, विलेशय, (पुं.) सांप । चूहा । छिपकली । बिसतुइया ।

विलाप, (पुं.) रोकर बोलना ।

विलास, (पुं.) हर्ष । चमक । आनन्द में अङ्गों का विशेष रूप से हिलना । स्त्रियों की शृङ्गार सम्बन्धी चेष्टा विशेष ।

विलासिन्, विलासिनी, (स्त्री.) नारी । स्त्री । वेश्या । (पुं.) सांप । कृष्ण । आग । कामदेव । महादेव । चन्द्रमा ।

विलीन, (त्रि.) नष्ट-प्राप्त । छिपा हुआ । गुप्त ।

विलेपन, (न.) पीसा व घिसा हुआ चन्दन । उबटन । फोड़े आदि की दवाई ।

विलोचन, (न.) नेत्र । आँख ।

विलोडित, (न.) बिलोया गया ।

विलोम, (त्रि.) विपरीत । उल्टा ।

विलोमजिह्व, (पुं.) हाथी ।

विलोल, (त्रि.) चञ्चल । लालची ।

विल्व (बिल्व), (पुं.) नारियल का पेड़। बिल्व वृक्ष। (न.) परिमाण। नाप।

विवध, वीवध, (पुं.) कन्धे पर रख कर बोझ उठाने की एक लकड़ी। सड़क। घड़ा। अनाज एकत्र करना।

विवर, (न.) छिद्र। दोष।

विवरण, (न.) व्याख्यान। रिपोर्ट। किसी का लिखा हुआ हाल। स्पष्टीकरण। खुलासा।

विवरनालिका, (स्त्री.) वेणु। बांस। पोंगी।

विवर्ण, (त्रि.) अधम। नीच।

विवर्त्त, (पुं.) नाच। मोड़।

विवश, (त्रि.) पराधीन। परवश। व्याकुल।

विवस्वत्, (पुं.) सूर्य। आक का पेड़। अरुण।

विवाद, (पुं.) झगड़ा। कलह।

विवाह, (पुं.) व्याह। शादी।

विवाहित, (त्रि.) ब्याहा हुआ।

विवाह्य, (त्रि.) विवाह योग्य। विशेष कर उठाने योग्य।

विविक्त, (त्रि.) निर्जन। पवित्र। असंयुक्त। विवेकी।

विविध, (त्रि.) कई प्रकार।

विवीत, (त्रि.) बहुत घासवाला देश।

विवृत, (त्रि.) विस्तृत। व्याख्यात।

विवृति, (स्त्री.) विस्तार। व्याख्यान।

विवेक, (पुं.) विचार। भेद ज्ञान।

विवोढ़, (पुं.) जामाता। दामाद।

विव्वोक, (पुं.) स्त्रियों के हाव भाव कटाक्ष। कोमलता।

विश, (क्रि.) प्रवेश करना।

विश, (पुं.) मनुष्य। बनिया।

विशङ्कट, (त्रि.) विशाल। लम्बा।

विशद, (पुं.) सफेद रङ्ग।

विशय, (पुं.) संशय। शक। मीमांसा।

विशर, (पुं.) वध। मारना।

विशल्या, (स्त्री.) गुसा। अजवाइन। (त्रि.) जिसका तीर दूर हुआ हो।

विशसन, (न.) मारण। मारना। (पुं.) तलवार।

विशस्त, (त्रि.) बीतगया। नष्ट।

विशाख, (पुं.) कार्त्तिकेय। तारा विशेष। धनुषधारियों का आसन विशेष।

विशारण, (न.) मारण।

विशारद, (पुं.) पण्डित। बकुल वृक्ष। चतुर। (त्रि.) अच्छा। चतुर।

विशाल, (त्रि.) विस्तीर्ण। (पुं.) हिरन। राजा।

विशालता, (स्त्री.) बड़प्पन। विस्तार। फैलाव।

विशाला, (स्त्री.) इन्द्रवारुणी। महेन्द्र-वारुणी। उज्जैन। नदी विशेष।

विशालाक्ष, (पुं.) महादेव। गरुड़। विष्णु। (त्रि.) बड़ी आँखों वाला।

विशालाक्षी, (स्त्री.) पार्वती। नागदन्ती।

विशिख, (पुं.) तीर। शरवृक्ष। (त्रि.) शिखाहीन।

विशिखा, (स्त्री.) गली। कुल्हाड़ी। सुई या आलपीन। बड़े तीक्ष्ण तीर। मार्ग। नाइन।

विशिष्ट, (त्रि.) मिला हुआ। विलक्षण। विशेषण वाला।

विशिष्टाद्वैत, (न.) एक सिद्धान्त जो अनादि काल से प्रवृत्त है। बीच में अनेक बाधायें होकर इस के कृश होने पर श्री रामानुजाचार्य द्वारा ब्रह्मसूत्रादि भाष्य द्वारा निर्णीत। इस में कार्यरूपा माया और वैसे ही जीव को कारण रूप ब्रह्म से अभिन्न और इसी कारण तीनों तत्त्व नित्य माने जाते हैं। वेदान्त-सिद्धान्त।

विशीर्ण, (त्रि.) शुष्क। सूख गया। बूढ़ा होगया।

विशुद्ध, (त्रि.) निर्मल, साफ ।

विशुद्धि, (स्त्री.) शोधन । साफ करना । दोष शून्यता ।

विशृङ्खल, (त्रि.) परिपाटी से रहित ।

विशेष, (त्रि.) विलक्षण । बहुत । अधिक । (पुं.) विवेक । अन्तर । चिह्न विशेष । विशेष सम्पत्ति । विशेषत्व । विलक्षणत्व । रुग्णावस्था में विशेष शोच्य अथवा सुधार की दशा । अङ्ग । जाति । प्रकार । रीति । सर्वोत्तमता । व्यक्तित्व । माथे का तिलक । टीका । अलङ्कार विशेष । वैशेषिक दर्शन के सात पदार्थों में से एक ।

विशेषक, (पुं.) माथे पर लगाया गया तिलक । (त्रि.) अधिक करने वाला । तीन । (न.) तीन श्लोकों का एक वाक्य ।

विशेषगुण, (पु.) वैशेषिक दर्शन में वर्णित गुण विशेष ।

विशेषण, (न.) जिसके द्वारा विशेष्य निरूपण किया जाय । गुण रूप आदि का बताने वाला शब्द ।

विशेषविधि, **विशेषशास्त्र**, (पुं.) नियम विशेष । (न.) ग्रन्थ विशेष ।

विशेषित, (त्रि.) निजी गुण रूपादि दिखाया गया । विशेषण युक्त किया हुआ । फाड़ा गया । फर्क किया गया ।

विशेषोक्ति, (स्त्री.) विशेष वचन । अर्थ सम्बन्धी अलङ्कार विशेष । बढ़कर कहना ।

विशोक, (पुं.) अशोक का पेड़ । (त्रि.) शोक से रहित ।

विशोधनी, (स्त्री.) वज्रदन्ती । (त्रि.) शोधन करने वाली ।

विश्रणन, **विश्राणन**, (न.) दान । देना । वितरण करना । बाँटना । प्रतिपादन करना ।

विश्रब्ध, (त्रि.) विश्वस्त । शान्त । अनुद्धत । गाढ ।

विश्रम, **विश्राम**, (पुं.) विराम । आराम । किसी वर्त्तमान क्रिया का अवसान ।

विश्रम्भ, (पुं.) विश्वास । प्रत्यय । खेल सम्बन्धी विवाद । वध ।

विश्राव, (पुं.) प्रसिद्धि । ख्याति ।

विश्रुत, (पुं.) विख्यात । प्रसिद्ध ।

विश्लिष्ट, (त्रि.) वियुक्त । विछुड़ा हुआ । ढीला ।

विश्व, (न.) जगत् । संसार । (पुं.) जीवात्मा । (त्रि.) समस्त ।

विश्वकर्मन्, (पुं.) सूर्य । देवशिल्पी । मुनि विशेष । परमात्मा ।

विश्वकृत्, (पुं.) विश्वकर्मा । परमेश्वर ।

विश्वकेतु, (पुं.) अनिरुद्ध ।

विश्वक्सेन, **विष्वक्सेन**, (पु.) विष्णु । श्रीवैकुण्ठ में नित्यसूरि श्रीविष्णु के सेनापति ।

विश्वच, **विष्वच**, (अव्य.) सर्वत्र । सब ओर । (त्रि.) विश्वगामी ।

विश्वधारिणी, (स्त्री.) पृथिवी । संसार को धारण करने वाली ।

विश्वप्सन, (पुं.) अग्नि । चन्द्रमा । देवता । विश्वकर्मा ।

विश्वम्भर, (पु.) जगत्पालक । इन्द्र । विष्णु ।

विश्वरेतस्, (पुं.) ब्रह्मा । भगवान् । विष्णु ।

विश्ववेदस्, (पुं.) इन्द्रादि देवगण ।

विश्वस्रज्, (पुं.) ब्रह्मा । परमात्मा ।

विश्वस्त, (त्रि.) विश्वासपात्र ।

विश्वस्ता, (स्त्री.) विधवा स्त्री । विश्वासपात्र स्त्री ।

विश्वाची, (स्त्री.) एक अप्सरा ।

विश्वात्मन्, (पुं.) विष्णु । नारायण ।

विश्वानर, (पुं.) सावित्री की उपाधि ।

विश्वामित्र, (पुं.) गाधिपुत्र । ऋषि विशेष । एक राजा ।

विश्वाराज्, (पु.) विश्वों का अधिपति । परमेश्वर ।

विश्वावसु, (पुं.) एक गन्धर्व ।

विश्वास, (पुं.) प्रत्यय । भरोसा । श्रद्धा ।
विश्वेदेव, (पुं.) श्राद्ध में पूजे जाने वाले दस देवता । आग ।
विश्वेश, (पुं.) जगत्पति । विष्णु और शिव ।
विष्, (क्रि.) फैलना । खाना । जाना । घेरना । पृथक् करना । उड़ेलना । छिड़कना ।
विष्, (स्त्री.) विष्ठा । फैलाव । लड़की ।
विष, (न.) कमल की केसर । मृणाल । वत्सनाभ विष । जल ।
विषकण्ठ, (पुं.) शिव ।
विषघ्न, (पुं.) शिरीष वृक्ष । घी । बहेड़ा । (त्रि.) विष को दूर करने वाला । बच औषधि ।
विषज्वर, (पुं.) महिष । भैंसा । ज्वर विशेष ।
विषण्ड, (न.) मृणाल ।
विषदन्तक, (पुं.) सर्प ।
विषधर, (पुं.) सांप ।
विषम, (त्रि.) अयुग्म । ऊंचा नीचा । दारुण । (न.) सङ्कट । एक प्रकार का पद्य ।
विषमच्छद, (त्रि.) सप्तच्छद ।
विषमज्वर, (पुं.) ज्वर विशेष । मलेरिया बुखार । वह ज्वर जिसका समय नियत न हो ।
विषमनयन, (पुं.) महादेव ।
विषमस्थ, (त्रि.) सङ्कटापन्न । ऊंची नीची भूमि में ठहरने वाला ।
विषमशिष्ट, (न.) अनुचित शासन ।
विषमायुध, (पुं.) कामदेव ।
विषय, (पुं.) इन्द्रियों के कर्म, देखना सुनना आदि । निबन्ध । वस्तु । पदार्थ । स्थान । जगह ।
विषयिन्, (न.) ज्ञान । ज्ञानेन्द्रिय । (पुं.) राजा । कामदेव । (त्रि.) विषयी । विषयों में फँसा हुआ ।
विषलता, (स्त्री.) इन्द्रवारुणी बेल ।
विषविद्या, (स्त्री.) विष दूर करने की विद्या ।
विषवैद्य, (पुं.) विष दूर करने की विद्या जानने वाला ।
विषाण, (न.) सींग । हाथी और सूअर का दांत । क्षीरकाकोली । कोढ़ की दवा ।
विषाद, (पुं.) अवसाद । दुःख ।
विषान्तक, (पु.) शिव । (त्रि.) विष दूर करने वाला ।
विषारति, (पुं.) विषशत्रु । भटूरा ।
विषास्य, (पु.) सांप जिसके मुँह में विष हो । दुष्ट ।
विषु, (अव्य.) बराबरी । नाना रूप वाला ।
विषुव, (न.) समय विशेष । जब रात दिन समान होते हैं ।
विष्क्, (क्रि.) वध करना ।
विष्कम्भ, (पुं.) सूर्य चन्द्रमा के एकत्र होने का योग विशेष । विस्तार । रोक । नाटक का एक अङ्ग । योगियों का एक बन्ध । द्वार का बेड़ा । खम्भा । वृक्ष विशेष ।
विष्टप, (न.) भुवन । लोक ।
विष्टब्ध, (त्रि.) प्रतिरुद्ध । रुकाहुआ ।
विष्टम्भिन्, (त्रि.) रोकने वाला ।
विष्टर, (पुं.) कुशासन । वृक्ष भेद ।
विष्टरश्रवस्, (पुं.) विष्णु ।
विष्टि, (स्त्री.) मजूरी । किराया । भाड़ा । बेगार । नरकवास ।
विष्ठा, विष्ठा, (स्त्री.) पुरीष । मल ।
विष्णु, (पुं.) व्यापक । नारायण । वह्नि । शुद्ध । साफ़ । वासुदेव । एक स्मृतिकार का नाम । श्रवण नक्षत्र ।
विष्णुगुप्त, (पुं.) चाणक्य पण्डित ।
विष्णुतैल, (न.) तैल विशेष ।
विष्णुपद, (न.) आकाश ।

विष्णुपदी, (स्त्री.) गङ्गा। सूर्य का वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ राशि पर गमन।

विष्णुपुराण, (न.) अष्टादश पुराणों में से एक।

विष्णुमाया, (स्त्री.) अविद्या शक्ति। दुर्गा।

विष्णुरथ, (पुं.) गरुड़।

विष्णुरात, (पुं.) परीक्षित् नाम का राजा।

विष्फार, (पुं.) धनुष का टङ्कार।

विष्य, (त्रि.) विषवध्य।

विष्वाण, (न.) भोजन। आहार।

विस, (न.) मृणाल।

विस्, (क्रि.) छोड़ना।

विसंवाद, (पुं.) ठगना। उल्टा सीधा कथन।

विसकुसुम, (न.) पद्म।

विसङ्कट, (पुं.) सिंह। इङ्गुदी का पेड़।

विसनाभि, (स्त्री.) पद्मिनी और पद्मों का समूह।

विसर, (पुं.) समूह। विस्तार।

विसर्ग, (पुं.) दान। त्याग। मोक्ष। प्रलय।

विसर्जन, (न.) त्याग। प्रेरण।

विसर्पण, (न.) प्रसार। फैलाव।

विसिनी, (स्त्री.) पद्मलता।

विसूचिका, (स्त्री.) इस नाम का एक रोग। हैजा।

विसृत, (त्रि.) फैला हुआ।

विसृत्वर, (त्रि.) विसरण शील।

विसृमर, (त्रि.) फैलने वाला।

विसृष्ट, (त्रि.) प्रेरित। क्षिप्त।

विस्त, (पुं. न.) सोने की मोहर। अस्सी रत्ती की तौल।

विस्तार, (पुं.) विटप। शाखाओं का फैलाव।

विस्तीर्ण, (त्रि.) विशाल। फैला हुआ।

विस्फुलिङ्ग, (पुं.) एक प्रकार का विष। आग की चिनगारी।

विस्फोट, (पुं.) फोड़ा विशेष।

विस्मय, (पुं.) आश्चर्य।

विस्मापात, (पुं.) इन्द्रजाल का खेल। कामदेव (न.) गन्धर्वों का नगर।

विस्मित, (त्रि.) आश्चर्यान्वित।

विस्मृत, (त्रि.) भूल गया।

विस्मृति, (स्त्री.) भूलना।

विस्र, (न.) कच्ची गन्धि।

विस्रगन्धि, (पुं.) हरताल।

विस्रम्भ, (पुं.) विश्वास। प्रत्यय।

विस्रम्भिन्, (त्रि.) विश्वासी।

विस्रसा, (स्त्री.) क्षीणता। बुढ़ाई।

विहग, (पुं.) आकाश में उड़ने वाला। पक्षी।

विहङ्गम, (पुं.) आकाशगामी। पक्षी।

विहङ्गराज, (पुं.) पक्षियों का राजा। गरुड़।

विहनन, (न.) रुकावट। हिंसा।

विहर, (पुं.) वियोग। विछोह।

विहसित, (न.) मध्यम हास्य।

विहस्त, (त्रि.) विकल। पण्डित। चतुर।

विहापित, (न.) छुड़ाया गया। दान।

विहायस्, (पुं. न.) आकाश। पक्षी।

विहार, (पुं.) भ्रमण। लीला। बौद्धों का मन्दिर।

विहित, (त्रि.) अनुसार। कृत। बोधित।

विहीन, (त्रि.) त्यक्त। रहित।

विह्वल, (त्रि.) विलीन। घबराया हुआ।

वी, (क्रि.) चाहना। उत्पन्न करना। फैलना। फेंकना। खाना।

वीकाश, **विकाश,** } देखो विकाश।

वीक्षण, (न.) नेत्र। आंख। देखना।

वीचि, **वीची,** } (पुं. स्त्री.) तरङ्ग। लहर। अवकाश। थोड़ा। फिरना। हर्ष।

वीचिमालिन्, (पुं.) समुद्र।

वीज्, (क्रि.) पङ्खा करना ।

वीज (बीज), (न.) कारण । शुक्र । अङ्कुर । अव्यक्त गणित । मन्त्र विशेष । धान्य आदि का फल आदि ।

वीजकोष (बीजकोष), (पुं.) वराटक । कौड़ी । पद्मबीज का आश्रय ।

वीजगर्भ (बीजगर्भ), (पुं.) पटोल ।

वीजन, (न.) पङ्खा । चामर । चमर । वस्त्र । (पुं.) चक्रवाक ।

वीजसञ्चय (बीजसञ्चय), (सं.) बहुत से बिया ।

वीजसू (बीजसू), (पुं.) पृथिवी ।

वीजिन् (बीजिन्), (पुं.) उत्पादक । (त्रि.) बीज वाला ।

वीज्य, (त्रि.) कुलीन ।

वीटि, वीटी, (स्त्री.) पान की बीड़ी ।

वीणा, (स्त्री.) बीन ।

वीतशोक, (पुं.) जिसका सोच दूर हो गया हो । योगी । उदासीन । अशोक का पेड़ । (त्रि.) शोक रहित ।

वीति, (स्त्री.) गति । दीप्ति । खाना और भोगना । (पुं.) घोड़ा ।

वीतिहोत्र, (पुं.) वह्नि । आग । सूर्य्य ।

वीथि, वीथी, (स्त्री.) पंक्ति । श्रेणी । गली । नाटक का देखने योग्य एक अङ्ग ।

वीध्र, (त्रि.) निर्मल । साफ़ । (पुं.) आकाश । वायु ।

वीनाह, (पुं.) ढकना । पाट ।

वीप्सा, (स्त्री.) व्याप्ति । फैलाव । बड़ी इच्छा ।

वीर, (न.) कमल मूल । काञ्ची । उशीर । मिरच । (त्रि.) बहादुर । शूर । (नं.) कुलाचार ।

वीरण, (न.) उशीर अर्थात् खस । चन्दन ।

वीरपत्नी, (स्त्री.) शूर वीर की भार्य्या ।

वीरभद्रा, (स्त्री.) विजया । भाङ्ग ।

वीरपान, वीरपाण, (न.) मदिरा पान ।

वीरभद्र, (पुं.) अश्वमेध का घोड़ा । (न.) वीरण ।

वीरसू, (स्त्री.) वीर की माँ ।

वीरसेन, (पुं.) राजा नल का पिता ।

वीरहन्, (पुं.) अग्नि होत्र छोड़ने वाला ब्राह्मण । नष्टाग्नि विप्र ।

वीरा, (स्त्री.) आमलकी । क्षीरकाकोली । पति पुत्र सहिता स्त्री । रम्भा । महाशतावरी । घृतकुमारी । अतिविषा । दाख ।

वीराशंसन, (न.) युद्ध स्थल ।

वीरासन, (न.) आसन विशेष ।

वीरुध्, वीरुधा, (स्त्री.) फैली हुई बेल ।

वीरेश्वर, (त्रि.) काशी में इस नाम का एक शिव लिङ्ग । महावीरु । अतिबला ।

वीर्य्य, (न.) पराक्रम । बल । प्रभाव । तेज । दीप्ति ।

वीर्य्यवत्, (त्रि.) वीर्य्य वाला । बलवान् ।

वीवध, (पुं.) चावल आदि का गल्ला संग्रह । मार्ग । भार ।

वीवधिक, (पुं.) बोझा ढोने वाला ।

वीहार, (पुं.) विहार । क्रीड़ा । विलास ।

वृ, (क्रि.) ढाकना । सेवा करना । मांगना । स्वीकार करना ।

वृंहित, (न.) हाथी की चिङ्घार ।

वृक्, (क्रि.) पकड़ना ।

वृक, (पुं.) भेड़िया । काक । वकवृक्ष । उदराग्नि ।

वृकदंश, (पुं.) कुत्ता ।

वृकधूर्त्त, (पुं.) गीदड़ । शृगाल ।

वृकोदर, (पुं.) भीमसेन । इनके पेट में वृक अग्नि है ।

वृक्ण, (त्रि.) छिन्न । काटा हुआ ।

वृक्ष, (पुं.) कुटज वृक्ष ।

वृक्षचर, (पुं.) वानर। बन्दर।
वृक्षच्छाया, (न.) बहुत से वृक्षों की छाया।
वृक्षनाथ, (पुं.) वट वृक्ष।
वृक्षभवन, (न.) पेड़ की खोहड़।
वृक्षवाटिका, (स्त्री.) घर के समीप का उपवन। नज़र बाग।
वृज्, (क्रि.) त्यागना। छोड़ना।
वृजन, (न.) आकाश। पाप। (पुं.) केश। (त्रि.) टेढ़ा। तिर्च्छा।
वृजिन, (न.) पाप। (पुं.) देश। (त्रि.) टेढ़ा।
वृण्, (क्रि.) भक्षण करना। खाना।
वृत्, (क्रि.) होना।
वृत, (त्रि.) प्रार्थित। स्वीकृत।
वृति, (स्त्री.) मांगना। वेष्टन। लपेट। घेरा।
वृत्त, (न.) गुरु का मान। दया। शौच। सत्य। इन्द्रिय निग्रह। हितकर कार्य्यों में रति—इस प्रकार के आचरण। पद्य विशेष। आजीविका। बीत गया। गोल। (त्रि.) पढ़ा हुआ। भरा हुआ। उत्पन्न हुआ। (पुं.) कूर्म्म।
वृत्तगन्धि, (न.) पद्य विशेष।
वृत्तफल, (न.) मिर्च, अनार, बेर, आमला आदि गोल फल।
वृत्तस्थ, (त्रि.) अच्छे आचरण वाला। सदाचारी।
वृत्तान्त, (पुं.) संवाद। हाल। समाचार।
वृत्ति, (स्त्री.) स्थिति। आजीविका। परिवर्त्तन विशेष। बर्ताव। जीविका।
वृत्र, (पुं.) अन्धकार। वैरी। विश्वकर्म्मा का पुत्र। दैत्य विशेष। मेघ। पर्वत विशेष। मन्त्र। शब्द।
वृत्रहन्, (पुं.) इन्द्र।
वृथा, (अव्य.) निरर्थक।
वृथादान, (न.) विधि पूर्वक न दिया हुआ दान।
वृथामांस, (न.) देवोद्देश्य से न मारे गये पशु का मांस।
वृद्ध, (न.) गन्ध द्रव्य विशेष। (पुं.) वृक्ष विशेष। (त्रि.) बूढ़ा। बढ़ती वाला। पण्डित।
वृद्धप्रपितामह, (पुं.) दादे का बाप।
वृद्धश्रवस्, (पुं.) इन्द्र।
वृद्धा, (स्त्री.) बूढ़ी।
वृद्धि, (स्त्री.) अभ्युदय। बढ़ती।
वृद्धिजीविका, (स्त्री.) सूद खोरी।
वृद्धिश्राद्ध, (न.) मङ्गल श्राद्ध। नान्दी मुख श्राद्ध। आभ्युदयिक श्राद्ध।
वृद्ध्याजीव, (त्रि.) ब्याज की आय पर जीने वाला।
वृध्, (क्रि.) चमकना। बढ़ना।
वृन्त, (न.) फल और पत्तों का बन्धन।
वृन्ताक, (पुं. स्त्री.) भटा। बैंगन।
वृन्द, (न.) समूह। दस अरब की संख्या।
वृन्दा, (स्त्री.) तुलसी। राधिका।
वृन्दारक, (पुं.) देवता। (त्रि.) मुख्य। सुन्दर। मनोहर।
वृन्दावन, (पुं.) मथुरा के पास कृष्ण का क्रीड़ा स्थल—वैष्णवों का तीर्थ विशेष।
वृन्दिष्ठ, (त्रि.) विशेष मुख्य।
वृश्चिक, (पुं.) बिच्छू। मेष से आठवीं राशि। औषधि।
वृष्, (क्रि.) सींचना। उत्पादन शक्ति का होना।
वृष, (पुं.) बैल। मेष से दूसरी राशि। पुरुष विशेष। इन्द्र। धर्म। सींग वाला। चूहा। शत्रु। कामदेव। बलवान्। ऋषभ नाम दवा। मोर पुच्छ।
वृषण, (पुं.) अण्ड कोष। पेलहर।
वृषदंशक, (पुं.) चूहे खाने वाला। बिल्ला। बिडाल।
वृषध्वज, (पुं.) शिव।
वृषन्, (पुं.) इन्द्र। कर्ण। बैल। घोड़ा।

वृषपर्वन्, (पुं.) शिव । दैत्य विशेष ।

वृषभ, (पुं.) बैल । कान का छेद । औषधिवि. । श्रीवेङ्कट पर्वत जो दक्षिण में प्रधान तीर्थ है ।

वृषभगति, (पुं.) शिव ।

वृषभानु, (पुं.) एक गोप का नाम जो राधिका जी के पिता थे ।

वृषल, (पुं.) शूद्र । गाजर । घोड़ा । अधर्मी । राजा चन्द्र गुप्त ।

वृषली, (स्त्री.) शूद्र की स्त्री । कन्या जो विवाहिता होने के पूर्वही ऋतु मती होगयी हो ।

वृषलोचन, (पुं.) भूँसा । बैल की आंखें । (त्रि.) बैल की आंखों वाला ।

वृषवाहन, (पुं.) शिव ।

वृषस्यन्ती, (स्त्री.) कामुकी । कामातुरा स्त्री ।

वृषाकपायी, (स्त्री.) स्वाहा । शची । गौरी । लक्ष्मी । जीवन्ती ।

वृषाकपि, (पुं.) महादेव । विष्णु । अग्नि । इन्द्र ।

वृषाकर, (पुं.) बलवर्द्धक । उर्द ।

वृषाङ्क, (पुं.) शिव ।

वृषि, **वृषी**, (स्त्री.) व्रती के लिये कुशासन विशेष ।

वृषोत्सर्ग, (पुं.) साण्ड बनाना । मरे हुए के नाम पर बछड़े को दाग कर छोड़ना ।

वृष्टि, (स्त्री.) वर्षा ।

वृष्टिभू, (पुं.) मेंढक । (त्रि.) वर्षा में हुआ ।

वृष्णि, (पुं.) यादवों का वंश । श्रीकृष्ण । बादल ।

वृष्णिगर्भ, (पुं.) श्रीकृष्ण ।

वृह्(वृह), (क्रि.) चमकना । शब्द करना । बढ़ाना ।

वृहत् (बृहत्), (त्रि.) बड़ा ।

वृहती (बृहती), (स्त्री.) नारद की वीणा । ३६ की संख्या । लबादा । चादर । वाणी । कण्डियारी । एक छन्द जिसका पाद नौ अक्षरों का होता है ।

वृहद्भानु (बृहद्भानु), (पुं.) सूर्य । चित्रक का पेड़ ।

वृहतीपति (बृहतीपति), (पुं.) बृहस्पति ।

वृहस्पति (बृहस्पति), (पुं.) वाणी का स्वामी । देव गुरु ।

वृ, (क्रि.) स्वीकार करना । वरण करना ।

वेङ्कट, (पुं.) पर्वत ।

वेङ्कटेश, (पुं.) विष्णु का रूप विशेष । श्रीनिवास ।

वेग, (पुं.) प्रवाह । गति । तेज ।

वेगिन्, (पुं.) बाज पक्षी । (त्रि.) वेग वाला ।

वेचा, (स्त्री.) भाड़ा । किराया ।

वेण्, **वेन्**, (स्त्री.) बाजे पर नाचना । जाना । जानना । विचारना । लेना । देखना । प्रशंसा करना ।

वेण, (पुं.) वर्ण सङ्कर । पृथु राजा का पिता ।

वेणि, **वेणी**, (स्त्री.) स्त्रियों के सिर के केशों की ग्रन्थि । चोटी । जल की धार । दो या अधिक नदियों का सङ्गम । यमुना गङ्गा और सरस्वती का सङ्गम स्थल ।

वेणीर, (पुं.) नीम का पेड़ ।

वेणु, (पुं.) बाँस । बँसी ।

वेणुज, (पुं.) चावल विशेष । जिसका आकार जौ जैसा होता है ।

श्रीवत्स, (पुं.) श्रीविष्णु का एक प्रधान चिह्न जो सदा वक्षःस्थल में लक्ष्मी निवास का सूचक है। जैनियों का झण्डा। राजा का निज गृह।

श्रीवराह, (पुं.) विष्णु के दशावतारों में से एक।

श्रीवास, (पुं.) सरल वृक्ष का रस। राल। विष्णु।

श्रीविद्या, (स्त्री.) त्रिपुरसुन्दरी।

श्रीश, (पुं.) विष्णु। लक्ष्मीनाथ।

श्रु, (क्रि.) सुनना।

श्रुत, (न.) सुना जाता है। शास्त्र। (त्रि.) समझा हुआ।

श्रुतकीर्ति, (स्त्री.) शत्रुघ्न की स्त्री। (पुं.) जिसका विख्यात यश हो। यशस्वी।

श्रुतदेवी, (स्त्री.) सरस्वती।

श्रुतबोध, (पुं.) छन्द शास्त्र का ग्रन्थ विशेष।

श्रुतश्रवस्, (पुं.) शिशुपाल का पिता।

श्रुति, (स्त्री.) कान। वेद। सुनी बात। कहानी।

श्रुतिकटु, (पुं.) कानों में कड़ुआ लगने वाला वचन। ओरहना। गाली गलौज। काव्य का एक दोष।

श्रुतिजीविका, (स्त्री.) स्मृति। धर्म्मशास्त्र।

श्रुतिधर, (त्रि.) जो सुनने ही से सब समझ लेता है। जो वेद को मानता है। जिसे वेद कण्ठस्थ हैं। वेदज्ञ। वेदधारी।

श्रुतिमूल, (न.) वेद। वेदविहित धर्म। कर्णमूल रोग।

श्रुतिवर्जित, (त्रि.) बहरा। डोरा। वेद का पाठ न करने वाला। वेद का अनधिकारी।

श्रुतिवेध, (पुं.) कनछेदन संस्कार।

श्रुत्यनुप्रास, (पुं.) शब्दालङ्कार।

श्रुत्युक्त, (त्रि.) वेदविहित धर्म।

श्रुवा, स्रुवा, (स्त्री.) यज्ञीय पात्र विशेष। ब्रह्मा का हाथ।

श्रेढ़ी, (स्त्री.) गणित शास्त्र का प्रकार विशेष।

श्रेणि, श्रेणी, (स्त्री.) छिद्ररहित पंक्ति।

श्रेयस्, (न.) बहुत सराहने योग्य। धर्म। मोक्ष। शुभ। (त्रि.) बहुत अच्छा।

श्रेष्ठ, (पुं.) बहुत अच्छा। कुबेर। राजा। ब्राह्मण। विष्णु। (न.) गौ का दूध। (त्रि.) सर्वोत्तम।

श्रेष्ठिन्, (पुं.) सेठ । साहूकार ।
श्रै, (क्रि.) पसीजना ।
श्रैष्ठ्यम्, (न.) उत्तमता । भलाई ।
श्रोण्, (क्रि.) एकत्र करना ।
श्रोण, (त्रि.) लङ्गड़ा । (पुं.) रोग विशेष ।
श्रोणा, (स्त्री.) श्रवण नक्षत्र ।
श्रोणि, **श्रोणी**, (स्त्री.) कटि । पथ । मार्ग ।
श्रोणिफलक, (न.) अच्छी कमर ।
श्रोतव्य, (त्रि.) सुनने योग्य ।
श्रोतस्, (न.) कान । नदी का वेग । इन्द्रियां ।
श्रोत्र, (न.) कान ।
श्रोत्रिय, (पुं.) वेद पढ़ने वाला ब्राह्मण ।
श्रौत, (त्रि.) वेदविहित । (पुं.) गार्हपत्य आहवनीय तथा दक्षिण-अग्नि ।
श्रौत्र, (न.) श्रोत्रिय का काम ।
श्रौषट्, (अव्य.) देवता को हवि देने का मन्त्र ।
श्लक्ष्ण, (त्रि.) अल्प । थोड़ा । मनोहर । ढीला । चिकना । लोहा ।
श्लथ्, (क्रि.) कमज़ोर होना ।
श्लथ, (त्रि.) शिथिल । ढीला ।
श्लाघ्, (क्रि.) अपने गुणों को प्रकट करना ।
श्लाघा, (स्त्री.) प्रशंसा । बड़ाई ।
श्लाघ्य, (त्रि.) प्रशस्य । बड़ाई के योग्य ।
श्लिष्, (क्रि.) मिलना ।
श्लिष्ट, (त्रि.) आलिङ्गित । श्लेषरूप शब्दालङ्कार युक्त शब्द ।
श्लील, (त्रि.) शोभा वाला । अच्छा । प्रशंसनीय ।
श्लेष, (पुं.) आलिङ्गन । शब्दालङ्कार ।
श्लेष्मण, (पुं.) कफ वाला ।
श्लेष्मन्, (पुं.) बलगम । कफ ।
श्लेष्मल, (त्रि.) कफ वाला ।
श्लेष्मान्तक, (पुं.) लसोड़े का पेड़ । बहेरा फल ।
श्लोक्, (क्रि.) प्रशंसा करना । बनाना । बढ़ाना । एकत्र होना ।
श्लोक, (पुं.) कवि की रची चार पादों वाली पद्यमयी रचना । यश । कीर्त्ति । बड़ाई ।
श्वःश्रेयस, (न.) भलाई । सुख । परमात्मा । शिव । शुभ । भद्र ।
श्वदंष्ट्रक, (पुं.) गोखरू । गोक्षुर ।
श्वधूर्त, (पुं.) शृगाल । गीदड़ ।
श्वन्, (पुं.) कुत्ता ।
श्वपच, (पुं.) चाण्डाल ।
श्वपाक, (पुं.) चाण्डाल ।
श्वफल, (पुं.) अनार । नारङ्गी । बीजपुर ।
श्वफल्क, (पुं.) अक्रूर के पिता का नाम ।
श्वभीरु, (पुं.) शृगाल ।
श्वभ्र, (क्रि.) जाना ।
श्वभ्र, (न.) छिद्र । छेद । टोपी ।
श्वयथु, (पुं.) सोज । सौजश ।
श्ववृत्ति, (पुं.) नौकरी । दासत्व वृत्ति । श्वानवृत्ति ।
श्वशुर, (पुं.) ससुर ।
श्वशुर्य्य, (पुं.) ससुर का सन्तान । देवर ।
श्वश्रू, (स्त्री.) सास ।
श्वस्, (अव्य.) आने वाला दिन । कल्ल ।
श्वस्, (क्रि.) जीना । सोना ।
श्वसन, (पुं.) हवा ।
श्वसित, (न.) सांस ।
श्वस्तन, (त्रि.) आनेवाले (कल्ल) तक रहने वाला पदार्थ ।
श्वस्त्य, (त्रि.) देखो श्वस्तन ।
श्वागणिक, (पुं.) कुत्तों द्वारा आखेट करने वाला ।
श्वादन्त, (त्रि.) कुत्ते के दांत वाला ।
श्वान, (पुं.) कुक्कर । कुत्ता ।
श्वापद, (पुं.) व्याघ्र । भेड़िया ।
श्वास, (पुं.) हवा । दमा का रोग ।
श्वि, (क्रि.) जाना । बढ़ना ।

श्वित्, (क्रि.) सफ़ेद करना।
श्वित्र, (न.) सफ़ेद। श्वेत।
श्वित्रिन्, (त्रि.) सफ़ेद कोढ़ का रोगी।
श्वित, (पुं) एक द्वीप। एक पहाड़। शुक्र ग्रह। शंख। सफ़ेद बादल। जीरा। (न.) रौप्य।
श्वेतद्वीप, (पुं.) विष्णु के रहने का द्वीप।
श्वेतधामन्, (पुं.) चन्द्र। कपूर। समुद्र की आग।
श्वेतपत्र, (पुं.) हंस।
श्वेतपद्म, (न.) सफ़ेद कमल का फूल।
श्वेतपिङ्गल, (पुं.) सिंह। शेर।
श्वेतरक्त, (पुं.) गुलाबी।
श्वेतवाजिन्, (पुं.) चन्द्र। अर्जुन।
श्वेतवासस्, (पुं.) श्वेतवस्त्रधारी विरक्त वैष्णव। शुक्लाम्बर विष्णु। एक प्रकार का संन्यासी।
श्वेतवाह्, (पुं.) इन्द्र। अर्जुन। चन्द्र।
श्वेतवाहन, (पुं.) चन्द्र। इन्द्र। अर्जुन।
श्वेतसर्षप, (पुं.) सफ़ेद सरसों।
श्वेतहय, (पुं.) उच्चैःश्रवा घोड़ा।
श्वेता, (स्त्री.) कौड़ी। वंशरोचना। शर्करा।
श्वेतोही, (स्त्री.) शची।
श्वैत्य, (न.) शुक्लवर्ण। सफ़ेद रङ्ग।
श्वैत्र, **श्वैत्र्य**, } (न.) सफ़ेद कोढ़।

ष

ष, (त्रि.) सर्वोत्तम। बुद्धिमान्। (पुं.) हानि। नाश। अन्त। शेष। मोक्ष। अज्ञान। स्वर्ग। निद्रा। विद्वान् जन। चूंची की बोंड़ी। केश। गर्भविमोचन।
षग्, (क्रि.) छिपाना।
षच्, (क्रि.) सींचना। मिलना।
षट्कर्मन्, (न.) छः प्रकार के तन्त्रोक्त काम। यथा—स्तम्भन, मोहन, वशीकरण, उच्चाटन, विद्वेषण और मारण। अथवा—पढ़ना और पढ़ाना, यज्ञ करना और कराना, दान लेना और देना, ये छः कर्म ब्राह्मणों के हैं। (पुं.) ब्राह्मण।
षट्कोण, (न.) छः कोन वाला। लग्न से छठवां स्थान। सुदर्शन चक्र।
षट्चक्र, (न.) छः चक्र। योगाभ्यास में प्राणायाम के वायु को रोकने के छः स्थान। उनका प्रधान स्थान। उन चक्रों को बताने वाला ग्रन्थ।
षट्चत्वारिंशत्, (स्त्री.) छियालीस। ४६।
षट्चरण, (पुं.) भौंरा। छः पाँव वाला। षटपदी स्तोत्र।
षट्, (क्रि.) रहना। बल करना।
षट्तिलिन्, (पुं.) तिलों का मर्दन आदि छः कर्म।
षट्त्रिंशत्, (स्त्री.) छत्तीस। ३६।
षट्पञ्चाशत्, (स्त्री.) छप्पन। ५६।
षट्पदी, (स्त्री.) भौंरी। छः चरण का एक छन्द। जूं।
षट्प्रश्न, (पुं.) धर्मादि को भली भांति समझने वाला। छः शास्त्र जानने वाला।
षडङ्ग, (न.) वेद के छः अङ्ग। यथा शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष। पद, घन, जटा, क्रम, निरुक्त और निघण्टु छः अंगों वाला वेद।
षडभिज्ञ, (पुं.) बौद्ध विशेष।
षडशीति, (स्त्री.) छियासी। ८६। सूर्य का संक्रमण विशेष।
षडशीतिमुख, (न.) षडशीति नाम संक्रान्ति का मुख।
षडानन, (पुं.) कार्त्तिकेय। स्वामिकार्त्तिक।
षड्ऊर्म्मि, (पुं.) परमेश्वर।
षड्गव, (त्रि.) छः बैलों वाला छकड़ा या हल।
षड्गुण, (पुं.) राजाओं के छः सन्धि आदि गुण।
षड्ग्रन्थि, (न.) पीपलामूल।
षड्ज, (पुं.) सात में से एक स्वर।
षड्दीर्घ, (पुं.) छः दीर्घ जैसे—आ, ई, ऊ, ऐ, औ, अः।

षड्धा, (अव्य.) छः प्रकार।
षड्रस, (पुं.) छः रस। (मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त और कषाय)।
षड्वर्ग, (पुं.) षट्रिपु। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य।
षण, (क्रि.) देना।
षण्ड, **शण्ड**, (पुं.) बैल। हिजड़ा। ढेर।
षण्मुख, (पुं.) स्वामिकार्त्तिक। षडानन।
षद्, (क्रि.) विषाद करना। वध करना। जाना।
षञ्ज, (क्रि.) मिलना।
षष्, (त्रि.) छः। ६।
षष्टि, (स्त्री.) साठ।
षष्टितम, (त्रि.) साठवीं।
षष्टिसंवत्सर, (पुं.) प्रभव आदि ज्योतिष के प्रसिद्ध साठवर्ष।
षष्ठ, (त्रि.) छठा।
षष्ठक, (त्रि.) छठवाँ हिस्सा।
षष्ठांश, (पुं.) छठवां हिस्सा जो कररूप में किसान राजा को देते हैं।
षष्ठान्न, (त्रि.) दिन के छठवें भाग में भोजन करने वाला।
षष्ठी, (स्त्री.) मातृका। छठी देवी।
षस्, (क्रि.) सोना।
षस्ज्, (क्रि.) फैलना। सरकना।
षह्, (क्रि.) सहारना। क्षमा करना।
षाड्गुण्य, (न.) राजनीति के सन्धि आदि छः अङ्ग।
षाण्मातुर, (पुं.) कार्त्तिकेय। जिनकी छः माता हैं।
षाण्मासिक, (न.) छमाही श्राद्ध। छः महीने में पारवर्तन होने वाला अयन।
षाध्, (क्रि.) पाना।
षान्त्व, (क्रि.) आश्वासन देना।
षि, (क्रि.) बांधना।
षिद्, (क्रि.) अनादर करना।
षिङ्ग, (पुं.) धूर्त्त। लम्पट।
षिध्, (क्रि.) जाना।
षिव्, (क्रि.) सीना।
षु, (क्रि.) सोमरस का निकालना और मथना। नहाना।
षू, (क्रि.) उत्पन्न होना। पैदा होना। फेंकना।
षूद्, (क्रि.) हटाना।
षेव, (क्रि) सेवा करना।
षो, (क्रि.) नाश होना।
षोडत, (पुं.) छः दाँत की उम्र का बैल।
षोडशन्, (त्रि.) सोलह की संख्या।
षोडश, (पुं.) सोलहवाँ। चन्द्रकला।
षोडशक, (न.) प्रेत के उद्धारार्थ या निमित्त दी गयीं सोलह वस्तुएँ-पृथिवी, आसन, जल, वस्त्र, दीपक, अन्न, पान, छाता, गन्ध, माला, फल, शय्या, पादुका, गौ, सोना, चांदी।
षोडशमातृका, (स्त्री.) सोलह माताएँ यथाः—गौरी, पद्मा, शची, मेधा, सावित्री, विजया, जया, देवसेना, स्वधा, स्वाहा, माता, लोकमाता, शान्ति, पुष्टि, धृति, तुष्टि।
षोडशाङ्ग, (पुं.) गुग्गुल आदि सोलह वस्तुओं की बनाई हुई धूप। वह पूजा जिसमें सोलह उपचार हों।
षोडशांघ्रि, (पुं.) केकड़ा।
षोडशार, (न.) सोलह पत्रों का कमल। एक यन्त्र।
षोडशिन्, (पुं.) चन्द्रमा। सोमरस डालने का पात्र।
षोडशोपचार, (न.) पूजन की सोलह वस्तु। यथा—आसन, स्वागत, पाद्य, अर्घ्य, आचमनीयक, मधुपर्क, आचमन, स्नान, वस्त्र, भूषण, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, वन्दन।
षोढा, (अव्य.) छः प्रकार।
षोढान्यास, (पुं.) छःप्रकार के न्यास विशेष (तंत्रोक्त अङ्गन्यास और करन्यास)।

ष्टु, (क्रि.) बड़ाई अथवा प्रशंसा करना ।
ष्ठ्यै, (क्रि.) घेरा दे लेना ।
ष्ठग्, (क्रि.) छिपाना ।
ष्ठा, (क्रि.) ठहरना ।
ष्ठिव्, (क्रि.) थूकना ।
ष्ठ्यूत, (त्रि.) थूका गया । वमन किया गया ।
ष्णा, (क्रि.) स्नान करना । साफ़ करना ।
ष्णिह्, (क्रि.) प्यार करना ।
ष्मि, (क्रि.) मुसकुराना ।
ष्वद्, (क्रि.) प्यार करना । चाटना ।
ष्वञ्ज्, (क्रि.) गले लगाना ।
ष्वप्, (क्रि.) सोना ।
ष्विद्, (क्रि.) स्नान करना ।

स

स, (पुं.) सर्प । पवन । पक्षी । षडज । शिव । विष्णु । जब यह किसी शब्द के पहले लगाया जाता है, तब उस शब्द का अर्थ सम, तुल्य, सह, सदृश का अर्थ बतलाता है । यथा—सपुत्र, सभार्य, सतृष्ण, सधन, सरोष, सकोप आदि ।
संक्षेप, (पुं.) थोड़े में ।
संक्षोभ, (पु.) क्षोभ । घबराहट ।
संग्राहिन्, (पुं.) कुटज नाम का पेड़ । एकत्र करने वाला ।
संघ, (पुं.) बहुत से जीव । पक्का मेल ।
संघर्ष, (पुं.) परस्पर की रगड़ । टक्कर । लड़ाई ।
संज्ञ, (न.) गन्ध द्रव्य विशेष । चेतना, बुद्धि, आख्या, हाथ आदि से अपने भाव को प्रकट करना ।
संज्ञा, (स्त्री.) गायत्री । सूर्यपत्नी ।
संज्ञापन, (न.) मारण । जतलाना ।
संज्ञासुत, (पुं.) शनैश्चर ।
संजु, (त्रि.) घुटने टेके हुए ।
संज्वर, (पुं.) आग से उत्पन्न हुई गर्मी ।
संमर्द, (पुं.) आपस की रगड़ ।
संयत, (त्रि.) बँधा हुआ । शास्त्र के नियम से बँधा हुआ । प्रिय । इष्ट । माना हुआ ।
संयन्तृ, (त्रि.) नियन्ता । नियम पर चलाने वाला ।
संयम, (पुं.) इन्द्रियनिग्रह । व्रत के पहिले दिन किये जाने वाले कर्म ।
संयमन, (स्त्री.) यमकी नगरी ।
संयमिन्, (पुं.) मुनि विशेष । (त्रि.) इन्द्रियों को रोकनेवाला ।
संयाव, (पुं.) हलवा । मोहनभोग ।
संयुज्, (त्रि.) संयुक्त । जुड़ा हुआ ।
संयुग, (न.) युद्ध । लड़ाई । जङ्ग ।
संयुत, (त्रि.) सयुक्त । मिला हुआ ।
संयोग, (पुं.) मेल ।
संयोजित, (त्रि.) मिलाया हुआ । मिला हुआ ।
संरम्भ, (पुं.) कोप । निन्दा । उत्साह । वेग ।
संराधन, (न.) अच्छे प्रकार सोचना ।
संराव, (पुं.) शब्द । आवाज़ ।
संरूढ, (त्रि.) प्रौढ । अङ्कुरित । जमा हुआ ।
संरोध, (पुं.) रोकना । फेंकना ।
संलग्न, (त्रि.) लगा हुआ । सटा हुआ ।
संलप, (पुं.) एकान्त मे बातचीत ।
संवत्सर, (पुं.) वत्सर । बरिस । साल ।
संवत्, (अव्य.) विक्रमादित्य के राज्य से चला शाका ।
संवर्त, (पुं.) प्रलयकाल । धर्मशास्त्र-प्रणेता मुनि विशेष । मेघ । मेघराज । प्रलय के समय बरसने वाला मेघ । वैसीही आग । वैसाही वायु ।
संवर्तक, (न.) बलदेव का हल । (पुं.) बाडवानल ।
संवर्तिका, (स्त्री.) दीप की लाट । नया पत्ता ।
संवर्द्धक, (त्रि.) बढाने हारा ।
संवलित, (त्रि.) मिला हुआ ।

संवसथ, (पुं.) ग्राम। कुटिया।
संवह, (पुं.) सप्तवायु में से एक।
संवार, (पुं.) उच्चारणसम्बन्धी बाह्य प्रयत्न। छिपाना।
संवास, (पुं.) घर। निवासस्थान।
संवाह, (पुं.) अङ्गों को दाबन वाला। चापी करने वाला।
संवाहन, (न.) भार उठाना। अङ्गों को दाबना।
संविग्न, (त्रि.) उद्विग्न। घबड़ाया हुआ।
संवित्ति, (स्त्री.) समझ। प्रतिपत्ति। बुद्धि। स्वीकृति।
संविद्, (स्त्री.) ज्ञान। प्रतिपत्ति। समाधि। नाम। आचार। सङ्केत। लड़ाई। प्रसन्नता। प्रतिज्ञा।
संविदा, (स्त्री.) सिद्धि। भाँग। उत्तम श्रवण। श्रेष्ठ ज्ञान।
संविद्व्यतिक्रम, (पुं.) प्रतिज्ञा भङ्ग के कारण उत्पन्न विवाद।
संविदित, (त्रि.) अङ्गीकृत। अच्छी तरह समझा।
संविधान, (न.) उपाय। रचना। कार्य।
संवीक्षण, (न.) खोजना। भली भांति देखना।
संवीत, (त्रि.) ढका हुआ। रुका हुआ। मिला हुआ।
संवृत, (त्रि.) ढका हुआ। छिपा हुआ।
संवेग, (पुं.) पूरा वेग। भरपूर।
संवेद, (पुं.) उत्तम ज्ञान।
संवेश, (पुं.) नींद।
संवेशन, (न.) रतिक्रिया। भोग।
संव्यान, (न.) चादर या ऊपर से ओढ़ने का वस्त्र। दुपट्टा। अँगोछा।
संशप्तक, (पुं.) संग्राम में प्रतिज्ञापूर्वक जाने और वहां से न लौटने वाला सैनिक वीर पुरुष।
संशय, (पुं.) सन्देह।
संशयस्थ, (त्रि.) संशययुक्त।
संशयात्मन्, (पुं.) सन्देह करने वाला। शकी।
संशयालु, (त्रि.) शकी। जिसे सदा सन्देह बना रहे।
संशयित्, (त्रि.) सन्देह करने वाला।
संशरण, (न.) जिस में अधिक नाश हो। आक्रमण। युद्धारम्भ।
संशित, (त्रि.) निर्णय किया हुआ।
संशितव्रत, (त्रि.) अपने व्रत या नियम को भली भांति पूरा करने वाला।
संशुद्धि, (स्त्री.) भले प्रकार की हुई सफाई।
संश्यान, (त्रि.) शीत आदि से सिकुड़ा हुआ।
संश्रय, (पुं.) आसरा। निवासस्थान।
संश्रव, (पुं.) अङ्गीकार।
संश्रुत, (त्रि.) अङ्गीकृत।
संश्लिष्ट, (त्रि.) मिला हुआ।
संश्लेष, (पुं.) मेल।
संसक्त, (त्रि.) मिला हुआ। अति निकट।
संसद्, (स्त्री.) सभा। कमेटी।
संसरण, (न.) बहाव। गमन। चाल। आक्रमण। युद्धारम्भ।
संसर्ग, (पुं.) मेल। सम्बन्ध।
संसर्गाभाव, (पुं.) अनमेल। मेल का न होना।
संसार, (पुं.) विश्व। दुनिया।
संसारमार्ग, (पुं.) योनिद्वार। दुनियाँ की राह। जगत्।
संसारिन्, (त्रि.) जीवात्मा।
संसिद्ध, (त्रि) भली भांति बना हुआ।
संसृति, (स्त्री.) सङ्गत। मेल।
संसृष्ट, (पुं.) मिला हुआ। साझीदारों का साझा। सफा किया हुआ।
संसृष्टिन्, (पुं.) साझीदार। फिर से मिले भाई बन्द।
संसर्प, (क्रि.) डोलना। चलना। सरपट कर चलना।

संसेक, (पुं.) छिड़काव । सींचना ।

संस्कृ, (क्रि.) सजाना । चिकनाना । सफ़ाई करना ।

संस्कर्तृ, (पुं.) रसोई दास । फ़र्राश । दीक्षा देने वाला । निषेक से अन्त्येष्टि पर्यन्त सोलह संस्कार करने वाला । शुद्धि करने वाला ।

संस्कार, (पुं.) धर्म, रसोई, पात्रशुद्धि, अन्नशुद्धि आदि किसी तरह की शुद्धि, जैसे मलादि शुद्धि, धातु आदि शुद्धि । श्रुति-स्मृति आदि का अनुभवजन्य आत्मा का गुण । शास्त्र से उत्पन्न ज्ञान । योग्यता । व्याकरण आदि से शुद्ध शब्द । देववाणी । व्याकरण द्वारा शब्दों की साधनिका । यज्ञादि कर्मों में भूमि आदि की शुद्धि के लिये किये जाने वाले कर्म । निषेक, गर्भाधानादि सोलह संस्कार । वैष्णवी दीक्षा सम्बन्धी पञ्च संस्कार इत्यादि ।

संस्कृत, (त्रि.) साफ़ किया हुआ । शोधित । सिद्ध किया । सजाया ।

संस्तर, (पुं.) पत्ते फूल आदि से बनी या कुश कांस आदि की आसनी । शय्या । सेज । बिस्तरा ।

संस्तव, (पुं.) भली भांति प्रशंसा करना ।

संस्त्याय, (पुं.) ढेर । पड़ोस । विस्तार । फैलाव । गृह ।

संस्थ, (त्रि.) मृत । पालतू । व्यक्त । (पुं.) रहने वाला । पड़ोसी । स्वदेशी भाई । जासूस । भेदिया ।

संस्थान, (न.) ढेर । संग्रह । पद । रूप । बनावट । चौराहा । मृत्यु ।

संस्थापन, (न.) एकत्रीकरण । घुमाव ।

संस्थापित, (त्रि.) एकत्र किया हुआ । नियत किया गया ।

संस्थित, (त्रि.) मृत । ठहराया हुआ ।

संस्पृश्, (क्रि.) छूना । पानी छिड़कना । मिलाना ।

संस्पृष्ट, (त्रि.) छुआ हुआ । मिला हुआ ।

संस्फल, (पुं.) मेढ़ा । बादल ।

संस्फुट, (त्रि.) खिला हुआ । कुसुमित ।

संस्फेट, संस्फोट, संस्फोटि, (पुं.) युद्ध । लड़ाई ।

संस्मृ, (क्रि.) स्मरण करना ।

संस्मृति, (स्त्री.) स्मरण । याददाश्त ।

संस्रव, संस्राव, (पुं.) टपका । बहाव । धार ।

संहन्, (क्रि.) दो को एक करना । ढेर लगाना । मार डालना । चोट लगाना ।

संहत, (त्रि.) चोटिल । बन्द । दृढ़तापूर्वक जुड़ा हुआ । एकत्र हुआ ।

संहति, (स्त्री.) समूह । भली प्रकार चोट लगाना ।

संहनन, (न.) दृढ़ता । शरीर । वध । अङ्गों की रगड़न । बल ।

संहर्ष, (पुं.) आनन्द । वायु ।

संहार, (पुं.) प्रलय । नाश ।

संहिता, (स्त्री.) पुराण । इतिहास । वेद का वह भाग जिसमें कर्मकाण्ड का प्रतिपादन किया गया है ।

संहृति, (स्त्री.) अनेकों द्वारा आहूत ।

संह्रादिन्, (त्रि.) शब्द करने वाला ।

सकर्ण, (त्रि.) सुनने वाला ।

सकर्मक, (त्रि.) कर्म वाली क्रियाओं को बतलाने वाला व्याकरण का धातु ।

सकल, (त्रि.) सम्पूर्ण । समूचा ।

सकारण, (त्रि.) कार्यसहित । कार्य ।

सकाश, (पुं.) समीप । पास ।

सकुल्य, (त्रि.) जात भाई । सगोत्र ।

सकृत्, (अव्य.) एक बार ।

सकृत्प्रज्ञ, (पुं.) काक ।

सकृत्फला, सकृत्फली, (स्त्री.) जिसमें एकही बार फल हों । केले का पेड़ । जो एकही बार जने । सिंहिनी ।

सक्त, (त्रि.) लगा हुआ । आसक्त ।

सक्तु, (पुं.) सत्तू । सतुआ ।
सक्थि, (न.) ऊरु । गाड़ी का अङ्ग ।
सखि, (त्रि.) समान प्रेम करने वाला ।
सखी, (स्त्री.) सहेली ।
सख्य, (न.) मैत्री ।
सगर, (पुं.) सूर्यवंशीय एक राजा । (त्रि.) विष वाला ।
सगर्भ, (पुं.) सहोदर भाई ।
सगोत्र, (न.) एक गोत्र वाला ।
सग्धि, (स्त्री.) सह भोजन ।
सङ्कट, (त्रि.) पीड़ा । विपत्ति । छोटा स्थान ।
सङ्कर, (पुं.) दोगला ।
सङ्कर्षण, (पुं.) बलदेव । भारी खिंचाव ।
सङ्कलन, (न.) सम्पादन । संग्रह ।
सङ्कल्प, (पुं.) दृढ़ विचार । निश्चय ।
सङ्कल्पजन्मन्, (पुं.) कामदेव ।
सङ्कल्पयोनि, (पुं.) कामदेव ।
सङ्कसुक, (त्रि.) मन्द । मूर्ख । दुर्जन ।
सङ्काश, (त्रि.) सदृश । समान ।
सङ्कीर्ण, (त्रि.) सिकुड़ा हुआ । (पुं.) दोगला ।
सङ्कुचित, (त्रि.) सिकुड़ा हुआ ।
सङ्केत, (पुं.) सूचना । इशारा । प्रेमी से मिलने का गुप्त स्थान ।
सङ्केतित, (त्रि.) सङ्केत किया हुआ ।
सङ्कोच, (पुं.) संक्षेप । सिकुड़ना । मछली । (न.) केसर ।
संक्रन्दन, (पुं.) इन्द्र ।
संक्रमण, (न.) संक्रान्ति । जाना । बीच में आना । लांघ जाना । सूर्य जब एक राशि से दूसरी राशि पर जाता है तब उसे संक्रमण कहते हैं ।
संक्रान्ति, (स्त्री.) मेल । एक स्थान से दूसरे स्थान पर गमन ।
संख्य, (न.) युद्ध । लड़ाई । विचार । बुद्धि ।
संख्यात, (त्रि.) गिना हुआ । प्रसिद्ध ।
संख्यावत्, (पुं.) पण्डित । (त्रि.) गिनती करने वाला ।
संख्येय, (त्रि.) गिनने योग्य ।
सङ्ग, (पुं.) संबन्ध । (त्रि.) मिला हुआ ।
सङ्गत, (न.) मैत्री ।
सङ्गति, (स्त्री.) सङ्गम । मेल । सभा । परिचय । अचानक घटना । ज्ञान । विशेष ज्ञान के लिये पूंछना ।
सङ्गम, (पुं.) मेल । मैथुन । नद अथवा नदियों के परस्पर मिलने का स्थान ।
सङ्गर, (पुं.) आपत्ति । युद्ध । प्रतिज्ञा । विष । शमी वृक्ष ।
सङ्गव, (पुं.) प्रातःकाल के बाद का तीन मुहूर्त्त समय ।
सङ्गिन्, (त्रि.) साथी । भोगी ।
सङ्गीत, (न.) नाच । गान । बजाना । गीत ।
सङ्गीर्ण, (त्रि.) माना हुआ ।
संग्रह, (पुं.) सञ्चय । संक्षेप । बहुत अर्थ वाले विषय को थोड़े में लिखना ।
संग्रहणी, (स्त्री.) रोग विशेष ।
संग्राम, (पुं.) लड़ाई ।
संग्रामपटह, (पुं.) रणवाद्य । मारू बाजा ।
संग्राहिन्, (पुं.) कुटज वृक्ष । (त्रि.) जोड़ने वाला ।
सङ्घ, (पुं.) एक जाति वालों का मेल । समूह ।
सङ्घट्ट, (पुं.) आपस की रगड़ । भीड़ । गठन । चक्र । पहिया ।
सङ्घर्ष, (पुं.) पीसना । आपस में टकराना । स्पर्द्धा ।
सङ्घशस्, (अव्य.) बहुत का एकत्र होना ।
सङ्घात, (पुं.) समूह । एक नरक ।
सचि, **सची**, (स्त्री.) इन्द्राणी ।
सचिव, (पुं.) मंत्री । आमात्य । दीवान ।

सचेतन, (त्रि.) सतर्क । विशिष्ट ज्ञान युक्त ।

सचेष्ट, (पुं.) आम्र । (त्रि.) चेष्टान्वित ।

सच्चिदानन्द, (पुं.) ब्रह्म । परमात्मा ।

सच्छूद्र, (पुं.) ग्वाला । अहीर । नाई ।

सजाति, (पुं.) एक जाति वाला ।

सजातीय, (त्रि.) अपनी जाति का ।

सजुस्, सजूस्, (अव्य.) साथ के अर्थ में ।

सज्ज, (त्रि.) उद्युक्त । तैयार । सजा हुआ । सत् से हुआ ।

सज्जन, (त्रि.) रक्षार्थ सेना का स्थान । जोड़ना । भद्र लोग । राजा की सवारी के लिये हाथी का सजाना ।

सज्जित, (त्रि.) सजा-हुआ । कृतवेश ।

सञ्चय, (पुं.) समूह । संग्रह ।

सञ्चयिन्, (पुं.) जमा करने वाला । संग्रहकारक ।

सञ्चार, (पुं.) गमन । मार्ग । कठिन यात्रा । कठिनाई । उत्तेजना । सर्पमणि । सूर्य का दूसरी राशि में प्रवेश ।

सञ्चारक, (पुं.) नेता । अगुआ । षड्यंत्रकारी वक्ता ।

सञ्चारिका, (स्त्री.) कुटनी । जोड़ा । गन्ध ।

सञ्चारिन्, (पुं.) हवा । व्योमचारिन् ।

सञ्चल्, (क्रि.) हिलना । काँपना । जाना ।

सञ्चलि, (स्त्री.) गुच्छा की झाड़ी ।

सञ्चाय्य, (पुं.) एक प्रकार का यज्ञ ।

सञ्चि, (क्रि.) एकत्र करना । सुव्यवस्था करना ।

सञ्चय, (पुं.) ढेर ।

सांश्चित, (त्रि.) एकत्रित । घना—गाढ़ा ।

सञ्चूर्ण्, (क्रि.) पीसना ।

सञ्छद्, (क्रि.) छिपाना । ढकना । लपेटना ।

सञ्छिद्, (क्रि.) काटना । विभक्त करना । घुसेड़ना ।

सञ्ज्, (क्रि.) चिपकना ।

सञ्जन्, (क्रि) उत्पन्न होना ।

सञ्जय, (पुं.) धृतराष्ट्र के सारथि का नाम । इसने कौरव और पाण्डवों में शान्तिस्थापन की बहुत चेष्टा की थी, किन्तु यह विफल हुआ ।

सञ्जल्प, (क्रि.) बातचीत करना । (पुं.) बातचीत । गड़बड़ । कोलाहल ।

सञ्जवन, (न.) एक दूसरे से लगे चार गृह ।

सञ्जा, (स्त्री.) बकरी ।

सञ्जीव्, (क्रि.) साथ साथ रहना । फिर से जीवित होना ।

सञ्जीवन, (न.) फिर से जीवित करने वाला । २१ नरकों में से एक । चार गृहों का समूह । जीना ।

सञ्जीवनओषधि, (स्त्री.) एक औषध जिससे मरा हुआ भी उठे ।

संज्ञा, (क्रि.) जानना । समझना । मेल मिलाप से रहना । ताकना । (स्त्री.) चेत ।

संज्ञापन, (न.) मारण ।

सञ्ज्वर, (पुं.) बड़ी गर्मी । ज्वर ।

सट्, (क्रि.) टुकड़ा करना । सजाना ।

सटीक, (त्रि.) टीका या व्याख्यासहित ।

सट्ट, (क्रि.) चोटिल करना ।

सट्टक, (न.) प्राकृत का छोटा रूपक । जैसे "कर्पूरमञ्जरी" ।

सट्टवा, (स्त्री.) पक्षी । वाद्य यंत्र विशेष ।

सठ्, (क्रि.) सजाना । पूरा करना ।

सठि, (स्त्री.) नक्षत्र विशेष ।

सण्ड, (पुं.) बैल । नपुंसक । हिजड़ा ।

सण्डिश, (पुं.) सड़सी । चिमटा ।

सण्डीन, (न.) पक्षियों के उड़ानों में से एक प्रकार का उड़ान ।

सत्, (त्रि.) असली । अच्छा । सच्चा । प्रतिष्ठित । बुद्धिमान् । दृढ़ । (पुं.) ऋषि । महात्मा । (न.) स्थिति ।

सतत, (नं.) निरन्तर । लगातार ।
सतत्त्व, (न.) स्वभाव ।
सतानन्द, (पुं.) गौतमपुत्र ।
सतीर्थ्य, } (पुं.) गुरुभाई ।
सतीर्थ, }
सतीन, (पुं.) बाँस । वायु । मटर । मसूर ।
सतीलक, (पुं.) मटर ।
सतेर, (पुं.) भूंसी । चोकर ।
सत्कर्तृ, (पुं.) विष्णु ।
सत्कर्मन्, (न.) वेदविहित यज्ञादि कर्म ।
सत्कार, (पुं.) आदर ।
सत्कृत, (त्रि.) सम्मानित ।
सत्क्रिया, (स्त्री.) सत्कार । आदर ।
सत्तम, (त्रि.) बहुत अच्छा ।
सत्ता, (स्त्री.) प्रधानता । मुख्यता । अस्तित्व । विद्यमानता ।
सत्त्र, (न.) घर । ढकना । धन । वन । तालाब । छल । कपट । आश्रम । दान । धर्मार्थ दान ।
सत्रशाला, (स्त्री.) धर्मशाला । यज्ञशाला ।
सत्राजित्, (पुं.) श्रीकृष्णजी का ससुर ।
सत्रिन्, (पुं.) गृहस्थ । यज्ञकर्ता ।
सत्त्व, (न.) प्रकृति का अवयव । एक पदार्थ। (पुं. न.) जन्तु । जीव । जब यह केवल "सत्त्व" होता है तब इसका अर्थ होता है—स्वभाव, प्राण, उद्यम, रण, आत्मा, चित्त, आयु, धन ।
सत्पथ, (पुं.) शोभन मार्ग । भगवद्भजन । सन्मार्ग । वेदविहित आचार । अच्छा रास्ता ।
सत्प्रतिग्रह, (पुं.) अच्छे पुरुषों का प्रदत्त दान । अनिन्दित दान लेना ।
सत्प्रतिपक्ष, (पुं.) हेतुसम्बन्धी दोष भेद ।
सत्फल, (पुं.) अनार का पेड़ । (त्रि.) अच्छे फल वाला । अच्छा फल ।
सत्य, (त्रि.) सच्चा । असली । यथार्थ । (पुं.) ब्रह्म के रहने का लोक । पीपल का पेड़ । राम । विष्णु । नान्दीमुख श्राद्ध का अधिष्ठाता देवता ।
सत्यङ्कार, (पुं.) बयाना । किसी वस्तु को मोल लेने की पक्काइत ।
सत्यपुर, (न.) वैकुण्ठ ।
सत्यफल, (पुं.) बिल्वफल ।
सत्यभामा, (स्त्री.) राजा सत्राजित् की कन्या और श्रीकृष्ण की स्त्री ।
सत्यम्, (अव्य.) स्वीकार । हां । "सचहै" ।
सत्ययुग, (न.) सत्यप्रधान युग । प्रथम युग । कृतयुग ।
सत्ययौवन, (पुं.) विद्याधर ।
सत्यलोक, (पुं.) सात लोकों में से एक ।
सत्यवचस्, (पुं.) मुनि । (त्रि.) सच बोलने वाला ।
सत्यवत्, (पुं) सत्य वाला । सत्यवान् ।
सत्यवती, (स्त्री.) व्यास की माता ।
सत्यवतीसुत, (पुं.) वेदव्यास ।
सत्यवाच्, (पुं.) ऋषि । काक ।
सत्यवादिन्, (त्रि.) सत्यवादी ।
सत्यव्रत, (पुं.) सत्यतत्पर । त्रिशंकुराजा ।
सत्यसङ्गर, (पुं.) कुबेर । (त्रि.) सत्यप्रतिज्ञ ।
सत्यसन्ध, (त्रि.) सत्यप्रतिज्ञ । रामचन्द्र ।
सत्यानृत, (न.) व्यापार ।
सत्यापन, (न.) बयाना देना ।
सत्योद्य, (त्रि.) सत्यवादी । (न.) सच्चा वचन ।
सत्वर, (न.) शीघ्र । जल्दी ।
सदन, (न.) गृह । घर ।
सदय, (त्रि.) दयालु ।
सदस्, (स्त्री.) सभा । बैठक । वासस्थान ।
सदस्य, (पुं.) सभासद ।
सदा, (अव्य.) सदैव । निरन्तर । नित्य ।
सदागति, (पुं.) पवन । सूर्य्य । सदा रहने वाला आनन्द । मोक्ष ।
सदाचार, (पुं.) साधु आचरण ।
सदातन, (पुं.) विष्णु । (त्रि.) नित्य ।
सदादान, (त्रि.) सदा दान करने वाला । (पुं.) ऐरावत हाथी ।

सदानन्द, (पुं.) शिव। (त्रि.) निरन्तर आनन्द वाला।
सदानर्त्त, (पुं.) सदा नाचने वाला।
सदानीरा, (स्त्री.) करतोया नदी।
सदाशिव, (पुं.) महादेव।
सदुत्तर, (न.) प्रतिज्ञापत्र के अनुसार उत्तर।
सदृक्ष, (त्रि.) तुल्यरूप। बराबर।
सदेश, (पुं.) देश के साथ। निकट। (त्रि.) देश वाला।
सद्धेतु, (पुं.) अच्छा हेतु।
सद्भाव, (पुं.) साधुभाव। अच्छा भाव।
सद्भूत, (त्रि.) यथार्थ। ठीक।
सद्मन्, (न.) घर। जल।
सद्यःकृत, (त्रि.) झटपट किया हुआ।
सद्यःप्राणकर, (त्रि.) झटपट प्राण करने वाला।
" सद्योमांसं नवं चान्नं बाला स्त्री क्षीरभोजनम्।
घृतमुष्णोदकस्नानं सद्यः प्राणकराणि षट् ॥ "
सद्यःप्राणहर, (त्रि.) झटपट प्राण हरने वाला।
" शुष्कं मांसं स्त्रिया वृद्धा बालार्कस्तरुणं दधि।
प्रभाते मैथुनं निद्रा सद्यः प्राणहराणि षट् ॥ "
सद्यःशौच, (न.) तत्काल होनेवाली शुद्धि।
सद्योजात, (पुं.) तुरन्त पैदा हुआ। बछड़ा। शिवजी की एक मूर्ति। वैद्यक में एक रस।
सद्वृत्त, (न.) अच्छे स्वभाव वाला। अच्छा समाचार।
सद्वृत्ति, (स्त्री.) उत्तम चरित्र। उत्तम व्याख्यान वाला ग्रन्थ। अच्छी जीविका। (त्रि.) अच्छी जीविका वाला। अच्छी चालचलन वाला।
सधर्म्मन्, (त्रि.) सदृश। बराबर।
सधर्म्मचारिणी, (स्त्री.) भार्य्या।
सधर्म्मिन्, (त्रि.) पत्नी।
सधवा, (स्त्री.) सौभाग्यवती स्त्री।
सध्र्यच, (त्रि.) सहचर। साथ विचरने वाला।
सनक, (पुं.) एक मुनि।
सनत्, (पुं.) एक मुनि। (त्रि.) आनन्द वाला।
सनत्कुमार, (पुं.) ब्रह्मपुत्र। एक मुनि।
सनसूत्र, (न.) मछली पकड़ने का सूत का बना जाल।
सना, (अव्य.) सदैव।
सनातन, (त्रि.) सदा होने वाला। (पुं.) शिव। ब्रह्मा। स्वर्गीय मनुष्य। विष्णु।
सनाभि, (पुं.) जाति भाई। (त्रि.) बीच वाला। स्नेहयुक्त। कुटुम्बी।
सनामक, (पुं.) शोभाञ्जन का पेड़।
सनिष्ठीव, सनिष्ठेव, (न.) थूक के साथ।
सनीड, (त्रि.) समीप रहनेवाला। घोंसले वाला। बिल वाला।
सन्तत, (पुं.) सतत। लगातार। (त्रि.) फैला हुआ।
सन्तति, (स्त्री.) गोत्र। नाम। पुत्र। कन्या। फैलाव। पंक्ति। अविच्छिन्न धारा।
सन्तप्त, (त्रि.) थका हुआ। तपा हुआ।
सन्तमस, (न.) अँधेरा। मोह।
सन्तान, (पुं.) वंश। अपत्य। कुटुम्ब। विस्तार। कल्पवृक्ष।
सन्तानिका, (स्त्री.) मलाई। खोया। फेन। छुरी का फल।
सन्ताप, (पुं.) वह्नि से उत्पन्न ऊष्मा।
सन्तापन, (पुं.) कामदेव के पांच शरों में से एक। (त्रि.) सन्ताप करने वाला।
सन्तोष, (पुं.) धैर्य्य। हौंसला। स्वास्थ्य।
सन्दंश, (पुं.) सड़ाँसी।
सन्दंशपतित, (पुं.) मीमांसा का एक न्याय विशेष।
सन्दर्भ, (पुं.) रचना। प्रबन्ध। सारवचन। श्रेष्ठता।

सन्दान, (न.) बंधन। अच्छे प्रकार तोड़ना। अच्छे प्रकार दान करना। (पुं.) हाथी के घुटनों के नीचे का भाग।
सन्दानिनी, (स्त्री.) गोगृह। गोशाला।
सन्दाव, (पुं.) भागना।
सन्दाह, (पुं.) पूरी जलन।
सन्दिग्ध, (त्रि.) सन्देहयुक्त।
सन्दित, (त्रि.) बद्ध।
सन्दिष्ट, (न.) सन्देसा।
सन्दिहान, (त्रि.) सन्देह वाला।
सन्दी, (स्त्री.) खाट। चारपाई।
सन्देशहर, (पुं.) सन्देशहारक।
सन्देह, (पुं.) संशय।
सन्दोह, (पुं.) समूह। भली प्रकार दुहना।
सन्द्राव, (पुं.) भागना।
सन्धा, (स्त्री.) स्थिति। प्रतिज्ञा। मेल। मदिरा निकालना। खोज।
सन्धान, (न.) अनुसन्धान। मेल। गौ बांधने की शाला।
सन्धि, (पुं.) संभोग। जोड़। ऐंडा। सुरङ्ग। नाटक का एक अङ्ग। व्याकरण में दो वर्णों के एकत्र होने से उत्पन्न वर्णविकार।
सन्धिचौर, (पुं.) सेन्ध फोड़ कर चोरी करने वाला चोर।
सन्धित, (त्रि.) मिला हुआ।
सन्धिनी, (स्त्री.) बैल के संयोग से गर्भधारिणी गौ।
सन्धिपूजा, (स्त्री.) आश्विन की शुक्ला अष्टमी और नवमी की सन्धि की पूजा।
सन्धिबन्ध, (पुं.) भूमिचम्पक। इसको खाने से टूटी हुई हड्डी का जोड़ भी मिल जाता है।
सन्धिविग्रहादिकारिन्, (पुं.) मंत्री, जिसे राजा की ओर से मेल अथवा युद्ध करने को अधिकार प्राप्त होता है।
सन्धिवेला, (स्त्री.) सन्ध्या का समय। शाम-सबेरा।
सन्धिहारक, (पुं.) सुरङ्ग से दूसरे के धन को लेजाने वाला।
सन्धुक्षित, (त्रि.) भड़काया गया। प्रकाशित।
सन्धेय, (त्रि.) मिलाने योग्य।
सन्ध्या, (स्त्री.) दिन और रात के मिलने का समय। सन्धिकाल। सन्ध्याकाल का कर्म। देवता। एक नदी। ब्रह्मा। एक स्त्री।
सन्ध्यानटिन्, (पुं.) शिव। शङ्कर।
सन्ध्याभ्र, (न.) सुवर्ण। गेरू। साँझ का बादल।
सन्ध्याराग, (न.) सिन्दूर। सेंदुर।
सन्ध्याराम, (पुं.) ब्रह्मा।
सन्न, (पुं.) पियाल का पेड़। (त्रि.) अवसन्न। बाँना।
सन्नत, (त्रि.) झुका हुआ।
सन्नद्ध, (त्रि.) कवचधारी। तैयार। उत्पन्न हुआ।
सन्नय, (पुं.) समूह। बहुतसा।
सन्नहन, (न.) उद्योग। हिम्मत। पूरा बन्धन।
सन्नाह, (पुं.) कवच।
सन्निकर्ष, (पुं.) सामीप्य। विषय और इन्द्रिय का व्यापार। उपाय विशेष।
सन्निकर्षण, (न.) सन्निधान।
सन्निधि, (पुं.) सामीप्य।
सन्निपतित, (त्रि.) मरगया। मिला हुआ। उपस्थित।
सन्निपात, (पुं.) नीचे गिरना। इकट्ठा होना। उतरना। भिड़ना। समूह। ज्वर विशेष। नाश। उपस्थिति। ताल विशेष।
सन्निबंधन, (न.) कई स्थलों में बिखरे हुए वाक्यों को एकत्र करना तथा तदुपयोगी ग्रन्थ। (त्रि.) अच्छी आजीविका वाला।
सन्निभ, (त्रि.) सदृश। समान।

सन्निवेश, (पुं.) नगर के बाहिर का भाग। अखाड़ा। सम्यक् स्थिति।
सन्निहित, (त्रि.) निकटस्थ। समीप ठहरा हुआ।
संन्यस्त, (त्रि.) डाला गया। अच्छे प्रकार त्यागा गया। जुड़ा हुआ। अर्पित। छोड़ा गया।
संन्यास, (पुं.) त्याग। चौथा आश्रम।
संन्यासिन्, (पुं.) संन्यासी। चौथे आश्रम वाला।
सपक्ष, (त्रि.) अपने पक्ष वाले।
सपत्राकरण, (न.) तीर के घाव की पीड़ा। (त्रि.) पीड़ित किया गया।
सपत्न, (पुं.) शत्रु। वैरी।
सपत्नी, (स्त्री.) सौत।
सपदि, (अव्य.) तत्क्षण। उसी समय।
सपर, (क्रि.) पूजा करना।
सपर्य्या, (स्त्री.) पूजा। आदर।
सपाद, (स्त्री.) चतुर्थांश सहित। सवा।
सपिण्ड, (त्रि.) जाति वाला। पिण्ड सम्बन्धी।
सपिण्डीकरण, (न.) मिलाया गया। श्राद्ध का कर्मविशेष। मरे हुए का पिण्ड पूर्वपिण्डों में मिलाना।
सपिण्डीकृत, (त्रि.) वह मरा हुआ पुरुष जिसके लिये सपिण्डी कर्म किया गया हो।
सपीति, (स्त्री.) जात वालों के साथ बैठ कर जल आदि पीना।
सप्तक, (न.) ७ की संख्या।
सप्तकी, (स्त्री.) मेखला। कन्धनी।
सप्तचत्वारिंशत्, (स्त्री.) सैंतालीस। ४७।
सप्तच्छद, (पुं.) सतौने का पेड़।
सप्तजिह्व, (पुं.) सात जीभ वाला। अग्नि। आग।
सप्तज्वाल, (पुं.) आग।
सप्ततन्तु, (पुं.) याग।
सप्तति, (स्त्री.) सत्तर की गिनती। ७०।
सप्ततितम, (त्रि.) ७० वाँ।
सप्तदश, (त्रि.) १७ वीं संख्या।
सप्तद्वीपा, (स्त्री.) पृथिवी।
सप्तधा, (अव्य.) सात प्रकार।
सप्तधातु, (पुं.) रस, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, शुक्र, अन्न।
सप्तन, (पुं.) सात।
सप्तपदी, (स्त्री.) भाँवर। विवाह के समय की स्त्री के साथ यज्ञस्तम्भ की सात परिक्रमा। स्त्रीत्व का प्रधान कर्म।
सप्तपर्ण, (पु.) सतौने का वृक्ष।
सप्तपाताल, (न.) अतल आदि पृथिवी के नीचे के लोक।
सप्तप्रकृति, (स्त्री.) सांख्य की महत्तत्त्व आदि सात प्रकृतियां। सात स्वभाव।
सप्तम, (त्रि.) सातवां।
सप्तर्षि, (पुं.) मरीचि, अत्रि, पुलह, पुलस्त्य, क्रतु, अङ्गिरा, वशिष्ठ, सात ऋषि।
सप्तर्षिमण्डल, (त्रि.) आकाशस्थ नक्षत्र-मण्डल। सात ऋषियों के नक्षत्रों का समूह।
सप्तशती, (स्त्री.) सात सौ। मार्कण्डेय पुराण के अन्तर्गत सात सौ श्लोकों का देवी के माहात्म्य को बताने वाला स्तोत्र। दुर्गा ग्रन्थ।
सप्तशलाक, (पुं.) ज्योतिष में विवाह विचारने का एक चक्र जिसमें सात लकीर खड़ी और सात आड़ी होती हैं।
सप्तशिरा, (स्त्री.) पान की बेल। शरीरस्थ सात नाड़ियाँ।
सप्तसप्ति, (पुं) वह मनुष्य जिस के सात घोड़े हों। सूर्य्य। आक का वृक्ष।
सप्तसागर, (पुं.) सात समुद्र।
सप्तांशु, (पुं.) आग। सात ज्वाला वाली।
सप्तश्ववाहन, (पुं.) सूर्य्य। आक का पेड़। सात घोड़ों पर सवारी करने वाला।
सप्ति, (पुं.) अश्व। घोड़ा।
सफर, (पुं.) मछली।
सफल, (त्रि.) फल वाला।

सबल, (त्रि.) सामर्थ्य वाला। सेना सहित।
सब्रह्मचारिन्, (पुं.) गुरु भाई।
सभर्तृका, (स्त्री.) सुहागिन स्त्री।
सभा, (स्त्री.) किसी बात को निश्चित करने के लिये जमाव करके बैठने का स्थान, जिसमें वृद्ध हों। परिषद्, मजलिस आदि। "न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धाः"
सभाज्, (क्रि.) सेवा करना। देखना।
सभाजन, (न.) आने जाने के समय का कुशल प्रश्न। भाव। आदर। पूजा। सत्कार। प्रतिष्ठा करना।
सभासद्, (पुं.) सभा में बैठने के अधिकारी। सभ्य। मैम्बर।
सभास्तार, (पुं.) सभ्य। मैम्बर। सभासद।
सभिक, (पुं.) ज्वारिया।
सभ्य, (पुं.) ज्वारी। (त्रि.) विश्वासी।
सम्, (अव्य.) भलीभाँति। बहुत।
सम, (त्रि.) समान। तुल्य। सारा। भला। (न.) जोड़। दूसरी, चौथी और छठवीं राशियां। ताल।
समक्ष, (अव्य.) आंख के सामने।
समग्र, (त्रि.) सकल। सारा।
समङ्गा, (स्त्री.) मजीठ।
समचित्त, (त्रि.) तत्त्वज्ञानी।
समज, (न.) वन। समूह। मूर्खों का गिरोह।
समज्ञा, (स्त्री.) कीर्ति। यश। बड़ाई।
समज्या, (स्त्री.) सभा। कीर्ति। गोष्ठी।
समञ्जस, (त्रि.) उचित। युक्त।
समदर्शिन्, (त्रि.) सर्वत्र समान भाव से देखने वाला।
समदृष्टि, (स्त्री.) समान दृष्टि।
समधिक, (त्रि.) अत्यन्ताधिक।
समन्त, (पुं.) सीमा।
समन्ततस्, (अव्य.) चारों ओर से।
समन्तपञ्चक, (न.) तीर्थविशेष।
समन्तभद्र, (पुं.) बुद्धावतार। बुद्धदेव।
समन्तभुज्, (पुं.) आग।
समन्तात्, (अव्य.) चारों ओर।
समन्वित, (त्रि.) युक्त। सहित।
समपद, (न.) अवस्थान विशेष।
समभिव्याहार, (पुं.) साहित्य। साथ। अच्छे प्रकार कहना।
समभिव्याहृत, (त्रि.) मिला हुआ। सहित।
समभिहार, (पुं.) बारबार।
समम्, (अव्य.) एकही बार।
समय, (पुं.) काल। शपथ। आचार। सिद्धान्त। सङ्केत। स्वीकृति।
समया, (अव्य.) नैकट्य। सामीप्य। पास। बीच।
समयाध्युषित, (पुं.) सूर्य्य और तारों से रहित समय।
समर, (पुं.) युद्ध। लड़ाई।
समरमूर्द्धन्, (पुं.) लड़ाई के मैदान में।
समर्चन, (न.) अच्छे प्रकार आदर करना।
समर्ण, (त्रि.) भले प्रकार पीड़ित किया गया।
समर्थ, (त्रि.) शक्तिसम्पन्न। हितकर।
समर्थन, (न.) पुष्टीकरण। सिद्ध करना। प्रमाण देना।
समर्द्धक, (त्रि.) देवता।
समर्य्याद, (त्रि.) मर्यादा सहित। अच्छे आचरण वाला।
समल, (त्रि.) बहुत मैला। काला। (न.) विष्ठा।
समवतार, (पुं.) पानी में नीचे जाने की सीढ़ियाँ।
समवर्तिन्, (पुं.) यमराज। पुलिस आदि राज्यकर्मचारी जो फिर्यादी और अपराधी को समान बर्तें।
समवकार, (पुं.) नाटक विशेष।
समवाय, (पुं.) समूह। मेल। न्याय दर्शन में सम्बन्ध विशेष।

समवेत, (वि.) एकत्रित । मिला हुआ ।
समष्टि, (स्त्री.) सम्यग् व्याप्ति । सम्पूर्णता ।
समसन, (न.) समास । संक्षेप । मिलन ।
समस्त, (वि.) सकल । संक्षिप्त ।
समस्थली, (स्त्री.) दुआब । गङ्गा और यमुना के बीच की भूमि ।
समस्या, (स्त्री.) जो पूरी नहीं है अर्थात् किसी पद्य का एक चरण बतलाकर पूरा पद्य तयार करना । एक संकेत जिस के आधार से शेष बात कही जाय ।
समा, (स्त्री.) वत्सर ।
समांसमीना, (स्त्री.) प्रतिवर्ष ब्याने वाली गौ ।
समाकर्षिन्, (पुं.) बहुत दूर जाने वाला गन्ध । (वि.) अच्छे प्रकार खींचने वाला ।
समाकुल, (वि.) भरापूरा । बहुत उत्तेजित । घबड़ाया हुआ ।
समाकृष्, (क्रि.) निकाल लेना । खींच लेना ।
समाख्या, (स्त्री.) कीर्ति । यश । प्रसिद्धि । नाम ।
समाख्यात, (वि.) गिना हुआ । भली प्रकार वर्णित । प्रसिद्ध ।
समागम्, (क्रि.) एकत्र होना । मेल मिलाप करना । मैथुन करना । समीप आना । लौटना । पाना ।
समागत, (वि.) आया हुआ । मिला हुआ ।
समागता, (स्त्री.) एक प्रकार की पहेली ।
समाघात, (पुं.) घात । युद्ध ।
समाचयन, (न.) जोड़ना । बटोरना ।
समाचर्, (क्रि.) करना । हटाना ।
समाचार, (पुं.) गमन । अभ्यास । आचरण । चालचलन । संवाद । सूचना ।
समाज, (पुं.) सभा । सोसाइटी । क्लब । समूह । दल । हाथी ।
समाजिक, सामाजिक, (वि.) किसी समाज का सदस्य या सभ्य ।
समाज्ञा, (क्रि.) भली भांति समझना । (स्त्री.) कीर्ति । प्रसिद्धि ।
समादा, (क्रि.) पाना । लेना । स्वीकार करना । पकड़ना । देना । लेलेना । आरम्भ करना । विचार करना ।
समादान, (न.) भरपाना । जैनियों की नित्य क्रिया विशेष ।
समादिश्, (क्रि.) बतलाना ।
समादेश, (पुं.) आज्ञा ।
समाधा, (क्रि.) एक साथ रखना । मिलाना । जोड़ना । रखना । अभिषेक करना । चित्त को सावधान करना । चित्त को एकाग्र करना । सन्तुष्ट करना । मरम्मत करना । अलग करना ।
समाधि, समाधान, (न.) मेल । जोड़ । गम्भीर विचार । ध्यान । किसी की शङ्का की निवृत्ति । मनकी शान्ति ।
समाधि, (पुं.) ध्येय के साथ मन को लेजा कर एक कर देना । काव्य का एक गुण । मढ़ी । ईश्वर में एकाकार होना ।
समाध्मात, (वि.) फूंक कर फुलाया हुआ ।
समान, (वि.) तुल्य । बराबर ।
समानोदक, (पुं.) तर्पणादि में समान जल का अधिकारी । चौदहवीं पीढ़ी तक समानोदक भाव पूरा होजाता है ।
समानोदर्य्य, (पुं.) भाई । एक गर्भ से उत्पन्न सन्तान । सगा भाई ।
समाप, (पुं.) देवता के पूजन का स्थान ।
समापन, (न.) समाप्ति । प्राप्ति । वध । सर्ग । गम्भीर विचार ।
समापन्न, (वि.) समाप्त । प्राप्त । हुआ । आया । पीड़ित । मारा हुआ ।
समाप्त, (वि.) परिपूर्ण । सम्यक् प्राप्त ।
समाप्ताल, (पुं.) प्रभु । स्वामी । भर्त्ता ।
समाभाषण, ((न.) बातचीत ।
समाम्नान, (न.) दुहराव । वर्णन । उल्लेख ।

समाम्नाय, (पुं.) परम्परागत । पाठ । उद्धरण । शिव ।
समाय, (पुं) आगमन । भेंट ।
समायत, (त्रि.) खींचा हुआ । बढ़ाया हुआ ।
समायुज्, (कि.) जोड़ना । मिलाना ।
समायुत, (त्रि.) मिला हुआ ।
समायुक्त, (त्रि.) जुड़ा हुआ । मिला हुआ । तैयार किया हुआ ।
समायोग, (पुं.) मेल । सम्बन्ध ।
समारभ्, (कि.) आरम्भ करना ।
समारुह्, (कि.) चढ़ना । सवार होना ।
समालम्बिनी, (स्त्री.) एक प्रकार की घास ।
समावर्त्तन, (न.) वेद पढ़ने के अनन्तर गुरु-गृह वास से गृहस्थी में लौटने का संस्कार विशेष । लौटना । एकत्र होना । सफल होना । किसी काम के अन्त पर पहुँचना ।
समाविष्ट, (त्रि.) मिला हुआ । लगा हुआ ।
समावेश, (पुं.) किसी कार्य में लगना । घुसना । किसी पर भूत प्रेतादि दुष्ट आत्माओं का आवेश ।
समास, (पुं.) संक्षेप । समर्थन । समाहार । दो पदों को मिला कर एक करने वाला संस्कार विशेष ।
समासक्त, (त्रि.) मिला हुआ । फंसा हुआ ।
समासङ्ग, (पुं.) संयोग । मेल ।
समासादित, (त्रि.) पाया हुआ ।
समासार्था, (स्त्री.) समस्या ।
समाहित, (त्रि.) प्राप्त । समीप ठहरा हुआ ।
समाहृत, (त्रि.) संगृहीत । एकत्र किया गया । अच्छी तरह लाया गया । संग्रह ।
समाहृति, (स्त्री.) संग्रह । संक्षेप ।
समाह्वय, (पुं.) बाजी लगा कर युद्ध लड़ना । जुआ खेलना । युद्ध । बुलावा ।
समित्, (स्त्री.) युद्ध । लड़ाई ।
समित्या, (स्त्री.) गेहूं का आटा । (त्रि.) मिला हुआ ।
समिध्, (स्त्री.) यज्ञ काष्ठ या मामूली लकड़ी ।
समिध, (पुं.) काठ । आग ।
समिन्धन, (न.) काष्ठ । अच्छी चमक ।
समीक, (न.) युद्ध । लड़ाई ।
समीकरण, (न.) असम को सम करना । बीजगणित में अनजानी संख्या को जानने की प्रक्रिया विशेष ।
समीक्ष, (न.) पर्य्यालोचन । बुद्धि । सांख्य शास्त्र । यत्न ।
समीक्ष्यकारिन्, (त्रि.) भली भांति सोच विचार कर काम करने वाला ।
समीचीन, (त्रि.) साधु । सत्य । ठीक ।
समीप, (त्रि.) निकट । पास ।
समीर, (पुं.) वायु ।
समीरण, (पुं.) वायु । पथिक । राही ।
समीरिता, (स्त्री.) कथिता । उच्चरिता । प्रेरणा की हुई ।
समीहित, (त्रि.) अभीष्ट । चाहा गया ।
समुचित, (त्रि.) उपयुक्त ।
समुच्चित, (त्रि.) एकत्र किया हुआ ।
समुच्चर, समुच्चार, (पुं.) अच्छे प्रकार उच्चारण करना ।
समुच्छेद, (पुं.) विनाश । काटना ।
समुच्छ्रय, समुच्छ्राय, (पुं.) अत्युन्नति । विरोध । उंचाई ।
समुच्छ्रित, (त्रि.) अत्युन्नत ।
समुच्छ्वलित, (पुं.) चारों ओर फैला हुआ । चारों ओर बिखरा हुआ ।
समुच्छ्वसित, (त्रि.) उसांस लेता हुआ ।
समुज्झित, (त्रि.) त्यक्त । छोड़ा हुआ ।
समुत्क्रम, (पुं.) भले प्रकार ऊपर जाना ।
समुत्क्रोश, (पुं.) कूंज नामी पक्षी ।
समुत्थ, (त्रि.) उठा हुआ । सम्यग् उत्पन्न ।
समुत्थान, (न.) समुद्योग । उत्तोलन । उठान ।
समुत्पन्न, (त्रि.) उपजा । उत्पन्न हुआ ।
समुत्पाट, (पुं.) उन्मूलीकरण ।
समुत्पिञ्ज, (त्रि.) अत्याकुल । अत्यन्त घबड़ाया हुआ ।

समुत्सर्ग, (पुं.) त्याग देना। पेशाब करना। शौच जाना।
समुत्सुक, (त्रि.) अत्यन्त उत्कण्ठित।
समुत्सृष्ट, (त्रि.) बिलकुल छोड़ा गया।
समुत्सेध, (पुं.) बहुत बढ़ना।
समुदय, (पुं.) समूह। युद्ध। बढ़ाव। दिन। लग्न।
समुदीरण, (न.) भली भाँति कहना।
समुद्ग, (पुं.) पेटी। सन्दूक।
समुद्गम, (पुं.) उत्पत्ति। ऊपर जाना।
समुद्गीत, (त्रि.) जोर से या चिल्लाकर गाया गया।
समुद्गीर्ण, (त्रि.) उगला हुआ। उठाया हुआ। कहा हुआ।
समुद्दिष्ट, (त्रि.) भली भाँति बतलाया हुआ।
समुद्धत, (त्रि.) अभिमानी। घमण्डी।
समुद्धरण, (न.) उखाड़। वमन।
समुद्भव, (पुं.) जन्म। उत्पत्ति।
समुद्भूत, (त्रि.) समुत्पन्न। उत्पन्न हुआ।
समुद्यत, (त्रि.) पूरे उद्यम वाला।
समुद्यम, (पुं.) पूरा प्रयत्न।
समुद्र, (पुं.) जलनिधि।
समुद्रकफ, (पुं.) समुद्रफेन।
समुद्रगा, (स्त्री.) नदी।
समुद्रचुलुक, (पुं.) जिन्हों ने समुद्र को चुल्लू में भर कर पिया। अगस्त्य मुनि।
समुद्रमेखला, (स्त्री.) जिसके आस पास समुद्र भरा हो। पृथिवी।
समुद्रयान, (न.) जहाज।
समुद्रीय, **समुद्रिय**, (त्रि.) समुद्र में उत्पन्न होने वाली वस्तु।
समुद्रह, (त्रि.) श्रेष्ठ। सब से अच्छा।
समुन्दन, (न.) भीगना।
समुन्न, (त्रि.) गीला। भींगा।
समुन्नत, (त्रि.) सम्यक् प्रकार से उन्नत।
समुन्नति, (स्त्री.) अच्छी उन्नति।
समुन्नद्ध, (त्रि.) गर्वित। अभिमानी। उत्पन्न हुआ।
समुन्नय, (पुं.) ऊपर का फिकाव। प्रकाशकरण।
समुपचित, (त्रि.) बढ़ाया हुआ।
समुपेयिवस्, (त्रि.) पास गया हुआ। पहुँचा हुआ।
समुपोढ़, (त्रि.) मिल गया। उत्पन्न हुआ।
समुल्लेख, (पुं.) पाँवे से पृथिवी का खनन।
समूढ, (त्रि.) एकत्र किया हुआ। झुका हुआ। टेढ़ा। वश में किया हुआ। विवाहित। शोधित। मूर्ख के साथ।
समूल, (त्रि.) जड़सहित।
समूह, (पुं.) समुदय। सब का सब। बहुत।
समूहनी, (स्त्री.) झाड़ू। बुहारी।
समूह्य, (पुं.) यज्ञ की आग।
समृद्ध, (त्रि.) बहुत बूढ़ा।
समेत, (त्रि.) समागत। आया हुआ। मिला हुआ।
समेधित, (त्रि.) संवर्द्धित।
समोदक, (न.) लड्डुओं सहित।
सम्पत्ति, (स्त्री.) बड़ा ऐश्वर्य्य।
सम्पद्, (स्त्री.) विभव। दौलत।
सम्पन्न, (त्रि.) साधित। प्रमाणित। सम्पदा वाला।
सम्पराय, (पुं.) लड़ाई। आपदा।
सम्परायिक, (न.) युद्ध। लड़ाई।
सम्पर्क, (पुं.) सम्बन्ध। मेल।
सम्पर्किन्, (त्रि.) मेल वाला।
सम्पा, (स्त्री.) बिजुली।
सम्पाक, (पुं.) वृक्ष विशेष, जिसके सेवन से खाया हुआ भली भाँति पच जाता है।
सम्पात, (पुं.) पक्षी विशेष की चाल। अच्छे प्रकार गिरना।
सम्पाति, (पुं.) पक्षी भेद। जटायु गीध का बड़ा भाई, जिसने समुद्रतट पर हताश पड़ी राम की वानरसेना को उत्साहित कर रामपत्नी सीता का पता बतलाया था।
सम्पुट, (पुं.) मिला हुआ।

सम्पुटक, (पुं.) सन्दूक। मञ्जूषा। पेटी। जुड़ा हुआ।
सम्पूर्ण, (त्रि.) समग्र। सारा।
सम्पृक्त, (त्रि.) मिश्रित। मिला हुआ।
सम्प्रति, (अव्य.) अब।
सम्प्रतिपत्ति, (स्त्री.) उत्तर विशेष।
सम्प्रदातृ, (त्रि.) देने वाला।
सम्प्रदान, (न.) भले प्रकार देना।
सम्प्रधारणा, (स्त्री.) निश्चय (योग्यायोग्य विचार पूर्वक)।
सम्प्रयोग, (पुं.) मेल। सम्बन्ध।
सम्प्रसाद, (पुं.) अच्छी प्रसन्नता।
सम्प्रसाधन, (न.) कड़ा, चूड़ी आदि भूषण। सजावट।
सम्प्रसारण, (न.) अच्छा फैलाव।
सम्प्रहार, (पुं.) युद्ध। लड़ाई।
सम्प्राप्ति, (स्त्री.) भली भाँति पाना। आयुर्वेद शास्त्रानुसार रोग की अवस्था विशेष।
सम्प्रेष, (पुं.) नियोग। आज्ञा।
सम्प्रोक्षण, (न.) छिड़काव।
सम्फुल्ल, (त्रि.) विकसित। खिला हुआ।
सम्बद्ध, (पुं.) अच्छा बंधा हुआ।
सम्बन्ध, (पुं.) संसर्ग। मेल। न्याय। (त्रि.) समृद्ध। समर्थ। हितकर।
सम्बर, (न.) जल। बौद्धों का एक व्रत। पुल। एक दैत्य। मृगभेद। मछली। पर्वत।
सम्बाध, (न.) नरक मार्ग। (पुं.) परस्पर की रगड़।
सम्बोधन, (न.) आठवीं विभक्ति।
सम्भली, (स्त्री.) कुट्टिनी। व्यभिचारिणी,
सम्भव, (पुं.) उत्पत्ति। बड़ा सन्देहु।
सम्भावना, (न.) अर्थसम्बन्धी एक अलङ्कार।
सम्भावित, (त्रि.) प्रतिष्ठापात्र सज्जन। जिसके होने की सम्भावना हो। होनहार।
सम्भाषण, (न.) बातचीत। शास्त्रार्थ।
सम्भिन्न, (त्रि.) टूटा हुआ। विकसित।
सम्भूति, (स्त्री.) विभव। ऐश्वर्य्य। उत्पत्ति। मूल। मेल।
सम्भूयसमुत्थान, (न.) मिलकर व्यापार (करना)। एक प्रकार का विवाद।
सम्भृति, (स्त्री.) सम्यक् पोषण।
सम्भोग, (पुं.) अच्छा भोग। शृङ्गार रस की एक अवस्था।
सम्भ्रम, (पुं.) हड़बड़ी। आदर। अतिभ्रम।
सम्मति, (स्त्री.) अनुमति। चाह।
सम्मद, (पुं.) हर्ष।
सम्मर्द, (पुं.) युद्ध। आपस की रगड़।
सम्मान, (पुं.) आदर।
सम्मार्जन, (न.) संशोधन।
सम्मार्जनी, (स्त्री.) झाड़ू। बुहारी।
सम्मित, (त्रि.) बराबर माप वाला।
सम्मुख, (त्रि.) सामने का।
सम्मुखीन, (त्रि.) सामने आया हुआ।
सम्मूर्च्छन, (न.) उंचाई। फैलाव। अचेतनता।
सम्मृष्ट, (त्रि.) पोंछा हुआ। साफ़ किया हुआ।
सम्मोद, (पुं.) हर्ष। प्रीति।
सम्यञ्च्, (त्रि.) मिला हुआ। मनोज्ञ। मनोहर। सच बोलने वाला।
सम्राज्, (पुं.) शहंशाह। समस्त पृथिवी का अधीश्वर। राजराजेश्वर।
सर, (न.) चाल। सरोवर। जल। नौन। माठा। मक्खन। तीर। झरना। गमन। मदिरा विशेष।
सरघा, (स्त्री.) मधुमक्षिका। मदिरा को नाश करने वाली वस्तु।
सरज, (न.) मक्खन।
सरजस्, (स्त्री.) ऋतुमती स्त्री। (त्रि.) रजोगुणी।
सरट, (पुं.) कृकलास। केंकड़ा।
सरण, (न.) गमन। लोहे का मैल।

सरणि, सरणी, (स्त्री.) पंक्ति। राह। मार्ग।

सरमा, (स्त्री.) कुतिया। दक्षकी कन्या का नाम। विभीषण की स्त्री का नाम।

सरयु, (पुं.) अयोध्या के पास बहने वाली एक नदी।

सरल, (पुं.) पीली लकड़ी। उदार। सीधा। त्रिपुटा।

सरस्, (न.) सरोवर। रस वाला। गीला।

सरसिज, (न.) पद्म। कमल।

सरसीरुह, (न.) पद्म। कमल का फूल।

सरस्वत्, (पुं.) सरोवर। सागर। (स्त्री.) नदी। वाणी। देवी। सोमलता।

सराव, (पुं.) पियाला। सरइया। (त्रि.) शब्द वाला।

सरित्, (स्त्री.) नदी। सूत्र।

सरित्पति, (पुं.) समुद्र।

सरित्वत्, (पुं.) समुद्र।

सरित्सुत, (पुं.) भीष्म।

सरिताम्पति, (पुं.) समुद्र।

सरिद्वरा, (स्त्री.) गङ्गा।

सरीसृप, (पुं.) सर्प। विष्णु। गृश्चिक आदि राशि।

सरु, (पुं.) खड्ग की मुठिया।

सरूप, (त्रि.) सदृश। बराबर।

सरोज, (न.) पद्म। कमल।

सरोजिनी, (स्त्री.) कमलों की बेल। कमल फूलों वाली बावली।

सरोरुह, सरोरुह, कमल का फूल।

सरोवर, (पुं.) तड़ाग। छोटा तालाब।

सर्ग, (पुं.) स्वभाव। रचना। छुटकारा। काव्य का एक परिच्छेद। निश्चय। मोह। उत्साह। अनुमति।

सर्गबन्ध, (पुं.) महाकाव्य।

सर्ज्ज, (क्रि.) कमाना। जमा करना।

सर्ज्ज, (पुं.) शालवृक्ष। राल।

सर्ज्जन, (न.) सृष्टि।

सर्ज्जि, (स्त्री.) एक नदी।

सर्प, (पुं.) नागकेसर। सांप। गमन।

सर्पतृण, (पुं.) नेवला।

सर्पभुज्, (पुं.) मयूर। मोर।

सर्पराज, (पुं.) वासुकि। शेष।

सर्पाशन, (पुं.) मयूर। गरुड़।

सर्पिणी, (स्त्री.) सांपिन।

सर्पेष्ट, (न.) चन्दन का वृक्ष।

सर्व, (क्रि.) जाना। फैलना।

सर्व, (पुं.) विष्णु। शिव। (त्रि.) सकल। सब।

सर्वसहा, (स्त्री.) पृथिवी।

सर्वकर्तृ, (पुं.) ब्रह्मा। परमेश्वर।

सर्वकर्मीण, (त्रि.) सब काम करने वाला।

सर्वक्षार, (पुं.) साजन।

सर्वग, (न.) जल। पानी। (पुं.) वायु। शिव। विष्णु। आत्मा। (त्रि.) सर्वत्र जाने वाला।

सर्वङ्कष, (पुं.) पाप।

सर्वजनीन, (त्रि.) सर्वत्र विख्यात।

सर्वज्ञ, (पुं.) शिवजी। बुद्धदेव। परमेश्वर।

सर्वज्ञा, (स्त्री.) देवी। दुर्गा। ईश्वरी।

सर्वतस्, (अव्य.) चारों ओर।

सर्वतोभद्र, (पुं. न.) युद्ध के लिये गृह विशेष। देवमण्डल। ज्योतिष का शुभाशुभ-सूचक चक्र विशेष। नीम का पेड़।

सर्वतोमुख, (न. पुं.) जल। आकाश। शिव। ब्रह्मा। विष्णु। ब्राह्मण। अग्नि।

सर्वत्र, (अव्य.) सब जगह। सब समय।

सर्वत्रगामिन्, (पुं.) वायु।

सर्वथा, (अव्य.) सब प्रकार।

सर्वदमन, (पुं) दुष्यन्तपुत्र। भरतराजा।

सर्वदर्शिन्, (पुं.) बुद्ध। परमेश्वर।

सर्वदा, (अव्य.) सदैव। सदा।

सर्वधुरीण, (त्रि.) सारा बोझ उठाने वाला। बैल।

सर्वनाम, (पुं.) व्याकरण की संज्ञा विशेष।
सर्वभक्ष, (त्रि.) सब कुछ खाने वाला। अग्नि। (स्त्री.) बकरी।
सर्वमङ्गला, (स्त्री.) दुर्गा।
सर्वमय, (त्रि.) सबके स्वरूप वाला। (पुं.) परमेश्वर।
सर्वरसोत्तम, (पुं.) लवण। नोंन।
सर्वराज, (पुं.) सारी रात।
सर्वरी, (स्त्री.) रात। निशा।
सर्वलिङ्गिन्, (पुं.) पाषण्डी। वेद विरुद्ध आचरण वाले बौद्ध।
सर्वविद्, (पुं.) परमेश्वर। (त्रि.) सब जानने वाला।
सर्ववेद, (पुं.) सब वेदों का पढ़ने वाला। (त्रि.) सर्वज्ञ।
सर्ववेदस्, (पुं.) विश्वजित् नामक यज्ञ को करने वाला।
सर्ववेशिन्, (पुं.) नट। बहरूपिया।
सर्वसन्नहन, (न.) सम्पूर्ण सेना को सजा कर, युद्ध यात्रा।
सर्वसह, (पुं.) गुग्गुल। (त्रि.) सब कुछ सहने वाला।
सर्वसिद्धि, (पुं.) श्रीफल। बिल्व का वृक्ष।
सर्वस्व, (न.) सारा धन।
सर्वहित, (न.) मिरिच। (त्रि.) सब के लिये हितकर।
सर्वाङ्गीण, (त्रि.) सब अङ्गों में फैलजाने वाला।
सर्वान्नीन, (त्रि.) सर्वान्नभक्षक।
सर्वार्थसिद्ध, (पुं.) बुद्धदेव।
सर्वाह्ण, (पुं.) सारा दिन।
सर्षप, (पुं.) सरसों।
सव, (पुं.) यज्ञ। सन्तान। सूर्य। अर्क वृक्ष।
सवन, (न.) यज्ञ का अङ्गरूप स्नान। सोम निकालने का व्यापार। सोम का पानी। यज्ञ। प्रसव।
सवयस्, (त्रि.) एक उम्र वाला। सखा।
सवर्ण, (पुं.) एक जाति का। स्थान और प्रयत्न से समान अक्षर।
सवासस्, (त्रि.) वेगवान्। कपड़े के सहित।
सविकल्पक, (न.) वेदान्त का एक प्रकार का ध्यान।
सविकाश, (त्रि.) प्रफुल्लित। विकसित।
सवितृ, (पुं.) सविता देवता। सूर्य। सर्वनियन्ता परमात्मा।
सविध, (त्रि.) निकट। पास।
सविस्मय, (त्रि.) आश्चर्यसहित।
सवेश, (त्रि.) निकट। नज़दीक। भेस सहित।
सव्य, (त्रि.) वाम। विरुद्ध। (पुं.) विष्णु।
सव्यसाचिन्, (पुं.) बांये हाथ से सजने वाला। फुर्तीला। अर्जुन।
सव्येष्ठ, (पुं.) सारथि।
ससत्त्वा, (स्त्री.) गर्भवती स्त्री। जीवसहित।
ससन, (न.) यज्ञ के लिये पशु का मारना।
सस्य, (न.) खेत का धान्य। फल।
सह, (अव्य.) साथ। सारा। बराबर। एक बारही। सामर्थ्य।
सहकार, (पुं.) आम। साथ करना।
सहकारिन्, (त्रि.) साथी। हेतुविशेष।
सहगमन, (न.) साथ जाना। साथ मरना।
सहचर, (त्रि.) साथी। सखा। रहने वाला। सहायक। अनुचर।
सहज, (पुं.) सहोदर। स्वभाव। (न.) ज्योतिष के मतानुसार जन्मलग्न से तीसरा स्थान।
सहजमित्र, (न.) भाञ्जा। स्वाभाविक मित्र।
सहजारि, (पुं.) भतीजा। सौतेला भाई।
सहदेव, (पुं.) पाण्डवों में पाँचवां। माद्रीपुत्र। (स्त्री.) सर्प की आंख।
सहधर्मिणी, (स्त्री.) पत्नी।
सहन, (न.) सहना। क्षमा। शीत, उष्ण, आदि को सहना। (त्रि.) सहारने वाला। सहने वाला।

सहपान, (न.) एक साथ किसी वस्तु का पान । प्रायः मद्यमान ।
सहभोजन, (न.) एक स्थान पर और एक साथ खान, पान ।
सहमरण, (न.) सहगमन । एक साथ मरना । सती होना ।
सहस्, (न.) बल । (पुं.) मार्गशीर्ष का मास ।
सहसा, (अव्य.) हठात् । अकस्मात् । अचानक । जबरदस्ती । एकायक । विना सोचे-विचारे ।
सहस्य, (पुं.) पोप का मास ।
सहस्र, (न.) हज़ार । बहुसंख्यक ।
सहस्रकर, सहस्रकिरण, } (पुं.) सूर्य ।
सहस्रनयन, (पुं.) हज़ार नेत्र वाला । इन्द्र ।
सहस्रपत्र, (न.) पद्म । कमल का फूल ।
सहस्रपाद, (पुं.) विष्णु । कनखजूरा ।
सहस्रभुज, (पुं.) विष्णु । कार्तवीर्य्यार्जुन । बाणासुर ।
सहस्रशिखर, (पुं.) विन्ध्यपर्वत ।
सहस्रांशु, (पुं.) सूर्य्य । आक का पेड़ ।
सहस्राक्ष, (पुं.) इन्द्र । विष्णु ।
सहस्रार, (न.) सुदर्शन चक्र । सिरमें सुषुम्ना नाड़ी के बीच हज़ार पत्र वाला कमलपुष्प ।
सहस्रिन्, (पुं.) एक हज़ार सैनिकों की सेना । एक सहस्र सैनिकों का सेनापति ।
सहस्वत्, (त्रि.) बलवान् । दृढ़ ।
सहा, (स्त्री.) पृथिवी । पुष्प विशेष ।
सहाय, (पुं.) मित्र । सहायक । अनुयायी ।
सहायता, (स्त्री.) मदद । सहायकों का समूह ।
सहार, (पुं.) आम का पेड़ । सार्वदेशिक प्रलय ।
सहासन, (न.) एक आसन ।
सहित, (त्रि.) मिला हुआ । हितकारी ।
सहितृ, (त्रि.) सहारने वाला ।
सहिष्णु, (त्रि.) सहनशील ।
सहिष्णुता, (स्त्री.) क्षमा ।
सहहृदय, (त्रि.) बहुत चतुर ।
सहृल्लेख, (पुं) बिगड़ा हुआ अन्न ।
सहेल, (पुं.) खिलाड़ी ।
सहोक्ति, (स्त्री.) अर्थसम्बन्धी अलङ्कार ।
सहोटज, (पुं. न.) पत्तों की कुटिया ।
सहोढ़, (पुं.) चोर जो चुराई हुई वस्तु के साथ पकड़ा गया हो ।
सहोदर, (पुं.) सगा भाई ।
सहोर, (त्रि.) अच्छा । उत्तम । (पुं.) सन्त । ऋषि ।
सह्य, (न.) साहाय्य । (त्रि.) सहारने योग्य । (पुं.) एक पहाड़ ।
सा, (स्त्री.) लक्ष्मी । पार्वती ।
सांख्य, (न.) कपिल का रचा हुआ दर्शन शास्त्र ।
सांघातिक, (त्रि.) एकत्र करने वाला ।
सांयात्रिक, (पुं.) व्यापारी । जहाज़ या नाव का व्यापारी ।
सांयुगीन, (त्रि.) रणकुशल ।
सांवत्सरक, (पुं.) गणक । ज्योतिषी ।
सांवादिक, (पुं.) नैयायिक । विवाद करने वाला ।
सांवृत्तिक, (त्रि.) मायावी । विचक्षण ।
सांशयिक, (त्रि.) सन्देहयुक्त । शङ्की ।
सांसारिक, (त्रि.) दुनियावी ।
सांसिद्धिक, (त्रि.) स्वाभाविक ।
सांस्थानिक, (पुं.) स्वदेशवासी ।
सांहननिक, (त्रि.) शारीरिक ।
साक (पुं. न.) शाकपात । बूटी ।
साकम्, (अव्य.) साथ ।
साकल्य, (न.) सम्पूर्ण । सारा । होम के लिये तिल आदि द्रव्य ।
साकांक्ष, (त्रि.) साभिलाष ।
साकार, (त्रि.) मूर्ति वाला । आकृति वाला ।
साकूत, (त्रि.) अर्थ वाला ।

साकेत, (अ.) अयोध्या।
साक्षात्, (अव्य.) प्रत्यक्ष। आँखों के सामने।
साक्षात्कार, (पुं.) प्रत्यक्ष। सामने।
साक्षिन्, (त्रि.) सामने देखने वाला। गवाहीदार।
साक्ष्य, (न.) गवाही। साखी।
सागर, (पुं.) समुद्र। ४या७की संख्या। मृग।
सागरगामिनी, (स्त्री.) नदी।
सागरमेखला, (स्त्री.) पृथिवी।
सागरालय, (पुं.) समुद्र जिसका घर है अर्थात् वरुणदेव। मोती। शंख।
साग्निक, (पुं.) अग्निहोत्री।
साङ्कर्य्य, (न.) मिश्रित। गड़बड़ी।
साङ्ग, (त्रि.) अङ्गसहित। पूरा पूरा।
साचि, (अव्य.) तिरछोंहाँ। टिढ़ाई से।
सात्यकि, (पुं.) श्रीकृष्ण का सारथि।
सात्वत्, (पुं.) यादवों का अधिकार युक्त एक देश।
सात्वत, (पुं) विष्णु। बलराम। समाज-बहिष्कृत वैश्य का पुत्र। वैष्णव। एक राजा।
सात्त्विक, (पुं.) सतोगुणी। विष्णु।
सादिन्, (पुं.) घुड़सवार। हाथी पर या गाड़ी पर सवार। सारथि।
सादृश्य, (न.) समानता।
साधक, (पुं.) साधन करने वाला। शिल्प। ऐन्द्रजालिक।
साधका, (स्त्री.) दुर्गा।
साधन्त, (पुं.) भिखारी।
साधर्म्य, (न.) सादृश्य। समानता। एक धर्म वाला।
साधारण, (त्रि.) सामान्य।
साधारणधर्म्म, (पुं.) सामान्य धर्म। यथा:—
अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
दम्भःक्षमार्जवं दानं धर्म साधारणं विदुः॥
साधारणस्त्री, (स्त्री.) रण्डी। वेश्या।
साधारणी, (स्त्री.) बाँस की शाखा। कुंजी। चाबी।
साधित, (त्रि.) दिलाया गया। प्रमाणित किया हुआ। पूरा किया हुआ।
साधिदैव, (त्रि.) अधिदेवतासहित। परमेश्वर।
साधिष्ठ, (त्रि.) बहुत पक्का। साधु। बहुत अच्छा।
साधिष्ठान, (त्रि.) निकट। षट्चक्रों में से वह चक्रविशेष जो सुषुम्णा नाड़ी के भीतर है।
साधीयस्, (त्रि.) न्याय्य। बहुत अच्छा।
साधु, (त्रि.) उत्तम कुल में उत्पन्न हुआ। सुन्दर। मनोहर। (पुं.) मुनि। जिनदेव। वह जन जो न तो सम्मानित होने पर प्रसन्न हो, न अपमानित होने पर क्रुद्ध हो और क्रुद्ध होने पर भी जो कठोर वचन न कहे। व्यापारी।
साध्य, (पुं.) बारह गणदेवता। विष्कम्भ आदि योगों में से इक्कीसवाँ योग। (त्रि.) प्रमाणित करने योग्य। संस्कार योग्य। मंत्र।
साध्यतावच्छेदक, (पुं.) जिस रूप से जिसकी साध्यता निश्चित हो।
साध्यसिद्धि, (स्त्री.) सिद्ध होने योग्य पदार्थ की सिद्धि। निष्पत्ति। व्यवहार।
साध्वस, (न.) भय। घबड़ाहट।
साध्वी, (स्त्री.) पतिव्रता स्त्री। एक प्रकार की जड़ का नाम। भली स्त्री।
सानन्द, (त्रि.) प्रसन्न।
सानसि, (पुं.) सुवर्ण।
सानिका, सानेयिका, सानेयी, (स्त्री.) नफीरी। वंशी भेद।
सानु, (पुं. न.) पर्वतशिखर। पर्वत की चोटी का समतल भाग। अंकुर। वन। मार्ग। अन्धड़। पण्डित जन। सूर्य। आगे।
सानुज, (त्रि.) छोटे भाई सहित। (पुं.) तुम्बुर वृक्ष।
सानुमत्, (पुं.) पहाड़।
सानुमती, (स्त्री.) एक अप्सरा का नाम।

सान्तपन, न.) एक प्रकार का विशेष व्रत । शान्ति करना । समाधान-पूर्वक ।

सान्तर, (न.) विरुद्ध । व्यवधान सहित । अन्तरसहित ।

सान्तानिक, (वि.) फैला हुआ । बढ़ा हुआ । सन्तानवाली । (पु.) वह ब्राह्मण जो सन्तानों में विवाह करना चाहता है ।

सान्त्वन, (न.) क्रोधी पुरुष को मीठी और ठण्डी बातें कह कर अपने अनुकूल कर लेना । ठण्डा करना । कर्ण और मन को प्रसन्न करने वाला वचन ।

सान्दीपनि, (पु.) सान्दीपन मुनि की सन्तान । एक विद्वान् ब्राह्मण अवन्तिका (उज्जैन) निवासी । श्रीकृष्ण-बलराम के विद्यागुरु जिनको गुरुदक्षिणा में श्रीकृष्ण जी ने मरा हुआ पुत्र ला कर संजीवित दिया था ।

सान्द्र, (वि.) निविड़ । गाढ़ा । कोमल । चिकना । मनोहर (न.) वन ।

सान्धिविग्रहिक, (पुं.) दीवान । किसी रियासत का मन्त्री जिसको परराष्ट्रीय कार्य करने पड़ते हों ।

सान्ध्य, (वि.) सन्ध्याकाल सम्बन्धी ।

सान्ध्यसम्मिलन, (न.) सायंकाल के समय मित्रों की गोष्ठी (Evening Party) ।

सान्निध्य, (न.) पास । समीप ।

सान्निपातिक, (वि.) सन्निपात से उत्पन्न रोग ।

सान्वय, (वि.) पुश्तैनी । बाप दादों का ।

सापत्न्य, (पुं) सौत का बेटा । शत्रु ।

सापिण्ड्य, (न.) कुटुम्बी । जिनका पिण्ड तक का सम्बन्ध है ।

सप्तपदीन, (न.) जो सात पदों के उच्चारण से, सात पाँव चलने से (सप्तपदी, विवाह) के करने से हुआ दृढ़ सम्बन्ध । मैत्री । सौहार्द । प्रेम ।

सप्तपौरुष, (वि.) सात पीढ़ी तक का ।

साफल्य, (न.) सफलता । सिद्धि । लाभ । उत्तीर्णता ।

साम्, (क्रि.) शान्त करना । ठण्डा करना ।

सामक, (न.) ऋण का मूल धन (ब्याज को छोड़ कर) ।

सामग, (पुं.) सामवेद के गाने वाले ।

सामग्री, (स्त्री. न.) सामान । चीज । वस्तु ।

सामञ्जस्य, (न.) औचित्य । ठीकठाक ।

सामन्, (न.) राजाओं का एक उपाय विशेष जिससे वे अपने शत्रु को अपने वश में करते हैं । (स्त्री.) पशु बाँधने की रस्सी ।

सामन्त, (पुं.) करद राजा । पड़ोसी राजा । (वि.) पड़ोसी । पास का ।

सामयिक, (वि.) प्रथानुसार । समयोचित ।

सामयोनि, (पु.) ब्रह्मा । चतुर्मुख ।

सामर्थ्य, (न.) बल । पराक्रम । शक्ति । योग्यता । धन ।

सामाजिक, (पु.) सभासम्बन्धी । (पुं.) सभ्य । मेम्बर । सभा से सम्बन्ध रखने वाला मनुष्य ।

सामान्य, (वि.) साधारण । मामूली ।

सामान्यलक्षण, (न.) एक से धर्म्म को बतलाने वाला चिह्न । (स्त्री.) इसी प्रकार की एक चिह्नदर्शक वाक्यावली ।

